कुतुबन
कृत
मिरगावती

लेखक की अन्य कृतियाँ

साहित्य

१. कर्णिका (कहानी संग्रह)
२. प्रसाद के नाटक (आलोचना)
३. बिसराम के बिरहे (लोक-साहित्य)
४. चन्दायन (सम्पादित ग्रन्थ)
५. बन्दी की कल्पना (गद्य-काव्य)

पुरातत्व

६. पुरातत्व परिचय
७. भारतीय वास्तुकला

मुद्रातत्व

८. हमारे देश के सिक्के
९. पंचमार्क्ड कायन्स इन आन्ध्रप्रदेश गवर्नमेण्ट म्यूजियम (अंगरेजी)
१०. अमरावती होर्ड आव सिलवर पंचमार्क्ड कायन्स (अंगरेजी)
११. अर्ली कायन्स ऑव केरल (अंगरेजी)
१२. रोमन कायन्स फ्राम आन्ध्र प्रदेश (अंगरेजी)

इतिहास

१३. अग्रवाल जाति का विकास
१४. आजाद हिन्द फौज और उसके तीन अफसरों का मुकदमा

जीवन-वृत्त

१५. कार्ल मार्क्स
१६. शिवप्रसाद गुप्त
१७. जमनालाल बजाज

राजनीति

१८. भारतीय शासन परिचय

समाज-शास्त्र

१९. अपराध और दण्ड

यन्त्रस्थ

२०. द इम्पीरियल गुप्ताज (अंगरेजी)
२१. गुप्तकालीन भारत
२२. यूरोप और अमेरिका में हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थ
मुद्रा सम्बन्धी अंगरेजी तथा हिन्दी में चार पुस्तकें

कुतुबन

कृत

मिरगावती

(मूल पाठ, पाठान्तर, टिप्पणी एवं शोध)

सम्पादक
परमेश्वरीलाल गुप्त
एम० ए०, पी-एच० डी०, एफ० आर० एन० एस०
अध्यक्ष, पटना संग्रहालय

वितरक
विश्वविद्यालय प्रकाशन
भैरवनाथ, वाराणसी-१

डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल
(१९०४-१९६६ ई०)

सरस्वतीके तपःपूत

दिवंगत डाक्टर वासुदेवशरण अग्रवाल

के

श्रीचरणोंमें

जिनसे 'गुरुका आशीर्वाद' और 'भाई साहब कहनेका अधिकार'

प्राप्त था

अनुक्रम

वार्तिक— क

कृतज्ञता ज्ञापन छ

अनुशीलन १–१२

कवि-परिचय १३–२६

नाम १३

पीर १३

मिरगावतीकी रचना १५

शाहेवक्त १८

स्थान और कब्र २५

काव्य परिचय २७–८५

नाम २७

लिपि २८

भाषा ३७

भाषाका स्वरूप ४२

छन्द-योजना ४४

काव्य-स्वरूप ४९

कथा-वस्तु ५२

कथाका मूल-स्त्रोत ६६

वर्णन विधानपर पूरवर्ती प्रभाव ६९

अन्तर्कथाएँ ७३

भौगोलिक परिचय ७७

जीवन चित्रण ७८

रचनाका उद्देश्य ८०

परवर्ती साहित्यपर प्रभाव ८२

सामग्री और सम्पादन ८६–१००

उपलब्ध प्रतियाँ ८६

ग्रन्थका स्वरूप ९१

प्रति परम्परा ९७

पाठ-सम्पादन ९९

पाठोद्धार ९९

सम्पादन-विधि १००

मिरगावती (पाठान्तर सहित मूल पाठ तथा टिप्पणी) १०१–३९९

कड़वक-सूची १०३

काव्य ११३

परिशिष्ट ४०१

प्रक्षेप ४०२

कड़वक—तुलनात्मक सारिणी ४१०

शब्द-सूची ४२६

वार्तिक

ग्रन्थका कार्य समाप्त होनेके पश्चात् और मुद्रण कालके बीच कुछ नये तथ्य सामने आये हैं, उन्हें यहाँ दिया जा रहा है। पाठकोंसे अनुरोध है कि इनका यथा स्थान समावेश कर लें।

कुतुबनकी कब्र

पृष्ठ २५-२६ पर हमने कुतुबनका सम्बन्ध बनारस (वाराणसी)से होनेकी बात कही और वहाँ उनकी कब्र होनेकी सम्भावना प्रकट की है। अभी हालमें काशी विश्वविद्यालयके भारती महाविद्यालयके अध्यापक श्री निसार अहमदसे ज्ञात हुआ कि बनारसमें बिसेसरगंजसे सिटी स्टेशनकी ओर जाने वाली सड़क पर हरतीरथकी जो चौमुहानी है, उससे पूरब, लगभग एक फर्लांगकी दूरी पर **कुतुबन शहीद** नामका एक मुहल्ला है। वहाँ एक मजार है जो कुतुबनकी मजार कही जाती है। कुतुबन, जिनकी वह मजार है और जिनके नामपर वह मुहल्ला है, वे कौन थे और कब हुए, वे शहीद क्यों कहलाये, इस सम्बन्धकी कोई भी जानकारी उस मुहल्लेके बड़े-बूढ़ोंसे प्राप्त न हो सकी। किन्तु असकरीके कथनको, जिसकी चर्चा हमने पृष्ठ २६ पर की है, ध्यानमें रखते हुए इस बातकी ही सम्भावना अधिक है कि इनका सम्बन्ध मिरगावतीके रचयिता कुतुबनसे ही होगा। कदाचित भविष्यमें इस पर कुछ अधिक प्रकाश पड़ सके।

बीकानेर प्रतिकी तिथि

पृष्ठ ८९-९० में हमने बीकानेर प्रतिकी पुष्पिकाके **सुसमती समाये अनम सर्वन वदीय अतीमुखी सोमावसरे** अंशमें उस प्रतिके लिपिकालके होनेकी बात कही है और उसे कैथी लिपि-जनित भ्रष्टतासे पूर्ण बताते हुए **सुसंवते समये अनम श्रावण वदीय अतिमुखी सोमवासरे**के रूपमें स्पष्ट करनेकी चेष्टा की है और **अनम**को वर्षका द्योतक कहा है। किन्तु वह क्या है, यह बताने में हम असमर्थ रहे हैं। अभी हालमें डाक्टर उदयनारायण तिवारीकी कृपासे धरणीदासके **शब्द प्रकाश**की एक प्रति देखनेको मिली जिसे तिवारीजीने किसी प्रतिसे स्वयं तैयार किया है। उसके अन्त में जो पुष्पिका है उसका एक अंश इस प्रकार है—**संवत १८९९ समेनाम माह फागुन बदी पंचमी रोज सनीचर के तैयार भैल**। और तभी डाक्टर शिवगोपाल मिश्र सम्पादित **मधुमालती**का दूसरा संस्करण भी देखनेमें आया। उसमें उन्होंने एकडला प्रतिकी जो पुष्पिका दी है उसका आवश्यक अंश इस प्रकार है—**सम्बत् १७४४ समैनाम जेठ सुदी दूजी को तैयार भई बार बुधवार को**। एकडलासे ही प्राप्त डंगवै कथाकी एक प्रतिकी पुष्पिकाका अंश है—**सं० १७४४**

समेनाम वैसाख सुदी तीज ३, दंगे परगह पूरन भई। इसी प्रकार चक्रव्यूह कथाकी प्रतिकी पुष्पिका है—**आगे सम्वत १७४६ समैनाम पूस सुदी पंचमी कहँ लिखा।** इनका उल्लेख मिश्रजीने अपने सम्पादित ग्रन्थ डंगवै कथा और चक्रव्यूह कथामें किया है। इन पुष्पिकाओंके प्रकाशमें बीकानेर प्रतिकी पुष्पिका देखनेसे स्पष्ट हो जाता है कि वह पुष्पिका भी इसी परम्पराकी है और उसका **समये अनम** और कुछ नहीं, इन पुष्पिकाओंका **समेनाम** (समय नाम) है। इस प्रकार हमने जो **अनम** में वर्ष के छिपे होने का अनुमान किया था वह निर्मूल सिद्ध हो जाता है।

वस्तुतः बीकानेर प्रतिकी पुष्पिकामें **सुसंवते** और **समय नाम**के बीच अंकों में वर्षका उल्लेख होना चाहिये था। किसी प्रमादसे लिपिक अपनी प्रति तैयार करने-का वर्ष भूल गया होगा, ऐसी कल्पना तनिक क्लिष्ट होगी। अतः धारणा यही होती है कि यह लिपिककी अपनी पुष्पिका न होकर उस प्रतिकी पुष्पिका है जिससे उसने यह प्रति तैयार की है। सम्भवतः उसमें वर्षवाला अंश नष्ट होगया रहा होगा इससे उसने उसे नहीं दिया। इस धारणाका समर्थन **सुसमती** और **समये अनम**के बीच दिये गये खड़ी लकीरसे होता है। अतः यह प्रति कब लिखी गयी, इसके जाननेका जो साधन था वह पुष्पिका होते हुए भी अप्राप्य है।

वर्ष बोधक संवत् और समय दोनों का एक साथ प्रयोग उपर्युक्त पुष्पिकाओं के अतिरिक्त बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना में सुरक्षित हलधरदास कृत **सुदामाचरित**-की एक प्रतिमें भी देखने को मिला। वहाँ **सुभसंवत १८३७ साल समय**का प्रयोग हुआ है। इन सभी प्रतियोंका सम्बन्ध उत्तर प्रदेशके पूर्ववर्ती भाग और बिहार-से है। इससे निष्कर्ष निकालना अनुचित न होगा कि बीकानेर प्रति जिस प्रतिसे तैयार की गयी थी, वह इसी प्रदेशकी थी और वह अठारहवीं और उन्नीसवीं शती-में ही, जब इस ढंगसे वर्ष लिखनेका प्रचार था, तैयार की गयी रही होगी। इस प्रकार वह प्रति किसी भी अवस्थामें अठारहवीं शतीसे पूर्वकी नहीं हो सकती। उससे तैयारकी गयी बीकानेर प्रति तो और बादकी होगी। इस प्रकार यद्यपि हम बीकानेर प्रतिका समय निश्चित नहीं कह सकते पर इतना तो निसंदिग्ध रूपसे कह ही सकते हैं कि वह सौ डेढ़ सौ बरससे अधिक पुरानी नहीं है।

बैरागर

कड़वक ६४ की पंक्ति १ में **बैराकर हीरा**का उल्लेख हुआ है। डाक्टर मोती-चन्द्रने उपलब्ध सूत्रोंके आधारपर उसके चाँदा (मध्य प्रदेश) जिलेमें वेनगंगा तट पर स्थित बैरागढ़ होनेका अनुमान किया है। उसे ही हमने अपने टिप्पणी में ग्रहण किया है। अभी हमारा ध्यान पुहकर कृत **रसरतन**की ओर गया। उसकी रचना संवत् १६७३ (१६१५ ई०) में हुई है। उसमें बैरागरका एक राजनगरके रूपमें उल्लेख है। कहा गया है—

सोमबंस सोमेसुर राजा। बैरागर अधिपति छिति छाजा॥
दिसि पूरब प्रतिपालन करई। धर्म राज कलमष हरई॥
उपजहिं जहाँ अमोलक हीरा। सुंडाहल उपजहिं बल बीरा॥

इससे ज्ञात होता है कि वैरागर पूर्वमें स्थित था और वहाँ हीरा और हाथी दोनों पाये जाते थे। इस सूचनाके अनुसार वैरागरके चाँदा जिलेमें होनेका अनुमान ठीक नहीं जान पड़ता। किन्तु हम स्वयं पूर्वमें ऐसा कोई स्थान ढूँढ पानेमें असमर्थ हैं जहाँ हीरा और हाथी दोनों मिलते हों। यदि इसकी पहचान कोई पाठक कर सकें तो बतानेकी कृपा करें।

अँहुट वज्र

कड़वक २८५ की पंक्ति ७ के प्रथम दो शब्दोंको हमने **अबहुत बजर** पढ़ा है। वस्तुत उसका उचित पाठ है **अँहुट वज्र,** जो एकडला प्रतिका पाठ है। **अँहुट वज्र** (साढ़े तीन वज्र) का आशय समझ न पानेके कारणही हमने यह सरल पाठ अपनाया था। अभी शिवगोपाल मिश्र सम्पादित डंगवै कथा देखनेसे ज्ञात हुआ कि कुतबनने यहाँ डंगवै कथाकी ओर संकेत किया है। इस कथाके अनुसार नारदने उर्वशीको दिनमें घोड़ी हो जानेका शाप दिया था। अँहुट (साढ़े तीन) वज्र एकत्र होनेपर ही उसका मोक्ष सम्भव था। अतः कथा प्रसंगमें भीम और कृष्णमें युद्ध होता है और उन दोनोंके वज्रायुध गदा और चक्र टकराते हैं। उस समय दोनोंके बीच-बचाव करनेके निमित्त हनुमान अपना वज्रसम लंगूर फैला देते हैं। इस प्रकार तीन वज्र एकत्र हो जाते हैं। भीमका शरीर आधे वज्रके समान कहा जाता है, इस प्रकार साढ़े तीन वज्रोंका संयोग होता है और उर्वशी बन्धनसे मुक्ति पा जाती है। यहाँ कुतुबन उसीकी ओर संकेतकर कहते हैं—**अहुँट वज्र जो हों इक ठाँ, तो न यह बँदि छूट** (साढ़े तीन वज्र एकत्र हो जाँय तब भी यह बन्दी न छूट पायेगा)।

पाठ-दोष

पुस्तक मुद्रित हो जाने पर ज्ञात हुआ कि प्रेस कापी तैयार करनेमें असावधानी, मुद्राराक्षसोंकी कृपा और प्रूफ देखनेमें चूक हो जानेके कारण काव्य-पाठमें अनेक दोष उत्पन्न हो गये हैं। यथासम्भव उन दोषोंका परिमार्जन यहाँ किया जा रहा है—

पंक्ति	दूषित पाठ	शुद्ध पाठ	पंक्ति	दूषित पाठ	शुद्ध पाठ
८।१	बढ़न	बुढ़न	२२।६	मिरिग	मिरिगि
१५।४	व	न	२६।४	दुहुँ	दहुँ
१६।४	ऐको	एको	२९।२	कहहि	कहँहि
१७।६	कौन	कउन	४२।२	तेज	सेज
१९।१	वेग	बेगि	४८।५	घरहिं	धरहिं
१९।७	खेल	खेलि	५२।४	हा	हौं

पंक्ति	दूषित पाठ	शुद्ध पाठ
५७।४	मैं	मै
७४।२	अछर	अछरि
८०।३	झिरकि	छिरकि
८०।७	नखन	नखत
८६।१	मिरग	मिरिगि
९०।४	आयुम	आयसु
९२।२	उधार	उघार
९६।५	इह कह चाह	इह कँह
९८।२	कुँवरह	कुँवरहि
९८।४	मोइ	सोई
१३३।१	गै	गिय
१३८।४	समाना	ममानी
१४९।६	रमहा	रहसा
१६१।५	आयमु	आयस
१८४।४	तोर	तोरे
२००।३	उपचारा	उपन्नरा
२००।४	मिरगावत	मिरगावति
२०३।१	आहा	अहा
२०७।७	घनि	धनि
२१४।३	आयसु	आयुम
२१४।५	आयसु	आयुस
२१६।६	आयसु	आयुस
२१७।६	आयसु	आयुस
२५४।४	केवल	कँवल
२६२।३	देइ	देई
२६४।५	बरिज	बरजि
२९१।३	धुमकर	मधुकर
३०४।५	बई	वइ
३०५।२	गँवावई	गँवावइ
३१०।२	दसराइह	दरसाइह
३१०।६	ददेरी	दरेरी
३२०।४	नाऊँ	नाँउ
३२३।१	आधर	आँधर
३२९।७	परै	परे
३३२।५	गिार	गिरि
३३५।३	ताहि	तोहि
३३६।३	बरसि	बरिस
३४३।१	मतमाता	मदमाता
३४४।६	उदेक	उदेग
३४४।७	की ह	कीन्ह
३४९।३	करज	करेज
३४९।६	क	के
३४९।७	तोहे	तोही
३५२।१	निस	निसि
३५४।१	चपटी	चटपटी
३५५।१	जा	जो
३५५।२	हा	हौं
३५५।३	हाई	होई
३५५।३	जा	जो
३५५।३	साई	सोई
३५६।६	लाग	लोग
३६१।७	राजुकुँवर	राजकुँवर
३६२।२	ठाउँ	ठाऊँ
३६२।७	पंथहि	पंथिहि
३६३।२	हाडो	हाड़ो
३६७।५	के	कै
३७९।१	साँजैउ	माँजेऊ
३७९।२	दुनिया	दुतिया
३७९।२	रन	रेन
३८१।३	मोहि	मोंही
३८४।२	आई	आइ
३८७।१	कयउ	गयऊ
३८९।२	अहो	उहो
३९०।२	तुम्हुहुँ	तुम्हहुँ
३९२।३	बजाई	बजाइ
३९२।७	कहै	कीन्ह
४००।३	नाउँ	नाऊँ
४०२।७	मेले	मेलै
४०६।६	गरूई	गरुई
४०८।१	यहु	यह
४०९।४	कर	गर

इनके अतिरिक्त भी कुछ अन्य पाठ दोष हो सकते हैं, जो दृष्टि-दोपसे छूट गये हों। पाठक ऐसे दोषोंकी ओर इंगित करनेकी कृपा करें।

शब्द-सूची बनाते समय यह बात भी दृष्टिमें आयी कि एकही शब्द एकसे अधिक रूपोंमें लिखे गये हैं। यह वर्तनी-दोष फारसी लिपिके नुक्तोंके कारण ही मुख्य हैं। उनकी उचित वर्तनी क्या होगी, इस ओर इस अवस्थामें ध्यान देना सम्भव न था। पाठक उनपर स्वयं विचार लें।

कड़वक १११ पंक्ति १ (पृ० १७७) में प्रयुक्त **सींघ सिंदूर** सम्बन्धी टिप्पणी में सिंदूरका तात्पर्य हाथीसे भिन्न है, इसके प्रमाण में **मधुमालती** की पंक्ति १८१।२ उधृतकी गयी है, पर प्रमादवश मधुमालतीके स्थानपर मिरगावती लिख गया है। पाठक इस भूलको सुधार लें। साथ ही इस टिप्पणी में इतना और जोड़ लें कि हाथी और सिन्दूरकी भिन्नता पुहकर कृत **रस रतन**की इस पंक्तिसे भी प्रकट होती है—**सिंह सिंदूर उरग बिग हाथी** (चम्पावती खण्ड, २४)।

कृतज्ञता-ज्ञापन

पटनाके प्रोफेसर सैयद हसन असकरी और भारतीय पुरातत्व विभागके अरबी-फारसी अभिलेखोंके विशेषज्ञ डॉ० जियाउद्दीन अहमद देसाईका मैं आभार मानता हूँ जिन्होंने मिरगावतीकी फारसी प्रति उपलब्ध कर इस कार्यके करनेकी प्रेरणा प्रदान की है। असकरी महोदयका इसलिए भी कृतज्ञ हूँ कि उनकी ही कृपा से चन्दायनकी वह प्रति प्राप्त हुई थी जिसके हाशियेपर मिरगावतीका एक पाठ अंकित है। इसके अतिरिक्त वे निरन्तर मेरे इस सम्पादन कार्यमें रुचि लेते रहे हैं। एकडलावाली प्रतिके उपयोग करने की अनुमति प्रदान कर भारत कला भवन के अध्यक्ष रायकृष्णदास ने तो अपना स्नेह ही व्यक्त किया है, उसके प्रति क्या कहूँ !

डाक्टर शिवगोपाल मिश्रने स्वसम्पादित संस्करणकी प्रति भेंट न की होती तो मैं कदाचित अनेक जानकारी प्राप्त करनेसे वंचित रह जाता और तब शायद पुस्तक में इस रूपमें प्रस्तुत न कर पाता। बीकानेर प्रतिके पृष्ठका फोटोभी उन्हींकी कृपासे प्राप्त हुआ है। भाई कन्हैया सिंहने अनेक स्थलों पर मेरे पाठ-दोषकी ओर संकेत कर मेरी सहायता की है। इन दोनों ही प्रियजनोंका मैं कृतज्ञ हूँ।

श्री जगन मेहताने एकडला प्रतिके फोटो तैयार किये जिनसे मुझे पाठके सम्पादनमें बड़ी सहायता मिली। उन्हें भी इस अवसरपर स्नेहपूर्वक स्मरण करता हूँ।

अन्तमें यह उल्लेख पर्याप्त होगा कि शब्द-सूची तैयार करनेमें मेरी पत्नी अन्नपूर्णा और बेटी उषाने हाथ बटाया है। यदि इस सूचीकी कुछ सार्थकता हो तो उसका श्रेय इन दोनोंको होगा।

अनुशीलन

सतरहवीं शतीके आरम्भमें **बनारसी दास** नामके एक जैन कवि हो गये हैं। उन्होंने बड़ी संख्यामें जैन धर्म सम्बन्धी ग्रन्थोंकी रचना की है। इस कारण उनकी गणना जैन-साहित्यके अग्रणी लेखकोंमें की जाती है। उन्होंने **अर्थ-कथानक** नामसे अपनी एक पद्य-बद्ध आत्म-कथा भी लिखी है। यह सम्भवतः हिन्दीमें लिखी जानेवाली पहली आत्म-कथा है। अपनी इस आत्म-कथामें **बनारसी दासने** जन-जीवनकी चर्चा करते हुए एक स्थान पर कहा है—

> **तब घरमें बैठे रहें, जाहिं न हाट बजार।**
> **मधुमालति मिरगावति पोथी दोइ उदार॥**
> **ते बाँचहि रजनी समै, आवहिं नर दस बीस।**
> **गावैं अरु बातैं करैं, नित उठि देहिं असीस॥**

इससे उनके समयमें **मधुमालती** और **मिरगावती** नामक दो पोथियोंके लोकप्रिय होनेकी सूचना मिलती है। इन काव्योंकी क्या कथा है, इसकी उन्होंने कोई न तो चर्चा की है और न कोई संकेत ही प्रस्तुत किया है। अतः सामान्य धारणा हो सकती है कि जैन होने के कारण **बनारसी दासने** जैन समाजमें प्रचलित किन्हीं कथाओंकी ओर संकेत किया होगा।

काव्यके **मिरगावती** नामसे परिलक्षित होता है कि कथाका सम्बन्ध मृगावती नाम्नी किसी नारीसे होगा। जैन-साहित्यमें कौशाम्बी-नरेश शतानीककी पत्नी मृगावतीकी कथा अति प्रचलित है। वे वैशालीके हैहय-वंशी राजा चेटककी पुत्री और भगवान् महावीर की ममेरी बहन थीं। अतः अनुमान किया जा सकता है कि उन्होंने इन्हीं की कथाकी ओर संकेत किया होगा। उनकी कथा इस प्रकार है—

एक दिन रानी मृगावतीको, जब वे गर्भवती थीं, रक्तसे स्नान करनेका दोहद हुआ। उनकी इस इच्छाकी पूर्तिके निमित्त प्रधानमन्त्री युगन्धरने जल-कुण्डको रक्त-वर्णके जलसे भरवा दिया और उसे रक्त समझ कर रानी मृगावतीने अपनी इच्छापूर्ति की। जैसे ही वे स्नान करके कुण्डसे बाहर आयीं, उन्हें माँस-पिण्ड समझ कर भारण्ड नामक पक्षी अपने पंजेमें दबोच कर उड़ गया। राजा शतानीकने चौदह बरसों तक रानी मृगावतीकी खोज करायी, पर उनका कुछ पता न चला।

एक दिन अचानक एक वणिक एक वनवासीको लेकर उनके सम्मुख उपस्थित हुआ और उनके नामसे अंकित कंकण उपस्थित किया और बताया कि उसे वह वनवासी उसके पास बेंचनेके लिए लाया था। वह चोरीका माल जान पड़ता है अतः

उसे लेकर वह उनके पास आया है। कंकण देखते ही राजाने पहचान लिया कि यह वही कंकण है जिसे रानीने रक्त-स्नानके समय पहन रखा था।

राजाके पूछने पर वनवासीने बताया कि एक दिन जब वह साँप मार रहा था, एक बालकने आकर साँप मारनेसे रोका और साँपको छोड़ देनेके बदले उसने उसे वह कंकण दिया। उसे उसकी पत्नी विगत पाँच बरसोंसे पहनती रही है। उसकी इच्छा अब कंकणके बदले कुण्डल पहननेकी हुई, इसलिए वह उसे बेंचने ले आया था।

यह सुनकर राजा उस वनवासीके साथ मलय पर्वत पर उस जगह गया, जहाँ उस वनवासी को वह कंकण मिला था। वहाँ उसे खोई हुई रानी और पुत्र उदयन, जिसने वनवासीको कंकण दिया था, दोनों मिले। पत्नी पुत्रको लेकर राजा घर आया।

कुछ दिनों पश्चात् राजा शतानीककी राज-सभामें कोई विदेशी आया। उसने राजाके यहाँ उत्कृष्ट चित्रोंके अभाव पर खेद प्रकट किया। विदेशीकी भर्त्सना सुन कर राजाने एक सर्वगुण-सम्पन्न चित्रकारको बुलवाया और उसे उत्कृष्ट चित्र प्रस्तुत करनेका आदेश दिया। चित्रकारको किसी यक्षका वरदान प्राप्त था जिसके कारण वह किसी वस्तुके आंशिक अंशको देख कर ही उसका सर्वांगपूर्ण चित्र बना देता था। एक दिन उसने रानी मृगावतीके पैरका अँगूठा देख कर उनका सर्वांगपूर्ण चित्र प्रस्तुत किया जिसमें उनके जाँघके तिलका भी अंकन था। उसे देख कर राजाको चित्रकारके चरित्रके प्रति सन्देह हुआ और उसने उसका दाहिना हाथ कटवा कर राज्यसे निष्कासित कर दिया।

चित्रकारने बायें हाथसे रानी मृगावतीका दूसरा चित्र तैयार किया और उसे लेकर उज्जयिनी-नरेश प्रद्योतके पास पहुँचा। चित्र देखते ही प्रद्योत मृगावतीपर मुग्ध हो गया और शतानीकके पास दूत भेजकर मृगावतीकी याचना की। जब वह उसे प्राप्त करनेमें असफल रहा तो उसने कौशाम्बीपर चढ़ाई कर दी। इस युद्धके बीच शतानीकको अतिसार हो गया और उसकी मृत्यु हो गयी। शतानीककी मृत्युके पश्चात् मृगावतीने प्रद्योतके पास कहला भेजा कि यदि बल-प्रयोग किया गया तो मैं जल मरूँगी अन्यथा पति-शोकसे मुक्त होनेपर आपके पास स्वयं आ जाऊँगी। प्रद्योत यह सुनकर लौट गया।

रानी मृगावती अपने पुत्र उदयनको युद्ध शिक्षा देती और प्रद्योतके बुलाओं-की उपेक्षा करती रही। निदान एक दिन फिर प्रद्योतने कौशाम्बीपर चढ़ाई कर दिया। इसी बीच भगवान् महावीर कौशाम्बी पधारे और मृगावतीने उनसे प्रव्रज्या ले ली। और आर्या चन्दनबालाके पास साधना करती हुई चालीस समय उपवास कर मोक्ष प्राप्त किया।

यह कथा प्राचीनतम जैन-ग्रन्थ **एकादश अंग सूत्र**के पाँचवें अंग भगवतीसूत्रके बारहवें शतकके दूसरे उद्देशकमें पायी जाती है।[1] उसके आधारपर तेरहवीं शतीमें **देवप्रभ**

---

१. बौद्ध साहित्यमें भी यह कथा सुधन-मनोहराकी कहानीके रूपमें पायी जाती है (द गिलगिट मैन्युस्क्रिप्ट, सम्पा० नलिनाक्ष दत्त)। कथा सरित्सागरमें भी यह कथा किंचितपरिवर्तनके साथ दूसरे लम्बकमें है।

सूरिने संस्कृतमें **मृगावती चरित** लिखा।[१] इसी कथापर **मृगावती चौपाई** नामसे **विनय समुद्र**ने संवत् १६०२ में[२], **सकलचन्द**ने संवत् १६४३ से पूर्व[३] और **समयसुन्दर**ने संवत् १६६८ में[४] रचना की। ये ग्रन्थ इस बातके द्योतक हैं कि सतरहवीं शतीमें यह कथा काफी प्रचलित थी। अतः **बनारसी दास**ने इसी कथाकी ओर संकेत किया था, ऐसा समझना अनुचित न होगा।

किन्तु द्रष्टव्य यह है कि **बनारसी दास**ने **मिरगावती**के साथ जिस दूसरे लोक-प्रिय काव्य—**मधुमालती**का उल्लेख किया है, उसकी चर्चा जैन-साहित्यमें कहीं नहीं मिलती। जैनेतर साहित्यमें **मधुमालती** नामक एक प्रेमाख्यानक काव्य उपलब्ध है जो **मंझन** कवि कृत सोलहवीं शतीके मध्यकी रचना है। यह इस बातका संकेत है कि **बनारसी दास**ने **मिरगावती** नामसे उसी ढंगके किसी जैनेतर प्रेम-कथाकी ओर संकेत किया है उपर्युक्त जैन-कथाका नहीं। उस समय मृगावती नामक राजकुमारीसे सम्बन्ध रखनेवाली एक प्रेम-कथा लोकमें प्रचलित थी, इसका प्रमाण दो अन्य प्रेमाख्यानक काव्योंमें मिलता है।

चितरावली नामक प्रेमाख्यानमें, जिसकी रचना १६१३ ई० में **उसमान** नामक कविने की थी, लिखा मिलता है—

मिरगावती मुख रूप बसेरा।
राजकुँवर भयउ प्रेम अहेरा॥[५]

इससे एक वर्ष पूर्व १६१२ ई० की एक दूसरी रचना **रूपावती** है, जो अभी तक अप्रकाशित है। उसमें ये पंक्तियाँ हैं—

लोरक चन्दा मैना प्रीतिह को तिरे।
राजकुँवर मिरगावति लिखि लिखि ते धरे॥[६]

इनसे ज्ञात होता है कि **बनारसीदास**के समय राजकुँवर और मृगावती नामक प्रेमी-प्रेमिकाकी कथा लोकमें काफी प्रचलित थी। इस कथाकी जानकारी लोगोंको इससे भी पहले थी, यह **मलिक मुहम्मद जायसी**के **पदमावत**से, जो ९२७ हिजरी (१५२७ ई० के आसपास) की रचना है,[७] प्रकट होता है। उसमें कहा गया है—

---

१. अगरचन्द नाहटा, सती मृगावती, कल्याण (गोरखपुर), नारी-अंक, जनवरी १९४८, पृ० ७१०-७१२।

२. वही।

३. वही।

४. समयसुन्दर कृत कुसुमांजलि, सम्पा० अगरचन्द नाहटा, सं० २०१३, पृ० ४६, भूमिका।

५. चितरावली, कड़वक ३०।

६. चन्दायन, आगरा संस्करण, पृ० ६; विश्वनाथप्रसाद द्वारा उद्धृत।

७. कुछ लोग इसकी रचनाका समय ९४७ हिजरी मानते हैं, किन्तु हमें यह अग्राह्य है। हमारे मतके लिए देखिए 'परिषद पत्रिका', पटना, वर्ष ३, पृ० ७२।

राजकुँवर कंचनपुर गयऊ ॥
मिरगावति कहँ जोगी भयऊ ॥[1]

इससे इस कथाके सम्बन्धमें इतना और ज्ञात होता है कि राजकुँवर मृगावतीके प्रममें जोगी बनकर कंचनपुर गया था।

मृगावतीके प्रेममें राजकुँवरके योगी बनकर कंचनपुर जानेकी कथापर आधारित **मधुमालती**के ढंगके काव्यके अस्तित्वकी बात पहले पहल १९०० ई० में प्रकाश में आयी। उस वर्ष काशी नागरीप्रचारणी सभाकी ओर से **हस्तलिखित हिन्दी ग्रन्थोंके खोजकी जो पहली रिपोर्ट** प्रकाशित हुई, उसमें **मृगावती** नामक काव्यके एक खण्डित प्रति का परिचय दिया गया, जो कैथी-नागरी लिपिमें लिखी हुई थी और खाजियोंको काशीके चौखम्भा-स्थित भारतेन्दु पुस्तकालयमें मिली थी। **रिपोर्ट**के अनुसार इस कथाका सारांश इस प्रकार है—

> चन्द्रगिरिके राजा गनपतदेवका पुत्र कंचननगरके राजा रूपमुरारकी पुत्री मृगावती पर मोहित हो गया। इस राजकुमारीको एक स्थानसे दूसरे स्थान पर चले जानेकी विद्या ज्ञात थी। राजकुमारने उसका पता लगया और उससे उसका विवाह हो गया। विवाहके पश्चात् एक दिन मृगावती राजकुमारको धोखा देकर उसकी अनुपस्थितिमें उड़ भागी। उसके विरहमें राजकुमार भी योगी-वेश धारणकर घरसे निकल पड़ा। पहले वह समुद्रसे घिरे एक पहाड़पर पहुँचा, जहाँ उसने रुकमिन नामकी एक स्त्री को राक्षससे बचाया। प्रत्युपकारमें रुकमिनके पिताने उसका विवाह उससे कर दिया। वहाँ से उस नगरमें पहुँचा, जहाँ मृगावती अपने पिताके मृत्युपरान्त राज्य कर रही थी। वहाँ वह बारह बरस रहा। इधर गनपतदेव अपने पुत्रकी बाट जोहते-जोहते घबड़ा उठा। अन्तमें उसने एक दूत उसे लौटा लानेके लिए भेजा। वह मार्गमें रुकमिनसे मिलता हुआ कंचननगर पहुँचा और राजकुमारसे पिताका सन्देश कह सुनाया। राजकुमार मृगावतीके साथ अपने देशकी ओर लौटा और मार्गमें रुकमिनको भी साथमें ले लिया। घर पर पहुँचने पर आनन्दोत्सव मनाया गया। बरसों तक राजकुमार अपनी रानियोंके साथ आनन्द मनाता हुआ जीवन व्यतीत करता रहा। अन्तमें एक दिन मृगयामें हाथीसे गिरकर उसकी मृत्यु हो गयी और उसकी दोनों ही रानियाँ उसके शवके साथ सती हो गयीं।

खोज रिपोर्टमें इस काव्य ग्रन्थके रचयिताका नाम **मियाँ कुतुबन** और रचना काल ९०९ हिजरी (१५०३ ई०) बताया गया है और यह भी कहा गया है कि **मियाँ कुतुबन शेख बुरहान चिश्ती**के शिष्य और सूरवंशीय नरेश शेरशाहके पिता हुसेन शाहके आश्रित थे। उसमें उपलब्ध प्रतिके सम्बन्धमें कहा गया है कि उसने आरम्भ के चार पत्र नहीं थे। उपलब्ध पत्रोंसे आरम्भके चार और अन्तका एक कड़वक उद्धृत भी किया गया है। ये कड़वक प्रस्तुत संस्करणके क्रमशः कड़वक ७, ८, ९, १३

---

१. पदमावत, सम्पा० वासुदेवशरण अग्रवाल, २३३।५।

और ४२८ हैं। इससे यह प्रकट होता है कि खोजियोंको जो प्रति उपलब्ध थी वह आदि से ही नहीं, अन्तसे भी खण्डित थी।

खोज रिपोर्ट प्रकाशित होनेके उपरान्त शीघ्र ही किसी समय यह प्रति अपने उपलब्धि-स्थानसे गायब हो गयी और आजतक उसका पता नहीं है। इस कारण उक्त प्रति और उसकी सामग्री की जो भी जानकारी आज उपलब्ध है, वह इस **खोज रिपोर्ट**के माध्यमसे ही है। अतः पूर्ण सामग्रीके अभावमें दो महत्वपूर्ण जिज्ञासाएँ उभरकर सामने आती हैं—

१—आरम्भ और अन्तसे प्रति खण्डित थी, ऐसी अवस्थामें स्पष्ट है कि खोजियोंको सिरनामा और पुष्पिका दोनों ही प्राप्त नहीं थे। फिर उन्होंने किस आधारपर ग्रन्थका नाम **मृगावती** बताया और लेखकको **मियाँ कुतुबन** कहा? हो सकता है उपलब्ध पत्रोंके हाशिये पर ग्रन्थका नाम लिखा रहा हो, जैसा कि बहुधा ग्रन्थों में मिलता है; किन्तु रचयिताको **मियाँ कुतुबन** बतानेका कोई आधार जान नहीं पड़ता। रचयिताने अपनी रचनाके बीच यत्र-तत्र अपने नामका उल्लेख किया है, ऐसा पीछे प्राप्त अन्य प्रतियोंसे ज्ञात होता है। किन्तु सर्वत्र लेखकने अपनेको **कुतुबन** कहा है **मियाँ कुतुबन** नहीं। कुतुबनके लिए मियाँकी उपाधि खोजियों को कहाँ से ज्ञात हुई, यह रहस्य है।

२—**खोज रिपोर्ट**में उद्धृत कड़वकके अनुसार कुतुबनके गुरुका नाम **शेख बुढ़न** था। फिर क्योंकर खोज-रिपोर्टके लेखकोंने उनको **शेख बुरहान चिश्ती** कहा?

जो भी हो। **खोज रिपोर्ट**के प्रकाशनके पश्चात् **कुतुबन** और **मृगावती**के सम्बन्धमें कदाचित् बहुत दिनोंतक किसीने कुछ भी ध्यान नहीं दिया। जब **मिश्रबन्धु**ने **मिश्रबन्धु-विनोद**का पहला खण्ड प्रकाशित किया तो लिखा—**कुतुबन शेखने मृगावती ग्रन्थ संवत् १५६० में बनाया। ये महाशय शेख बुरहानके चेले थे और शेरशाह सूरके पिता हुसैनशाहके यहाँ रहते थे। इन्होंने पद्मावतीका भाँति दोहा चौपाइयोंमें रचना की। इनकी गणना साधारण श्रेणीमें है।**[१] इस प्रकार **मिश्रबन्धु**ने **खोज-रिपोर्ट**के कथनको दुहरा भर दिया। नयी बात यह की कि **कुतुबन**को **मियाँ** से **शेख** बना और ज्ञात मात्र पाँच कड़वकोंके आधार पर उन्हें साधारण श्रेणी का कवि घोषित कर दिया।

इसी प्रकार जब **रामचन्द्र शुक्ल**ने **जायसी ग्रन्थावली** प्रकाशित किया तो उन्होंने इस सम्बन्धमें लिखा—**पूरबमें बंगालके शासक हुसेन शाहके अनुरोधसे, जिसने सत्यपीरकी कथा चलायी थी, कुतुबन मियाँ एक ऐसी कहानी लेकर जनताके सामने आये जिसके द्वारा उन्होंने मुसलमान होते हुए भी अपने मनुष्य होनेका परिचय दिया।**[२] इस प्रकार सूर-वंशके हुसेन शाहको **कुतुबन**का आश्रयदाता न मान कर

---

१. मिश्रबन्धु विनोद, प्रथम भाग, सं० १९८३, पृ० २२९।

२. जायसी ग्रन्थवाली, संवत् २०१३, पृ० ३।

उन्होंने बंगाल-सुलतान हुसेनशाह को उनका आश्रय दाता बताया। पर शीघ्र ही उनके इस मतमें परिवर्तन हुआ और उन्होंने **हिन्दी साहित्य का इतिहास**में बताया कि ये (कुतुबन) चिश्ती वंशके **शेख बुरहान**के शिष्य थे और जौनपुर के बादशाह हुसेन शाहके आश्रित थे।[1]

तदनन्तर **सुकुमार सेन**ने **इसलामी बंगला साहित्य**में **रामचन्द्र शुक्ल**के दोनों मतोंके समन्वय रूपमें अपना यह नया मत प्रकट किया कि—**कवि कुतबन जौनपुरके सुलतान हुसेन शाह का आश्रित था तथा उन्हींके साथ बंगाल चला गया और गौड़के हुसेन शाहके यहाँ उसने आश्रय लिया था। मृगावती काव्य ९०९ हिजरीमें गौड़ देशमें रचा गया।**[2]

लगभग पचास वर्ष तक **कुतुबन** और **मिरगावती**के सम्बन्धकी कोई नयी सामग्री प्रकाशमें नहीं आयी। इस कालके बीच डाक्टरकी डिगरीके निमित्त विभिन्न विश्वविद्यालयोंके सम्मुख हिन्दी सूफी प्रेमाख्यानक काव्यों पर अनेक शोध-प्रबन्ध उपस्थित किये गये। उन सबमें **कुतुबन** और **मिरगावती**की चर्चाका आधार **खोज-रिपोर्ट** और उपर्युक्त विद्वानोंका कथन ही है। अनुसन्धित्सुओं पर **खोज-रिपोर्ट**का कुछ ऐसा प्रभाव छाया रहा कि नयी जानकारी प्राप्त करने अथवा प्राप्त जानकारी पर ध्यान देने की उन्होंने या तो आवश्यकताका अनुभव नहीं किया या उनकी ओर उनका ध्यान ही नहीं गया।

१९४९ ई० के मार्चमें पहली बार **मिरगावती** सम्बन्धी नयी जानकारी सामने आयी। **दीनानाथ खत्री**ने शार्दूल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, बीकानेरसे प्रकाशित होने वाली शोधपत्रिका **राजस्थान भारती**में **कुतुबन की मृगावतीकी एक महत्त्वपूर्ण प्रति** शीर्षक लेख प्रकाशित किया।[3] इस लेखमें उन्होंने **मिरगावती**की तीन प्रतियोंका संक्षिप्त परिचय दिया। इनमें एक तो चौखम्भा वाली वह प्रति है, जिसका विवरण **खोज रिपोर्ट**में उपलब्ध है और जिसकी जानकारी सबको रही है। प्रस्तुत परिचय भी उसी रिपोर्टके आधार पर ही दिया गया है। शेष जिन दो प्रतियोंका उल्लेख इस लेखमें हैं वे पहले सर्वथा अज्ञात थीं। इनमेंसे एक प्रतिके नागरीप्रचारणी सभा, काशीमें होनेकी बात कही गयी है और बताया गया है कि उसमें केवल सात पत्र हैं।[4] दूसरी प्रतिके बीकानेरके अनूप राजकीय संस्कृत पुस्तकालयमें होनेकी सूचनाके साथ उसका संक्षिप्त विवरण दिया गया है।

दो वर्ष पश्चात् सं २००७ (१९५१ ई०) में **परशुराम चतुर्वेदी**ने सूफी प्रेम-काव्योंके अवतरणोंका एक संग्रह **सूफी-काव्य संग्रह** नामसे प्रस्तुत किया। इसमें पहली बार **मिरगावती**के ऐसे अवतरण उपस्थित किये जो **खोज रिपोर्ट**में उद्धृत अवतरणोंसे

१. हिन्दी साहित्यका इतिहास, पन्द्रहवीं आवृति, २०२२ वि०, पृ० ९४।
२. इसलामी बंगला साहित्य, १९५० ई०, पृ० ८।
३. राजस्थान भारती, भाग २ अंक ३ (मार्च १९४९), पृ० ३९-४४।
४. सम्भवतः लेखकका तात्पर्य भारत कला भवन, काशी वाली प्रतिसे है।

सर्वथा भिन्न थे। ये अवतरण उन्होंने एक खण्डित प्रतिसे लिये थे, जो उन्हें भारत कला भवन, काशीमें देखनेको मिली थी।[१] **मिरगावती**की किसी प्रकारकी कोई प्रति भारत कला भवनमें है, उस समय तक किसी को पता न था।

अनूप राजकीय संस्कृत पुस्तकालय, बीकानेर और भारत कला भवन, काशी की प्रतियोंके ज्ञात होनेके लगभग तीन वर्ष पश्चात् १९५३ ई० में **कमल कुलश्रेष्ठ**का शोध-प्रबन्ध **हिन्दी प्रेमाख्यानक काव्य** प्रकाशित हुआ। उसमें इन दोनोंमें से किसी भी प्रति की कोई चर्चा नहीं है। उसे देखनेसे ऐसा जान पड़ता है कि उन्होंने इनके बारेमें कुछ सुना भी न था। उन्होंने इस शोध प्रबन्धमें **खोज-रिपोर्ट** वाले अवतरण ही अविकल रूपसे उद्धृत किया और उसमें दिये हुए कथा-सारको ही अंग्रेजोमें अनूदित करके रख दिया है।

१९५४–५५ ई० के आस-पास **मिरगावती**की तीन अन्य प्रतियाँ प्रकाशमें आयीं। इनमेंसे दो प्रतियोंको प्रकाशमें लानेका श्रेय पटना कालेजके प्राध्यापक (अब काशी प्रसाद जायसवाल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, पटनाके निदेशक) **सैयद हसन असकरी** को है। वे मध्यकालीन भारतीय इतिहासके विद्वान् तो हैं ही, उर्दू-हिन्दी साहित्यके प्रति भी उनकी रुचि है और प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थोंकी खोज उनका व्यसन है। अपने इस व्यसनके परिणामस्वरूप उन्हें अनेक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थोंको प्रकाशमें लानेका श्रेय प्राप्त है। १९५३–५४ ई० में मनेर शरीफ (पटना) के खानकाहके सज्जादनशीन शाह इनायतउल्लाहके पुराने ग्रन्थों के बस्तोंको टटोलते हुए उन्हें **मौलाना दाऊद** कृत **चन्दायन**की ६४ पृष्ठोंकी एक खण्डित प्रति मिली। इस प्रतिके प्रत्येक पृष्ठके हाशियेपर **कुतुबन** कृत **मिरगावती**के भी एक-एक कड़वक अंकित हैं। इस प्रतिका परिचय देते हुए **असकरी** ने एक लेख प्रकाशित किया और **चन्दायन** और **मिरगावती** दोनोंसे परिचित कराया।[२] यह प्रति फारसी लिपिमें है।

असकरीको जिस दूसरी प्रतिको प्रकाशमें लानेका श्रेय है, वह भी फारसी लिपि में है और वह भारतीय पुरातत्व विभागके अरबी-फारसी अभिलेखोंके विशेषज्ञ **जियाउद्दीन अहमद देसाई**को १९५४ ई० के लगभग दिल्लीमें प्राप्त हुई थी। उन्होंने उसे अध्ययनके निमित्त **असकरी**को दिया और **असकरी**ने लेख द्वारा लोगोंको उस प्रतिसे परिचित कराया।[३] यह प्रति लगभग पूर्ण है केवल आरम्भका एक पत्र नहीं है।

तीसरी प्रति कैथी लिपिमें है और अत्यन्त खण्डित है। यह प्रति मूलतः फतहपुर (उत्तर प्रदेश) जिलेके एकडला ग्राम निवासी ओम्प्रकाश सिंह और राजेन्द्रपाल सिंहके परिवार में थी। उन लोगोंसे यह प्रति अगस्त १९५५ में प्रयाग विश्वविद्यालयके प्राध्यापक **शिवगोपाल मिश्र**को प्राप्त हुई और अब वह भारत कला भवन, काशी में

---

१. सम्भवतः दीनानाथ खत्रीने इसी प्रतिका परिचय दिया है। उनका विवरण इस प्रतिके विवरण से एक दम मिलता है।

२. करेण्ट स्टडीज, पटना कालेज, १९५५ ई०, पृ० १७–२४।

३. जर्नल ऑव बिहार रिसर्च सोसाइटी, भाग ४१ (१९५५ ई०), पृ० ४५३।

है। इस प्रति के प्रकाश में आनेकी सूचना **कैलाश कल्पितने** प्रयागके हिन्दी दैनिक **अमृत पत्रिकाके** ३ सितम्बर १९५५ ई० के अंक में **मृगावती तथा मधुमाल्तीकी प्रतियाँ प्राप्त** शीर्षकसे प्रकाशित किया।

तदनन्तर इस एकडला वाली प्रतिको लेकर उपर्युक्त प्रतियोंकी जानकारीके प्रकाशमें **मिरगावतीके** सम्बन्धमें **उदयशंकर शास्त्री**[1], **रामकुमार वर्मा**[2] और **शिवगोपाल मिश्र**[3] के कई विवादात्मक लेख प्रकाशित हुए। इन लेखोंके माध्यमसे **मिरगावतीकी** थोड़ी-सी चर्चा हुई, पर यह चर्चा केवल सतही ही थी।

इस प्रकार **मिरगावतीकी** अब तक छः प्रतियाँ प्रकाशमें आयी हैं। इनमें चौखम्भा वाली प्रतिका, अनुपलब्ध होनेके कारण, काव्यके सम्पादन-प्रकाशनकी दृष्टिसे कोई महत्त्व नहीं है। **खोज-रिपोर्टमें** उद्धृत पाँच कड़वकोंका उल्लेख मात्र किया जा सकता है। मनेर और काशी प्रतियाँ भी काव्यके अंश मात्र हैं। उनसे भी काव्यका कोई रूप सामने नहीं आता। उनका उपयोग केवल पाठान्तरोंको देखने समझनेके लिए ही किया जा सकता है। केवल एकडला, बीकानेर और दिल्ली प्रतियाँ ही काव्य-सम्पादनकी दृष्टिसे उपयोगी कही जा सकती हैं। किन्तु एकडला और बीकानेर प्रतियाँ, दोनों इस प्रकार खण्डित हैं कि वे बहुलांश उपस्थित करते हुए भी, स्वतन्त्र रूपसे काव्यका रूप सामने रखनेमें असमर्थ हैं। दोनोंको एक दूसरेका पूरक कह सकते हैं। दोनोंको मिलाकर काव्यका एक रूप खड़ा होता है, किन्तु उससे पूरा काव्य प्रस्तुत नहीं हो पाता। दिल्ली प्रति ही एक ऐसी है जो आरम्भके एक पत्रको छोड़कर शेष रूपमें पूर्ण है। सभी प्रतियोंका आधार लेकर काव्यको निखरे रूपमें प्रस्तुत करनेकी सामग्री १९५५ ई० के अन्त तक लोगोंके सामने आ गयी थी। पर उनके उपयोगका प्रयत्न तबसे अबतक किन लोगोंने और किस प्रकार किया, यह जाननेका साधन उपलब्ध नहीं है।

सुना जाता है कि दिल्ली, मनेर, काशी और बीकानेर प्रतियोंके आधार पर **मिरगावतीके** सम्पादनका का कार्य **उदयशंकर शास्त्रीने** अपने हाथोंमें लिया था। कदाचित उन्होंने उसका सम्पादन समाप्त कर प्रेस कापी भी तैयार कर लिया था और

---

१. (क) मृगावतीका रचनाकाल १६ वीं शताब्दी, दैनिक भारत, ७ सितम्बर १९५५।
(ख) मृगावतीकी प्रतियोंकी पूर्णता, दैनिक भारत, ९ सितम्बर १९५५।
(ग) भ्रम फैल ही तो गया, दैनिक भारत, २० नवम्बर १९५५।
(घ) कुतुबनकी मृगावती—एक परिचय, दैनिक नवनीत, ७ फरवरी १९५६; ब्रज भारतीय, वर्ष १३ अंक ३ (सं० २०१३), पृ० २३–२८।
(च) मृगावतीका मर्म, दैनिक भारत, ७ फरवरी १९५६।

२. मृगावतीकी नवीन प्रति, दैनिक भारत, १० तथा १२ सितम्बर १९५५।

३. (क) मृगावतीके प्रतिके सम्बन्धमें, दैनिक भारत, १० सितम्बर १९५५।
(ख) मृगावती, दैनिक नवजीवन, ३० अक्तूबर १९५५; हिन्दी प्रचारक, अक्तूबर १९५५।
(ग) मृगावतीके सम्बन्धमें वितण्डावाद, दैनिक भारत, २० अप्रैल १९५६; नवजीवन ९ सितम्बर १९५६।

दिल्ली प्रति के दो पृष्ठ

एकडला प्रति के दो पृष्ठ

बीकानेर प्रति का एक पृष्ठ

मुद्रणके निमित्त उसे प्रेसमें भेज भी दिया था, ऐसा भी कहा जाता है।[1] किन्तु अभी तक उनका यह कार्य प्रकाशमें नहीं आया है।

एकडला वाली प्रति मिलने पर **शिवगोपाल मिश्रने** उसके आधार पर **मिरगावती**का पाठ तैयार किया और १९५९ ई० के लगभग उसे प्रकाशनार्थ भेज भी दिया। पर एक साल बाद वह बिना प्रकाशित हुए ही उनके पास लौट आयी।[2] तब उन्होंने बीकानेर, मनेर शरीफ और काशी प्रतियोंका उपयोग कर नये सिरेसे एक दूसरा पाठ तैयार किया, जिसे गत वर्ष (शक सं० १८८५) हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयागने प्रकाशित किया है। अब तक **मिरगावती**का एकमात्र मुद्रित संस्करण यही है।

मिरगावतीके सम्पादन-प्रकाशनका तीसरा प्रयास मेरा अपना है, जो आपके सम्मुख है। सम्मेलन-संस्करण के प्रकाशनसे बहुत पूर्व जब मैं **चन्दायन**का सम्पादन कर रहा था, तभी **असकरी**के लेखके माध्यमसे **मिरगावती**के दिल्ली प्रति की ओर आकृष्ट हुआ था। उस समय तक **मिरगावती**के सम्पादनकी कोई चर्चा नहीं सुनाई पड़ रही थी। **चन्दायन**के माध्यमसे मनेर शरीफ प्रतिका फोटो मेरे पास पहलेसे ही था। अतः इच्छा हुई कि इन दोनों प्रतियोंके आधार पर **मिरगावती** का भी सम्पादन करूँ। **मिरगावती**के अन्य प्रतियोंके अस्तित्वकी बात तब तक मेरे कानों तक नहीं पहुँच पायी थी।

मेरी इस इच्छाके पीछे निहित मेरी यह धारणा रही है कि मुसलमान कवियों द्वारा रचित प्रेमाख्यानक काव्योंके सम्पादनमें फारसी प्रतियों पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिये। वे नागरी-कैथी प्रतियोंकी अपेक्षा अधिक विकृति-मुक्त होती हैं और मूलसे उनका निकटका सम्बन्ध है। किन्तु अरबी-फारसी लिपिमें लिखे हिन्दी प्रेमाख्यानक काव्योंको बिना किसी पूर्व अभ्यासके शुद्ध पढ़ना अत्यन्त कठिन है। अतः उसका पाठोद्धार कार्य सुगम और सर्व-सुलभ नहीं है। हिन्दीके विद्वानोंमें ऐसे लोग कम ही हैं जो इस कामको सफलतापूर्वक कर सकें। **चन्दायन**के पाठोद्धारकी सफलतासे मुझे कुछ ऐसा लगा कि दूसरोंकी अपेक्षा मेरे लिए **मिरगावती**का पाठोद्धार अधिक सुगम होगा और मैं उसका उचित पाठ उपस्थित कर सकूँगा। हो सकता है यह मेरा अहं हो। पर मैंने एक बार पुनः अपने क्षेत्र से हट कर पराये क्षेत्रमें उतरनेका दुस्साहस कर ही डाला।

चन्दायनके सम्पादनका कार्य चल ही रहा था, तभी मैंने **मिरगावती**के पाठोद्धारमें हाथ लगा दिया। **जियाउद्दीन अहमद देसाईने** दिल्ली प्रतिके उपयोग करनेकी सहर्ष अनुमति प्रदान की और **असकरीने** उस प्रतिको मेरे पास भेजनेकी उदारता दिखायी। नस्तालीक लिपिमें लिखी होनेके कारण इस प्रतिके पाठोद्धारमें विशेष कठि-

---

१. परशुराम चतुर्वेदी, हिन्दीके सूफी प्रेमाख्यान काव्य, १९६२ ई० पृ० ४८।
२. कुतुबन कृत मृगावती, पृ० ६५।

नाई नहीं हुई। १९६२ ई० के आरम्भ में यूरोप जानेसे पूर्व इसका प्रथम वाचन समाप्त हो गया था। कदाचित उस समय यदि यूरोप जाना न हुआ होता तो इसका सम्पादन कार्य भी तभी समाप्त हो जाता और हो सकता है कि यह तभी प्रकाशित भी हो जाती। यूरोपसे लौटने पर अन्य कार्योंमें ऐसा व्यस्त हुआ कि इस कार्यको हाथमें लेनेका अवसर न प्राप्त हो सका। तभी १९६३ ई० के जूनमें मैं पटना संग्रहालयका अध्यक्ष होकर चला आया। वह वर्ष उसकी व्यवस्था देखने-समझनेमें ही चला गया। गत वर्ष जब कुछ अवसर मिला तो फरवरीके महीनेमें पुनः इस कार्यमें हाथ लगाया। दिल्ली प्रतिके वाचनको दुहराया और मनेर शरीफ प्रतिके साथ उसकी संगति बैठायी।

सम्मेलन संस्करण के प्रकाशनसे पूर्व बीकानेरके प्रति की मुझे किसी प्रकारकी जानकारी न थी। अतः उस समय उनके उपयोगका कोई प्रश्न मेरे सामने न था। चौखम्भा प्रतिके पाँच कड़वकोंका उपयोग मेरी दृष्टिमें कोई अर्थ नहीं रखता था। काशी वाली प्रतिका मूल भारत कला-भवनमें ढूँढ़नेपर भी न मिल सका। उसकी एक आधुनिक प्रतिलिपि देखनेमें आयी, पर उसे मैंने अपने कामका न माना। बच रही एकडला प्रति। उसका उपयोग मैं केवल पाठान्तरोंके निमित्त करना चाहता था।

एकडला प्रति के फोटो मेरे बम्बई रहते ही प्रिंस ऑव वेल्स संग्रहालयके फोटोग्राफर जगन मेहता काशी जाकर ले आये थे। भारत कलाभवनमें यह प्रति अलग-अलग पत्रों के रूप में उपलब्ध है और उनका वहाँ जो क्रम है, उसका काव्यके कड़वक क्रमसे कोई सम्बन्ध नहीं है। पता नहीं वे मूल रूपमें इसी प्रकार **शिवगोपाल मिश्र** को प्राप्त हुए थे या पीछे से बिखर गये। ऐसी स्थिति में उनका क्रम स्थिर किये बिना उसका उपयोग करना सम्भव न था। पत्रोंपर दिए हुए संख्या-संकेत भी इस कार्यमें सहायक न थे। इस कारण यह कार्य काफी कठिन और श्रम अपेक्षित था। अतः जबतक मैंने फारसी प्रतियोंका पाठ तैयार नहीं कर लिया, इस प्रतिकी उपेक्षा की। तदनन्तर फारसी प्रतियोंके कड़वकोंको आधार बनाकर एकडला प्रतिके पत्रोंको क्रम दिया और तब पाठान्तर तैयार करनेकी ओर बढ़ा।

इस प्रकार एकडला प्रतिसे मैं पाठान्तर तैयार कर ही रहा था तभी सम्मेलन संस्करण प्रकाशमें आया और अप्रैल या मईके महीनेमें **शिवगोपाल मिश्र**ने उसकी एक प्रति भेजनेकी कृपा की। उसे देखनेपर मुझे लगा कि उससे **मिरगावती**की वास्तविक पूर्ति नहीं होती यद्यपि उसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती। उससे मुझे बीकानेर प्रतिका परिचय मिला और यह उचित जान पड़ा कि पाठान्तर रूपमें उसके भी पाठ ग्रहण किये जायँ। इसके निमित्त उसके फोटोप्रिण्ट उपलब्ध कर देनेके लिए **अगरचन्द नाहटा** को लिखा किन्तु उन्होंने उसकी प्रति प्राप्तिमें अनेक कठिनाइयाँ बतायीं। अतः मूल प्रतिसे पाठ ग्रहण करनेका विचार त्यागना पड़ा। यह मानकर कि मुद्रित प्रति उस प्रतिकी सावधानीसे की गयी प्रतिलिपि होगी, मैंने उसे ही बीकानेर प्रतिके पाठका आधार बनाया। और जब मुद्रित प्रतिसे बीकानेर प्रतिके पाठ लिये तो चौखम्भा और काशी

प्रतियों के पाठ ग्रहण करनेमें मेरे लिए आपत्ति जैसी कोई बात नहीं रही। अतः उसके भी पाठ पाठान्तरमें ग्रहण किये। इस प्रकार प्रस्तुत संस्करणमें मैंने अबतक ज्ञात सभी प्रतियोंका उपयोग किया है। फलतः काव्य अपने स्वरूपमें पूर्ण है, आरम्भके केवल तीन कड़वक नहीं हैं।

पाठ-सम्पादन करते समय मैंने संशुद्ध-पाठ (क्रिटिकल टेक्स्ट) प्रस्तुत करने जैसा कोई प्रयास नहीं किया है। दिल्ली प्रतिको पाठका मूल आधार मानकर मैंने अन्य प्रतियोंके पाठान्तर मात्र संकलित कर दिये हैं। ऐसी अवस्थामें यह कार्य कदाचित वैज्ञानिक नहीं कहा जायेगा। किन्तु मेरी निश्चित धारणा है कि मेरे इस कार्यका वैज्ञानिक कथित ढंगपर किये गये कार्यमें कदाचित ही किन्हीं-किन्हीं स्थलोंपर भिन्नता होगी। इस कहनेका तात्पर्य यह कदापि नहीं है कि मेरा कार्य सर्वथा निर्दोष है। मध्यकालीन कवियों और काव्योंसे मेरा परिचय अत्यल्प है। हिन्दी साहित्य मेरी जीविकोपार्जनका साधन नहीं, व्यसन (हाबी) मात्र है। व्यसन (हाबी) के रूपमें ही मैंने इस कार्यको किया है। इस भावसे किया गया कार्य सर्वांगपूर्ण होगा, ऐसा समझना दम्भ होगा।

भाषाके सम्बन्धमें मेरी एक विवशता है। वह यह कि नगर-निवासी होते हुए भी मैं ठेठ गँवार हूँ। जब आठवीं कक्षामें था तभी हिन्दी व्याकरणका साथ छूट गया; भाषा-विज्ञानकी किसी पुस्तकसे आजतक सम्पर्क स्थापित न कर सका। राजनीतिक कार्यकर्ताके रूपमें अवधी-भोजपुरी बोलियोंसे सम्पर्क रखनेवाले गाँवोंमें १९३० और १९४३ के बीच महीनों नहीं, बरसों बीते हैं। अतः नागरक कृत्रिमतासे अछूते रहकर शब्द और व्याकरण जिस रूपमें गाँवोंके स्त्री-पुरुषोंके कण्ठ और जिह्वामें समाए हुए थे, वे रातदिन मेरे कानोंसे टकराते रहे हैं। भाषा-सम्बन्धी मेरा ज्ञान वहींसे संचित है। गाँवोंके लोगोंकी बोल-चाल ही भाषाके सम्बन्धमें मेरी पुस्तकें थीं और गाँवके लोग ही मेरे गुरु थे। लोक-जीवन और लोक-व्यवहार ही मेरा शब्द-कोष है। प्रस्तुत कार्यमें मैं अपने इसी ज्ञानपर निर्भर रहा हूँ। हो सकता है प्रेमाख्यानक काव्योंके सम्पादनमें निष्णात समझे जानेवाले विद्वानों और उनके चारों ओर मँडरानेवाले शिष्योंको, जो पदे-पदे **ग्रियर्सन**को वेद वाक्यकी तरह दुहराते रहते हैं, मेरा यह कार्य व्याकरणकी अज्ञतासे भरा और भाषा-विज्ञानके सिद्धान्तोंसे शून्य जान पड़े, अतः यह बता देना आवश्यक जान पड़ा।

इन दिनों प्रेमाख्यान काव्योंके सम्पादन-प्रकाशनमें पाठ-सम्पादनके साथ-साथ पाठका व्याख्यात्मक अर्थ देनेकी भी परिपाटी चल पड़ी है। किन्तु उस परिपाटीका निर्वाह इस ग्रन्थमें नहीं है। मेरी धारणा है कि इस काव्यमें कुछ ऐसा नहीं है जो पाठकोंके समझके बाहर हो और किसी प्रकारकी व्याख्याकी अपेक्षा रखता हो। व्याख्या करना अनावश्यक श्रम ही नहीं अकारण ही ग्रन्थकी आकार-वृद्धिका प्रयास भी होता, जो मुझे अभीष्ट नहीं। यदि काव्यको किसी प्रकारकी व्याख्याकी आवश्यकता होती भी

तो कदाचित मैं उसका प्रयास न करता। मुझमें वह क्षमता और पाण्डित्य नहीं, जिसके बलपर निष्णात व्याख्याकारोंकी तरह **उसकी साँग इस प्रकार हिलती है जैसे उदास मूस (चूहा) हिलता रहता है** जैसी उत्कृष्ट व्याख्या, टीका और अर्थ कर सकूँ। मुझ द्वारा सम्पादित **चन्दायन**की चर्चा करते हुए एक निष्णात व्याख्याकार प्राध्यापकने मुझे जिस ढंगकी चेतावनी दी है, उससे ध्वनित होता है कि काव्य-ग्रन्थोंके अर्थ और व्याख्या करनेका एकमात्र अधिकार विश्वविद्यालयोंके हिन्दीके प्राध्यापकोंको ही है। किसी अन्यका ऐसा करना उसका दुस्साहस है। इस चेतावनीके बाद धर्म-निरपेक्ष राज्यका नागरिक होनेके कारण इस प्राध्यापक-धर्ममें हस्तक्षेप करनेकी बात सोच भी नहीं पाता। अतः मैंने उन शब्दोंके जो मुझे महत्त्वके लगे, अर्थ अथवा उनके सम्बन्ध-में आवश्यक टिप्पणी देकर ही सन्तोष माना है।

इस ग्रन्थको मैंने जिस रूपमें प्रस्तुत किया है, उसे पाठक किस प्रकार ग्रहण करेंगे, इसकी मैं कल्पना करना नहीं चाहता। मेरे इस कार्यसे यदि किन्हीं पाठकोंको अणुमात्र भी लगे कि मैंने हिन्दी साहित्यकी कुछ सेवा की है तो वही मेरे लिए पर्याप्त आनन्दकी बात होगी।

पटना संग्रहालय,
पटना।
कार्तिक पूर्णिमा, २०२२ वि०।

परमेश्वरीलाल गुप्त

कवि परिचय

नाम

मिरगावतीकी उपलब्ध प्रतियोंमें सिरनामा या पुष्पिकाके रूपमें ऐसी कोई सामग्री उपलब्ध नहीं है जिससे उसके रचयिताके सम्बन्धमें कुछ जाना जा सके। हाँ, काव्यके भीतर पाँच स्थलोंपर[1] **कुतुबन** नामका इस प्रकार प्रयोग हुआ है कि अनुमान किया जा सकता है कि काव्यके रचयिताका नाम अथवा कवि-नाम **कुतुबन** था। **खोज रिपोर्ट**में इन्हें **मियाँ कुतुबन** कहा गया है और **मिश्र-बन्धु**ने अपने **मिश्र-बन्धु-विनोद**में इनका उल्लेख **कुतुबन शेख**के नामसे किया है। इनके आधारपर परवर्ती लेखकोंने जहाँ कहीं **मिरगावती**की चर्चा की है, लेखकका नाम **मियाँ कुतुबन** या **शेख कुतुबन** बताया है। उन्हें **मियाँ** कहनेका क्या आधार है, कहा नहीं जा सकता। हो सकता है मुसलमान होनेका अनुमान कर **खोज रिपोर्ट** के सम्पादकने आदरार्थ **मियाँ** शब्दका प्रयोग किया हो। उनके **शेख** होनेकी कल्पनाका आधार सम्भवतः उनके गुरुका **शेख** होना है।

कुतुबन अपने सम्बन्धमें इतने तटस्थ थे कि उन्होंने **चन्दायन**से प्रारम्भ होनेवाली प्रेमाख्यानक काव्यकी परम्पराका अविकल अनुसरण करते हुए भी अपना किसी प्रकारका वैयक्तिक परिचय देना आवश्यक नहीं माना। हमारे पास यह जाननेका कोई भी साधन नहीं है कि वे कहाँके निवासी थे, कहाँ रहते थे।[2] उनके माता-पिताके सम्बन्धमें भी हम कुछ नहीं जान पाते। उनके सम्बन्धमें हम केवल यहीं जानते हैं कि (१) वे किसके शिष्य थे,(२) उन्होंने **मिरगावती** की कब रचना की और (३) वे किसके आश्रित थे अथवा उनका शाहे-वक्त कौन था।

पीर

चौखम्भा प्रतिमें **कुतुबन**के पीर (गुरु) का नाम **शेख बुढ़न** बताया गया है। एकडला प्रतिमें भी यही नाम दिया हुआ है। पर **खोज रिपोर्ट**में उनका नाम **शेख बुरहान** बताया गया है और कहा गया है कि उनका सम्बन्ध चिश्तिया सम्प्रदायसे था। **खोज रिपोर्ट**के इस कथनको **रामचन्द्र शुक्ल**ने अपने **हिन्दी साहित्य का इतिहास**

---

१. कड़वक ८।२, ११५।६, १२१।६, १९६।६, २८०।६।

२. जिस ढंगसे कुतुबनने रचना-कालकी तिथि गणना की है, उससे सन्देह होता है कि वे दाक्षिणात्य थे अथवा दक्षिणके साथ उनका निकटका सम्बन्ध था। देखिये आगे पृ० १७-१८।

में दुहराया है और उन्हींके कथनको परवर्ती विद्वान् और अनुसन्धित्सु दुहराते चले आ रहे हैं।

शेख बुरहानकी खोज करते हुए लोगोंका ध्यान जायसीकी इन पंक्तियोंकी ओर गया है—

> **गुरु मोहदी खेवक में सेवा।**
> **चलै उताइल जिन्ह कर खेवा॥**
> **अगुआ भयेउ शेख बुरहानू।**
> **पंथ लाइ मोहि दीन्ह गियानू॥**[1]

इस कथन के आधारपर लोगोंने **मोहदी**के गुरु **शेख बुरहान**के साथ, जो कालपी मे रहते थे, **कुतुबन**का सम्बन्ध जोड़नेकी चेष्टा की है। **शेख बुरहान**के **कुतुबन**के पीर होनेकी कल्पना जिस समय की गयी थी, उस समय पाठ-भ्रष्टताके कारण लोगोंके सामने यह तथ्य न आ सका था कि **कुतुबन**के गुरु सुहरवर्दी सम्प्रदाय के थे। नामकी भिन्नताके साथ **शेख बुरहान**का सुहरवर्दी न होना, अपने आपमें इस बातका द्योतक है कि वे **कुतुबन**के पीर नही हो सकते।

जिन लोगोंने काव्यमें दिये नाम **शेख बुढ़न** (बुधन) पर ध्यान दिया उन लोगोंने **शेख बोधन शुत्तारी**को कुतुबनका गुरु बताया है। **शेख बोधन शेख अब्दुल्ला शुत्तारी**के वंशज और सिकन्दर लोदीके समकालिक थे। उनकी चर्चा **अखयार-उल-अखयार**के लेखक **मुहम्मद अब्दुल हक**ने की है। उनका कहना है कि उनके ताऊ (पिताके बड़े भाई) **शेख रिज्कउल्लाह,** जिन्होंने **मुश्ताकी** नामसे फारसीमें **वाकयात-ऐ-मुश्ताकी** और **राजन** उपनामसे हिन्दीमें **प्रेम-बान-जोत निरंजन** लिखा है, **शेख बोधन**-के पास गये थे और उनसे जिक्र (दीक्षा) प्राप्त किया था। **अखयार-उल-अखयार** और **अखबार-उल-असफिया,** दोनोंमें इन पीरका नाम स्पष्टतः **बोधन** (बे, वाव, दाल, हे, नून) दिया हुआ है; **बुढ़न** (या **बुधन**) (बे, दाल, हे, नून) नहीं। **बोधन** नाम और शुत्तारी सम्प्रदाय दोनों ही इस बातके स्पष्ट संकेत हैं कि वे **कुतुबन**के पीरसे सर्वथा भिन्न थे।

वस्तुतः **कुतुबन**के पीरका नाम **शेख बढ़न** था जैसा कि दिल्ली प्रतिमें स्पष्ट है। **शेख बढ़न** नामके कई सन्त हुए हैं। एक **शेख बढ़न मनेरी** थे, जिनकी कुछ रचनाएँ मनेर शरीफमें सुरक्षित बयाजमें प्राप्त हैं। यह किस सम्प्रदायके हैं यह अज्ञात है किन्तु इनके बेटे कुतुबमुवडित बल्खीके सम्बन्धमें निश्चित है कि वे फिरदौसी सम्प्रदायके थे। इस कारण इन्हें भी **कुतुबन**का पीर अनुमान नहीं किया जा सकता। एक दूसरे सन्त **मखदूम शेख बढ़न** हैं। ये सुविख्यात सूफी सन्त **ईसा ताज जौनपुरी**के शिष्य और उत्तराधिकारी थे। वे कस्बा अजौलीके रहने वाले थे और वहीं उनकी समाधि भी है। सतरहवीं शतीमें लिखित **मीरात-उल-असरार**के लेखक **अब्दुर्रहमान चिश्तीने,** जो

---

१. पदमावत, सम्पा० रामचन्द्र शुक्ल, स्तुति खण्ड, कड़वक २०।

अमेठीके रहने वाले थे, उनके अलौकिक गुणोंकी चर्चा की है। सुप्रसिद्ध सूफी सन्त **अब्दुर कुद्दूस गंगोही**ने भी अपने एक पत्रमें, जिसे उन्होंने हैबत खाँ सरवानीके नाम लिखा था, उनका उल्लेख 'शेखुलमशायख अल्लामतुलवरा कुदवतुननुकबा शेख बढ़न'के रूपमें किया है। यह **शेख बढ़न** किस सम्प्रदायके थे यह निश्चित रूपसे ज्ञात नहीं है। उनके गुरु **मुहम्मद ईसा ताज** मूलतः चिश्तिया सम्प्रदायके थे किन्तु उन्होंने सुहरवर्दी आदि कई सिलसिलों (सम्प्रदायों) से भी इजाजत (दीक्षा) प्राप्त की थी। हो सकता है **शेख बढ़न**ने शिष्यके रूपमें उनसे सुहरवर्दी सम्प्रदायकी दीक्षा ली हो। यदि यह अनुमान ठीक है तो ये ही **कुतुबन**के पीर रहे होंगे।

मिरगावतीकी रचना

जायसी कृत **पदमावत**में **मिरगावती**की कथाका सार प्राप्त है। उससे यह अनुमान लगाया जा सकता था कि **मिरगावती पदमावत**से पहलेकी रचना होगी। किन्तु इस प्रकारके किसी अनुमानकी आवश्यकता कभी किसीको नहीं हुई। चौखम्भा प्रतिमें, उसके खोजियोंको एक ऐसा कड़वक उपलब्ध था जिसमें **ना सै नव जब संवत अही** लिखा हुआ था। उससे उन लोगोंने तभी जान लिया था कि **मिरगावती** की रचना ९०९ हिजरीमें की गयी थी। उस समयसे ही लोग इस बातको मानते चले आ रहे हैं। किन्तु ९०९ हिजरी को विक्रमीय संवत्में परिवर्तन करनेमें लोगोंने निरन्तर भूल की है। **रामचन्द्र शुक्ल, कमल कुलश्रेष्ठ** और **हजारीप्रसाद द्विवेदी**ने उसे १५५८ वि० (१५०१ ई०) बताया है। **सत्यजीवन वर्मा**ने **नागरी प्रचारणी पत्रिका**में प्रकाशित अपने एक लेखमें उसे १५६७ वि० (१५१० ई०) ठहराया है। वस्तुत: ९०९ हिजरी २६ जून १५०३ को आरम्भ होकर १४ जून १५०४ को समाप्त हुआ था। अतः चौखम्भा प्रतिसे ज्ञात ९०९ हिजरीके अनुसार **मिरगावती** १५०३–०४ ई० की रचना है।

बीकानेर प्रतिके प्रकाशमें आने पर उसमें चौखम्भा प्रतिसे सर्वथा भिन्न कड़वक ज्ञात हुआ, जिसमें रचना-कालके सम्बन्धमें कहा गया है—

जहिया रहते पन्द्र सै साठी।
तहिया ये रे चौपई गाँठी॥

× × ×

पहिले पाख भादों छठी आही।
सिह रासि सिंघ नीरावही॥

इन पंक्तियोंसे ऐसा जान पड़ता है कि रचयिताने रचना-कालका उल्लेख विक्रमीय संवत्में किया है। अतः रचनाकालके सम्बन्धमें लोगोंके मनमें कुछ सन्देह और भ्रम उत्पन्न होने लगा। इस भ्रान्तिको दूर करनेका प्रयास करते हुए **उदयशंकर शास्त्री**ने अपना यह अनुमान उपस्थित किया कि भादो कृष्ण ६ ग्रन्थके समाप्त होनेकी तिथि है। चौखम्भा प्रतिके कड़वकमें उल्लिखित इस बातकी ओर संकेत करते हुए कि

ग्रन्थकी रचना दो मास दस दिनमें हुई थी, उन्होंने यह भी अनुमान लगाया कि काव्यकी रचनाका आरम्भ ज्येष्ठ शुक्ल ११, संवत् १५६० को हुआ होगा। साथ ही उन्होंने इस बातको भी स्पष्ट किया कि विक्रमीय संवत् १५६० (१५०३ ई०) ९०९ हिजरीमें पड़ता है।[1] इसी बातको **परशुराम चतुर्वेदीने** इस प्रकार व्यक्त किया है—**कुतुबनने मृगावतीकी रचना-कालकी तिथि भी भादो बदी ६ दी है और कहा है कि मैंने दो महीने दस दिनमें पूरा किया। उन्होंने एक स्थान पर इस कालको हिजरी सन् ९०९ अर्थात् सन् १५०३ भी बताया है, जो संवत् १५६० में ही पड़ जाता है।**[2]

शिवगोपाल मिश्रके सम्मुख दिल्ली प्रतिके अतिरिक्त अन्य सभी प्रतियाँ थीं। पर वे यह निश्चय न कर पाये कि चौखम्भा और बीकानेर प्रतियोंके कड़वक किसी एक ही तथ्यको व्यक्त करते हैं या उनका तात्पर्य दो भिन्न तथ्योंसे है। उन्होंने अपना मत इन शब्दोंमें व्यक्त किया है—**चौखम्भा वाली प्रतिमें मुहर्रमकी तिथि भी दी हुई है। दूसरी ओर "पहले पाप भादो छठि"का उल्लेख बीकानेर वाली प्रतिमें है। ऐसी स्थितिमें एक ओर जहाँ यह निश्चित प्रतीत होता है कि मृगावतीका रचनाकाल हिजरी ९०९ तदनुसार सम्वत् १५६० विक्रमी है, वहीं पर अभी यह तय करना शेष रह जाता है कि कुतुबनने इनमें से एक का अथवा दोनोंका उल्लेख किया।**[3]

दिल्ली प्रतिसे ज्ञात होता है कि कुतुबनने काव्यकी रचना-काल के सम्बन्धमें दो भिन्न स्थलोंपर चर्चा की है। एक तो आरम्भमें है। वहाँ **खोज रिपोर्टके** प्रस्तुत-कर्ताओंको प्राप्त कड़वक है। दूसरा अन्तमें है जो चौखम्भा प्रतिके अन्तमें खण्डित होनेके कारण उन्हें न मिल सका था और लोगोंको अब बीकानेर प्रतिमें देखनेको मिला है। बीकानेर प्रति आरम्भसे खण्डित है, इसलिए उसमें चौखम्भा प्रति वाला कड़वक अनुपलब्ध है। सामान्यतः प्रेमाख्यानक काव्योंके मुसलमान रचयिताओंने अपनी रचनाके कालकी चर्चा केवल एक स्थलपर किया है और वह भी हिजरी संवत् में। इस कारण **मिरगावतीमें** विक्रमीय संवत् के उल्लेखसे लोगोंका असमंजसमें पड़ जाना स्वाभाविक था।

इन दोनों ही प्रतियों—चौखम्भा और बीकानेरमें उपलब्ध कड़वक पाठकी दृष्टिसे अशुद्ध हैं। इस कारण भी वास्तविक तथ्य जाननेमें लोगोंको कठिनाई हुई। पहले कड़वक[4]के आवश्यक अंशका शुद्ध पाठ इस प्रकार है—

नौ सौ नौ जौ संवत अही॥
माह मुहर्रम चाँदहि चारी।
भई सपूरन कही निबारी॥
दोइ रे माँस दिन दस महँ, जोरत यह ओरानेउ जाइ।

१. दैनिक भारत, ७ सितम्बर १९५५।
२. सूफी काव्य संग्रह, पृ० ९७।
३. कुतुबन कृत मृगावती, सम्मेलन संस्करण, भूमिका, पृ० १०।
४. प्रस्तुत संस्करण, कड़वक १३

इससे प्रकट होता है कि ९०९ हिजरीके मुहर्रम मासकी चौथी तिथि को इस काव्यकी रचना हुई और इसके पूरा करनेमें दो मास दस दिन लगे। ४ मुहर्रम ९०९ हिजरीको अंग्रेजी तिथि २९ जून १५०३ ई० और भारतीय तिथि आषाढ़ शुक्ल ६, संवत् १५६० वि० थी। दो मास दस दिनमें पुस्तक समाप्त होनेकी बात कही गयी है। अतः उपर्युक्त आरम्भ होने की तिथिके अनुसार पुस्तक समाप्त होनेकी तिथि १४ रबीउस्सानी ९०९ हिजरी अर्थात् भाद्रपद शुक्ल १५ संवत् १५६० वि० (६ सितम्बर १५०३ ई०) होगी।

दूसरे कड़वकका आवश्यक अंश इस प्रकार है।

जहिया पन्द्रह सै हुत साठी।
तहिया इँह चौपाइँह गाँठी॥
बहुल पाख भादों जँह अही।
सिंघ रासि संघ तँह निरबही॥[1]

इन पंक्तियोंसे ऐसा प्रतीत होता है कि वि० संवत् १५६० में जिस दिन भाद्रपदके बहुल (कृष्ण) पक्षका आरम्भ हुआ और सूर्यने सिंह राशिमें जिस समय प्रवेश किया उस समय इन चौपाइयोंकी रचना की गयी। ये चौपाइयाँ ग्रन्थके अन्तमें हैं, अतः यह अनुमान किया जाना स्वाभाविक है कि कवि इन पंक्तियोंमे काव्यके समाप्त होनेका समय बता रहा है।

पूर्व कड़वकके अनुसार गणना कर काव्यके समाप्त होने की जो भारतीय तिथि ऊपर कही गयी है उससे इस दूसरे कड़वकमें दी गयी तिथिसे मेल नहीं बैठ रहा है। किन्तु भारतीय पंचाग पद्धतियोंपर ध्यान देनेपर इस असंगतिका कारण समझमें आ जाता है। उत्तर भारतमें तिथि गणनामें पूर्णिमान्त मासका प्रयोग होता है और वर्षकी गणनामें ११ पूरे और २ आधे मास होते है अर्थात् वर्षका आरम्भ चैत्र शुक्ल १ से होता है और अन्त चैत्र कृष्ण १५ को होता है। इस प्रकार आधा मास आरम्भमें और आधा अन्तमें गिना जाता है। दक्षिण भारतकी तिथि गणनामें आमान्त मासका प्रयोग होता है और वर्ष गणनामें पूरे १२ मास होते हैं। वहाँ भी वर्षका आरम्भ चैत्र शुक्ल १ से ही होता है और नियमित चलकर चैत्र कृष्ण १५ को समाप्त होता है। इस प्रकार पूर्णिमान्त और आमान्त गणना दोनोंमें वर्ष का आरम्भ और अन्त समान रूपसे होता है केवल मासके गणनामें भेद होता है। मासोंमें भी यह भेद शुक्ल पक्षमे परिलक्षित नहीं होता, केवल कृष्ण पक्षकी गणनामें अन्तर होता है और यह अन्तर पूरे एक मासका होता है। दूसरे कड़वकमें दी गई तिथिको यदि हम आमान्त गणनाकी तिथि मान लें तो, वह पूर्णिमान्त गणनाके अनुसार आश्विन कृष्ण १ की तिथि होगी। इस तिथिमें और पहले कड़वकके आधारपर काव्यके समाप्त होनेकी जो तिथि—भाद्रपद शुक्ल

---

१. प्रस्तुत संस्करण, कड़वक ४३१।

१५—कही गयी है, उसमें केवल एक दिनका अन्तर है। और यह अन्तर भी केवल गणना सम्बन्धी है। संवत् १५६० वि० में आमान्त भाद्रपदके बहुल (कृष्ण) पक्षका आरम्भ ६ सितम्बरको ही, जो पूर्णिमान्त भाद्रपद शुक्ल १५ की अंग्रेजी तिथि है, सायंकाल ६ बजे हुआ था। स्पष्ट है कि कवि ने ग्रन्थ समाप्त होनेकी तिथि आमान्त गणनाके अनुसार दी है।

उत्तर भारतीय तिथि गणनामें आमान्त तिथियोंका प्रयोग प्रायः नहीं पाया जाता। कवि द्वारा तिथिका इस प्रकार उल्लेख इस बातका द्योतक है कि वह उत्तर भारतकी पूर्णिमान्त तिथि गणना पद्धतिकी अपेक्षा दक्षिण भारतकी आमान्त तिथि गणना पद्धतिसे परिचित था। इससे इस बातका भी संकेत मिलता है कि उसका किसी-न-किसी प्रकार दक्षिण भारतसे सम्बन्ध था।

कुतुबनने उपर्युक्त कड़वकमें ग्रन्थ समाप्तिके समय सूर्यके सिंह राशिमें होनेकी बात कही है। यह घटना पञ्चाङ्गके अनुसार उक्त दिन रात्रिमें ३ और ५ बजेके बीच घटी थी। इस प्रकार कविने अत्यन्त सूक्ष्म रूपसे बताया है कि काव्यकी समाप्ति उषा-कालमें हुई थी। निष्कर्ष यह कि काव्यका आरम्भ ४ मुहर्रम ९०९ हिजरी अर्थात् आषाढ़ शुक्ल ६ संवत् १५६० वि० (२९ जून १५०३ ई०) को और अन्त १५ रबी-उस्सानी ९०९ हिजरी अर्थात् आश्विन कृष्ण १ (आमान्त भाद्रपद कृष्ण १) संवत् १५६० वि० (७ सितम्बर १९०३ ई०) को हुआ।

शाहे-वक्त

कुतुबनने चन्दायनकी परम्पराका पालन करते हुए शाहे वक्तकी भी चर्चा की है। **मौलाना दाऊदने** इसके लिए केवल एक कड़वक का उपयोग किया है; **कुतुबनने** इसके लिए चार कड़वक व्यय किये हैं और दो स्थलोंपर उनके नामका उल्लेख किया है और उनका नाम हुसेन शाह बताया है।[1] पर दो स्थलोंमेंसे किसी जगह भी **दाऊद** और **जायसीकी** तरह उन्होंने यह नहीं बताया कि वे कहाँके शाह या सुल्तान थे। जिस ढंगसे उन्होंने हुसेन शाहकी प्रशंसा की है, उससे ऐसा आभास होता है कि **कुतुबनको** हुसेन शाहकी विशेष कृपा प्राप्त थी। हो सकता है वे उनके आश्रित भी रहे हों।

राज्यका नामोल्लेख न होनेके कारण हुसेन शाह कौन थे, निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता; केवल अनुमान ही किया जा सकता है। **खोज-रिपोर्टमें** हुसेन शाह को सूरवंशके शेरशाहका पिता बताया गया है। किन्तु शेरशाहके पिताका नाम हसन खाँ था हुसेन शाह नहीं और वे एक सरदार मात्र थे, शाह या सुल्तान नहीं। सलतनत तो उसके बेटे शेरशाहने अपने बल और पौरुषसे प्राप्त की थी, दाय रूपमें नहीं। अतः यह निश्चित है कि **कुतुबनने** जो कुछ कहा है, उसका सम्बन्ध इनसे तनिक भी नहीं है।

---

१. प्रस्तुत संस्करण, कड़वक ९–१२।

रामचन्द्र शुक्लने पहले हुसेन शाहको बंगालका सुल्तान अनुमान किया था; पीछे उन्होंने उन्हें जौनपुरके शर्कीवंशका सुल्तान बताया। कुछ लोग **कुतुबनको** बंगाल और जौनपुर दोनोंके सुल्तानोंका आश्रित मानते हैं। उनके ऐसा कहनेका आधार यह है कि बंगाल सुल्तान अलाउद्दीन हुसेन शाह और जौनपुरके शर्की सुल्तान हुसेन शाह दोनों परस्पर सम्बन्धी थे। शर्की हुसेन शाहके बेटे जलालुद्दीनका विवाह बंगाल सुल्तान हुसेन शाहकी पौत्रीसे हुआ था। जब सिकन्दर लोदीने शर्की सुल्तानकी जौनपुरकी सलतनत छीन ली तो वे अपने सम्बन्धी अलाउद्दीन हुसेन शाहके राज्यमें कहलगाँव (जिला भागलपुर, बिहार)में जाकर रहने लगे थे। किन्तु दोनोंके आश्रित होनेकी बातका मेल नहीं बैठता। शर्की हुसेन शाहके कहलगाँव जाकर रहने मात्रसे मान लेना कि कुतुबनने शर्की हुसेन शाहका आश्रय छोड़कर अलाउद्दीन हुसेन शाहका आश्रय ग्रहण कर लिया, अनुचित है। यदि वह सत्य भी हो तो भी यह तो मानना ही होगा कि **कुतुबनने** उस शाहकी प्रशंसा की है जिसके आश्रयमें वे **मिरगावती** की रचनाके समय थे, दोनोंकी नहीं। अतः हमें यही देखना चाहिए कि उन्होंने किस हुसेन शाहकी प्रशंसा की है।

इन दोनों हुसेन शाहोंमें से **कुतुबनका** तात्पर्य किससे था, इस पर विचार करनेके निमित्त उचित होगा कि प्रासंगिक कड़वकोंको सामने रख लिया जाय। वे कड़वक निम्नलिखित हैं—

शाह हुसेन आह बड़ राजा। छात सिंघासन उन्ह पै छाजा॥
पण्डित औ बुधवन्त सयाना। पोथा बाँच अरथ सब जाना॥
धरम दुधिस्टिल वँह कँह छाजा। हम सिर छाँह जियउ जुग राजा॥
दान देइ बहु गिनत न आवा। बलि औ करन न सरबरि पावा॥
राइ जहाँ लहि गँधरप अहई। सेवा करहिं बारि सब चहई॥

चतुर सुजान भाखा सब जानाँ, अइस न देखेंउ कोइ।
सभा सुनहु सब कान दइ, फुनि र बखानों सोइ॥ ९

अगिनित ठाट गिनत न आवा। खरदम खेह गगन सब छावा॥
अपुनहि सँझर आगे कर पावा। पाछे परै सो धूरि फकावा॥
मेघडम्बर छाया बहु ताने। सेवा करहिं राजु औ रानें॥
तुरिय टाप अस खेह उड़ानी। आथि अम्बर भव पुहुमि जिंह जानी॥
गज गवन जग सासों होई। बासुकि इन्द्र दुहो बुधि खोई॥

जिय दान जो चाहे, दिन दस सेवा करो सौ बार।
जाकहँ भौंह होइ चख मैली, सो र होइ जरि छार॥ १०

डाँड इन्द्र बासुकि सेंउ लेई। अउर डाँड लंकेसर देई॥
ईंह बड़ न कोई गुनी सयाना। देवतहिं आयसु ईंह कर माना॥
जासों हँसि कै बात एक कहिहैं। दुख दारिद औ पाप न रहिहैं॥

पिरिथि म अइस भयउ न कोई । सर तो दैंउ सुनेउ जो होई ॥
पाप पुन्न लेउ जरमहि काऊ । धरम करत कछु कहि जाऊ ॥

अधरम कियउ न जग मँह काऊ, धरम करहिं बहु भाँत ।
निसि बासर बिबि तैसहि चितहिं, बुधि परसहिं तो साँत ॥ ११

पढ़हि पुरान कठिन जो होई । अरथ कहहिं समुझावत सोई ॥
एक-एक बोल क दस-दस भावा । पंडितहिं अचकर बकति न आवा ॥
अउर बहुत उन्ह केरि बड़ाई । हमरें कहे कहाँ कहि जाई ॥
मुँह मँह जीभ सहस जो होई । तोर बड़ाई करै जो कोई ॥
जब लग अस्थिर रहे सुमेरू । हर भारजा बहै जमु नेरू ॥

सवन सुनहु चित लाइ कर, कहौं बात हौं एक ।
आउ बढ़ा हुसन साह कै, आह जगत के टेक ॥ १२

यदि इन पंक्तियोंकी तुलना **जायसी** और **मंझन** द्वारा शाहे-वक़्तकी प्रशंसामें कही गयी पंक्तियोंसे की जाय तो स्पष्ट जान पड़ता है कि कुतुबनने अपने शाहे-वक़्तके शासन और सेना, दान और न्यायके सम्बन्धमें जो कुछ कहा है, उसमें कोई मौलिकता नहीं है। तीनों ही कवियोंका वर्णन प्रायः एक-सा है और सम्भवतः परिपाटीका अनुसरणमात्र है। किन्तु यदि यह वर्णन परिपाटीजनित होते हुए भी किसीका वास्तविक चित्रण है तो वह ऐसे प्रतापी शासकका चित्र है जिसका सम्राट्के समान व्यापक प्रभाव था। इस रूपमें यह प्रशंसा शर्की हुसेन शाहपर ही लागू होती है, बंगालके अलाउद्दीन हुसेन शाहपर नहीं।

बंगालका हुसेन शाह मूलतः मुजफ़्फ़रशाहका प्रधान मन्त्री था और अपने शासकके विरुद्ध विद्रोह कर उसने शासनाधिकार प्राप्त किया था। उसका अधिकांश समय अपनी स्थिति संतुलित करनेमें ही बीता। १४९९ ई० तक अर्थात् कुतुबनके **मिरगावती**की रचना करने से चार बरस पूर्वतक, उसका राज्य बंगाल के बाहर दक्षिण बिहार में मुँगेरतक ही सीमित था। इस अवधिमें उसे केवल एक बार १४९५ ई० (९०१ हिजरी)में अपनी सेनाको सिकन्दर लोदीके मुकाबले भेजना पड़ा था। पर बिना किसी विशेष शक्ति-प्रदर्शनके ही दोनों पक्षोंमें सन्धि हो गयी थी। १४९९ ई०में पहली बार हुसेन शाह किसी सैनिक अभियानके लिए निकला और कामता-कामरूपको अपना लक्ष्य बनाया। उस क्षेत्रपर अधिकार करनेमें हुसेन शाहको लगभग चार बरस लगे; अर्थात् **मिरगावती**की रचनासे कुल एक बरस पहले वह १५०२ ई० में कामरूप विजय कर पाया। उसने दूसरा अभियान जाज-नगर उड़ीसाके विरुद्ध किया था और वह **मिरगावती** की रचनासे कई वर्ष पश्चात् १५०८-९ ई० में। इस प्रकार कुतुबनने जो कुछ कहा है वह बंगालके हुसेन शाहपर घटित नहीं होता।

दूसरी ओर शर्की सल्तनतका इतिहास निरन्तर सैनिक अभियान और युद्धोंका इतिहास है। जौनपुर सल्तनतकी स्थापना करते ही शर्की सुलतान दिल्लीपर अधिकार

करनेका स्वप्न देखने लगे थे। दिल्ली सुलतान भी शर्की सुलतानोंको अपना प्रबल प्रतिद्वन्द्वी समझते रहे। बंगालके सुलतान शर्की सलतनतके आरम्भिक दिनोंमें ही खिराजदार थे। जहाँतक हुसेन शाहका सम्बन्ध है, उसकी सेना और शासनका अत्यधिक विस्तार था। पूर्वमें तिरहुत और उड़ीसा उसके खिराजदार थे। इनके विरुद्ध उसने अपने शासनके आरम्भिक दिनोंमें ही अभियान किया था। ग्वालियर नरेशको उसने परास्त कर अपना अत्यन्त हितैषी मित्र बना रखा था। इटावा, कोल और बयाना के सूबेदार लोदियोंका साथ छोड़कर हुसेन शाहसे आ मिले थे। बघेल-खण्ड के हिन्दू राजाओंपर उसका प्रभुत्व था। इस प्रकार हुसेनशाहके शासनका विस्तार पूर्वमें बिहारसे लेकर पश्चिममें दिल्ली सलतनत की सीमातक था जो युद्ध-क्रमसे घटता-बढ़ता रहता था और यह विस्तार दिल्ली सलतनतसे किसी प्रकार कम न था। दिल्ली सलतनतके साथ तो उसकी मुठभेड़ निरन्तर चलती रहती ही रही। परिस्थितियाँ ऐसी आयीं जब दिल्ली सुलतान हुसेन शाहकी आधीनता स्वीकार करनेको तैयार हुआ; पर हुसेन शाहने अपनी शक्तिके अभिमानमें उसकी शर्तोंको ठुकरा दिया। हुसेन शाहकी सैनिक-शक्तिका अनुमान इस बातसे किया जा सकता है कि उसने बहलोल लोदीके विरुद्ध एक लाख घुड़सवार और एक हजार गज-सेनाके साथ अभियान किया था। इन सब बातोंको देखते हुए लगता है कि **कुतुबन** ने बिना किसी अत्युक्तिके शर्की हुसेन शाहका ही उल्लेख किया है।

उल्लेखनीय बात यह है कि **कुतुबन** हुसेन शाहकी विद्वत्ताकी प्रशंसा करते हुए थकता नहीं। इस ढंगसे **जायसी** या **मंझनने** अपने शाहे-वक्तकी प्रशंसा नहीं की है। इससे यह निसंदिग्ध जान पड़ता है कि **कुतुबन**का शाहे-वक्त वस्तुतः विद्वान् और कलाका प्रेमी था। बंगालका हुसेन शाह किस कोटिका विद्वान् था, इसके सम्बन्धमें कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। केवल इतना ही ज्ञात है कि उससे बंगला साहित्यको प्रोत्साहन प्राप्त हुआ था। उसने किसी अन्य भाषाके साहित्यको प्रोत्साहित किया हो, इसका प्रमाण किसी सूत्रसे नहीं मिलता। शर्की हुसेन शाहकी ख्याति कवि और संगीतज्ञके रूपमें सर्व विदित है। संगीतमें जौनपुर काँगड़ा (खयाल) उसीकी देन बतायी जाती है। विद्वानों और गुणीजनोंका वह बड़ा आदर करता था। अतः **कुतुबनने** जिस रूपमें प्रशंसा की है, उसका पात्र शर्की हुसेन शाह ही हो सकता है। उसका उन्हें प्रश्रय सरलतासे प्राप्त रहा होगा। यदि **कुतुबन**के पीर **शेख बढन, मुहम्मद ईसा ताजके** शिष्य थे, तो निश्चय ही उनका सम्बन्ध जौनपुरके शर्की सुल्तानके साथ रहा होगा। उनके माध्यमसे **कुतुबन**का हुसेन शाहके सम्पर्कमें आना सहज हुआ होगा और उनको उनसे प्रोत्साहन अथवा आश्रय प्राप्त करनेमें कोई कठिनाई नहीं हुई होगी।

सर्वोपरि, एक बात, जिससे यह निश्चित हो जाता है कि **कुतुबन**का तात्पर्य बंगालके हुसेन शाहसे नहीं था, वह यह है कि बंगालके हुसेन शाहकी ख्याति इस बातके लिए विशेष है कि उसने सत्यपीर नामसे अपना एक स्वतन्त्र धार्मिक मत चलाया था। यदि **कुतुबन**का उद्देश्य इस हुसेन शाहकी प्रशंसा करना रहा होता तो

उनका ध्यान उसकी इस धर्माचार्यताकी ओर अवश्य जाता और उसकी प्रशंसा करते हुए इस तथ्यकी अवश्य चर्चा करते। किन्तु ऐसी कोई बात **कुतुबन**ने संकेत रूपमें भी नहीं कही है।

सभी बातोंपर विचार करनेपर यह निश्चित जान पड़ता है कि बंगालके हुसेन शाह **कुतुबन**के हुसेन शाह नहीं हैं। किन्तु इतिहासकारोंकी धारणा है कि शर्की हुसेन शाहकी मृत्यु ९०५ हिजरीमें ही हो गयी थी; और **कुतुबन**का कहना है कि **मिरगावती**की रचना उन्होंने ९०९ हिजरीमें हुसेन शाहके जीवन-कालमें और उनके शासनारूढ़ रहते की थी।[१] उन्होंने छत्रछायाके रूपमें उसके युग-युग तक जीनेकी[२] और दीर्घायु होनेकी भी कामना की है।[३] इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि हुसेन शाह कमसे कम ९०९ हिजरी तक जीवित थे। यदि इतिहासकारोंका कथन ठीक है तो उपर्युक्त सारी सम्भावनाओंके बावजूद **कुतुबन**के हुसेन शाहको शर्की हुसेन शाह कदापि नहीं कहा जा सकता। अतः अन्तिम निश्चय करनेसे पूर्व इस सम्बन्धमें भी उहापोहकी आवश्यकता है।

शर्की हुसेन शाह कब मरा, इसकी चर्चा समसामयिक किसी भी इतिहासकारने नहीं की है। घटनाओं आदिको ध्यानमें रखकर ही आधुनिक इतिहासकारों ने उसके ९०५ हिजरीमें मरनेका अनुमान किया है। उसे प्रामाणिक नहीं माना जा सकता। इस तथ्यपर प्रकाश डालनेवाले सबसे प्रामाणिक और महत्त्वपूर्ण हुसेन शाहके अपने सिक्के हैं, जिनकी इसिहासकारोंने उपेक्षा की है। ये सिक्के हमें उसके शासनारुढ़ होनेके दिनसे ९१० हिजरी तक निर्बाध रूपसे, प्रत्येक वर्षके प्राप्त होते है। कलकत्ता संग्रहालयके मुद्रा संग्रहमें कथित मृत्यु-वर्ष ९०५ हिजरीके बादके सिक्कोंमें ९०६, ९०७ और ९१० हिजरीके सिक्के हैं।[४] एच० एम० ह्विटेलने जौनपुर सुल्तानोंके सिक्कोंकी एक सूची प्रकाशित की है।[५] उसके अनुसार ९०५, ९०६ और ९०९ हिजरीके सिक्के ब्रिटिश संग्राहलय (लन्दन) में हैं। ९०८ हिजरीका सिक्का ह्विटेलके अपने संग्रहमें था। ९११ हिजरीका सिक्का लाहौर संग्राहलयमें होनेकी बात भी उन्होंने कही है। हमने स्वयं अभी हालमें लखनऊ संग्राहलयके शर्की सिक्कोंका परीक्षण किया था। वहाँ हमें हुसेन शाहके उपर्युक्त प्रत्येक वर्षके सिक्के बड़ी मात्रामें मिले। वहाँ ८९१ से ९१० हिजरी तकके प्रत्येक वर्षके सिक्के एक ऐसे दफीनेसे प्राप्त हैं जिसका प्राप्ति स्थान, खेद है वहाँके रजिस्टरोंमें अंकित नहीं है। एक दूसरे दफीनेमें, जो जालौनसे प्राप्त हुआ था, ८९४ से ९१० हिजरी तकके सिक्के हैं। बाँदा जिलेसे प्राप्त एक अन्य दफीने में भी ९१० हिजरीके सिक्के प्राप्त हुए हैं।

---

१. उन्हके राज यह र हम कहा। १३।१

२. हम फिर छाँह जियउ जुग राजा। ९।३

३. आउ बढ़ो हुसेन शाहकै, आह जगतकै टेक। १२।७

४. कैटलाग ऑव द क्वायन्स इन दि इण्डियन म्यूजियम, कलकत्ता, खण्ड २, पृ० २१८–१९।

५. न्यूमिस्मेटिक सप्लीमेण्ट, सं० ३६, पृ० ३२–३४।

इतिहासकारोंकी यह धारणा रही है कि ये सिक्के हुसेन शाहके मृत्यूपरान्त किसीने प्रचलित किये होंगे। किन्तु ऐसा कहना और सोचना अत्यन्त हास्यास्पद है। इस तथ्यको न भुला दिया जाना चाहिए कि भारतीय इतिहासमें किसी शासकके मृत्यूपरान्त उसके नामसे इस प्रकार सिक्के जारी करनेका एक भी उदाहरण प्राप्त नहीं है। मुसलमान शासकोंमें सिक्के जारी करनेका विशेष महत्त्व था और वह उनका एक अत्यन्त सुरक्षित अधिकार था। वह राज्याधिकारका सबसे बड़ा प्रमाण समझा जाता था। कोई भी व्यक्ति, चाहे वह राजगद्दीका वैध उत्तराधिकारी रहा हो या दावेदार मात्र, अपना अधिकार प्रकट करनेके लिए सबसे पहले अपने नामका सिक्का ढलवाता और मसजिदमें खुतबा पढ़वाता था। ऐसी अवस्थामें कल्पना नहीं की जा सकती कि कोई हुसेन शाहकी मृत्युके पश्चात् अथवा उसके निर्वासन कालमें उसके नामसे सिक्के जारी करेगा। कहा जा सकता है कि मुगल शासनके ह्रास कालमें लोगोंने मुगल शासकोंके नामपर सिक्कोंके ढाले थे; पर उन सिक्कोंके साथ हुसेन शाहके सिक्कोंकी तुलना नहीं की जा सकती। मुगल शासकोंके नामसे सिक्के ढालनेवाले अपना चिह्न विशेष अंकित कर दिया करते थे, जिनसे उन सिक्कोंकी राजकीय तथा अन्य लोगोंके सिक्कोंसे भिन्नता स्पष्ट रूपसे प्रकट होती थी। हुसेन शाहके सिक्कोंमें ऐसा कोई चिह्न प्राप्त नहीं होता जिससे उन्हें उसके शासन काल, निर्वासन काल अथवा मृत्यू-परान्तके सिक्के कह कर बिलगाव किया जा सके। उसके सारे सिक्के समान लिपिमें अंकित और एक ही शैलीके हैं।

इस सम्बन्धमें विचारणीय यह भी है कि हुसेन शाहके मृत्यूपरान्त उसके नामके सिक्के ढालनेमें किसीका क्या स्वार्थ हो सकता था; विशेषतः ऐसी स्थितिमें जब कि वह निर्वासित रहा हो और उसके उत्तराधिकारियोंमें अधिकारारूढ़ होनेकी क्षमता न रही हो। यह भी ध्यान देनेकी बात है कि लेन-देन लोक-व्यवहारमें शासकके नामके छापका, उन दिनों आज जैसा कोई महत्त्व न था। धातु और तौल ठीक होनेपर किसी शासककी छापका सिक्का कहीं भी ग्राह्य था। इस दृष्टिसे भी हुसेन शाहके नाम-की सिक्कोंपर कोई आवश्यकता न थी। अतः यह निर्भ्रान्त है कि हुसेन शाहने स्वयं और अपने जीवन-कालमें ही ये सिक्के जारी किये होंगे। वे इस बातके अकाट्य प्रमाण हैं कि हुसेन शाह ९१० हिजरी तक तो निसन्दिग्ध रूपसे जीवित था। सम्भावना उसके ९११ हिजरी तक जीवित रहने की भी है।

अतः **कुतुबन**के इस कथनमें तनिक भी सन्देह नहीं किया जा सकता कि उसने **मिरगावती**की रचना हुसेन शाहके जीवन-कालमें ९०९ हिजरीमें की थी और उसने उसके दीर्घजीवनकी कामना स्वाभाविक रूपसे की है। किन्तु उसके कथनकी यह ध्वनि कि उस समय हुसेन शाह सत्तारूढ़ भी था, ऐतिहासिक घटनाओंके विश्लेषण-की अपेक्षा रखता है।

इस बातसे किसी प्रकार भी इनकार नहीं किया जा सकता कि बहलोल लोदीने ९०१ हिजरी (१४९५ ई०) में हुसेन साहसे उसके सलतनतका इंच-इंच छीनकर अपने

सल्तनतमें मिला लिया था और हुसेन शाहको बंगाल सुलतान अलाउद्दीन हुसेन शाहके राज्यमें जाकर शरण लेनी पड़ी थी। वह कहलगाँव (जिला भागलपुर, बिहार) में रहने लगा था। इससे आधुनिक इतिहासकारोंकी कल्पना है कि वह बंगाल सुलतानका आश्रित हो गया था अर्थात् उसे बंगाल सुलतानकी ओरसे नियमित निर्वाह व्यय मिलता था। वस्तुतः हुसेन शाह कहलगाँव निराश्रितके रूपमें नहीं गया था। उसकी स्थिति बहुत कुछ निर्वासित राज्य (स्टेट इन एक्जाइल) की-सी थी। राज्य खोकर हुसेन शाह पंगु होकर बैठ नहीं गया; वह अपना शासन प्राप्त करनेका निरन्तर प्रयत्न करता रहा।

रिज्कउल्लाहने अपने **वाकयात-ए-मुश्ताकी**में लिखा है कि बिहार खोनेके कुछ ही दिन बाद हुसेनशाहने उसे पुनः प्राप्त करनेका प्रयत्न किया। उसने बिहारपर आक्रमण किया। दरिया खाँ (सिकन्दर लोदीका बिहार स्थित सूबेदार) ने किलेसे निकलकर उसका मुकाबिला किया। वह दो मास तक हुसेन शाहको रोके रखकर किलेकी रक्षा करता रहा। जब सिकन्दर लोदीकी सेना आ गयी तो हुसेन शाहको लौट जाना पड़ा। **मुहम्मद कबीर**ने भी अपने **अफसान-ए-बादशाहान**में लिखा है कि जब हुसेन शाह गौड़ (बंगाल) पहुँचा तो वहाँके शासकने उसे आश्वासन दिया और कहा कि अभी कुछ दिन सब्र करो और आक्रमणके लिए उपयुक्त अवसर आने दो। इस तरह अवसरकी प्रतीक्षा करते-करते जब कई बरस बीत गये और बंगाल सुलतानने कुछ नहीं किया, तब हुसेन शाहने उसे पत्र लिखा। अलाउद्दीन हुसेन शाहने पुनः ठहरनेके लिए कहा। पर हुसेन शाह रुका नहीं। अकेले ही अपनी सेना लेकर उसने बिहारपर आक्रमण कर दिया और किलेको घेर लिया। उसके साथी रूही चौधरीने किलेकी खाईके पानीको निकाल बाहर करनेके लिए नहर खोद डाला। इस बीच अफगान सेना आ पहुँची और हुसेन शाहको किलेपर अधिकार किये बिना ही लौट आना पड़ा।

दोनों सूत्र हुसेन शाहके निर्वासनके पश्चात बिहार पर आक्रमणकी बात कहते हैं। वे एक आक्रमणकी या दो भिन्न आक्रमणोंकी बात कहते हैं, यह निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता। **रिज्कउल्लाह**ने अपने उल्लेखमें 'कुछ ही दिनों बाद'का प्रयोग किया है और **मुहम्मद कबीर**ने 'कुछ वर्ष बीतने'की बात कही है। इससे ऐसा आभास होता है कि दोनों दो आक्रमणोंकी चर्चा कर रहे हैं। वस्तुस्थिति जो भी हो, इनके कथनसे यह निश्चित है कि हुसेन शाह कहलगाँवमें कभी निष्क्रिय बैठा नहीं रहा; अपना राज्य वापस लेनेके लिए वह निरन्तर प्रयत्नशील था।

सिक्कोंके प्रमाणसे यह भी निश्चित है कि हुसेन शाह सल्तनत खोकर भी अपनेको सुलतान मानता और समझता रहा और उसी अधिकारसे अपने सिक्के ढालता रहा। इस कालके सिक्के बिहारमें उपलब्ध हैं या नहीं, इसकी खोज अभी तक नहीं की गयी है। किन्तु जो सिक्के मिले हैं वे सब उत्तर प्रदेशमें ही मिले हैं। अतः यह मानना गलत है कि वह अपना सारा निर्वासित जीवन कहलगाँवमें ही बिताता रहा।

इस सम्बन्धमें एक बात और द्रष्टव्य है। जौनपुरमें हुसेन शाहकी कब्र है, यह वहाँकी परम्परागत जनश्रुति है और इस सम्बन्धमें लोग एक कब्रकी ओर इंगित भी करते हैं। यह जनश्रुति कोरी कल्पना नहीं कही जा सकती। यदि वस्तुतः जौनपुरमें हुसेन शाह की कब्र है तो यह स्वाभाविक प्रश्न उठता है कि कहलगाँवमें रहने और मरने पर उसकी लाश क्यों और कैसे जौनपुर आयी। जौनपुरसे सम्पर्क बनाये रखनेका हुसेन शाहके पास न तो साधन था और न अवसर। सिकन्दर लोदी हुसेन शाहका इस सीमा तक कट्टर शत्रु बन गया था कि उसने जौनपुर पर अधिकार करनेके बाद तत्काल आदेश दिया कि हुसेन शाह निर्मित सारी इमारतें ढाह दी जाँय। यहाँ तक कि अटाला मसजिद और राजी बीबोकी मसजिद भी उसके क्रोधके लपेटमें आ गये थे। यदि कुछ मुल्लाओंने धर्मके नाम पर दुहाई न दी होती तो वे भी आज अस्तित्वमें न होते। ऐसी अवस्थामें कल्पना करना कठिन है कि सिकन्दर लोदी और उसके अनुचरोंने हुसेन शाहकी लाशको जौनपुर लाकर दफनानेकी अनुमति दी होगी। यदि वस्तुतः वहाँ उसकी कब्र है तो इसका अर्थ यह है कि हुसेन शाह अपने अन्तिम दिनों में जौनपुर पहुँचनेमें समर्थ हो गया था।

इन बातोंको ध्यानमें रखने पर यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि **कुतबन** एकनिष्ठ आश्रितकी तरह अपनेको हुसेनके राज और छत्र-छायामें ही सुरक्षित समझते रहे। हुसेन शाहका निर्वासन सम्भवतः उनकी दृष्टिमें सैनिक अभियानका अंग मात्र था। अतः बिना किसी अत्युक्ति या तोड़-मरोड़के उन्होंने अपने आश्रयदाताके सम्बन्धमें अपने हृदयके भाव व्यक्त किये हैं। यह बात नहीं कि उन्हें हुसेन शाहके सलतनत-विहीन होनेका ज्ञान न रहा हो। वे उसके प्रति सजग थे इसीलिए उन्होंने **दाऊद** या **जायसी**की तरह उन्हें स्थान विशेषका शासक बतानेकी अपेक्षा मौन रहना उचित समझा।

प्रस्तुत विवेचनके पश्चात् हमें यह स्वीकार कर लेना चाहिये कि **कुतबन**का सम्बन्ध हुसेन शाह शर्कीसे था। इतिहासकारोंके लिए, जो अब तक हुसेन शाहके निर्वासित जीवनकी कल्पना करते रहे हैं, उचित होगा कि वे सिक्कों और **कुतुबन**के कथनके प्रकाशमें तथ्योंको जाँचें, परखें और हुसेन शाहके सम्बन्धमें उचित निष्कर्ष पर पहुँचें।

स्थान और कब्र

सूफी प्रेमाख्यानकोंसे सम्बन्ध रखनेवाली किसी पुस्तकमें, जिसे मैं इस समय स्मरण नहीं कर पा रहा हूँ, **सैयद हसन असकरी**का नाम लेकर कहा गया है कि उन्होंने **कुतुबन**की कब्रका पता लगा लिया है। यह सूचना अपनेमें महत्त्व की है किन्तु **असकरी**के **कुतुबन** और **मिरगावती** सम्बन्धी लेखोंमें इस प्रकारकी चर्चा मेरे देखनेमें नहीं आयी। अतः मैंने स्वयं **असकरी**से इस सम्बन्धमें जानकारी चाही। उन्होंने बताया कि **कुतुबन**की कब्रकी न तो उनको जानकारी है और न इस ढंगकी कोई बात उन्होंने

कहीं लिखा है या किसीसे कहा है। किन्तु यह अवश्य बताया कि बहुत दिन हुए जब वे जौनपुर सल्तनतके इतिहासके सम्बन्धमें काम कर रहे थे, **कुतुबन** नामके किसी व्यक्ति अथवा विद्वान्‌के बनारसमें रहने और सुलतानको आशीर्वाद देनेकी बात उन्होंने किसी ग्रन्थमें पढ़ा था। किन्तु उस समय उसका कोई विवरण उन्होंने नोट नहीं किया। इसलिए अब उनके लिए यह बता सकना सम्भव नहीं है कि किस ग्रन्थमें और किस प्रसंगमें यह बात कही गयी है। उन्होंने यह भी बताया कि यह बात उन्होंने **नर्मदेश्वर चतुर्वेदी**को बताया था। हो सकता है, किसी भ्रमसे उन्होंने ही कब्र वाली बात कह दी हो।

जिस **कुतुबन**की बात **असकरी**ने पढ़ी थी, वह यदि **मिरगावती**के रचयिता **कुतुबन** ही हैं तो उनके कथनसे यह तो निश्चित हो ही जाता है कि उनका सम्बन्ध बनारससे था। ग्रन्थका नाम और सन्दर्भ ज्ञात होने पर यह बात अधिक प्रामाणिकता-के साथ कही जा सकेगी। यदि **कुतुबन**का सम्बन्ध बनारससे था तो हो सकता है उनकी कब्र भी वहीं हो। काशीके साहित्य-प्रेमी अन्वेषी, यदि इस दिशामें प्रयत्न करें तो कदाचित कुछ पता चल सके।

काव्य-परिचय

नाम

भारतीय प्रबन्ध-काव्योंके रचयिताओंने प्रायः अपनी रचनाका नाम अपनी नायिकाके नामपर रखा है। संस्कृत साहित्यमें **सुबन्धुकी वासवदत्ता, श्रीहर्षकी रत्नावली, बाणकी कादम्बरी** इस ढंगके कुछ उदाहरण हैं। इसी प्रकार प्राकृत काव्योंमें **लीलावती कथा, मलयसुन्दरी कथा, सुरसुन्दरी चरित्रम्** आदिका नाम लिया जा सकता है। हिन्दी प्रेमाख्यानक काव्योंके सूफी रचयिताओंने भी इसी परम्पराका अनुसरण किया है। **जायसीने** अपनी नायिका पद्मावतीके नामपर अपने काव्यका नाम **पदमावत** रखा है। नायिकाके नामपर ही **मंझनके** काव्यका नाम **मधुमालती** है। **मौलाना दाऊदने** भी अपनी नायिकाके नामपर ही अपने काव्यको **चन्दायन** नाम दिया है, यद्यपि उनकी नामकरण शैली परम्परासे कुछ हटकर है। अतः यह अनुमान करना स्वाभाविक है कि **कुतुबनने** भी अपनी नायिकाके नामपर ही अपने काव्यका नामकरण किया होगा।

अभी हालमें एक नवोदित विद्वानने **मौलाना दाऊदकी** रचनाके नाम **चन्दायन** को गलत सिद्ध करनेकी चेष्टा करते हुए यह मत प्रतिपादित किया है कि सूफी प्रेमाख्यानोंके नाम त-अन्त हैं। प्रमाणके लिए उन्होंने **पदमावत, इन्द्रावत** आदिका नाम लिया है। यदि उनके इस मतको स्वीकार किया जाय तो कहना होगा कि **कुतबनने** अपनी रचनाका नाम **मिरगावत** रखा होगा। किन्तु इन प्रेमाख्यानक काव्योंकी सूचीपर दृष्टि डालनेसे त-अन्त नामोंकी अनिवार्य परम्परा हो ही, ऐसी बात सामने नहीं आती। कोई कारण नहीं जान पड़ता कि कवियोंने अपनी नायिकाके ईकारान्त नामोंको अकारान्त करनेकी अनिवार्य आवश्यकताका अनुभव किया हो। **मधु-मालतीका** नाम कहीं **मधु-मालत** देखनेमें नहीं आता। छन्दानुरोधके कारण कवियोंने ईकारान्त नामोंका इकारान्त रूपमें प्रयोग किया है, इसलिए अधिक-से-अधिक कल्पना यही की जा सकती है कि कवियोंने अपने काव्योंका नाम इकारान्त रखा होगा, अकारान्त नहीं। इस धारणाके अनुसार **कुतुबनके** काव्यका नाम **मिरगावति** सम्भव है। **बनारसी दासने** अपने **अर्धकथानकमें मिरगावति** नाम दिया भी है।

खोज रिपोर्टमें खोजियोंने **कुतुबनके** काव्यका नाम **मृगावती** बताया है। उनके **मृगावती** नाम देनेका आधार क्या है, यह अज्ञात है। उसके आधारपर ही लोग इस ग्रन्थकी चर्चा करते हुए उसका उल्लेख **मृगावती** नामसे किया करते हैं। उपलब्ध प्रतियोंमें केवल बीकानेर प्रतिमें पुष्पिका उपलब्ध है। उसमें इसे **म्रिगावती कथा** कहा गया है। दिल्ली प्रतिके उपलब्ध आरम्भिक पृष्ठके ऊपर बायें कोनेमें ग्रन्थकी लिपिसे

भिन्न लिपिमें किसीने ग्रन्थका नाम लिखा है; किन्तु उसके आरम्भके कुछ अक्षर अस्पष्ट हैं, पढ़े नहीं जा सकते। पठनीय केवल **म मिरगावती** (मीम; मीम रे, गाफ, अलिफ, वाव, ते, बड़ी ये) हैं। **जियाउद्दीन अहमद देसाईने** अनुमानसे इसे **किस्सा पेम मिरगावती** पढ़नेकी चेष्टा की है। पर उनका यह अनुमान सन्दिग्ध है। ऐसी स्थितिमें यह निश्चय करना कठिन है कि ग्रन्थका मूल नाम केवल **मिरगावती** है अथवा **मृगावती कथा** या **किस्सा पेम मिरगावती**।

ऐसी स्थितिमें हमने सीधे-सादे ढंगपर इसका नाम **मिरगावती** स्वीकार किया है। जब तक कोई अन्य नाम निश्चित रूपसे ज्ञात न हो, यही नाम विवाद रहित प्रतीत होता है।

लिपि

मुसलमान कवियों द्वारा रचित प्रेमाख्यान काव्योंके सम्बन्धमें सामान्य कल्पनाके विरुद्ध हिन्दी साहित्यके विद्वानोंके एक वर्गकी धारणा है कि उनकी मूल प्रति नागरी लिपिमें अंकित की गयी रही होंगी। इस मान्यताको अस्वीकार करते हुए हमने **चन्दायन**के परिचयमें निम्नलिखित तथ्योंकी ओर ध्यान आकृष्ट किया है—

(१) ये कवि न केवल स्वयं मुसलमान थे, वरन् उनके गुरु भी मुसलमान थे। उनके आश्रयदाता भी मुसलमान ही थे और उनके शिष्य भी मुसलमान थे। सूफी मतका हिन्दुओंमें प्रचार हुआ हो, इसका भी कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं है। अतः इनके ग्रन्थ मूलतः अरबी-फारसी लिपिके अतिरिक्त किसी अन्य लिपिमें कदापि न लिखे गये होंगे।

(२) नागरी लिपिको मुसलमानी शासन कालमें कभी प्रश्रय प्राप्त नहीं हुआ।[1] अभी पचास वर्ष पूर्वतक, अधिकांश कायस्थ परिवारोंमें रामायण, भगवद्गीता आदिका

१. हमारे इस कथनके विरुद्ध माताप्रसाद गुप्तने हमारा ध्यान इस तथ्यकी ओर दिलानेकी कृपा की है कि मुसलमानी शासनके अनेक सिक्के मिले हैं, जिनपर नागरी लिपिका भी प्रयोग हुआ है। (भारतीय साहित्य, वर्ष ८, अंक ३, पृ० ८७)। वस्तुतः स्थिति यह है कि न तो किसी मुगल शासकने अपने किसी सिक्केपर नागरी लिपिका प्रयोग किया और न जौनपुर, गुजरात, बंगालके सुलतानोंके किसी सिक्केपर नागरी है। दक्षिणके बहमनी, कुतुबशाही, आदिलशाही और निजामशाही सुलतानोंने भी नागरीका प्रयोग कभी नहीं किया। इन सबके सिक्कोंपर विशुद्ध नस्ख अथवा नस्तालीक लिपिमें लेख अंकित किये गये हैं। रही बात दिल्ली सुलतानोंकी। उनके भी किसी सोने या चाँदीके सिक्केपर नागरी लेख नहीं है। केवल दरब (चाँदी-ताँबाका मिश्रण) और ताँबेके कुछ सिक्कोंपर नागरी लिपिमें बादशाहका नाम अंकित पाया जाता है। इसे नागरीके प्रश्रयका प्रमाण माताप्रसाद गुप्त जैसे विद्वान् ही कह सकते हैं, इतिहास और पुरातत्वका विद्वान् नहीं। जो लोग प्राचीन मुद्राओंकी परम्परासे परिचित हैं, उनकी दृष्टिमें वह परम्पराका निर्वाह मात्र है। यह वह परम्परा है जिसका अनुसरण करते हुए मुहम्मद गोरीको अपने सिक्कोंपर लक्ष्मीका अंकन करना पड़ा था। यदि उसके इन सिक्कोंको प्रमाण माना जाय तो कहना होगा कि मुहम्मद गोरी मूर्तिपूजक था; उसे मूर्तिभंजक कहा जाता है, वह सर्वथा असत्य है। मुसलमानी शासनमें नागरीको प्रश्रय प्राप्त होनेकी बात हम तब स्वीकार करते जब

पाठ उर्दू-फारसीमें लिखी गयी कापियोंसे होता था और लोग शुद्ध उच्चारणके साथ उनका पाठ किया करते थे। इंगलैण्ड और फ्रांसके पुस्तकालयोंमें न केवल सूरसागर आदि धार्मिक ग्रन्थोंकी, वरन् हिन्दू कवियों द्वारा रचित अनेक शृंगार काव्यों, यथा—**केशवदासकी रसिक प्रिया, बिहारी सतसई** आदिकी भी फारसी लिपिमें लिखी प्राचीन प्रतियाँ सुरक्षित हैं। वे इस बातके द्योतक हैं कि जिस समय प्रेमाख्यानक काव्य रचे गये, देशमे अरबी-फारसी लिपिकी ही प्रधानता थी। ऐसी अवस्थामे कल्पना नहीं की जा सकती कि प्रेमाख्यानक काव्योंके मुसलमान रचयिताओंने अपने काव्यकी मूल प्रति नागराक्षरोंमे लिखी होगी।[1]

(३) मुसलमान कवियों द्वारा रचित किसी काव्यकी अबतक कोई भी नागरी-कैथीमें लिखित प्रति ऐसी नही मिली है जिसे सतरहवीं शतीसे पूर्वकी कहा जा सके। और इन काव्योंकी नागरी-कैथीमें लिखी जो भी प्रतियाँ उपलब्ध है, उनमे कोई भी ऐसी नही है, जिसमें फारसी लिपि जनित विकृतियोंकी भरमार न हो। ये विकृतियाँ

हमे मुसलमान बादशाहों और उनके अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के नागरी लिपिमें लिखे राजकीय पत्र और फरमान प्राप्त होते।

१. हमारे इस कथनका यह अर्थ लगा कर कि कायस्थों तकका सम्बन्ध नागरी लिपिसे नाम मात्रका रह गया था, माताप्रसाद गुप्तने हमें यह जतानेकी कृपा की है कि 'हिन्दी ग्रन्थोंकी नागरीमें जो प्रतिलिपियाँ मिलती है, उनमेंसे एक बहुत बड़ी संख्या कायस्थ लिपिकों द्वारा लिखी हुई प्रतियोंकी है। मध्य युगके हिन्दीके कवियोंमे भी कायस्थोंकी संख्या नगण्य नहीं थी भले ही वे शीर्षस्थ नहीं थे'; और कहा है कि 'इस तर्कके आधारपर यह नहीं माना जा सकता कि इन मुसलमान कवियोकी रचनाओंकी आदि लिपि, हो न हो, फारसी लिपि रही होगी।' (भारतीय साहित्य, वर्ष ८ अंक ३, पृ॰ ८७)।

मध्ययुगमे कितने कायस्थ नागरीके लिपिक अथवा हिन्दीके कवि थे, यह प्रश्न प्रस्तुत प्रसंगसे तनिक भी सम्बन्ध नहीं रखता। प्रश्न यह है कि तत्कालीन पढ़ी-लिखी हिन्दू जनताके बीच हिन्दी अथवा नागरी लिपिका किस सीमातक प्रचार था। आजकी तरह उस समय आकलनकी व्यवस्था नहीं थी। इस कारण कदाचित् माताप्रसाद गुप्तको इस प्रश्नका उत्तर देनेमें कठिनाई हो; अतः दूर अतीतके आँकड़ोंके उलझनमें उन्हे न डालकर उनसे दो निवेदन करना चाहूँगा—

एक तो यह कि जिन दिनों वे तीसरी-चौथी कक्षामें पढ़ा करते थे, उन दिनोंकी अपनी कक्षाओंपर दृष्टिपात करें और देखें कि उनके साथ पढ़नेवाले कितने विद्यार्थी हिन्दीके थे और कितने उर्दूके। उन्हें अपने आप याद आ जायेगा कि पैंतीस विद्यार्थियोंकी कक्षामें हिन्दी पढ़नेवालोंकी संख्या आठ-दससे अधिक नहीं थी और उनमें एक भी मुसलमान नहीं था। यह स्थिति उस समय थी जब अंग्रेजी शासनकी छत्रछायामें कहा जाता था कि हिन्दी-उर्दूका स्थान समान है। इस तथ्यके प्रकाशमें कल्पना करें कि मुसलमानी शासन कालमें जब अरबी-फारसीका बोलबाला था, हिन्दी या नागरी जाननेवालों संख्या क्या रही होगी!

दूसरा निवेदन यह होगा कि वे आगरा विश्वविद्यालयके प्रांगणमें रहते है। समय निकाल कर वे उन सभी कायस्थ प्राध्यापकोंसे मिलनेका कष्ट करें जिनकी आयु इस समय पचास वर्षसे अधिक है। हर एकसे पूछें कि उनके पितामह किस लिपिसे परिचित थे। उन्हें स्वतः ज्ञात हो जायगा कि हमारे कथनमें कितना तथ्य और तर्कमें कितना बल है।

इस बातका स्पष्ट संकेत देती हैं कि उनकी पूर्वज प्रतियाँ अरबी-फारसी लिपिमें थीं। इसके विपरीत इन काव्योंकी जो प्रतियाँ अरबी-फारसी लिपिमें उपलब्ध हैं, उनमेंसे अनेक उपलब्ध नागरी-कैथी प्रतियोंसे प्राचीन हैं और उनके पाठ अधिक संगत, स्पष्ट और प्रामाणिक जान पड़ते हैं। ये तथ्य अपने आपमें इस बातके प्रमाण हैं कि इन काव्योंकी मूल प्रतियाँ अरबी-फारसी लिपिमें रही होंगी, नागरी लिपिमें नहीं।

हमने अपनी समझमें उपर्युक्त बातें अत्यन्त गम्भीरताके साथ और तर्कपूर्ण ढंगसे कही हैं। किन्तु हमारी ये बातें **माताप्रसाद गुप्तको**, जो मूल प्रतिके नागरी लिपिमें लिखे होनेकी बात माननेवालोंमें अग्रणी और दृढ़ आग्रही हैं, आवश्यक प्रमाणसे रहित जान पड़ी हैं और उन्होंने यह मान लिया है कि हमने दूसरोंके प्रमाणपूर्ण बातोंकी हँसी उड़ायी है।[१] अतः **मिरगावतीके** प्रसंगसे हमारे लिए आवश्यक हो गया है कि इस प्रश्न-पर फिरसे विस्तारके साथ विचार किया जाय।

मुसलमान कवियोंके प्रेमाख्यानक काव्योंकी आदि प्रति नागरी लिपिमें लिखी गयी थी, यह कहनेवाले विद्वानोंने अपने पक्षमें जो तर्क दिये हैं, वे उन विकृतियोंकी कल्पनापर आधारित हैं जो उनके मतानुसार नागरी लिपिके लेखन या पाठ प्रमादसे सम्भव हैं। **माताप्रसाद गुप्त**का कहना है—**कैथी में र और न, क और फ, व और ब के बहुत-कुछ मिलते-जुलते रूप होते थे जब कि फारसी-अरबी लिपिमें वे एक दूसरेसे सर्वथा भिन्न थे। कल्पना कीजिये कि इन कवियोंकी फारसी-अरबी लिपिमें लिखी गयी प्रतियोंमें अनेक स्थलोंपर ऐसे पाठ मिलते हैं जिनमें र के स्थानपर न या न के स्थानपर र, क के स्थानपर फ या फ के स्थानपर क और व के स्थानपर ब अथवा ब के स्थान-पर व आता है, ऐसी दशामें क्या यह स्वतः प्रमाणित न माना जायगा कि इन प्रतियों-का कोई पूर्वज नागरी लिपिमें था? पुनः यदि इस प्रकारकी पाठ विकृतियाँ रचना-की प्रायः समस्त प्रतियोंमें मिलती हैं तो विरोधी प्रमाणोंके अभावमें यह क्यों न माना जायेगा कि इसकी आदि प्रति नागरी लिपिमें थी?**[२]

जहाँतक **माताप्रसाद गुप्त**के इस तर्कका सम्बन्ध है, सरसरी तौरपर देखनेसे अकाट्य लगता है। यदि वस्तुतः ऐसी बातें जिसकी कल्पना **माताप्रसाद गुप्त**ने की हैं, फारसी प्रतियोंमें पायी जाती हैं तो निसन्देह कोई भी बुद्धिमान व्यक्ति यह माननेमें संकोच न करेगा कि इन फारसी प्रतियोंकी मूल प्रति नागरी लिपिमें थी। किन्तु गम्भीर विश्लेषण करनेपर उनकी बातोंका खोखलापन अपने आप प्रकट हो जाता है।

क का **फ** और **व** का **ब** अथवा उसका विपर्यय नागरी और कैथी दोनों लिपियोंमें लिखित पाठमें सम्भव है; किन्तु **र** का **न** और **न** का **र** पढ़े जानेकी सम्भावनाकी कल्पना केवल कैथी लिपिमें लिखित प्रतियोंमें ही की जा सकती है। इस

---

१. भारतीय साहित्य, वर्ष ८, अंक ३, पृ० ८७।

२. वही।

सम्भावनाके साथ **माताप्रसाद गुप्त**के कथनसे यह झलकता है कि वे यह मानते हैं कि इन ग्रन्थोंकी मूल प्रति कैथी लिपिमें थी। उनकी मान्यताके प्रति इस अनुमानकी पुष्टि उनके इस कथनमें उपलब्ध है—**जिस युगमें दाऊद, कुतुबन और मंझन आदि की रचनाएँ प्रस्तुत हुईं थीं, उसी युगमें नागरीका एक ऐसा रूप प्रचारमें आया जो कैथी कहा गया है।**[1] इस प्रकार **माताप्रसाद गुप्त** अपनी विचारधाराके विद्वानोंसे एक कदम आगे हैं।

यदि **माताप्रसाद गुप्त**की यह बात स्वीकार कर ली जाय तो इसका अर्थ यह होगा कि चौदहवीं शताब्दीके उत्तरार्धमें, जब **मौलाना दाऊदने चन्दायन**की रचनाकी थी, कैथी लिपिका प्रचलन हो गया था। किन्तु इस सम्बन्धमें ध्यान देनेकी बात यह है कि कैथी लिपि एक सीमित क्षेत्रकी लिपि रही है और उस लिपिमें लिखे पत्र, दस्तावेज आदि केवल पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहारके कुछ भागोंमें ही मिलते हैं और उनमेंसे कोई भी दो ढाई सौ बरससे पुराने नहीं हैं। कैथी लिपिमें लिखी पुस्तकोंकी प्रतियाँ भी इसी क्षेत्रमें लिखी गयी हैं और इसी क्षेत्रमें बड़ी संख्यामें उपलब्ध होती हैं। अन्यत्र-से इस लिपिमें लिखी पुस्तकें इनी-गिनी ही मिलती हैं और वे इन्हीं क्षेत्रोंसे गयी प्रतीत होती हैं। कैथी लिपिमें लिखी किसी ग्रन्थकी कोई भी प्रति सतरहवीं शतीके पूर्वकी नहीं है। ये तथ्य इस बातके अकाट्य प्रमाण हैं कि कैथी लिपीका प्रचलन सतरहवीं शतीसे पूर्व न था। उसका विकास सतरहवीं शतीमें किसी समय हुआ होगा। ऐसी अवस्थामें सोचना कि किसीने चौदहवीं या पन्द्रहवीं शतीमें कैथी लिपिमें कुछ लिखा होगा, नितान्त हास्यास्पद है।

माताप्रसाद गुप्तने जो कुछ कहा है, उसपर व्यावहारिक ढंगसे भी देख लेना उचित होगा। व्यावहारिक ढंगसे हमारा तात्पर्य यह है कि फारसी लिपिकी प्रतियोंमें कैथी-नागरी जनित जिन विकृतियोंको देखा जाता है, उनको देखा जाय कि क्या वे सचमुच कैथी-नागरी लिपि जनित विकृतियाँ हैं ! इस विश्लेषणके लिए **माताप्रसाद गुप्त** सम्पादित **पदमावत**का ही परीक्षण उपयुक्त होगा। यह **पदमावत**का अबतक सबसे प्रामाणिक संस्करण माना जाता है और **माताप्रसाद गुप्त**को इस बातके लिए ख्याति प्राप्त है कि उन्होंने **पदमावत**की भाषा पर जमी काई हटानेमें सफलता पायी है।

पदमावतका यह प्रामाणिक संस्करण उपस्थित करते हुए **माताप्रसाद गुप्त**ने अपनी भूमिकामें ऐसी पाठ विकृतियोंकी एक तालिका उपस्थित की है जो उनकी दृष्टिमें फारसी प्रतियोंमें नागरी लिपि जनित हो सकती हैं।[2] उन्हें **पदमावत**के ९ पंक्तियोंवाले ६५३ कड़वकोंमें केवल ६६ स्थलोंपर ऐसी ही विकृतियाँ दिखायी पड़ी हैं; किन्तु इन ६६ विकृतियोंमें उन्होंने एक भी ऐसी विकृति नहीं बतायी है जो **क** के **फ** या **फ** के **क** तथा **र** के **न** या **न** के **र** पढ़ने से उत्पन्न हुई हो। अतः स्पष्ट है कि इन अक्षरोंसे जनित

---

१. भारतीय साहित्य, वर्ष ८, अंक ३, पृ० ८७।

२. पद्मावत, सम्पा० माताप्रसाद गुप्त, भूमिका, पृ० २४–२९।

विकृतियोंकी कल्पना उनके मस्तिष्कतक ही सीमित है। **र** के **न** और **न** के **र** पढ़नेसे उत्पन्न विकृतियोंका अभाव इस बातका स्पष्ट प्रमाण है कि फारसी प्रतियोंकी आदि प्रति कदापि कैथी लिपिमें नहीं थी।

रही बात फारसी प्रतियोंके मूलमें नागरी प्रति होनेकी। **माताप्रसाद गुप्तने** **पद्मावतमें** इस प्रकारकी जो विकृतियाँ बतायी हैं, वे निम्नलिखित हैं—

ब का व पाठ	५८ स्थल
व का ब पाठ	१ स्थल
म का भ पाठ	३ स्थल
ग का क पाठ	१ स्थल
इ का द पाठ	१ स्थल
छ का थ या ठ पाठ	१ स्थल

इन विकृतियोंकी कल्पना करते समय जान पड़ता है **माताप्रसाद गुप्तके** ध्यानमें ऐसी हस्तलिखित प्रतियाँ रही हैं जो सतरहवीं-अठारहवी शतीमें तैयार की गयी थीं। फारसी प्रतियोंके मूलमें यदि कोई नागरी प्रति रही होगी तो निसंदिग्ध रूपसे वह सोलहवीं शतीकी होगी; वह तभी **जायसीके** हाथकी कही जा सकती है। उस शताब्दीके और उससे पहलेके नागरी लिपिमें लिखे हिन्दी ग्रन्थोंकी प्रतियाँ नहींके बराबर उपलब्ध हैं; किन्तु चौदहवीं, पन्द्रहवीं और सोलहवीं शतीकी नागरी लिपिमें लिखी संस्कृत और अपभ्रंशके ग्रन्थोंकी अनेक प्रतियाँ उपलब्ध हैं। उनके देखनेसे यह स्पष्ट अनुभव होगा कि तत्कालीन लिपिक लिपि सौन्दर्यका बड़ा ध्यान रखते थे। तत्कालीन एक भी प्रति शिरोरेखा विहीन न मिलेगी। उनके अक्षर सुडौल, गोलाई, लम्बाई आदि सबमें अनुपात युक्त होंगे; और लिखावटमें आतुरता न होकर धैर्य और सावधानी होगी। अतः तत्कालीन लिखित किसी नागरी प्रतिसे फारसी लिपिमें लिखनेवाला कभी इस प्रकारके भ्रममें नहीं पड़ सकता। वह कभी भी **म** को **भ**, **ग** को **क**, **इ** को **द**, **छ** को **थ** या **त**, नहीं पढ़ेगा। अतः तत्कालीन लिपि-स्वरूपोंको ध्यानमें रखते हुए कल्पना ही नहीं की जा सकती कि फारसी प्रतियोंमें ये विकृतियाँ मूल नागरी प्रतिसे आयी होंगी।

जहाँतक **व** के **ब** या **ब** के **व** पढ़नेकी बात है, प्राचीन कालमें **ब** और **व** के रूपोंमें लिपिकारोंने कभी कोई अन्तर नहीं माना। गुप्त-कालीन अनेक अभिलेखोंमें **ब** **व** रूपमें लिखा मिलेगा। गुप्त-कालके बादके अधिकांश अभिलेखों, ताम्रपत्रोंमें **व** के रूपमें **ब** लिखा मिलेगा। इसलिए चौदहवीं, पन्द्रहवीं या सोलहवीं शतीमें तैयार की गयी किसी भी ग्रन्थके नागरी प्रतियोंमें **ब** के लिए **व** का प्रयोग हुआ हो तो कोई आश्चर्य नहीं। किन्तु ऐसी स्थितिमें यह ध्यान रखना होगा कि **ब** को **व** के रूपमें लिखनेवाला लिपिक अपने अभ्यासगत स्वभावसे सर्वत्र **ब** को **व** ही लिखेगा। क्योंकि **ब** और **व** की यह एकरूपता हजार बरसोंके व्यवहारके परिणामस्वरूप लोक-जीवनके लिए इतनी स्वाभाविक बन गयी थी कि पढ़ते समय पाठकके लिए **व** और **ब**का भेद करनेमें कोई कठिनाई न होती रही होगी। इस स्वभावसे नागरीको फारसी लिपिमें लिखनेवाला

अनभिज्ञ रहा हो, ऐसा नहीं कहा जा सकता। यदि अनभिज्ञ होता तो वह **व** के रूपमें लिखे **ब** को सर्वत्र **व** ही पढ़ता; ५८७७ पंक्तियोंके **पदमावतमें**, केवल ५८ स्थलोंपर **ब** को **व** न लिखता या एक स्थलपर **व** को **ब** लिखनेकी भूल न करता।

ये तथ्य अपने आपमें इस बातको स्पष्ट करनेमें सक्षम हैं कि इन विकृतियोंके आधारपर किसी फारसीके प्रतिके मूलमें नागरी प्रतिके होनेकी कल्पना नहीं की जा सकती। फिर भी **माताप्रसाद गुप्त** द्वारा बतायी इन विकृतियोंका अलगसे परीक्षण कर लेना उचित होगा।

माताप्रसाद गुप्तके कथनानुसार **ब** को **व** पढ़े जानेकी निम्नलिखित विकृतियाँ **पदमावतमें** हैं—

(१) **पब्बेके** स्थानपर **पुवे** या **पवे** ४ स्थल
(२) **बानिके** स्थानपर **वानि** १ स्थल
(३) **अनबनके** स्थानपर **अनवन** ४ स्थल
(४) **जबके** स्थानपर **जौ**
तबके स्थानपर **तौ**
कबके स्थानपर **कौ** } ४९ स्थल
अबके स्थानपर **औ**
सबके स्थानपर **सौ**

(१) **माताप्रसाद गुप्तने** जिन चार स्थलोंपर **पब्बैका पुवे** या **पवै** पाठ देखा है वे सबके सब एक ही प्रति (प्रति तृ० ३) में हैं; और यह प्रति फारसीकी नहीं नागरीकी है। **ब व** का भेद लिपि प्राचीन कालसे ही नहीं करते रहे हैं। अतः यह कहना कि लिपिकने गलत लिखा है, उसके प्रति अन्याय होगा। **माताप्रसाद गुप्तको** इस विकृत-पाठका भ्रम स्वयं अपने पाठसे ही उत्पन्न हुआ है। यदि यह विकृत हो भी तो इसका सम्बन्ध किसी प्रकार भी फारसी प्रतियोंसे नहीं जोड़ा जा सकता।

(२) **वानि** पाठ एक मात्र ऐसी प्रति (प्रति द्वि ४)में मिलता है जो मुद्रित है और उसको मुद्रित हुए केवल ६० वर्ष हुए हैं। वह १३२३ हिजरीका प्रकाशन है। इस प्रतिको तीन सौ वर्ष पूर्वकी किसी प्रतिके मूलके निर्धारणके लिए किसी प्रकारका प्रमाण माननेको कदाचित् ही कोई तैयार होगा। इस अवधिके बीच उसमें न जाने कितने साधनोंसे विकृतियाँ आयी होंगी। किन्तु यदि उसे प्रमाण माना भी जाय तो भी किसी प्रकार निश्चयपूर्वक यह नहीं कहा जा सकता कि वह **बानिसे** विकृत होकर ही किसी प्रतिमें गया है। जिस प्रसंगमें यह शब्द प्रयुक्त हुआ है (३११२) उसके अनुसार **बानि** के मूलमें **वर्ण** शब्द जान पड़ता है। **वर्णसे** पहले **वानि** होगा तब पीछे **बानि** (स० वर्ण> प्रा० वण्ण> वान (वानि)> बान (बानि)। हो सकता है कविने मूलतः **वानि** शब्दका ही प्रयोग किया हो, पीछे लोगोंने उसका बानिके रूपमें सरलीकरण कर लिया हो। इस शब्दके अनेक पाठान्तर विभिन्न प्रतियोंमें मिलते हैं जो साधारणीकरण और सरलीकरणके निसंदिग्ध प्रयास हैं।

(३) जिस शब्दको **माताप्रसाद गुप्तने** **अनवनके** रूपमें ग्रहण किया है और **अनबनका** विकृत रूप माना है, वह अकेले **पदमावतमें** ही नहीं, वरन् **मिरगावती, चन्दायन** और **मधुमालतीमें** भी अनेक स्थलोंपर प्राप्त है और वह इन चारों काव्योंकी सभी फारसी प्रतियोंमें अलिफ, नून, वाव, नूनके रूपमें लिखा मिलता है। यह बात तो सभी स्वीकार करेंगे कि ये चारों काव्य न तो एक समयमें लिखे गये और न उनकी प्रतियाँ एक लिपिक द्वारा तैयार की गयी हैं। ऐसी अवस्थामें यह सोचना नितान्त हास्यास्पद होगा कि सभी लिपिक समान रूपसे प्रमादी थे और सबने **अनबनको** **अनवन** पढ़ लिया। कोई तो किसी प्रतिमें उसका शुद्ध पाठ **अनबन** लिखता। अतः सभी काव्यों-में और उनकी सभी प्रतियोंमें एक समान अलिफ, नून, वाव, नूनका लिखा होना यह प्रमाणित करता है कि मूल पाठ अलिफ, नून, वाव, नूनसे ही बना हुआ कोई शब्द है जिसे कैथी-नागरी प्रतियोंके लिपिकोंने इन अक्षरोंके ध्वनि रूपको ग्रहणकर **अनवन** पढ़ा है और **माताप्रसाद गुप्तने** भी उसे अविकल रूपसे ग्रहणकर लिया है। इसे **ब** के **व** पढ़े जानेके प्रमाणमें उपस्थित नहीं किया जा सकता।

अनवनको **अनबनका** रूप कल्पित कर **माताप्रसाद गुप्तने** उसके मूलमें **अन्य वर्णको** देखनेकी चेष्टा की है। यदि **अनवन** पाठ ठीक है और उसके मूलमें **अन्य वर्ण** है, तो भी उसे **अनबनका** विकृत रूप कहना कठिन है। **अन्य वर्णसे** पहले **अनवन** होगा और बादमें **अनबन**। कविके लिए **अनबन** लिखनेकी आवश्यकता नहीं होगी। किन्तु **अन्य वर्णके** अर्थ या भावमें **अनबन** या **अनवन**, दोनों रूपोंमें से कोई भी, न तो अवधीमें और न किसी इतर लोक-भाषामें व्यवहृत पाया जाता है। **अनवन** पाठ ही काल्पनिक है। वस्तुतः अलिफ, नून, वाव, नूनके रूपमें लिखा गया शब्द सीधा-सादा **अनों** या **आनों** है जो **नाना** प्रकारके, **भाँति-भाँतिके**, **तरह-तरहके** अर्थमें नित्य भोजपुरी बोलनेवालोंके बीच व्यवहारमें आता है।

(५) **जौ तौको** **माताप्रसाद गुप्तने** **जब तबका** विकृत रूप कहा है। **जब तब** ऐसे शब्द हैं जिन्हें लोग बात-बातमें प्रयोग करते हैं। लोगोंकी जिह्वापर वे इस प्रकार चढ़े रहते हैं कि नागरी लिपिमें **जब तबके** रूपमें लिखे होनेपर भी कोई लिपिक उसे भूले भी फारसी लिपिमें जीम वावसे नहीं लिखेगा। **जौ** और **तौ** का प्रयोग **पदमावतकी** एक आध प्रतिमें नहीं, अधिकांशमें पाया जाता है। और उनका प्रयोग **पदमावततक** ही सीमित नहीं है। वे समान रूपसे अन्य प्रेमा-ख्यानोंमें भी पाये जाते हैं। यह तथ्य इस बातका द्योतक है कि **जौ तौ** का व्यवहार निरन्तर **जब तबके** अर्थमें होता रहा है, वह **जब तबका** विकृत रूप नहीं है। यदि हम लोक-भाषाओंकी ओर ध्यान दें तो आज भी हमें **जौ** और **तौ** का प्रयोग भोजपुरी बोलनेवालोंके मुखसे बराबर सुननेको मिलेगा। अतः **जौ** और **तौ** ही मूल प्रतियोंका प्रयोग है। सम्भवतः **माताप्रसाद गुप्तको** भी यह बात समझमें आ गयी है। उन्होंने अपने **मधुमालतीके** संस्करणमें इनका उल्लेख विकृतियोंके उदाहरणमें नहीं किया

है और अपनी शब्द सूचीमें उन्हें **यदा** (जौ <जऊ <यदा) तथा **तदा** (तौ <तऊ < तदा)का रूप कहकर उनका **जब** और **तब** अर्थ ग्रहण किया है।

इसी प्रकार **कबका कौ, सबका सौ** और **अबका औ** प्रयोग **जौ** और **तौ**के अनुकरणपर होते रहे होंगे, यह उपर्युक्त प्रकाशमें हम आसानीसे समझ सकते हैं। असाधारण प्रयोग और क्लिष्ट-कल्पना होनेके कारण लोगोंने **कब, सब, अब**के रूपमें उनका सरलीकरण कर लिया है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि **ब** के **व** पढ़े जानेका ऐसा कोई उदाहरण **पदमावत**में उपलब्ध नहीं है जिसे फारसी प्रतियोंमें नागरी लिपि जनित विकृतका निसंदिग्ध प्रमाण कहा जा सके।

व के **ब** पाठके उदाहरणमें **माताप्रसाद गुप्त**ने केवल एक उदाहरण कड़वक ४५ की पंक्ति १ से **घूँबिय** शब्दका दिया है। यह शब्द इसी रूपमें सब प्रतियोंमें मिलता है, यह उनका स्वयंका कथन है। किस आधारपर वे इस शब्दका मूल पाठ **घूँविय** होनेकी कल्पना करते हैं, यह उन्होंने नहीं बताया है। **वासुदेवशरण अग्रवाल**ने अपने संस्करणमें **घूँबिय** पाठको स्वीकार किया है और उसका अर्थ किया है **घूमनेपर**।[1] **घूमने**के अर्थमें **घूँबि** भोजपुरीका बहु प्रचलित शब्द है। उसके **घूँवि** होनेका कोई कारण नहीं जान पड़ता। इस प्रकार **व** के **ब** पाठका भी कोई प्रामाणिक उदाहरण **पदमावत**में नहीं है।

माताप्रसाद गुप्तने **म** के **भ** पाठके उदाहरणमें **कुरुँभ** शब्दको पेश किया है। जहाँतक शब्दका सम्बन्ध है इस बातसे किसीको इनकार न होगा कि **कुरुँभ**के मूलमें **कुरुम** (कूर्म) है। किन्तु पन्द्रहवीं-सोलहवीं शताब्दीके हस्तलिखित ग्रन्थोंसे परिचित व्यक्ति यह कभी स्वीकार न करेगा कि नागरीमें लिखे तत्कालीन **म** को कोई **भ** पढ़ेगा। इस प्रकारकी कल्पना आजकलके **म** और **भ** के रूपोंको लेकर ही करना सम्भव है। **कुरुँभ** पाठ नागरी लिपि जनित विकृतिके कारण नहीं है, यह बात इस बातसे भी स्पष्ट है कि यह पाठ **पदमावत**के फारसी-नागरी सभी प्रतियोंमें समान रूपसे प्राप्त है। फिर **म** के स्थानपर **भ** का यह अकेला प्रयोग नहीं है। स्वयं **माताप्रसाद गुप्त**को **कुसुम**के अर्थमें **कुसुँभ** पाठ **मधुमालती**में मिला है।[2] **चन्दायन**में भी कई स्थलोंपर **कुसुँभ** और **कुसुँभी** पाठ है।[3] इस प्रकार **म** के स्थानपर **भ** का प्रयोग न केवल **पदमावत**में है वरन् **मधुमालती** और **चन्दायन**में भी है। अतः मानना होगा कि पूर्वाक्षरको अनुनासिक कर **म** के स्थानपर **भ** का प्रयोग उन दिनों मान्य था। आज भी **कुसुम**को गाँवोंमें **कुसुँभ** बोलते हुए सुना जाता है। अतः कुरुँभके प्रयोगको भी लिपि जनित विकृति नहीं कह सकते। **माताप्रसाद गुप्त** भी इस तथ्यको स्वीकार करते जान

---

१. पदमावत, द्वितीयावृत्ति, पृ० ५३।

२. २०४।३; ४१०।३।

३. १५६।७; ४३।२; ९४।४।

पड़ते हैं; उन्होंने **मधुमालती**में फारसी लिपियोंमें नागरी लिपि जनित विकृतियोंकी सूचीमें इसका उल्लेख नहीं किया है।

ग के **क** पाठके उदाहरणमें **माताप्रसाद गुप्त**ने कड़वक १०५ की पंक्ति ५ — **पुहुप सुगन्ध करहि सब आसा। मकु हिरगाइ लेइ हम बासा** ।।—के **हिरगाइ** शब्दको दिया है। नागरी लिपिमें लिखित **ग** किस कल्पनासे **क** पढ़ा जा सकता है, यह **माताप्रसाद गुप्त** ही बता सकते हैं। इन दोनों अक्षरोंके स्वरूपोंसे परिचित कोई भी बुद्धिमान व्यक्ति कभी यह सोच भी नहीं सकता है कि **ग** कभी किसी तर्कसे **क** पढ़ा जा सकता है। **हिरकाइ** या **हिरिकाइ** पाठ लिपि विकृतिके परिणामस्वरूप नहीं है, यह तो समस्त प्रतियोंमें प्राप्त समान पाठसे ही स्पष्ट है। जो लोग भोजपुरीसे परिचित हैं उन्हें यह भली-ज्ञात है कि **अत्यन्त निकट लाने**के अर्थमें **हिरकाना** शब्दका ही व्यवहार होता है **हिरगाना**का नहीं। अतः **हिरकाना** या **हिरिकाना** पाठ ही शुद्ध है। उसमें किसी प्रकारकी विकृतिकी कल्पना नहीं की जा सकती। यदि **हिरगाना** पाठको ही शुद्ध मानें तो कहना होगा कि **हिरकाना** पाठ फारसी लिपि जनित है, नागरी लिपि जनित नहीं। यह बतानेकी आवश्यकता नहीं कि मध्यकालीन फारसी लिपिमें **गाफ**के लिए अतिरिक्त मरकजका प्रयोग नहीं होता था। **काफ** ही **गाफ**का भी काम देता था और प्रसंगानुसार **क** या **ग** पढ़ा जाता था। अतः फारसी प्रतियोंमें **हिरगाइ** सदैव **हिरकाइ**के रूपमें ही लिखा मिलेगा।

इ का **द** पाठ **माताप्रसाद गुप्त**को कड़वक ३५१ की पंक्ति २ में दिखाई पड़ा है। वहाँ उन्हें एक प्रति (प्रति प्र० २)में **रुई**के स्थान पर **रूद** पाठ मिला। इस सम्बन्धमें केवल इतना ही द्रष्टव्य है कि यह प्रति फारसीकी नहीं, नागरीकी है। उसमें आयी विकृतिका सम्बन्ध किस प्रकार फारसी प्रतियोंमें नागरी लिपि जनित विकृतियोंसे है, यह **माताप्रसाद गुप्त** बतानेकी कृपा करें, तभी उसपर कुछ विचार सम्भव है।

छ का **थ** या **ठ** पाठ **माताप्रसाद गुप्त**ने कड़वक ३५२ की पंक्ति ७ में देखा है। पंक्ति है—**लागों कन्त छार जेंऊँ तोरे**। उनके कथनानुसार एक प्रति (प्रति पं०)में **ठार** पाठ है, अन्य सभी प्रतियोंमें पाठ **थार** है। **छार**के शुद्ध पाठ होनेमें **माताप्रसाद गुप्त**को स्वयं सन्देह है। उन्होंने **छार**के आगे प्रश्नवाचक चिह्नका प्रयोग किया है। जबतक पाठका निश्चय न हो, किसी बहुमान्य पाठको विकृत कहना अनुचित है। दूसरी बात **छ** का साम्य न तो **थ** से है और न **ठ** से; ऐसी अवस्थामें कोई लिपिक क्योंकर **छ** को **थ** या **ठ** पढ़ लेगा, यह समझमें आनेवाली बात नहीं है। यदि अधिकांश प्रतियोंमें **थार** पाठ है तो यह स्वीकार करना होगा कि मूल पाठ **छार** कदापि न रहा होगा। **वासुदेवशरण अग्रवाल**ने **थार** पाठको समीचीन ठहराया है।[1] उनकी मान्यताके प्रकाशमें किसी प्रकारकी विकृतिकी बात उठती ही नहीं।

---

१. द्वितीय संस्करण, पृ० ४२७।

पदमावतके फारसी प्रतियोंमें **माताप्रसाद गुप्तने** नागरी लिपि जनित विकृतियों-की जो कल्पनाकी है और उसके प्रमाणमें जितने भी उदाहरण उपस्थित किये हैं, उनमें एक भी परीक्षण करनेपर खरा नहीं उतरता। उनसे यह सिद्ध नहीं होता कि **पदमावत**-के उपलब्ध फारसी प्रतियों के मूलमें किसी भी अवस्थामें कोई नागरी लिपिकी प्रति थी जिससे कहा जा सके कि आदि प्रति नागरीमें थी।

जो लोग आदि प्रतिके नागरीमें होनेकी कल्पना करते हैं, उन्हें फारसी लिपि-की प्रतियोंमें नागरी लिपि जनित विकृतियाँ खोजनेके स्थानपर नागरी लिपिमें लिखी ऐसी प्रतियोंका प्रमाण उपस्थित करना चाहिए जिसमें एक भी फारसी लिपि जनित विकृतियाँ न हों। जबतक ऐसी कोई नागरी प्रति सामने नहीं आती, यह माननेका कोई आधार नहीं कि मुसलमान कवियों द्वारा लिखे काव्योंकी आदि प्रति नागरीमें थी। **चन्दायन**में हमने जो तर्क उपस्थित किये हैं और जिन्हें ऊपर उधृत भी किया है, उन्हें दृष्टिमें रखना ही होगा और मानना होगा कि इन काव्योंकी मूल प्रतियाँ फारसी लिपिमें लिखी गयी थीं; और इस कारण फारसी प्रतियोंको नागरी-कैथीकी प्रतियोंकी अपेक्षा प्रामाणिक स्वीकार करना होगा।

भाषा

लिपिके समान ही मुसलमान कवियों द्वारा रचित प्रेमाख्यान काव्योंकी भाषा के सम्बन्धमें **माताप्रसाद गुप्त** प्रभृत विद्वानोंका आत्म-विश्वासके साथ कथन है कि वह अवधी है। उनके इस विश्वासके मूलमें **रामचन्द्र शुक्ल**का यह कथन है—**ये सब प्रेम कहानियाँ पूर्वी हिन्दी अर्थात् अवधी भाषामें एक नियत क्रमके साथ केवल चौपाई-दोहेमें लिखी गयी हैं।**[1] इस सम्बन्धमें हमने **चन्दायन**के परिचयमें इस तथ्य-की ओर ध्यान आकृष्ट किया था कि **अब्दुर्कादिर बदायूनी**ने स्पष्ट शब्दोंमें कहा है कि—

> **चन्दायन** दिल्ली सल्तनतके प्रधान मन्त्री जौनाशाहके सम्मानमें रचा गया था और दिल्लीमें मखदूम शेख तकीउद्दीन रब्बानी जन-समाजके बीच उसका पाठ किया करते थे। यह कथन इस बातकी ओर संकेत करता है कि **चन्दायन**की भाषा वह भाषा है जिसे दिल्लीके प्रधान मन्त्री जौनाशाहसे लेकर दिल्लीकी सामान्य जनतातक पढ़ और समझ सकती थी। **अब्दुर्कादिर बदायूनीने** इस भाषाके सम्बन्धमें हमें अपनी कल्पनाका कोई अवसर नहीं दिया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दोंमें बता दिया है कि इस मसनवी (**चन्दायन**)की भाषा **हिन्दवी** है। यह **हिन्दवी** निश्चय ही वह **हिन्दवी** होगी, जिसका प्रयोग चिश्ती सन्त **शेख फरीदुद्दीन गंजशकर** और **ख्वाजा निजामुद्दीन औलिया** अपने मुरीदोंसे बातचीत करते समय किया करते थे। उसी **हिन्दवी**को जो दिल्लीके सूफी सम्प्रदायके सन्तों द्वारा व्यवहृत होती थी और राजसभासे लेकर जन-साधारणमें समझी जाती अथवा जा सकती थी, **दाऊदने** अपने काव्य **चन्दायन** के लिए अपनाया होगा और उसीमें उसकी रचना की होगी।

---

१. जायसी ग्रन्थावली, सं० २०१७, भूमिका, पृ० ४।

अतः **चन्दायनकी** भाषाको अवधके सीमित प्रदेशमें ही बोली और समझी जानेवाली भाषा **अवधीका** नाम नहीं दिया जा सकता। **चन्दायनमें** प्रयुक्त भाषा निसन्देह ऐसी भाषाका स्वरूप है, जिसका देशमें काफी विस्तार और विकास रहा होगा।[1]

यही बातें **मिरगावतीकी** भाषाके सम्बन्धमें भी दुहरायी जा सकती हैं। किन्तु न जाने क्यों कर **माताप्रसाद गुप्तने** कल्पना कर ली है कि हमने इन पंक्तियोंमें **चन्दायनकी** भाषाको दिल्लीकी भाषा कहनेकी धृष्टताकी है।[2] ऐसा कहनेकी धृष्टता कदाचित् कोई मूर्ख ही करेगा। यदि **माताप्रसाद गुप्तने** तनिक धैर्यके साथ उपर्युक्त अवतरणपर ध्यान दिया होता तो उन्हें न तो ऐसी कल्पनाकी आवश्यकता होती और न हमें यहाँ अपनी बातको विस्तारके साथ दुहरानेकी।

मध्यकालीन दिल्लीका निवासी दिल्लीकी अपनी ही बोली या भाषा समझता रहा होगा, अन्य भाषा उसके लिए कुरानकी भाषाके समान रही होगी, ऐसा **माताप्रसाद गुप्त** किस प्रमाण और तर्कसे मानते हैं, यह तो वही बता सकते हैं। जहाँतक सामान्य बुद्धिकी बात है, जन-साधारण किसी दूसरी भाषाको, यदि वह विस्तृत प्रदेशमें प्रचलित है तो, अपनी स्थानीय बोली या भाषाके होते हुए भी समझ तो लेती ही है, बोल भले ही न सके। इस बातको हम हिन्दी और प्रादेशिक भाषाओंकी आजको स्थितिको सामने रखकर आसानीसे समझ सकते हैं। ऐसी अवस्थामें हमारे कथनसे यह कहाँ ध्वनित होता है कि **चन्दायनकी** भाषा दिल्लीकी भाषा है? हमारे कहनेका तात्पर्य इतना ही रहा है कि **चन्दायनमें** प्रयुक्त भाषा, ऐसी भाषाका स्वरूप है जिसका देशमें काफी विस्तार और विकास रहा होगा और वह दिल्लीकी राजसभासे लेकर जन-साधारणमें समझी जाती अथवा जा सकती थी। दूसरे शब्दोंमें वह ऐसी भाषा है जिसे भारतीय इतिहासपर सम्यक् दृष्टि रखनेवाला देश-भाषा ही कहेगा, किसी अकेले एक प्रदेशमें बोली जानेवाली भाषा नहीं। **अब्दुर्कादिर बदायूनीने चन्दायनकी** भाषाको हिन्दवी कहकर यही भाव व्यक्त किया है।

माताप्रसाद गुप्तने इस सम्बन्धमें जो कुछ कहा है उससे यह भी ध्वनित होता है कि तत्कालीन शासक और राजदरबारी फारसीके अतिरिक्त और कुछ जानते ही न थे। उन्हें कदाचित् यह याद दिलाना अनुचित न होगा कि मुगल सम्राटोंमेंसे अनेककी हिन्दी रचनाएँ उपलब्ध हैं। वे स्वयं इस बातके प्रमाण हैं कि फारसीके अतिरिक्त उन्हें अन्य भाषाका भी परिचय था। मुगल शासकोंसे पूर्वके शासकोंके राजदरबारमें ही नहीं हरमतक हिन्दी पहुँच चुकी थी, यह तत्कालीन इतिहासकारोंके लेखोंमें एक नहीं अनेक स्थलोंमें लिखा मिलेगा। जिस प्रकारकी तद्भव प्रचुर हिन्दी में **मौलाना दाऊद** या तत्प्रभृत कवियोंने रचनाएँ की हैं, उस हिन्दीको मुसलमान शासक कदापि न समझते रहे होंगे, ऐसा **माताप्रसाद गुप्तका** विश्वास सा जान पड़ता है। इस सम्बन्धमें अपनी ओर से कुछ न कहकर जहाँगीरकालीन इतिहासकार **मुहम्मद कबीरने** अपने **अफसाना-**

---

१. चन्दायन, पृ० ३२।

२. भारतीय साहित्य, वर्ष ८, अंक ३, पृ० ८७-८८।

ए-बादशाहानमें **मधुमालती**के रचयिता **मंझन**के आश्रयदाता इसलाम शाहके सम्बन्धमें जो कुछ कहा है, उसे ही उधृत करना पर्याप्त होगा।

इसलाम शाहके चरित्रका उल्लेख करते हुए **मुहम्मद कबीर**ने लिखा है कि—

उसके (इसलाम शाहके) साथ धर्माचार्य (उलमा), विद्वान् (फुजलः) और कवि (शुअरा) रहा करते थे। जिस जगह वह खुद रहते थे, उसके इर्दगिर्द ही उनके भी शामियाने (कोशख) खड़े किये जाते थे। और उन सबमें पान, सुगन्धि आदिकी व्यवस्था रहती थी। उनमें **मधुमालती**के रचयिता **मीर सैयद मंझन, शाह मुहम्मद फरमूली,** उनके छोटे भाई **मूसन** और **सूरदास** प्रभृति विद्वान् रहा करते थे। और उनमें अरबी, फारसी और **हिन्दवी**की कविताएँ पढ़ी जातीं। इसलाम शाहने कह रखा था कि जब मैं वहाँ आऊँ तो कोई मेरी अभ्यर्थना (ताजीम)के लिए न उठे। जो जैसे बैठा हो बैठा रहे, यदि लेटा हो तो लेटा रहे। इस प्रकार बेतकल्लुफीके साथ आनन्द उठाया जाय।[1]

उपर्युक्त अवतरणमें **मंझन, मूसन** और **सूरदास** तीन नाम ऐसे हैं जो निसन्देह हिन्दीके कवि थे। **मंझन**की **मधुमालती**से हिन्दी संसार परिचित ही है। **मूसन**की रचनाएँ भी अभी हालमें प्रकाशमें आयी हैं। वे कन्हैयालाल मुंशी हिन्दी विद्यापीठ (आगरा विश्वविद्यालय)के **उदयशंकर शास्त्री**को प्राप्त हुई हैं।[2] **सूरदास** निश्चय ही **सूरसागर**के रचयिता न होकर कोई दूसरे **सूरदास** होंगे। उनके सम्बन्धमें जानकारी अपेक्षित है फिर भी इतना तो अनुमान किया जा ही सकता है कि वे अरबी-फारसीके कवि न रहे होंगे। ये कवि जिस **हिन्दवी**में कविता-पाठ करते रहे होंगे उसका अनुमान **मधुमालती**की भाषासे किया जा सकता है। यदि इसलाम शाह **मंझन**की भाषा समझ सकते थे तो कोई कारण नहीं कि जौनाशाह **मौलाना दाऊद**के **चन्दायन**की भाषा न समझते रहे हों। इस बातमें सन्देह करनेकी कोई गुंजाइश ही नहीं है कि इन मुसलमान कवियोंने जिस भाषाका प्रयोग किया है वह दिल्लीके शासकों और उनके दरबारियोंमें समझी जाती थी।

---

१. दर ऐश व जश्न नशतन्द। वह हमः वक्त उलमा व फुजलः व शुअरः हमराह मी बूदन्द। व दरजाए कि खुद मी बूदन्द गिर्द ब गिर्दआँ कोशखः बरपा साख्तः बूदन्द व दराँ कोशखः पान व गालिया हर किस्म निहादा बूदन्द। व आँजा बमिस्ल मीर सैयद मंझन मुसन्निफ मधुमालती व शाह मुहम्मद फरमूली, व मूसन बिरादरे खुर्द शाह मुहम्मद व सूरदास वगैरह उलमा व फुजलः व शुअरः दराँ कोशखः मी बूदन्द। व शेरे अरबी व पारसी व हिन्दवी मी गुफ्तन्द। इसलाम शाह फरमूद कि चूँ मनइजा बेयायम कसे अज शुमायानताजिमे मन न खाहेद कर। अगर कसे निशस्त; बाशद उ हम चुना निशस्तः बाशद व अगर खुस्पीदा बाशद हम चुना बाशद। (ब्रिटिश संग्रहालयकी हस्तलिखित प्रति। इस प्रतिकी एक फोटो-स्टाट प्रति काशीप्रसाद जायसवाल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, पटनामें उपलब्ध है।)।

२. सैयद हसन अकसरीसे यह बात ज्ञात हुई है।

उपर्युक्त अवतरणसे अयाचित् ढंगसे हिन्दी जगतके सम्मुख यह बात भी पहली बार आ रही है कि **मधुमालती**के रचयिताका नाम **मीर सैयद मंझन** था। अबतक हम उन्हें **शेख मंझन** समझते रहे वह गलत है। नामके साथ **मीर**का प्रयोग इस बातका संकेत करता है कि वे कोरे कवि न थे, शासनमें एक अधिकारी, सम्भवतः न्यायाधीश भी थे। **अफसाना-ए-बादशाहान**में, जिस ग्रन्थसे यह अवतरण उद्धृत है, अनेक प्रसंगोंमें **मीर सैयद मंझन राजगिरी**का उल्लेख हुआ है, जिससे अनुमान होता है कि **मंझन** राजगृहके निवासी थे। यदि यह अनुमान ठीक है तो कहना होगा कि जिस भाषामें **मधुमालती** लिखी गयी है, उसे न केवल दिल्लीके लोग समझते थे, वरन् उससे अवधके बाहर बहुत दूर पूर्वके निवासी भी परिचित थे और निरायास उस भाषामें रचना कर सकते थे।[1]

ये तथ्य हमारे कथनका समर्थन ही नहीं करते, वरन् उसे पुष्ट भी करते हैं। हमने जो कुछ कहा है, बहुत कुछ वही बात, दबी जबानसे, भाषाको अवधी नाम देनेवाले कुछ लोग भी कहते हैं। **मिरगावती**की भूमिकामें **शिवगोपाल मिश्र**ने कहा है—**अवधीके विकास कालमें जौनपुरसे दिल्लीतक (ईश्वरदासकी रचनामें बादशाह सिकन्दर शाहका वर्णन है) की भाषामें एकरूपता थी। अभीतक कुतबन अथवा ईश्वरदासके निवास स्थानोंका ठीकसे पता नहीं चल पाया किन्तु जायसी तथा शेख निसारके जन्मस्थान क्रमशः जायस तथा शेखपुर (फैजाबादके पास) सिद्ध हो चुके हैं। यदि इन सबकी भाषाओंका तुलनात्मक अध्ययन किया जाय तो पता चलेगा कि सबोंने समान रूपसे एक ही भाषाका प्रयोग किया है जो अत्यन्त ठेठ शब्दोंको प्रश्रय देती है। इस प्रकार पूर्वमें गाजीपुर तथा जौनपुरसे पश्चिममें दिल्ली, उत्तरमें पूरा अवध प्रान्त तथा दक्षिणमें मध्य-प्रदेशतकमें अवधीका यही रूप बोला और समझा जाता था। यही अवधी उस कालकी जनताकी भाषा थी।**[2] इस प्रकार **शिवगोपाल मिश्र** भी स्वीकार करते हैं कि यह भाषा अवधकी सीमामें ही सीमित न थी और तत्कालीन जनताकी भाषा थी।

हमारी बातोंका समर्थन **विश्वनाथ प्रसाद**ने स्वसम्पादित **चन्दायन**की प्रस्तावनामें इन शब्दोंमें किया है—**चन्दायनकी भाषा हिन्दीके विकासका वह प्रारम्भिक रूप है, जिसमें उसके किसी एक स्थानीय स्वरूपको लेकर और उसमें अन्यान्य कई बोलियोंके प्रचलित प्रयोगोंका मिश्रण करके उसे अधिक व्यापक बनानेकी प्रवृत्ति पायी जाती है। भाषाका एक सर्व जन-सुलभ और सुबोध रूप खड़ा करनेके लिए इसमें विभिन्न भाषा क्षेत्रोंमें प्रचलित रूपोंके मिश्रणका कुछ ऐसा ही आदर्श अपनाया**

---

१. कुतुबनने तिथि गणनाकी जो दाक्षिणात्य पद्धति अपनायी है, उसके आधारपर हमारी धारणा है कि वे दाक्षिणात्य थे अथवा दक्षिणसे उनका निकटका सम्बन्ध है। यदि हमारी धारणा ठीक है तो यह भी कहा जा सकता है कि सुदूर दक्षिणके लोगोंके लिए भी यह भाषा अपरिचित नहीं थी।

२. कुतुबन कृत मृगावती, भूमिका, पृ० ३५।

गया है, जैसा कि कबीर आदि सन्त कवियोंकी परम्परामें हमें मिलता है। क्योंकि उनका भी उद्देश्य अपने सिद्धान्तोंको अधिक-से-अधिक लोगोंको हृदयंगम कराना था।[1]

मिरगावतीकी भाषाके सम्बन्धमें **कुतुबन**ने स्पष्ट शब्दोंमें कहा है—

शास्त्री आखर बहु आये।
औ देसी चुनि चुनि सब लाये॥१३।४
खट भाका जो इंहहिं बाँचा।
पण्डित बिनु पूछत हो साँचा॥४३१।४

इस प्रकार **कुतुबन**ने अपनी भाषाके सम्बन्धमें स्पष्ट कहा है कि तत्सम **शब्दों** (**शास्त्री आखर**—संस्कृत)के साथ-साथ देशी शब्दोंका प्रयोग उन्होंने किया है। इस प्रकार उनकी भाषा अनेक भाषाओंका मिश्रण है। यदि **मिरगावती**को भाषाके साथ **चन्दायन, पदमावत** और **मधुमालती**की भाषाकी तुलना करके देखा जाय तो ज्ञात होगा कि सबकी भाषा प्रायः एक-सी है, अर्थात् उनकी रचना **मिरगावती**की भाषा (**कुतुबन** के शब्दोंमें मिश्रित भाषा)में हुई है। भाषाओं या बोलियोंके मिश्रणसे बनी भाषा किसी प्रदेश विशेषकी भाषा न हो सकती है और न कही जा सकती है। ऐसी भाषाका प्रयोग सदैव विस्तृत क्षेत्रमें बोलने अथवा समझनेके लिए ही किया जायगा। ऐसी भाषाको सर्वदेशीय या राष्ट्रीय भाषा कहना उचित होगा। इस तथ्यको आजकी हिन्दीको सामने रखकर सरलतासे समझा जा सकता है। हिन्दीके मूलमें भाषाविद् मेरठ प्रदेशमें बोली जानेवाली खड़ी बोलीको मानते हैं; किन्तु आजकी हिन्दी-को, जो सारे देशमें समझी या बोली जाती है अथवा जिसका प्रयोग लेखनमें होता है, कदापि मेरठ प्रदेशके लोक-जीवन में सीमित बोली नहीं कह सकते। उसने अपने मूल स्वरूपको बहुत पीछे छोड़ दिया है।

इसी बातको अत्यन्त सीधे-सादे और सुलझे हुए रूपमें **अबदुर्कादिर बदायूनी**ने **चन्दायन**के और **मुहम्मद कबीर**ने **मंझन** और **मधुमालती** के प्रसंगसे **हिन्दवी** शब्द द्वारा व्यक्त किया है। **कुतुबन**की अपनी तथा पूर्ववर्ती इतिहासकारोंकी जानी-समझी बातकी उपेक्षा कर मुसलमान कवियोंके प्रेमाख्यानक काव्योंकी भाषाको अवधीके रूपमें प्रादेशिक भाषा कहना निराधार दुराग्रहके अतिरिक्त कुछ नहीं कहा जा सकता। जो तथ्य उपलब्ध हैं उनके प्रकाशमें इन काव्योंकी भाषाको हमें व्यापक क्षेत्रमें समझी जानेवाली भाषाके रूपमें देखना चाहिए। **हिन्दवी** नामको ध्यानमें रखते हुए उसे आरम्भिक हिन्दी, मध्यकालीन हिन्दी या उत्तर भारतीय हिन्दी जैसे किसी व्यापक नामसे पुकारना ही समीचीन होगा।

---

१. पृ० १४।

भाषाका स्वरूप

मिरगावती अथवा उसके समान मुसलमान कवियों द्वारा लिखे गये अन्य काव्योंकी भाषाके सम्बन्धमें तर्क करनेकी अपेक्षा उनकी भाषाके स्वरूपका विश्लेषण करना अधिक व्यावहारिक होगा और वह उचित निर्णयपर पहुँचनेमें सहायक होगा। किन्तु यह कार्य अपनेमें काफी विशद है। उसको यहाँ उठाना हमारे लिए अपनी सीमाओंको देखते हुए सम्भव नहीं है। यदि कोई तटस्थ भावसे इन ग्रन्थोंकी भाषाका परीक्षण और विश्लेषण करे तो उसे यह जाननेमें तनिक भी कठिनाई न होगी कि उनकी भाषापर अनेक बोलियों और भाषाओंकी छाप है। उनमें उसे अपभ्रंशके शब्द मिलेंगे; **विद्यापतिकी कीर्तिलतामें** प्रयुक्त विभक्तियों और परसर्गोंकी बहुत बड़ी संख्या दिखायी पड़ेगी; भोजपुरी प्रदेशकी शब्दावली, खड़ीबोलीके प्रयोग प्राप्त होंगे और ज्ञात होगा कि क्रिया-प्रयोग अकेले अवधीके नहीं हैं।

भाषा सम्बन्धी परीक्षणके निमित्त तटस्थ भाव बनाये रखनेके लिए यह बात ध्यानमें रखना आवश्यक है कि इन काव्योंकी जो प्रतियाँ उपलब्ध हैं, उनमें भाषा सम्बन्धी एकरूपता नहीं पायी जाती। उनके नागरी और कैथी प्रतियोंके लिपिकोंने भाषाके साथ अपनी पूरी मनमानी की है। उनके सामने फारसी लिपिके पाठको पढ़नेकी जो कठिनाई रही है उसके कारण अज्ञानसे उत्पन्न पाठ दोष तो हैं ही; जान-बूझकर उनका प्रयास ग्रन्थकी भाषाको अपनी भाषाकी ओर खींचने का भी रहा है। ऐसा कदाचित् उन लोगोंने काव्यकी भाषाको अपनी बोलचालकी भाषाकी दृष्टिसे अटपटी या अजनबी पाकर ही किया है। लोगोंने उनके इस प्रयासको साधारणीकरण या सरलीकरणकी संज्ञा दी है। पाठ-स्वरूपोंकी यह भिन्नता किस सीमातक है, यह **मिरगावतीके** एकडला और बीकानेर प्रतियोंके पाठोंमें आये शब्दोंकी तुलनासे जाना जा सकता है। उदाहरणके लिए इन दोनों प्रतियोंसे कुछ शब्द दिये जा रहे हैं[१]—

एकडला प्रति	बीकानेर प्रति
अगम	बहुत
भोरा	सूधा
मन्दिर	महल
साथ	संग
काह	कवन
अजगुत	अचम्भो
राउ	राजा
साजा	रचावा

१. ये उदाहरण शिवगोपाल मिश्रने अपनी भूमिकामें दिये हैं। हमने इन्हें वहींसे ग्रहण किया है। इसके लिए हम उनके ऋणी हैं।

इसी प्रकार दोनों प्रतियोंमें सर्वनामके प्रयोगोंमें भी भिन्नता देखनेमें आती है। यथा—

एकडला प्रति	बीकानेर प्रति
तोहार	तुम्हार
तोह	तैं, तुम, तो

दोनों प्रतियोंके क्रिया रूपोंमें भी काफी भेद देखनेमें आता है। यथा—

एकडला प्रति	बीकानेर प्रति
लीतिन्ह	लिहिस
दीतिसि	दिहिस
कहेउ	कहउ
बसेउ	बसउ

ये उदाहरण इस बातके प्रमाण हैं कि दोनों प्रतियोंके लिपिकोंने एक दूसरेसे सर्वथा भिन्न शब्द रूपों अथवा भाषाको ग्रहण किया है। इनमें कौन-सा रूप लेखककी भाषाका रूप है, यह सुगमता या सरलतासे नहीं बताया जा सकता। अतः आजका सम्पादक अपने विवेकके अनुसार दो में से किसी एक पाठको स्वीकारकर दूसरेको गलत मानकर अपना सम्पादन कार्य करता है। मूल भाषाका पूरी तरह समाधान प्रति-परम्पराओंपर विचार करनेपर भी नहीं हो पाता।

भाषाके मूल रूपमें सुरक्षित होनेकी सम्भावना फारसी लिपिमें लिखी प्रतियोंमें ही हो सकती है। इसके दो कारण हैं—(१) मूल प्रतियाँ इसी लिपिमें लिखी गयी थीं और आज जो फारसी प्रतियाँ उपलब्ध होती हैं वे नागरी-कैथी प्रतियोंसे अधिक पुरानी हैं। (२) फारसी लिपिमें लिपिकके लिए स्वेच्छा बरतनेकी कम गुंजाइश थी। प्रतिलिपिकारके रूपमें पाठकी कठिनाईका अनुभव करते हुए भी उसे अपनी कल्पनासे नये शब्द गढ़नेका श्रम करनेकी आवश्यकता न थी; उसका काम बिना किसी प्रकारकी माथापच्ची किये ही, जैसा देखा वैसा ही मक्षिका स्थाने मक्षिका नकलकर देना भर था। इन ग्रन्थोंके सम्पादक भी यह बात स्वीकार करते हैं कि फारसी प्रतियाँ नागरी-कैथी प्रतियोंसे कहीं अधिक शुद्ध हैं। फारसी प्रतियोंके आधारपर तैयार किये गये पाठका उपयोग करनेपर ही भाषा सम्बन्धी उहापोहके लिए अपेक्षित तटस्थता सम्भव है।

फारसी प्रतियोंसे पाठ उपस्थित करते समय आवश्यक है कि सम्पादकके सम्मुख अपना किसी प्रकारका पूर्व आग्रह न हो। पूर्व आग्रह रहनेपर पाठका शुद्ध रूपान्तर कदापि सम्भव नहीं है। उसमें वैसी ही भ्रष्टता आ जायगी जैसी कि नागरी-कैथी प्रतियोंमें पायी जाती है। यथा—**माता प्रसाद गुप्त**की दृढ़ धारणा है कि इन काव्योंकी भाषा ठेठ अवधी है। अपनी इस धारणाको लेकर ही उन्होंने **पदमावत**का सम्पादन किया है। फलस्वरूप वे फारसी प्रतियोंके पाठोंको तटस्थ भावसे नहीं देख सके हैं। पाठशोध

करते समय उन्होंने उसे सर्वत्र अवधीकी दृष्टिसे देखने और अवधी रूप प्रयोग करनेका प्रयत्न किया है। इस कारण भाषा सम्बन्धी शोधके लिए तटस्थ अनुसन्धित्सु उनके संस्करणपर निर्भर नहीं कर सकता। ऐसी ही बात उनके **मधुमालती**के सम्बन्धमें भी कही जा सकती है।

भाषापर विचार करनेकी दृष्टिसे प्रेमाख्यानोंका कोई भी तटस्थ पाठ अभी सामने नहीं है। **चन्दायन**का हमारा पाठ फारसी प्रतियोंपर ही आधारित है; उसमें हमारा पूर्व-आग्रह भी नहीं है। वह सुगमतासे भाषा-शोधका साधन बनाया जा सकता है; पर हम उसे भी इसके लिए पर्याप्त नहीं समझते। **मिरगावती**का प्रस्तुत संस्करण भी **चन्दायन**की तरह ही फारसी प्रतियोंपर आधारित है। इसके लिए जिन दो प्रतियोंका उपयोग किया गया है, वे दोनों ही—दिल्ली और मनेरशरीफ प्रतियाँ—पाठकी दृष्टिसे प्रायः एक समान हैं। उनमें पाठका अन्तर नाम मात्र है। अतः उनके आधारपर जो पाठ प्रस्तुत किया गया है, वह मूलके अत्यन्त निकट है, यह हमारा विश्वास है। यह भाषा-शोधकी दृष्टिसे अधिक उपयोगी हो सकता है, ऐसी हम आशा करते हैं।

छन्द-योजना

मिरगावतीमें आदिसे अन्ततक एक ही छन्द-व्यवस्था है। उसमें सात-सात पंक्तियोंका काव्यांश है। प्रत्येक काव्यांशमें दो प्रकारके छन्दोंका प्रयोग है। आरम्भकी पाँच पंक्तियाँ एक छन्दमें हैं और शेष दो दूसरे छन्दमें। यही छन्द-व्यवस्था पूर्ववर्ती काव्य **चन्दायन**में भी है। परवर्ती काव्य **मधुमालती**में **मंझन**ने भी इसी छन्द-व्यवस्थाको अपनाया है। **जायसी**ने भी **पदमावत**में इसी व्यवस्थाको स्वीकार किया है किन्तु उसके काव्यांश नौ पंक्तियोंके हैं और पाँचके स्थानपर सात पंक्तियाँ एक छन्दमें, शेष दो दूसरे छन्दमें हैं। छन्द-योजनाकी इस परम्पराको प्रेमाख्यानक काव्योंमें तो अपनाया ही गया है, **तुलसीदास**ने भी **रामचरितमानस**में ग्रहण किया है।

इन काव्योंमें प्रयुक्त छन्दोंके सम्बन्धमें लोगोंकी सामान्यतः धारणा है कि वे चौपाई और दोहे हैं। और इसी धारणाके आधार पर लोगोंने उनके सम्बन्धमें अपने-अपने विचार प्रकट किये हैं। किन्तु किसीने भी यह बतानेकी आवश्यकता नहीं समझी कि चौपाई और दोहोंसे युक्त काव्यांशोंकी यह परम्परा कब और कहाँसे आरम्भ हुई। उनकी बातोंसे ऐसा झलकता है कि यह छन्द-योजना हिन्दी प्रेमाख्यानक काव्योंका ही निजस्व है।

इस प्रकारकी छन्द-योजना अकस्मात् हिन्दी प्रेमाख्यानक काव्योंके साथ उद्भूत हुई हो, वस्तुतः ऐसी बात नहीं है। उसकी अपनी प्राचीन परम्परा है जो अपभ्रंश काव्योंमें सुगमताके साथ देखी जा सकती है। वहाँ ये काव्यांश 'कड़वक' नामसे पुकारे गये हैं और अपभ्रंशके पिंगल ग्रन्थोंमें उनकी विस्तृत विवेचना है। हमने इसकी ओर **चन्दायन**में ध्यान आकृष्ट करनेकी चेष्टा की है। उसकी ओर विद्वानोंका ध्यान अधिकाधिक जाना चाहिए। इस दृष्टिसे इस बातको यहाँ दुहराना अनुचित न होगा।

स्वयंभूके कथनानुसार प्रत्येक कड़वकमें आठ यमक और अन्तमें एक घत्ता होता है, जिसे ध्रुवा, ध्रुवक अथवा छड़निका भी कहते हैं। प्रत्येक यमक में १६–१६ मात्राओंवाले दो पद होते हैं। किन्तु सोलह मात्राओं वाले पदोंकी बात केवल सिद्धान्त रूप है। अपभ्रंशके कवियोंने १६ मात्रा वाले पदोंके अतिरिक्त पन्द्रह मात्राओंवाले पदोंका यमकमें प्रयोग प्रचुर मात्रामें किया है। अतः कड़वकोंमें प्रयुक्त यमक साधारणतः तीन रूपोंमें पाये जाते हैं—

१. पद्धडिका—सोलह मात्राओंका पद। इसमें अन्तिम चार मात्राओंका रूप लघु गुरु लघु (जगण) होता है।

२. वदनक—सोलह मात्राओंका पद। इसमें अन्तिम चार मात्राएँ गुरु लघु लघु (भगण) होती हैं। कहीं-कहीं यह दो गुरु रूपमे भी पाया जाता है।

३. पारणक—पन्द्रह मात्राओंका पद। इसमें अन्तिम तीन मात्राएँ लघु होती हैं। कहीं-कहीं लघु गुरु रूप भी मिलता है।

आठ यमकोंवाली बात भी केवल सिद्धान्त रूप है। अपभ्रंशके जो काव्य आज उपलब्ध हैं, उनके कड़वकोंमे ६ से लेकर २०–२५ तक यमक पाये जाते हैं। वे इस बातके द्योतक हैं कि आठ यमकोंवाला नियम कभी भी कठोरताके साथ पालन नहीं किया गया।

घत्ताके द्विपदी, चतुष्पदी अथवा षट्पदी होनेका विधान है; पर अधिकांशतः घत्ता चतुष्पदी ही पाये जाते है। घत्ताके पद सात मात्राओंसे लेकर सत्तरह मात्राओं-वाले बताये गये हैं। पदोंकी व्यवस्थाके अनुसार घत्ताके तीन रूप कहे गये हैं:

१. सर्वसम—इस घत्तामें चारों पदोंकी मात्राएँ समान होती हैं। मात्राओंकी संख्याके अनुसार सर्वसम घत्ताके नौ रूप होते हैं।

२. अर्धसम—इस प्रकारके घत्तामें प्रथम दो पदोंकी मात्राएँ एक समान और अन्तिम दो पदोंकी मात्राएँ पहले दो पदोंसे भिन्न किन्तु परस्पर समान होती हैं। मात्राओंकी गणनाके अनुसार अर्धसम घत्ताके ११० रूप कहे गये हैं।

३. अन्तरसम—इस प्रकारके घत्तामें प्रथम और तृतीय पदोंकी और द्वितीय और चतुर्थ पदोंकी मात्राएँ समान होती हैं और वह प्रसादबद्ध होता है। मात्राओंके भेदसे इसके भी ११० भेद बताये गये हैं।

यदि उपर्युक्त तथ्यके प्रकाशमें हिन्दीके प्रेमाख्यानक काव्योंको ध्यानपूर्वक देखा जाय तो यह बात प्रत्यक्ष सामने आती है कि इनके रचयिताओंके सामने कभी भी १६ मात्राओंकी चौपाई और २३ मात्राओंके दोहेका आदर्श नहीं रहा। जिन लोगोंने चौपाई और दोहोंको इन काव्योंका छन्द समझा है, उन्हें उनका समाधान करनेमें सदैव कठिनाई रही है। इन काव्योंके छन्दोंमें चौपाई और दोहोंकी मात्राओंसे न्यून या अधिक मात्राएँ निरन्तर पायी जाती हैं। ये इस बातके स्पष्ट संकेत हैं कि उनकी रचना अनिवार्य रूपसे चौपाई और दोहेमें नहीं हुई है। यदि कड़वकके सम्बन्धमें कही गयी उपर्युक्त बातोंपर ध्यान दिया जाय तो इसका अपने आप सन्तोष-

जनक समाधान हो जाता है। इन सब काव्योंकी रचना अपभ्रंश के कड़वक पद्धतिपर हुई है और उनके रचयिताओंने यमक और घत्ताके लिए विभिन्न मात्राओंवाले छन्दोंका स्वतन्त्रताके साथ यथेच्छा उपयोग किया है। **चन्दायन**के परिचयमें हमने यथेष्ठ उदाहरण दिये हैं जिनसे प्रकट होता है कि उसके यमक चौपाईतक ही सीमित नहीं हैं और घत्तेके रूपमें दोहोंकी संख्या इनी-गिनी ही है।

जहाँतक **मिरगावती**की बात है, **कुतुबन**ने तो स्पष्ट शब्दोंमें कह भी दिया है कि उन्होंने चौपाई और दोहेके अतिरिक्त अन्य छन्दोंका भी प्रयोग किया है। उनके शब्द हैं—

गाथा दोहा अरिला रचा।
सोरठा चौपाइन्ह कै सजा॥ १३।३

उन्होंने यहाँ पाँच छन्दोंके नाम लिये हैं। इनमें दो—चौपाई और अरिल्लका यमकके रूपमें और तीन—गाथा, दोहा और सोरठाका घत्ताके रूपमें ही प्रयोग सम्भव है।

चौपाई और अरिल्ल दोनों ही १६ मात्राओंवाले छन्द हैं। चौपाईके सम्बन्धमें विधान है कि उसके पदोंकी अन्तिम मात्राएँ जगण (लघु, गुरु, लघु) होनी चाहिए। इस प्रकार यह अपभ्रंश पिंगलका पद्धडिका छन्द है। इसमें तगण (गुरु, गुरु, लघु) का निषेध भी बताया गया है। अरिल्लमें अन्तिम मात्राओंके यगण (लघु, गुरु, गुरु) होनेका विधान है। इस दृष्टिसे **मिरगावती**के यमकोंका परीक्षण करनेपर ज्ञात होता है कि **कुतुबन**ने चौपाइयोंकी अपेक्षा अरिल्लका उपयोग अधिक किया है। किन्तु उनके सभी यमक १६ मात्राओंवाले नहीं हैं। यत्र-तत्र १५ मात्राओंवाले यमक भी देखनेको मिलते हैं। यथा—

एक बात अब कहउँ रसाल।
रतन मोंति आनों भरि बाल॥ ५१।१
बेगर बेगर सउजहिं साथ।
सारि क बान फोंक ले हाथ॥ २१।१
हरियर बिरिख दीख एक महा।
मानसरोदक तिह तर बहा॥ २३।३
कुँवर संगति कुरंगिनी डरी।
मानसरोदक भीतर परी॥ २३।४
बिखम भुअंगम बेनी भये।
मारग वहे सीस केर गहे॥ ६८।५

इनके अतिरिक्त **मिरगावती**में यत्र-तत्र ऐसे भी यमक हैं जिनमें दोनों पदोंकी मात्राएँ समान नहीं हैं, या उनमें १५ से कम या १६ से अधिक मात्राएँ हैं। ऐसी पंक्तियोंको पाठ दोष कहकर टाला नहीं जा सकता क्योंकि उनमें किसी प्रकारकी कमी या आधिक्य परिलक्षित नहीं होता। इस प्रकारके कुछ उदाहरण हैं—

राजकुँवर फुान बेगर पड़ा। (१५ मात्राएँ)
निरखसि साउज जे र जिय घिरा ॥ (१६ मात्राएँ) २१।२

राउ अकेल मिरिगि है जहाँ। (१५ मात्राएँ)
तीसर अउर न अहै तहाँ ॥ (१४ मात्राएँ) २३।१

तेहि मँह मिरिगी छपानेउ आई। (१९ मात्राएँ)
बहुरि न निकसा गयउ हिराई ॥ (१६ मात्राएँ) २३।५

ढूँढ़े लाग न पायसु चाहा। (१६ मात्राएँ)
बिसरा सबै जो मन मँह आहा ॥ (१७ मात्राएँ) २४।२

सुधि बिसरी बुधि गई हेरानी। (१७ मात्राएँ)
चित मँह गड़ी सो पिरम कहानी ॥ (१७ मात्राएँ) २४।३

खिन खिन पेम अधिक चित चढ़ा। (१५ मात्राएँ)
दुइज चँदरमाँ जनु गहन सो कढ़ा ॥ (१८ मात्राएँ) २४।५

खटरितु देखत अइस गयी। (१४ मात्राएँ)
बहु उपकार कथा बहु भयी ॥ (१५ मात्राएँ) ४५।३

कुतुबनने घत्ताके लिए तीन छन्दों--गाथा, दोहा और सोरठाका नाम लिया है। ये तीनों ही छन्द चतुष्पदी हैं। गाथा प्राकृत और अपभ्रंशका छन्द है। इसके प्रथम चरणमें १२, दूसरेमें १८, तीसरेमें १२ और चौथेमें १५ मात्राएँ होती हैं। इस प्रकार यह विषम छन्द है। दोहा और सोरठा दोनों ही हिन्दीके बहु प्रचलित छन्द हैं। दोहेमें क्रमशः १३, ११। १३, ११ और सोरठामें ११, १३। ११, १३ मात्राएँ होती हैं। इस प्रकार ये अर्धसम घत्ताके छन्द हैं। दोहेमें दूसरे और चौथे पदोंके तुक परस्पर मिलते हैं, सारठेमें प्रथम और तृतीय पदों के। दोहेके अन्तमें लघु आवश्यक है।

मिरगावतीके घत्तोंके परीक्षणसे ज्ञात होता है कि निम्नलिखित एक घत्तेको छोड़कर सभी घत्ते तुकान्त हैं—

पदम पत्र बिसाल अछै, गजकुम्भ पयोहरी।
हिरदे बसत मोतिह, साखा बिलोचन यथा ॥ २४०

इस घत्तेके पदोंकी मात्राएँ क्रमशः १३, ११; ११, १२ हैं; इसके किसी पदमें तुक नहीं है। इस प्रकार सोरठेके लक्षणोंका इसमें सर्वथा अभाव है। इस प्रकार कुतुबनके कथनके बावजूद मिरगावतीमें एक भी सोरठा नहीं है। इसी प्रकार आरम्भिक १०० घत्तोंका परीक्षण करनेपर उनमें हमें एक भी घत्ता दोहेके लक्षणोंसे युक्त नहीं मिला। हाँ, कुछ घत्ते ऐसे अवश्य हैं, जिनके प्रथम दो पदोंमें १३ और ११ मात्राएँ हैं, पर उनके तीसरे चौथे पद दोहेके लक्षणकी पूर्ति नहीं करते। ऐसे घत्तोंके कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं—

मात्राएँ	कड़वक
१३,११ । १५,११	४, १२
१३,११ । १६,११	२१, ५५
१३,११ । १७,११	४३
१३,११ । १६,१२	९६
१३,११ । १३,१२	९०
१३,११ । ११,१०	५४

गाथाके लक्षणोंकी पूर्ति करनेवाले अर्थात् १२, १८, १३, १५ मात्राओंवाले घत्ता भी **मिरगावतीमें** एक भी नहीं मिले। हाँ, कुछ घत्तोंको छोड़कर प्रायः सभी घत्ते विषमपदीय हैं। वे निम्नलिखित रूपोंमें मिलते हैं—

मात्राएँ	कड़वक	मात्राएँ	कड़वक
११,११ । १५,११	७५	११,१२ । ११,१३	९४
११,१३ । १६,११	९४	११,१६ । १६,११	१०
१२, ८ । १३,१३	६६	१२,११ । १२,१०	६१,७०
१२,११ । १४,११	६५	१२,११ । १६,११	२८,२९,४८
१२,११ । १७,११	५१	१२,१४ । १३,१४	७८
१२,१५ । १२,१२	६९	१२,१५ । १३,१५	४१
१२,१५ । १६,११	४९	१२,१६ । ९,१०	४६
१२,१६ । १४,१०	५४	१३,१० । १५,११	२५
१३,१२ । १२,११	८०	१३,१३ । १३,११	५९
१३,१५ । १२,१५	२३	१३,१५ । १३,१०	४२
१४, ८ । १४,१२	८५	१४,११ । १०,१०	६३
१४,१६ । १४,११	१३	१५,११ । ११,११	८८
१५,११ । १२,१२	५६	१५,११ । १६,११	१४,४४,९२
१५,११ । १७,११	३९	१५,१२ । १३,१२	५०
१५,१२ । १६,१२	२७	१६, ९ । १२,१४	९१
१६, ९ । १६,११	६७	१६,१० । १६,११	९९
१६,१६ । १६,१२	७१	१६,११ । १२,११	९८
१६,११ । १३,११	७३,९५	१६,११ । १३,१३	६
१६,११ । १४,११	११,५३	१६,११ । १४,१५	६२
१६,११ । १५,१०	५७	१६,११ । १५,११	१५,३२,३३
१६,११ । १६,१०	३१,९७		६८,७६,७९
१६,११ । १६,१२	५,४७	१६,११ । १७,११	१८,८७
१६,१२ । १२,१५	८६	१६,१२ । १३,१३	१००

मात्राएँ	कड़वक	मात्राएँ	कड़वक
१६,१२ । १६,११	२२,२६,३८	१६,१२ । १६,१३	८३
१६,१२ । १८,११	३६	१६,१३ । १६,११	५२
१७,११ । १३,१४	६०	१७,११ । १५,११	८
१७,११ । १६,११	१९,२०,३०,	१७,१२ । १३,११	९
	४५	१७,१२ । १५,११	७
१७,१२ । १७,१०	८४	१७,१४ । १३,१६	८२
१७,१५ । १८,१२	१६	१८,११ । १७,११	६४

घत्तोंके इसी प्रकारके कुछ अन्य रूप शेष कड़वकोंके विश्लेषणसे मिलें तो आश्चर्य नहीं। इन रूपों में कुछ पाठ-दोष जनित हो सकते हैं किन्तु सबको पाठ-दोष जनित कहकर टाला नहीं जा सकता। घत्ताके इन रूपोंपर विचार करना ही होगा। **चन्दायनका** सम्पादन करते समय हमें उसमें भी ऐसे घत्ते मिले थे जिनके चारों पदोंकी मात्राओंमें भिन्नता है। ऐसा एक घत्ता हमने उसके परिचयमें उधृत भी किया है। वहाँ इस ढंगके घत्ते अपवाद स्वरूप हैं; यहाँ उनका बाहुल्य है। हो सकता है **कुतुबनने** इन विषम मात्राओंवाले घत्तोंके लिए ही गाथा शब्दका व्यवहार किया हो।

यदि उनकी बातोंसे हटकर घत्तोंका विश्लेषण किया जाय तो यत्र-तत्र अर्ध-सम अथवा अन्तर-सम घत्ते देखनेको मिल जाते हैं। प्रथम सौ घत्तोंमें केवल एक घत्ता अर्ध-सम है। उसकी मात्राएँ हैं—१४, १४ । ११, ११ (कड़वक ९३)। अन्तरसम घत्ताके दो रूप अबतक हम ढूँढ़ पाये हैं। वे हैं—

१२, ११। १२, ११ कड़वक ३५
१६, ११। १६, ११ कड़वक २४, ४०, ७२, ७४, ७७, ८१, ८९।

छन्दोंके सम्बन्धमें इस प्रकारकी जो स्वच्छन्दता **मिरगावतीमें** देखनेमें आती है वह आश्चर्यजनक है। उन्हें देखकर यही लगता है कि **कुतुबनने** यद्यपि कतिपय छन्दोंके प्रयोगकी बात कही है, उन्हें छन्द-शास्त्रके नियमोंमें बँधकर चलना अभीष्ट न था।

काव्य-स्वरूप

मिरगावतीका आरम्भ ईश्वरकी स्तुतिसे होता है। ईश्वरकी स्तुतिके बाद क्रमशः पैगम्बरकी वन्दना, चार यारोंका उल्लेख, गुरुकी स्तुति, शाहे-वक्तकी प्रशंसा और रचनाका परिचय है। तदनन्तर कथाका आरम्भ होता है। **मौलाना दाऊद** रचित पूर्ववर्ती प्रेमाख्यानक काव्य **चन्दायनका** भी ठीक यही स्वरूप है। उसमें भी आरम्भमें ईश्वर स्तुति, पैगम्बरकी वन्दना, चार यारोंका उल्लेख, शाहे-वक्तकी प्रशंसा, गुरु-स्तुति, आश्रयदाताका परिचय और ग्रन्थ परिचय है। परवर्ती **मलिक मुहम्मद जायसी** रचित **पदमावत** और **मंझन** कृत **मधुमालतीके** भी आरम्भमें ये सभी बातें लगभग इसी क्रमसे पायी जाती हैं। यों कहना चाहिये कि मुसलमान कवियोंके प्रेमाख्यानक

काव्योंका जो यह स्वरूप **चन्दायनसे** आरम्भ हुआ वह अन्ततक कायम रहा। सभीने उसे आदर्श स्वरूप ग्रहण किया।

फारसी मसनवियोंमें भी आरम्भमें अल्लाह (ईश्वर) और रसूलकी वन्दना, मेराजका उल्लेख, समसामयिक शासक अथवा किसी अन्य महापुरुषकी प्रशंसा पायी जाती है; तदनन्तर रचनाके उद्देश्यपर प्रकाश डालते हुए कवि मूल विषयपर आता है, हिन्दी प्रेमाख्यानक काव्यों और फारसी मसनवियोंके स्वरूपमें जो यह समानता दिखाई देती है, उसे देखकर **रामचन्द्र शुक्लने** अपना अभिमत प्रकट किया था कि—**इनकी** (हिन्दी प्रेमाख्यानोंकी) **रचना भारतीय चरित काव्योंकी सर्गबद्ध शैलीपर न होकर फारसी मसनवियोंके ढंगपर हुई है, जिसमें कथा सर्गों या अध्यायोंमें विस्तारके हिसाबसे विभक्त नहीं होतीं, बराबर चलती हैं, केवल स्थान-स्थानपर घटनाओं या प्रसंगोंका उल्लेख शीर्षक रूपमें रहता है।** उनके इस मतको बिना किसी उहापोहके सत्य और प्रमाण मान लिया गया है; और इन प्रेमाख्यानोंपर लिखनेवाले विद्वानों और अनुसन्धित्सुओं द्वारा ये वाक्य प्रायः आँख मूँदकर दुहरा दिये जाते हैं।

वस्तुतः मसनवी फारसी साहित्यके किसी काव्य-शैलीका नाम नहीं है, वह काव्य-रूप मात्र है। इसमें रमले-मुसम्मने-महधूम कहा जानेवाला छन्द प्रयुक्त होता है, जिसमें बैत (पद) फायलातुनके वजनपर होता है। फायलातुनको छ बार दुहराते हैं; प्रत्येक मिसरेके अन्तमें फायलातका वजन होता है। दो मिसरोंके तुक परस्पर मिलते हैं।[१] इसमें केवल आख्यान या लम्बे क्रमबद्ध काव्य ही नहीं, अन्य प्रकारकी भी रचनाएँ हुई हैं। इस देशमें भी बाबर, हुमायूँ, अकबरके समयमें मसनवी छन्द विशेष ही माना-समझा जाता था। **फरिश्ताने** अपने इतिहासके प्रथम खण्डमें हुमायूँका एक पत्र उधृत किया है जो इसी छन्दमें है। उसे उसने अपनी कन्दहार विजयोपरान्त बैरम खाँको लिखा था और विजयके आनन्दका वर्णन किया है। अकबरके लिखे मसनवी छन्दोंके कुछ नमूने रामपुरके पुस्तकालयमें सुरक्षित हैं। उनमेंसे दोको **अब्दुल गनीने** अपनी पुस्तकमें उद्धृत किया है। एकमें साकीकी प्रशंसा है, दूसरेमें बसन्त ऋतुका वर्णन है।[२]

पुनः हिन्दी प्रेमाख्यानक काव्योंके प्रसंगमें जिस ढंगसे मसनवीकी चर्चा की जाती है, उससे ऐसा भासित होता है कि वह प्रेम-काव्य है और उसमें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूपसे सूफी मतका प्रचार किया गया है। किन्तु यह धारणा नितान्त भ्रामक है। यदि **अमीर खुसरोकी** मसनवियोंपर ध्यान दिया जाय तो इस भ्रान्तिका स्वतः निराकरण हो जाता है।

मसनवीकी जो लाक्षणिक परिभाषा है उसके अन्तर्गत हिन्दीके प्रेमाख्यान काव्य नहीं आते, यह उपर्युक्त कथनसे स्पष्ट हो जाता है। यदि उन समानताओंपर विचार किया जाय, जिन्हें देखकर हिन्दी प्रेमाख्यानक काव्योंके फारसी मसनवियोंका

१. ब्राउन, लिटरेरी हिस्ट्री आव परशिया, खण्ड २, पृ० १८–२४।

२. अब्दुल **गनी**, अ हिस्ट्री आव परशियन लैंग्युएज एण्ड लिटरेचर ऐट द मुगल कोर्ट, पृ० २०७-२०८।

अनुकरण होनेका भ्रम होता है तो, जैसा कि हमने चन्दायनका परिचय देते हुए कहा है, स्पष्ट ज्ञात होगा कि ये विशेषताएँ अरबी-फारसी मसनवियोंकी एकमात्र अपनी नहीं हैं। भारतीय काव्य-परम्परा इन बातोंसे बहुत दिनों पहलेसे परिचित रहा है। अरबी-फारसी मसनवियों और हिन्दी प्रेमाख्यानक काव्योंकी उपर्युक्त लगभग सभी बातें जैन अपभ्रंश काव्योंमें पायी जाती हैं। प्रायः सभी जैन काव्योंका आरम्भ जिनकी वन्दनासे होता है। किन्हीं-किन्हीं काव्योंमें जिनकी वन्दनाके बाद सरस्वतीकी भी वन्दना होती है। तदनन्दर समकालिक शासकका उल्लेख, कविका आत्म-परिचय, आश्रयदाताकी चर्चा, रचनाका उद्देश्य आदि रहता है। उदाहरणस्वरूप **पुष्पदन्त** कृत **महापुराण**, **स्वयंभू** कृत **पउमचरित**, **श्रीधर** कृत **पासनाह चरिउ**, **लक्खन** कृत **जिणदत्त चरिउ** आदि महाकाव्योंको देखा जा सकता है।

संस्कृत काव्योंकी तरह सर्गबद्ध न होनेके कारण भी हिन्दी प्रेमाख्यानक काव्योंके सम्बन्धमें धारणा बना ली गयी है कि वे फारसी मसनवियोंके अनुकरणपर रचे गये हैं, जहाँ सर्ग जैसा कोई विभाजन नहीं है। ऐसी धारणा बनाते समय अपभ्रंश काव्यों-को सर्वथा भुला दिया गया है। यदि उन्हें देखा जाय तो ज्ञात होगा कि उसमें सर्गहीन काव्य भरे पड़े हैं।

फारसी मसनवियोंसे समता रखनेवाली हिन्दी प्रेमाख्यानक काव्योंकी अन्य जिस विशेषताओंकी ओर लोगोंका ध्यान गया है, वह है उनमें पायी जानेवाली प्रसंगोंकी सुर्खियाँ (शीर्षक)। खुसरो, जामी, फैजी आदिकी मसनवियोंके प्रसंग शीर्षकोंकी तरह **चन्दायन**, **पदमावत** आदि प्रेमाख्यानक काव्योंकी अनेक प्रतियोंमें भी शीर्षक देखने-में आते हैं। पर इस प्रकारके शीर्षक अपभ्रंश काव्योमें भी पाये जाते हैं। जहाँतक **मिरगावती**का सम्बन्ध है, इसकी तीन प्रमुख प्रतियों—दिल्ली, मनेरशरीफ और बीकानेर—में प्रसंग-शीर्षक जैसी कोई वस्तु है ही नहीं। सम्भवतः इस ढंगके शीर्षक काशी और चौखम्भा प्रतिमें भी नहीं हैं। एकडला प्रतिमें कुछ कड़वकोंके ऊपर शीर्षक प्राप्त होते हैं। अकेले इसके आधारपर अनुमान करना कठिन है कि कविकी मूल प्रतिमें इस प्रकारके शीर्षक रहे होंगे। यदि रहे भी हों तो उससे स्थितिमें अन्तर नहीं पड़ता।

फारसी मसनवियोंके साथ हिन्दी प्रेमाख्यानक काव्योंका किसी प्रकारका सम्बन्ध जोड़नेसे पूर्व यह भी देखना उचित होगा कि अपने इन बाह्य उपकरणोंके अतिरिक्त, जो उनके अपने निजस्व नहीं हैं और अपभ्रंश काव्योंमें भी समान रूपसे उपलब्ध हैं, आन्तरिक सामग्रीमें वे कितने अभारतीय हैं। जहाँतक छन्द योजनाका सम्बन्ध है, वह पूर्णतः भारतीय है, यह हम ऊपर देख चुके हैं। जहाँतक कथावस्तु और कथा सम्बन्धी अभिप्रायों और रूढ़ियोंका सम्बन्ध है, उनमें भी कोई ऐसी वस्तु नहीं है जिन्हें अभारतीय कहा जा सके, यह हम आगे देखेंगे।

अतः अन्त और बाह्य दोनों दृष्टियोंसे हिन्दी प्रेमाख्यानोंको फारसी मसनवियों-के साथ नहीं रखा जा सकता। वे सर्वांशमें भारतीय हैं। उनके सम्बन्धमें केवल इतना

ही कहा जा सकता है कि उनके रचयिता एक ऐसे धर्मको माननेवाले थे जिसका विकास भारतके बाहर हुआ था। किन्तु अभारतीय धर्मके माननेवाले होते हुए भी इन कवियोंकी भावनाएँ भारतीय चिन्तन-धारासे अनुप्राणित रही हैं, यह काव्यमें व्यक्त विचारोंसे स्पष्ट है।

कथा-वस्तु

मिरगावतीकी कथाका रूप इस प्रकार है—

१—एक अत्यन्त प्रतापी और धार्मिक राजा था। उसके पास पुत्रके अतिरिक्त सब कुछ था। ईश्वरसे उसने पुत्रकी याचना की और भण्डार खोलकर दान देने लगा। ईश्वरने उसकी प्रार्थना स्वीकार की, उसे एक पुत्र उत्पन्न हुआ पण्डित और ज्योतिषी बुलाये गये। उनसे ग्रह-नक्षत्र देखकर नाम रखनेको कहा गया। तुला राशिकी गणना कर उन्होंने उसका नाम राजकुँवर रखा और बताया कि वह बहुत बड़ा राजा होगा और उसके समान दूसरा कोई न होगा। किन्तु उसे "तिय वियोग कर कछु दुःख होई।" राजाने धाई बुलाकर उसके लालन-पालन करनेकी आज्ञा दी। राजकुँवर एक वर्षमें बोलने लगा। जब वह पाँच वर्षका हुआ तो राजाने पण्डितोंसे उसे सारी विद्याएँ सिखानेको कहा। दस वर्षमें ही वह पण्डित और हेंगुरि खेलनेमें दक्ष हो गया। (कड़वक १५–१९)

२—राजकुँवरको आखेट विशेष प्रिय था। एक दिन वह बहुतसे रावतोंको साथ लेकर जंगलमें आखेट खेलने गया। आखेट खेलते-खेलते वह साथियोंसे अलग हो गया। वहाँ उसे एक सतरंगी मृगी दिखायी पड़ी। वह आश्चर्य चकित रह गया। सोचा—यह आभूषण धारण करनेवाली जन्म-जात मृगी नहीं हो सकती। उसने उसे जीवित पकड़नेका निश्चय किया और उसके पीछे अपना घोड़ा छोड़ दिया। पीछा करते-करते वह सात योजनतक चला गया। तब उसे एक हरे वृक्षके नीचे मानसरोवर दिखायी पड़ा। राजकुँवरके डरसे मृगी उस सरोवरमें कूद पड़ी और अन्तर्धान हो गयी। राजकुँवर भी अपने कपड़े उतारकर सरोवरमें घुस गया और मृगीको ढूँढ़ने लगा। खोजते-खोजते जब वह थक गया और वह न मिली तब वह बाहर निकला और रोने लगा। उसे अपने तन-बदनकी सुधि जाती रही। वह घर-द्वार लोग कुटुम्ब सबको बिसार बैठा। (कड़वक २०–२५)

जब साथियोंको राजकुमार दिखायी न पड़ा तो वे उसे ढूँढ़ने लगे। जो मिलता उससे पूछते जाते। लोगोंने बताया कि वह एक मृगीके पीछे गया है। ढूँढ़ते-ढूँढ़ते वे लोग भी वृक्षके नीचे मानसरोवरके पास पहुँचे। वहाँ उन्हें राजकुँवर बैठा दिखायी पड़ा। वे लोग घोड़ेसे उतरकर उसके निकट आये और उससे उसका हाल पूछने लगे। पर उसने उनके प्रश्नोंका कोई उत्तर नहीं दिया। जब उसके साथियोंने उसकी इच्छा-पूर्तिका वचन दिया तो उसने सतरंगी मृगीकी बात कह सुनायी। साथियोंने कहा

ऐसी कोई मृगी नहीं हो सकती। वह इन्द्रकी अप्सरा रही होगी। तुम घर चलो। पर उसने जानेसे इनकार कर दिया। (कड़वक २६–३०)

तब सब चिन्तित हुए और आपसमें परामर्श करने लगे। उन्होंने राजकुँवरको बहुत समझाया पर उसकी समझमें कुछ भी नहीं आया। उसने उनसे मृगीको ढूँढ़नेको कहा। उसके कहनेपर उन लोगोंने सरोवरमें घुस-पैठकर देखा पर वहाँ कुछ भी न था। तब फिर समझाया। पर राजकुँवरकी समझमें कोई बात आयी ही नहीं। निदान उन लोगोंने पत्र लिखकर इसकी सूचना राजाको दी। राजाने सुना; वह बहुत दुःखी हुआ। नगरके सभी लोगोंको लेकर राजकुँवरके पास आया। राजाने राजकुँवरसे जो कुछ उसने देखा था सब बतानेको कहा। राजकुँवर सब बता गया। उसकी बातें सुनकर राजाने कहा यह सब बातें मूर्खताकी हैं। पानीमें मृगी नहीं खोयी। तुमने स्वप्नको प्रत्यक्ष समझ लिया है। घर चलो नहीं तो मैं भी तुम्हारे साथ मर जाऊँगा। राजाने राजकुँवरको हर तरफसे मनाया। (कड़वक ३१-३५)

राजाकी बातें सुनकर राजकुँवरने उससे अनुरोध किया कि मुझे यहीं रहने दें। आपके साथ जानेमें मुझे दुःख ही होगा। मेरा हृदय विदीर्ण हो जायेगा और मैं मर जाऊँगा। मेरी आपसे एक ही प्रार्थना है कि यहाँ एक भवन बनवा दें। राजाने तत्काल भवन बनानेका आदेश दिया और सतखण्डा प्रासाद बनकर तैयार हो गया जिसमें चित्र भी उकेरे गये। उसमें राजकुँवर मृगीका स्मरण करते हुए एक वर्ष रहा। (कड़वक ३६-४५)

एक दिन उसने बवण्डर उठते देखा। फिर उसे इन्द्रकी अप्सराएँ जैसी कोई चीज दिखाई पड़ी और वह देखते ही मूर्च्छित हो गया। फिर वह सँभलकर उठा तो देखा कि वे सब अप्सराएँ सरोवरमें क्रीड़ा कर रही हैं। वे संख्यामें सात थीं और एक ही पिताकी जन्मी-सी जान पड़ती थीं। उन सबका रंग एक-सा था। किन्तु उनमें भी एक अपूर्व थी। वह राजकुँवरके मनमें बस गयी। (कड़वक ४६)

खेलते-खेलते सहेलियोंकी दृष्टि भवनपर गयी और उसे देखकर उन्हें आश्चर्य हुआ। वे सब आपसमें कहने लगीं कि हम यहाँ वर्षमें एक बार आती हैं। पर अभी-तक हमें यहाँ किसी मनुष्यके होनेकी आहट नहीं मिली थी। सो यह क्या है? किसीने कोई प्रपंच तो नहीं रचा है? हम सबको सचेत रहना चाहिए। सो चलो चलें। कहीं कुछ हो गया तो क्या किया जायेगा? उन सबमें जो सबसे अधिक सुन्दरी थी, उसने कहा—भला मनुष्य हमें क्या पायेगा। हम जहाँ चाहें उड़ जायँ। फिर मनुष्य जैसा उत्तम कोई नहीं है। यह तो हमी लोग हैं जो जब जैसा चाहते हैं वेश बना लेते हैं। हमें भला कोई क्या पायेगा। इस तरह वे बातें करती सरोवरसे बाहर निकलीं और अपने कपड़े पहनने और माँग सँवारने लगीं। राजकुँवर उनकी ओर लपका और चाहा कि उनके पावोंपर गिर पड़े। पर उसको आते देख वे सातो उड़ चलीं। (कड़वक ४७–४९)

उनके उड़ जानेपर राजकुँवर मूर्च्छित हो गया। धाईने पास आकर देखा और अमृत छिड़ककर उसे होशमें ले आयी। राजकुँवरने उसे सातो अप्सराओंके आनेकी बात बतायी और उनमें जो सर्वसुन्दरी थी उसका रूप वर्णन किया। (यहाँ उसका आद्यन्त नख-शिख वर्णन है)। सुनकर धाईने कहा कि यह कोई कठिन कार्य नहीं है। तुम तनिक भी चिन्ता न करो। जैसा मैं कहती हूँ करो। एक बुधवन्त गुनीसे जो बात मैंने सुनी है वह तुमको बताती हूँ। वह मिरगावती रानी है जो यहाँ निर्जला एकादशी करने आयी थी। जिस जगह वह अन्तर्ध्यान हुई वहाँ वह हर पर्वको आती है। वह उसके हाथ आयेगी जो किसी प्रकार उसका चीर पा ले। (कड़वक ५०-७८)

धाईकी बात उसके मनमें बस गयी। उसने सरोवरके किनारे एक कूप बनवाया और निर्जला एकादशीके दिन उसमें जा छिपा। मिरगावतीने निर्जला एकादशीके दिन अपनी सखियोंसे सरोवरमें स्नान करने चलनेको कहा। पर उन्हें यह नहीं बताया कि उसका मन राजकुँवरपर अनुरक्त है। निदान सब साथ हो लीं और सरोवरके किनारे आयीं। अपने वस्त्राभूषण उतारकर वे सरोवरमें घुस गयीं और क्रीड़ा करने लगीं। ईश्वरका स्मरणकर राजकुँवर बाहर निकला और जाकर मिरगावतीका चीर उठा लिया। जैसे ही उन्हें आहट मिली कि कोई चीर लेने आया है, वे सब अपना-अपना वस्त्र लेने भागीं। सबने तो अपना-अपना वस्त्र उठा लिया पर मिरगावतीको अपना वस्त्र नहीं मिला। यह देखकर सखियाँ बोलीं—हमने तो तुमसे उसी दिन कहा था पर तुमने कहा कि कोई नहीं है। इतना कहकर वे सब उड़ गयीं। (कड़वक ७९-८२)

३—जब मिरगावतीको अपना चीर नहीं मिला तो वह फिर पानीमें घुस गयी। देखा तीरपर राजकुँवर खड़ा है। उसे देखकर बोली—तुमने यह अच्छा काम नहीं किया। मुझे अपनी सखियोंसे बिछुड़ा दिया। कुँवरने उत्तर दिया—तुम्हारी चाहमें मेरा यह दूसरा वर्ष है। जिस दिन तुम मृगी बनकर आयी थी उसी दिनसे मैं तुम्हारे लिये पागल हो रहा हूँ। यहाँ रहते अब यह तीसरा वर्ष हो रहा है। और वह अपनी सारी कथा सुना गया। यह सुनकर मिरगावतीने बताया कि मैंने भी तुम्हारे लिए ही मृगीका रूप धारण किया था। दुबारा भी तुम्हारे लिए ही आयी थी और सखियोंको बातोंमें भुलावा दिया था। फिर एकादशीके बहाने यहाँ आयी। तुमने मेरा चीर छिपा कर सहेलियोंका साथ छुड़ा दिया। मेरा चीर दे दो। जो तुम कहोगे, मैं करूँगी।

राजकुँवरने कहा—धाईने मुझे सब बात बता दी है। सो तुम्हारा चीर तो नहीं दूँगा। हाँ, यदि दूसरा चीर चाहो तो एक क्या मैं सात सौ ला दूँ। यह सुनकर मिरगावती ऊपरसे तो बहुत बिगड़ी और धाईको गालियाँ देने लगी पर मन-ही-मन प्रसन्न हुई कि उसने उसे उचित उपाय बताया। अन्तमें हारकर बोली—अच्छा अपना ही चीर लाकर दो। उसे पहनकर वह बाहर आयी। फिर दोनों भवनमें आये और सुवर्ण-सिंहासनपर बैठे। राजकुँवरने मिरगावतीके गलेमें हाथ डालकर उरकी ओर हाथ बढ़ाया। तब मिरगावतीने कहा—जरा सँभालो। यदि मेरी मानो तो एक बात कहूँ। तुम राजपुत्र हो और मैं भी कुलवती हूँ। मैं तुम्हारी हूँ, इसमें सन्देह नहीं

पर सहेलियोंको आने दो। विवाहके पश्चात् रस-बात करना। राजकुँवरने उसकी बात मान ली और दोनों परस्पर प्रतिज्ञाबद्ध हुए। राजकुँवरने पिताको अपनी आकांक्षा पूरी होनेकी सूचना दी। (कड़वक ८३-९२)

पत्र पाकर राजा प्रसन्न हुआ और साज-बाजके साथ राजकुँवरसे मिलने आया और पुत्रवधूसे मिलकर बहुत कुछ न्योछावरमें बाँटा। पश्चात् दो-चार दिन रहकर अपने नगर लौट गया। (कड़वक ९३-९६)

४—राजकुँवर और मिरगावती सारसके जोड़ेके समान एक जगह रह कर हँसते खेलते रहे। एक दिन मिरगावतीके मनमें आया कि किसी प्रकार चीर मिल जाय तो मैं यहाँसे उड़ जाऊँ। अगर राजकुँवरको मेरी चाह होगी तो वह ढूँढ़ता हुआ मेरे नगर आयेगा।

इसी बीच एक दिन राजाको राजकुँवरकी याद आयी और उसने उसे बुलानेके लिए दूत भेजा। पिताका सन्देश पाते ही शकुन-अपशकुनका विचार न कर राजकुँवर चल पड़ा। इधर मिरगावतीने धाईको मीठी बातोंमें फुसला लिया और कामके बहाने अन्यत्र भेज दिया। जब तक धाई लौटे-लौटे, उसने अपना चीर ढूँढ़ निकाला और पहन कर उड़ गयी। धाई लौट कर आयी तो उसे मिरगावती नहीं दिखाई पड़ी। वह उसे इधर-उधर ढूँढ़ने लगी। बाहर आकर भवनके ऊपर देखा तो वह वहाँ बैठी हुई थी। धाई उससे लौट आनेके लिए अनुनय-विनय करने लगी। मिरगावतीने कहा—राजकुँवर आये तो कह देना कि निसंदिग्ध रूपसे मेरा मन उनमें अनुरक्त है किन्तु जो वस्तु मुफ्त प्राप्त होती है, लोग उसका मूल्य नहीं आँकते। इसलिए मैं उड़ कर जा रही हूँ। कुँवरसे कहना कि वह तत्काल मेरे पास आये। कंचननगर मेरा स्थान है और मेरे पिताका नाम रूपमुरारि है। इतना कह कर मिरगावती उड़ गयी। (कड़वक ९७–१०१)

५—उधर हँसते हुए राजकुँवरके हृदयमें अचानक खलबली मची और वह पितासे बिदा लेकर अपने भवन लौटा। कुँवरको आया देख धाई रोने चिल्लाने लगी और मिरगावतीके उड़ जानेका हाल कह सुनाया। सुनते ही राजकुँवर पछाड़ खाकर गिर पड़ा और आत्यहत्याकी चेष्टा करने लगा। लोगोंने उसे समझानेकी चेष्टा की और किसी-किसी तरह उसे आत्महत्या करनेसे रोका। वह रोता विलाप करता रहा। उसकी स्थिति पागलोंकी-सी हो गयी। अन्ततोगत्वा वह योगीका साज मँगा कर मिरगावतीकी खोजमें निकल पड़ा। बिना किसी डर भयके रोता बिसूरता किंगरी बजाता चलता गया और जाकर एक नगरमें पहुँचा। वहाँ रुक कर उसने मिरगावतीकी टोह लेनेकी चेष्टाकी। वह न कहीं जाता और न आता, रोता और प्रेमकी किंगरी बजाता रहता। लोगोंने जाकर राजासे कहा कि योगीके वेशमें एक राजकुमार आया हुआ है। राजाको उसे देखनेकी उत्सुकता हुई। आकर उसे देखा, बातें की। राजकुँवरने अपनी प्रेमगाथा कह सुनायी। उसकी बातें सुनकर राजाको दया आयी। उसने उसे समझानेकी चेष्टा की, पद्मिनी देनेकी बात कही किन्तु उसने कुछ भी सुनने-लेनेसे इनकार किया

और बोला--किसी ऐसे आदमीको ढूँढ़ कर बुला दीजिये जो कंचनपुरका रास्ता जानता हो। इतनी ही दया काफी है। पता लगा कि उस नगरमें एक जंगम है जो देश-विदेश बहुत घूमा हुआ है। वह बुलाया गया। आकर उसने कंचनपुरके मार्गकी दुर्गमताकी बात कही। पर उससे राजकुमार तनिक भी विचलित नहीं हुआ। निदान जंगम उसे मार्ग बताने चला और सागर-तट पर आकर कहा कि कंचनपुरको यही मार्ग जाता है। वहाँ एक नाव थी। उसी पर सवार होकर राजकुँवर चल पड़ा। (कड़वक १०२-१२०)

६--एक मास तक समुद्रके लहरोंके बीच रहनेके बाद उसे किनारा दिखाई पड़ा। किनारे गिरि-पर्वत पर उसे दो आदमी दिखाई पड़े। उन्होंने बताया कि जिस मार्गसे तुम आये, उसी मार्गसे हम भी आये हैं। पर्वत देखकर हमने समझा कि हम किनारे पहुँच गये हैं पर यहाँ तो लोगोंके उतरनेका कोई घाट ही नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि हमारे साथ अनेक नावें थीं पर सभी डूब गयीं। खोजा पर उनका कहीं पता नहीं लगा। एक आश्चर्य यह भी देखा कि एक असाधारण साँप यहाँ है जो नित्य एक आदमी खाता है। हमारे नावमें बहुतसे आदमी थे। उन सबको वह खा गया। अब हम केवल दो ही व्यक्ति बच रहे हैं।

उनकी बात समाप्त हो भी न पायी थी कि सर्प आ पहुँचा और उनमेंसे एक-को पकड़ ले गया। दुबारा आकर सर्प दूसरे आदमीको भी ले गया। यह देखकर राजकुँवर रोने और ईश्वरसे प्रार्थना करने लगा। इतनेमें फिर सर्प आया और राज-कुँवर अपने जीवनके प्रति निराश होने लगा। तभी एक दूसरा सर्प दिखाई पड़ा। दोनों सर्प आपसमें लड़ने लगे और लहरके साथ बह गये। लहरके साथ नाव भी किनारे आ लगी और कुँवरके जानमें जान आयी। (कड़वक १२१-१२६)

७--नावसे उतर कर राजकुँवर चला। मार्गमें उसे एक आम्राराम दिखाई पड़ा। उसके भीतर जाकर वह बैठ गया। फिर घूम फिर कर उसे देखने लगा। उसे एक भवन दिखाई पड़ा। उत्सुकतावश वह उसके भीतर घुसा। वहाँ उसे पलंग पर बैठी हुई एक राजकुमारी दिखाई पड़ी। वह रो रही थी। राजकुँवरने उससे रोनेका कारण पूछा तो उसने बताया--उस नगरका नाम सुबुद्धया है। वहाँके राजा अयोध्या के सुप्रसिद्ध राघव वंशके हैं। उनका नाम देवराय है। मैं उसकी कन्या हूँ। मेरा नाम रुपमनि (रूपमणि) (बीकानेर और चौखम्भा प्रतिके अनुसार--रुकमिनि) है। यहाँ एक राक्षस रहता है जो वर्षमें एक आदमी लेता है। इस वर्ष मेरी बारी आयी है। इसलिए उन्होंने मुझे दिया है।[1] आप यहाँसे चले जाइये।

---

१. शिवगोपाल मिश्रने सम्मेलन संस्करणमें कथा-सार देते हुए रूपमनिके एक वर्ष पूर्व राक्षस द्वारा हर लानेकी बात कही है। एकडला प्रतिमें उन्हें वह कड़वक उपलब्ध था जिसमें स्पष्ट कहा गया है--राकस एक रहत है पंथा, बरिस देवस एक लेइ। यहि र बरिस ओसरी हम आई, तो उन्ह हम कँह देइ॥ (कड़वक ९, पृष्ठ ९६)। फिर क्यों और किस आधार पर उन्होंने ऐसा कहा है, कहना कठिन है।

यह सुनकर राजकुँवरने कहा कि मैं तुम्हें छोड़कर नहीं जा सकता। आज मैं उस राक्षसको किसी-न-किसी उपायसे अवश्य मार डालूँगा। तब उस राजकुमारीने कहा—यदि नहीं जाते हो तो मेरे पास आकर बैठो। राजकुँवरने कहा—मैं वचनबद्ध हूँ, इस कारण किसी स्त्रीके पास नहीं बैठता। जीवित रहते इस प्रतिज्ञाका पूर्णतः पालन करूँगा।[1]

यह बातें हो ही रही थी कि राक्षस आ पहुँचा। उसके सात सीस और चौदह भूदण्ड थे। उसे देख कर रूपमणि घबराई पर राजकुँवर ने उसे आश्वस्त किया और अपने चक्रसे राक्षसको मार डाला। यह देखकर राजकुमारी मूर्छित हो गयी। राजकुँवर उसे होशमें ले आया। राजकुमारी उसकी वीरता पर मोहित हो गयी और उससे अपने निकट बैठनेका अनुरोध करने लगी। राजकुमार भी, यह सोच कर कि मन शुद्ध हो तो निकट बैठनेमें कोई हर्ज नहीं, जाकर उसके सेज पर बैठ गया।

तब राजकुमारीने कहा—तुम योगी नहीं जान पड़ते। शपथ देकर वह उसका नाम-धाम पूछने लगी। राजकुँवरने बताया—मैं सूर्यवंशी प्रतापी राजा गनपतदेवका पुत्र हूँ, चन्द्रागिरि उनका विशाल गढ़ है। कंचनपुर निवासिनी मिरगावती रानीको देख कर अपनेको भूल बैठा हूँ। तब राजकुमारीने पूछा—तुमने उसे कहाँ देखा? उत्तरमें राजकुँवर आखेटके समय मृगी देखनेसे लेकर चीर-हरणके पश्चात पाँच मास साथ रहकर मिरगावतीके उड़ जाने तककी सारी घटना सुना गया। (कड़वक १२७–१३८)

८—प्रातःकाल होने पर लोग रूपमणिकी खोजमें निकले। उसकी हड्डियोंको एकत्र कर चिता पर जलानेके निमित्त रोता हुआ राजा आया। यहाँ आकर उसने रूपमणिको जीवित पाया और उसके पास एक अन्य व्यक्तिको बैठा देखा। राजाको देख कर रूपमणि घबराई और तत्काल सेजसे उठ खड़ी हुई। राजाने उसे गलेसे लगाया और पूछा कि वह किस प्रकार बच निकली। तब राजकुमारीने राजकुँवरको दिखा कर सारी बात कह सुनाई और कहा कि यह कुलमें हमसे उच्च है। इनके पिता सूर्यवंशी चन्द्रागिरिपति हैं।

यह सुनकर देवरायने सोचा कि इसे यहाँसे जाने न दूँगा। मेरे कोई पुत्र नहीं है अतः बेटीके बदले उसे प्राप्त करूँगा। यह सोच कर वह राजकुँवरसे बोला—योगी वेशका परित्याग करो। मैं तुम्हें अपना आधा राज-पाट देकर अपनी बेटी ब्याह दूँगा। राजकुँवरने उत्तर दिया—मैं योगी हूँ। राज-पाटसे मुझे क्या प्रयोजन! राजाने उसे फुसलानेकी बहुत चेष्टा की। जब वह किसी प्रकार न माना तो उसे बन्दीगृहमें डाल देनेकी धमकी दी। धमकीके बाद राजकुँवर कुछ सोच-समझ कर राजाकी बात मानने-

---

१. इस स्थल पर शिवगोपाल मिश्रने लिखा है कि रूपमनिके गिड़गिड़ाने पर राजकुँवर उसकी सेज पर बैठ गया (सम्मेलन संस्करण, पृ० १९)। किन्तु यह गलत है, ऐसी बात राक्षस-वधके पश्चात् हुई, पूर्व नहीं।

को तैयार हो गया। योगीका वेश उतार कर उसने श्वेतवस्त्र धारण किया। तब राजाने उसे हाथी पर सवार कराया।

नगरके लोग उसे देखने आये और उस पर फूल बरसाये। घर घर सब लोगोंने रूपमणिके पुनर्जीवन पर प्रसन्नता प्रकट किया और न्योछावर बाँटा। (कड़वक १३९–१४६)

९—राजा प्रसन्न हुआ; पर राजकुँवर ऊपरसे तो हँसता पर मनमें दुःखी रहने लगा। राजाने उसके गुणोंकी परीक्षा लेनेका निश्चय किया। फलतः उसने दिखाया कि वह सभी तरहका जुआ खेलनेमें दक्ष है; उसे हेंगुरि और आखेट खेलना भली प्रकार आता है; वह सब विद्याओंसे भी परिचित है। इस प्रकार उसके सब प्रकारसे कुलवन्त होनेके प्रति आश्वस्त होकर राजाने विवाहका निश्चय किया। उधर राजकुँवर भागनेका उपाय सोचने लगा। वह अपने मनकी बात किसीसे न कहता और योगी-जंगमकी टोह लेता रहता। (कड़वक १४७-१५२)

विवाहका आयोजन हुआ, लोगोंने ज्योनार किया और कुल-रीतिके अनुसार विवाह-कार्य सम्पन्न हुआ। विवाहके पश्चात् जब राजकुँवर रूपमणिके साथ सेजपर बैठा तो उसे उसकी याद आयी जिसे वह खो बैठा था। उसने सोचा—भोग-विलासमें रत होना उचित नहीं है। अतः रूपमणिको बातोंमें ही भुलाये रखना ठीक होगा। वह उसे बातोंमें बहलाये मन ही-मन मिरगावतीका चिन्तन करता रहा। (कड़वक १५२-१५६)

प्रातःकाल जब राजकुँवर राजसभामें गया तो उसने एक धर्मशाला बनवानेका प्रस्ताव रखा। धर्मशाला बना। धर्मशालामें जो भी जोगी, जंगम, पंथी आता, उसे भोजन दिया जाता। राजकुँवर उनके पास बैठता, उनसे देश-लोककी बात पूछता और कंचनपुरके सम्बन्धमें जिज्ञासा करता। रूपमणिने ताड़ लिया कि राजकुँवर मुझमें अनुरक्त नहीं है। वह रूठकर खट्वाट् लेकर पड़ रही। राजकुँवर जब सभासे लौटा तो उसने यह अवस्था देखी और यह विश्वास दिलानेकी चेष्टा की मैं तुम्हींसे प्रेम करता हूँ, अन्य किसीसे नहीं। राजकुमारी बोली—मैं तुम्हारी सब धूर्ताचार समझती हूँ। तुम्हारा शरीर तो यहाँ पर मन कहीं और है। राजकुँवरने उसे बहुत तरहसे समझा बुझाकर मनाया और हृदयसे लगाया।

राजकुमारीको मनाकर जब राजकुँवर बाहर निकला तो एक योगीको बैठा पाया। उससे हाल-चाल पूछा। उसने कंचनपुरके सम्बन्धमें जानकारी दी। जानकारी प्राप्त कर राजकुँवरने उस योगीसे उसका कन्था ले लिया और आखेटके बहाने घरसे निकल पड़ा। आखेट खेलते-खेलते जब वह अकेला हो गया तब वे अपने कपड़े उतार कर योगी वेश धारण किया और घोड़ेको वहीं छोड़कर सागर तटपर पहुँचा, जहाँ घाटपर नाव चलती थी। केवटको पैसे देकर वह उस पार जा पहुँचा। (कड़वक १५७-१६४)

जो लोग कुँवरके साथ थे, वे ढूँढ़ते हुए वहाँ आये जहाँ राजकुँवर अपना घोड़ा छोड़ गया था। उन लोगोंने कुँवरको ढूँढ़ा पर जब वह न मिला तो उन लोगोंने सोच लिया कि उसे बाघ खा गया है। वे लोग दुःखी होते हुए घर लौटे। जब यह समाचार रूपमणिको मिला तो वह एकदम कुम्हला गयी और अपने भाग्यपर पश्चाताप करने लगी। (कडवक १६५-१६७)

१०—उस पार पहुँचकर राजकुँवर बनमें घूमता फिरा। तीस दिन चलनेके पश्चात् बनका अन्त हुआ। बनसे बाहर आनेपर उसे कुछ बकरियाँ चरती दिखाई पड़ीं और एक चरवाहा गड़ेरिया मिला। राजकुँवरको देखते ही गड़रिया उसके पास आया और अतिथि कहकर उसका स्वागत किया तथा घर चलनेका अनुरोध किया। राजकुँवरने प्रसन्नतापूर्वक उसका आतिथ्य स्वीकार कर लिया और उसके साथ चल पड़ा। गड़ेरिया उसे लेकर एक खोहमें घुसा और उसे भीतर कर आप द्वार बन्दकर बाहर बैठ गया। यह देख राजकुँवर आश्चर्यचकित रह गया। उसने उलटकर देखा तो वहाँ उसे अनेक व्यक्ति असाधारण रूपसे मोटे दिखाई पड़े। उसने उनसे उनके सम्बन्धमें पूछा और उनकी असाधारण मुटाईका कारण जानना चाहा। उन लोगोंने बताया कि गड़ेरिया उन लोगोंको भुलावा देकर ले आया है और उन्हें कोई ऐसी औषधिमूल खिला दिया है जिसके कारण वे लोग चलने-फिरनेमें असमर्थ हो गये हैं।

यह सुनते ही राजकुँवरकी जान सूख गयी। अच्छा आतिथ्य करने आया! खाना खिलानेको कौन कहे, यह स्वयं मुझे खाना चाहता है। इसने मुझे जैसा रास्ता दिखाया है वैसा ही मैं भी कुछ करूँ जिससे यह आकाश चला जाय। और वह उससे छुटकारा पानेका उपाय सोचने और मन-ही-मन दुःखी होने लगा। जब उसकी समझमें कोई भी उपाय नहीं आया तो जो लोग भीतर थे, उन लोगोंने उसे उपाय सुझाया। जबतक वह तुम्हें औषधिमूल नहीं खिलाता, उस बीच जो हम कहते हैं करो। वह अभी आकर हममेंसे एकको भूनकर खायेगा और फिर पड़कर सो रहेगा। जब वह सोता रहे तभी सँडसी दग्धकर उसकी आँखमें घुसेड़ दो। राजकुँवरकी समझमें यह उपाय आ गया और उसने वैसा ही किया और गड़ेरियाकी आँखें फोड़ दीं।

गड़रिया क्रुद्ध होकर उठा और राजकुँवरको पकड़ना चाहा पर वह भाग गया। गड़ेरिया उसको चारों कोने टटोलने लगा पर वह हाथ न आया। तब वह द्वारपर जा बैठा और द्वारको इस प्रकार बन्द कर दिया कि कोई बाहर निकल न सके। यह देख राजकुँवर पुनः चिन्तित हुआ। तीन दिन तक ऐसी ही स्थिति रही। फिर गड़ेरियाके मनमें आया कि बकरियोंको निकाल दूँ, वे चर आयें। वह एक-एक बकरी निकालने लगा। इसे निकलनेका अच्छा अवसर देखकर राजकुँवरने एक बकरीको मार डाला। और उसका चमड़ा निकालकर ओढ़ लिया और बकरियोंके साथ निकलने लगा। निकलते समय जब गड़ेरियेने उसे टटोला तो उसे लगा कि वह बकरी नहीं है। लेकिन जब तक उसे पकड़नेकी कोशिश करे, राजकुँवर बाहर निकल गया। (कड़वक १६८-१८६)

११—वहाँसे राजकुँवर आगे बढ़ा। चलते-चलते उसे एक भवन दिखाई पड़ा। तब तक शाम हो गयी। उसने वहीं रात बितानेका निश्चय किया। जब वह भवनके निकट पहुँचा तो उसे एकदम निर्जन पाया। उसे आश्चर्य हुआ और लगा कि वह कोई कौतुकपूर्ण जगह है। वहाँ वह छिपकर बैठ गया। इतनेमें चार अपूर्व कबूतर आये और आकर उन्होंने नारी रूप धारण किया। फिर उन्होंने मन्त्र पढ़ा; बिछी हुई सेज आ गयी। पुनः मन्त्र पढ़ा तो चार मोर आये और आकर वे चार पुरुष बन गये। और तब सब सेजपर बैठकर केलि करने लगे। इस प्रकार हँसते खेलते रात बीत गयी। जब सुबह हुई तो दूतने आकर उन्हें सूचना दी कि किसीने गड़रियेको अन्धा कर दिया है। इतना सुनते ही वे सब उड़ गये। यह देखकर राजकुँवर डरा और वहाँ-से भागा। जब बहुत दूर भाग आया और धूपसे परेशान हो गया तो एक पेड़के नीचे जा बैठा। (कड़वक १८७-१९१)

१२—उधर मिरगावती जब राजकुँवरके महलसे उड़कर आयी तो सहेलियाँ उससे चीर-हरण की बात पूछने लगीं। कहने लगीं कि कोई बिना किसी सम्बन्धके किसीका चीर नहीं लिया करता। तब मिरगावतीने उन्हें बताया कि जिस दिन मैं तुम्हारे साथ स्नान करने गयी थी और तुम लोग मुझे छोड़ कर चली आयी थी, उस दिन रास्तेमें मैंने एक राजकुमारको देखा। उसे देखते ही सुधि-बुधि खो बैठी और मृगीका रूप धारण कर उसे निहारने लगी। उसे अपनी ओर आकृष्ट कर मैं भागी। उसने मेरा पीछा किया पर मैं उसकी पकड़में नहीं आयी और जिस सरोवरमें तुम नहाने गयी थीं, उसमें विलीन हो गयी। फिर दुबारा जब जी नहीं माना तो बहाना करके तुम्हें साथ ले गयी। तुमने सरोवरके निकट जो मन्दिर देखा, वह उसी राजकुमार-ने बनवाया है। वहाँ वह बैठकर मेरी प्रतीक्षा करता रहा। पुनः जब हम तीसरी बार गयीं तो उसने धाईकी सीखपर मेरा चीर ले लिया और अपना चीर लाकर दिया। उसने मेरा चीर ऐसी जगह छिपा दिया कि वह मिल न सके। उसने जब मुझसे रस-रंग की बात कही तो मैंने कहा कि सहेलियोंको आने दो। उनसे माँग कर मेरे साथ सेज-रमण करना। वह मेरी बात मान गया। फिर एक दिन जब मुझे अवसर मिला तो मैंने धाईको भुलावा देकर अन्यत्र भेज दिया और चीर पहनकर भाग निकली। आते समय अपना पता दे आयी और कह आयी कि यदि वह मुझपर अनुरक्त है तो कंचनपुर आये। कहकर तो चली आयी पर यहाँ मन नहीं लग रहा है। तब सहेलियाँ उससे प्रेमकी बातें करने लगीं। (कड़वक १९२–२००)

१३—मिरगावतीके पिता स्वर्गवासी हुए, राजकर्मचारियोंने पुत्रके अभावमें मिरगावतीको राजगद्दीपर बैठाया। वह धार्मिक ढंगसे शासन करने लगी। उसने एक धर्मशाला बनवाया और आदेश दिया कि जो भी योगी-जंगम आये उसे भोजन-पानी दिया जाय। जो भी यात्री आये वह मुझसे बिना मिले न जाय। इस प्रकार जो भी योगी-यती आता, उसे वह अपने पास बुलाती और इधर-उधरकी बातोंके बाद चन्द्रा-गिरिकी बात पूछती। (कड़वक २०१-२०२)

१४—राजकुँवर वृक्षके नीचे आकर बैठा। उसकी दृष्टि ऊपर गयी। वहाँ दो पक्षी बैठे परस्पर प्रेम-कथा कह रहे थे। वह ध्यान देकर उनकी बातें सुनने लगा। वे कह रहे थे कि एक राजकुमार मिरगावतीके प्रेममें अनुरक्त है। उसने अबतक बहुत कष्ट सहे हैं पर अब उसके दुःखके दिन थोड़े ही रहे, वह शीघ्र ही सुख प्राप्त करेगा। यह कहकर वे दोनों उड़ चले। कुँवरने जो यह बात सुनी तो जिस ओर वे गये थे, उसी ओर वह भागता चला। जाते-जाते एक मार्ग मिला। आगे जानेपर उसे एक लक्षाराम मिला। उसे लगा कदाचित् यही कंचनपुर है। वह लक्षाराममें घुस गया और उसे देखता हुआ आगे बढ़ा और कुएँके निकट आया। वहाँ उसे पनिहारिनें दिखाई पड़ीं। उनसे पूछनेपर ज्ञात हुआ कि वही कंचनपुर है और वहाँ मिरगावतीका राज है। जो योगी-यती वहाँ आते है, उनका वहाँ बड़ा मान होता है। (कड़वक २०३-२१४)

राजकुँवरने नगरमें प्रवेश किया। राजद्वारतक पहुँचा। आगे प्रवेश करना सहज न पाकर वह किंगरीपर वियोग बजाने लगा। उसके वियोगकी बात नगरमें फैल गयी। मिरगावतीने सुना और उसे बुला भेजा। सात द्वार पार कर जब राजकुँवर भीतर पहुँचा तो उसने मिरगावतीको सुवर्ण-सिंहासनपर बैठे पाया। उसे देखते ही वह मूर्छित हो गया। (कड़वक–२१५)

उसे मूर्छित होते ही वह भाँप गयी कि यह जोगी नहीं, राजकुँवर है। उसने सहेलियों से उसे होशमें लानेको कहा। वे उसे होशमें ले आयीं और उससे मूर्च्छित होनेका कारण पूछने लगीं। फिर उन्होंने अनुमान लगाया कि कदाचित् यह वही है जिसकी बात मिरगावती कहा करती है। जब मिरगावतीको भी निश्चय हो गया कि वह वही राजकुँवर है तो उसे निकट बुलाया और अपनी सहेलियोंको यह बात बतायी, तब सहेलियोंने मिरगावतीसे राजकुँवरकी परीक्षा लेनेको कहा। परीक्षामें राजकुँवर खरा उतरा। तब मिरगावतीने दासियोंको उसे स्नान करानेका आदेश दिया। (कड़वक २१६–२२१)

१५—मिरगावतीने शृङ्गार किया और सेज सँवरवाया और उसपर जा बैठी। बैठकर राजकुँवरको बुलवाया। राजकुँवरके आते ही सेजसे उतरकर उसने उसका स्वागत किया। फिर दोनों सेजपर जा बैठे। मिरगावतीने बताया कि क्रोधमें यहाँ आनेको तो आ गयी पर आनेपर पश्चाताप हुआ। मैं दिन-रात तुमको याद करती रही। राजकुँवरने भी अपना सारा दुःख कह सुनाया—किस प्रकार उसने योग-पंथ धारण किया, बनमें खोया, समुद्रमें गया, सर्प-भक्षणसे बचा, राजकुमारीके भक्षणके लिए आये राक्षसको मारा, राजकुमारीसे विवाह किया, वहाँसे भागा, गड़ेरियाके चंगुलमें पड़ा, उसका आँख फोड़ा, यह सब उसने सविस्तार सुनाया। यह सुनकर मिरगावती व्याकुल हुई और उसे कण्ठसे लगा लिया। पश्चात् दोनों आलिंगन-परिरम्भणमें रत हो गये। (कड़वक २३२–२४४)

१६—प्रातःकाल राजकर्मचारियोंने सुना और वे मिरगावतीके पतिको जुहार करने आये। राजकुँवरने उन्हें धन्य-धान्यसे सम्मानित किया। फिर राज-सभामें

बैठा। वहाँ नृत्य-संगीत हुआ। राजकुँवरके सभामें जाने पर मिरगावतीने सखियोंको बुलवाया। वे सब आकर रातकी बात पूछने लगीं। मिरगावती पहले तो चुप रही पीछे उसने राजकुँवरकी प्रशंसा की। सखियाँ अपने घरसे निछावर लायीं। मिरगावतीने उसे ग्रहण किया और उन्हें वस्त्राभूषण भेंटमें दिये। (कड़वक २४५–२६१)

१७—एक दिन किसी सखीके यहाँ कुछ मंगलाचार था। वह मिरगावतीको बुलाने आयी। मिरगावती राजकुँवरसे पूछ कर उसके घर गयी और जाते समय राज-कुँवरको मना करती गयी कि घरमें जो ओबरी है, उसे मत खोलना। उसके चले जाने पर राजकुँवरको जाननेकी जिज्ञासा हुई कि ओबरीमें क्या है। उसने जाकर ओबरी खोला। वहाँ उसने कटघरेमें एक आदमीको बन्द देखा। राजकुँवरको देखते ही वह आदमी गुहार करने लगा। राजकुँवरके पूछने पर उसने बताया कि मैं मिरगावतीके पिताका एक कर्मचारी हूँ। मैं उनका विश्वासपात्र था। अर्थ-भण्डार सब कुछ मेरे हाथमें था। स्वामीका प्रियपात्र होनेके कारण अनेक लोग मेरे शत्रु थे। रूपमुरारिके मरते ही लोगोंने मुझे बन्दी कर दिया है। उसने राजकुँवरसे तरह-तरहकी बातें की। उन्हें दया आ गयी और उसने कटघरा खोल दिया।

कटघरा खुलते ही उसमेंसे एक विशालकाय दैत्य निकल पड़ा और निकलते ही वह कुँवरको कन्धे पर रख कर आकाशमें उड़ गया। कुँवरको अपने किये पर पछतावा होने लगा। दैत्य उसे उड़ाकर सौ योजन दूर ले गया और वहाँ कुँवरसे बोला—मेरी प्रियतमाके साथ तुम सुख भोग कर रहे हो और मुझे सताते हो। मैं मिरगावतीका प्रेमी हूँ और वह तुम पर अनुरक्त हो गयी है। एक वर्ष तक मैं उसकी प्रतीक्षा करता रहा पर वह हाथ न आयी। उसे तुम मुफ्तमें ही पा गये अब मैं तुम्हें पृथ्वी पर पटकूँगा। सो कहो तुम्हें पर्वत पर गिराऊँ या समुद्रमें। कुँवरने मनमें सोचा कि इससे उलटी ही बात कहनी चाहिये और उसने उससे पर्वत पर गिरानेको कहा। दैत्यने कहा—नहीं, तुझे पानीमें गिराऊँगा और उसे समुद्रमें डाल दिया। ईश्वरकी कृपासे वह उथले पानीमें गिरा।

इधर राजकुँवरके सिर यह विपत्ति आयी, उधर मिरगावतीके हृदयमें खलबली मची और उसे शंका होने लगी कि पुरुष जाति मना की गयी बातको नहीं मानती। कहीं उन्होंने ओबरी तो नहीं खोल दिया! वह सखीसे घर जानेके लिए अनुमति माँग ही रही थी कि दासी रोती चिल्लाती आयी। और दैत्य द्वारा राजकुँवरके उड़ा ले जाये जानेका समाचार दिया। यह सुनते ही मिरगावती अवाक् रह गयी। एक घड़ी-के पश्चात् जब उसे कुछ चेतना आयी तो वह विलाप करने लगी। सहेलियाँ उसे समझाने लगीं। नगरमें समाचारसे खलबली मच गयी।

सखियोंके समझाने बुझाने पर उसने सेवकोंको राजकुँवरको ढूँढ़नेका आदेश दिया। स्वयं भी राजकुँवरको ढूँढ़नेका तरह-तरहसे यत्न करने लगी। तब एक आदमी ने आकर राक्षसके गिरफ्तार किये जानेका समाचार दिया। तत्काल उसे सामने लाये जानेका आदेश हुआ। उससे राजकुँवरके सम्बन्धमें पूछा जाने लगा पर वह मौन

रहा। उसे तरह-तरहके त्रास दिये गये पर उसने कुछ नहीं बताया। अन्तमें उसे कोठरीमें बन्द कर दिया गया। (कड़वक २६२–२८९)

मिरगावतीकी समझमें कुछ नहीं आ रहा था कि राजकुँवरका पता पानेके लिए क्या किया जाय। इतनेमें असाढ़ आ पहुँचा। पवनके द्वारा उसने सन्देश भेजा। पवनने जाकर राजकुँवरसे मिरगावतीकी अवस्था कही। राजकुँवरने भी उससे अपनी अवस्था मिरगावतीसे जाकर कहनेको कहा। पवनने आकर मिरगावतीको राजकुँवरका समाचार दिया। समाचार पाते ही मिरगावती पवनके साथ राजकुँवरके पास पहुँची और उसे ले आयी। नगरमें प्रसन्नताकी लहर छा गयी। तदन्तर दोनों आनन्दपूर्वक रहने लगे। (कड़वक २९०–३०४)

१८—इधर ये लोग रस-भोगमें लीन थे उधर रूपमणिके दिन दुःखमें बीत रहे थे। वह सूखकर पीली हो गयी। दिन-रात पन्थ जोहती रहती। एक दिन भवन-पर चढ़कर वह मार्ग जोह रही थी कि एक बनजारा आता दिखाई दिया। वह आकर सरोवरके किनारे रुका। रूपमणिने यह जाननेके लिए कि वह कहाँसे आ रहा है, आदमी भेजा। आदमीके पूछनेपर बनजारेने बताया कि वह चन्द्रागिरिसे आ रहा है और कंचनपुर जायगा। वह गनपतदेवका ब्राह्मण पुरोहित है और उनका सन्देश लेकर जा रहा है। कंचनपुरका नाम सुनते ही धावनने उससे रूपमणिके पास चलनेको कहा कि वह भी अपना कुछ सन्देश भेजना चाहती हैं। वह रूपमणिके पास आया और बताया कि मेरा नाम दूँलभ है। जिस देशमें राजकुँवर लुभाया हुआ है, वहीं जा रहा हूँ। यह सुनकर रूपमणि रोने लगी और रो-रो कर अपना सारा दुःख कह सुनाया (कविने यहाँ बारहमासाका उपयोग किया है)। (कड़वक ३०५–३३६)

१९—दूँलभ रूपमणिकी दुःख-कहानी सुनकर उसका सन्देश लेकर चला। रास्तेमें उसे अन्धा गड़ेरिया मिला। उससे वह कंचनपुरका रास्ता पूछकर आगे बढ़ा और कंचनपुर पहुँचा। कंचनपुरमें व्यापारियोंने बनजारेके आनेकी बात सुनी तो उसके पास वणिज खरीदने आये। उसने कहा कि यह वणिज तुम्हारे लिए नहीं है। राजा खरीदने आयेगा तो उसके हाथ बेचूँगा। यह बात फैलते-फैलते राजातक पहुँची। राजा (राजकुँवर) को भी उत्सुकता हुई कि उसके पास क्या ऐसी वस्तु है जो केवल हमारे ही हाथ बेचना चाहता है। राजाने उसे बुला भेजा।

ब्राह्मणने आकर राजा (राजकुँवर) को जब आशीष दिया तब उसने उसे पहचान लिया कि यह तो हमारे घरका पुरोहित है। निश्चय करनेके लिए नाम-धाम पूछा। ब्राह्मणने अपना नाम-धाम बताया और पिता-माता तथा रूपमणिका सन्देश कहा—और कहा कि जो उचित हो कीजिए। राजकुँवरने कहा—यहाँकी व्यवस्था कर लूँ तबतक अगस्त उग आयेगा और पानी भी घट जायेगा। तब चला जाय।

ब्राह्मणके सन्देशसे राजकुँवर व्याकुल हुआ, उसे पिताकी स्मृति आयी, रूप-मणिका प्रेम जागा। उसने मिरगावतीसे जाकर कहा कि आज पिताके घरसे आदमी आया है। वे अब अत्यन्त वृद्ध हो गये हैं। उन्होंने बुलाया है। तुम जैसा कहो किया

जाय। मिरगावतीने कहा---आप जो कहेंगे वह शिरोधार्य है। आप रायभानको राज सौंप दें और राजकर्मचारियोंसे कहें कि जबतक रायभान अबोध है, वे लोग समुचित ढंगसे राजका काम सँभालें। (कड़वक ३३७–३५५)

२०—राजकुँवरने कंचनपुरमें सुखसे चार वर्ष व्यतीत किये। मिरगावतीने दो पुत्रोंको जन्म दिया। बड़ेका नाम रायभान और छोटेका नाम करनराय था। रायभानको राजतिलक दिया गया। अगस्त उगा, पानी घटा तो राज्कुँवरने चलने की तैयारी की और सुदिन पूछकर चल पड़ा।

चलते-चलते एक नदी मिली। उसके किनारे एक दिन रुक कर आगे बढ़ा और वहाँ जाकर ठहरा जहाँ उसने गड़ेरियेका आतिथ्य किया था। वहाँ वह गड़ेरियेको देखने गया और लोगोंको उसके छलकी बात बतायी। फिर प्रातःकाल वहाँसे रवाना हुआ। जब सुबुद्ध्या नगर तीस कोस रह गया तो उसने सूचना देनेके लिए दूँलभको आगे भेजा।

उधर रूपमणिने स्वप्न देखा और सखियोंसे उसका अर्थ पूछा। उन्होंने बताया कि तुम्हारा प्रियतम सौत लेकर आ रहा है। यह बातें हो ही रही थीं कि ब्राह्मण आ पहुँचा और प्रतिहारसे अपने आनेकी सूचना देनेको कहा। उधर राज-कुमारीने काग उड़ाया। कागका उड़ना था कि समाचार लेकर प्रतिहारी आ गया। समाचार सुनते ही वह उछाहसे भर गयी। उसने दूँलभसे जाकर पिताको सन्देश सुनानेको कहा। दूँलभने राजाको राजकुँवरके आनेकी सूचना दी। राजा तत्काल उसके स्वागतके लिए चल पड़ा। उधर राजकुँवरने मिरगावतीको रूपमणिके सम्बन्धमें सारी बात बता दी और कहा कि ब्याही हुई स्त्री छोड़ी नहीं जा सकती। मिरगावतीने उसकी बात मान ली। (कड़वक ३५६–३७५)

राजा स्वागत कर राजकुँवरको घर ले आया। रूपमणिकी आकांक्षा पूरी हुई। राजकुँवर और रूपमणि मिले और परस्पर केलि क्रीड़ा करने लगे। यह देखकर द्वन्द्व, उद्वेग, उचाट और वियोगको बड़ा दुःख हुआ और उन्होंने मिरगावतीके पास जाने-का निश्चय किया। वहाँ आकर उन्होंने सुख और आनन्दको मार भगाया। इन लोगोंने राजकुँवरके पास जाकर गुहार लगायी। रूपमणिके साथ रात बिताकर जब प्रातःकाल राजकुँवर मिरगावतीके पास गया तो वह पीठ देकर बैठ रही। तब राजकुँवरने उसे समझाया और प्रेमकी बातें की। उसने अपनी दोनों पत्नियोंको इस तरह रखा कि दोनोंने अनुभव किया कि मुझसे ही प्रेम करते हैं। (कड़वक ३७६–३८९)

२१—एक दिन राजकुँवरने दूँलभको बुलाकर राजाके पास भेजा और कह-लाया कि कि आज्ञा दें तो पिताके पास जाऊँ। उसने जाकर राजासे निवेदन किया और रूपमणि को बिदा कराकर राजकुँवरके पास ले आया। और वे लोग वहाँसे रवाना हुए। जब चन्द्रागिरि निकट आया तो राजकुँवरने दूँलभको अपने पिताके पास भेजा। उसका पिता प्रतीक्षा कर ही रहा था। दूँलभने जाकर बताया कि राजकुँवर दस योजन

पर आ गया है और एक गाँवमें ठहरा हुआ है। मुझे उन्होंने आपके पास भेजा है। फिर उसने राजकुँवरका सारा हाल कह सुनाया—किस प्रकार देवरायने उसके साथ अपनी बेटी ब्याही, कैसे उसका मिरगावतीसे मिलन हुआ। सुनकर राजा अत्यन्त प्रसन्न हुआ और ठाट-बाटके साथ उसे जाकर लिवा लाया। सब लोग दुःख भूल कर आनन्दसे रहने लगे। (कड़वक ३९०–३९८)

एक दिन जब राजकुँवर आखेटको गया हुआ था, मिरगावतीकी ननद उसके पास आयी और रूपमणिकी चुगली की। बोली—रूपमणि कह रही थी कि विवाहिता तो मैं हूँ मिरगावती तो उढ़री (अपहृता) है; फिर भी वह मुझे कुछ नहीं समझती। यह सुनकर मिरगावती बहुत क्रुद्ध हुई। रूपमणिकी दासी यह सब बात सुन रही थी। थी। उसने जाकर रूपमणिसे कहा। रूपमणि गाली-गलोज करने लगी। मिरगावतीने जब यह बात सुना तो वह भी बोलने लगी। दोनों अपनी बड़ाई और दूसरेकी निन्दा करने लगीं। झगड़ेकी बात जब सासके कानमे पड़ी तो वह गरजती हुई आयी। उसे देखकर दोनों चुप हो गयीं। सासने आकर इस तरह लड़ने-झगड़नेके लिए उनकी भर्त्सना की। दोनों कुपित होकर अपने-अपने घरमें पड़ी रहीं।

जब राजकुँवर आखेटसे लौटा तो देखा कि दोनों रानियाँ खट्वाट् लेकर पड़ी हैं। वह ताड़ गया कि दोनोंने परस्पर लड़ाई की है। वह तत्काल माँके पास पहुँचा और कहा कि चलकर दोनोंको मनाओ। सास ननद सब मिल कर पहले मिरगावतीके पास आयीं और उसे समझाया। उसे समझा बुझाकर वे रूपमणिके पास आयीं और उसके क्रोधको भी शान्त किया। (कड़वक ३९९-४०९)

२२—राजकुँवरको आखेट बहुत प्रिय था। बिना आखेट खेले उसे नींद न आती थी। वह स्वप्नमें भी आखेट खेलता रहता। एक दिन प्रातःकाल एक शिकारी-ने आकर सूचना दी कि वनमें एक ऐसा सिंह आया है जिससे सभी पशु त्रस्त हैं। कल मैं शिकार खेलने गया था तो देखा कि वहाँ असंख्य मैमन्त गज मरे पड़े हैं। पास आकर देखा तो पाया कि उनके मस्तक में तनिक भी गूदा नहीं है। किन्तु उनके शरीर पर एक भी नख नहीं लगा है। जंगलके अन्य जितने जानवर हैं, वे भी मरे पड़े हैं। लगता है कि वे उसके डर मात्रसे मर गये हैं। यह देख डर के मारे मैं वहाँ से भाग आया।

यह सुन कर राजकुँवर हँसा और तत्काल सिंहको मार डालनेका निश्चय किया। और सारी तैयारी कर उस पारधीको लेकर वनमें पहुँचा। वनमें पहुँच कर उसने पारधीसे पेड़ पर चढ़ कर सिंहको देखनेको कहा और स्वयं वनमें घुस गया। वनके भीतर जाकर देखा कि सिंह निःशंक सो रहा है। उसे देख कर उसने सोचा कि सोते मारना पुरुषार्थ नहीं है। उसे जगा कर मारना ही उचित होगा। इतनेमें घोड़ेकी आवाज सुनकर सिंह जाग पड़ा। दोनोंकी आँखें चार हुई। सिंह पूँछ पटक कर गरजा और तड़प कर घोड़ेके सिर पर धावा किया। तब तक राजकुँवरने खाँडा निकाल कर उस पर वार कर दिया। उसका सर धड़से अलग हो गया; धड़से पाँव टूट गये। साथ

ही साथका बाण तड़क कर राजकुँवरके हृदयमें आ लगा।[१] उसी समय हाथियोंका समूह आया और उसे पकड़ना चाहा। राजकुँवरने उन पर बाण छोड़ा। वह हाथीके मस्तकमें आ लगा और चिग्घाड़ता हुआ भागा।

दोनों ही सिंह जमसे भी विकराल थे। दोनोंको कालने कालसे ही मारा। सिंह और राजकुँवर दोनों ही मर गये। कुँवरके गिरते ही पारधी पेड़से उतरा। देखा कि वह निर्जीव पड़ा है।

किसीने जाकर राजाको इसकी सूचना दी। सुनते ही राजा जो उठ कर भागा तो ठोकर खाकर गिर पड़ा और वहीं उसकी साँस निकल गयी। करनराय तत्काल जंगलमें पहुँचा। पारधीको जब उसके आनेकी आहट मिली तो वह भूमि पर लोट कर रोने लगा। करनरायने भी आत्महत्या करनी चाही। लोगोंने उसकी कटार थाम ली और समझा बुझा कर अन्त्येष्टि-क्रिया करनेके लिये तैयार किया। लोग राजकुँवरके शवको लेकर नगरमें आये। गंगा-तट पर चिता रची गयी। शवके साथ मिरगावती और रूपमणि सती हो गयीं। उनके साथ राजकुँवरके कर्मचारी और नगरके बहुतसे लोग भी जल मरे। (कड़वक ४१०–४२९)

पश्चात् राजकर्मचारियोंने करनरायको घर लाकर राजगद्दी पर बैठाया। (कड़वक ४३०)

कथाका मूल-स्रोत

मिरगावतीकी यह कथा कुतुबनकी अपनी मौलिक कल्पना नहीं है, यह उन्होंने स्पष्ट रूपसे स्वीकार किया है। उनका कहना है—

पहिलैं हिन्दुई कथा अही।
फुनि र काँहि तुरकी लै कही॥
फुनि हम खोलि अरथ सब कहा।
जोग सिंगार बीर रस अहा॥ ४३१।१–२

उनके इस कथनसे जान पड़ता है कि मूलतः यह कोई भारतीय कथा थी जिसे किसीने अरबी या फारसी (तुर्की) में रूपान्तरित किया था। उस रूपान्तरित कथाको लेकर उन्होंने योग, शृंगार और वीर रससे युक्त यह कथा कही है।

मध्यकालमें भारतीय कथाओंमें बहुतोंके अनुवाद अरबी-फारसीमें हुए थे और उन्होंने लोक-ख्याति प्राप्त की है। अतः प्रस्तुत कथाके मूलतः भारतीय भाषामें प्रचलित रहने और उसके अरबी-फारसी अनुवाद होनेकी बातमें कोई असाधारणता नहीं है। किन्तु हमें किसी भारतीय साहित्य अथवा लोकमें प्रचलित ऐसी कथाका ज्ञान नहीं

१. खोज रिपोर्टमें राजकुँवरके हाथीसे गिरकर मरने की बात कही गयी है। रामचन्द्र शुक्लने भी इसी बातको दुहराया है। शिवगोपाल मिश्रने लिखा है कि जगनेपर सिंह बिजलीकी भाँति राजकुँवरपर टूट पड़ा और उसे मार डाला। (सम्मेलन संस्करण, पृ० २३)

हो पाया जिसमें हम **मिरगावती**की इस कथाको झाँक सकें। न कोई अरबी-फारसीमें अनूदित कथा-साहित्यकी जानकारी हो पायी है जिसमें यह कथा उपलब्ध हो। भारतीय कथा साहित्य अगाध है। हो सकता है किसी अज्ञात कोनेमें यह कथा छिपी पड़ी हो। यह कथा **कुतुबन**के समयमें लोक-प्रचलित थी तो निसन्देह वह अपभ्रंश साहित्यमें ही कहीं प्राप्त होगी।[१] वहींसे वह अन्यत्र गयी होगी।

मूल रूपमें **मिरगावती**की कथा भले ही उपलब्ध न हो, उसमें कोई ऐसा अभिप्राय नहीं है जो भारतीय साहित्यका जाना पहचाना न हो। **हजारीप्रसाद द्विवेदी**ने इस कथाके दो अभिप्रायोंको विदेशी बताया है। उनका कहना है कि पुरुषका एकान्तिक प्रेम और प्रियाको प्राप्त करनेके लिए कठिन साधना तथा प्रियाका धोखा देकर उड़ जाना और दूसरे देशमें राज्य करना, ये दोनों ही कथानक रूढ़ियाँ इस देशके लिये नयी हैं।[२] किन्तु अपभ्रंश काव्योंके देखनेसे ज्ञात होता है कि **हजारीप्रसाद द्विवेदी**की यह धारणा भ्रान्तिपूर्ण है। ये दोनों ही रूढ़ियाँ इस देशके लिए नयी नहीं हैं।

मुनि कनकामर (१०६५ ई०) रचित **करकण्ड-चरिउ**में करकण्डुके पत्नी-वियोग और उसकी व्याकुलताका राजकुँवरकी व्याकुलताके सदृश ही वर्णन है। करकण्डु उसी व्याकुलतामें नाना विपत्तियोंको झेलता हुआ सिंहलद्वीप पहुँचता है। इसी प्रकार पन्द्रहवीं शतीकी रचना **रयणसेहरी-कहा**में भी रत्नशेखर सिंहल द्वीपकी राजकुमारी रत्नवतीके प्रति आकृष्ट होकर विकल होता है और उसी विकलतामें सिंहलकी यात्रा करता है। इस प्रकारके अन्य अनेक कथा प्रसंग हैं जिनमें नायक नायिकाकी प्राप्तिके लिये कष्ट सहन करता है। राजकुँवरका मिरगावतीके प्रति विकलता और उसकी खोजके लिए यात्राको इन कथाओंसे किसी प्रकार भिन्न नहीं कहा जा सकता।[३]

इसी प्रकार मिरगावतीके अपने पिताके राज्यपर शासन करनेवाली बातमें भी कोई अनोखापन नहीं है। भारतीय साहित्यमें स्त्री-राज्य और त्रिया-देश सम्बन्धी अनेक कहानियाँ उपलब्ध हैं। मत्स्येन्द्रनाथके प्रसंगमें त्रिया देशकी रानीकी चर्चा तो अति प्रसिद्ध है ही। दिल्लीकी सल्तनतपर कुछ ही सौ बरस पहले रजिया अपने पिताके उत्तराधिकारिणीके रूपमें शासन कर चुकी थी। उसका आदर्श **कुतुबन**के सामने रहा हो तो कोई आश्चर्य नहीं।

मिरगावतीकी अन्य रूढ़ियों और अभिप्रायोंको भी भारतीय कथा-साहित्यमें सरलतासे ढूँढ़ा जा सकता है। पर सबकी विशद चर्चा न कर हम केवल कुछ रूढ़ियोंकी ओर ही ध्यान आकृष्ट करना चाहेंगे।

---

१. परशुराम चतुर्वेदीका भी मत है कि मृगावतीकी कथा, सम्भवतः किसी प्राचीन अपभ्रंश रचनासे ली गयी है। भारतीय प्रेमाख्यानकी परम्परा, १९५६ ई०, पृ० १२०।

२. हिन्दी-साहित्य, १९५२ ई०, पृ० २६५।

३. रामका सीताके वियोगमें वन-वन भटकते फिरनेका भी इसी प्रसंगमें उल्लेख किया जा सकता है।

१. पशु-पक्षीका रूप धारण करनेका अभिप्राय तो भारतीय साहित्यमें अत्यन्त प्राचीन है। उसका उल्लेख रामायण महाभारतमें भी उपलब्ध है। जैन कथा-साहित्य तो उससे भरा पड़ा है। मिरगावतीका मृगी रूप धारण कर राजकुँवरको अपनी ओर आकृष्ट करनेका प्रयास बरबस रामायणकी ओर ध्यान आकृष्ट करता है और मारीचिके सुवर्ण मृग बनकर सीताका ध्यान आकृष्ट करनेकी घटनाकी याद दिलाता है। उपवन-में कबूतरों और मोरोंका मानव रूप धारण कर केलि-क्रीड़ा करना, महाभारतकी उस कथाका याद दिलाता है जिसमें कमन्द ऋषि और उनकी पत्नीके मृग रूप धारण कर केलि करनेका उल्लेख है।[1]

२. मानसरोदकमे मिरगावती और उनकी सखियोंकी जलक्रीड़ा तथा राज-कुँवर द्वारा मिरगावतका चीरहरण, भागवत वर्णित कृष्ण द्वारा गोपियोंके चीरहरणकी याद दिलाता है।

३. राक्षसके भोजनके निमित्त पारी बाँधनेकी बात भी कथा-साहित्यका एक अत्यन्त जाना-पहिचाना अभिप्राय है। **पंचतन्त्र**की एक कथामें जगलके पशुओं द्वारा सिंहराजके भाजनके लिए आपसमें पारी बाँधकर एक पशु नियमित रूपसे भेजने का उल्लेख है। महाभारतमें भी इसी प्रकारको एक कथा है। राक्षसके भोजनके निमित्त एक ब्राह्मणकी पारी थी। दैवयोगसे उस दिन उसके घर भीम अतिथि रूपमे पहुँच गये थे। वे उस ब्राह्मणके स्थान पर राक्षसके पास गये और राक्षसको मार डाला। इस ढंगकी एक पौराणिक कथा भी है। इस कथाके अनुसार सर्पराज वासुकि और गरुड़के बीच एक समझौता हुआ था। जिस दिन शंखचूड़ नामक सर्पकी बारी थी, उस दिन जीमूतवाहन उसके स्थान पर गया।[2]

४. पक्षियोंके परस्पर वार्तालाप द्वारा सूचना पानेका अभिप्राय भी कथा-साहित्यमें बहुत प्रसिद्ध है। **नेमिचन्दको** *लीलावती* कथामें चूतप्रिय और बसन्तदोहला नामक शुक-दम्पतीकी चर्चा है जो वृक्ष पर बैठे परस्पर कुसुमपुरीकी राजकुमारी वासव-दत्ताकी चर्चा कर रहे थे। उनकी बातोंसे कन्दर्पको वासवदत्ताका परिचय उसी प्रकार मिला जिस प्रकार प्रस्तुत कथामें राजकुँवरको कंचनपुरके निकट होनेकी सूचना वृक्ष पर बैठे पक्षियोंकी बातचीतसे मिलती है। **कथासरित्सागर**में भी इस ढंगका अभिप्राय है। वहाँ शक्तिदेव नामक व्यक्तिको पक्षियोंकी बातचीतसे कनकपुरीका पता लगनेकी बात कही गयी है।[3]

इसी प्रकार **मिरगावती**के अन्य अभिप्रायों और रूढ़ियोंको भारतीय कथा-साहित्यमें ढूँढ़ा और पहचाना जा सकता है। गुप्तोत्तरकालमें समुद्रयात्रा कर भारतीय सार्थवाह दूरस्थ द्वीप-द्वीपान्तरों तक जाने लगे थे। लौट कर उनका मार्गकी कठिनाइयों, समुद्री तूफानों, तूफानसे नावोंके फट जानेकी घटनाओं, समुद्री जीवोंके आक्रमणों, वह

१. इस कथाका उल्लेख कथासरित्सागरके चौथे लम्बकमें भी है।

२. यह कथा कथासरित्सागरके चौथे लम्बकमें भी प्राप्त है।

३. पाँचवा लम्बक, विद्याधर शक्तिवेगकी कथा।

कर अज्ञात किनारों पर पहुँच जाने और दस्युओं तथा नर-भक्षियों आदिके हाथ पड़ जानेकी घटनाओंका अतिरंजित वर्णन करना स्वाभाविक था। सार्थवाहोंकी इन सच्ची तथा मनगढन्त कहानियोंने तत्कालीन कथा-साहित्यमें स्थान प्राप्त कर लिया था। उन्होंने कथाकारोंको मौलिक कल्पनाएँ करनेकी सामग्री प्रस्तुत कर दी थी। दूसरी ओर अरब और फारसके सम्बन्धसे सहस्ररजनी (अलिफ लैला) जैसी कथाओंसे भी भारतीय परिचित होने लगे थे। अतः इन सबसे प्राप्त सूत्रोंसे कथा-साहित्यमें साहसिकता और मार्गकी दुर्गमताके वर्णन समाविष्ट हो गये थे। फलतः **मिरगावतीमें** जिस ढंगकी साहसिकता और मार्गकी दुर्गमताकी बात कही गयी है, उस ढंगकी कथा-रूढ़ियाँ खोज करने पर भारतीय कथाओंमें अनेक मिल जायेंगी।

वर्णन-विधान पर पूर्ववर्ती प्रभाव

कथा-अभिप्रायों और रूढ़ियोंके साथ-साथ मिरगावतीकी वर्णन शैली पर भी पूर्ववर्ती कथा-साहित्यका पूर्ण और स्पष्ट प्रभाव परिलक्षित होता है। पूर्ववर्ती संस्कृत या अपभ्रंश साहित्यसे **कुतुबनने** कितना ग्रहण किया है, यह अपने-आपमें अनुसन्धानका विषय है। अतः इस सम्बन्धमें यहाँ सांगोपांग रूपसे तो कुछ कहा नहीं जा सकता। हाँ, कुछ बातोंकी ओर इंगित किया जा सकता है। यथा—

राजकुँवरके विरह-वर्णनमें ऋतु-वर्णन और रूपमणिके विरह-वर्णनमें जिस प्रकार मास-वर्णन किया गया है, वह भारतीय साहित्यके लिए जाना पहचाना है। आरम्भसे ही ऋतु-वर्णन कवियोंका प्रिय विषय रहा है। वे उसका वर्णन प्रसंगानुसार अथवा केवल वर्णनके लिए ही करते रहे हैं। इस दृष्टिसे **कालिदासका ऋतुसंहार** तो प्रसिद्ध है ही। पीछे चल कर नायिकाओंके विरह वर्णनके लिए कवियोंने ऋतुओं और महीनोंको माध्यम बनाया, बारहमासे लिखे। **अद्दहमाण** (अब्दुल रहमान)ने **सन्देश रासकमें** विरहणीके भावोंको व्यक्त करनेके लिए ऋतु-वर्णनका सहारा लिया है। जैन साहित्यमें बारहमासेका प्रयोग तेरहवीं शताब्दीसे ही हो गया था। **विनयचन्द्र सूरि** कृत **नेमिनाथ चतुष्पदिकामें** राजमति (राजुल)के विरहकी अभिव्यक्ति बारहमासेके रूपमें किया गया है। राजमतिका विवाह नेमिनाथ (बाइसवें तीर्थंकर) से होनेकी बात थी। इसी बीच बलि-पशुओंको देखकर नेमिनाथको वैराग्य उत्पन्न हो गया और वे तपस्याके निमित्त गिरिनार पर्वत चले गये और विवाह न हो सका। राजमति (राजुल)ने विरहका अनुभव किया। उसका वर्णन कविने बारह मासेके रूपमें किया है जो श्रावणसे आरम्भ होकर आषाढ़ पर समाप्त होता है। प्रतिमास राजमति अपनी विरहावस्था व्यक्त करती है और सखियाँ उसे सांत्वना देती हैं। हिन्दी काव्योंमें **बीसलदेव रासो, चन्दायन** और **मैना-सतमें** भी बारहमासेका इसी रूपमें प्रयोग हुआ है।

सौन्दर्य वर्णनके लिए नख-शिख वर्णन भी अपभ्रंश साहित्यमें प्रचुर परिमाणमें उपलब्ध है। उनके अनुकरणपर **मौलाना दाऊदने चन्दायनमें** चाँदका रूप-सौन्दर्य वर्णन किया है। उसी ढंगपर मिरगावतीका रूप वर्णन **मिरगावतीमें** किया गया है।

अपभ्रंश काव्योंमें वृक्षों, फूलों, फलों और वस्तुओंके नाम गिनानेकी प्रवृत्ति काफी देखनेमें आती है। तत्कालीन कवि मौके-बेमौके वृक्षों और फूलों आदिका उल्लेख करते रहे हैं। **अद्दहमाण** (अब्दुल रहमान) ने **सन्देश रासक**में इसी तरह फूलोंके नाम गिनाये हैं। **चन्दायन**में **दाऊद**ने गोवर नगरके वर्णनमें, भोजके उल्लेखमें, युद्धकी तैयारी-में विविध वस्तुओंकी लम्बी सूचियाँ प्रस्तुत की हैं। **कुतुबन**ने भी उनका अनुकरण किया है किन्तु वे इस प्रकारकी सूची प्रस्तुत करनेमें संयत रहे हैं। उन्होंने एक स्थलपर कुछ घोड़ोंके नाम गिनाये हैं (कड़वक ९३) और दूसरे स्थलपर फूलोंके (कड़वक २०६-२०७)।[1]

नैसर्गिक वस्तुओंको विरहणियोंका सन्देशवाहक बनाकर भेजना संस्कृत काव्यका एक अत्यन्त प्रसिद्ध विषय है। **कालिदास**का **मेघदूत** इसका एक अनुपम उदाहरण है। **कुतुबन**ने भी **मिरगावती**में पवन-दूतकी कल्पना की है जो मिरगावतीके कहनेपर दैत्य द्वारा अपहृत राजकुँवरको ढूँढ़ने जाता है और लौटकर मिरगावतीको उसका पता बताता है।

इन बहुप्रचलित काव्य विधानोंके अतिरिक्त, **मिरगावती**के रचना-विधानमें ऐसे बहुतसे तत्त्व हैं जो **चन्दायन**से अपनाये गये जान पड़ते हैं। यथा—

१—राजकुँवरके जन्मपर ज्योतिषियोंका आना और भविष्य कहना, चाँदके जन्मपर ज्योतिषियोंके आने और भविष्य कहनेके साथ समानता रखता है।

२—राजकुँवर जिस प्रकार मिरगावतीका नख-शिख वर्णन धाईसे करता है, उसी प्रकार बाजिरने चाँदका रूप-वर्णन राजासे किया है।

३—जिस प्रकार **चन्दायन**में चाँदके धौराहरमें चित्रकारीका वर्णन है। उसी प्रकार **मिरगावती**में राजकुँवरके धौराहरके चित्रकारीका वर्णन है।

४—जिस प्रकार **चन्दायन**में चाँद लोरकपर मुग्ध होकर अचेत होती है और बृहस्पति उसे होशमें लाती है, उसी प्रकार मिरगावतीके रूपपर मुग्ध होकर राजकुँवर अचेत होता है और धाई उसे होशमें लाती है।

५—जिस प्रकार **चन्दायन**में नागरिक बाजिरसे उसके अचेत होनेका कारण पूछते हैं, लगभग उसी प्रकार **मिरगावती**में वनवाले भवनमें धाई और मिरगावतीके राजप्रासादमें मिरगावतीकी सहेलियाँ राजकुँवरसे उसके अचेत होनेका कारण पूछती हैं।

६—जिस ढंगसे **चन्दायन**में चाँदके साँप डँसनेपर लोरकको विलाप करते पाते हैं, उसी ढंगसे **मिरगावती**में राजकुँवर मिरगावतीके उड़ जानेपर विलाप करता है।

७—जिस ढंगसे **चन्दायन**में पूजाके निमित्त जाती चाँदकी सखियोंका वर्णन किया गया है, उसी तरहका वर्णन **मिरगावती**में मिरगावतीके सखियोंका वर्णन है (कड़वक ८०)।

८—घोड़ोंकी सूची, गोरखपन्थी योगीका वेश-वर्णन **चन्दायन** और **मिरगावती**में प्रायः एक समान है।

---

१. बीकानेर प्रतिमें इस प्रकारके अनेक स्थल हैं पर हमने उन्हें प्रक्षिप्त माना है।

९—जिस ढंगसे **चन्दायनमें** लोरकने न्याय सभा में अपना परिचय दिया था उसी ढंगपर **मिरगावतीमें** राजकुँवर राजाके यहाँ अपना परिचय देता है।

१०—**चन्दायनमें** युद्ध-विजयके पश्चात् लोरक हाथीपर बैठाया गया और राज-नारियाँ उसे देखने आयीं। उसी तरह **मिरगावतीमें** राक्षस-वधके पश्चात् राजकुँवर हाथीपर बैठाया गया और नागरिक उसे देखने आये।

११—**चन्दायनमें** जिस तरह चाँद-बावनके विवाह और उससे सम्बद्ध ज्योनार-की चर्चा है, उसी तरहका वर्णन **मिरगावतीमें** राजकुँवर-रूपमणिके विवाह और ज्योनारका है।

१२—कंचननगर पहुँचनेपर राजप्रासादमें मिरगावती राजकुँवरको पहचानते हुए भी न पहचाननेका बहाना करके अनजान ढंगसे प्रश्न करती है, धमकाती है और राजकुँवर उसका जिस ढंगसे उत्तर देता है वह **चन्दायन** वर्णित चाँदके धौराहरपर लोरकके पहुँचनेपर चाँदके व्यवहारके समान ही है।

१३—मिरगावतीके अन्तःपुरमें सुगन्धियोंका वर्णन और मिरगावती-राजकुँवर तथा रूपमणि-राजकुँवरका केलि-वर्णन **चन्दायनके** चाँदके धौराहरके सुगन्धि-वर्णन और चाँद-लोरकके रति वर्णनके समान है।

१४—जिस प्रकार चाँदके ससुरालसे वापस आनेपर उसकी सहेलियोंने उससे रति-सुखके सम्बन्धमें जिज्ञासा की थी, उसी प्रकारकी जिज्ञासा **मिरगावतीमें** हम मिर-गावती-राजकुँवर-समागमके पश्चात् मिरगावतीकी सहेलियोंको करते पाते हैं।

१५—**चन्दायनके** मैनाके समान ही **मिरगावतीमें** रूपमणि अपने पतिके वियोगमें विसूरती है और टाँडके आने पर उसके माध्यमसे सन्देश भेजती है और बारहमासेमें अपनी विरह-वेदना व्यक्त करती है।

१६—**मौलाना दाऊदने** मैनाके विरहका टाँड लाद कर चलने पर, उसके झारसे मार्गके वस्तुओंके जलने और काले होनेकी जो कल्पनाकी है, उसी कल्पनाको **कुतुबनने** भी रूपमणिके विरहके टाँडके प्रसंगमें अपनाया है।

१७—दोनों ही काव्योंमें विरहणियोंके सन्देश-वाहक ब्राह्मणके रूपमें उपस्थित होते हैं और दोनोंके वेशका एक-सा ही वर्णन है। दोनों ही समान ढंगसे सन्देश प्रस्तुत करते हैं।

१८—**चन्दायनमें** जिस तरह लोरकके दल-बल सहित वापस लौटने पर गोबरमें खलबली मचती है, वैसी ही खलबली मचने की बात **कुतुबन** ने राजकुँवरके सुबुद्धया लौटने पर कही है।

१९—जिस तरह **चन्दायनमें** लोरकके गोबर पहुँचनेके एक दिन पूर्व मैनाका मन उल्लसित हुआ और उसने रातको स्वप्न देखा और उसकी सासने उसका फल विचारा, उसी तरह हम **मिरगावतीमें** रूपमणिको राजकुँवरके आनेसे पूर्व उल्लसित होते और स्वप्न देखते पाते हैं और सखी स्वप्नका विचार करती है।

२०—**मिरगावतीमें** रूपमणि और मिरगावतीकी कहा-सुनीका रूप बहुत कुछ वैसा ही है जैसा कि **चन्दायनमें** चाँद और मैंनाके बीच मन्दिरमें हुई कहा-सुनीका है।

२१—जिस तरह **चन्दायनमें** लोरक और मैंनाके बीच कहासुनी होने पर खोलिन आकर दोनोंको शान्त करती है और मैंनाको समझाती है, उसी तरह मिरगावतीमें हम सासको दोनों बहुओंकी कहा-सुनीको शान्त करते और समझाते पाते हैं।

इस प्रकार **मिरगावतीकी** कथा **चन्दायनकी** कथासे सर्वथा भिन्न होते हुए भी **चन्दायनके** उपादानोंसे अत्यधिक प्रभावित ज्ञात होता है। **चन्दायनका** प्रभाव **मिरगावती** पर यहीं तक सीमित नहीं है। अनेक स्थलों पर **चन्दायन** के भाव और कहीं कहीं तो वाक्य और शब्दावली भी **मिरगावतीमें** अविकल रूपमें प्राप्त होते हैं। ऐसे कुछ उदाहरण यहाँ दिये जा रहे हैं जो अनायास दृष्टिमें आ गये हैं—

मिरगावती[1]	चन्दायन[2]
राजा पूत मँदिर औतरा। १७।१	**सहदेव मँदिर चाँद औतरी। ३३।१**
सरवर तीर बरिस दिन रहा।	**एक बरिस लोरक मढ़ि सेवा।**
चाह कुरंगिनि मगको गहा॥ ४५।१	**चाँद सनेह मनायसि देवा। १७५।१**
संगि न साथी मीत न आहा। ५१।१	**संगि न साथी मीत न धाई। १८२।२**
माई मोर तुम धाइ न होहू। ५२।१	**माइ मोर तुम सास न होहू। २३८।१**
सास न होहु माइ तुम्ह मोरी। ४०८।१	
चगत सवन माँझ तिल भया। ५९।१	**नैन सवन बिच तिल एक परा। ८५।१**
विध सर कमल भुजंग निरमया। ५९।१	**पदम पुहुप सिर बैठ भुजंगू। ८५।२**
सो तिल मुखका भयउ सिंगारू। ५९।४	**मुख क सोहाग भयउ तिल संगू। ८५।२**
तिलक फूल जस ऊपम दीजै। ६२।२	**तिलक फूल जस फूल सुहावा। ८०।४**
देव सराइहिं तैसो गोरी। ६२।३	**देव सराहहिं तैसो गोरी। ८६।३**
जीभ जानु मुँह कँवल अमोला।	**बानि जैसि मुख जीभ अमोला।**
फूल झरहिं जो हँसि हँसि बोला। ६५।५	**फूल झरहिं जो हँसि हँसि बोला। ८३।५**
देखत रूप विमोहहि देवा। ६९।५	**देखत रूप विमोहे देवा। ९४।७**
पूरी जानु गुनवार पकाये। ७२।३	**जानु सुहारी घिरत पकाये। ८९।३**
काहे बरजा मोर सँघाती। १०६।१	**काहे देखी तैं मोर सँघाती। ३४९।२**
धन सो जननि जैं यह जाना। १४५ ४	**धन सो जननि अइस जैं जना। १४५।४**
छींपर नेत पटोर बिछाई। १५२।४	**छीपर नेत पटोर बिछाई। ४३।२**
मारग नेत पटोर बिछाये। ३७६।१	
सिखर ऊँच बड़ तरुवर, औ फल लाग अकास। २२१।६	**बिरिख ऊँच फल लाग अकासा। ६८।२**

१. प्रस्तुत संस्करण।
२. बम्बई संस्करण।

मिरगावती	चन्दायन
डंडाकारन बीछ बन'हाँ। २८३।३	डंडाकारन बीजु बनाहाँ।[1] १९६।२
दूसर समो आइ अब लागा। ३२१।५	दूसर समो आइ अब लागा। ४०१।५
मैं तुम्ह आगे सब दुख टेरा। ३३४।१	मैं सब दुख तुम्ह आगे रोवा। ४१२।१
दन्द उदेग उचाट लदावा। ३३५।१	दन्द उदेग उचाट बिसाहा। ४१७।२
बिरह वियोग संताप जो लीन्हा। ३३५।२	सोंक संताप बिरह दुख लीन्हा। ४१७
खरभर सुन सासु गंगा,	सुन खरभर खोलिन तस धाई।
आई उन्ह ठाँ धाइ। ४०३।६	जस भगिरथ यह लागिन आई। २४५।१
एक एक बोल मोंति जस पिरवा,	एक एक बोल मोंति जस पिरवा,
बकता चित मन लाइ। १३।७	कहउ जो हीरा तोर[2]। ३०६।७

इस प्रकारके भाव और शब्दावलीकी समानता खोज करनेपर बड़ी संख्यामें मिल सकती है। इन सबको मात्र आकस्मिक, संस्कारजन्य अथवा अविछिन्न विचार परम्पराका परिणाम नहीं कहा जा सकता। यह स्वीकार करना ही होगा कि **कुतुबन**के सामने **चन्दायन** रहा है और उससे उन्होंने बहुत कुछ ग्रहण किया है।

अन्तर्कथाएँ

कुतुबनने कथा-वस्तु और रचना विधानमें पूर्वानुकरणके साथ-साथ लोक-प्रचलित अनेक कथाओंका उपयोग अपने काव्यके सँवारनेमें किया है। इन कथाओंका उपयोग उन्होंने मुख्यतः उपमा, उत्प्रेक्षा या रूपकके रूपमें किया है और सर्वत्र उनका संकेत मात्र दिया है। उनका कथाओंका इस रूपमें प्रयोग, इस बातका द्योतक है कि ये कथाएँ लोक-जीवनमें उस समय इस प्रकार व्याप्त थीं कि उनका संकेत मात्र उनके जानने समझनेके लिए पर्याप्त था।

इन कथाओंमें **कुतुबन**ने सबसे अधिक उल्लेख **रामायण**की घटनाओंका किया है। इनसे पूर्व **मौलाना दाऊद**ने भी **चन्दायन**में रामायणकी घटनाओंकी चर्चा की है। इन दोनोंने रामायणकी घटनाओंको जिस प्रकार ग्रहण किया है, उससे ऐसा ज्ञात होता है कि **तुलसीदास** द्वारा **रामचरित मानस**की रचना किये जानेसे बहुत पूर्व भारतीय लोक-जीवनमें राम-कथा व्याप्त हो चुकी थी। यही नहीं, उनके समयमें लोग **राम-कथा** पर आधारित **रामायण** नामक किसी ग्रन्थसे भी परिचित थे। **चन्दायन**के अनुसार तो लोग उसका पाठ भी किया करते थे (परवा राम रमायन कहहीं[3])। **कुतुबन**ने भी राम रमायनका उल्लेख किया है (भारत राम रमायन चीता)।[4]

---

१. यह पंक्ति पद्मावतमें भी है। वहाँ वासुदेवशरण अग्रवालका पाठ है—डंडक आरन बींझ बनाहाँ। (१३७।४)।

२. मनेर प्रतिमें उपलब्ध पाठ। इसकी ओर हसन असकरीने अपने लेखमें ध्यान आकृष्ट किया है।

३. चन्दायन, बम्बई संस्करण, २९।२।

४. प्रस्तुत संस्करण, ३९।४।

मिरगावतीमें रामायणके निम्नलिखित व्यक्तियों और घटनाओंका उल्लेख है :—

१. राम	आन भई जस राम कली का। २५६।४
	राघो बंस राम औतारा॥ ३५६।५
२. राम-लक्ष्मण	राम लखन जस सीता ठाऊँ। १७६।४
३. सीता	कहाँ सो तिरिया सीता सती। ४११।२
४. हनुमान	वे हनिवन्त छुड़ाये कर पर। १७६।६
	जस हनिवन्त सामि के काजा। २६६।५
	पिय बियोग भो सकती बान, जो लागेउ मुहि र अपूर।
	को आने हनिवन्त जिउ, सजन सजीवन मूर॥ २८१।६-७
	कोर र राम मिरवइ सिय आनी। २८२।१
	हनिवन्त जैस करो उपकारा। २९०।३
	हनिवन्त मूर सकती कहँ आनी। ३००।५
५. दशरथ सुत-वियोग	सुत वियोग दसरथ जस कीन्हा। ११०।२
६. सीता-हरण	रावन हरी राम घर सीता। ३९।४
	रावन सिय हरी जो आयी। १०२।५
	सिय रावन जो लंका हरी। १७६।५
७. राम-वियोग	राम बियोग भयउ जिहि कारन। १०२।७
८. सीता-वियोग	जस र सिय कहँ दिन दस दुआपर,
	राम क भयउ बियोग। २७९।६
९. बाली-वध	यहै राम जैं मारेउ बारी (बाली)। १४५।९
१०. लंका-दहन	हनिवन्त सिय लगि जारस लंका। १०५।३
	यहिया हनिवन्त लक गढ़ दहा। २१८।४
११. सेतु-बन्धन	रामा सेत बाँधेउ सिय लागी। १०५।२
१२. लंका में अंगद	अंगद जाँव लंका मँह रोपी। ३९।५
१३. रावण-वध	को राम जें रावण मारा, सिय लाग हन जिय। १४०
	रावन मार सिय लै आवा। १४५।१
	इहे राम जै रावण मारा। १४५।३

रामायणकी तरह ही महाभारतकी कथासे भी जनमानसका परिचय था, ऐसा **कुतुबनके भारत राम रमायन चीता** (३९।४) कथनसे भासित होता है। उन्होंने महाभारतके कुछ पात्रों और घटनाओंका भी उल्लेख किया है :

१. युधिष्ठिर	धरम दुधिस्टिल उह कहँ छाजा। ९।३
	चेरी कहा दुदिस्टिल हरा।
	कबिरा दानों कर अपकारा। २७८।४

२. अर्जुन	अरजुन राहु बेध जस कीता ।
	कौरो मार दुरपदी जीता ॥ ४०।३
	करन अरजुन भै जस खेता । ५७।४
	जस अरजुन अहिबर्न के मारे । ११०।२
	जो पण्डो कौरो दर जीता ।
	यहै धनुक अरजुन कर लीता ॥ २१८।१
	कित अरजुन बाना उर सन्धी । ४१९।१
३. भीम	भीम उरेह कीचक मार ।
	लिहा दुसासन भुएँ उपार ॥ ४०।१
	इहै भीम कर कीचक मारी ।
	इहै दुसासन भुजा उपारी ॥ १४५।४
	कौरा दानो पण्डो हरी ।
	उनकहँ जाइ भीउ उपकरी ॥ १७७।५
४. सहदेव	पण्डित सहदेव लिहा सयाना । ४०।४
५. द्रौपदी	कहाँ दुरपती पाँचों रती । ४१९।२
६. कर्ण	भारत जीत करन सर भेजी । ५७।३
	बलि औ करन न सरभरि पावा । ९।४
७. जनमेजय	जस र जलमदेव बरज न कीन्हा । २६९।२
	जस र जलमदेव साँप बिपारी ।
	सबै आन हुतासन जारी ॥ २८६।३

कृष्ण-कथाका प्रचार कुतुबनके समय हो चला था, ऐसा मिरगावतीसे प्रकट होता है। उसमें तीन स्थलोंपर कृष्णसे सम्बन्धी घटनाओंका उल्लेख है—

कान्ह सहित सोलह सौ गोपी । ३९।५
इहै कन्ह जैं नाथसि कारी । १४५।२
इहै कन्ह जैं कंस बितारा । १४५।३

पौराणिक कथाओंकी ओर भी कुतुबनका ध्यान गया है और उन्होंने उनका उल्लेख **मिरगावती**में किया है।

१. सागरमंथन	कहाँ सो बल जिह सायर मथा । ४१८।५
२. नृसिंह	इहै सिंह हरनाकुस हना । १४५।५
३. वामन	जस बलि बावन बाँध अडारा । २८६।१
४. बलि	बलि औ करन न सरभरि पावा । ९।४
५. हरिश्चन्द्र	हरिचन्द परहि भुलाई । ४१९।६
६. श्रवण	जस अन्धा अन्धी बिनु सरवन,
	फेकरि मुए चिल्लाय । ११०।६

७. परशुराम	पारुधि परसुराम कलजुग मँह । ५६।६
	सोइ जावस परसुराम कर, सोइ पारुध सोइ बान । २१८।६
८. धुन्धमाल	कहाँ सो धुन्धमाल कै कथा । ४१८।५

कुतुबनका ध्यान ऐसी ऐतिहासिक घटनाओंकी ओर भी गया है जो उस समय-तक कथा-साहित्यमें प्रवेश पा चुकी थीं।

१. विक्रम-बैताल	जइसे सेउ विक्रम कै, जिय सेंउ किय बैताल । २६६।६
२. विक्रम-भोज	जस भोज विक्रम पछिताना ।
	जस भैरोनन्द हुत सयाना ॥ २६९।४
३. विक्रम	जस विक्रम राउ उबारा । २७५।२
	कहाँ सूर विक्रम सकबन्धी । ४१९।१
	सुवा मारि राजा पछताना । २६९।३
४. भोज	चौदह विद्या भोज निदाना ।
	वररुचि एक अधिक यह जानाँ ।
	राज हार धरैं कहँ दीन्हा ।
	लैं र छुपायसि दइ न चीन्हा ॥ २८९।१-२
	कहाँ भोज दस चारि निदाना ।
	परकाया परवेस जो जाना ॥
	संकर बचा सिध जो करता ।
	कर पसारि जिंह के सिर धरता ॥ ४१९।३-४
५. जलन्धर	जस र जलन्धर कुएँ अडारा । २७५।३
६. दंगवै-भीम	जस दंगवै भीम परगाही । १३३।५

कुतुबन प्रेम-काव्यकी रचना कर रहे थे। उनका ध्यान प्रेम-कथाओंकी ओर स्वाभाविक रूपसे जाना चाहिए था। पर आश्चर्यकी बात है कि उन्होंने अपने समूचे काव्यमें केवल तीन ही प्रेम-कथाओंका उल्लेख किया है—

१. नल-दमयन्ती	नल जानौं भेंटी दमावती । २११।२
	हंस दमावति सेंउ मिरवहि । २४०।७
	को नल आनि दमावति पास । २८२।२
२. भर्तृहरि-पिंगला	लिहा भरथरी औ पिंगला । ४०।२
	जस भरथरी भयउ पंथ जोगी, रस पिंगला बियोग । १०५।७
	सुनतहि जइस रे पिंगलहि कीन्हा । २७८।३
३. माधवानल-कामकन्दला	कामाँ जनु माधोनल आई । २११।१
	माधोनल तों रावसि कामा । २७१।२

मिरगावतीमें उन प्रेम-कथाओंमें से एकका भी उल्लेख नहीं है, जो परवर्ती काव्योंके विषय हैं।

भौगोलिक परिचय

कथा-साहित्यमें उपलब्ध सामग्रीको सँजोकर कुतुबनने **मिरगावती**की जो कथा उपस्थित की है, उसमें कोई तत्त्व ऐसा नहीं है जिससे किसी प्रकार भी कल्पना की जा सके कि **पदमावत**की तरह इस कथाकी कोई ऐतिहासिक अथवा अर्ध-ऐतिहासिक पृष्ठभूमि रही होगी। किन्तु प्रायः कथाकारोंने अपनी कहानियोंमें भौगोलिक तत्त्व निरोपित करनेकी चेष्टा की है और अपने समयके प्रसिद्ध स्थानोंके साथ अपने कथाके पात्रोंका सम्बन्ध जोड़ा है। इस प्रकारकी सम्भावनाकी कल्पना **मिरगावती**में भी की जा सकती है।

इस दृष्टिसे देखनेमें ज्ञात होता है कि मिरगावतीकी घटनाएँ केवल तीन स्थानोंतक सीमित हैं—

१—राजकुँवरकी पितृभूमि—चन्द्रागिरि

२—रूपमणिकी पितृमिभू—सुबुद्ध्या

३—मिरगावतीकी पितृभूमि—कचननगर, जिसे कंचनपुर या कनकनगर भी कहा गया है।

ये नाम तत्कालीन किन्हीं स्थानोंके हैं या काल्पनिक, कहना कठिन है। इन नामोंसे प्रसिद्ध किसी स्थानका उल्लेख, जहाँतक हमारी जानकारी है, अन्यत्र कहीं प्राप्त नहीं हैं। कुतुबनने इन नगरोंकी दूरी दिशा आदिका कोई संकेत नहीं किया है जिससे इनकी वास्तविक या काल्पनिक स्थिति ढूँढ़ी जा सके। केवल इतना ही कहा जा सकता है कि चन्द्रागिरि एक ओर था और सुबुद्धया तथा कंचनपुर दूसरी ओर। इनके बीच समुद्र था। वहाँतक पहुँचनेके लिए अगम बन और पर्वत भी पार करने पड़ते थे। ऐसा जान पड़ता है कि नौकानयन करनेवाले तत्कालीन साहसिक सार्थवाहोंकी कहानियोंसे प्रेरणा लेकर इन स्थानोंकी कल्पनी की गयी है। कवि कल्पनामें या तो सुदूरपूर्वके वे द्वीप रहे हैं जो गुप्तोत्तर कालमें भारतीय सम्पर्कमें थे या फिर अरब आदि देश, जिनके साथ मध्य-युगमें भारतका व्यापारिक सम्बन्ध था।

मानसरोदक और कदलीवन दो अन्य भौगोलिक नाम हैं जिनका उल्लेख कुतुबनने किया है। ये नाम अन्य काव्योंमें भी पाये जाते है। मानसरोवर हिमालय स्थित सुप्रसिद्ध झीलका नाम है और **महाभारत**में ऋषिकेशसे बद्रिकाश्रमतकके वन-प्रदेशको कदलीवन कहा गया है।[1] किन्तु इन भौगोलिक नामोंका प्रयोग इन प्रेमाख्यानक काव्योंमें वास्तविक भौगोलिक स्थानोंके रूपमें हुआ नहीं जान पड़ता। मानसरोदकका उल्लेख इन काव्योंमें सर्वत्र स्वच्छ और सुन्दर तालाबोंके लिए ही पाया जाता है। **मिरगावती**में उल्लिखित मानसरोदक चन्द्रागिरिसे केवल सात योजन दूर था। **पदमावत**में जिस मानसरोदककी चर्चा है वह सिंहल द्वीपमें स्थित था। इसी प्रकार कदलीवन भी किसी वन्य प्रदेश विशेषके लिए प्रयुक्त नहीं जान पड़ता। सम्भ-

---

१. वनपर्व, १४६।७५-७९।

वतः ऐसे वनोंके लिए, जिनमें सघनताके कारण प्रकाश कठिनतासे या बिलकुल नहीं पहुँच पाता था, कवियोंने कदलीवन या कजरीवनका नाम दिया है। **मिरगावती** वर्णित कदलीवन समुद्र पार कंचनपुरके मार्गमें कहीं था।

इस काव्यमें प्रासंगिक रूपसे तीन अन्य भौगोलिक नाम आये हैं।

१. नगर बहुत देखेहु बहु गाऊँ।
राजस्थान औ आनौं टाऊँ॥ ११७।२
२. राघो बंस जो आहे अयोध्या। १३५।४
३. पुरुखनाथ गुरु आह हमारेउ, गोरखपुर सेंउ खेल। १६१।७

राघव वंशकी राजधानीके रूपमें अयोध्याकी ख्याति सर्व विदित है। नाथपंथियोंके पीठके रूपमें गोरखपुरको प्रसिद्धि है ही। अतः इन दोनोंका प्रसंगानुसार उल्लेख स्वाभाविक ही है। उनके सम्बन्धमें कुछ कहनेकी आवश्यकता नहीं।

राजस्थान शब्दका प्रयोग **कुतुबन**ने राजधानी सदृश बड़े नगरोंके लिए किया है या उनका तात्पर्य किसी प्रदेश विशेषसे रहा है यह बहुत स्पष्ट नहीं है। दोनों ही सम्भावनाएँ अनुमान की जा सकती हैं। यदि उनका तात्पर्य किसी प्रदेश विशेष और उस प्रदेशसे था जिसे हमने स्वतन्त्रता उपरान्त राजस्थान नाम दिया है, तो यह उल्लेख ऐतिहासिक दृष्टिसे महत्त्वका है। इस नामका इतना प्राचीन उल्लेख सम्भवतः अन्यत्र नहीं है।

जीवन-चित्रण

कहानी और कथाओंके आवरणमें कथाकार जो चित्र उपस्थित करता है, उसमें-से यदि अलौकिकता और असाधारणताके तत्त्वोंको अलग और वर्णनकी अतिशयोक्तियों-की उपेक्षा कर दी जाय तो कथाका जो स्वरूप बच रहता है, उसे बहुत कुछ रचना-कारके सम-सामयिक समाजका चित्र समझा जा सकता है; क्योंकि कथाकार अपनी कथाको अपने चारों ओरके जीवनसे ही सजाता सँवारता है। **कुतुबन**को राजाश्रित होनेके कारण तत्कालीन सामन्तवादी जीवनको अत्यन्त निकटसे देखने-सुननेका अवसर मिला होगा और उन्होंने उन्हींको अपनी कथाका उपादान बनाया होगा। इस दृष्टिसे **मिरगावती**को देखा जाय तो उसमें आरम्भिक सोलहवीं शतीके सामन्तवादी जीवनकी झलक देखनेको मिलती है।

पुत्राकांक्षा भारतीय जीवनमें अति प्राचीन कालसे रहा है। भारतीय समाजमें मोक्ष प्राप्तिके लिए सन्तानका होना आवश्यक समझा जाता था। इस कारण राजा-रंक सभी सन्तानके लिए लालायित रहते थे। कोई भी निःसन्तान नहीं रहना चाहता था और वह पुत्र प्राप्तिके लिए नाना प्रकारके उपाय करता था। प्रस्तुत कथा-में पुत्र-प्राप्तिके निमित्त उदारतापूर्वक दान दिये जानेकी चर्चा है। इससे ऐसा अनुमान सहज है कि उन दिनों दानका महत्व अत्यधिक माना जाता था।

बच्चोंके जन्मपर ज्योतिषी आवश्यक रूपसे बुलाये जाते थे, यह भी इस कथासे प्रकट होता है। वे राशि-नक्षत्र आदिकी गणना कर नवजात शिशुका भविष्य कथन करते और नक्षत्र-राशिके आधारपर ही शिशुका नामकरण किया करते थे। सम्भवतः यह सब शिशुके जन्मके तत्काल बाद होता था।

बच्चोंके लालन-पालनके लिए धाईका रखना आज भी उच्चवर्गीय समाजमें आवश्यक समझा जाता है। तत्कालीन सामन्तवादी युगमें तो यह और भी अनिवार्य रहा होगा। अतः कुतुबनने धाईकी चर्चा स्वाभाविक रूपसे ही राजकुँवरके लालन-पालनके निमित्त किया है। बच्चेका एक वर्षमें बोलना नैसर्गिक है। पाँच वर्षकी आयुमें शिक्षारम्भ इस देशकी अति प्राचीन परिपाटी है। प्राचीन कालमें पच्चीस वर्ष-की अवस्थातक ब्रह्मचर्य काल माना जाता था और वह शिक्षाका काल होता था। किन्तु कुतुबनने केवल दस वर्ष अर्थात् पन्द्रह वर्षकी अवस्थामें ही शिक्षा समाप्त हो जाने-की बात कही है। सम्भवतः इस कालमें शिक्षाके लिए दस वर्षकी अवधि पर्याप्त समझी जाने लगी थी।

मिरगावतीके अनुसार सामन्तवादी जीवनमें राजकुमारोंके लिए धनुर्विद्या (युद्ध-शास्त्र)के अतिरिक्त काव्य, काव्यशास्त्र, संगीत, शालहोत्र, ज्योतिष, धर्म-ग्रन्थ और काम-विज्ञानका अध्ययन आवश्यक था। आखेट, हेंगुरि और जुआ तत्कालीन उच्चवर्गके आमोदके साधन थे।

सम्भवतः तत्कालीन समाजमें युवक-युवतियोंका स्वच्छन्द मिलन बुरा नहीं माना जाता था। कदाचित् अविवाहितोंके बीच आलिंगन-चुम्बनकी भी छूट थी। हम रूपमणिको निःसंकोच राजकुँवरको अपने सेजपर बैठनेके लिए आमन्त्रित करते पाते हैं। मिरगावती भी सुरतिके अतिरिक्त सब कुछ करनेकी छूट राजकुँवरको देती है (**अउर भाउ सब मानहु मोसों, एक भाउ न होइ।** ९१।६)। फिर भी विवाहका उत्तर-दायित्व पितापर था। इसके निमित्त कन्याके पिता अपनेसे उत्तम कुलकी बात सोचते थे और वरके गुण शिक्षा आदिके सम्बन्धमें उहापोह किया करते थे।

उन दिनों विवाहसे पूर्व सार्वजनिक भोज देनेकी प्रथा थी, ऐसा जान पड़ता है। भोजके पश्चात् ब्राह्मण मण्डपमें आते थे और कुल-रीति आरम्भ होता था। वर मुकुट पहनकर बैठता था और कन्या उसके गलेमें जयमाला पहनाती थी। पश्चात् ब्राह्मण लोग जन्मपत्री देखकर भविष्य विचार करते थे; फिर विवाह होता था। वर-वधू गाँठ जोड़कर भाँवर देते थे। तदनन्तर कुलके अन्य रीति-आचार होते थे। विवाह आदि हर्षके अवसरोंपर नेग देने और धन लुटाने (न्योछवर करने) की प्रथा काफी प्रचलित थी। कन्या पक्ष द्वारा विवाहमें दहेज देनेका भी प्रचलन उस समय था और लोग उत्साहपूर्वक दहेज दिया करते थे।

पारिवारिक जीवनमें एकसे अधिक पत्नी रखना बुरा नहीं माना जाता था। किन्तु सौतोंके बीच परस्पर कलह होता रहता था। पति और परिवारके लोग कलह शान्त रखनेकी चेष्टा करते रहते थे।

पतिकी मृत्युके पश्चात् पत्नियोंके चितापर जलकर सती हो जानेकी प्रथा प्रचलित थी। यह प्रथा इस देशमें गुप्त कालसे ही देखनेमें आती है। किन्तु इस सम्बन्धमें कुतुबनने अत्यन्त आश्चर्यजनक बात यह कही है कि राजकुँवरके साथ, उसकी पत्नियोंके अतिरिक्त उसके निजी सेवक-सेविकाएँ तथा कुछ अन्य नागरिक भी जल मरे। सेवक-सेविकाओं और प्रजाके इस प्रकार स्वामीके शवके साथ जल मरनेकी प्रथा इस देशमें अन्यत्र अज्ञात है। इसकी चर्चा कुतुबनने किस आधारपर किया है, यह इतिहास और समाजशास्त्र की दृष्टिसे शोधकी अपेक्षा रखता है।

सामाजिक और नागरिक जीवनके चित्रणमें सामान्य जनताका चित्र अत्यल्प है। जोगी, यती आदिकी चर्चा और उनकी वेश-भूषाका उल्लेखमात्र किया गया है। गोरखपन्थका सम्भवतः उन दिनों अधिक प्रचार था। शाही शान-शौकतका यत्र-तत्र चित्रण हुआ है। छत्रपति राजा, राजा-रावोंका संघटन, युद्धकी तैयारी, जंगलमें शिकार, हाथियोंका जलूस, राज-सभामें नृत्य-संगीत, अल्प समयमें प्रासादका निर्माण, दूतों द्वारा सन्देश प्रेषण आदि सामन्ती जीवनकी रूपरेखा उपस्थित करते हैं।

नियतिवाद और ईश्वरमें अटूट विश्वास इस देशमें अनन्त कालसे चला आ रहा है। कुतुबनने भी सर्वत्र ईश्वरेच्छाको सर्वोपरि बताते हुए मनुष्यको उसके सहारेपर चलनेवाला चित्रित किया है। उन्होंने विश्वास प्रकट किया है कि काल बलवान है। उससे कोई बच नहीं सकता। ईश्वरके प्रति उन्होंने अटूट श्रद्धा प्रकट की है और अपने पात्रोंको लक्ष्य-पूर्तिके लिए उसकी शरणमें जाते दिखाया है! फल प्राप्तिके पश्चात् उसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

इस प्रकार मध्यकालीन सांस्कृति और जीवनके अध्ययनके लिए मिरगावतीमें प्रचुर सामग्री है।

रचनाका उद्देश्य

मिरगावतीकी रचनाके पीछे कुतुबनका क्या उद्देश्य था, यह उन्होंने कहीं स्पष्ट नहीं कहा है। इस सम्बन्धमें शिवगोपाल मिश्रने निम्नलिखित पंक्तियोंकी ओर ध्यान आकृष्ट किया है—

मैं रस बात कही रस तोसों, जो रस कीजइ बात।
सो रस रहे दुहूँ जग ताकर, जो रस सौं रँगरात॥ ८९।६-७

और कहा कि उपर्युक्त पंक्तियोंसे यह ध्वनित होता है कि कुतुबनका उद्देश्य रसबात या प्रेमकी कथा कहना मात्र था। किन्तु जिस स्थलसे यह उद्धृत किया गया है, वह प्रेम-रससे सम्बन्ध अवश्य रखता है पर ऐसा स्थल नहीं है जो कुतुबनका प्रयोजन व्यक्त करता हो। कुतुबनसे अपेक्षा थी कि वह अपना उद्देश्य या तो आरम्भमें कहेंगे या फिर अन्तमें। आरम्भमें उन्होंने केवल इतना ही कहा है—

एक बात अब कहउँ रसाल।
रतन मोंति आनउँ भर थाल॥ १५।१
पढ़त सुहावन दे जै कानू।
यहि कै सुनत न भावइ आनू॥ १२।५

अन्तमें कहा है—

बहुत अरथ हहिं इहँ महँ, जो सुधि से काहू बूझ।
कहेउ जहाँ लग पारेउ, जो कछु बहै हियैं मैं सूझ॥ ४३१।६-७

इससे इतना ही जान पड़ता है कि उन्होंने अपने काव्यमें रसभरी बात कही है जो पढ़ने-सुननेमें भली है। इस काव्यमें बहुतसे अर्थ भरे हैं। उनका समझना-बूझना उन्होंने पाठकोंपर छोड़ दिया है। उनके कहनेसे इतना अवश्य जान पड़ता है कि उन्होंने अपनी कथाके माध्यमसे कुछ रहस्य भरी बातें कही हैं।

यह रहस्य भरी और गूढ़ बातें क्या हैं, इसका हमें अनुमान करना होगा। सामान्य ढंगसे पढ़नेपर **मिरगावती** प्रेम कहानीसे अधिक कुछ नहीं है। किन्तु **कुतुबन**-का सम्बन्ध सूफी सम्प्रदायके साधकोंसे था। सूफी साधक प्रेमके माध्यमसे परमात्माका **नैकट्य प्राप्त** करते हैं। उनका प्रेम निराकार ईश्वरके प्रति होता है, इस कारण उनके लिए उनका वर्णन प्रतीक द्वारा ही सम्भव हो पाता है। वे अपने इस प्रेमका वर्णन लौकिक प्रेम-प्रदर्शनके प्रतीकों द्वारा किया करते हैं। वे अपने इस आदर्श प्रेमके वर्णनमें ईश्वरको नारी रूपमें स्वीकार करते हैं और लौकिक प्रेमके वर्णनमें वे अलौकिक प्रेमकी झलक देखते हैं। सम्भवतः **कुतुबनने** अपने उपर्युक्त शब्दोंमें इसी दिशाकी ओर इंगित किया है और यह कहना चाहा है कि उन्होंने अपने इस प्रेमाख्यानके रूपमें सूफियोंकी प्रेममूलक साधनाका स्वरूप उपस्थित किया है। दूसरे शब्दोंमें लौकिक प्रेमके आवरणमें उन्होंने अलौकिक प्रेमको व्यक्त करनेकी चेष्टा की है।

इस दृष्टिसे **मिरगावतीको** देखा जा सकता है। **मिरगावतीको** ब्रह्मका, राजकुँवर-को भक्तात्माका और दूतको गुरुका प्रतीक कहकर सूफी प्रेम-साधनाकी व्याख्या की जा सकती है। किन्तु राजकुँवरका द्विपत्नीत्व इस कल्पनाको खण्डित कर देता है।

कंचनपुर पहुँचनेके बाद मिरगावतीके निकट पहुँचनेके मार्गमें राजकुँवरको सात प्रतोलियोंको पार करनेकी बात **कुतुबनने** कही है—

सातों पँवरि नाँधि जो आवा।
बेगर बेगर सातउ भावा। २१५।२

रामपूजन तिवारीने इस पंक्तिमें सूफी-मार्गके सात मंजिलों (लबूदियत, इश्क, जुहूद, मारिफत, वज्द, हकीकत और वस्ल) को देखनेकी चेष्टा की है।[1] पर हमें इसमें वैसा कुछ नहीं जान पड़ता।

---

१. हिन्दी सूफी काव्यकी भूमिका पृ० १७२।

जो भी हो। कुतुबनने मानवकी शृंगार और वियोगकी अनुभूतियोंका सहज और स्वाभाविक चित्रण किया है। उसीमें कविकी सफलता निहित है। कदाचित् उनका अभिप्राय भी यही था—

जोग सिंगार बीर रस अहा। ४३१।२

परवर्ती साहित्यपर प्रभाव

कुतुबनकी मिरगावतीका परवर्ती साहित्यपर क्या और किस प्रकार प्रभाव पड़ा, कहना कठिन है। परवर्ती मुसलमान कवियोंमें **मंझनने** अपनी **मधुमालतीमें मिरगावतीके** पाँच यमक और एक घत्तावाला कड़वक अपनाया है। किन्तु यह **मिरगावतीका** अपना निजस्व नहीं है। वह इसे **चन्दायनसे** प्राप्त हुआ है। परवर्ती काव्योंके आरम्भमें ईश्वर, पैगम्बर, चार यार, गुरु, शाहेवक्त आदिकी जो प्रशंसा की परिपाटी पायी जाती है, वह भी **मिरगावतीमें चन्दायनसे** ही आया था। इसी प्रकार नायक अथवा नायिकाके जन्मके पश्चात् ज्योतिषियोंका आना, भविष्य बताना, नायकोंका नायिकाके विरहमें योगी वेश धारण करना, उनके मार्गमें कठिनाइयोंका आना आदि भी ऐसी घटनाएँ हैं जो **चन्दायनमें** उपलब्ध हैं, वहाँसे **मिरगावतीमें** आयी हैं। नख-शिख वर्णन और विरह-विदग्ध बारहमासा भी **चन्दायनमें** प्राप्त हैं। इन्हें परवर्ती कवियोंने **मिरगावतीसे** ग्रहण किया होगा, ऐसा मानना क्लिष्ट कल्पना होगी। **जायसीने पद्मावतकी** रचनाका आरम्भ **मिरगावतीकी** रचनाके केवल १८ वर्ष पश्चात् (९२७ हिजरीमें) किया था; **मंझनकी मधुमालतीकी** रचना भी **मिरगावतीसे** केवल ४४ वर्ष पश्चात् (९५२ हिजरीमें) हुई थी। इस अल्प अवधिमें **मिरगावती** इतनी ख्याति प्राप्त कर सकी होगी कि लोग उसे अपना आदर्श बनायें, मानना तनिक कठिन है। किन्तु इनकी कहानियोंका जो स्वरूप है वह **चन्दायनकी** कहानीकी अपेक्षा **मिरगावतीके** अधिक निकट है, यह स्वीकार करना होगा।

जहाँतक **मिरगावतीकी** कथाका सम्बन्ध है, उससे मिलती-जुलती कथासे युक्त कुछ परवर्ती काव्य देखनेमें आते हैं। संवत् १७२३ (१६५५ ई०)में **मेघराज कविने** ओड़छा नरेश सुजान सिंहके आदेशसे **मिरगावती कथा** नामक काव्यकी रचना की थी। इस रचनामें **मेघराजने कुतुबनके मिरगावतीका** आश्रय लिया है ऐसा स्पष्ट झलकता है। दोनोंकी घटनाओंमें अत्यधिक साम्य है। इस काव्यकी कथा इस प्रकार है—

कर्णाटक देशके राजाका पुत्र जब वयस्क हुआ तो राजाने अपने मन्त्रीसे कहा कि राजकुमार पूर्व दिशाके अतिरिक्त किसी भी दिशामें आखेट खेलने जा सकता है। जब राजकुमारको यह बात ज्ञात हुई तो उसने पूर्व दिशामें जानेसे वर्जित किये जानेका रहस्य जाननेका निश्चय किया और लोगोंके मना करनेपर भी वह पूर्व दिशाकी ओर चल पड़ा। कुछ दूर जानेपर एक सुवर्ण मृगी दिखाई पड़ी। उसे राजकुमार और उसके

साथियोंने पकड़नेकी चेष्टा की तो वह पासके एक सरोवरमें कूद कर अन्तर्ध्यान हो गयी। बहुत ढूँढनेपर भी जब वह न मिली तो राजकुमारने निश्चय किया कि या तो वह उस मृगीको प्राप्त करेगा या फिर वह न मिलनेपर प्राण त्याग देगा। इस निश्चयके साथ वह वहीं रह गया। उसके साथी उसको इस निश्चयसे न डिगा सके, निदान हारकर लौट आये।

राजाको जब इसकी सूचना मिली तो पण्डितको बुलाकर इसका रहस्य पूछा। पण्डितने बताया कि यह मृगी इन्द्रसभाकी अप्सरा है। एक समय वह उक्त सरोवरमें स्नान करने आयी थी। वहाँ वह मृगोंकी क्रीड़ा देखनेमें इतनी मग्न हो गयी कि उसे समयसे इन्द्रसभामें पहुँचनेका ध्यान ही न रहा। देरसे पहुँचनेके कारण इन्द्रने उसे मृगी हो जानेका शाप दे दिया जिससे वह मृगी हो गयी। अब वह प्रत्येक एकादशीको नारी रूप धारणकर उस सरोवरमें स्नान करने आती है। यदि उस समय उसके वस्त्र चुरा लिये जायँ तो वह वशमें आ सकती है।

यह सुनकर राजाने उसी सरोवरके किनारे राजकुमारके लिए एक महल बनवा दिया। राजकुमार वहीं रहने लगा और एक दिन पिताकी बतायी हुई विधिसे उसने उस अप्सराको प्राप्त भी कर लिया। उसे लेकर वह कर्णाटक लौटा। राज्य भरमें आनन्द मनाया गया।

उसी समय एक शिकारीने आकर सूचना दी कि जिस सरोवरके किनारे राजकुमार रहता था, वहाँ एक विशाल वराह सो रहा है। यह सूचना पाते ही राजकुमार अप्सराको रसोई बनानेवाली ब्राह्मणीकी देख-रेखमें छोड़कर आखेटके लिए चल पड़ा। जब ब्राह्मणी रसोईमें व्यस्त थी, मृगावतीने अपना वस्त्र ढूँढ निकाला और पहनकर लुप्त हो गयी। उसके लुप्त हो जानेपर ब्राह्मणी बिलखने लगी। लौटकर राजकुमारने जब उसे बिलखते देखा तो समझ गया कि मिरगावती गायब हो गयी। तत्काल वह राजकुमार योगी बनकर मृगावतीकी खोज में निकल पड़ा।

मार्गमें उसे एक युवती मिली। वह नाना प्रकारके व्यंजन लेकर राक्षसके आनेकी प्रतीक्षा कर रही थी। वह स्वयं भी राक्षसकी भक्ष होने वाली थी। योगी राजकुमारने उस राक्षसका वधकर युवतीको मृत्युके मुखसे बचा लिया। कृतज्ञतायापन स्वरूप उस युवतीके पिताने उस युवतीके साथ राजकुमारका विवाह कर दिया। कुछ दिनोंतक वहाँ रहकर राजकुमार कंचनपुरकी ओर चल पड़ा। रास्तेमें समुद्र मिला जिसे उसने एक सेमलके वृक्षके सहारे पार किया। कंचनपुरके निकट उसका एक दैत्यसे सामना हुआ। उसने पहले तो योगी राजकुमारका स्वागत् किया फिर उसे ले जाकर एक गुफामें बन्द कर दिया। युक्तिपूर्वक राजकुमारने दैत्यकी आँखोंमें लोहेकी गरम सलाख घुसेड़ दी जिससे वह अन्धा हो गया। उसे अन्धाकर वह निकल भागा और कंचनपुर पहुँचा। वहाँ उसे एक दासीने देखा और मृगावतीको सूचना दी। मृगावतीने उस योगीको बुलवाया और उसके साथ विवाह कर लिया। दोनों सुखपूर्वक रहने लगे।

एक दिन राजकुमारने उस कोठरीको खोल दिया जिसे मृगावतीने खोलनेसे मना किया था। उसमें बन्द दैत्य निकल पड़ा और राजकुमारके प्राण संकटमें पड़ गये। किसी-किसी प्रकार उसकी जान बची। तदनन्तर वह मृगावतीको लेकर अपने देशको चल पड़ा। मार्गमें अपनी दूसरी पत्नीको लिया। पुत्र और वधुओंको देख कर माता-पिता अत्यन्त प्रसन्न हुए।

सतरहवीं शतीके अन्तिम चरणमें **द्विज पशुपति** नामक बंगला कविने भी मिरगावतीकी कथाको किंचित परिवर्तनके साथ **चन्द्रावली** नामसे प्रस्तुत किया है।[१] इसकी कथा इस प्रकार है—

रत्नपुरके राजा चन्द्रसेनके पाँच कन्याएँ थीं जो इन्द्रकी सभामें नृत्य किया करती थीं। उनमें सबसे छोटीका नाम चन्द्रावली था। वह इन्द्रसे प्रेम करने लगी। फल स्वरूप इन्द्रने उसे शाप दे दिया कि वह बारह वर्षतक हिरणी बनकर रहे। तदनन्तर वनके बीच काम सरोवरमें डूबनेसे उसकी मुक्ति होगी।

पश्चिममें स्थित कनकापुरके राजा सत्यकेतुकी पत्नी सुलक्षणीसे विश्वकेतु नामक पुत्र हुआ। उसने सभी विद्याएँ सीखकर बयालीस सुरों वाला गीत सीखा। एक दिन आखेटके लिए बनमें गया तो उसे एक हिरणी दिखाई दी। उसने उसका पीछा किया। वह भागती-भागती काम सरोवरमें जाकर डूब गयी और अपने पूर्व रूपको प्राप्त हो गयी। पश्चात् राजकुमारको अपना परिचय देकर अन्तर्ध्यान हो गयी। राजकुमार उसके लिए उसी सरोवरके किनारे बैठा रहा और किसी प्रकार भी घर आनेको तैयार नहीं हुआ। तब राजाने उसके निवासके लिए वहीं महल बनवा दिया और सुमति नामक धाईको नियुक्त कर दिया। सुमतिकी देख-रेखमें राजकुमार वहाँ रहने लगा।

चन्द्रावली अप्सरा रूपमें एकादशीके दिन काम सरोवरमें स्नानार्थ आयी तो विश्वकेतुने उसके कपड़े चुरा लिये। फलतः वह उसके हाथ आ गयी और वह उसे लेकर राजधानी लौट आया और उससे विवाह कर लिया। किन्तु एक दिन चन्द्रावलीने अपने कपड़े प्राप्त कर लिये और उड़ गयी। जाते समय वह सुमतिसे कहती गयी कि यदि राजकुमार मुझे प्राप्त करना चाहे तो रत्नपुर आये। तदनुसार विश्वकेतु कालिकाकी पूजा कर योगी बनकर निकल पड़ा। मार्गमें उसे एक वृक्षके नीचे एक व्यक्ति मिला जिसके अनुरोधपर उसने कपूरनगरके वसुदत्तसे युद्ध किया और उसे मार डाला। कुछ दिनों वहाँ रहकर वह आगे बढ़ा।

एक वनमें राजकुमारकी भेंट चित्रमाला नामक युवतीसे हुई जिसे एक राक्षसने बन्दी कर रखा था। राजकुमारने समस्यापूर्ति द्वारा राक्षसको पराजित किया फिर उसे अन्धा बनाकर मार डाला। इससे प्रसन्न होकर युवतीके पिता उदयचन्द्रने उस युवतीका विवाह राजकुमारसे कर दिया।

---

१. इसलामी बंगला साहित्य, पृ० ३४-४०।

आगे बढ़नेपर उसकी भेंट एक गड़रियेसे हुई जो अपनेको मेषाम्बर कहा करता था। उसने अनेक राजकुमारोंको बन्दी कर रखा था। विश्वकेतुने उसका आतिथ्य स्वीकार किया फिर उसे अन्धा बनाकर आगे चला और कंचननगर पहुँचा। वहाँ रुद्रभर्ता नामक योगीसे उसने दीक्षा ली फिर अनेक कष्टोंपर विजय प्राप्त करता हुआ मणि प्राप्त कर चन्द्रावलीके पास पहुँचा। दासियोंने उसके आनेकी सूचना दी। उसने पहले उसकी परीक्षा ली फिर उसका स्वागत् किया कुछ दिनों पश्चात् वह चन्द्रावली और रूपमालाको लेकर अपने देश लौट आया।

असमी कवि **द्विजरामने** भी कामरूपकी बोलीमें इस कथाकी रचना **मृगावती चरित** नामसे की है।[1] उसकी कथा भी **कुतुबनकी मिरगावतीसे** मिलती-जुलती है।

मृगावती नामसे एक अन्य रचना बंगलामें प्राप्त है, जिसकी रचना उन्नीसवीं शतीके मध्यमें **मुहम्मद खातिर** नामक कविने की है। नाम साम्यके कारण लोगोंका अनुमान है कि इसकी कथा भी **कुतुबनके मिरगावतीके** अनुसरणपर लिखी गयी होगी। किन्तु यह कथा हमें उपलब्ध नहीं हो सकी। अतः नहीं कहा जा सकता कि इसकी कथा भी वही है अथवा उससे सर्वथा भिन्न है।

१. हेमचन्द्र गोस्वामी, असमीय पुथीर विवरण, १९३० ई०, पृ० १५२–१५३।

सामग्री और सम्पादन

उपलब्ध प्रतियाँ

मिरगावतीकी अबतक निम्नलिखित छः प्रतियाँ प्रकाशमें आयी हैं और ये सभी किसी-न-किसी रूपमें खण्डित हैं :—

दिल्ली प्रति—यह प्रति फारसी लिपिकी नस्तालीक शैलीमें देशी कागज़पर लिखी हुई है। इसमें ९० पत्र थे जिसमेंसे आरम्भका एक पत्र अनुपलब्ध है। इस प्रकार ज्ञात प्रतियोंमें यह सबसे कम खण्डित है। इसके प्रत्येक पृष्ठपर १६ से १९ पंक्तियाँ हैं। इस प्रतिमें ४३० कड़वक रहे होंगे जिनमेंसे ४२६ उपलब्ध हैं। इस प्रतिके हाशियेपर यत्र-तत्र मूल लिखावटसे भिन्न लिखावटमें पाठान्तर अंकित हैं। कहीं शब्द मात्र हैं, कहीं पंक्तियाँ हैं और एक-आध स्थल पर पूरे कड़वक भी हैं। अनुमान होता है कि प्रति तैयार होनेके बाद किसी समय किसी व्यक्तिने किसी अन्य प्रतिसे इसका पाठ मिलाया है और जो अन्तर उसकी दृष्टिमें आये, उन्हें उसने अंकित कर दिया। इस प्रकार यह प्रति दो प्रतियोंका पाठ प्रस्तुत करती है। हाशियेवाले पाठ इस संस्करणमें जहाँ भी ग्रहण किये गये हैं, वहाँ उनका उल्लेख **दिल्ली मार्जिनके** रूपमें किया गया है।

इस प्रतिमें आरम्भिक पत्र न होनेसे सिरनामा अज्ञात है। अन्तमें भी लिपिकारने कोई पुष्पिका नहीं दी है। इससे ग्रन्थका नाम, लिपिकाल, लिपिक आदिका कुछ भी परिचय नहीं मिलता। हाँ, अन्तिम पत्रके पीठवाले पृष्ठपर यह महत्त्वपूर्ण सूचना फारसी लिपिमें अंकित है कि 'यह प्रति अकबराबाद (आगरा) निवासी मोमिन सह्हाफ (जिल्दबन्द)से आठ आनेमें क्रय की गयी। क्रय अधिकारसे इसके स्वामी सन् ११२१ हिजरी (१७०९–१० ई०)में काज़ी मुहम्मद आरिफके पुत्र अजीज़ुल्लाह हैं।'[1] इसी आशयकी पंक्ति उपलब्ध आरम्भके पृष्ठके ऊपरी कोनेपर भी लिखी हुई है किन्तु उसका कुछ अंश खण्डित है।[2] इन वाक्योंमें इतना तो निश्चित रूपसे

---

१. मूल लेख है—खरीदः शुद ब हस्त आनः अज़ मोमिन सहाफ अकबराबादी मालिकः बा लबीअ अजीज़ुद्दीन बिन काज़ी मुहम्मद आरिफ दर सनः ११२१ हिजरी। इसमें जो तिथि दी है उसके अन्तिम दो अंकोंके कुछ अंश नष्ट हो गये हैं। सैयद हसन अस्करीने उसे १११९ पढ़ा है (जर्नल आव बिहार रिसर्च सोसाइटी, खण्ड ४१, पृ० ४५३) किन्तु अन्यत्र यह तिथि स्पष्ट ११२१ है।

२. उपलब्ध अंश है—………किताब यक खरीदः शुद अज़ मोमिन शहाफ अकबराबादी………दर सनः ११२१।

ज्ञात हो ही जाता है कि यह प्रति अठारहवीं शताब्दीके प्रथम दशकसे बहुत पहले की है। लेखन शैलीके आधारपर **सैयद हसन असकरी**का अनुमान है कि यह प्रति सोलहवीं शतीके प्रारम्भमें तैयार की गयी होगी।[१] यदि उनका यह अनुमान ठीक है तो यह प्रति काव्य रचनाके दस-बीस वर्षके भीतर ही तैयारकी गयी होगी। इतनी प्राचीनता न स्वीकार करते हुए भी कागजकी बदरंग स्थिति और लिपि दोनोंको दृष्टिमें रखकर हमारी धारणा है कि यह प्रति सोलहवीं शतीके अन्त अथवा सतरवीं शतीके प्रारम्भकी है।

यह प्रति भारतीय पुरातत्व विभागके अरबी-फारसी अभिलेखोंके विशेषज्ञ **जिआउद्दीन अहमद देसाई**के पास है। उन्हें यह प्रति १९५४ ई० में दिल्लीके किताब-घर नामक पुस्तक संस्थानके रहमत कुतुबीसे प्राप्त हुई थी। ऐसा कहा जाता है कि उनके पास आनेसे पहले यह प्रति दिल्लीके सुप्रसिद्ध राजनीतिक नेता हकीम अजमल खाँके निजी पुस्तकालयमें थी। इस प्रतिको प्रकाशमें लानेका श्रेय पटना कालेजके इतिहासके भूतपूर्व प्राध्यापक (अब काशीप्रसाद जायसवाल शोध संस्थानके निदेशक) **सैयद हसन असकरी**को है। उन्होंने इसके आधारपर एक लेख **जर्नल आव बिहार रिसर्च सोसाइटी**में प्रकाशित किया है।[२]

मनेरशरीफ प्रति—यह प्रति फारसी लिपिकी नस्तालीक शैलीकी ओर झुकती हुई नस्ख शैलीमें लिखी हुई है। लिपि शैलीसे अनुमान होता है कि यह प्रति सोलहवीं शतीमें किसी समय तैयार की गयी होगी। इस प्रतिके कुल ३२ पत्र (६४ पृष्ठ) उपलब्ध हैं। यह मूलतः **मौलाना दाऊद** कृत **चन्दायन**की प्रति है। उसके प्रत्येक पृष्ठके हाशियेपर **मिरगावती**के कड़वक लिखे गये हैं। ये कडवक भी उसी हस्तलिपिमें हैं जिसमें **चन्दायन**की प्रति तैयार की गयी है। उपलब्ध पृष्ठोंमेंसे एक पृष्ठका हाशिया रिक्त है जिसके कारण इसमें केवल ६३ कड़वक प्राप्त हैं। उपलब्ध पत्रोंमेंसे कुछके बायें हाशियेके ऊपर पत्र संख्या अंकित हैं। ये पत्र संख्या १४८, १४९, १५२-१५७, १५९-१६१ हैं: शेषपर कोई संख्या नहीं है। इन रिक्त पत्रों पर **असकरी**ने अपने अनुमानके आधार-पर कहीं अँगरेजी और कहीं फारसी अंकोंमें पत्र संख्या अंकित कर दिये हैं; किन्तु उनके अनुमानित ये पत्रांक भ्रामक हैं। अन्य सूत्रोंके साक्ष्यसे ज्ञात होता है कि उपलब्ध पत्रोंकी वास्तविक संख्या १४४-१४९, १५२-१५७, १५९-१६४, १६८-१७४, १७६-१८१ है।

यह प्रति मनेरशरीफ (जिला पटना)के खानकाहके सज्जादनशीन शाह इनायतउल्लाहके संग्रहमें है। उनके भाई मौलवी मुरादुल्लाहकी कृपासे वह **सैयद हसन असकरी**को प्राप्त हुई थी और उसके आधार पर उन्होंने **चन्दायन** और **मिरगावती**के सम्बन्धमें एक लेख प्रकाशित किया था।[३]

---

१. जर्नल आफ बिहार रिसर्च सोसाइटी, खण्ड ४१, पृ० ४५४।

२. वही, पृ० ४५२–४८७।

३. करेण्ट स्टडीज, पटना कालेज, १९५५ ई०, पृ० १६–२३।

एकडला प्रति—यह प्रति सचित्र और कैथी लिपिमें लिखी हुई है। इसके प्रत्येक पत्र पर एक ओर **मिरगावतीका** एक कड़वक अर्थात् सात पंक्तियाँ हैं; दूसरी ओर उसी कड़वकके आधार पर अपभ्रंश शैलीमें अंकित चित्र है। इन चित्रोंकी शैलीके आधारपर अनुमान किया जाता है कि यह प्रति सतरहवीं शतीके आरम्भमें किसी समय तैयार की गयी होगी। किन्तु इस प्रतिका जो पाठ आज उपलब्ध है, वह इतना प्राचीन नहीं है। वह उन्नीसवीं शताब्दीके पूर्वार्द्धका है। एकडला (जिला फतहपुर, उत्तर-प्रदेश)के मनसबदार हनुमानदीनने, जिनके वंशधरोंसे यह प्रति प्राप्त हुई है, संवत् १८९० (१८२८ ई०)के आस पास अपने संग्रहके हस्तलिखित ग्रन्थोंका पुनर्निरीक्षण कराया था। उस समयतक कदाचित् यह प्रति जीर्ण हो चुकी थी। अतः चित्रोंकी रक्षाके निमित्त उन्हें उस समय मोटे खुरदुरे कागजपर चिपका दिया गया। फलस्वरूप उसपर लिखा पाठ छिप गया। तो उन्होंने इस नयी पीठपर नये सिरेसे **मिरगावती**-का पाठ अंकित कराया। पूर्ववर्ती पाठके सम्बन्धमें इस कारण अधिक जानकारी नहीं प्राप्त की जा सकती। उत्तरवर्ती प्रति पूर्ववर्ती प्रतिसे ही तैयार की गयी है या किसी अन्य प्रतिसे इसके जाननेका भी कोई साधन नहीं है। उत्तरवर्ती प्रति दो व्यक्तियों द्वारा तैयार की गयी जान पड़ती है। ये लिपिक सम्भवतः अधिक पढ़े लिखे और सतर्क नहीं थे। इस कारण इस प्रतिमें पाठ-दोष तो अधिक हैं ही, अनेक स्थलोंपर पंक्तियाँ रिक्त हैं, जो इस बातकी द्योतक हैं कि वे या तो अपने आदर्श प्रतिको पढ़ न सके या फिर आदर्श प्रति ही उसी रूपमें खण्डित अथवा भ्रष्ट थी।

यह प्रति १९५४ ई०के अगस्तमें प्रयाग विश्वविद्यालयके प्राध्यापक **शिवगोपाल मिश्र**को मूल स्वामीके वंशधर ओमप्रकाश सिंह और राजेन्द्रपाल सिंहसे प्राप्त हुई थी और अब यह काशी विश्वविद्यालयके भारत कला भवनमें है। मूल रूपमें इस प्रतिके २५३ पत्र **शिवगोपाल मिश्र**को मिले थे। भारत कला भवनमें केवल २५० पत्र हैं।[1] कहा जाता है कि **शिवगोपाल मिश्र**ने शेष तीन पत्र अपने किसी कलाप्रेमी मित्रको दे दिये। भारत कला भवनमें उपलब्ध पत्रोंमें तीनमें केवल चित्र हैं और उनके पृष्ठ भाग रिक्त हैं।[2] शेषमेंसे एकपर केवल एक अस्पष्ट पंक्ति अंकित है।[3] इसके अतिरिक्त एक ही कड़वक (कड़वक १८७) दो पत्रोंपर अंकित है।[4] इस प्रकार भारत कला भवनमें उपलब्ध पत्रोंसे इस प्रतिके २४५ कड़वक ज्ञात होते हैं। अनुपलब्ध तीनों पृष्ठ सम्भवतः लेखांकित थे। इस प्रकार इस प्रतिसे उपलब्ध कड़वकोंकी संख्या २४८ है।[5]

---

१. भारत कला भवनकी आगत पंजिका संख्या ७७४२–७९९१।

२. वही, संख्या ७८६५, ७८६८, ७८७४।

३. वही, संख्या ७९५६।

४. वही, संख्या ७८४६, ७९३६।

५. सम्मेलन संस्करणमें शिवगोपाल मिश्रने जो पाठ प्रस्तुत किया है, उससे ऐसा जान पड़ता है कि उन्होंने इस प्रतिसे २५१ कड़वक दिये हैं। वस्तुतः उसमें एकडला प्रति कथित तीन कड़वक (सम्मेलन संस्करण, कड़वक ७२, ८५ और ११०) बीकानेर प्रतिके हैं; और एक कड़वक (वही,

इस प्रतिके ज्ञात होनेकी सर्व प्रथम सूचना **कैलाश कल्पितने** प्रयागसे प्रकाशित दैनिक **अमृत पत्रिका** (३ सितम्बर १९५५) में दी थी। तदनन्तर **शिवगोपाल मिश्रने** इस प्रतिके आधारपर कई लेख प्रकाशित किये।

बीकानेर प्रति—यह प्रति मटमैले रंगके कागजपर कैथी लिपिमें लिखी गयी है। इसके लिखनेमें काली और लाल दोनों प्रकारकी स्याहियोंका प्रयोग किया गया है। आरम्भके एक और बीचके तीन-चार पत्रोंको छोड़कर सर्वत्र घत्ता लिखनेके लिए लाल स्याहीका प्रयोग हुआ है। इस प्रतिमें मूलत: ८६ पत्र हैं; किन्तु **मिरगावती** ७७ पत्रोंमें समाप्त हो जाती है। तदनन्तर **गंग** कृत **बारहमासा** प्रारम्भ होता है जिससे हमें कोई प्रयोजन नहीं है। इस प्रतिके प्रत्येक पृष्ठपर २१ पंक्तियाँ अर्थात् तीन कड़वक हैं। अन्तिम पृष्ठ पर केवल एक कड़वक है। इस प्रकार इस प्रतिके अनुसार **मिरगावतीमें** ४५७ कड़वक हैं। किन्तु इस प्रतिके केवल ५९ पत्र उपलब्ध हैं। पत्र १-५, १६, १८, २०, २४-२७, ५६[1], ५७ तथा ६२ नहीं हैं। इस कारण इस प्रतिके केवल ३१३ कड़वक अर्थात् कड़वक ३१-३६, ९७-१२२, १०९-११४, १२१-१३८, १६३-३१२, ३१९-३३६, ३४३-३६६ और ३७३-४५७ उपलब्ध हैं।

शिवगोपाल मिश्रकी धारणा है कि यह प्रति प्राचीन है। उनका यह भी कहना है कि प्रति अन्तसे पूर्ण है फिर भी उसमें लेखक (सम्भवतः उनका तात्पर्य लिपिकसे है)का नाम एवं लेखन काल नहीं पाया जाता।[2] किन्तु वस्तुतः ऐसी बात नहीं है। अन्तमें पुष्पिका उपलब्ध है, जिसे **शिवगोपाल मिश्रने** स्वयं दो स्थलोंपर उधृत किया है।[3] भूमिकामें उधृत पाठके अनुसार पुष्पिका इस प्रकार है—**एती मृगावती कथा समए समांपती सुभ असुभ सी गुरु प्रसाद म सुसमती । समयेअ नम सर्वन बदीय ।**

कड़वक ९०), जिसे उन्होंने बीकानेर प्रतिका बताया है, एकडला प्रतिका है। इस प्रकार उक्त संस्करणमें एकडला प्रतिके २४९ कड़वक ज्ञात होने हैं। सम्मेलन संस्करणमें एकडला प्रतिके कहे गये कड़वकोंकी भारत कला भवनमें उपलब्ध सामग्रीसे तुलना करनेपर ज्ञात होता है कि भारत कला भवनकी सामग्रीके अतिरिक्त संस्करणमें चार कड़वक (प्रस्तुत संस्करणके कडवक ७, ८, ९ और ६४) ऐसे हैं जो भारत कला भवनमें उपलब्ध नहीं हैं। इनमेंसे तीन कड़वक तो उन पत्रोंके हो सकते है जिन्हें शिवगोपाल मिश्रने अपने मित्रको दे दिये हैं। शेष एक कड़वक उन्हें कहाँसे मिला या उन्हें एकडला प्रतिका कहनेका क्या कारण है, यह उन्होंने कहीं नहीं बताया है। हो सकता है उन्हे इस प्रतिके २५४ पत्र मिले हों और किसी भूलके कारण वे २५३ होनेकी बात कहते हों। अपने मित्रको तीनके स्थानपर चार पत्र दिये हों। इस प्रकार एकडला प्रतिसे उपलब्ध कड़वकोंकी संख्या २४९ है।

१. शिवगोपाल मिश्र और दीनानाथ खत्री, दोनोंने पृष्ठ ५३ के लुप्त होनेकी बात कही है। किन्तु वस्तुतः पत्र ५६ लुप्त है। प्रतिमें जो पत्र, पत्र ५६ के स्थानपर उपलब्ध है वह वस्तुतः पत्र ५३ है और किसीके प्रमादसे पत्र ५६ के स्थानपर रख गया है। यह काव्य प्रवाह और दिल्ली प्रतिके देखनेसे प्रकट होता है।

२. कुतुबन कृत मृगावती, पृ० २।

३. वही, पृ० ३ तथा २०४।

अती मुखी सोमावसरे।[1] अन्तमें उन्होंने इससे तनिक भिन्न पाठ दिया है—**ऐती म्रिगा-वती कथा समऐ समापतिः सुभ असुभ सी गुरु प्रसादम सुसमती । समांऐअनम सर्वन वदीय । अतीसुखी सोमावसरे ।**[2] **दीनानाथ खत्री**ने भी इस पुष्पिकाको अपने लेखमें उद्धृत किया है। वहाँ इन दोनोंसे कुछ भिन्न पाठ है—**एती मृगावत्ती कथ समए संमापती सुभ असुसी गुरु प्रसादम सुसमती । ममाये अनम सर्वन वदीय ।। अतीसुखी सोमावसरे ।।**[3] हमें मूल प्रति देखनेको न मिल सकी, इसलिए हम कहनेमें असमर्थ हैं कि वस्तुतः पाठ क्या है। किन्तु इन पाठोंपर तनिक ध्यान देनेपर स्पष्ट हो जाता है कि वे अत्यन्त भ्रष्ट हैं। यह भ्रष्टता कैथीलिपि जनित और लिपिक-जनित दोनों ही हो सकती है। इन पंक्तियोंमें वस्तुतः क्या लिखा है, इसे जानने समझनेकी किसीने भी चेष्टा नहीं की। इन पंक्तियोंमें तीन बातें कही गयी हैं—

(१) अति मृगावती (म्रिगावती) कथ (कथा) समए ममापतिः (समां-पती, संमापती) अर्थात् इति मृगावती (म्रिगावती) कथा समय समाप्तिः ।

(२) सुभअसुसी (असुभसी) गुरुप्रसादम (गुरु प्रसादम) अर्थात् शुभ आशीशे गुरु प्रसादम् (गुरुके प्रसादरूपी शुभ आशीशसे)

(३) सुसमती (सुसमती) समाये (समांए) अनम सर्वन वदीय अतिमुखी मोमावसरे ।

यही अन्तिम पंक्ति सबसे महत्त्वकी है और इसमें लिपि-काल अंकित है। किन्तु इसका पाठ समुचित रूपसे स्पष्ट नहीं है। पहला शब्द **सुसंवते** जान पड़ता है। दूसरा शब्द सम्भवतः **समये** है जिसका अर्थ होता है **वर्ष**। तीसरे शब्द **अनम**का पाठ शुद्ध है अथवा वह किसी शब्दका विकृत रूप है, कहना कठिन है; किन्तु इतना तो निसं-दिग्ध है कि वह वर्षका द्योतक है। हो सकता है यहाँ अंक रहा हो जो न पढ़ा जा सका हो; यह भी सम्भव है कि अक्षर संकेतसे वर्षका बोध कराया गया हो। तीसरी सम्भावना यह भी है कि गौरव (बार्हस्पत्य) वर्षके नामोंमेंसे कोई नाम हो। किन्तु तीनों ही दृष्टिसे हम किसी वर्षका अनुमान कर पानेमें असमर्थ रहे हैं। आगे **सर्वन** स्पष्टतः श्रावण है, वदीयके सम्बन्धमें कुछ कहना ही नहीं, वह **कृष्णपक्ष**का पर्याय है। **अतिमुखी** शब्दका प्रयोग **तृतीया**के लिए हुआ जान पड़ता है। तदनन्तर **सोमवासरे** स्पष्ट है। इस प्रकार इस पुष्पिकाके अनुसार **अनम** (?) वर्षके **श्रावण कृष्ण तृतीया**को यह प्रति लिपिबद्ध हुई थी। अनम वर्ष क्या है यह अधिक ऊहापोहकी अपेक्षा रखता है। **शिवगोपाल मिश्र** इस प्रतिको जितना प्राचीन समझते हैं, यह नहीं है। हमारी धारणा है कि यह किसी भी अवस्थामें अठारहवीं शतीसे पूर्वकी प्रति नहीं है।

यह प्रति बीकानेरके अनूप राजकीय संस्कृत पुस्तकालयके हिन्दी विभागमें है। वहाँ यह हस्तलिखित प्रति संख्या ११२ के रूपमें अंकित है। इसकी ओर ध्यान आकृष्ट

---

१. वही, पृ० ३।

२. वही, पृ० २०४।

३. राजस्थान भारती, वर्ष २, अंक २ (१९४९) पृ० ४४।

करनेका श्रेय **दीनानाथ खत्रीको** है। उन्होंने **कुतुबनकी मृगावतीकी एक महत्त्वपूर्ण प्रति** शीर्षकसे इसका परिचय १९४९ ई० में **राजस्थान भारती**में प्रकाशित किया था।[१]

काशी प्रति—यह प्रति कैथी लिपिमें काली स्याहीसे ४½" × ६" आकारके कागजपर केवल एक ओर लिखी गयी बतायी जाती है। इसके केवल ७ पत्र उपलब्ध कहे जाते हैं जिनपर पत्रांक १४६ से १५२ तक अंकित है। इनमें २५ कड़वक (प्रस्तुत संस्करणके कडवक २११ से २३५ तक उपलब्ध हैं। यह प्रति भारत कला भवन, काशीमें सुरक्षित कही जाती है किन्तु चेष्टा करनेपर भी हमें वह देखनेको प्राप्त न हो सकी। इस प्रतिको **परशुराम चतुर्वेदी**ने देखा था। सम्भवतः **शिवगोपाल मिश्र**ने भी इस प्रतिको देखा है। उनका कहना है कि यह प्रति अत्यन्त असावधानीसे तैयार की गयी है और उसमें अनेक पंक्तियाँ छूटी हुई हैं।

इसकी दो आधुनिक प्रतिलिपियाँ उपलब्ध हैं। एक प्रति तो भारत कला भवन-में ही है। सम्भवतः यह प्रतिलिपि पहले नागरी प्रचारणी सभाके पास थी। दूसरी प्रति अनूप राजकीय संस्कृत पुस्तकालय बीकानेरमें है।

इस प्रतिसे दस कड़वक **परशुराम चतुर्वेदी**ने अपने **सूफी काव्य संग्रह**में उधृत किये हैं।[२] उन्हें इस प्रतिकी जानकारी देनेके साथ-साथ **मिरगावती**के अंश प्रकाशमें लानेका भी श्रेय प्राप्त है।

चौखम्भा प्रति—यह प्रति एकडला प्रतिकी तरह ही सचित्र और कैथी लिपिमें लिखी हुई थी। यह प्रति १९०० ई० के आस-पास चौखम्भा (काशी) स्थित **भारतेन्दु हरिश्चन्द्र**के निजी पुस्तकालयमें थी। वहीं उस समय नागरी प्रचारणी सभाकी ओरसे हस्तलिखित ग्रन्थकी खोज करनेवाले लोगोंने देखा था और उसका विवरण तैयार किया था जो उस वर्षके **खोज रिपोर्ट**में प्रकाशित है। इस रिपोर्टके प्रकाशनके पश्चात् वहाँसे यह प्रति किसी समय गायब हो गयी और अब उसके अस्तित्वका कोई पता नहीं है। आज इसकी जानकारीका साधन एकमात्र **खोज रिपोर्ट**में दिया गया विवरण ही है।

इस विवरणके अनुसार इसमें ८" × ६" के ३५० पत्र थे और प्रत्येक पत्र पर १८ पंक्तियाँ थीं। उसमें चित्र और काव्यका अंकन किस ढंगसे हुआ था इसका कोई उल्लेख नहीं है। **रिपोर्ट**में आदि-अन्तसे ५ कड़वक (प्रस्तुत संस्करणके कड़वक ७, ८, ९, १३ और ४२८) उधृत किये गये है। उसके देखनेसे अनुमान होता है कि (प्रस्तुत संस्करणके अनुसार) आरम्भके ६ और अन्तके ४ कड़वक नहीं थे।

ग्रन्थका स्वरूप

बीकानेर प्रतिमें काव्य ७७ पत्रोंमें समाप्त हुआ है। प्रत्येक पत्रपर समान रूपसे छः कड़वक लिखे गये हैं। अन्तिम पत्रपर केवल एक कड़वक है। इस प्रकार इस

१. वर्ष २, अंक २ (मार्च १९४९), पृ० ३९-४४।

२. सूफी काव्य संग्रह, संवत् २००७, पृ० ११०-११७।

प्रतिके अनुसार काव्यमें ४५७ (७६ × ६ + १) कड़वक थे। मनेर प्रतिका उपलब्ध अंश १४४ पत्रसे आरम्भ होता है। प्रत्येक पत्रपर दोनों ओर एक-एक कड़वक लिखा गया है। इसके अनुसार १४४वें पत्रके पृष्ठपर कड़वक २८७ होना चाहिये। और वस्तुतः हम पाते हैं कि बीकानेर प्रतिका २८७वाँ कड़वक और मनेर प्रतिके पृष्ठ १४४अ का कड़वक एक ही है। इस समताको देखते हुए अनुमान किया जा सकता है कि मनेर प्रतिमें भी बीकानेर प्रतिके समान ही ४५७ कड़वक रहे होंगे। किन्तु मनेर प्रति-की उपलब्ध सामग्रीमें एक पृष्ठ रिक्त है और एक कड़वक ऐसा है जो बीकानेर प्रतिमें नहीं है। इस तथ्यके प्रकाशमें अनुमान करनेकी गुंजाइश है इस तरहके अन्तर मनेर प्रतिमें आगे पीछे भी रहे होंगे। अतः निश्चित रूपसे नहीं कहा जा सकता कि मनेर प्रतिमें बीकानेर प्रतिके समान ही कड़वक रहे होंगे।

दिल्ली प्रतिमें क्रमबद्ध पाठके रूपमें ४२६ कड़वक हैं; आरम्भका अंश खण्डित है। बीकानेर प्रतिमें आरम्भिक पत्रोंमें पत्र ६ उपलब्ध है। पत्र ६ का पहला कड़वक उक्त प्रतिकी गणनाके अनुसार ३१वाँ कड़वक है। इस आधारपर बीकानेर प्रतिके ३१वें कड़वकके साथ दिल्ली प्रतिके समान कड़वक को सन्तुलित करनेसे ज्ञात होता है कि दिल्ली प्रतिका उपलब्ध आरम्भिक पृष्ठ बीकानेर प्रतिके अनुसार चौथे कड़वककी अन्तिम दो पंक्तियोंके साथ आरम्भ होता है। इससे ज्ञात होता है कि दिल्ली प्रतिमें आरम्भके चार कड़वक नहीं हैं और दिल्ली प्रतिके अनुसार काव्यमें केवल ४३० कड़वक थे।

इस प्रकार बीकानेर और दिल्ली प्रतियोंमें काव्यके आकारमें २७ कड़वकोंका अन्तर है। अतः विचारणीय हो जाता है कि दिल्ली प्रतिमें इन कड़वकोंकी छूट है या बीकानेर प्रतिके अधिक कड़वक अतिरिक्त और प्रक्षिप्त हैं।

प्रथम तीस कड़वक बीकानेर प्रतिमें नहीं हैं और इस अंशके २६ कड़वक दिल्ली प्रतिमें उपलब्ध हैं। आरम्भका एक पत्र अप्राप्य है। इस अप्राप्य पत्रमें बीकानेर प्रतिके अनुसार चार कड़वक रहे होंगे यह हमने ऊपर मान लिया है। इस प्रकार यहाँ-तक दोनों प्रतियाँ समान हैं। आगे यह समानता ३४वें कड़वकतक चलती है। दिल्ली प्रतिका ३५वाँ कड़वक बीकानेर प्रतिमें दो कड़वकों (कड़वक ३५-३६)[१] में विभक्त मिलता है। कड़वक ३५ में आरम्भकी चार और कड़वक ३६ में अन्तिम तीन पंक्तियाँ हैं। विषय और कथा प्रवाहको देखते हुए जान पड़ता है कि इस स्थलपर मूलतः बीकानेर प्रतिके ही दोनों कड़वक रहे होंगे। अनुमान होता है कि दिल्ली प्रतिकी आदर्श कोई ऐसी प्रति थी जिसके प्रत्येक पृष्ठपर एक ही कड़वक था। इस कारण लिपिककी दृष्टि एक पृष्ठसे दूसरे पृष्ठपर फिसल गयी और उसने केवल पंक्तियोंका ध्यान कर अगले कड़वककी तीन पंक्तियाँ पहले कड़वककी लिख चुकी चार पंक्तियोंके नीचे लिख दिया। इस प्रकार वह एक कड़वक चूक गया। अतः हमारी धारणा है कि इस स्थलपर बीकानेर प्रतिके दोनों कड़वक ग्रहण किये जाने चाहिये।

---

१. सम्मेलन संस्करण, कड़वक २३-२२।

आगे बीकानेर प्रतिके कड़वक ३७ से ९६ तक अनुपलब्ध हैं। इस अंशके रूपमें दिल्ली प्रतिमें केवल कड़वक ३६-८४ हैं। यहाँ यह बात सामने आती है कि बीकानेर प्रतिमें अनुपलब्ध ११ कड़वक दिल्ली प्रतिमें भी नहीं हैं। ये अनुपलब्ध कड़वक, कड़वक ३७ और ९६ के बीच किन स्थलोंके थे और वे दिल्ली प्रतिमें छूट गये हैं या बीकानेर प्रतिमें अतिरिक्त और प्रक्षिप्त थे, कहा नहीं जा सकता। जहाँतक पाठ प्रवाहका सम्बन्ध है दिल्ली प्रतिमें किसी प्रकारका कोई अभाव लक्षित नहीं होता। ऐसी अवस्थामें यही अनुमान होता है कि बीकानेर प्रतिके ये अनुपलब्ध कड़वक अतिरिक्त और प्रक्षिप्त रहे होंगे।

पुनः दिल्ली प्रतिके कड़वक ८५-१०९ बीकानेर प्रतिके कड़वक ९७-१२२[१] के समानान्तर चलते हैं और बीकानेर प्रतिके अनुपलब्ध कड़वकोंकी पूर्ति बिना किसी प्रकारकी कमी-बेशीके करते हैं। किन्तु बीकानेर प्रतिका कड़वक १०९[२] दिल्ली प्रतिमें नियमित क्रममें न होकर मार्जिनमें प्रथम पंक्ति विहीन अंकित है। सूक्ष्म परीक्षणसे प्रकट होता है कि दिल्ली प्रतिका कड़वक ९७ बीकानेर प्रतिमें दो कड़वकों (कड़वक १०९-११०)[३] में विभक्त है। कड़वक १०९ में दिल्ली प्रतिकी पंक्ति १ के साथ ६ नयी पंक्तियाँ हैं और कड़वक ११० में पहली पंक्ति नयी है और शेष दिल्ली प्रतिकी पक्तियाँ २-७ हैं। अतः स्पष्ट है कि दिल्ली प्रतिके मार्जिनमें कड़वक ९७ के पाठान्तर स्वरूप बीकानेर प्रतिके कड़वक १०९ की पंक्ति २-७ हैं। दिल्ली प्रतिके कड़वक ९७ की पंक्तियाँ जिस रूपमें दो कड़वकोंमें विभक्त हैं, उनसे लक्षित होता है कि विस्तारके निमित्त उन्हें यह रूप दिया गया है। बीकानेर प्रतिके कड़वक ११० में दिल्ली प्रतिके कड़वक ९७ के प्रथम पंक्तिके स्थानपर जो पंक्ति जोड़ी गयी है, वह इस बातको स्पष्ट रूपसे व्यक्त करती है। दिल्ली प्रतिका कड़वक ९७ अपने आपमें पूर्ण है और बीकानेर प्रतिकी पंक्तियोंके अभावमें काव्यप्रवाहमें कोई कमी नहीं आती। अतः हमारी धारणा है कि बीकानेर प्रतिका यह अंश प्रक्षिप्त है और मूल पाठमें अग्राह्य है।

आगे बीकानेर प्रतिके कड़वक १२३-१२९[४] के बीचके कड़वकोंमें केवल दो कड़वक (कड़वक १२४ और १२७)[५] दिल्ली प्रतिमें कड़वक ११० और १११ के रूपमें उपलब्ध हैं। बीकानेर प्रतिके कड़वक १२३, १२५, १२६[६] दिल्ली प्रतिमें हैं ही नहीं। कड़वक १२८[७] की प्रथम दो पंक्तियों और कड़वक १२९[८] की पंक्ति १,४ ५,६ और ७

---

१. सम्मेलन संस्करण, कड़वक ४४-६९।

२. वही, कड़वक ५६।

३. सम्मेलन संस्करण कड़वक ५६-५७।

४. वही, कड़वक ७०-७६।

५. वही, कड़वक ७१-७४।

६. वही, कड़वक ७०,७२,७३।

७. वही, कड़वक ७५।

८. वही कड़वक ७६।

को मिलाकर एक पूर्ण कड़वक दिल्ली प्रतिके मार्जिनपर अंकित है समूचे अंशके परीक्षणसे प्रकट होता है कि बीकानेर प्रतिके कड़वक १२३, १२५ और १२६ प्रसंगानुरूप अनावश्यक हैं। दिल्ली प्रतिके मार्जिनमें जो कड़वक अंकित है वह अपने आपमें पूर्ण है, उसे बीकानेर प्रतिमें दो कड़वकोंमें बाँटकर अनावश्यक विस्तार किया गया है। अतः कड़वक १२३, १२५, १२६ और कड़वक १२८ की पंक्ति ३-७ और कड़वक १२९ की पंक्ति २-३ हमारी सम्मतिमें प्रक्षित हैं और मूल पाठमें अग्राह्य हैं। दिल्ली प्रतिके मार्जिनवाला कड़वक दिल्ली प्रतिमें छूट है। उसे कड़वक १११ के बाद मूल पाठमें ग्रहण किया गया है।

तदनन्तर बीकानेर प्रतिके कड़वक १३०-२११[1] दिल्ली प्रतिके कड़वक ११२-१९३ के साथ समान रूपसे चलते हैं और बीकानेर प्रतिमें अनुपलब्ध कड़वकोंकी पूर्ति विना किसी कमी-वेशीके करते हैं। इनके आगे दिल्ली प्रतिमें तीन कड़वक (कड़वक १९४-१९६) ऐसे हैं जो बीकानेर प्रतिमें नहीं हैं। ये कड़वक काव्य प्रवाहकी दृष्टिसे मूल काव्यके अंग जान पड़ते हैं। सम्भवतः वे लिपिकके प्रमादसे बीकानेर प्रतिमें छूट गये हैं। अतः वे प्रस्तुत संस्करणमें मूल पाठके रूपमें स्वीकार किये गये हैं। पुनः बीकानेर प्रतिके कड़वक २१२-२१८[2] दिल्ली प्रतिके कड़वक १९७-२०३ के साथ समान रूपसे चलते हैं। आगे दिल्ली प्रतिके कड़वक २०४ की प्रथम दो पंक्ति तथा पाँच नयी पंक्तियोंके योगसे बना बीकानेर प्रतिका कड़वक २१९[3] है। और उसके बादका कड़वक २२०[4] दिल्ली प्रतिमें नहीं है। किन्तु उसके मार्जिनमें बीकानेर प्रतिके कड़वक २१९ की पंक्ति ३-७ और कड़वक २२० अंकित हैं। ऐसा जान पड़ता है कि ये किसी अन्य प्रतिसे दिल्ली प्रतिके मार्जिन पाठान्तरके रूपमें लिखे गये हैं। ध्यानसे देखनेपर प्रकट होता है कि बीकानेर प्रति और दिल्ली प्रतिके मार्जिनमें अंकित ये अंश विस्तारके निमित्त जोड़े गये हैं। वे प्रक्षित हैं और मूल पाठमें अग्राह्य हैं।

आगे बीकानेर प्रतिके कड़वक २२१-२५९[5] दिल्ली प्रतिके कड़वक २०५-२४३ के साथ समान रूपसे चलते हैं। फिर दिल्ली प्रतिका कड़वक २४४ बीकानेर प्रतिके दो कड़वकों (२६०-२६१)के रूप में बँटा है। कड़वक २६० में दिल्ली प्रतिके कड़वक २४४ की प्रथम दो पंक्तियोंके साथ पाँच नयी पंक्तियाँ हैं; और कड़वक २६१ में दिल्ली प्रतिके कड़वककी पंक्तियाँ ३-५ हैं उसके बाद दो पंक्ति रिक्त है और अन्तमें पंक्ति ६-७ है।[6] बीकानेर प्रतिके कड़वक २६० की नयी पंक्तियोंका अन्य पंक्तियोंके

---

१. सम्मेलन संस्करण, कड़वक ७७-८५; १०९-१५७।

२. वही, कड़वक १५८-१६४।

३. वही, कड़यक १६५।

४. वही, कड़वक १६६।

५. वही, कड़वक १६७-२०५।

६. वही, पृ० १३७, पाद टिप्पणी।

साथ कोई संगति नहीं बैठती। इसी कारण **शिवगोपाल मिश्रने** उन्हें मूलमें न ग्रहण कर पादमें दिया है। यह अंश स्पष्टतः प्रक्षिप्त और अग्राह्य है।

इसके बाद बीकानेर प्रतिका कड़वक २६२[1] दिल्ली प्रतिके कड़वक २४५ के समान है। आगे दिल्ली प्रतिका कड़वक २४६ बीकानेर प्रतिमें दो कड़वकों (२६३-२६४) में बँटा है। कड़वक २६३ में दिल्ली प्रतिके कड़वककी पंक्ति १-३ के बाद चार नयी पंक्तियाँ हैं और अन्तमें पुनः पंक्ति ६-७ हैं।[2] इन पंक्तियोंमें अनावश्यक रूपसे पानके गुण गिनाये गये हैं जो काव्यको बोझिल बनाते हैं। पाठकी असंगति देखकर **शिवगोपाल मिश्रने** बीकानेर प्रतिके अतिरिक्त पाठको पादमें दिया है। एकडला प्रतिके पाठको देखनेसे भी यह अंश प्रक्षित और अग्राह्य जान पड़ता है। उसमें दिल्ली प्रतिवाला पाठ है।

पुनः बीकानेर प्रतिके कड़वक २६५-२६६[3] दिल्ली प्रतिके कड़वक २४७-२४८ के समान हैं। आगे बीकानेर प्रतिका कड़वक २६७[4] दिल्ली प्रतिमें नहीं है परीक्षणसे प्रकट होता है कि विस्तारके निमित्त वह पीछेसे जोड़ा गया है। इसलिए वह मूल पाठमें अग्राह्य है। तदनन्तर बीकानेरके प्रतिके कड़वक २६८-२७४[5] दिल्ली प्रतिके कड़वक २४९-२५५ के समान हैं। आगे दिल्ली प्रतिका कड़वक २५६ बीकानेर प्रतिमें कड़वक २७५-२७७ में विभक्त है। कड़वक २७५ में दिल्ली प्रतिकी प्रथम चार पंक्तियोंके बाद तीन नयी पंक्तियाँ और कड़वक २७६ के रूपमें एक नया कड़वक, तदनन्तर कड़वक २७७ में दिल्ली प्रतिकी पंक्ति ५ को पंक्ति २ के रूपमें दिया गया है। उसकी पंक्ति १, ३-५ नयी हैं। अन्तमें पंक्ति ६-७ दिल्ली प्रतिके कड़वककी है।[6] सखियोंके उल्लेखके बीच इन पंक्तियों द्वारा नायिका भेदका वर्णन अनावश्यक रूपसे ठूसा गया है। **शिवगोपाल मिश्रने** भी इन्हें पादमें दिया है। ये अंश मूल पाठमें अग्राह्य हैं।

आगे बीकानेर प्रतिके कड़वक २७८-३९८[7] दिल्ली प्रतिके कड़वक २५७-३७६ के साथ समान रूपसे चलते हैं और बीकानेर प्रतिके अनुपलब्ध कड़वकोंकी पूर्ति बिना किसी कमी-बेशीके करते हैं। तदनन्तर बीकानेर प्रतिका कड़वक ३९९[8] दिल्ली प्रतिमें नहीं है। परीक्षणसे ज्ञात होता है कि यह कड़वक विस्तारके लिए पीछेसे जोड़ा गया है और अनावश्यक है। अतः मूल पाठमें अग्राह्य है।

---

१. सम्मेलन संस्करण कड़वक २७७।
२. वही, पृ० १३८, पाद-टिप्पणी।
३. वही, कड़वक २०९-२१०।
४. वही, कड़वक २११।
५. वही, कड़वक २१२-२१८।
६. वही, पृ० १४२, पादटिप्पणी।
७. वही, २२०-३३१।
८. वही, कड़वक ३३२।

तदनन्तर बीकानेर प्रतिके कड़वक ४००-४१२[1] दिल्ली प्रतिके कड़वक ३७७-३८९ के साथ समान रूपसे चलते हैं। आगे बीकानेर प्रतिके कड़वक ४१३-४१७[2] के स्थानपर दिल्ली प्रतिमें केवल एक कड़वक (कड़वक ३९०) है। उसकी प्रथम पंक्तिके साथ ६ नयी पंक्तियाँ कड़वक ४१३ में हैं। उसके आगे कड़वक ४१४ सर्वथा नवीन है। तब कड़वक ४१५ के आरम्भमें दिल्ली प्रतिके कड़वककी पंक्ति २-३ हैं तदनन्तर कड़वककी शेष पंक्तियाँ सर्वथा नवीन हैं। फिर कड़वक ४१६ एकदम नया है। अन्तमें कड़वक ४१७ के आरम्भमें दिल्ली कड़वककी पंक्ति ४-५ हैं, शेष पंक्तियाँ नयी हैं। दिल्ली प्रतिके कड़वककी पंक्ति ६-७ एक दम छोड़ दी गयी है। पंक्तियोंका विभिन्न कड़वकोंमें इस प्रकार विभाजन स्वतः इस बातका द्योतक है कि इन कड़वकोंका संयोजन विस्तारके निमित्त ही किया गया है। अतः बीकानेर प्रतिके ये सभी कड़वक मूल पाठके रूपमें अग्राह्य हैं।

अन्तमें बीकानेर प्रतिके कड़वक ४१८-४५७[3] दिल्ली प्रतिके कडवक ३९१-४३० के समान हैं।

इस प्रकार दिल्ली और बीकानेर प्रतियोंके तुलनात्मक परीक्षणसे प्रकट होता है कि दिल्ली प्रति मूलके निकट है और बीकानेर प्रतिमें काफी अंश प्रक्षिप्त हैं। बीकानेर प्रतिके उपलब्ध ३१३[4] कड़वकोंमेंसे केवल २८८ दिल्ली प्रतिसे समता रखते हैं। बीकानेर प्रतिमें आठ कड़वक (१२३, १२५, १२६, २६७, २९६, ४१४, ४१६) एकदम नये हैं। एक कड़वक (२२०) पाठान्तरके रूपमें दिल्ली प्रतिके मार्जिनमें है। एक कड़वक (२१९) दिल्ली प्रतिमें आंशिक भिन्नताके साथ उपलब्ध है। दिल्ली प्रतिके पाँच कड़वकों (३५, ९७, २४४, २४६, २५६) को बीकानेर प्रतिमें दो-दो कड़वकोंमें (३५-३६ : १०९-११० : २६०-२६१ : २६३-२६४ : २७५-२७७) और एक (३९० कड़वकों) को तीन कड़वकों (४१३, ४१५, ४१७) में बाँट दिया गया है। इनके अतिरिक्त बीकानेर प्रतिके कड़वक १२८-१२९ भी दिल्ली प्रतिके मूल पाठके अन्तर्गत नहीं हैं। वे पाटान्तरके रूपमें मार्जिनमें हैं। इन अतिरिक्त कड़वकोंमें दिल्ली प्रतिके कड़वक ३५ के स्थानपर बीकानेर प्रतिके कड़वक ३५-३६ मूल पाठके जान पड़ते हैं, जैसा कि ऊपर कहा गया है। शेष सब अनावश्यक विस्तारके लिए बादमें जोड़े गये हैं और प्रक्षिप्त हैं। दूसरी ओर दिल्ली प्रतिमें तीन कड़वक (१९४-१९६) ऐसे हैं जो बीकानेर प्रतिमें लिपिकके प्रमादसे छूट गये हैं।

---

१. सम्मेलन संस्करण, कड़वक ३३३-३४५।

२. वही, कड़वक ३४६-३५०।

३. वही, कड़वक ३५१-३९०।

४. सम्मेलन संस्करणकी भूमिकामें बीकानेर प्रतिसे केवल ३०७ कड़वक प्राप्त होनेका उल्लेख है (पृ० ६१)। उक्त संस्करणमें मुद्रित कड़वक ७२, ८५ और ११० को एकडला प्रतिका बताया गया है। वस्तुतः वे बीकानेर प्रतिके हैं। इस प्रकार तीन कड़वकोंकी भूल तो स्पष्ट है। शेष तीन कड़वकोंकी भूलका कोई कारण नहीं जान पड़ता क्योंकि उक्त संस्करणमें ही सभी ३१३ कड़वक उपलब्ध है।

शेष प्रतियोंमेंसे एकडला प्रतिमें एक कड़वक[1] के अतिरिक्त सभी कड़वक दिल्ली प्रतिमें उपलब्ध हैं। उसमें एक भी कड़वक ऐसा नहीं है जो दिल्ली प्रतिमें न हो और बीकानेर प्रतिमें हो। खण्डित होते हुए भी एकडला प्रतिकी दिल्ली प्रतिके साथ यह समानता बीकानेर प्रतिके अतिरिक्त कड़वकोंके प्रक्षिप्त होनेकी बातको पुष्ट करती है। एकडला प्रतिमें एक कड़वक ऐसा है जो किसी अन्य प्रतिमें उपलब्ध नहीं है, वह काव्यके आरम्भका है और दिल्ली प्रतिमें अनुपलब्ध चार कड़वकोंमेंसे एक है। इसलिए उससे एक कड़वकके अभावकी पूर्ति होती है।

मनेर शरीफके ६३[2] कड़वकोंमेंसे ६२ दिल्ली प्रतिमें प्राप्त हैं। दिल्ली प्रतिकी अनुपस्थितिमें उनमेंसे सात (१६८अ-१७१अ) बीकानेर प्रतिके अनुपलब्ध अंशकी किंचित पूर्तिमें सहायक होते हैं। शेष एक कड़वक (१६०अ) न तो दिल्ली प्रतिमें है और न बीकानेर प्रतिमें। जिस स्थानपर वह है, उस स्थानपर उसकी संगति समझ पानेमें हम असमर्थ रहे। अतः हमने उसे मूल पाठमें स्थान नहीं दिया है। अन्य दो प्रतियोंमें ऐसी कोई सामग्री नहीं है जो उपर्युक्त प्रतियोंमें न हो।

इस प्रकार प्रस्तुत संस्करणमें दिल्ली प्रतिके ४२६ कड़वकोंमेंसे एक (कड़वक ३५) को छोड़कर सब स्वीकार किये गये हैं। दिल्ली प्रतिके कड़वक ३५ के स्थानपर बीकानेर प्रतिके दो कड़वक (३५-३६) ग्रहण किये गये हैं। इसके अतिरिक्त दिल्ली प्रतिके कड़वक १११ के बाद, उसके मार्जिनमें अंकित कड़वकको मूल पाठमें सम्मिलित किया गया है। एकडला प्रतिके एक कड़वकसे आरम्भके अनुपलब्ध अंशकी पूर्ति होती है। इस प्रकार इस संस्करणमें मूलपाठके रूपमें कुल ४२९ कड़वक दिये जा रहे हैं। तीन कड़वक अनुपलब्ध रह जाते हैं। इस प्रकार सम्पूर्ण काव्यमें ४३२ कड़वक होनेका अनुमान है।

बीकानेर और मनेर प्रतिके जो अंश मूल पाठमें ग्रहण नहीं किये गये हैं, उन्हें प्रक्षिप्त कह कर अलग परिशिष्ट १ में संकलित कर दिया गया है।

विभिन्न प्रतियों में उपलब्ध कड़वकोंकी समताको स्पष्ट करनेके लिए उनकी भी एक तालिका परिशिष्ट २ के रूपमें दी जा रही है।

प्रति परम्परा

मिरगावतीकी उपलब्ध प्रतियोंमें दो परम्पराओंके होनेकी बात अनायास सामने आती है। कुछ प्रतियोंमें सुबुद्धयाकी राजकुमारीका नाम **रुपमनि** (रूपमणि) और कुछ प्रतियोंमें **रुकमिन** (रुक्मिणी) मिलता है। निसन्देह इन दो नामोंमेंसे एक नाम मूल परम्पराका नाम होगा और दूसरा नाम बादमें किसी प्रकार काव्यमें प्रविष्ट हो गया होगा। इस दृष्टिसे दिल्ली, मनेरशरीफ और एकडला प्रतियाँ एक परम्पराकी हैं। इनमें सर्वत्र **रुपमनि** नाम मिलता है। दूसरी परम्पराकी प्रतियाँ बीकानेर और चौखम्भा प्रतियाँ हैं। उनमें **रुकमिन** नाम मिलता है। काशी प्रतिमें जो अंश उपलब्ध हैं उनमें

१. सम्मेलन संस्करण, कड़वक ८।
२. इस प्रतिमें ६४ पृष्ठ उपलब्ध हैं जिनमें एक पृष्ठ रिक्त है।

शब्दके आरम्भमें आये **वाव** को सर्वत्र **व** और अन्तमें आये **वाव** को प्रायः **उ** के रूपमें लिया गया है।

शब्दके आरम्भमें आये अलिफको **अ**, **आ**, **इ** और उ के रूपमें और **ये** को य के रूपमें लिया गया है।

शब्दके आरम्भमें **अलिफ** और **वाव** के संयुक्त प्रयोगको **ऊ**, **ओ**, **औ** अथवा **अउ** पढ़ा गया है। शब्दके अन्तमें उसे **आउ** माना गया है।

संज्ञा आदि शब्दोंके अन्तमें **वाव** और **ये** के संयुक्त प्रयोगको प्रसंगानुसार **वे** अथवा **वै** पढ़ा गया है, किन्तु क्रियाओंमें हमें **वै** की अपेक्षा **वइ** पाठ अधिक संयत और उचित जान पड़ा है।

सम्पादन-विधि

प्रस्तुत सम्पादन कार्यमें प्रत्येक कड़वकको अंक-बद्ध कर पाठ-क्रम निर्धारित किया गया है; और प्रत्येक कड़वक संख्याके नीचे प्रति अथवा प्रतियोंका नाम दिया गया है जिनमें वह उपलब्ध है। दिल्ली प्रतिसे पाठ लिया गया है, इसलिए उसका नाम पहले रखा गया है तदनन्तर अन्य प्रतियोंका। उसके नीचे कड़वकका पाठ है और उसकी प्रत्येक पंक्तिको अंक-बद्ध कर दिया गया है जिससे निर्देशमें सुविधा हो।

यदि गृहीत पाठमें कोई छूट या अभाव है तो वह दूसरी प्रतिसे लेकर पूरा किया गया है। इस प्रकार दूसरी प्रतिसे लिये पाठको बड़े कोष्ठक [ ] में दिया गया है। यदि छूटे हुए पाठकी पूर्ति अनुमानसे की गयी है तो उसे बड़े कोष्ठक [ ] में रखकर तारां-कित कर दिया गया है। यदि छूटे हुए पाठकी पूर्ति किसी प्रकार सम्भव नहीं हो सका तो वहाँ बड़े कोष्ठकके भीतर मात्राओंका अनुमान कर डैश रख दिया गया है।

यदि कहीं लिपिकने प्रमादवश किसी शब्दको दुहरा दिया है तो उस शब्दको तारांकित कर दिया गया है। यदि उसने कोई अनपेक्षित अतिरिक्त शब्द रख दिया है तो उस शब्दको पाठसे निकाल दिया गया है और अलग उसका निर्देश कर दिया गया है। इसी प्रकार दिल्ली प्रतिका यदि कोई शब्द स्पष्ट रूपसे अशुद्ध जान पड़ा है तो वहाँ दूसरी प्रतिके पाठको स्वीकार किया गया है और दिल्ली प्रतिके पाठको पाठान्तरके रूपमें दिया गया है। यदि दूसरी प्रतिमें पाठ नहीं है तो अनुमानित पाठ ग्रहण कर मूल पाठको अलग दे दिया गया है। दोनों ही अवस्थाओंमें इस प्रकार गृहीत शब्दोंको छोटे कोष्ठक ( ) में रख दिया गया है।

ऐसे शब्दोंको जिनका समुचित पाठोद्धार करनेमें हम असमर्थ रहे अथवा जिनके सम्बन्धमें हमें किसी प्रकारका सन्देह है, पाठके अन्तर्गत भिन्न टाइप में दे दिया है।

मि र गा व ती

(पाठान्तर सहित मूल पाठ तथा टिप्पणी)

कड़वक सूची

[उपलब्ध प्रतियोंमेंसे किसीमें न तो कथाका विषयानुसार कोई विभाजन है और न अन्य प्रेमाख्यानक काव्योंकी तरह कड़वकोंके शीर्षक उपलब्ध हैं। अतः पाठकोंकी सुविधाके निमित्त यहाँ प्रत्येक कड़वकोंका संक्षिप्त आशय देकर उनका विषयानुसार विभाजन कर दिया गया है। इससे अपेक्षित कड़वक ढूँढ़नेमें सरलता होगी।]

स्तुति—

१-५–ईश्वर स्तुति (केवल दो कड़वक उपलब्ध); ६–मुहम्मद स्तुति; ७–चार मीतोंका वर्णन; ८–पीरकी प्रशंसा; ९-१२–शाहेवक्त हुसेन शाहकी प्रशंसा; १३-१४ ग्रन्थ परिचय।

राजकुँवरका जन्म और शिक्षा—

१५–राजाकी संतति आकांक्षा; १६–दान-वितरण; १७–पुत्र-जन्म; १८–भाग्य गणना; १९–पालन-पोषण और शिक्षा।

मिरगावती दर्शन—

२०–आखेट; २१–सतरंगी मृगी; २२–मृगी पकड़नेका प्रयत्न; २३–मृगीका मानसरोदक-प्रवेश; २४–मृगीकी खोज; २५–मृगी-वियोग।

राजकुँवरकी खोज—

२६–राजकुँवरकी खोज; २७–मानसरोदक वर्णन; २८–राजकुँवरका मिलना; २९–राजकुँवरकी अवस्था; ३०–मिरगावतीका रूप; ३१–साथियोंकी चिन्ता; ३२–राजाको सूचना।

राजाका आगमन और भवन-निर्माण—

३३–राजाका आगमन; ३४–राजकुँवरकी अवस्था; ३५–राजाका समझाना; ३६–राजकुँवरका अनुरोध; ३७–मन्दिर बनानेका आदेश; ३८–स्थपितोंका आगमन; ३९–भवन-निर्माण; ४०–चित्रांकन; ४१–धाईका समझाना; ४२–वर्षा ऋतुकी अवस्था; ४३–जाड़ेकी अवस्था; ४४–गरमीकी अवस्था।

मिरगावतीका पुनरागमन—

४५–तीन वर्ष पश्चात् रूपवतियोंका आगमन; ४६–उन्हें देखनेपर राजकुँवरकी अवस्था; ४७–सहेलियोंका सशंक होना; ४८–मिरगावतीका समाधान; ४९–राज-

कुँवर द्वारा रूपसियोंको पकड़नेकी चेष्टा, उनका पलायन; ५०–राजकुँवरका मूर्च्छित होना; ५१–धाईका मूर्च्छाका कारण जानना।

मिरगावतीका रूप वर्णन—

५२– राजकुँवर द्वारा मिरगावतीका रूप वर्णन; ५३–माँग; ५४–केश; ५५–ललाट; ५६–भौंह; ५७–बरौनी; ५८–नेत्र; ५९–तिल; ६०–कान; ६१–कपोल; ६२–नाक; ६३–अधर; ६४–दाँत; ६५–जीभ; ६६–ग्रीवा; ६७–कर; ६८–पीठ; ६९–कमर; ७०–कुच; ७१–रोमावली; ७२–पेट; ७३–जाँघ; ७४–वर्ण; ७५–आकार; ७६–बारह अभरण; ७७–गीत आदि।

मिरगावतीका चीर-हरण—

७८–धाईका मिरगावतीके पानेका उपाय बताना; ७९–मिरगावतीका सहेलियोंको बुलाना; ८०–सहेलियोंके साथ मिरगावतीका सरोवरमें स्नान; ८१–जल-क्रीड़ा। ८२–राजकुँवरका चीर-हरण; सहेलियोंका उड़ जाना; ८३–मिरगावतीका साड़ी न पाना और राजकुँवरको देखना; ८४-८५–राजकुँवरका अपनी कष्ट कथा कहना; ८६–मिरगावतीका चीरकी याचना करना; ८७–राजकुँवरका दूसरी साड़ी देना।

राजकुँवर-मिरगावती मिलन—

८८–राजकुँवर-मिरगावतीका भवनमें आना; ८९–मिरगावतीका राजकुँवरसे कहना; ९०–राजकुँवरका उसकी बात मानना; ९१–मिरगावतीका राजकुँवरको पत्नी होनेका वचन देना; ९२–राजकुँवरका पिताको सूचना; ९३–राजाका राजकुमार-के पास जानेकी तैयारी करना; ९४–अश्ववर्णन; ९५–पिता-पुत्र मिलन।

मिरगावतीका पलायन—

९६–मिरगावतीके मनमें राजकुँवरकी प्रेम-परीक्षाका विचार आना; ९७–राजाका राजकुमारको बुलावा; ९८–राजकुँवरका राजाके पास जाना; ९९–धाईको भुलावा देकर मिरगावतीका उड़ जाना; १००–धाईका मिरगावतीको ढूँढ़ना और छतपर बैठा देखना; १०१–मिरगावतीका राजकुँवरको सन्देश; १०२–राजकुँवरका वापस आना और धाईका मिरगावतीके उड़ जानेकी बात कहना; १०३–सुनते ही राजकुँवरका बेहोश होना; १०४-१०७–राजकुँवरका विलाप।

राजकुँवरका जोगी होना—

१०८–राजकुँवरका जोगी होनेका निश्चय; १०९–जोगी वेश धारण; ११०–राजाका पुत्रके लिए विलाप; १११–राजकुँवरका मिरगावतीके खोजमें चलते जाना; ११२–एक नगरमें पहुँचना; राजाको सूचना; ११३–बतीसो राजलक्षण होनेकी बात; ११४–राजाका आकर जोगी होनेका कारण पूछना; ११५–राजकुँवरका अपनी

प्रेम कहानी बताना; ११६–राजाका जंगमको बुलवाना; ११७–जंगमका कंचनपुरके मार्गकी दुर्गमता कहना; ११८–राजकुँवरका दुर्गमताकी बातसे भय न खाना; ११९–राजाका समझाना और राजकुँवरका कुछ न सुनना; १२०–जंगमका मार्ग बताना और राजकुँवरका नावपर सवार होना।

समुद्रमें राजकुँवर—

१२१–समुद्रके लहरमें नावकी अवस्था; १२२–एक मास बाद किनारे लगना; दो आदमियोंका मिलना; १२३–उनका मनुष्य-भक्षी सर्पकी बात बताना; १२४–मनुष्य-भक्षी सर्पको देखकर राजकुँवरका परेशान होना १२५–ईश्वर स्मरण; १२६–सर्पका राजकुँवरको खानेकी चेष्टा; दूसरे सर्पका आना और परस्पर लड़ मरना।

राक्षस-वध—

१२७–राजकुँवरका आमके बगीचेमें प्रवेश; १२८–भवनके भीतर एक राजकुमारीको बैठकर रोते देखना; १२९–राजकुँवरका रोनेका कारण पूछना; १३०–कुमारीका राक्षस द्वारा अपने खाये जानेकी बात बताना; १३१–राजकुँवरका राक्षसको मारनेका निश्चय; १३२–राक्षसका वध; १३३–राजकुमारीका दृश्य देखकर मूर्च्छित होना; १३४–राजकुमारीका आत्म-समर्पण; १३५–राजकुमारीका राजकुँवरसे परिचय पूछना; १३६–राजकुँवरका आत्म परिचय देना; १३७–मिरगावतीको देखने और चीर-हरणकी बात बताना; १३८–बातों बातमें सूर्योदय होना; १३९–रूपमणि (राजकुमारी)की खोजमें राजाका आना और उसका एक अन्य व्यक्तिके साथ जीवित देखना; १४०–राजाका राजकुमारीका कण्ठसे लगाना और जीवित रहनेकी बात पूछना; १४१–राजकुमारीका राजकुँवरका परिचय देना; १४२–राजाका राजकुँवरको जोगी वेश त्यागनेको कहना। १४३–राजाका बात न माननेपर बन्दी बनानेका भय दिखाना; १४३–राजकुँवरका सोच-विचारकर राजाकी बात मानना १४४–राजकुँवरका जोग उतारना और हाथीपर सवार होना; १४५–लोगोंका राजकुमारी और राजकुँवरको देखने आना; १४६–परिवारके लोगोंका निछावर बाँटना।

राजकुँवर-रूपमणि विवाह—

१४७–राजकुँवरका चिन्तित होना; १४८–राजाका राजकुँवरकी गुणोंकी परीक्षा करना; १४९–राजकुँवरका हेंगुरि और आखेट खेलना; १५०–राजकुँवरकी विद्वत्ता; १५१–राजाका राजकुँवरसे रूपमणिके विवाहका निश्चय; १५२–ज्योनार; १५३-१५४–विवाह; १५५–राजकुँवरका रमणके प्रति विरक्ति; १५६–रूपमणिको भुलावा देनेका प्रयत्न; १५७–राजकुँवरका धर्मशाला बनवानेका निश्चय; १५८–धर्मशालामें आनेवाले जोगी जातियोंसे कनकनगरके समाचार पूछना; १५९–रूपमणिका भाँप लेना कि राजकुमार अनुरक्त नहीं है। १६०–राजकुँवरका रूपमणिको

मनाना; १६१–मनाकर बाहर आनेपर एक साधूको बैठा देखना; १६२–उससे कंचनपुरका मार्ग जानना।

रूपमणिका परित्याग—

१६३–आखेटके बहाने घरसे निकलना और योगी वेश धारण करना; १६४–नदी पार होना; १६५–साथियोंका राजकुँवरको न पाना और मान लेना कि हिंस्रजन्तुने खा लिया; १६६-१६७ रूपमणिका समाचार सुनकर दुखी होना और पश्चाताप करना।

मनुष्य-भक्षी गड़ेरिया—

१६८–राजकुँवरके चलते-चलते शाम होना; १६९–वनमें भ्रमित होना; १७०–वनमें तीस दिनतक चलते रहना; १७१–वनका अन्त और गड़ेरियासे भेंट; १७२–गड़ेरियाका अतिथिके रूपमें निमंत्रित करना; १७३–राजकुँवरको ले जाकर गड़ेरिया-का खोहमें बन्द करना; १७४–यह देखकर राजकुँवरका जी सूखना और गड़ेरियाको मारनेकी सोचना; १७५-१७८ राजकुँवरका अपनी स्थितिसे परेशान होना; १७९–भीतर बन्द मनुष्योंका गड़ेरियासे छुटकारा पानेका उपाय बताना; १८०–गड़ेरियाका आना और एक आदमीको खाकर सो रहना; १८१–राजकुँवरका संड़सी दग्धकर गड़ेरिया-का आँख फोड़ देना; १८२–गड़ेरियाका राजकुँवरको पकड़ न पाना; १८३–उसका द्वार अवरुद्ध कर बैठना; १८४–राजकुँवरका पुनः चिन्तित होना; १८५–चौथे दिन गड़ेरियाका बकरियोंको बाहर निकालना; १८६–बकरियोंके साथ कुँवरका बाहर निकल जाना।

निर्जन भवनमें अद्भुत दृश्य—

१८७–राजकुँवरका आगे जाना; १८८–भवन दिखाई पड़ना और शाम होना; १८९–चार कबूतरोंका आना और स्त्रीरूप धारण करना; १९०–चार मोरोंका आना और पुरुष वेश धारण करना; और परस्पर केलि करना; १९१–प्रातः होते ही उनका उड़ जाना और राजकुँवरका डरकर भागना; भागकर एक वृक्षके नीचे आराम करना।

सहेलियोंके बीच मिरगावती—

१९२–मिरगावतीके आनेपर सहेलियोंका हाल-चाल पूछना और उसका बताना। १९३–राजकुँवरपर मोहित होनेकी बात कहना; १९४–चीर-हरणकी बात बताना; १९५–प्रणयमें रोकनेकी बात कहना; १९६–अवसर पाकर भाग निकलनेकी बात कहना; १९७-१९९–एक सहेलीका प्रेमकी कठिनता बताना; २००–सहेलियोंका मिरगावतीसे धैर्य रखनेको कहना; २०१–मिरगावतीके पिताका स्वर्गवास और मिर-गावतीका सिंहासनारोहण; २०२–मिरगावती द्वारा धर्मशालाका निर्माण; और यात्रियोंसे चन्द्रागिरि (राजकुँवरके नगर)की बात पूछना।

पक्षी-संवाद—

२०३–पेड़पर बैठे दो पक्षियोंका राजकुँवर और मिरगावतीके प्रेमकी चर्चा करना और राजकुँवरके दुखके अन्त होनेकी बात कहना। २०४–राजकुँवरका यह सब सुनना और उनके पीछे दौड़ना।

कंचननगर-प्रवेश—

२०५–राजकुँवरका मार्ग पाना और एक बगीचेमें पहुँचना; २०६-२०८–बगीचेका वर्णन; २०९–नगर जाननेकी जिज्ञासा; २१०–पनिहारियोंसे कंचनपुर होनेका ज्ञान; २११–नगरमें प्रवेश; २१२–राजद्वार; २१३–भीतर प्रवेशकी चिन्ता और वियोगालाप; २१४–मिरगावतीको योगीके आनेकी सूचना और उसको बुलानेका आदेश।

राजदरबार—

२१५–राजदरबारमें प्रवेश और मिरगावतीको देखकर मूर्च्छा; २१६–मिरगावतीका सशंक होना और दासियोंसे उसकी मूर्च्छा दूर करनेको कहना; २१७–दासियोंका मूर्च्छाका कारण पूछना; २१८–राजकुँवरका उत्तर; २१९–दासियोंका राजकुमारकी भर्त्सना; २२०–राजकुँवरका उत्तर; २२१–दासियोंका परस्पर विचार विमर्श; २२२–मिरगावतीको राजकुँवरके होनेका निश्चय और पास बुलाकर पूछना; २२३–राजकुँवरका उत्तर; २२४–मिरगावतीका सहेलियोंको राजकुँवर होनेकी बात बताना; २२५–मिरगावती द्वारा राजकुँवरकी परीक्षाके निमित्त प्रश्न; २२६–राजकुँवरका उत्तर; २२७–मिरगावतीका क्रोध दिखाना; २२८–मिरगावतीको दया आना; २२९–राजकुँवरका उत्तर; २३०–मिरगावतीका ढिठाई देखकर जानेको कहना और राजकुँवरका उत्तर; २३१–दासियोंको बुलाकर राजकुँवर को नहलानेका आदेश।

राजकुँवर-मिरगावती मिलन—

२३२–मिरगावतीका शृंगार; २३३–शृंगारकर राजकुँवरको बुलानेका आदेश; २३४–राजकुँवरका स्वागत; २३५–मिरगावतीका उसकी अवस्था पूछना; २३६–राजकुँवरका अपनी विरह अवस्था बताना; २३७–सर्पवाली घटना बताना; २३८–राक्षस मारनेकी घटना सुनाना; २३९–चरवाहेवाली घटना कहना; २४०–आँख फोड़कर निकल भागनेकी बात बताना; २४१–मिरगावतीका यह सब सुनकर घबराना और गले लगाना; २४२–२४४ रति वर्णन।

राजकुँवरका दरबार—

२४५–प्रातःकाल लोगोंका राजकुँवरको भेंट; २४६–मिरगावतीका सभा आयोजन करनेको कहना; २४७–राजकुँवरका लोगोंको भेंट देना; २४८–राजकुँवरका पान भेंट करना; २४९–सभाका वर्णन; २५०–नृत्य-संगीतका आयोजन; २५१–२५४–संगीत वर्णन; २५५–२५६–नृत्य वर्णन; २५७ नर्तकीको भेंट।

सहेलियोंके बीच मिरगावती—

२५८—सहेलियोंका आगमन; २५९—सहेलियोंका पूछना और मिरगावतीका बताना; २६०—मिरगावतीका राजकुँवरकी प्रशंसा; २६१—सखियोंका न्योछावर लाना ।

राजकुँवरका अपहरण—

२६२—मिरगावतीको सखीका निमन्त्रण; २६३—मिरगावतीको राजकुँवरकी अनुमति प्राप्ति; २६४—मिरगावतीका राजकुँवरसे ओबरी खोलनेका निषेध; २६५—मिरगावतीका सखीके घर जाना; २६६—जिज्ञासावश राजकुँवरका ओबरी खोलना और कटघरेमें बन्द व्यक्तिकी गुहार; २६७—राजकुँवरका उससे बन्दी होनेका कारण पूछना और उसका बताना; २६८—कुँवरका कटघरा खोल देना और उसमेंसे राक्षसका निकलकर कुँवरको कंधेपर रख आकाशमें उड़ जाना; २६९—कुँवरका पश्चाताप; २७०—ईश्वरसे प्रार्थना; २७१—राक्षसका अपहरणका कारण बताना; २७२—कुँवरका राक्षससे कहना; २७३—राक्षसका कुँवरसे पूछना किस ढंगसे तुम्हें मारूँ; २७४—राक्षसका राजकुँवरको समुद्रमें फेंकना; २७५—राजकुँवरका थोड़े पानीवाले स्थानमें गिरना; २७६—राजकुँवरका भयभीत होना ।

राजकुँवरकी खोज—

२७७—सखीके घरपर मिरगावतिके मनमें शंका उठना; २७८—चेरीका आकर राजकुँवरके अपहरणका सूचना देना; २७९–२८०—मिरगावतीका विलाप; २८१—राजकुँवरके अपहरणके समाचारसे नगरमें खलबली; २८२—सखीका मिरगावतीको समझाना; २८३—रानीका राजकुँवरके ढूँढ़नेका यत्न करना; २८४—एक व्यक्तिका आकर राक्षसके पकड़े जानेकी सूचना देना; २८५-२८९—राक्षसको यातना देकर राजकुँवरका पता पूछना; २९०—मिरगावतीका विलाप ।

पवन-सन्देश—

२९१—मिरगावतीका पवन द्वारा सन्देश भेजना; २९२—पवनका सन्देश लेकर जाना; २९३—राजकुँवरको ढूँढ़कर सन्देश कहना; २९४—सन्देश सुनकर राजकुँवरका अपनी अवस्था कहना; २९५—पवनका लौटकर मिरगावतीको सूचित करना; २९६—पवनका मिरगावतीको साथ लेकर जाना; २९७—दोनोंका घर लौटना; २९८—नगरमें आनन्द ।

मान-भाव—

२९९—मिरगावतीका कथन; ३००—राजकुँवरका उत्तर; ३०१—मिरगावतीका प्रत्युत्तर; ३०२—राजकुँवरका रुष्ट होना, मिरगावतीका मनाना; ३०३ मिरगावतीका प्रसन्न होना; ३०४—प्रेमके गाढ़ेपनका वर्णन ।

रूपमणिकी अवस्था—

३०५–रूपमणिका राजकुँवरकी प्रतीक्षामें समय बिताना; ३०६-३१०–सखियोंसे अपनी विरहावस्था कहना; ३११–नित्य बाट जोहना; ३१२-३१३ वियोगका दुःख; ३१७–ऊँचे भवनपर चढ़कर मार्ग देखना—३१८–चाँदको देखना; ३१९–बनजारेका आगमन। ३२०–बनजारेका रूपमणिके पास आना।

रूपमणिका विरह-विलाप—

३२१–रूपमणिका रुदन और बनजारेसे अपनी अवस्था कहना; ३२२–सावन मासकी अवस्था, ३२३–भादों मासकी अवस्था; ३२४–आश्विन मासकी अवस्था; ३२५–कार्तिक मासकी अवस्था; ३२६–अगहन मासकी अवस्था; ३२७–पूस मासकी अवस्था; ३२८–माघ मासकी अवस्था; ३२९–फागुन मासकी अवस्था; ३३०–चैत मासकी अवस्था; ३३१–बैसाख मासकी अवस्था; ३३२–जेठ मासकी अवस्था; ३३३–असाढ़ मासकी अवस्था; ३३४–अपनी अवस्थाकी तुलना बिना खेवकके नावसे करना; ३३५–मिरगावतीको सन्देश; ३३६–अपनी अवस्था दुहराना।

बनजारेका राजकुँवरसे भेंट—

३३७–बनजारेका प्रस्थान; ३३८–विरहाग्निसे मार्गकी वस्तुओंका जलना; ३३९–गड़ेरियाका अपनी आँख फोड़नेकी बात बताना; ३४०–बनजारेका कंचनपुर पहुँचना; २४१–कंचनपुर पहुँचकर आश्वस्त होना; ३४२–वणिकोंका माल खरीदने आना और बनजारेका केवल राजाके हाथ माल बेचनेकी बात कहना; ३४३–बनजारे की बात फैलते-फैलते राजकुँवरतक पहुँचना; ३४४–राजकुँवरका नायकको बुलवाना; ३४५–राजकुँवरका ब्राह्मणको पहचानना; ३४६–उससे पारिवारिक कुशल पूछना; ३४७-३४८–ब्राह्मणका पिताका सन्देश कहना; ३४९ माताका सन्देश और रूपमणिकी अवस्था कहना; ३५०-३५३–रूपमणिकी अवस्था बताना; ३५४–ब्राह्मणकी बात सुनकर राजकुँवरका घबराना और मिरगावतीसे कहना; ३५५–मिरगावतीका रायभानको राज देनेकी बात कहना।

प्रस्थान—

३५६–रायभानका राजतिलक; ३५७–सुदिन देखकर प्रस्थान की तैयारी; ३५८–मिरगावतीका सखियोंसे विदा लेना; ३५९–प्रस्थान; ३६०-३६०–कर्मचारियोंको समझाना; ३६१–मार्गकी व्यवस्था; ३६२–गड़ेरियाके घरके पास पड़ाव; ३६३–कुँवरका लोगोंको गड़ेरियाका दुर्गुण बताना; ३६४–कुँवरका जाकर खोह देखना; ३६५–वहाँसे प्रस्थान।

सुबुध्यामें राजकुँवरका आगमन—

३६६–राजकुँवरको आते देख सुबुध्यामें खलबली; ३६७–रूपमणिके मनमें हुलास; ३६८-३६९–रातमें स्वप्न; ३७०–स्वप्न-विचार; ३७१–ब्राह्मणका द्वारपर आना;

३७२–रूपमणिका काग उड़ाना; ३७३–दूलभका आकर रूपमणिको सन्देश कहना; ३७४–दूलभका राजाको सन्देश; ३७५–स्वागतके लिए राजाका जाना; ३७६–राजकुँवरका आगमन।

रूपमणि-राजकुँवर—

३७७–रूपमणिका कुँवरके पास आना और मान करना; ३७८–कुँवरका रूपमणिको सेजपर बैठाना; ३७९–३८१–परस्पर मान-भाव; ३८२–संभोग; ३८३–इच्छाकी पूर्ति; ३८४–बीती बात भुलाना।

राजकुँवर-मिरगावती—

३८५–द्वन्द, उद्वेग और उचाटका मिरगावतीके पास जाना; ३८६–सुख आनन्दकी राजकुँवरसे गुहार; ३८७–राजकुँवरको देखकर मिरगावतीका पीठ फेर लेना; ३८८–राजकुँवरका समझाना।

सुबुध्यासे प्रस्थान—

३८९–राजकुँवरका दूलभको राजासे विदा माँगनेके लिए भेजना; ३९०–दूलभका आकर रायसे कहना: ३९१–रूपमनिकी माँका दूलभसे अनुरोध; ३९२–विदाई।

चन्द्रागिरि-आगमन—

३९३–चन्द्रागिरि निकट आनेपर दूलभको पहले भेजना; ३९४–राजाको सूचना; ३९५–राजकुँवरके भाग्योदयका वर्णन; ३९६–पिताका आगमन सुनकर राजकुँवर अपने आदमियोंको आदेश; ३९७–पिता-पुत्रका मिलना; ३९८–दोनों रानियोंका राजमहलमें प्रवेश।

मिरगावती-रूपमणि कलह—

३९९–राजकुँवरकी अनुपस्थितिमें ननदका आकार मिरगावतीसे रूपमणिकी चुगली; ४००–रूपमणिकी चेरीका बात सुनकर जाकर कहना; ४०१–मिरगावतीका रूपमणिकी निन्दा करना; ४०२–रूपमणिका उत्तर; ४०३–लड़ाई सुनकर सासका आना; ४०४-सासका दोनोंकी भर्त्सना करना; ४०५–दोनोंका रूठना और राजकुँवरका परिवारके साथ आकर मनाना; ४०६–मिरगावतीको समझाना; ४०७–मिरगावतीकी सफाई; ४०८–सासका रूपमणिको समझाना; ४०९–दोनोंमें मेल-मिलाप कराना।

राजकुँवरकी मृत्यु—

४१०–पारधीका वनमें सिंहके आनेकी सूचना देना; ४११–सिंह द्वारा गजमस्तक खानेकी बात कहना; ४१२–राजकुँवरका उसे मारनेका निश्चय करना; ४१३–पारधीके साथ राजकुँवरका वनमें जाना; ४१४–सिंहको सोते देखना; ४१५–सिंहका

जागना और गरजना; ४१६–सिंहका खण्ड-खण्ड होना और बाणका कुँवरके हृदयमें लगना; ४१७–हाथीका राजाको पकड़नेकी चेष्टा और बाण खाकर भागना; ४१८–सिंह और राजकुँवरकी मृत्यु; ४१९–मृत्युकी निश्चिततापर कविकी उक्ति; ४२०–पारधी-का पेड़से उतरना; ४२१–जाकर राजाको सूचना देना; ४२२–राजाकी मृत्यु; ४२३–पारधीका करनरायसे गुहार; ४२४–करनरायकी आत्महत्याकी चेष्टा; ४२५–लोगोंका करनरायको समझाना; ४२६–लोगोंका रोते-पीटते जाना; ४२७–मिरगावतीको राज-कुँवरके मृत्युकी सूचना; ४२८–मिरगावती और रूपमणिका शवके साथ सती होना; ४२९–सेवकोंका साथमें जल मरना।

राज्यभिषेक—

४३०–करनरायको राजतिलक।

उपसंहार—

४३१–रचनाके सम्बन्धमें कवि-वचन; ४३२–ईश्वरोपासनाकी प्रेरणा।

१–३
(एकडला)

[-------] अलख करतारू। रमि कै रहेउ[1] सवै (सयँसारू)[2] ॥१
[अलख*] निरंजन लखै न (काई[3])। जोति सरूप जो लखत भुलाई ॥२
[-----] मन्द सिध परमेसा। ना उहि तिरी न (पुरुख[4]) क भेसा ॥३
माता पिता बन्धु नहिं कोई। एक अकेल न (दूसर[5]) होई ॥४
[दोइ*] कहै सो नरकहि जाई। एक एक विहंगम चिल्लाई ॥५
एक अकेल सो रे वह करता, (दूसर[6]) करै न कोय ।६
गनि गुन देखा पण्डितहिं, वह सो (आन[7]) न होय ॥७

मूल पाठ—१–रहेव। २–संसारू। ३–कोई। ४–पुरुष। ५–दोसर। ६–दोसर। ७–चैन।

४
(दिल्ली)

[-----------------]। [-----------------] ॥१
[-----------------]। [-----------------] ॥२
[-----------------]। [-----------------] ॥३
[-----------------]। [-----------------] ॥४
[-----------------]। [-----] मो लछ देइ सब ठाँई ॥५
कहू विध करै सयानाँ, पंछी विनहि परान ॥६
मन चंचल अस्थिर जनु इहै, निस्चल कै अस जान ॥७

५
(दिल्ली)

[जो यह*] रचि के चरित पसारा। सो घट महिं जो [---] सँहारा ॥१
[चित्र*] देखि के खोज चितेरा। खोज करहु तो मिलै सो नेरा ॥२
[अपनी*] दिस्टि जाइ जिह केरी। सोइ ठैं वह जोत सौतेरी ॥३
[परम*] तत्त सेउ लागै तारी। सहज रहै मन पिरत सँभारी ॥४
[-----] म जब लग दिन धावा। रैन भयें पाछैं पछतावा ॥५

काँम कोह तिस्ना मन माया, पंच बियापहि कत ॥६
पावक पवन धूर औ पानी, जबलग हम्ह सँग सत्थ ॥७

टिप्पणी—(२) नेरा–निकट।

६

(दिल्ली; एकडला[१])

पहिलें नूर मुहम्मद[१] कीन्हाँ[२]। पाछे तेहि क (जात)[३] सब (चीन्हा)[४] ॥१
[औ तेहि] लग आपुहि परगटा[५]। सिव सकति[६] कीर्तास[७] दोइ[८] घटा ॥२
[जेहि] रसनाँ वहि[९] नाँउ न आवा। पावक जरें मोंख नहि पावा ॥३
[वहे] नाँउ कै[१०] बकति सुनावहु। मुकति होइ इँदरासन[११] पावहु ॥४
[भ्र]रम छाड़ि कै होहु सयाने। नाँउँ भरम कस फिरहु भुलाने ॥५
जिह लग सब सयँसार रचाया[१२], बहुत भावला भाउ।६
पंछी पन्थ पुरान लै, सो राना लो राउ[१३] ॥७

पाठान्तर—एकडला प्रति।

१–मोहमद। २–कीन्हीं। ३–जत; (दि०) चिन्ता। ४–चीन्हीं; (दि०) लीन्हा।
५–परगटी। ६–सकती। ७–कीतिसि। ८–दुइ। ९–उवहि। १०–हियै नाव लै।
११–इन्द्रासन। १२–ही लगि ऐ' 'र रचाया। १३–पूरी पंक्ति रिक्त।

टिप्पणी—(१) नूर–ज्योति। हदीसके अनुसार ईश्वरने सर्वप्रथम नूर अर्थात् ज्योतिको उत्पन्न किया था। वही ज्योति मुहम्मद साहबके रूपमें प्रकट हुई। जात–जाति, वर्ण, रूप। चीन्हा–अंकित किया; चित्रित किया।
(२) सिव सकति–शिव और शक्ति।
(३) बकति–उक्ति, बोल, कथन। इँदरासन–स्वर्ग।

७

(दिल्ली, एकडला;[२] चौखम्भा)

चार मीत कर[१] सुनहु बखाना। [अबा बकर सों सुध कै[२] जाना] ॥१
उमर उन्ह सेउँ दूसर[३] ठाँऊँ। जिहकै[४] अदल क आहै नाऊँ ॥२
उसमन बचन[५] दई[६] कै लिखे। जे[७] रे मुहम्मद अरहे[८] सिखे ॥३
अली सिंघ बुधि आपुन गहा[९]। दूलम गढ़ इन्ह सेउ न [रहा][१०] ॥४
अस्टधातु कै पँवर उपारे[११]। कर सेउ[१२] उलटि पुहुमि धर[१३] मारे[१४] ॥५
चारेउ[१५] मीत आह बड़ पण्डित[१६], औ चारेउ[१७] समतूल।६
जिंह पन्थ दिखराय दीन्हीं[१८], तिंह कँह[१९] जरम न भूल[२०] ॥७

---

१. इस प्रतिमें पंक्ति ४ और ५ क्रमशः ५ और ४ है।
२. यह पृष्ठ भारत कला भवनमें प्राप्त नहीं है। सम्मेलन संस्करणपर आश्रित।

पाठान्तर—एकडला और चौखम्भा प्रतियाँ।

१–(ए०)···जोत कै। २–(चौ०) बकर मुधि कै। ३–(ए०) उनसौं दूसर; (चौ०) उहि सौं दूसरि। ४–(ए०) जेहिके। ५–(चौ०) राजचर्न। ६–(ए०) दैइय; (चौ०) दीन। ७–(ए०) जो। ८–(ए०) मोहंमद अधरहु; (चौ०) महमद अढ़ये। ९–(ए०) अली सिंह विधि आपन कीन्हा; (चौ०) अली सेर विधि आपन कहा। १०–(ए०) दुगम गढ़ उन्ह सौं नहिं दीन्हा; (चौ०) अगमगढ़ उन सौं कर रहा। ११–(ए०) असट धातुकी पौरि उपारी; (चौ०) असत धातुकी पवर उपारे। १२–(ए०) करसौं; (चौ०) गढ़ सौं। १३–(ए०) पुहुमी धर; (चौ०) पोहमी दै। १४–(ए०, चौ०) मारी। १५–(ए०) ×। १६–(चौ०) चार मीत बड़ पण्डित चारौ हैं। १७–(ए०) चारौं १८–(ए०) हाथ देखाये दीन हैं। १९–(ए०) ताकहँ। २०–(चौ०) मानसरोदक अमल, भरे कवँल कर फूल।

टिप्पणी—(१) **चार मीत**–मुहम्मद साहबके पश्चात् होनेवाले चार उत्तराधिकारी खलीफा–अबूबक्र (६३२–६३४ ई०), उमर (६३४–६४४ ई०), उसमान (६४४–६५६ ई०), अली (५५६–६६ ई०)। **अबा बकर**–अबूबक्र। **सुध**–शुद्ध (अबूबक्र सिद्दीक कहे जाते हैं और उनकी ख्याति सत्यवादीके रूपमें है। उसीकी अभिव्यक्ति इस शब्द में है)। **कै**–कौन।

(२) **उमर**–उमर फारुख कहे जाते हैं; सत्-असत्‌का विवेक उनका गुण था। निष्पक्ष न्यायके लिए इनकी ख्याति है। **अदल**–न्याय।

(३) **उसमन**–उसमान। इन्होंने कुरानको अन्तिम रूपसे लिखित रूप दिया था। **अरहे**–(क्रि०–अढवना) किसी कामको समझाकर उत्तरदायित्वके साथ किसीको सौंपना।

(४) **अली**–ये असद अर्थात् सिंह कहे जाते हैं। **दूखम गढ़**–दुर्गम गढ़; यहाँ शाम (सीरिया)के निकट खैबर नामक यहूदी राज्यके कामूस नामक किलेसे तात्पर्य है।

(५) **अस्टधातुका पँवर**–कामूसके किलेका प्रवेश द्वार। (अलीने शाम (सीरिया)के सीमाके निकट यहूदियोंके राज्य खैबरपर विजय प्राप्त की थी और उसके दुर्ग कामूसके प्रवेश द्वारको ढाह दिया था)।

८

(दिल्ली; एकडला; चौखम्भा)

सेख बढ़न[१] जग साँचा पीर[२]। नाउँ[३] लेत सुध होइ [सरीर][४] ॥१
कुतुबन नाउँ[५] लै र[६] पा धरे। सुहरवर्दी[७] दुँहु जग निरमरे ॥२

---

१. यह पृष्ठ भारत कला भवनमें नहीं है। सम्मेलन संस्करणपर आश्रित।

पछिले[8] पाप धोइ सब गये। जो र पुराने औ[9] सब नये ॥३
नौ कै आज भयउ[10] अउतारा[11]। सव सेंउ[12] बड़ा जो[13] पीर हमारा ॥४
जिह कह[14] बाट देखाये[15] होई। एक निमिख मँह पहुँचै सोई[16] ॥५
जो यह[17] पन्थ दिखाइ[18] दीन्हि[19] है, जो चलि जानै कोइ ।६
एक निमिख महँ पहुँचै[20] तिह ठाँ[21], जो सत भावइ सोइ ॥७

पाठान्तर—एकडला और चौखम्भा प्रतियाँ।

१–(ए०, चौ०) बुढ़न। २–(ए०) पीरू। ३–(ए०) नाँव; (चौ०) नाम। ४–(ए०) सरीरू। ५–(ए०) नाँव; (चौ०) नाम। ६–(ए०) रे; (चौ०) लेइ। ७–(ए०) सरवरदी; (चौ०) सहरवरद। ८–(चौ०) पछले। ९–(ए०) झरहि पुरान और; (चौ०) झरहिं पुराने और। १०–(ए०) भये। ११–(चौ०) नै कै भया आज औतारा। १२–(ए०) सौं; (चौ०) सों। १३–(चौ०) सो। १४–(ए०) जा कहँ; (चौ०) जिह को। १५–(ए०) देखाई; (चौ०) दिखाई। १६–(चौ०) पोहचे एक निमक महँ सोई। १७–(ए०) गुरू; (चौ०) जो उन्ह। १८–(ए०, चौ०) देखाय। १९–(चौ०) दीन। २०–(चौ०) निमिक एक महँ पोहचे। २१–(ए०, चौ०) ×। २२–(ए०) जो सत भाव सै होय; (चौ०) जो सत भाव सो होय।

टिप्पणी—(१) **शेख बढ़न**—कवि-परिचय (पृ० १४) में हमने अजौली निवासी मखदूम शेख बढ़नके, जो ईसा ताज जौनपुरीके शिष्य थे, कुतुबनके गुरू होने की सम्भावना प्रकट की है; किन्तु किसी सूत्रसे उनके सुहरवर्दी सम्प्रदायसे सम्बद्ध होने की बात ज्ञात न होनेके कारण, उसके सम्बन्धमें कोरे अनुमानका सहारा लिया है। उक्त अंशके छप जानेके पश्चात् हमें ज्ञात हुआ कि सुहरवर्दी सम्प्रदायसे सम्बन्ध रखनेवाले वस्तुतः शेख बुढ़न नामक एक सन्त हुए हैं जो जौनपुरसे लगे हुए कस्बे जफराबादके निवासी थे। विगत शताब्दीके आरम्भमें वहाँके निवासी नूरुद्दीन जैदीने फारसीमें तजल्लिये-नूर नामसे तीन भागोंमें जौनपुरका विस्तृत इतिहास लिखा था। उनके हाथ की लिखी इस ग्रन्थ की सम्पूर्ण मूल प्रति जौनपुरके खानकाहमें सुरक्षित है। इस ग्रन्थमें उन्होंने उक्त शेख बुढ़नका उल्लेख किया है। उसके अनुसार शेख बुढ़नका वास्तविक नाम शम्सुद्दीन था, वे रुक्नुद्दीनके पुत्र और सदरुद्दीन चिरागे-हिन्दके पौत्र थे। उसी सूत्रसे यह भी ज्ञात होता है कि बिहारके मुक्ती (शासक) मलिक इब्राहीम बयाँ उनकी दादीके पिता थे; और उनकी दादी उनके पितामह की दूसरी पत्नी थीं। सदरुद्दीनके सम्बन्धमें यह भी बताया गया है कि ७९५ हिजरीमें उनकी मृत्यु हुई। ऐतिहासिक सूत्रोंसे मलिक बयाँ की निधन तिथि ७५३ हिजरी ज्ञात होती है। उनके पुत्र मलिक मुबारिक ७८१ हिजरीमें दलमऊके मीर थे; यह मौलाना दाऊद कृत चन्दायनसे ज्ञात

होता है। इन तिथियोंके प्रकाशमें कहा जा सकता है कि शेख बुढ़नकी दादीका जन्म ७५३ हिजरीसे पूर्व और विवाह ७९५ हिजरीसे पूर्व किसी समय हुआ होगा और वे निसन्देह मलिक मुबारिकसे छोटी रही होंगी। इस प्रकार यदि अनुमान करें कि शेख बुढ़न की दादी का जन्म अपने पिता की मृत्युसे दो तीन वर्ष पूर्व ७५० हिजरीके आस-पास हुआ तो उनके पिताके सम्बन्धमें कह जा सकता है कि उनका जन्म ७७० हिजरी या उसके बाद, ७९५ हिजरीसे पूर्व, किसी समय हुआ; और इसी प्रकार शेख बुढ़न का जन्म ७९० हिजरीके बाद ही किसी समय होनेकी बात कही जा सकती है। इन सम्भावनाओंके प्रकाशमें सुगमताके साथ यह भी अनुमान किया जा सकता है कि यही शेख बुढ़न कुतुबनके पीर रहे होंगे। उनसे कुतबनने अपनी युवावस्थामें ८५०–६० हिजरीके आस-पास किसी समय दीक्षा ली होगी। अतः अब मखदूम शेख बढ़नके कुतुबनके गुरू होनेकी क्लिष्ट कल्पना करनेकी आवश्यकता नहीं रह जाती। इस नये तथ्यकी जानकारीके प्रकाशमें बढ़नके स्थानपर बुढ़न पाठ को ही, जो बीकानेर और चौखम्भा प्रतियोंका पाठ है, स्वीकार करना उचित होगा। उसे हमने दिल्ली प्रतिमें उकारात्मक चिह्नके अभावमें बढ़नके रूपमें स्वीकार किया था। **पीर**–गुरू।

(२) **सुहरवर्दी**–एक सूफी सम्प्रदाय जिसे शेख जुनेदके शिष्य शेख शिहाबुद्दीन सुहरवर्दीने तेरहवीं शताब्दीमें आरम्भ किया था। इन्होंने मक्कामें अवारि-कुल-मारूफ (ईश्वरीय-ज्ञानका प्रसाद) नामक पुस्तक लिखी जो सूफी सम्प्रदायमें प्रमाण-ग्रन्थ माना जाता है। शिहाबुद्दीनके शिष्योंने बगदादसे आकर भारतमें इस सम्प्रदायका प्रचार किया।

(३) **निमिख**–निमिष; क्षण; पल।

(४) **तिह**–उस। **ठाँ**–स्थान।

९

(दिल्ली; एकडला;[१] चौखम्भा)

साह हुसैन आह बड़ राजा। छात सिंघासन उन्ह पै[१] छा[जा] ॥१
पण्डित औ बुधवन्त सयानाँ। पोथा बाँच[२] अरथ सब जानाँ ॥२
धरम दुधिस्टिल उँह कहँ[३] छाजा। हम सिर छाँह जियउ[४] जुग राजा ॥३
दान देइ[५] बहु गिनति[६] न आवा[७]। बलि औ करन न सरवरि पावा[८] ॥४
राइ[९] जहाँ लहि[१०] गँधरप अहइँ[११]। सेवा करहिं बारि[१२] सब चहइँ[१३] ॥५

---

१. यह पृष्ट भारत कला भवनमें नहीं है। सम्मेलन संस्करणपर आश्रित।

चतुर सुजान[14] भाखा[15] सब जानाँ[16], अइस न देखेंउ[17] कोइ ।६
सभा[18] सुनउ[19] सब कान दइ[20], फुनि र बखानौं[21] सोइ ॥७

पाठान्तर—एकडला और चौखम्भा प्रतियाँ ।

१-(ए०) छत पत सब उनहीं पै; (चौ०) छत्र सिंहासन उनको । २-(चौ०) पढ़ै पुरान । ३-(चौ०) उनको । ४-(ए०) जीउ; (चौ०) जियो । ५-(ए०) देय । ६-(ए०) गनत । ७-(ए०) आवै । ८-(ए०) पावै । ९-(ए०) राय । १०-(चौ०) लौं । ११-(ए०) गंध्रप अहहीं । १२-(ए०, चौ०) वार । १३-(ए०) चहहीं; (चौ०) रहहीं । १४-(चौ०) महाजन । १५-(ए०) भाषा । १६-(ए०) जानै । १७-(ए०) ऐस न देखै; (चौ०) ऐस न देखूँ । १८-(चौ०) सबा । १९-(ए०) सुनहु । २०-(ए०) दै । २१-(ए०) रे बखानैं; (चौ०) रे दिखावहु ।

टिप्पणी—(१) **शाह हुसेन**—देखिये परिचय पृ० १८-२५ । **छात**—छत्र । **छाजा**—(प्रा० धात्वादेश छज्ज) सुशोभित होना ।

(२) **पोथा**—ग्रन्थ ।

(३) **दुधिस्टिल**—युधिष्ठिर ।

(४) **बलि**—सुप्रसिद्ध पौराणिक दानी जिससे वामन रूप धारणकर विष्णुने तीन पग भूमिकी याचनाकर सारा विश्व नाप लिया था । **करन**—कर्ण: महाभारतका प्रसिद्ध वीर, कुन्तीका पुत्र, जो अपने दानके लिए प्रख्यात है । रणभूमिमें आहत पड़े रहनेपर भी छद्मवेशधारी कृष्ण और अर्जुनको उसने अपना दाँत तोड़कर उसमें लगे सुवर्णका दान दिया था । **सरबरि**—सरभरि, बराबरी ।

(५) **राइ**—राजा । **गँधरप**—गन्धर्व । **अहई**—हैं । **बारि**—अवसर । **चहई**—चाहते हैं ।

१०

(दिल्ली; एकडला)

अगिनित[1] ठाट गिनत[2] न आवा । खरदस खेह गगन सब छावा[3] ॥१
अपुनहि सँझर आगें कर पावा[4] । पाछें परै सो धूरि (फकावा)[5] ॥२
मेघडम्बर छाता बहु[6] तानै । सेवा करहि राउ[7] औ रानैं ॥३
तुरिय टाप अस खेह उड़ानी । आधिअम्दर भव पुहुमि जिह जानी[8] ॥४
गज गवन[9] जग साँसो होई । वासुकि इन्द्र दुहौ[10] बुधि खोई ॥५
जिय[11] दान जो चाहै, दिन दस[12] सेवा करो[13] सौ[14] बार ।६
जाकहँ भौंह होइ चख[15] मैली, सो र होइ[16] जरि छार ॥७

मूल पाट—(२) पकावा ।

पाठान्तर—एकडला प्रति ।

१-अंगत । २-बहु गनत । ३-अमिय सुझर आगे कर पावा । ४-पाछे परै जो बंक बुकावै । ५-घोर महि गगन खेह सब छावै । ६-सब । ७-राव । ८-आँधि-

यसर मै पुहुमी छपानी । ९–राजा गौने १०–दुहूँ । ११–जीउ । १२–X।१३–करै । १४–सो । १५–होय चुख । १६–रे होय ।

टिप्पणी—(१) **ठाट**–सेना । **खरदम**–(स० कर्दम): कीचड़, काँदो । **खेह**–धूल ।

(२) **अपुनहि**–स्वयं ।

(३) **मेघडम्बर छाता**–काला रेशमी छत्र ।

(४) **तुरिय**–घोड़ा ।

११

(दिल्ली)

डाँड़ इन्द्र वासुकि सेंउ लेई । अउर डाँड़ लंकेसर देई ॥१
इँह बड़ न कोई गुनी सयानाँ । देवतहिं आयसु इँह कर मानाँ ॥२
जासों हँसि कै बात एक कहिहैं । दुख दारिद औ पाप न रहिहैं ॥३
पिरिथ म अइस भयउ न कोई । सर तो देउँ सुनेउ जो होई ॥४
पाप पुन्न लेउँ जरमहिं काऊ । धरम करत कछु कहि जाऊ ॥५
अधरम कियउ न जग महँ काउ, धरम करहिं बहु भाँत ।६
निस बासर बिबि तैसहिं चितहिं, बुधि परसहिं तो साँत ॥७

टिप्पणी—(१) **डाँड़**–दण्ड, कर ।

(२) **आयसु**–आदेश ।

(३) **जासों**–जिससे ।

(४) **अइस**–ऐसा

(७) **निस बासर**–दिन-रात । **बिबि**–द्वय, दोनों ।

१२

(दिल्ली; एकडला)

पढ़हिं[1] पुरान कठिन जो होई । अरथ [कहहिं] समुझावइ [सोई] ॥१
एक एक[2] बोल क दस दस भावा । पंडितहिं अचकर[3] बकति[4] न आवा ॥२
अउर[5] बहुत उन्ह केरि बड़ाई । हमरें कहे कहाँ कहि जाई ॥३
मुँह महँ[6] जीभ सहस जो होई । तोर[7] बड़ाई करै जो कोई ॥४
जब[8] लगि अस्थिर[9] रहे सुमेरू । हरि-भारजा बहै जमु नेरू[10] ॥५
सबन[11] सुनहु चित लाइ कर[12], कहों बात हों[13] एक ।६
आउ बढ़ौ हुसेनसाह कै[14], आह जगत कै टेक ॥७

पाठन्तर—एकडला प्रति ।

१–कथा । २–पण्डित क । ३–अजगुति । ४–बकत । ५–सीर । ६–X। ७–तौरे । ८–X। ९–असथिर। १०–जम नीरू । ११–स्रवन । १२–लाय कै । १३–मैं । १४–जाउ बढ़ो जस मैं कही ।

टिप्पणी—(१) **पुरान**–धर्मग्रन्थ

(२) **अचकर**–चकित। **वकति**–(उक्ति) बोल, वचन।

(३) **उन्ह केरि**–उनकी। **हमरें**–मेरे।

(४) **तोर**–तुम्हारा।

(५) **अस्थिर**–स्थिर, दृढ़। **सुमेरु**–सुमेरु पर्वत। **हर-भारजा**–गंगा। **जमु**–यमुना। **नेरू**–निकट।

(६) **सवन**–श्रवण। **हौं**–मैं।

(७) **आउ**–आयु।

१३

(दिल्ली; चौखम्भा)

उन्ह के राज यह र हम कही[१]। नौ सै नौ[२] जौ[३] संवत अही ॥१
माह मुहर्रम चाँदहि चारी[४]। भई सपूरन कही निबारी[५] ॥२
गाथा[६] दोहा अरिला रचा[७]। सोरठा चौपाइन्ह[८] कै सजा[९] ॥३
साखी आखर वहु आये[१०]। औ देसी चुनिचुनि सब[११] लाये ॥४
पढ़त सुहावन दे जै[१२] कानूँ। यहि[१३] कै सुनत न भावइ[१४] आनू ॥५
दोइ[१५] रे माँस दिन दस मँह[१६], जोरत यह ओरानेउ जाइ[१७] ।६
एक बोल मोति[१८] जस पिरवा,[१९] बकता चित मन लाइ[२०] ॥७

पाठान्तर—चौखम्भा प्रति।

१–पूरी पंक्ति अनुपलब्ध। २–नव। ३–जब ४–रे अ मोहर्रम चाँद उजियारी। ५–यह कवि कही पूरी सँवारी। ६–गाहा। ७–अरैल अरज। ८–चौपाई। ९–सरज १०–सास्तर अपिर बहुतै आये। ११–कछु। १२–दीजै। १३–इह। १४–भावै। १५–दोय। १६–माहीं। १७–यह रे दौराये आये। १८–मोती। १९–पुरवा। २०–इकठा मन चित लाये।

टिप्पणी—(१) **जौ**–जब। **अही**–थी।

(२) **माह**–मास, महीना। **मुहर्रम**–इस्लामी गणनाके अनुसार पहला महीना। **चारी**–चतुर्थी, चौथ। **सपूरन**–सपूर्ण।

१–अपनी कही। २–जनि। ३–खाए। ४–रही। ५–कहै एकादसी। ६–फूल सब गई। ७–सोहाग सोनारी। ८–गवन। ९–उवै। १०–उतारि जो रखिन्ह। ११–नहाए। १२–रे। १३–तारा। १४–जाए; (दि० मार्जिन) चाँद नखत ले तारा, सरवर आइ नहाइ।

टिप्पणी—(१) जानु–मानों। गूँग–गूँगा।
(२) बिहान–प्रातःकाल।
(३) गोहन–साथ।
(४) कोड़–क्रीड़ा। निमिख–क्षणभर।
(६) अभरन–आभरण, आभूषण। धरि–रखकर। पैठी–पानी में घुसीं। अन्हाइ–स्नानके निमित्त।

८१

(दिल्ली; एकडला)

चंचल चपल सुजान सुनारी[1]। मिलि सहेलिन्हि खेलि धमारी[2] ॥१
कोड़ करहिं कुमुदिनि सब तोरहि। बिहँसहि हँसहिं कँवलघट तोरहिं[3] ॥२
राजकुँवर जिह हतो[4] लुकानाँ। देखिसि कँवल भाँति बिगसाना ॥३
जेंउ[5] ससि देखि कुमुद बिगसाई। पावस चन्द चकोर मिलाई ॥४
जिह लग ईत किहौ अपकारा[6]। सो अब आइ मिलेउ[7] करतारा ॥५
जिय धुकचुकी आउ[8] मन भीतर, कहिसि[9] चीर अब लेउँ[10] ।६
चीर न आउ[11] हाथ जो मोरें, तो इहँ ठाँउ मरेउँ[12] ॥७

पाठान्तर—एकडला प्रति।

१–सोजान सोनारी। २–मिली सहेली खेल धमारी। ३–कौंल गहि मोरहिं; (दि० मार्जिन) कवँल मुख मोरहिं। ४–जहँ हुता। ५–जेंव। ६–जेहि लगि एत किएव उपकारा। ७–आए मेरवो। ८–जिअ धुकुचुकी और। ९–कहै। १०–लेंव। ११–आव। १२–तो एहि ठाँव जिउ देव।

टिप्पणी—(२) कँवलघट–कमलगट्टेका छत्ता।
(३) हतो–था। लुकाना–छिपा। बिगसाना–विकसित हुआ।
(५) ईत–इतना। किहौं–किया।
(६) धुकधुकी–धड़कन।
(७) ठाँउ–जगह।

८२

(दिल्ली; एकडला[1])

दई[1] सँभरि कै निकसा धाई। चीर ताहि कर लीनसि[2] जाई ॥१
सँवरसि[3] सो बुधि धाई जो कही। चीर लिहसि[4] मिरगावत र[5] गही[6] ॥२
उन्ह आरो मनुसहिं कर[7] पावा। चीर लये कों मकु कोउ[8] आवा ॥३
सब आपुन आपुन कों[9] धाई। चीर लये कों[10] बाहर आई ॥४
आपुन आपुन लीन्ही[11] चीरू। मिरगावत कर कहुँ रहहिं न खीरू[12] ॥५
हम जो कहा तुम्ह सेंउ[13] तिह[14] दिन,[15] तुम्ह[16] जो कहा कोउ[17] नाहिं।६
ईत बोलि कह उन्ह सों,[18] तुर[19] गई[20] उड़ र पवन[21] पर जाहिं ॥७

पाठान्तर—एकडला प्रति।

१–दैय। २–लीतिसि। ३–सौरिसि। ४–लिहिसि। ५–×। ६–रही। ७–उन्ह मनुसे कर आरो। ८–चीर लेय कहँ मकु कोइ। ९–आपन आपन कहँ। १०–लेय कहँ। ११–आपन आपन लीनिन्हि। १२–मिरगावती कै गहेव उन्ह खीरु। १३–तोह सेती। १४-१५–×। १६–तोह। १७–कोई। १८–एता बोल का कहि उहि सों। १९-२०–×। २१–रे पौन।

टिप्पणी—(१) दई–ईश्वर। सँभरि–स्मरण करके। धाई–दौड़कर। लीनसि–लिया।
(२) गही–पकड़।
(३) उन्ह–उन लोगोंने। आरो–आहट। लये कों-लेनेके लिए। मकु–कदाचित्। कोउ–कोई।
(५) कहुँ–कही।
(७) ईत–इतना। तुर–तत्काल।

८३

(दिल्ली; एकडला)

मिरगावति[1] नहिं सागी पाई। धाइ[2] वहुरि पानी मँह आई ॥१
देखिसि कुँवर तीर हैं ठाढ़ा। मिरगावतीं वचन[3] मुँह काढ़ा ॥२
कहिसि[4] कुँवर तुम्ह[5] नीक न कीन्हा। हमहिं विछोह सखीं सों दीन्हा ॥३
कुँवर कहा सुन बातिक मोरी। दूसरि[6] बरिस चाह मुहि[7] तोरी ॥४
बहि[8] दिन सँवरि[9] मिरिगि[10] होइ[11] आई। चित हमार लीन्हि[12] बउराई ॥५

१. इस कड़वकके पृष्ठका फोटो हमें उपलब्ध न हो सका। सम्मेलन–संस्करणपर आश्रित।

वह[१३] दिन हुतै[१४] भई[१५] जिउ[१६] मोरा, चित मन लागेउ[१७] तोहि ।६
दूसर[१८] बरिस्न समो यह तीसर[१९], येहि ठाँ भयउ[२०] जो मोहि ॥७

पाठान्तर—एकडला प्रति—

१—मिरगावती । २—धाए । ३—चकत । ४—कहेसि । ५—तुह । ६—दोसर । ७—मोहि । ८—उवह । ९—सौंर । १०—मिरिग । ११—मै । १२—लीन्हेव । १३—तेहि । १४—उते । १५—भएव । १६—जिअ । १७—लागा । १८—दोसर । १९—एह तेसर । २०—भएव ।

टिप्पणी—(१) सारी—साड़ी । धाइ—दौड़कर । बहुरि—लौटकर ।
(२) ठाढ़ा—खड़ा । काढा—निकाला ।
(३) नीक—अच्छा । कीन्हा—किया । दीन्हा—दिया ।
(४) बातिक—बात इक । मोरी—मेरी ।
(५) मिरिगि—मृगी । हमार—मेरा । बउराई—पागल ।
(६) हुतै—से । तोहि—तुमको; तुममें ।
(७) समो- समाप्त हुआ ।

८४

(दिल्ली; एकडला)

अउर[१] बहुत दुख तो लगि देखउँ[२] । कही[३] न जाइ[४] अधिक अति लेखेउँ[५] ॥१
जो तुम्ह सुनहु[६] तो सब दुख कहउँ । हियें पीर कैसें कै रहउँ[७] ॥२
जिह[८] दिन मिरिगि छया दिखराई[९] । पेंम फाँद पाछैं[१०] संग आई ॥३
तूँ तो यहि मँह[११] गइसि बिलाई । हों यहि ठाउँ परेउँ[१२] मुरुझाई ॥४
हाथ पाँउ मैं[१३] सिर न सँभारा । अउर[१४] बहुत दुख गहेउ[१५] अपारा ॥५
पितैं आइ समुझायेउ[१६] बहु विध,[१७] गयेउ न तिह लग[१८] साथ ।६
मँदिर उचाइ रहेउँ यहि[१९] ठाँई, कैसहिं आउ[२०] हाथ ॥७

पाठान्तर—एकडला प्रति ।

१—और । २—तोहि लगि देखौ । ३—गनै । ४—जाए । ५—पेखौ । ६—जो रे उनउ । ७—सहँउ । ८—जेहि । ९—देखराई । १०—आदँ बाछें । ११—तोहि तौ उन्ह संग । १२—एहि ठावों परेव । १३—पान हम । १४—और । १५—कहौं । १६—आए समोझाएव । १७—× । १८—गएव न तेहि के । १९—उचाए रहे व एहि । २०—कैसे आवहु ।

टिप्पणी—(३) छया—छाया; रूप । पेंम—प्रेम । फाँद—फन्दा । पाछैं—पीछे ।
(४) गइसि—गयी । बिलाई—लुप्त । हौं—मैं ।
(५) गहेउ—ग्रहण किया ।
(७) मँदिर—भवन । उचाइ—उठाकर; निर्माण कराकर । आउ—आओ ।

८५

(दिल्ली)

पुनि तैं दुसर दीन्हि दिखाई । सखिह साथ लै सरवर आई ॥१
देखेंउ तोहि दौरि कै आयउँ । जिय सेंउ पाउ परै कहँ धायउ ॥२
हम देखत तूँ गई बिलाई । हौं खसि परेउँ भुईं मुरझाई ॥३
धाई अँबरित सींचि जियायउँ । जियउ पाछु जिय बिसरायउँ ॥४
परिमल फूल तँबोल बिसारा । माता-पिता कुटुँब सँयसारा ॥५
अन न खायेउ तिह दिन सेउ, (पियेउ न जल)[१] पानि ।६
अउर बहुत दुख आहहि महिं, बहुतै कहे सो जानि ॥७

मूलपाठ—६-परेउ जस ।

टिप्पणी—(१) **दुसरैं**–दूसरी बार; दुवारा ।

(२) **दौरि**–दौड़कर । **पाउ**–पैर । **परै**–पड़ना । **कहँ**–के लिए । **धायउ**–दौड़ा ।

(३) **बिलाई**–लुप्त । **खसि**–गिर । **भुईं**–भूमि ।

(४) **धाई**–सेविका; दूध पिलानेवाली । **अँबरित**–अमृत । **पाछु**–पीछे । **बिसरायउँ**–भुलाया ।

(५) **परिमल**–सुगन्धि । **तँबोल**–पान ।

(६) **अन**–अन्न ।

८६

(दिल्ली; बीकानेर)

मिरगावती कहा सुनु राया[१] । तुम्ह लग[२] मिरग धरी [हम] छाया ॥१
दुसरैं[३] ताहि लागि हौं आयउँ[४] । सखी सहेलिह बात लगायेउँ[५] ॥२
पुनि मिस किहेउ[६] एकादसि[७] केरा । आयउ[८] बेगि न लायउँ[९] बेरा ॥३
किह[१०] कारन कहु चीर लुकायहु[११] । सखी सहेली[१२] साथ छुड़ायहु[१३] ॥४
चीर हमार देहु तुम्ह[१४] आनीं । जिह आयसु तिह को तूँ सामी[१५] ॥१५
तोर चीर हौं देइ न पारौं, कही धाई हम बात ।६
तन मन जीउ हमारेउ,[१६] अरु पै देउ चीर[१७] सै सात ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति—

१–राजा । २–तुम लगि । ३–हौं पुनि । ४–आई । ५–सखी सहेलि हौं साथ लगाई । ६–[...] स धरउँ । ७–एकादसी । ८–आवउँ । ९–लावउँ । १०–× । ११–लुकावहु । १२–सहेलिहु । १३–छुड़ावहु । १४–तुम । १५–जहँ आइस तहँ गव न मानी । १६–हमारा । १७–और चीर देउँ ।

टिप्पणी—(१) **राया**–राजा । **लग**–लिए । **छाया**–छद्मरूप ।

(३) **मिस**–बहाना । **बेरा**–विलम्ब; देर ।

(४) लुकायहु–छिपाया ।

(५) **हमार**–मेरा । **आनी**–लाकर । **आयसु**–आदेश ।

(६) **तोर**–तुम्हारा । **हौं**–मैं ।

८७

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

चीर हमार देहु[१] कस नाहीं । अउर[२] चीर हम पहिरि न चाही[३] ॥१
तोर चीर सौं[४] उत्तम[५] चीरू[६] । आनि देउँ तिह आपन खीरू[७] ॥२
मरो सोइ जें तिह[८] सिखरावा[९] । इह[१०] गियान तैं[११] जिह सौं[१२] पावा ॥३
कहसि देइ आपुन अब[१३] आनीं । मन महँ कहसि[१४] भलै बुधि[१५] जानी ॥४
कुँवर चीर भल[१६] दीन्हे[१७] ऊन्हीं[१८] । निकसी पहिरि चौदस[१९] जोन्ही[२०] ॥५
निकसत यहि र[२१] कुमुँद जस बिगसा, ससिबदनी[२२] मुख देखि[२३] ।६
दिनयर उदो[२४] कीन्हि परभातहिं, कँवल बिगस उहि[२५] देखि[२६] ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१–(ए) देउ । २–(ए०, बी०) और । ३–(ए०) पहिरि न जाही; (बी०) पहिरहिं नाहीं । ४–(बी०) से । ५–(ए०) उतिम । ६–(बी०) चीरा । ७–(ए०) आपन आनि देव एक खीरू; (बी०) अनि देहुँ अब आपन खीरा । ८–(ए०) सोए जे तोहि; (बी०) जिहि तोहिं । ९–(बी०) सीखाव । १०–(ए०) एह गेआन; (बी०) यह गेआन । ११–(ए०) तोह । १२–(ए०) जासौं; (बी०) जेहि से । १३–(ए०, बी०) कहिसि देहु अब आपन । १४–(ए०) कहेसि; (बी०) कहिसि । १५–(ए०, बी०) भली । १६–(ए०) एक । १७–(ए०) दीन्हेव । १८–(बी०) उन्हई । १९-(ए०) चौदसि । २०–(बी०) जोन्हाई । २१–(ए०) अहरे; (बी०) एहरे । २२–(बी०) बँदन । २३–(बी०) पेखि । २४–(ए०) उदै । २५–(ए०) वै; (बी०) तेहि । २६–(ए०) पेखि ।

टिप्पणी—(१) **कस**–कैसे ।

(३) **सिखरावा**–सीख दिया; सिखाया । **गियान**–ज्ञान । **सौं**–से ।

(५) **चौदस**–चतुर्दशीका चन्द्रमा । चतुर्दशीतक चौदह कलाओंसे चन्द्रमाका स्वरूप बनता है । इस्लामकी धारणाके अनुसार चौदसको चाँद अपनी समग्र पूर्णताको प्राप्त होता है । अतः उनके यहाँ चौदसके चाँदकी ही उपमा दी जाती है । **जोन्ही**–प्रकाशमान हुई ।

(६) **निकसत**–निकलते ही । **बिगसा**–विकसित हुआ ।

(७) **दिनयर**–दिनकर; सूर्य । **उदो**–उदय । **परभातहिं**–प्रभातके समय । **कँवल**–कमल ।

८८

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

आगें कुँवर चली उहि[१] पाछैं। गजमैंमत आवइ जनु[२] काछैं ॥१
हँस रँग परसत जग मेखा[३]। कै सुकुवार मेघ जनु पेंखा[४] ॥२
तुला[५] रासि ससि जनम जो आवइ[६]। बहु परकार[७] कहि ताप बढ़ावइ[८] ॥३
रहसत कुँवर मँदिर मँह पैठा। सोन सिंघासन ऊपर[९] बैठा ॥४
धाइहि कहसि[१०] देखु इह ओही[११]। जिहि[१२] क पेम[१३] चित छायउ[१४] मोही ॥५
बैठि सिंघासन ऊपर[१५] दोउ[१६], जनु[१७] सारद[१८] संग साथ।६
मिरगावति गिंय हार,[१९] कुँवर मेलि उर[२०] हाथ ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१-(ए०) उवह; (बी०) है। २-(ए०) जनि; (बी०) बन। ३-(ए०) बरिसत जल मेघा; (बी०) रेगै जस बरिसत मेघा। ४-(ए०) पेंच जनु पेंघा; (बी०) कैसु कुवँर पींघ जनौ पींघा। ५-(ए०) तोला। ६-(ए०) आवै; (बी०) आवा। ७-(बी०) परिकर। ८-(ए०) जीअ बहु भावै; (बी०) जीवन बहु भावा। ९-(बी०) परगै। १०-(ए०) कहिसि; (बी०) कहा। ११-(ए०) उही; (बी०) वोही। १२-(ए०, बी०) जेहि १३-(बी०) के। १४-(ए०) छायेव; (बी०) छायेउ। १५-(बी०) पर। १६-(ए०) दुइ जन। १७-(ए०) जनि; (बी०) जनौ। १८-(बी०) सार। १९-(ए०, बी०) के हार महँ (महिं)। २०-(ए०) मेल उर; (बी०) उर मेलेउ।

टिप्पणी—(१) पाछे–पीछे। **गजमैंमत**–मदमत्त हाथी।
(५) **ओही**–वही।
(७) **गिंय**–गला, कण्ठ। **मेलि**–डाला। **उर**–छाती।

८९

(दिल्ली: एकडला: बीकानेर)

मिरगावति[१] कहि[२] कुँवर मँभारहु। कहों वात[३] एक जो पतिपारहु[४] ॥१
तूँ र[५] पूत राजा का[६] आही। हों[७] कुलवन्ति[८] आहि[९] तिह[१०] चाही ॥२
हों तुम्ह[११] कहों सोन[१२] सुनि लेहू। आवइ[१३] हमरीं[१४] सहेलिह[१५] देहू ॥३
वर न होइ[१६] रस सेंउँ[१७] रस[१८] कीजइ[१९]। तौ र[२०] चहूँ[२१] जग पिरत[२२] कीजइ[२३] ॥४
रस कै[२४] बात बिरसों[२५] न[२६] होई। रस जो आह रस सेउ भल सोई[२७] ॥५
मैं रस वात कही रस तोसों,[२८] जो रस कीजइ बात।६
सो रस रहै दुहूँ जग[२९] ताकर,[३०] जो रस सों[३१] रंगरात[३२] ॥७

पाठान्तर—एकडला, बीकानेर प्रतियाँ।

१-(ए०) मिरगावती; (बी०) म्रिगावती। २-(ए०) कह। ३-(बी०) बोल। ४-(बी०) प्रतिपारहु। ५-(ए०) तोहरे; (बी०) तुम्हरे। ६-(ए०) कर; (बी०) के।

७–(बी०) हौं रे। ८–(ए०) कलवन्ती; (बी०) कुलवन्ती। ९–(बी०) अही। १०–(ए०, बी०) तोहि। ११–(ए०) तोहि; (बी०) तुम। १२–(बी०) स्रवन। १३–(ए०, बी०) आवै। १४–(बी०) हमरि। १५–(बी०) सहेलिहु। १६–(ए०) होए। १७–(ए०) सौ; (बी०) मेंड। १८-१९–(ए०, बी०) नहिं होई। २०–(ए०) ×। २१–(बी०) दुहूँ। २२-२३–(बी०) रहै रस लीजै; (ए०) रस रह रस लीजै। २४–(ए०) क। २५–(ए०) बरसौं; (बी०) बर मेंड। २६–नहिं। २७–(ए०, बी०) रस सों रस होई। २८–(बी०) तोही। २९-३०–(बी०) जगत कर। ३०–(ए०) ×। ३१–(बी०) सै। ३२–(बी०) रस रात।

टिप्पणी—(१) **पति पारहु**–विश्वास करो।

(२) **हौं**–मैं। **कुलवन्ति**–कुलवती।

(३) **सौंन**–श्रवण। **हमरीं**–मेरी।

(६) **तोसों**–तुमसे।

(७) **ताकर**–उसका।

९०

(दिल्ली; एकडला, बीकानेर)

कुँवर कहा[१] कस तोर न मानों। तोह जीउ हौं आपुन[२] जानों[३] ॥१
तूँ[४] जिय मोर[५] कया हौं आही। जो जिउ[६] कहै कया कै[७] जाही[८] ॥२
जिउ[९] प्रभुता[१०] कया है नेगी[११]। ठाकुर अढ़उँ[१२] करै वह[१३] वेगी[१४] ॥३
नेगिन्ह[१५] आयुस[१६] मनतें[१७] पारा[१८]। कहि[१९] प्रभुता सो[२०] धाइ[२१] सँवारा[२२] ॥४
बैद क कहा[२३] न मानै रोगी। गोरखपन्थ रँग वहि[२४] जोगी ॥५
तूँ[२५] र[२६] वैद हौं रोगिया,[२७] तूँ[२८] गोरख हौं चेल[२९]।६
सो रोगिया दुख[३०] पावइ,[३१] बैद क कहा[३२] जो[३३] बेल[३४] ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१–(ए०) कुँअरि कही; (बी०) कुँवर कहा कह। २–(ए०, बी०) तोर जीअ आपन कै। ३–(ए०) मानों। ४–(ए०) तोह। ५–(ए०) मोरी। ६–(ए०) जीअ; (बी०) जिय। ७–(ए०) कर; (बी०) करै। ८–(बी०) जाही। ९–(ए०) जिअ; (बी०) जी। १०–(ए०) परभता; (बी०) परभुता। ११–(ए०) बेगी। १२–(ए०) अढ़ौ; (बी०) अढ़वै। १३–(ए०) उवह। १४–(ए०) नेगी। १५–(ए०) नेगिन। १६–(ए०) आएस। १७–(ए०) मेंटै। १८–(ए०) बारा, (बी०) पारे। १९–(ए०, बी०) कह। २०–(ए०) तौ। २१–(ए०) धाए। २२–(बी०) सँवारे। २३–(ए०) कही। २४–(ए०) रेंगसि; (बी०) रेंग वह। २५–(ए०) तोह। २६–(ए०, बी०) रे। २७–(बी०) रोगिअ असधि। २८–(ए०) तोह। २९–(ए० बी०) चेला। ३०–(बी०) दुखु। ३१–(ए०, बी०) पावै। ३२–(ए०) कहीअ। ३३–(ए०) ×। ३४–(ए०)–बेला, (बी०) ठेला।

टिप्पणी—(१) **कस**–कैसे ।

(३) **जिउ**–जीव । **प्रभुता**–स्वामी । **कया**–काया, शरीर । **नेगी**–सेवक । **ठाकुर**–स्वामी । **अइउ**–काम करने का आदेश । **बेगी**–शीघ्रता से ।

(४) **पारा**–(पार) सकना; करने में समर्थ होना ।

९१

(दिल्ली; बीकानेर)

जो तैं बात सुनैं यह मोरी[1] । सेवा करउँ दासि होइ तोरी[2] ॥१
[जो] न सुनउँ सुनतहिं[3] हम कहा । जींभ दसन सेंउ खाँडेउ[4] अहा ॥२
तुम्ह र[5] बात जो सुनीं[6] हमारी । तूँ र[7] पुरुख हौं नारि तुम्हारी ॥३
ब्रह्मा रुद्र औ सिउ कै[8] वाचा । मोर जिउ[9] आहै तिह पै[10] राचा ॥४
तौलहि[11] तुम्ह[12] रे सभारहु[13] नाहाँ । अइहहिं[14] सखीं अलप दिन माँहाँ॥५
अउर[15] भाउ[16] सब मानहु मोसों,[17] एक भाउ न[18] होइ ।६
आवइ[19] देहु सहेलिहि,[20] जो जिउ मानो करहु[21] सोइ ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति ।

१–सुनसि हमारी । २–करों भै दासि तुम्हारी । ३-जौ न सुवन सुन तेहु । ४–से खंडित । ५–तुम्हरे । ६–सुनिसि । ७–रे । ८–की । ९–जीय । १०–तुम । ११–तौ लगि । १२–तुह । १३–सँहारहु । १४–आइहिं । १५–अवर । १६–भाव । १७–मोहिं सैं । १८–एक सुरति नहिं । १९–आवैं । २०–सेहेलिहु । २१–जो मन कीरहहु ।

टिप्पणी—(४) **वाचा**–वचन ।

(५) **तौलहि**–तवतक । **नाहाँ**–नाथ; स्वामी; पति । **अइहहि**–आयेंगे । **अलप**–अल्प; थोड़ा । **माँहा**–में ।

(६) **भाउ**–भाव । **मोसों**–मुझसे ।

(७) **मानों**–स्वीकार करे ।

९२

(दिल्ली; एकडला)

बाचा आवधि[1] दुहूँ सेउँ[2] भई । पाती लिखी पिता कहँ गई[3] ॥१
राजा[4] देखि[5] कुँवर कै[6] पाती । बाँचे लाग उधार जो[7] छाती ॥२
पाती बाँच[8] सभा सेउँ[9] कहा । पाती माँझ लिखा अस अहा ॥३
पिता मोर तुम[10] जुग जुग राजा । धरम दुदिस्टिल तुम्ह[11] कहँ छाजा॥४
बरिस सँहस दस तुम[12] कहँ आऊ । सेवा बहुत लिखी बहु भाऊ ॥५
धरम लाग मैं तुमरैं पूतँ,[13] पायउँ चाहिउँ[14] जाहि ।६
मन मनसा चित पूजी मोरी,[15] पुन तुम्हारे[16] आहि ॥७

पाठान्तर—एकडला प्रति।

१–औधि। २–सौं। ३–दई। ४–राजै। ५–देखिसि। ६–की। ७–×। ८–बाचैं लाग। ९–सौं। १०–तोह। ११–तोह। १२–तोह। १३–धरम तोहारे राजा। १४–पाऐव चाहिव। १५–×। १६–तोहरे।

टिप्पणी—(१) **बाचा**–वचन; प्रतिज्ञा। **आवधि**–आबद्ध। **दुहूँ**–दोनों। **सेउँ**–से। **भई**–हुई। **पाती**–पत्र।

(२) **बाँचै**–पढ़ने। **लाग**–लगा। **उघार**–खोलकर।

(३) **माँझ**–मध्य; में। **अस**–ऐसा।

(४) **मोर**–मेरा। **दुदिस्टिल**–युधिष्ठिर।

(५) **आऊ**–आयु।

(७) **पुन**–पुण्य।

९३

(दिल्ली; एकडला)

पाती सवकहँ[१] बाँचि सुनाई। रहसा राउ[२] न अंग अमाई॥१
कुँवरहिं कहा[३] होहु असवारू[४]। राउत पाइक[५] सब परिवारू[६]॥२
पाँयड छूट[७] तुरंगम आये। देखत हरे सुबर्न[८] सुहाये॥३
हँसला[९] कार कयाह[१०] पलाने। साँवरकरन औ महोजू[११] आने॥४
आये गरँया औ सरवाहा[१२]। पँचकल्यान सराहों काहा[१३]॥५
उन्दिर[१४] बुलाह[१५] ककाह[१६] सँमुद, भल भल आए तुखार।६
बरन कही तुरिंह कै,[१७] अब इह[१८] सुनहु बिचार॥७

पाठान्तर—एकडला प्रति।

१–सब क। २–राव। ३–कुवरन कहै। ४–असवारा। ५–पायेक। ६–परिवारा। ७–पाऐउ छोरि। ८–तेवरान। ९–हंसा। १०–केआहु; (दि० मार्जिन) हंसकया कुमेत। ११–सावकरन ते अच्छे १२–गररिया और सराही; (दि० मार्जिन) और सराहा। १३–कहे। १४–इन्द्र। १५–बलाह। १६–गोगह। १७–कहे तुरियनके जानत। १८–(ए०, दि० मार्जिन) गुन।

टिप्पणी—(१) **रहसा**–हर्षित हुआ। **अमाई**–समायी।

(२) **होहु**–हो। **असवारू**–सवार। **राउत**–(स० राजपुत्र>राअउत्त>राउत्त> राउत) यहाँ तात्पर्य सामन्तोंसे है। **पाइक**–(सं० पदातिक) पैदल सैनिक।

(३) **पाँयड**–घोड़े के पिछले पैरमें बाँधनेकी रस्सी; पिछाड़ी। **तुरंगम**–घोड़े। **हरे**–हरे रंगका घोड़ा; सब्जा। **सुबर्न**–सुवर्ण; सुनहले रंगका घोड़ा; इसे जर्दा, समन्द और शुतुरी भी कहते हैं।

(४) **हँसला**–ऐसा घोड़ा जिसका शरीर मेंहदीके रंगका और चारों पैर कुछ कालापन लिये हो; कुम्मैत हिनाई। **कार**–काले रंगका घोड़ा। **कयाह**–पके

ताड़के फलके रंगका घोड़ा (पक्वतालनिभो वाजी कयाह परिकीर्तितः—जयदत्त कृत अश्ववैद्यक)। **पलाने**–जीन कसे हुए। **साँवरकरन**–श्यामकर्ण। **महोजू**–अश्वोंकी सूचीमें यह नाम हमें नहीं मिला। हो सकता है यह वही हो जिसे जायसीने महुअ लिखा है (पदमावत ४६।३)। वासुदेव शरण अग्रवालने महुअ को महुए के रंगका हलका पीला घोड़ा बताया है।

(५) **गर्रया**–(गर्र, गर्रा) श्वेत और लाल रंगकी खिचड़ी बालोंवाला घोड़ा। **सरवाहा**–अश्वोंकी सूचीमें यह नाम हमें नहीं मिला। एकडला प्रतिमें सराही पाठ है जो सेराह के अत्यन्त निकट है। हेमचन्द्रने पीयूष या दूधके रंगके घोड़को सेराह कहा है (अभिधान चिन्तामणि ४।३०४)। सोमेश्वर ने काँचनाभ रंगके घोड़ेको सेराह कहा है (केशैस्तनुरुहैर्बालैः कांचनाभैस्तुरंगमः। सेराह इति विख्यातः वैश्यजाति समुद्भवः—मानसोल्लास ४।६८७)। यह नाम फारसकी खाड़ीके सेराफ बन्दरके नामपर पड़ा है। **पंचकल्यान**–वह घोड़ा जिसके घुटनोंतक चारों पैरोंपर और मुखपर सफेदी हो, शरीरका रंग चाहे जो भी हो (येन केनापि वर्णेन मुखे पादेषु पाण्डरः। पंचकल्याण नामायं भाषितः सोमभूभुजा—मानसोल्लास ४।६९५)। **सराहों**–सराहना करूँ। **काहा**-क्या।

(६) **उन्दिर**–(उन्दीर) जंगली चूहे और लोमड़ीके रंगसे मिलता हुआ घोड़ा (उन्दुरेण समच्छायः सतिरुन्दीर उच्यते—मानसोल्लास ४।६९२)। इसे संजाब भी कहते हैं। **बुलाह**–(बोल्लाह) वह घोड़ा जिसके गर्दन और पूँछ के बाल पीले रंगके होते हैं। इस नामका प्रयोग फारसकी खाड़ीमें तिग्रा नदीके मुहानेपर स्थित उबुल्लाह नामक बन्दगाहसे आनेवाले घोड़ोंके लिए किया जाता था। **ककाह**–(कोकाह) सफेद रंगका घोड़ा (श्वेतः कोकाह इत्युक्तः—जयदित्य कृत अश्ववैद्यक)। सम्भवतः इसे शीराजी भी कहते थे। **सँमुद**–(समन्द) बादामी रंगका घोड़ा; वह घोड़ा जिसका रंग सोनेके रंगके समान हो (फरहंग इस्तहालात पृ० २३); इसे शुतुरी भी कहते हैं। **तुखार**–(सं० तुषार) मध्येशियामें शकोंके एक कबीले और उनके मूल निवास स्थानकी संज्ञा थी। कुषाण और गुप्त काल (२री-६ठी ई०) में आनेवाले घोड़े तुषार कहलाते थे।

(७) **बरन**–वर्ण; जात। **तुरिंह**–घोड़ोंके।

९४

(दिल्ली; एकडला)

चंचल चपल मिरघ[1] सँह सीखे। बहु भोजन देखत अति तीखे ॥१
लेत साँस औ ससथ[2] ते **कानाँ।** दहा ताड़ जग जित हो **रानाँ[3] ॥२**
पौन पाइ[4] सों आहि[5] पिरीती। ताजन देखि उड़हि वह[6] रीती ॥३

भाँजत[७] पूँछ चँवर जनु[८] आही। चँवरधार जनु धारहिं[९] ताही ॥४
कान ककनिया अहहिं[१०] सुहानीं। जानु[११] कतरनी कतरि बिनानी[१२] ॥५
चाकर खुर अरु मोंट, तज ताजी कुँडवानी[१३]।
आनि ठाढ़ि कै[१४] घालि, पीठि पाखर सुनवानी[१५] ॥६

पाठान्तर—प्रति—

१—सरो। २—उ ससही। ३—ठाढ़ा हुजग जनेव कर जाना। ४—पाव। ५—आह। ६—उन्ह। ७—भाँजहि। ८—चौंर जनि। ९—चौरकार जनि ढारहि। १०—कान क गोपी कियाह सोहाये। ११—जानि। १२—जो लाये। १३—पूरी पंक्ति का अभाव। १४—ठाढ़ किय। १५—वाखर सोनवानी।

टिप्पणी—(१) **मिरध**—मृग। **सँह**—समान

(३) **पाइ**—पाँव, पैर। **आहि**—है। **पिरीती**—प्रीति। **ताजन**—(फा० ताजियानः) चाबुक, कोड़ा।

(४) **भाँजत**—हिलाते हैं। **चँवर**—चामर। **जनु**—मानो। **चँवरधार**—चमर डुलानेवाले सेवक।

(५) **कतरनी**—कैंची। **बिनानी**—विज्ञानी; कारीगर।

(६) **चाकर**—चौड़ा। **मोंट**—मोटा। **ताजी**—अरबदेशका प्राचीन कालमें प्रचलित नाम ताजिक था। इस कारण अरबी घोड़ोंको ताजी कहते थे। शाहनामें (दसवीं शती) में ताजी अस्प (अश्व) का अनेक स्थलोंपर उल्लेख है। ग्यारहवीं शतीमें रचित भोजकृत युक्तिकल्पतरुमें भी ताजिक घोड़ोंका उल्लेख है।

(७) **आनि**—लाकर। **ठाढ़ि**—खड़ा। **कै**—कर। **घालि**—डालकर। **पीठि**—पीठ। **पाखर**—(स० पक्खर) जीन; अश्व-कवच। **सुनवानी**—(स० स्वर्णवर्णी) सोनेके वर्णवाला, सुनहला।

९५

(दिल्ली; एकडला[१])

राजा बीरहिं पाती[१] देई। आपुन आपुन[२] सब कोउ[३] लेई ॥१
भये[४] असवार राउ[५] औ राने। छाता मेघडम्बर बहु ताने ॥२
बाजन अहे जहाँ लहि तूरा। बाजत चले[६] सबद सब पूरा ॥३
दरब कोरि[७] एक साथ लिवावा[८]। करै पतोहु[९] निछावरि आवा ॥४
राजा आवत कुँवर जो सुनाँ। भा असवार आइ अगुमना ॥५
उतरा कुँवर जुहारी राजा, राइ उतरि गिंय लाइ[१०]।६
भये[११] अँसवार दोउ[१२] जन, हसत मँदिर महँ आइ[१३] ॥७

---

१. सम्मेलन संस्करणमें इस कड़वकका उल्लेख कड़वक ३९६ (सं० स० ३५४) के पाठान्तरकेरूपमें पादटिप्पणीमें हुआ है।

पाठान्तर—एकडला प्रति—

१–बेरहन वारे । २–आपन आपन । ३–कोइ । ४–भै । ५–राऐ । ६–चला । ७–कोटि । ८–लेवावा । ९–पुतोह । १०–उतरा कुँवर तोरै सै, राजा कुँवरहि गिय लाए । ११–भै । १२–दुऔ । १३–आए ।

टिप्पणी—(३) **बाजन**–बाजा । **अहे**–थे । **लहि**–तक । **तूरा**–तूर, मुँहसे फूँककर बजाये जानेवाले वाद्य ।

(४) **दरब**–(द्रव्य) सिक्का, धन । **कोरि**–कोटि, करोड़ । **पतोहु**–पुत्र-वधू । **निछावर**–न्योछावर ।

(५)**असवार**–सवार । **अगुमना**–स्वागत के निमित्त आगे पहुँचा ।

९६

(दिल्ली; एकडला)

राजैं अधिक निछावर किही[१] । बहू बधाइ भेंट कै लिही[२] ॥१
दिन दोइ[३] चारि रहेउ[४] इहँ आई । नगर कै अग्या कै घर[५] जाई ॥२
राजकुँवर मिरगावति रानी । सारस जोरी दयी जो आनी[८] ॥३
खेलतहिं हँसत[७] रहहिं एक ठाईं[६] । दिन दिन अवधि आउ नियराईं ॥४
मिरगावति मन महँ अस कहा[९] । इह कँह चाह मोर चाह जो अहा[१०] ॥५

जो रे मोइ यहि[११] चाहा, आई हमरहिं गाँउ[१२] ।६
कहसि चीर कैसहु[१३] कै पाओं, उड़ि रे इहाँ हुत जाउँ[१४] ॥७

पाठान्तर—एकडला प्रति—

१–नेवछावरि दीही । २–बहू बधाई बहुत कै कीही । ३–दुइ । ४–भए; (दि० मार्जिन) भयेउ । ५–अगआ के के । ६–दिन दिन औधी आए निरानी । ७–खेलहिं हँसहिं । ८–सारस जोरी देअ मिलाई । ९–मिरगावती चित अपने कहा । १०–ऐहि कह चाडि मोरि जौ अहा । ११–जो रे मोरी होइ एहि । १२–आइह हमरे गाँव । १३–कैसेहु । १४–इहँ सौं जावँ ।

टिप्पणी—(१) **किही**–किया । **लिही**–लिया ।

(२) **कै**–को । **अग्या**–आज्ञा । **कै**–करके ।

(४) **आउ**–आया । **नियराईं**–निकट ।

(५) **अस**–ऐसा । **मोर**–मेरा ।

(६) **मोइ**–मुझे । **आई**–आवेगा । **हमरहिं**–मेरे । **गाँउ**–गाँव ।

(७) **कैसहु**–किस प्रकार ।

९७

(दिल्ली; एकडला)

दिन एक राइ[१] मोह मन आवा । मानुस कुँवर के ठाँउ[२] पठावा ॥१
कुँवर राइ तौं राइ हँकारेउ[३] । कहँहि मोह तुम्ह[४] नाँहि हमारेउ[५] ॥२

बहु दिन भये न भेटइ[8] आवा। तुम्ह[9] जिउ मिरगावति कहँ[6] लावा ॥३
इहइ[1] बोल कुँवर जो सुनाँ। तुरिय पलान[10] माँग बहु गुना ॥४
कहसि जोहारि पिता कै जाऊँ। धाइ[11] रहहु मिरगावति ठाँऊँ ॥५
स्रवन[12] लागि क[13] धाइहि हरवैं,[14] रहहु सजग[15] भलि भाँति[16] ।६
चीर लुकाइ[17] धरहु तिह[18] ठाइँ, जिंह[19] न पावइ रात[20] ॥७

पाठान्तर—एकडला प्रति—

१–राऐ। २–पास। ३–राऐ तोह बेगि हकाँरेव। ४–तोहि। ५–हमारेव। ६–भेंटै। ७–तो हौं जीउ। ८–×। ९–एहइ। १०–तुरीअ पलानि। ११–धाए। १२–सौन। १३–कह। १४–×। १५–सुजग। १६–भाँति। १७–लुकाए। १८–तेंहि। १९–जहाँ। २०–पावै राति।

टिप्पणी—(१) **राइ**–राज।

(२) **हँकारे**–पुकारा है; बुलाया है। **मोह**–ममता। **हमारेउ**–हमारा; मेरा।

(३) **भेटइ**–मिलने। **आवा**–आया।

(४) **इहइ**–यही। **बोल**–बात। **तुरिय**–घोड़ा। **पलान**–जीन कसा हुआ।

(५) **जोहारि**–अभ्यर्थना।

(६) **हरवै**–चेतावनी देता है।

(७) **लुकाइ**–छिपाकर।

९८

(दिल्ली; बीकानेर)

ईत बोलि कह तुरिय चलावा। भा अपमंगल सगुन न पावा[1] ॥१
लोगहि[2] कहा कुँवरहूँ न जाई[3]। वैठि कहौं एक दिनहिं गँवाई[4] ॥२
कहिसि पिता कर मानुस आवा। कइसैं[5] रहौं जाइ जो पावा ॥३
जो बिधि लिखा होइ पै सोइ। असगुन सगुन काह कर होई[6] ॥४
चला बेगि तिंह जाइ[7] तुलाई। राजैं[8] देखि कुँवर गा आई ॥५
रहसि उठा बहु राजा देखत,[9] बैठि दुवउ इक[10] ठाइँ ।६
राजकुँवर धर इहँवा,[11] जिउ मिरगावत ठाइँ[12] ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति—

१–म्रिगा नाँधि पुनि पंथ फिराई। दहिनै तै बाईं दिसि जाई। २–लोगहु। ३–कुँअर नहिं जइयै। ४–बहुरियै दिना दुइ फिरि अइयै। ५–कैसे। ६–का करै कोई। ७–तहँ आइ। ८–राजा। ९–×। १०–दुवौ एक। ११–धरा इहँ माटी। १२–जीउ म्रिगावती ठाऊँ।

टिप्पणी—(१) **ईत**–इतना। **बोलिकै**–कहकर। **अपमंगल**–अशुभ।

(२) **कहौं**–कहीं पर।

(३) **कइसैं**–कैसे। **रहौं**–रहूँ।

(७) **धर**–धड़, शरीर। **इहँवा**–यहाँ।

९९

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

मिरगावति[१] घर बैठी आही[२]। धाइ सँउ[३] रस बात जो कही ॥१
धाइहिं[४] रस[५] बातहिं[६] बोरायसि[७]। काज करै को[८] अनत पठायसि[९] ॥२
जौलहि[१०] धाइ काज कै आई। सारी ढूँढ़ि लइ जिह र लुकाई[११] ॥३
चीर पहिरि कै वह रे उड़ानी[१२]। धाइहि अचकर[१३] कित गइ[१४] रानी ॥४
कहिसि[१५] काह मैं मुख[१६] देखराउब। खिन[१७] एक माँझ[१८] कुँवर अब[१९] आउब॥५
रोवइ[२०] धाइ चहूँ दिसि ढूँढै, कतहू वह न पाउ[२१]।६
काह कहौं किह[२२] आगे यह दुख,[२३] कुछउ[२४] न बकतै आउ[२५] ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१–(ए०, बी०) मिरगावती। २–(ए०, बी०) अही। ३–(ए०) सौं; (बी०) से। ४–(ए०) धाई कहँ। ५–(ए०) ×। ६–(ए०) बातन; (बी०) बातन्ह। ७–(ए०, बी०) बोराइसि। ८–(ए०, बी०) कहँ। ९–(बी०) पइसि। १०–(ए०) जौलै। ११–(ए०) सारी ढूँढ़लै जहाँ छपाई; (बी०) सारी ढूँढ़ लिही जहाँ छपाई। १२–(बी०) चीर लेइकै पहिरि उड़ानी। १३–(ए०) अजगुत; (बी०) अचंभौ। १४–(ए०) कतगै। १५–(ए०) कहै। १६–(बी०) मह। १७–(ए०) खन। १८–(ए०) माँह। १९–(बी) जो। २०–(ए०) रोवै। २१–(ए०) कतहू न वहि कहँ पाव; (बी०) कतहू न वहि कहँ पावै। २२–(बी०) केहि। २३–(बी०, ए०) काह कहौं कहिये तो। २४–(ए०) कुछौ; (बी०) ×। २५–(ए०) आव; (बी०) बकत न आवै।

टिप्पणी—(१) आही–थी।

(२) **बोरायसि**–भुलावा दिया। **काज**–काम। **करै को**–करनेके लिए। **अनत**–अन्यत्र। **पठायसि**–भेजा।

(३) **जौलहि**–जब तक। **काज**–कार्य। **कै**–करके।

(४) **अचकर**–चकित। **कित**–किधर, कहाँ।

(५) **काह**–क्या। **देखराउ**–दिखाऊँगी। **खिन**–क्षण। **माँझ**–में। **आउब**–आवेगा।

(६) **कतहू**–कहीं भी।

(७) **बकतै**–वचन।

१००

(दिल्ली; बीकानेर[१])

मँदिर ढूँढि जो बाहर आई। धाइ क[१] दिस्टि भवन[२] पर जाई ॥१
देखिसि बैठि[३] मँदिर पर आहा[४]। मिरगावति[५] यह कीनहु काहा[६] ॥२
हम सँउ कछू[७] मँदाई जानहु। तोर पलक[८] अपनैं जियँ मानहु[९] ॥३

१. बीकानेर प्रति में पंक्ति ५ की अर्धालियाँ परस्पर स्थानान्तरित हैं।

हम सेंउ कछु न आह मँदाई[10] । किह[11] कारन तुम्ह चलहु[12] कुहाई[13] ॥४
का उतर हम कुँवरहि देबा[14] । सुनतहि मरिह काह तू लेबा[15] ॥५
आवहु उतर सुहागिन[16] तै पत[17], होइ हमरें[18] मन साँत ।६
तोह[19] न मोह मन आवइ,[20] जियत[21] कुँवर जिय[22] किंह[23] भाँत ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति—

१–×। २–मँदिर। ३–वैठी। ४–अहा। ५–म्रिगावती। ६–कीने कहा। ७–से किछु। ८–तो रे विलग। ९–×। १०–हम सै किछु मँदाइन अहई। ११–किहि। १२–तुम चली। १३–×। १४–×। १५–सुनते हि मरव कह तो लावा। १६–सोहागिनि। १७–पियवती। १८–हो मो। १९–तुम्ह। २०–आवै। २१–जिय विनु। २२–जिये। २३–केहि।

टिप्पणी—(१) दिस्टि–दृष्टि।

(२) **कीनहु**–किया। **काहा**–क्या।

(४) **कुहाई**–रुटकर।

(५) **का**–क्या। **देबा**–दूँगी। **लेबा**–लोगी, पावोगी।

१०१

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

धाई न दोखँ[1] आहै[2] तोरा। कहहु जोहार[3] कुँवर सेंउ[4] मोरा ॥१
औ अस कहहु[5] कुँवर सों[6] बाता। मोर जीउ[7] आहै[8] तिह[9] राता ॥२
सेंतीं[10] जो पावइ[11] सो न कहैं[12] मोला। ताकर मोल[13] न जानै भोला ॥३
इह[14] कारन हों जाउँ उड़ाई। कहहु[15] कुँवर सों[16] आवइ धाई[17] ॥४
कंचननगर हमारो[18] ठाऊँ। रूपमुरारि पिता कर[19] नाँऊँ ॥५
यह र[20] वात कह धाई[21] आपुन, फुन[22] वह [23]चली उड़ाइ[24] ।६
धाई रोइ पुकारा,[25] वह[26] रे इहाँहुत[27] जाइ[28] ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१–(ए०, बी०) दोखन। २–(ए०) अहै, (बी०) अहै किछु। ३–(ए०, बी०) कहेहु। ४–(ए०) जोहारि; (बी०) जहार। ५–(ए०) सै; (बी०) से। ६–(ए०, बी०) कहेहु। ७–(ए०) सै; (बी०) से। ८–(बी०) जीव। ९–(बी०) है। १०–(ए०, बी०) तोहि। ११–(बी०) बस्त। १२–(ए०) पावै; (बी०) पाईऐ। १३–(ए०) सौधे। १४–(बी०) मर्म। १५–(ए०, बी०) एहि। १६–(बी०) कहेउ। १७–(बी०) सेंउ। १८–(ए०) आवै धाई; (बी०) जब आवै ठाई। १९–(ए०) हमारेव; (बी०) हमारा। २०–(बी०) का। २१–(ए०) एह रे; (बी०) येहि रे। २२–(ए०) कहि धाइहि; (बी०) कहि धाइ सेउँ। २३–(ए०)×। २४–(ए०, बी०)×। २५–उड़ाए। २६–(ए०) रोव पुकारे; (बी०) पुकारि कै। २७–(बी०) यह। २८–(बी०) हुतै। २९–(ए०) कर मलि मलि पछिताइ।

टिप्पणी—(३) **सेंतीं**–बिना मूल्य; मुफ्त। **मोला**–मूल्य। **ताकर**–उसका।
(७) **इहाँहुत**–यहाँसे।

१०२

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

हँसत कुँवर कँह भयउ[1] अगाहू[2]। खरभरि परेउ[3] हिये उर दाहू[4] ॥१
कहसि पिता सेंउ[5] हों घर जाऊँ। धाइ अकेलि आह[6] वहि[7] ठाऊँ ॥२
राजें[8] बान[9] दीन्हि[10] पहिराई[11]। पिताहिं[12] जुहारि[13] मँदिर कहँ आई[14] ॥३
धाई देखि[15] कुँवर जो आवा। हाक[16] डफार रोउ[17] गुहरावा[18] ॥४
कुँवर कहा कछु[19] आह[20] मँदाई। रावन सिय[21] हरी (जनु)[22] आई ॥५
कहसि[23] काह किहि[24] कारन रोवहु[25], सौं कहु[26] हम बात।६
राम बियोग[27] भयउ[28] जिहि[29] कारन, सो हमकों सँसात[30] ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१–(ए०) भव। २–(बी०) अगाहा। ३–(बी०) परी; (ए०) परेव। ४–(ए०) डाहू; (बी०) डाहा। ५–(ए०) सौं। ६–(बी०) अहै। ७–(ए०) उहि। ८–(बी०) राजा। ९–(ए०, बी०) पान। १०–(ए०) दीन्ह; (बी०) दीन्हें। ११–(ए०) बरहे; (बी०) वहुराई। १२–(ए०, बी) पिता। १३–(ए०, बी०) जोहारि। १४–(ए०) आए; (बी०) जाई। १५–(ए०) देख; (बी०) देखा। १६–(ए०, बी०) घालि। १७–(ए०) रोव; (बी०) रोइ। १८–(ए०) गोहरावा। १९–(ए०) कुछु; (बी०) किछु। २०–(बी०) आहि। २१–(ए०) सीअ; (बी०) सीय। २२–(ए०) जनि; (बी०) जनौं; (दि०) जो; (दि० मार्जिन) जनु। २३–(ए०, बी०) कहिसि। २४–(ए०) केहि। २५–(ए०)×। २६–(ए०, बी०) सो न कहहु। २७–(बी०) बियोग; (ए०) बिऊग। २८–(ए०) भये; (बी०) भयेउ। २९–(ए०) जेहि। ३०–(ए०) सो तोह क सीअ सात; (बी०) सो तुम कहु सै सात।

टिप्पणी—(१) **अगाहू**–(अगाह; फा० आगाह) चेतावनी; यहाँ तात्पर्य अचानक मनमें उठनेवाली आशंकासे है। **खरभरि**–हल-चल। **दाहू**–(दाह) जलन।
(३) **बान**–वस्त्र।
(४) **हाक**–जोर-जोरसे पुकारका। **डफार**–(क्रि० डफारना) दहाड़ मारना; चीख मारना। **गुहरावा**–पुकार लगायी।

१०३

(दिल्ली; एकडला)

सुवन[1] बोल इँह परेउ[2] जो धाई। कुँवर पछार तुरियँ सेंउ[3] खाई ॥१
पाग मार भुइँ कापर फारा। उर मारै कहँ लिहिसि[4] कटारा ॥२

लोगहि[1] करहुत लीन्हि अजोरी । मरै देहु गइ[6] सारस जोरी ॥३
कहै देहु बिस खाँवँ अघाई । मरउँ बेगि मोहि जिय[7] न जाई ॥४
जिय बिनु जिय[8] न जाइ[9] अकेलैं । जीउ जम लेउ कया[10] पर हेलैं ॥५
मरै देहु मोहि लोगहि[11] बिस भखि, जीउ[12] न केउनहि[13] भाँत ।६
जिर[14] बिन कया काह ले कीजै, तिह[15] बिनु होइ न साँत ॥७

पाठान्तर—एकडला प्रति—

१–सौन । २–उन परेव । ३–सौ । ४–लीन । ५–लोगन्ह । ६–कै । ७–जिऐ । ८–जैए । ९–जहे । १०–जीउत जि गऐव कये (?) । ११–× । १२–जिअन । १३–कौनौ । १४–जिअ । १५–तेहि ।

टिप्पणी—(१) **सुवन**–श्रवण, कान । **पछार**–पछाड़ । **तुरियाँ**–घोड़ा ।
(२) **पाग**–पगड़ी; यह तात्पर्य सिरसे है । **भुइँ**–पृथ्वी । **कापर**–कपड़ा । **फारा**–फाड़ा । **उर**–छाती । **कटारा**–कटार ।
(३) **करहु**–हाथसे । **देहु**–दो । **सारस जोरी**–सारसकी जोड़के सम्बन्धमें प्रवाद है कि एकके अभावमें दूसरा जीवित नहीं रहता ।
(४) **बिस**–विष । **अघाई**–तृप्त होकर । **मोहि**–मुझे ।
(५) **जम**–यमराज । **हेलै**–ठेलना; डालना ।
(६) **भखि**–खाकर । **केउनहिं**–किसी भी ।
(७) **काह**–क्या । **साँत**–शान्त ।

१०४

(दिल्ली; एकडला)

सान्ति गई मन परेउ[1] खभारू । दंद उदेग उचाट अधारू[2] ॥१
दई[3] काह मैं अउगुन कीन्हा । जिन्ह र[4] सँताप बिरह फुनि[5] दीन्हा ॥२
पेम घाइ दुख कै सिर हाई[6] । फुनि[7] बिस बान हियें महँ खाई ॥३
अब न मोर अ(ो)खद[8] कै आसा । अति र[9] कठिन घट जो रहे[10] साँसा ॥४
जे जन जिये बियोग कै मारी[11] । ते तन काल पाँच सर पारी[12] ॥५
सँवर सँवर[13] मन झुरवइ,[14] रोइ रोइ मिलै धाहि ।६
सो उपकार करौं अपनैं जिय, जिह पायउँ[15] वहि चाहि ॥७

पाठान्तर—एकडला प्रति—

१–सती गे हम परेव । २–अहारू । ३–दैअ । ४–जेहि रे । ५–दुख । ६–आई । ७–सुनी । ८–बोखदि । ९–अब रे । १०–घट रहै न । ११–मारे । १२–कला पंच बस मरे; (दि० मार्जिन) मारी । १३–सौंरि सौंरि । १४–झुरव । १५–जे पावौ ।

टिप्पणी—(१) **सान्ति**–शान्ति । **खभारू**–खलबली । **दन्द**–द्वन्द । **उदेग**–उद्वेग । **उचाट**–खिन्नता । **अधारू**–आधार ।

(२) **काह**–क्या । **अउगुन**–अवगुण; बुरा कार्य । **सँताप**–सन्ताप ।

(३) **घाइ**–घाव । **हाई**–आई । **बिस बान**–विष बाण । **हियें**–हृदय । **महँ**–में ।

१०५

(दिल्ली; एकडला[1])

जो कोइ चाह कहै धस लेऊँ । जो जिउ माँग[1] काढ़ि कै देऊँ ॥१
राम सेतु बाँधेउ[2] सिय[3] लागी । हौं वहि[4] लागि परौं मँझ आगी ॥२
हनिवँत सिय[5] लगि जारसि[6] लंका । हौं र[7] बिधाँसौं जाइ[8] पलंका ॥३
सात सरग चढ़ धाँवौं जाऊँ । जहाँ सुनौं हौं[9] मिरगावति नाऊँ ॥४
निसिरह[10] सिय लगि मारि बिधाँसा । हौं वहि[11] लगि जारौं कविलासा ॥५
जस भरथरी[12] भयउ[13] पँथ जोगी, रस पिंगला वियोग ।६
रोइ[14] लंक दुहूँ कर टेकै, कहै हौं[15] पँथ जोग ॥७

पाठान्तर—एकडला प्रति—

१–चाह । २–बंधौ । ३–सीअ । ४–उहि । ५–सीअ । ६–जाए । ७–रे । ८–जाए । ९–X । १०–निसिअर । ११–उहि । १२–भरथहरी । १३–भये । १४–रोवै । १५–होउँ ।

टिप्पणी—(१) **धस**–घुसकर । **काढि**–निकालकर ।

(२) **सेतु**–पुल । **सिय**–सीता । **लागी**–निमित्त । **मँझ**–मध्य । **आगी**–अग्नि ।

(३) **हँनिवँत**–हनुमान । **जारसि**–जलाया । **बिधाँसो**–विध्वंस करूँ । **पलंका**–(सं० पाताल लंका>पायाल लंका>पाया लंका >पालंका>पलंका) इस नामसे ऐसा ध्वनित होता है कि लंका की तरह यह कोई अति दूरवर्ती द्वीप था । हो सकता है द्वीपान्तर (हिन्द-एशियाके द्वीप समूहों)के किसी द्वीपको पलंका कहते रहे हों । मलय स्थिति पेनांगका भी नाम पलंका हो सकता है । मौलाना दाऊदने चन्दायनमें (३५१।५) और जायसीने पद्मावतमें (२०६।३; ३५५।३) में 'लंका छाड़ि पलंका' जानेकी बात कही है । यह प्रयोग मुहावरे जैसा है । इससे जान पड़ता है कि लंका जाना तो सुगम था ही नहीं; पलंका कोई ऐसी जगह थी जहाँ पहुँचना सामान्यतः असम्भव समझा जाता था । जायसीने पलंकामें शिवका निवास बताया है (पदमावत २०६।३-४) । सम्भव है शिवके निवास स्थान कैलासको पलंका कहते रहे हों । इस सम्बन्धमें द्रष्टव्य है कि एलोराके कैलास मंदिरके दोनों ओर जो गुफा मण्डप हैं, उनमें से एकको लंका और दूसरेको पलंका कहते हैं ।

(४) **धावों**–दौड़ूँ ।

---

१. इस प्रतिमें पंक्ति ४-५ क्रमशः ५ और ४ है ।

(५) **निसिरह**–निशाचर; राक्षस। **विधाँसा**–विध्वंस किया। **कबिलासा**–(कैलास >कइलास>कविलास> (वकारका प्रश्लेष >कविलास) स्वर्ग।

(६) **भरथरी**–भर्तृहरि; उज्जैन नरेश।

१०६

(दिल्ली; एकडला)

रोवइ[1] सँभरे कहै विधाता। काहे वरजा[2] मोर संघाता ॥१
मैं तो वहि[3] लगि वहु दुख देखा। औ [अ]पनै जिय कुछउ[4] न लेखा ॥२
धाइहि पूछि[5] विरह दुख माँता। चलत[6] कहसि तुम्हसेंउ[7] कछु बाता॥३
धा[इ] कहा तुम्ह कहसि[8] जुहारू। भेंटघाँट कहँ वहुत[9] अपारू ॥४
औरु नगर कर लीहिसि[10] नाऊँ। कंचननगर हमारेउ[11] ठाऊँ ॥५
कहिसि सँदेस कहु जो कुँवर सो,[12] बिलम्व न लावइ आउ[13] ।६
वहुत देखि दुख आवै मारग[14], तो हमकहँ वह[15] पाउ ॥७

पाठान्तर—एकडला प्रति—

१–रोवै। २–बिरुजा। ३–उहि। ४–कुछौ। ५–पूछ। ६–जात। ७–तोह सै। ८–तोह कहै जोहारु। ९–आव। १०–लीन्हिसि। ११–हमारेव। १२–कहेसि सँदेसा कुँवर सो। १३–आव। १४–×। १५–सो।

टिप्पणी—(१) **सँभरे**–सँभले। **विधाता**–ईश्वर। **बरजा**–वर्जित किया। **संघाता**–साथी।

(२) **लेखा**–लिखा; समझा।

(३) **माँता**–ग्रस्त।

(४) **भेंट-घाँट**–मिलना-जुलना। भोजपुरी में यह सामान्य रूपसे प्रयोगमें आता है।

(७) **हमकँह**–मुझको।

१०७

(दिल्ली; एकडला)

सुनि सँदेस सिर भुँइ धर[1] मारा। धरा न रहे तोरै[2] कर बारा ॥१
लोग धाइ सब कोउ समुझावइ[3]। कुँवर समुँझि पुनि देइ मरावइ[4] ॥२
जो अँजुरी पानीं विन मराई। मुए सो गागरि सो का[5] कराई ॥३
कोउ[6] पिसुन मिस होइ कर[7] आवा। कै सुरजन[8] रिपु होइ बउरावा[9] ॥४
को र दूत[10] मिस वैठउ आई। पवन पैठि[11] वादर बहिराई ॥५
कै सुरजन[12] कै दुरजन[13], कै[14] हम दियउ वियोग ।६
को अरि भयउ हमारेउ[15], जिह वरजेउ हम[16] जोग ॥७

पाठान्तर—एकडला प्रति–

१–दै । २–तोर । ३–कोइ समुआवै । ४–फुनि दैव मेरावइ । ५–× । ६–कोरे । ७–हो कै । ८–दुरजन । ९–हौ बौरावा । १०–को रे रावन । ११–पंथ । १२–सुरजनि । १३–दुरजनि । १४–को । १५–भएउ हमारो । १६–जो उपजो एह ।

टिप्पणी—(१) **धरा**–पकड़ने पर । **तोरै**–तोड़े । **कर**–हाथ । **बारा**–बाल; केश ।

(३) **अँजुरी**–अँजलि । **मराई**–मरे । **गागरि**–घड़ा ।

(४) **पिसुन** (पिशुन)–छिपे छिपे दो व्यक्तियों में विरोध उत्पन्न करनेवाला व्यक्ति । **मिसि**–बहाना; व्याज । **सुरजन**–देवता । **बउराना**–पागल बनाना ।

(७) **अरि**–शत्रु । **बरजेउ**–वर्जित किया । **जोग**–योग; मिलन ।

१०८

(दिल्ली; एकडला)

लोगहिं[१] बैठि कुँवर समुझावा । मन समुझा लोगहि बउरावा[२] ॥१
बिरह[३] लागि भरथरी[४] वियोगी । हौं वहि लागि होउँ[५] अब जोगी ॥२
चिन्ता[६] जोग तन्त कैं[७] लागा । सुनि कै भोग जो आगैं भागा[८] ॥३
माता पिता कोउ न[९] जानाँ । जोगी [के]र साज सब आनाँ ॥४
छाड़सि लोग कुटुब घर बारू । छाड़सि पिता मोह सँयसारू[१०] ॥५
मिरगावति[११] कैं पेम रस बिंधा[१२] कैंसहि उतरि[१३] न जाइ ।६
चित गयन्दँहि पंक जेंउ, खिन खिन अधिक समाय[१४] ॥७

पाठान्तर—एकडला प्रति—

१–लोगन । २–लोगन बौरावा । ३–जुध । ४–भरथहरी । ५–होंउ । ६–चितु । ७–के । ८–सुनि के जोग भूख जनि भागा । ९–कोई नहिं । १०–संसारू । ११–मिरगावती । १२–बँधा । १३–कैसेउ निकसि । १४–सोहाइ ।

टिप्पणी—(३) **तन्त**–तन्त्र ।

(४) **साज**–वेश-भूषा । **आनाँ**–ले आया ।

(५) **छाड़सि**–छोड़ा । **घरबारू**–घर-द्वार । **सँयसारू**–संसार ।

(७) **गयन्दँहि**–हाथी । **पंक**–कीचड़ । **जेंउ**–जिस प्रकार ।

१०९

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर[१])

केस उदिआनी[२] गोरखपन्था । पाँय[३] पाँवरी मेखलि[३] कंथा ॥१
जटा चक्र मुद्रा[४] जपमाला । डण्डा खपर केसरि[५] छाला ॥२
जोगौटा[६] रुद्राख[७] अधारी । भसम लेउ[८] तिरसूल सँवारी ॥३

---

१. इस प्रति में पंक्ति ४-५ क्रमशः ५-४ हैं ।

सिंगी पूरै पन्थ[९] सँभारा[१०]। जपै सुरंगिनि[११] भई अधारा[१२] ॥४
कर किंगरी धँढोर[१३] मन मेला। तार[१४] बजावइ[१५] रैनि अकेला ॥५
जोग जुगुति होइ[१६] खेलेउ[१७] मारग[१८] सिध[१९] होइ कह जाइ ।६
भुगुति मोर[२०] मिरगावति[२१] जौंउ[२२], भीख देइ को[२३] राइ[२४] ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१–(ए०) कसि उडियानी; (बी०) कसि उडानी। २–(ए०) पाये; (बी०) पावँ। ३–(ए०) मेखरी; (बी०) मेखली। ४–(बी०) ×। ५–(ए०) केसरी; (बी०) केहरी। ६–(बी०) जोगटा। ७–(ए०) रुद्राख; (बी०) रुद्राक्ष औ। ८–(ए०) किएव; (बी०) किहेसि। ९–(ए०, बी०) नेह। १०–(बी०) संभारै। ११–(बी०) कुरंगिनि। १२–(ए०) खन न बिसारा; (बी०) खिन न बिसारै। १३–(ए०) ठिठोर; (बी०) धँधरी। १४–(ए०, बी०) बार। १५–(ए०) बजावै। १६–(ए०) मै। १७–(ए०) खेलेसि; (बी०) खेलौं। १८–(ए०) ×। १९–(बी०) सिधि। २०–(ए०) मूर। २१–(ए०) मिरगावती। २२–(ए०) ×; (बी०) जाँचौं। २३–(ए०) कोइ। २४–(बी०) आय।

टिप्पणी—(१) **उदियानी**–बिखराये। **पाँय**–पाँव, पैर। **पाँवरी**–(सं० पादपट्ट > पा० पाय वह > पावड़ > पावड़ा > पावड़ा > पाँवरि) खड़ाऊँ। **मेखलि**–मेखला। **कंथा**–कथरी; गुदड़ी; फटे पुराने कपड़ोंसे बनाया गया वस्त्र।

(२) **चक्र**–सम्भवतः छोटी गोल अँगूठी जिसे पवित्री कहते हैं (वासुदेव शरण अग्रवाल)। **मुद्रा**–कानमें पहननेका कुण्डल। **जपमाला**–जाप करनेकी माला। **खपर**–खप्पर; भिक्षा पात्र। **केसरि छाला**–बाघम्बर।

(३) **जोगौटा**–(सं० योगपट्ट) वह वस्त्र जिसे जोगी ध्यान करते समय सिरसे पैरोंतक डाल लेते हैं। अन्य अवस्थामें यह कन्धेपर रहता है। **रुदराख**–रुद्राक्षकी माला। **अधारी**–वासुदेव शरण अग्रवालने पदमावत (१२६।४) में लकड़ीका बना सहारा बताया है जिसको टेककर योगी बैठते और सोते हैं। किन्तु इस ग्रन्थ (१६४।१) के अन्यत्र उल्लेखसे ज्ञात होता है कि उनका यह अनुमान ठीक नहीं है। इसका तात्पर्य झोलीसे है। **भसम**–भस्म; भभूत। **तिरसुल**–त्रिशूल।

(४) **सिंगी**–सींघका बना मुँहसे फूँककर बजानेका बाजा। **पूरै**–बजाये। **सुरंगिनि**–सुन्दर रंगवाली।

(५) **किंगरी**–छोटा चिकारा या सारंगी, जिसे बजाकर जोगी भीख माँगते हैं। **धँढोर**–धँधारी; गोरखाधन्धा; तारके छल्लोंका बना उलझन जिसे जोगी लोग सुलझाते हैं। **मेला**–लगाया।

(६) **जुगुति**–युक्ति। **सिध**–सिद्धि।

(७) **भुगुति**–भोजन। **राइ**–राजा।

११०

(दिल्ली; बीकानेर)

निकसि कुँवर जोगी मिस चला। राजैं सुनाँ आगि उर जरा[१] ॥१
सुत वियोग[२] दसरथ[३] अस कीन्हा। राइ[४] चाहि ततखन जिउ दीन्हा ॥२
जस[५] अरजुन[६] अहिबर्न कै मारे। तस राजा बहु[७] रोउ[८] पुकारे ॥३
सिर धुन धुन[९] कै कारुन करई[१०]। आउ घटै[११] विनु जाइ[१२] न मरई[१३] ॥४
पाछो कोइ न देखै आगे। मरै न जाइ जियव[१४] किंह[१५] लागे ॥५
जस अन्धा अन्धी विनु सरवन[१६], फेकरि[१७] मुए चिल्लाइ[१८]। ६
मुयहु सरग[१९] पछिताव न जहियें[२०], जो न[२१] जियत मिलाइ ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति—

१–जला। २–वियोग। ३–जसरथ। ४–येहउ। ५–जसरे। ६–अर्जुन। ७–बहु-राजा। ८–रोवै। ९–धुनि-धुनि। १०–कर मलई। ११–आव घटई। १२–कोउ। १३–×। १४–जिए। १५–केहि। १६–जस अन्धी अन्धा सर्वन बिनु। १७–फिकरि। १८–चितलाइ। १९–मुयेहु पाछु। २०–जाइहि। २१–जौ नहिं।

टिप्पणी—(१) **मिस**–बहाना; रूपमें।

(२) **ततखन**–तत्क्षण।

(३) **अहिबर्न**-अभिमन्यु। **तस**–तैसा।

(४) **कारुन**–करुणा। **आउ**–आयु।

(५) **पाछो**–पीछे। **जियब**–जीऊँगा। **किंह लागे**–किसके लिए।

(६) **सरवन**–श्रवण। **फेंकरि**–दहाड़ मारकर रोना।

१११

(दिल्ली; एकडला, बीकानेर)

चला कुँवर मिरगावति जहाँ। सींघ सँदूर[१] अगम बन तहाँ ॥१
डर भौ एको[२] आह न करई[३]। किंगरी पेम बजावइ झुरई[४] ॥२
मग अमग[५] न जाने भोला। विरह भाक[६] पै अउर[७] न बोला ॥३
तब[८] लग मग अमग[९] गुनीजइ[१०]। जब[११] लग मोह मया मन[१२] कीजइ[१३] ॥४
ताम लगन कुल मेल रहे जे[१४]। **वन क पंखी पर न परिचै[१५] ॥५**
ताम सेयाँप[१६] ताम गुन,[१७] **जप तप संजम ताग[१८]। ६**
वंक घटै **लोयना,[१९] पर न पूजैं जाम[२०] ॥७**

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ।

१–(ए०) सीह सेदुर; (बी०) सिह सेंदूर। २–(बी०) एक। ३–(ए०) तेही; (बी०) न लागै तेही। ४–(ए०) बस भौ नेही; (बी०) बजावै नेही। ५–(बी०) मगु औ अमगु। ६–(ए०, बी०) भाख। ७–(बी०) और। ८–(बी०) तव। ९–(बी०,

ए०) मगु अमगु। १०-(बी०) न गनीजे। ११-(बी०) तब। १२-(बी०) नहिं। १३-(बी०, ए०) कीजै। १४-(बी०) तब लगि कुल सील रहीजे; (ए०) उत्तम लगे कुल सील रहीजे। १५-(ए०) वंक कह खे पीर न परीजे; (बी०) बांके कटाखे पीर न परिजे। १६-(ए०) सेआनप। १७-(बी०) ताम समनपता गुन। १८-(बी०) जपत सपत जम ताम। १९-(ए०) बंक कटखे लोऐना (बी०) बांके कटखे लोयन्ह। २०-(ए०) परीजे जाम; (बी०) पीर न परीजे जाम।

टिप्पणी—(१) **सींघ सिंदूर**—इस शब्द-युग्म का प्रयोग मौलाना दाऊद ने चन्दायन में तीन स्थलों (१२८।५;१९६।३;२९५।६) पर किया है। जायसी के पदमावतमें यह दो बार आया है (१४४।६;६३६।९)। वहाँ माताप्रसाद गुप्तका पाठ है—सिंघ सदूरा और सिंह सदूरहि। वासुदेव शरण अग्रवालने भी यह पाठ स्वीकार किया है। मधुमालती में भी यह शब्द-युग्म आया है। वहाँ माताप्रसाद गुप्तने सीह सेदूर (१००।२; १८१।२) पाठ दिया है। वासुदेव शरण अग्रवाल ने इसका अर्थ सिंह और शार्दूल किया है। यही अर्थ माताप्रसाद गुप्तने भी मधुमालतीमें स्वीकार किया है। सदूर पाठ से शार्दूल (सदूर <सादूर <सारदूल <शार्दूल) की कल्पना की जा सकती है। किन्तु चन्दायनके फारसी प्रतिमें यह शब्द सर्वत्र सीन, नून, दाल, वाव, रे बहुत स्पष्ट रूपसे लिखा है। अतः इसका पाठ सन्दूर, सँदूर, सिन्दूर ही हो सकता है। मिरगावतीके फारसी प्रतिमें सीनके बाद ये है और वहाँ पाठ सेदूर या सीदूर होगा। इसके प्रकाशमें सदूर अपपाठ जान पड़ता है। इस कारण चन्दायनमें हमने इसका वास्तविक पाठ सिंदूर अथवा सेंदुर माना था और उसके मूलमें सिन्धुर शब्द स्वीकार किया था जिसका अर्थ हाथी होता है। मध्यकालीन कलामें सिंह-हस्ति एक प्रसिद्ध अभिप्रायः रहा भी है। किन्तु पदमावत के कड़वक ६३६ की पंक्ति ९ को उसी कड़वककी पंक्ति २ के प्रकाशमें देखनेसे इस शब्दके मूलमें शार्दूल ही होनेका भान होता है। और मिरगावतीकी पंक्ति—सींह सेदूर चिंघरहि हाथी—से स्पष्ट है कि सेंदूरका तात्पर्य हाथीसे भिन्न है। ऐसी अवस्थामें सेंदूरसे शार्दूल अर्थात् बाघका ही तात्पर्य ग्रहण करना उचित होगा। शेर-बाघका युग्म बोलचालमें प्रचलित भी है। **अगम**—(सं० अगम्य) दुर्गम, जहाँ प्रवेश सुगम न हो।

(२) **भौ**—भय। **एकौ**—एक भी।

(३) **भोला**—अज्ञान, सरल। **भाक**—भाषा, बोली। **पै**—पर; किन्तु। **अउर**—और।

(४) **लग**—तक। **गुनीजइ**—तर्क-वितर्कके भाव उठते हैं। **मया**—ममता। **कीजइ**—करे।

(५) **पंखी**—पक्षी। **परिचै**—नैकट्य अथवा आत्मीयता प्राप्त करता है।

११२

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

एक वन छाड़ि आन वन जाई। आगे चाह नगर कै[१] पाई ॥१

नगर सुहावन उत्तम[2] ठाँऊ। धरमसाल[3] बहु धरम कै[4] नाँऊँ ॥२
कहिसि आजु यहि नगर गवाँवउँ[5]। मकुहिं[6] चाह मिरगावति पावउँ[7]॥३
भिखा[8] माँगै जाइ[9] न आवइ[10]। रोवइ किंगरी नेंह[11] बजावइ[12] ॥४
लोगहिं राजहिं जाइ जनावा। कुँवर एक जोगी जस आवा ॥५
अति रुपवन्त सुलाखन,[13] मुखहिं बतीसी भीन।६
करम जोति मनि माँथें चमकै,[14] एको लखन न खीन ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१–(बी०) की। २– (बी०) उतिम। ३– (ए०) धरमसार। ४–(बी०) क। ५–(ए०, बी०) गँवावौं। ६–(बी०) मकहुँ। ७–(ए०, बी०) पावौं। ८–(ए०) भिखेया; (बी०) भिछ्या। ९–(ए०, बी०) जाय। १०–(ए०, बी०) आवै। ११–(ए०) पेम। १२–(ए०) बजावै; (बी०) रोइ रोइ किंगरी बियोग बजावै। १३–(ए०) सुलखन; (बी०) सुलच्छिन। १४–(ए०) ×।

टिप्पणी—(१) छाड़ि–छोड़कर। **आन**–अन्य, दूसरा। **चाह**–आहट।
(२) **धरमसाल**–धर्मशाला। यात्रियोंके ठहरनेका स्थान।
(३) **गवाँवउँ**–बिताऊँ। **मकुहिं**–कदाचित्।
(५) **जनावा**–सूचित किया।
(६) **सुलाखन**–सुलक्षण।
(७) **करम**–भाग्य। **जोति**–ज्योति। **मनि**–मणि। **माँथैं**–सिरपर। **लखन**–लक्षण। **खीन**–क्षीण।

११३

(दिल्ली; बीकानेर[1])

लखन बतीसा आहे भोगी। जानि न जाइ कवन गुन जोगी ॥१
सीस ललाट[1] उर चाकर ताही[2]। राजबंसी बिनु अउर[3] न आही ॥२
अउर[4] लिलार तीनि हँहि[5] रेखा। अस भगवन्त जोगी न[6] देखा ॥३
औ[7] तिरसूल आहै[8] रुदरेखा। तुरिय नहीं पा चलि कवन बिसेखा[9] ॥४
राजा देखु आन[10] बुलाई। कलजुग आउ ते उलटी[11] रीति चलाई ॥५
देखि सुबुद्ध्येहि[12] अइस मन दरसा[13], संग समोइ[14] मिलाउ।६
जिह जिह[15] मारग पग धरै[16], तिह तिह[17] सीस धराउ ॥७

पाठान्तर : बीकानेर प्रति—

१–लिलाट। २–चक्र जाही। ३–और। ४–औ। ५–हैं। ६–नहिं। ७–कर। ८–अहै,–तुरियन अहि पाँ चल किहे बिसेखा। १०–देखिये आनन। ११–कल-

---

१. इस प्रतिमें यह दो कड़वकोंमें बँटा है। प्रथम दो पंक्तियाँ ५ अन्य पंक्तियोंके साथ एक कड़वकमें और शेष पंक्तियाँ २ अन्य पंक्तियोंके साथ दूसरे कड़वकमें है। वे पंक्तियाँ हमारी दृष्टिमें प्रक्षिप्त हैं अतः परिशिष्ट १ में दी गयी हैं।

जुग उलटी। १२–सुबुद्ध्या। १३–दरस। १४–मुँह। १५–जेहि जेहि। १६–धरा। १७–तेहि तेहि।

टिप्पणी—(१) **लखन**–लक्षण। **भोगी**–भोग करनेवाला; ऐश्वर्यवान। **जानि**–जाना। **कवन**–किस। **गुन**–गुण; कारण।

(२) **चाकर**–चौड़ा। **ताही**–उसका।

(३) **लिलार**–ललाट। **हँहि**–हैं।

(४) **रुदरेखा**–रुद्राक्षकी माला। **पा**–पाव; पैदल।

(५) **आन**–लाकर। **कलजुग**–कलियुग। **ते**–इस कारण।

११४

(दिल्ली; एकडला[1]; बीकानेर)

राजैं[1] कहा चलहु[2] हौं जाऊँ। पूछउँ जाइ[3] मरम[4] वहि[5] ठाँऊँ ॥१
राजा आइ[6] जो देखी ताही। अति रुपवन्त सुलाखन[8] आही ॥२
पूँछी[9] जोग[10] कौन गुन बाढ़ा[11]। उतर न[12] देइ[13] पेम[14] दुख डाढ़ा[15] ॥३
कहहु न किह[16] कारन तुम्ह[17] जोगी[18]। किह[19] र[20] लागि तू[21] भयसि[22] वियोगी[23] ॥४
तिह[24] कह जोग न आहै सोभा। कउन[25] कुँवरि जिउ[26] किह सेंउ[27] लोभा ॥५
यह अस[28] बात न जाइ[29] कहि[30], (जनि)[31] पूछहु हम राइ[32] ।६
यह दुख कहौं न काहु सेंउ[33], कहत सुनत जरि जाइ ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१–(बी०) राजा। २–(बी०) चला। ३–(ए०, बी०) पूछौं जाय। ४–(बी०) मर्म। ५–(ए०) उहि; (बी०) वोहि। ६–(ए०) आये; (बी०) आय। ७–(ए०, बी०) देखै। ८–(बी०) सुलखन। ९–(ए०) पूछै; (बी०) पूछिसि। १०–(बी०) जोगु। ११–(ए०, बी०) साधा। १२–(ए०) ×। १३–(ए०) देये; (बी०) देय। १४–(ए०) जेम। १५–(ए०, बी०) दाधा। १६–(बी०) वोहि। १७–(बी०) तैं। १८–(ए०) केहि कारन तोह भयेसि जो जोगी। १९–(ए०, बी०) केहि। २०–(बी०) ×। २१–(ए०) तोह; (बी०) तैं। २२–(ए०) भयेहु; (बी०) भयेसि। २३–(ए०) बीऊगी; (बी०) बिवोगी। २४–(ए०) तोहि; (बी०) तुम्ह। २५–(ए०, बी०) कौन। २६–(बी०) जिय। २७–(ए०) जहि सौं; (बी०) केहि सें। २८–(बी०) असि। २९–(ए०) न जाये; (बी०) जाइ नहि। ३०–(बी०) कही। ३१ (दि०) जैं। ३२–(ए०) राये; (बी०) राय। ३३–(ए०) सौं।

टिप्पणी—(१) **मरम**–मर्म; भेद।

(२) **ताही**–उसको।

(३) **बाढ़ा**–बढ़ा, उत्पन्न हुआ। **डाढ़ा**–जला हुआ।

(७) **जरि**–जल।

१. इस प्रतिमें पंक्ति ४ और ५ क्रमशः ५ और ४ हैं।

११५

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

बिरह वियोग[1] पेम दुख कहई। जो र[2] सुनै तिह[3] चेत न रहई ॥१
बकती[4] पेम रसाल कहानी। सुनत राउ[5] चित चेत भुलानी[6] ॥२
कहत बिरह जैं सुना सो रोवा। नैन सलिल (मुख)[7] मलि मलि धोवा ॥३
दन्द उदेग उचाट बिरोधा[8]। जैं र सुनाँ सो सुनत लुबोधा[10] ॥४
अउर[11] कथा वहि कहै न जानाँ। मिरगावति[12] कर[13] पेम बखाना ॥५
कुतुबन सात समुँद दधि[14], अउर[15] सलिल को जान ।६
धार सिवाती[16] मन[17] बसे[18], चातक[19] चीत[20] नदान[21] ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ।

१–(ए०) बिऊग; (बी०) बिवोग। २–(ए०, बी०) रे। ३–(ए०, बी०) तेहि। ४–(ए०, बी०) बकतै। ५–(ए०) राये; (बी०) राय। ६–(ए०) गवाँनी। ७–(बी०, दि०) कर। ८–(ए०, बी०) बिरूधा। ९–(ए०) जैं रे; (बी०) जो रे। १०–(ए०, बी०) लुबुधा। ११–(ए०, बी०) और। १२–(ए०, बी०) मिरगावती। १३–(बी०) का। १४–(ए०, बी०) हहिं। १५–(ए०, बी०) उदधि। १६–(ए०, बी०) सेवाती। १७–(बी०) जो मन। १८–(बी०) बसी। १९–(ए०) चातिक; (बी०) चातिग। २०–(ए०, बी०) चित। २१–(ए०) न आन; (बी०) निदान।

टिप्पणी—(१) **चेत**–होश; स्मृति।

(२) **बकती**–कहा। **रसाल**–सरस।

(७) **सिवाती**–स्वाती। **चीत**–चित्त। **नदान**–मूर्ख।

११६

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

सुना राइ[1] बहु[2] उठा मरोहू[3]। रोवइ[4] लाग भयउ[5] मन छोहू ॥१
कहिसि देउँ[6] पदुमिनी अमोला। बहु परसाद राइ[7] मुँह[8] बोला ॥२
कहिसि राइ[9] हम अउर[10] न काजा। माँगिउँ इहै भीखि[11] तुम्ह[12] राजा ॥३
कंचनपुर कै बाट जो[13] जानै[14]। नगर ढुँढाइ कहहु तिह[15] आनै[16] ॥४
जंगम एक आह[17] हम गाऊँ। देखिसि[18] बहुत फिरा बहु ठाँऊँ[19] ॥५
राजैं[20] जन दौराए ततखन[21], जंगम आनहु धाइ[22] ।६
कंचननगर कहाँ है कहु[23] तहाँ[24], जानत कहु किह जाइ[25] ॥७

पाठान्तर–एकडला और बीकानेर प्रतियाँ–

१–(ए०) राए। २–(ए०) एंह। ३–(ए०) मुरोहू। ४–(ए०, बी०) रोवै। ५–(ए०) भएव; (बी०) भवा। ६–(ए०) देवों; (बी०) देंउ तोहि। ७–(ए०) राए। ८–(बी०) मोंह। ९–(ए०) राए; (बी०) राउ। १०–(ए०) आव; (बी०) आवै।

११-(ए०) अहै; (बी०) यहइ। १२-(ए०) तोह। १३-(ए०) कोइ। १४-(बी०) जाना। १५-(ए०) ताहि कह; (बी०) देहु तुम। १६-(बी०) आना। १७-(बी०) अहै। १८-(बी०) देखत। १९-(ए०) गाँऊ। २०-(बी०) राजा। २१-(ए०) ततखन जन दौराए। २२-(ए०) आनिन्हि राओ; (बी०) आन हँकराइ। २३-(बी०) केहि ठाऊँ। २४-(ए०) ×। २५-(ए०) बाट देखावहु जाए; (बी०) चाह कहसि यह जाइ; (दि० मार्जिन) चाह ओहर कह जाय।

टिप्पणी—(१) **मरोहू**–मरोह; करुणा; दुःख जनित ममता। **लाग**–लगा। **छोहू**–स्नेह; आत्मीयता।

(२) **पदुमिनी**–पद्मिनी जातिकी नारी। **अमोला**–अमूल्य। **परसाद**–(स० प्रसाद) अनुग्रह; प्रसन्नतापूर्वक दी गयी वस्तु।

(३) **काजा**–कार्य।

(४) **बाट**–मार्ग।

(५) **जंगम**–वसव द्वारा स्थापित लिंगायत शैव-सम्प्रदाय। यहाँ उसके माननेवाले-से तात्पर्य है।

(६) **दौराए**–दौड़ाये। **ततखन**–तत्क्षण। **आनहु**–लाओ। **धाइ**–दौड़कर।

११७

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

धाइ[1] जन जंगम लइ[2] आये। कुँवर नैन जंगम मुख[3] लाये ॥१
पूछै लाग कहहु हम चाहा। कंचनपुर तुम्ह[4] देखौ[5] आहा ॥२
नगर बहुत देखेहु[6] बहु[7] गाऊँ[8]। राजस्थान[9] औ आनौं[10] ठाऊँ ॥३
कंचननगर उहो[11] हम देखा। मारग कठिन न ओकै[12] लेखा ॥४
परबत[13] समुन्द अगम[14] बन भूता। मानुस भेस[15] जो राकस दूता[16] ॥५
भूत परेत[17] भुअंगम, मारग पैंग[18] जैं तर[19] जाइ ।६
अति[20] दुख बहुत[21] पन्थ महँ दूगम[22], तो रे[23] कंचनपुर जाइ[24] ॥७

पाठान्तर–एकडला और बीकानेर प्रतियाँ–

१-(ए०, बी०) धाये। २-(ए०, बी०) लै। ३-(ए०) मुहँ। ४-(ए०) तोह। ५-(ए०,बी०) देखेहु। ६-(ए०) देखौं। ७-(बी०) बहु देखेउँ। ८-(बी०) ठाँऊँ। ९-(ए०,बी०) राजअस्थान। १०-(ए०) अनवन; (बी०) अनिर्वान। ११-(ए०) वहै; (बी०) वह। १२-(ए०) आव, (बी०) आँव। १३-(बी०) सायर। १४-(बी०) अम। १५-(बी०, ए०) भखहिं। १६-(ए०) धूता। १७-(बी०) परीत। १८-(बी०, ए०) पैग। १९-(ए०) न हीठै; (बी०) न हेटै। २०-(ए०) एत। २१-(ए०) अगम। २२-(ए०,बी) ×। २३-(ए०) तेहि; (बी०) तौ। २४-(ए०) राइ।

टिप्पणी—(३) **आनौं**–अन्यान्य।

(४) **उहो**–वह भी। **ओकै**–उसका। **लेखा**–गणना, गिनती।

(५) **परबत**–पर्वत। **समुन्द**–समुद्र।

(६) **भुअंगम**–भुजंगम; सर्प।

(७) **दूगम**–दुर्गम।

११८

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

दूत[1] भुअंगम हौं न डरावौं[2]। कया होइ[3] जिउ तो भरमाओं[4] ॥१
राकस भूत जो र मँहि[5] खाही। तो मारग सिध नीक[6] लगाही ॥२
बस्ती[7] बन प्रीतम बिनु लागें[8]। भाव पन्थ बन रहे तिह आगे[9] ॥३
प्रीतम लाग[10] बहुत[11] दुख सहई[12]। दुख के मिले तो र[13] सुख रहई[14] ॥४
दस नख कुँवर दसन[15] मँह[16] मेला। उहै[17] पन्थ दिखराउ[18] दुहेला ॥५
वह[19] लग[20] जीउ सँकलपेउँ आपन[21], जो भावइ सो होइ[22]। ६
जो जिउ दुख ना दीजइ काहू[23], ताकर[24] कौन मरोह[25] ॥७

पाठान्तर–एकडला और बीकानेर प्रतियाँ–

१–(ए०) धूत; (बी०) भूत। २–(ए०, बी०) डरॉऊँ। ३–(बी०) होय। ४–(ए०) भरमाँऊ। ५–(ए० बी०) रे मोहिं। ६–(ए०) सुध नेग; (बी०) सिर नेग। ७–(ए०) बासते; (बी०) बसतै। ८–(ए०) लागी। ९–(ए०) भाव पंथ बिन रहै न मागी; (बी०) भव पंथ रहै नाव न लागे। १०–(ए०) लागि। ११–(ए०, बी०) जोरि। १२–(बी०) प्रीतम पंथ सहा होई। १३–(ए०) रे; (बी०) ×। १४–(ए०) लहई; (बी०) होई। १५–(बी०) दसौं। १६–(ए०) मुँह; (बी०) मुख। १७–(ए०) वोहै; (बी०) वहइ। १८–(ए०) देखराउ; (बी०) दिखावहु। १९–(ए०) तेहिं; (बी०) वोहि। २०–(ए०,बी०) लगि। २१–(ए०) ×। २२–(ए०,बी०) जो भावे सो होउ। २३–(ए०) जो जिउ दीजा दखि न; (बी०) पोजि दखिना दै पै कहूँ। २४–(बी०) कह ताकर। २५–(ए०,बी०) मुरोउ।

टिप्पणी—(१)**भरमाओं**–भ्रमित होऊँ।

(२) **मँहि**–मुझको। **खाही**–खायेगा। **मारक सिध**–सिद्धि-मार्ग। **नीक**–अच्छा; भला।

(३) **बस्ती**–नगर।

(५) **उहै**–वही। **दिखराउ**–दिखलाओ। **दुहेला**–कठिनकार्य; कष्ट साध्य; दुखपूर्ण। वासुदेव शरण अग्रवालने इसकी तुलना सुखकेलि> सुहेल्लि (देशीनाम माला ८।३६; पाइसद्द महार्णव ११।६५) से करके इसके मूल में दुःखकेलि-(दुःख केलि > दुहेल्लि) अनुमान किया है और अर्थ कठिन खेल, कठिन क्रीड़ा बताया है।

(६) **सँकलपेउँ**–संकल्प कर दिया। **आपन**–अपना। **भावइ**–अच्छा लगे।

११९

(दिल्ली; एकडला: बीकानेर)

राजा यहि[1] रे चलै न[2] देई। बहु समुझाउ[3] कान न सेई[4] ॥१
राइ[5] न घट मँह आहे जीऊ। बिनु[6] जिउ[7] डर भौ कित कर[8] सीऊ ॥२
जीउ मिरगावति हरि लै गयी। बिनु जीउ कया रकत बिनु[9] भयी ॥३
बिसमौ लाज हरख नहिं रहा। पेम आइ[10] चित चिन्ता[11] दहा[12] ॥४
दौरि जो[13] जंगम पाँयहि[14] लागा। हम कहिं[15] पंथ दिखाउ[16] सुभागा[17] ॥५
पेम सुरा जिन्ह अँचयेउ[18], तिहाँ[19] कुछौ न[20] सुधि।६
चित चिन्ता लज्या न भौ[21], बिसमौ हरख न बुधि ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१–(ए०) एहि: (बी०) वोहि। २–(ए०) नहिं; (बी०) ना। ३–(ए०) समुझावो; (बी०) समुझान। ४–(ए०) मान नहिं सेई; (बी०) न मानै सेई। ५–(ए०) राए; (बी०) राय। ६–(बी०) ×। ७–(ए०) जिअ। ८–(बी०) काकर। ९–(ए०) सूनि हम। १०–(ए०) आए; (बी०) आय। ११–(बी०) चंपित। १२–(ए०, बी०) गहा। १३–(ए०, बी०) ×। १४–(बी०) पाँइ। १५–(बी०) बहई। १६–(ए०, बी०) देखाव। १७–(बी०) सभागा; (ए०) सभाखा। १८–(बी०) जिन अँचइय। १९–(बी०) तिन्हैं। २०–(बी०) ना। २१–(बी०) ना चित चिन्त न लाज भौ।

टिप्पणी—(१) **सेई**–वह।

(२) **बिसमौ**–विस्मय।

(३) **दौरि**–दौड़कर।

(५) **अँचयेउ**–आचमन किया; पिया। **तिहाँ**–उसको। **कुछौ**–कुछ भी।

(७) **भौ**–भय।

१२०

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

जंगम मोह मया मन आई। मगु देखावइ[1] कँह लेजाई ॥१
जंगम साथ लिहा यह[2] लाई[3]। सायर नियर[4] ठाढ़ भा[5] जाई ॥२
कंचननगर कै[6] इहवै[7] बाटा। यहि र[8] समुन्द कै[9] इहवै[10] घाटा ॥३
दई[11] विधाता सँवरत[12] जाहु। तो सिध पावहु जो न डराहु[13] ॥४
सायर तीर अहा एक डेंगा[14]। वहि चढ़ा आपुन[15] घर रेंगा ॥५
कहिया प्रीतम पेखिहौं, दुहु लोयन विहसन्त[16]।६
कंज सरोवर नीर जिमि[17], सर पंकहि[18] पसरन्त[19] ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१–(ए०) देखावै; (बी०) दिखावै। २–(ए०) लिहा ओहि; (बी०) लीन्हिसि। ३–(बी०) लाइ। ४–(ए०, बी०) तीर। ५–(बी०) भवा। ६–(ए०) क; (बी०) कर। ७–(ए०) एहइ; (बी०) यह है। ८–(ए०, बी०) रे। ९–(बी०) कर। १०–(ए०) एहवै; (बी०) यहवै। ११–(ए०) दैअ; (बी०) दइव। १२–(ए०, बी०) सौंरत। १३–(ए०, बी०) डराहू। १४–(बी०) डोंगा। १५–(ए०) एह रे चढाए आपन; (बी०) बोहि चढ़ाय आपु। १६–(बी०) बिहसन्ति। १७–(ए०) कंच सरेवा तीर जेव; (बी०) कंच सरवर निरज्यौं। १८–(ए०) सर बंगह; (बी०) सरब आगे। १९–(बी०) पसरन्ति।

टिप्पणी—(१) **मगु**–मार्ग।

(२) **लिहा**–लिया। **सायर**–सागर। **नियर**–निकट। **ठाढ**–खड़ा। **भा**–हुआ।

(३) **इहवै**–यही। **बाटा**–बाट, मार्ग। **समुन्द**–समुद्र। **घाटा**–घाट।

(४) **सँवरत**–स्मरण करते हुए।

(५) **डेंगा**–नाव। **रेंगा** (क्रि० रेंगना) गया।

(६) **कहिया**–कब। **पेखिहौं**–देखूँगा।

(७) **कंज**–कमल। **पंकहि**–कीचड़में। **पसरन्त**–फैलता है।

१२१

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

बोहित बहा चला वह जाई[1]। परा जाइ[2] जिंह[3] लहर[4] उठाई ॥१
लहर आइ यह[5] देखत भूला। जानु[6] हिलोरें[7] पर[8] सेंउ[9] झूला ॥२
तर उपर आवइ[10] औ जाई[11]। बोहित[12] चारेउ[13] दिसि बउराई[14] ॥३
कबहूँ पुरुब पछिउँ[15] कँह आवइ[16]। कबहूँ उतर दखिन कहँ धावइ[17] ॥४
हौं अपने[18] जियैं डर न[19] डेराऊँ। जो र[20] मरौं तो वहि न[21] मिलाऊँ ॥५
कुतुबन प्रीतम अगम भुइं, तिह वै[22] बसहि निचिंत।६
हम बीलोचन[23] डार जिमि, हियें खुरकहि[24] नित ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१–(ए०) इन्ह; (बी०) इन । २-(ए०) करिय; (बी०) कीजै । ३–(ए०, बी०) फिरत । ४–(बी०) रहै । ५–(ए०) मन । ६–(बी०) रहई । ७-(बी०) ए । ८–(बी०) दुवौ जग गने । ९–(बी०) माना; (ए०) पूरी पंक्ति नहीं है । १०–(ए०) मति । ११–(बी०) तरुवर मीचु गिरही होई । जोगी सीस सँकल्पो कोई ॥ १२–(ए०) परी कुँवा अब निकसि न जाई । १३–(ए०) अब । १४–(ए०) ता करि मंछ कीर रहि होई । जो कर सिर कर पी कोई । १५-(ए०) भावै । १६–(ए०) हौं जरिहौं घट माँह, जल सींचौ फुनि कोउ ।

टिप्पणी—(१) **थिर**–स्थिर । **मिताइ**–मित्रता ।

(२) **जोगतत्र**–योग-साधना ।

(४) **बरबस**–जबर्दस्ती । **ठेलि**–ढकेलकर ।

१६८

(दिल्ली; बीकानेर)

रैन[१] काल कै[२] भेस भरावा[३] । भैरों[४] काल रूप रबि आवा ॥१
दिनयर पै[५] संग अउर[६] न कोई । बात कहै जो मानुस[७] होई ॥२
घट मँह बिरह भयउ[८] जर छारा । ऊपर भानु अधिक यह[९] जारा ॥३
संग[१०] जो आह[११] सुख कँह सँग लीजै । साथी दगध[१२] सो का लै कीजै ॥४
काल क गहन[१३] फुनि[१४] आगैं[१५] आवा । कुँवर बैठि[१६] सूरज मुँह नावा[१७] ॥५
पन्थी सिरज लिहा[१८] संग साथी, सोउ रहा संग[१९] छाड़ि ॥६
हाथहिं हाथ मारग न[२०] सूझै बन महँ, रह अँधियार जो[२१] गाढ़[२२] ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति—

१–रैनि । २–कर । ३–फिरावा । ४-भोर । ५– × । ६–और । ७–मनसा । ८-भवा । ९–कै । १०–संगी । ११–आहि । १२–दगधि । १३–कर घर । १४– × । १५–आगे बन । १६–पैठि । १७–बहुरावा । १८–पंथी आहि सुरज । १९–सेउ रहा पंथ छाड़ि । २०–(दि० मार्जिन) मारग न । २१–अँधियारा । २२–गाडि ।

टिप्पणी—(२) दिनयर–दिनकर; सूर्य ।

(६) **सोउ**–वह भी ।

१६९

(दिल्ली; बीकानेर[१])

पन्थ न सूझै किंह खँ[१] जाई । फिरि फिरि बन लागेउ[२] बउराई ॥१
बाघ सिंघ हाथी बन रोझा । तिंह सेंउ[३] मारग पूछै सोझा ॥२

१. बीकानेर प्रति में पंक्ति ५ की अर्धालियाँ परस्पर स्थानान्तरित है ।

कोउ न मारग देइ देखाई। औ कोउ न[4] हियार जो कहाई[5] ॥३
पेम भुअंगम है विस भरा। करमहिं पै अँकुर नीसरा[6] ॥४
बाउर[7] पै अँगुरि[8] मुँह हेला[9]। सोइ सरेख[10] जो[11] पेम न खेला ॥५
पेम कियें दुख पाइ[12], पेम न करियउ[13] कोइ। ६
जै सुख चाहहि[14] पेम कै[15], मूरख[16] कहहिं[17] सोइ ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति—

१–केहि दिसि। २–लागा। ३–तेन्हसे। ४–न कोई। ५–फर तोरि कै खाई। ६–अँगुरिन सरा। ७–बावर। ८–अंगुरी। ९–मेला। १०–सयान। ११–×। १२–पाइयै। १३–करियो। १४–चाहै। १५–कर। १६–मूरिख। १७–कहिये।

टिप्पणी—(१) खैं–ओर।

(२) **रोझा**–(सं० ऋश्य > प्रा० रोज्झ)–नील गाय। **सोझा**–सीधा, भोला।

(३) **हियार**–हृदय की बात।

(५) **हेला**–ठूँसा; डाला। **सरेख**–चतुर।

१७०

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

अब जो दई[1] करै सो होई। चला जाँउँ पूछैं नहिं[2] कोई ॥१
पेग[3] न वन मँह हेठे[4] जाई। घन अँधियार रहै[5] बहु[6] छाई ॥२
निसि वासर कछु चीन्हें नाँही[7]। चाँद सुरुज जो देखै ताही[8] ॥३
वन मँह तीस देवस दुख किये[9]। ई[10] दुख जग मँह काहू[11] न भये ॥४
नल हूँ अइसी परी न[12] अवस्था। औ न सुनी सो[13] भरथरि कस्था ॥५
रचन सवै अयान वैन, विरंचै सो लाहु। ६
करम पुसैं सें निकसै, अँगुरि संप गयाहु[15] ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१–(ए०) दैअ; (बी०) दइय। २–(ए०) नहि पूछो। ३–ए० ×; (बी०) पैग। ४–(ए०) हीठे; (बी०) हादे। ५–(ए०) रह; (बी०) रहा। ६–(ए०) वन; (बी०) तहँ। ७–(ए०) निसि बासर तँह चीन्हिय नाहीं; (बी०) निसि बासर किछु चीन्ह न जाई। ८–(बी०) चन्द सुर्ज सौं देखि न जाई। ९–(ए०) भए; (बी०) गये। १०–(ए०) अस; (बी०) ए। ११–(ए०, बी०) काहु। १२–(ए०) [न]लहि अैस न परी; (बी०) नलहु न ऐसी परी। १३–(ए०, बी०) ×। १४–(ए०) कासथा; (बी०) कथा। १५–(ए०) दोनों पंक्तियाँ रिक्त; (बी०) रचना सवै अयनपन, विरंच न सो लही। करम विस मैनिक से, अँगुरी साँप क एहि ॥

टिप्पणी—(२) **पेग**–पग। **हेठे**–नीचे।

(३) **नाँही**–नहीं।

(५) कस्था—कष्ट ।

(७) पुसें—पुष्ट । गयाहु—गया हुआ ।

१७१

(दिल्ली; बीकानेर)

चलत चलत बन गये[१] ओरानाँ[२] । भा उजियार देस जस जानाँ[३] ॥१
मेढ़ा छाँगर देखिसि आगैं । कहिसि कोउ[४] होइहि इँह लागे ॥२
आगे आइ जो देखी[५] काहा । एक गड़रिया है[६] चरवाहा ॥३
मन मँह कहि[७] भल भयउ[८] गुसाँई[९] । रहौं[९] दिन एक[१०] माँनुस[११] ठाँई ॥४
पहिले सुख पाछैं दुख होई । दुख किये सुख पाछे सोई[१२] ॥५
देखिसि फिरि कै जो गड़रिया[१३], मानुस कोउ[१४] एक आउ[१५] ।६
दौरि आउ[१६] आगैं कै[१७] कपटी, पाहुन कह र[१८] बुलाउ[१९] ॥७

पाठान्तर—बीकानेर—

१–गै । २–ऐ` `ना । ३–जग बना । ४–कोई । ५–देखिसि । ६–आहै । ७–कहिसि । ८–भवा । ९–रहिहौं । १०–दोइ । ११—मनसे । १२–पूछि कंचनपुर मारग लेऊँ । जेहि रे दीप तेही पगु देऊँ । १३–बहुरि जो देख गड़रिया फिरि कै । १४– × । १५- आव । १६–आव । १७ कह । १८–कै । १९–बुलाव ।

टिप्पणी—(१) ओरानाँ—समाप्त ।

(२) मेढ़ा—मेष । छाँगर—बकरी । लागे—पास; निकट ।

(७) पाहुन—अतिथि ।

१७२

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

कहसि आजु तुम्ह[१] पाहुन मोरें । भुगुति देउँ पाँ लागों तोरे ॥१
बहु दिन ऊपर जोगी आयउ[२] । करम मोर[३] आयसु मैं[४] पायउ ॥२
आजु बसे[५] घर आइ[६] हमारे । कालिह कहहु[७] जो जियैं[८] तुम्हारे[९] ॥३
जो पंथ चहहु दिहों दिखाई[१०] । अगुवा देब तहाँ[११] लेजाई ॥४
पंथ क[१२] नाँव कुँवर जो सुनाँ । भा अनन्द मन मँह दस गुना ॥५
चला लिवाइ[१३] साथ[१४] अपनैं, आगैं भा[१५] वह जाइ[१६] ।६
जिय[१७] बिस्वास करै किंह[१८] ताकर[१९], बातहिं लेतस लाइ[२०] ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१–(ए०) तोहि; (बी०) तुम । २–(ए०) बहु दिन ऊपर पाहुन आवा; (बी०) बहुत दिना पर पाहुन आवा । ३–(ए०) हमार । ४–(ए०) जो आयस; (बी०) आइस पै । ५–(ए०) बसहु; (बी०) बसउ । ६–(ए०) आए; (बी०) आय ।

७–(ए०) कहेहु; (बी०) कहेउ। ८–(ए०) जीअ; (बी०) जीउ। ९–(ए०) तोह[रे]। १०(ए०) जो चहिहहु देहौं देखाई; (बी०) जेहि पथ जाहु सै दैउँ दिखाई। ११–(ए०) नहीं। १२–(बी०) कर। १३–(ए०) लेवाए; (बी०) लेवाय। १४–(ए०) साथ लै; (बी०) साथकै। १५–(बी०) आगु भवा। १६–(ए०) जाए। (बी०) जाय। १७–(ए०) कीव; (बी०) जिव। १८–(ए०, बी०) कहँ। १९–(ए०, बी०) तकिसी। २०–(ए०) बातन्ह लीतीन्हि लाए; (बी०) बातन्ह लिहिम संग लाय।

टिप्पणी—(१) **भुगुति**–भोजन। **पाँ**–पैर। **लागौं**–लगूँ।

(२) **आयसु**–आगन्तुक।

(४) **अगुवा**–पथप्रदर्शक। **देब**–दूँगा। **लैजाई**–ले जायेगा।

१७३

(दिल्ली; बीकानेर)

आगै जाइ दूत कै[1] कला। पाछैं निभरम जोगी[2] चला ॥१
लइके[3] खोह एक मँह पइठा। देई पिहान[4] बाहर होइ बैठा ॥२
कुँवरहि अचकर का यह कीतसि[6]। काहे कहँ र चाक मुँह दीतसि[7] ॥३
लौटि देखि जो[8] मानुस[9] तहाँ। पूँछसि[10] कौन इहाँ तुम्ह कहाँ[11] ॥४
विपरित मोंट न रेगैं[12] जाई। काह[13] खाइ[14] तुम्ह[15] रहहु[16] मुँटाई ॥५
पूछहु काह मुँटाई हम कँह, लै आयउ बोराई।६
औखद एक खियाइसि मूरी[17], तिंह रेगैं[18] न जाइ ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति—

१–की। २–जोगी निर्भम। ३–लै कै। ४–मैं। ५–पिहना। ६–कुँवरहिं अचंभो केहि किहा। ७–काहे कहँ पिहना मुँह दिहा। ८–जो देखै। ९–मानुस है। १०–पूछिसि कौन रहहु तुम कहाँ। ११–बिपरीत। १२–रेंगा। १३–कहा। १४–खाइकै। १५–×। १६–रहेहु। १७–मूरि। १८–तेहिसे रेंग।

टिप्पणी—(१) **दूत**–(धूत) धूर्त। **कला**–कुशल। **निभरम**–निभ्रम; निःशंक।

(२) **खोह**–गुफा। **पिहान**–ढक्कन; अवरोध।

(३) **अचकर**–आश्चर्य चकित। **का**–क्या। **कीतसि**–किया।

(४) **चाक**–ढक्कन।

(५) **विपरित**–असाधारण। **मोंट**–मोटा। **रेगैं**–चल। **काह**–क्या।

(७) **मूरी**–जड़ी।

१७४

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

सुनतहि[1] रुधिर[2] कुँवर क[3] सूखा। सुख कँह आए[4] पड़ा बड़ दूखा ॥१
भल पहुनाई कँह लै आवा। भुगुति न देतसि[5] चाहै[6] खावा ॥२

अस पहुनाई नित नित जाई। गाँठी कर[८] जीउ उहो[८] गँवाई ॥३
जिह[९] कँह साध होइ[१०] पहुनाई। सो रे[११] गडरिया के घर जाई ॥४
खाइ न देइ[१२] चाहि[१३] तिह[१४] खावा। सरग जाइ[१५] कँह पन्थ दिखावा ॥५
अस[१६] यह कैं जिय अरकहुँ[१७] आगैं[१८], आवइ[१९] यहि[२०] विस्वास[२१] ।६
जस यह पन्थिह[२२] पन्थ दिखावइ[२३], तस यह[२४] जाइ[२५] अकास ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१–(ए०, बी०) सुनतेहि। २–(ए०, बी०) रुहिर। ३–(ए०) कै; (बी०) का। ४–(बी०) आयेउ। ५–(ए) दीतसि; (बी०) दीहिसि। ६–(बी०) चाहिसि; ७–(ए०) गाँठी कै; (बी०) गाँठिहु करे। ८–(ए०) सोउ; (बी०) ×। ९–(ए०) जा; (बी०) जेहि। १०–(ए०) होए; (बी०) होय। ११-(ए०, बी०) रे। १२–(ए०) देए; (बी०) देय। १३–(ए०) चाह; (बी०) चहै। १४–(ए०) तेहि; (बी०) पै। १५–(ए०) जाए; (बी०) जायँ। १६–(बी०) यह। १७–(ए०, बी०) ×। १८–(ए०, बी०) आगे आवों। १९-२०–(बी०) ×। २१–(ए०) जस से किय बिस्वास। २२–(ए०) ×। २३–(ए०) देखाइसि; (बी०) देखावै। २४–(बी०) या। २५–(ए०, बी०) जाव।

टिप्पणी—(२) **पहुनाई**–आतिथ्य।
(३) **गाँठी**–गाँठका; पासका। **उहो**–वह भी।
(४) **साध**–इच्छा; अभिलाषा।
(५) **अरकहुँ**–रोक लगाऊँ।
(७) **अकास**–आकाश; स्वर्ग।

१७५

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर[१])

कहि के यह[१] झुरवइ[२] मन[३] लागा। एको मन्त्र न[४] चित मँह जागा ॥१
सँमुद लहर[५] सेंउ[६] दई[७] उबारा। साँप मोख दीन्हेउँ करतारा ॥२
दई[८] दिही सिधि राकस मारेउँ[९]। राजपाट छाड़[१०] सब जारेउँ[११] ॥३
फुनि अँधियारी[१२] बन मँह आयउँ[१३]। मानुस देखि कहेउँ[१४] जिय[१५] पायउँ[१६] ॥४
तैं मानुस अस किय बिसवासू[१७]। मूँदसि[२०] तहाँ न आवइ साँसू[२१] ॥५
ते[२२] जिउ[२३] लियेउ[२४] आइ[२५] सो[२६] बेरा[२७], उबरै कै नहिं आस ।६
जम सों भेंट भई अब, यहि[२८] ठाँ, कहा न मानै कास[२९] ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१–(बी०) तौ यह। २–(ए०, बी) झुरवै। ३–(बी०) ×। ४–(बी०) नहिं। ५–(ए०, बी०) लहरि। ६–(ए०, बी०) सौं। ७–(ए०) दैअ; (बी०) दइव। ८–(ए०) दैअ; (बी०) दइव। ९–(बी०) मारा। १०–(ए०) छोड़व; (बी०) छोडैंव। ११–(बी०) जारा। १२–(१२) अँधियारे; (बी०) कदली। १३–(ए०) आवा;

१–इस प्रति में यह कड़वक १७६ के बाद है।

(बी०) आयेंउ । १४–(ए०,बी०) कहेव । १५–(ए०) जिउ; (बी०) जिव । १६–(ए०) पावा; (बी०) पायेंव । १७–(ए०) ते; (बी०) अब तेइ । १८–(ए०) कै; (बी०) कियेउ । १९–(ए०,बी०) बिसवासा । २०–(ए०, बी०) मूंदिसि । २१–(ए०, बी०) साँसा । २२–(ए०) अें; (बी०) हौं । २३–(बी०) जिव । २४–(ए०) लिअेव; (बी०) लियेव । २५–(ए०) आय; (बी०) × । २६–(बी०) × । २७–(बी०) एह वार । २८–(बी०) एहि; (ए०) तेहि । २९–(ए०, बी०) कस ।

टिप्पणी—(१) **मन्त्र**–उपाय ।

(३) **जारेंउँ**–जलाया ।

(५) **बिसवासू**–(अरबी बसवास, बिसवास) विश्वासघात; छल । (यह संस्कृत के 'विश्वास' शब्द का अपभ्रंश रूप नहीं है ।

(६) **बेरा**–बेला; घड़ी । **उबरैकै**–निकलनेका । **आस**–आशा ।

(७) **जम**–यम; काल; मृत्यु ।

१७६

(दिल्ली; बीकानेर[1])

दुख के गाँग तैरि हौं[1] आवा । मैं जानेंउ[2] अब तीर[3] जो[4] पावा ॥१
परेउँ कुण्ड गहरें मँह आई । भँवर बहुत[5] अब[6] निकसि न जाई ॥२
यह बड़ मँगर न छाड़ै[7] मोहीं । मूँदि दुआर बैठि है रोहीं[8] ॥३
बाट न आहै कै खें[9] जाऊँ । राम लखन जस सीता ठाऊँ[10] ॥४
सिय रावन जो[11] [लइगा][12] हरी । वहइ अवस्था यह[13] हम[14] परी ॥५
वैं जमकातर काढ़ी मार क[15], इन दीन्हों[16] बड़ चाक ।६
वै हनिवन्त छुड़ाए कर पर[17], हम्ह आपु सो भाग[18] ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति—

१–गंग पैरिकै । २–जानों । ३–तीर अब । ४–× । ५–बहुत भँवर । ६–तहँ । ७–छोड़हि । ८–अवरोही । ९–किधं । १०–राम लखन कहँ जैसे ठाऊँ । ११–× । १२–लैगा; (दि०) लंका । १३–× । १४–हम कहँ । १५–वोहि जमकत गडरिया । १६–इन्ह दीन्हा । १७–बार कै । १८–हम नहिं सेवक एक ।

टिप्पणी—(१) **गांग**–गंगा ।

(३) **रोही**–(स० रोध) रोककर ।

(४) **कै खें**–किस रास्ते ।

(५) **लइगा**–ले गया । **वहइ**–वही ।

(६) **जमकातर**–यमकी कटारी या तलवार ।

(७) **हनिवन्त**–हनुमान ।

१–इस प्रति में यह कड़वक १७५ के पहले है ।

१७७

(दिल्ली; बीकानेर)

कौरा[1] दानौ पण्डो[2] हरी[3] । उनकहँ[4] जाइ भींउँ उपकरी[5] ॥१
सेवक द[ा*]स[6] बन्धु नहिं मोरें । सँतुरों[7] जिह[8] आवहिं[9] कर जोरें ॥२
हौं र[10] विनती दइ सेंउ करँउ[11] । दई छाड़ि[12] न अउरहिं[13] सँवरउँ[14] ॥३
दइयहि[15] सँवरत[16] होइ स होई[17] । और न सँवरों[18] का कार कोई[19] ॥४
कै सँवरों मिरगावति नेहाँ । जिह[20] दुख[21] लग सहेउ सिर महाँ ॥५
जिय महँ सदन[22] समाधि कै, लागेउ अहा जो[23] चित्त ।६
जो जिउ दीजै मिन्त[24] लगि, सेउ[25] जिउ[26] आह[27] पवित्त ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति—
१–कबीर। २–पाण्डो। ३–हरेउ। ४–उन्ह। ५–उपकारेउ। ६–अस। ७–सुमिरों। ८–तोहि। ९–दुवो। १०–×। ११–दइव से करऊँ। १२–दइव छोड़ि। १३–और न। १४–सँभरऊँ। १५–दइवहि। १६–सुमिरत। १७–होउ क जोऊ। १८–सुमिरों। १९–कह कोऊ। २०–जेहि। २१–दगाध। २२–सुदिन। २३–जो अस। २४–मीन। २५–से। २६–जीअ। २७–हो।

टिप्पणी—(१) **कौरा**–कौरव। **पण्डो**–पाण्डव। **भींउ**–भीम। **उपकरी**–उद्धार किया।
(५) **नेहाँ**–स्नेह।
(७) **मिन्त**–मित्र। **पवित्त**–पवित्र।

१७८

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

मरें क डर[1] महँ कछू[2] न लागै । नेह[3] पन्थ मुँए पाप सब भागै ॥१
यहि[4] पंथ[5] लाग[6] जो र जिउ देई । दुहुँ[7] जग धरम मोल सों[8] लेई ॥२
वहि[9] सब कँह रखें[10] सुर देवा । जा जिउ भीत लागि बरछेवा[11] ॥३
जो पै सत हैं तो सिधि होई । दुरजन[12] दूत[13] काह[14] करि[15] कोई ॥४
संग[16] सँगाधि[17] साथ हो[18] जाही । सत संघाति[19] साथी[20] [बड़ आही[21]]॥५
सतकै[22] संग[23] साथ जो[24] आयउँ[25], सत सेंउ[26] लिह[27] छुड़ाइ[28] यदि ठाउँ ।६
सो[28] सत आह साथ बड़ मोरे, जपो[30] ताहि कर नाँउँ ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—
१-(बी०) मेरे किये। २–(ए०,बी०) मोहि कुछु। ३–(ए०) अहिं; (बी०) येहि। ४–(ए०, बी०) नेंह लागि। ५–(ए०, बी०) ×। ६–(ए०, बी०) लागि। ७–(बी०) दुवौ। ८-(बी०) से। ९–(ए०) उहि। १०–(ए०) राखे; (बी०) देखहिं। ११–(ए०, बी) परछेवा। १२–(बी०) दुरिजन। १३–(ए०) दवन; (बी०) दुवा। १४–(ए०) कह; (बी०) कहा। १५–(बी०) करै। १६–(ए०) सत; (बी०) संत।

१७–(ए०) संघती; (बी०) संघाती। १८–(ए०) होए; (बी०) होय। १९–(ए०) संघती; (बी०) संघाती। २०–(ए०, बी०) साथ। २१–(दि०) भल होई। २२–(ए०) क; (बी०) के। २३–(ए०, बी) ×। २४–(ए०, बी०) हौं। २५–(ए०) आएँव; (बी०) आयेंव। २६–(ए०) × ; (बी०) सतौ। २७–(ए०) लेहु; (बी०) लीन्ह। २८–(ए०) छोडए; (बी०) छोडाय। २९–(बी०) अबहु सो। ३०–(बी०) जपत।

टिप्पणी—(३) **बरछेवा**–परित्याग कर दिया; अर्पण कर दिया।

(४) **दूत**–(धूत) धूर्त।

(५) **सँगाधि**–साथी।

१७९

(दिल्ली; बीकानेर)

मानुस बैठ जो भीतर आहे[१]। राजकुँवर कहँ देखत रहे[२] ॥१
कहँहि[३] एक बुधि सुनहु हमारी। जियँ[४] यह कैसे[५] जाइ न मारी ॥२
जौ लहि नाहिं खियायसि मूरी। जोगी सीख गहउ बुधि मोरी[६] ॥३
आइ[७] कै अवहिं एक कँह लेइह[८]। खाई भूँज न काहू[९] देइह ॥४
खाइ अघाइ फिर[१०] परि सोवा[११]। बिधि[१२] सेउ[१३] जाइ वह कै[१४] जिउ खोवा[१५] ॥५
सोवत जो वहि[१६] पावसु[१७] देखसि, लै सँडसी[१८] दगधाउ ।६
हरुवैं हरुवैं जाइ कै, वहँ आखिन महँ लाउ ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति—

१–मानुस भीतर जो बैठा अहा। २–रहा। ३–कहिनि। ४–जो। ५–कैसेहु। ६–जोगी सिखहु कहौं बुधि पूरी। ७–आइहि। ८–लेई। ९–(बी०; दि० मार्जिन) हाड़ो। १०–बहुरि। ११–सोवै। १२–बुधि। १३–×। १४–बोहिकर। १५–खोवै। १६–वोहि। १७–×। १९–सँड़सी लै। १९–दुहुँ।

टिप्पणी—(२) **जियँ**–जीवित।

(४) **भूँज**–भूनकर।

(५) **अघाइ**–तृप्त होकर। **परि**–पड़कर। **विधि**–तरकीब।

(६) **दगधाउ**–गर्म करो।

(७) **हरुवैं हरुवैं**–(सं० लघुक > लहुअ > लहुव > हलव > हरुव) धीरे धीरे।

१८०

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

यह[१] बुधि कुँवर कै[२] मन मँह[३] छाई[४]। बात कहत हा[५] वह[६] गा[७] आई ॥१
एक जनहिं[८] धरि पटकसि[९] पुहुमीं। कुँवर देखि यह बैठउ[१०] सहमी ॥२
आगि लाइ[११] जारसि[१२] वहि[१३] काँठी[१४]। माँस भोंजि[१५] औ चावैं काँठी ॥३

हाड़ गोड़ औ खायसु माँसू। कुँवर देखि भरि आये आँसू ॥४
दिन एक हमहूँ खाइहि भूँजी। जो आगें कै निघटिह पूँजी ॥५
खाइ अघाइ पेट भरि डकरै[17], फुनि सोए[18] परि लाग ।६
ताहि[19] आगि मँह सँडसी दगधी[20], कुँवर बैठ तिंह[21] जाग ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रति—

१–(बी०) यह रे। २–(ए०) क; (बी०) के। ३–(बी०) जिय। ४–(ए०, बी०) भाई। ५–(ए०, बी०) खुटानी। ६–(ए०) वह रे। ७–(बी०) रँगा। ८–(ए०) जबेहि; (बी०) जना। ९–(ए०) पटकिसि; (बी०) पटिकिसि। १०–(ए०) जीउ आहे। ११–(ए०) लाए; (बी०) जारि। १२–(ए०) औ जारिसि; (बी०) औ जोरसि। १३–×। १४–(बी०) काठा। १५–(ए०) भूंजि; (बी०) खाइ। १६–(ए०) चापिसि; (बी०) चाबिसि। १७–(ए०)×; (बी०) डिकरा। १८–(ए०, बी०) सोवै। १९–(बी०) वाहि। २०–×। २१–(ए०) तव; (बी०) तहँ।

टिप्पणी—(१) गा–गया।
(२) जनहि–व्यक्तिको। पुहुमी–पृथ्वी।
(३) काँठी–शरीर।
(४) हाड–हड्डी। गोड़–पैर।
(५) निघटिह–समाप्त।

१८१

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

सँडसी[1] दगधि आग जस[2] भई। लइकै[3] दुहूँ आँखि[4] मँह दई ॥१
लोयन[5] फूट टपक[6] दइ[7] सुनाँ[8]। जानु आगि मँह[9] पतिरा[10] भुनाँ[11] ॥२
उठा कोप कर[12] चाहिसि धरा। तौलहि कुँवर भागि कै परा ॥३
ढूँढ़ै[13] फिरि फिरि धापैं[14] देई। कुँवर क नाउँ न पाथर[15] लेई ॥४
फिरि फिरि चारेउ[16] कोन ढँढोरा। अति कै रिस[17] दाँत[18] कर तोरा ॥५
जो जस करै सो तइसै पावइ[19], बुरहा बुरहीं बात[20] ।६
जस बिसवास किये[21] मनुसैं कर[22], तस कै होउ[23] निरजात ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रति—

१–(ए०) चँडसी। २–(बी०) अस। ३–(ए०, बी०) लैके। ४–(बी०) आँखिन्ह। ५–(ए०, बी०) लौतहिं। ६–(ए०, बी०) पटक। ७–(ए०, बी०) दै। ८–(बी०) सूनाँ। ९–(बी०) आगी मँह जानौं; (ए०) जनु आगी मँह। १०–(बी०) बटुरा। ११–(ए०, बी०) भूना। १२–(ए०, बी०) कै। १३–(ए०) चढ़ै। १४–(ए०) ठापा, (बी०) ढापा। १५–(ए०) आगि नहि; (बी०) पथर नै। १६–(ए०; बी०) चारों। १६–(ए०) रोस। १८–(ए०) दाँतेन्ह; (बी०) दसन। १९–(ए०,

बी०) तस पावै। २०-(ए०) बुरहे बुरही बाट; (बी०) बुरहि बुराही बाट। २१-(बी०) किये बिसुवास। २२-(ए०, बी०) कहँ। २३-(ए०) तै होहि।

टिप्पणी—(२) लोयन-लोचन; आँख।

(४) ढँढोरा-टटोला। रिस-क्रोध।

(७) बिसवास-(अरबी—वसवास) छल; कपट।

१८२

(दिल्ली; बीकानेर)

चारेउ[1] कोन ढूँढ़ि कै आवा। बौरी[2] जानु[3] धतूरा खावा॥१
कै बाउर जस बिच्छी[4] मारा। चढ़े देहि[5] बिस जै[6] कोउ झारा॥२
कुँवर कहा कछु[7] खायहु[8] मिन्ता[9]। पहुनैं कै[10] कस करहु न चिन्ता॥३
भलि[11] कै भूखहिं[12] पाहुन मारा। अब तुम्हरे कोउ आउ न[13] बारा॥४
पाहुन आन देहु झुटकाई[14]। पहुनहिं कियत तोर[15] पहुनाई॥५
पहिलैं जो पाहुन आनहु[16], पै राखहु मोंटाइ[17]।६
हमहिं आनि के भूखेहिं मारेहु[18], कछूँ[19] न दीनहु[20] खाइ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति—

१-चारिउ। २-बाउर। ३-जनौ। ४-जानौ बीछू। ५-देहु। ६-जनि। ७-किछु। ८-खोइहु। ९-मीता १०-पाहुनै की। ११-भल। १२-भूखन। १३-अब न कोइ तुम्हरे आवै। १४-आन दीन्ह छिटकाइ। १५-पाहुने की तोरी। १६-पहिले पाहुन जे आनेहु धरिके। १७-ते राखेहु मुटाइ। १८-मारेहु। १९-किछुवै। २०-दीन्हेउ।

टिप्पणी—(१) बौरी-बावला; पागल।

(२) बाउर-बावला। बिच्छी-बिच्छू।

(३) मिन्ता-मित्र।

(४) बारा-घर।

१८३

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

बोलि क[1] सबद कुँवर तन धावा[2]। कुँवर भागि उहि पाछैं आवा[3]॥१
धरै न पाइसि[4] हाथ मरोरा। का अब करों करम जो तोरा॥२
लै दुआरि आपु बैठेउ[5] जाई। जइहइ[6] कउने[7] बाट पराई॥३
भितरहिं सारि[8] जो[9] मारों[10] तोही। लै दुआर अब बैठों रोही॥४
जाइ दुआर सजग होइ[11] बइठा[12]। अस कै मूँदसि[13] चाँट[14] न पइठा॥५
जाहु पुरुख जो आहहु जोधा[15], कँवन[16] बाट तैं[17] जाब।६
छाड़ों तोहि न जियत[18] निगलौं[19], काँचे[20] मैं तिह[21] खाब॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१–(बी०) कै। २–(बी) धावै। ३–(बी०) आवै। ४–(बी०) पावै। ५–(ए०) अब बैठेव; (बी०) बैठों। ६–(ए०) जैहहु। ७–(ए०, बी०) कौने। ८–(ए०) सही। ९–(बी०, ए०) ×। १०–(बी०) मारों मैं। ११–(ए०) मै। १२–(ए०, बी०) बैठा। १३–(ए०, बी०) मूँदिसि। १४–(बी०) चाँटि। १५–(ए०, बी०) ×। १६–(ए०, बी०) कौन। १७–(बी०) तुम; (ए०) दहुँ। १८–(ए०) जियतै। १९–(बी०) धरै पाउँ नहिं छाड़ौं। २०–(बी०) काँचा। २१–(ए०, बी०) तोही।

टिप्पणी—(३) दुआरि–द्वार। जइहइ–जायेगा। कउने–किस। बाट–रास्ता। पराई–भाग।

(४) भितरहिं–भीतर ही।

(५) चाँट–चींटा।

(६) जोधा–योद्धा; वीर।

(७) काँचै–कच्चा ही।

१८४

(दिल्ली; बीकानेर)

नाँउ हमारे आग[1] न खाई[2]। अब अस मारों जियँ न जाइ[3] ॥१
पुरुख सेंउ[4] तिह[5] काज न परा। मेहरीं संउ[6] तैं खेलै खरा[7] ॥२
अब पुरुख सेंउ[8] परेउ[9] जो काजू। मारों तोहि न छाड़ों आजू ॥३
मारें हौं तो[10] मरों न तोर। कपट किहे[11] अनजानत मोरे ॥४
छाड़ों तोंही न जियत[12] खावों[13]। तब लग कितहु[14] न आओं जाओं[15] ॥५
कुँवर कहा फिर इहें[16] जिय[17] मँह[18], कवन बाट हम जाब।६
धरै पाउ न छाड़ै जियत, अलख निकर न जाब[19] ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति—

१–पथर। २–(बी०; दि० मार्जिन) खाहू। ३–जी पै जाहू। ४–पुरिखन्ह सैं। ५–तौहि। ६–मिहरिन्ह से। ७–से कीन्हें खिड़करा। ८–पुरिखन्ह सौं। ९–परा। ते हौं। ११–किहेसि। १२–जियत धै। १३–खाऊँ। १४–कतहु। १५–आऊँ जाऊँ। १६–यह फुर। १७-१८ ×। १९–धरै पावै नहिं छाड़िहि, जियतिहिं हम धरि खाब।

टिप्पणी—(२) मेहरीं–स्त्री।

(४) अनजानत–अनजान में।

(७) अलख–(अलक्ष्य); बिना देखे। निकर–निकला।

१८५

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

देवस[1] तीनि[2] एक बइठै[3] रहा[4]। फुनि अपुनैं[5] जिय महँ अस कहा ॥१

छागरि[1] काढ़ि देउँ[7] चरि आवँहिं । हम सेंउ[8] जाइ[9] कहाँ यहि[10] पावँहि ॥२
चाक उसास[11] जाँघ[12] दइ बइठा[13] । एक एक छागरि काढ़ै पइठा[14] ॥३
कुँवर कहा यह आहै दाऊँ । अइस[15] दाउ न पइहौं[16] काऊ ॥४
छागरि[17] मारि चाम बड़ काढ़ा । ऐंचसि[18] बहुत जो बानन्ह[19] बाढ़ा ॥५
पहिरि चाम मिलि छेरिंहि आवा[20], कहिसि निकसि अब जाँउँ ।६
दइ[21] करिह[22] सो होइह[23] निहचो[24], अबका जियहिं डराउँ[25] ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१–(बी०) देवस । २–(बी०) तीन । ३–(ए०) वैठ; (बी०) बैठा । ४–(बी०) अहा । ५–(ए०, बी०) अपने । (बी०) छेगरि । ७–(ए०, बी०) देंव । ८–(ए०) मोहि सों; (बी०) हम से । ९–(ए०, बी०) जाय । १०–(ए०, बी०) ये । ११–(ए०) उसासि; (बी०) उठाइ । १२–(ए०) जंघा । १३–(ए०, बी०) दै बैठा । १४–(ए०) ऐंठा; (बी०) बैठा । १५–(ए०) अैस; (बी०) पुनि अस । १६–(ए०) नहिं पैहों; (बी०) न पैहै । १७–(बी०) छेरी । १८–(ए० बी०) ईंचिसि । १९–(ए०) पालहि; (बी०) पाँव लहु । २०–(ए०, बी०) × । २१–(ए०) दैअ; (बी०) दइव । २२–(बी०) करिहि । २३–(बी०) होइहि । २४–(ए०, बी०) × । २५–(बी०) डेराउँ ।

टिप्पणी—(२) छागरि–बकरी ।
(३) उसास–खोलकर ।
(५) एंचसि–खींचा ।
(७) निहचों–निश्चय ही ।

१८६

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

दई[1] गुसाँई[2] सिरजनहारा । येहि सेउँ मोख देहु करतारा ॥१
मिलि कै छेरिंहि[4] वहि[5] ठाँ आवा । निकसै चाह हाथ वैं[6] लावा ॥२
टोइसि कहिसि छेरि[7] न[8] होई । चाहिसि धरै निकसि गा[9] सोई ॥३
कहिसि जाहु भल[10] भाग तुम्हारी[11] । पउतेउ तैं धरै तो खातेउ सारी[12] ॥४
घर सेंउ[13] सगुनहि आहहु[14] चला । कोउ किन्हि[15] भल लागै[16] कला ॥५
कुँवर कहा अब वैसहु[17] थाकिह[18], जस र बुयउ[19] तस खाहु ।६
जस र कीह[20] तस पायहु[21], कलजुग[22] घर घर भीख मँगाहु ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१–(ए०) दैअ; (बी०) दइव । २–(ए०, बी०) गोसाईं । ३–(ए०) अेहिसों; (बी०) एहिसौं । ४–(ए०) छेरिअन्ह; (बी०) छेरिह । ५–(ए०, बी०) उहि । ६–(ए०) उए; (बी०) उह । ७–(बी०) छेगरि । ८–(ए०, बी) नहिं । ९–(बी०) गवा । १०–(बी०) बड़ । ११–(ए०) तोहारे; (बी०) तुम्हारा । १२–(बी०) पौतेंव धरै न छड़तेंव बारा; (ए०) पौतेव धरै तो जीअतेव बारे । १३–(बी०) सौं ।

१४–(ए०) आहै; (बी०) सगुन अहा तैं। १५–(बी०) किहेसि; (ए०) कुसल भअेव। १६–(बी०) भलि लागी; (ए०) भल लागेव। १७–(ए०) बैठहु; (बी०) बैठे। १८–(ए०) ×; (बी०) थाकहु। १९–(ए०,बी०) जस बोयेहु। २०–(ए०,बी) रे किअेहु। २१–(ए०, बी०) पायेहु। २२–(ए०) ×।

टिप्पणी—(२) **छेरिंह**–बकरी।

(३) **टोइसि**–टटोला। **छेरि**–बकरी।

(४ **पउतेउ**–पाता। **तैं**–तुझको।

(६) **बुयउ**–बोआ।

१८७

(दिल्ली; एकडला[१]; बीकानेर[१])

इहै[१] बोल कुँवर कहि चला। मगु अमगु न पूछै भला॥१
मानुस देखत[२] नियर न[३] जाई। ओहट ओहट[४] लागि[५] पराई॥२
मही न पीयइ[६] खीर जो जरा। फूँकै पाछहिं[७] अधरहिं[८] धरा॥३
जस यह मोख दयी[९] करतारा। तस अब मिरवउ[१०] पेम पियारा॥४
यह[११] बड़ कुसल दई[१२] हम[१३] किहीं[१४]। नौ कै आउ दई हम[१५] दिहीं[१६]॥५
बिबि कर बन्दों[१७] जोरि कै[१८], हौं[१९] बिधि मंगों[२०] तोहि[२१]।६
जिह[२२] कारन यह दुख सहे, सो सेइ[२३] मिरवहु[२४] मोहि॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१–(ए०) अेहइ; (बी०) यहइ। २–(बी०) देख। ३–(बी०) नहिं। ४–(ए०) उहरेहि उहर; (बी०) ओहरे ओहरे। ५–(ए०,बी०) लाग। ६–(ए०) पीअै; (बी०) पीवै। ७–(ए०) बाछु; (बी०) बाझ। ८–(ए०,बी०) अधर नहिं। ९–(ए०) दिहे; (बी०) दियेहु। १०–(ए०) मेरवहु; (बी०) मिरवहु। ११–(ए०) येह। १२–(ए०) दैअ; बी० दइव। १३—(ए०) मोहि; (बी०) जो। १४–ए० किहे। १५–(ए०) आजु मोहि; (बी०) बहुरि हम। १६–(ए०) दिहे। १७(बी०) ×। १८–(बी०) ×। १९–(बी०)×। २०–(ए०) मांगो बिधि; (बी०) माँगों मैं। २१–(बी०) तोही। २२–(ए०,बी०) जेहि। २३–(बी०) सहा। २३–(ए०,बी०) ×। २४–(ए०) मेरवहु अब; (बी०) रे मिलावहु।

टिप्पणी—(१) **मगु अमगु**–मार्ग कुमार्ग।

(२) **नियर**–निकट। **ओहट ओहट**–बच बचकर; दूर-दूर रहकर। **पराई**–भागना।

(३) **मही**–छाछ; दही।

(४) **मिरवहु**–मिलाओ; मिलाप कराओ।

(५) **नौ**–नया। **आउ**–आयु।

---

१. एकडला प्रति में यह कड़वक दो बार अंकित है। एकडला और बीकानेर प्रतियों में पंक्तिय ४-५ क्रमशः ५ और ४ हैं।

१८८

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

करसायल[१] जनु[२] केसरि[३] पेखा। आगों[४] भाग[५] पाछों[६] फिरि देखा ॥१
कै र[७] कुरंगिन संग सेउँ[८] चौंकी[९]। कै र[१०] फँद[११] पारध[१२] कर[१३] मोंकी[१४] ॥२
सजग भयउ[१५] खिन[१६] थिर न रहाई। मानुस देखत[१७] नियर न[१८] जाई ॥३
चला जाइ[१९] सँवरत[२०] मन भावा। आगों भवन[२१] दिस्टि एक आवा ॥४
दिनियर सघन अस्त फुनि[२२] कीन्हा। चाँद[२३] परेउ[२४] उदवै[२५] मन दीन्हा[२६] ॥५
देखिसि रात सुहावन[२७] सीतल[२८], कहिसि[२९] रहौं इँह[३०] ठाँउ।६
चारि पहर दुख सुख निसिकै[३१], ओखाँ[३२] पंथ चलाउँ[३३] ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१–(ए०) करसकेल; (बी०) करसाऐल। २–(ए०) जनि; (बी०) जनौ। ३–(बी०) केहरि। ४–(ए०) अगे; (बी०) आगू। ५–(बी०) जाइ। ६–(ए०,बी०) पाछु। ७–(ए०,बी०)रे। ८–(ए०,बी०)सै। ९–(ए०,बी०)चूकी। १०–(ए०,बी०) रे। ११–(ए०, बी०) फाँद। १२–(बी०) पारधी। १३–(बी०) ×; (ए०) कै। १४–(ए०,बी०) मूँकी। १५–(ए०) भहेव; (बी०) भा। १६–(ए०, बी०) खन। १७–(बी०) देख। १८–(बी०) न। १९–(ए०) चलत हे। २०–(बी०) सुमिरत। २१–(ए०) आगु भौन; (बी०) आगे भुअन। २२–(बी०) अस्थ बन; (ए०) दीठि फुनि। २३–(ए०) चारि। २४–(बी०) परगास; (ए०) परेवा। २५–(ए०) उदै। २६–(ए०) कीन्हा। २७–(बी०) सोहावनि; (ए०) अँधेरी। २८–(ए०)×। २९–(बी०) कहेसि। ३०–(ए०) येह; (बी०) यहि। ३१–(बी०) रात बिरम पवरी परतु। ३२–(ए०) उख; (बी०) खसख। ३३–(ए०,बी०) मिलाव।

टिप्पणी–(१) **करसायल**–मृग। **केसरि**–सिंह। **पेखा**–देखा। **आगों**–आगे। **पाछों**–पीछे। **फिरि**–घूमकर।

(२) **कुरंगिन**–हिरणी। **फँद**–जाल। **पारध**–शिकारी। **मोंकी**–खोली।

(४) **दिस्टि**–दृष्टि।

(५) **दिनियर**–दिनकर; सूर्य।

१८९

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

इँहवा[१] आइ[२] जो देखी[३] काहा। मानुस पंखि[४] न एको[५] आहा ॥१
कहिसि अचम्भो यह[६] कछु[७] आही। बइठों[८] छुपि[९] कै देखउँ[१०] ताही ॥२
काकर घर आहै इँह[११] कोई[१२]। बैठि[१३] लुकाइ[१३] रहौं फुन[१४] सोई ॥३

चरचै लाग खोज यह[२५] पाये[२६]। चार परेवा अपुरुब आये[२७] ॥४
चहूँ लोटि[२८] कै भेस फिरावा। रूप इस्तिरी[२९] धरहिं[३०] सुहावा[३१] ॥५
फुनि र[३२] मन्त्र[३३] बोल[३४] दोइ[३५] बोला, सेज सौंर भल आइ[३६] ।६
अइस न[३७] जानी[३८] को[३९] लइ[४०] आवा, दहुँ को[४१] गयउ बिछाइ[४२] ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१–(ए०) भौन; (बी०) भुअन। २–(ए०) आअे; (बी०) आय। ३–(ए०,बी०) देखै। ४–(ए०बी०) पंखी। ५–(बी०) कोई। ६–(बी०) ×। ७–(ए०,बी०) कुछु। ८–(ए०) बैठौं; (बी०) देखों। ९–(ए०,बी०) छपि। १०–(ए०,बी०) देखौं। ११–(ए०) अेह; (बी०) इह है। १२–(ए०) कोऊ। १३–(ए०) लुकाए; (बी०) लुकाय। १४–(ए०) सुनि; (बी०) पुनि। १५–(ए०) अेह; (बी०) नहिं। १६–(ए०) पाई; (बी०) पावा। १७–(बी०) आवा। १८–(ए०,बी०) लौटि। १९–(ए०, बी०) असतिरी। २०–(ए०,बी०) धरिन्हि। २१–(ए०,बी०) सुभावा। २२–(ए०) भर; (बी०) बहुरि। २३–(ए०) मता २४–(बी०) बोलिन्ह। २५–(ए०, बी०) दुइ। २६–(ए०) आए; (बी०) आय। २७–(ए०) अैसन; (बी०) आस न। २८–(बी०) जान। २९–(ए०, बी०) को रे। ३०–(ए०, बी०) लै। ३१–(ए०) को दहुँ। ३२–(बी०) गयेव बिछाय।

टिप्पणी—(१) इँहवा–यहाँ। काहा–क्या। मानुस–मनुष्य। पंखि–पक्षी। एको–एक भी।

(३) काकर–किसका।

(४) परेवा–कबूतर। अपुरुब–अपूर्व।

(५) लोटि–भूमिपर लेट इधर उधर घूमकर। फिरावा–बदला। इस्तिरी–स्त्री।

(६) सेज-सौंर–गद्देदार शय्या। भल–सुन्दर।

(७) अइस–ऐसा। जानी–जान पड़ा। लइ–ले।

१९०

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

मन्त्र बोल सुनकारि[१] बोलाये। चारि मोर नाचत भल[२] आये ॥१
चारों लोटि भये मनसेरू। सेज बैठि अधरन[३] गिय[४] मेरू ॥२
उर[५] कुच लाइ भुअन सेउ[६] गहहीं। आलिंगन अलवँहन रहहीं[७] ॥३
खेलहिं[८] कुरलहिं हँसहिं हँसावँहि। चारि पहर सुख रैनि[९] बिहावँहि[१०] ॥४
खेलत[११] हँसत रैनि वँह[१२] गई। कुँवरहि सब निसि डर मँह गई[१३] ॥५
भोर भये उँह धावन आवा[१४], कहिसि[१५] बैठि तुम[१६] काह ।६
वह[१७] जो[१८] गड़रिया छेरि[१९] चरवाहा, आँधर किये केहुँह[२०] आह ॥७

पाठान्तर—

१–(ए०) सिंगा जो; (दि० मार्जिन) हंकार। २–(ए०) फुनि; (बी०) पुनि नाचत। ३–(ए०) अध्रन; (बी०) अधरन्ह। ४–(ए०) कै। ५–(ए०) औ। ६–(बी०) से; (ए०) भुव दुहुँ सौं। ७–(ए०) दै आलिंगन बीरी खँडही; (बी०) आलिंगन अलौ दलमलहीं। ८–(ए०) फूदहिं; (बी०) खाडहिं। ९–(बी०) निसि रंग। १०–(बी०) पोहावहिं। ११–(बी०) बोलत; (ए०) तलत (?)। १२–(ए०) उन्हि; (बी०) उन्ह। १३–(बी०; दि० मार्जिन) भई। १४–(ए०, बी०) आए। १५–(ए०) कह; (बी०) कहेन्हि। १६–(ए०) बैठे तोह; (बी०) तुम बैठे। १७–(ए०) उवह। १८–(बी०) रे। १९–(ए०) है; (बी०) होत छेरी। २०–(ए०) कै कहै; (बी०) कियेहु काहू।

टिप्पणी—

(१) **सुनकारि**–संकेत द्वारा।

(२) **मनसेरू**–पुरुष। **गिंय**–कण्ठ।

(४) **कुरलहिं**–मनोविनोद करते हैं।

(६) **धावन**–दूत।

(७) **आँधर**-अन्धा। **केहुँह**–कोई। **आह**–है।

१९१

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

सुनिकै यहि र[1] उड़िह[2] वै जाहीं[3]। राजकुँवर यहि[4] सुनत डराहीं[5] ॥१
वहि ठाँउ सेउँ कियउ पयाना[6]। राजकुँवर जिउ लै र[7] परानाँ[8] ॥२
फुनि वैसहिं वह[9] भागै लागा। जस र[10] गड़रिया कैं डर भागा ॥३
आगों[11] पाछैं देखत जाई। बहुरि न आवहिं[12] लाग पराई ॥४
बहुत दूरि जो आयउ[13] भागा[14]। सूरज[15] तपा[16] घाम बहु लागा[17] ॥५
तरुवर[18] एक सुहावन[19] देखिसि, बैठउँ[20] खिन[21] एक[22] छाँह।६
छाँह बैठि तरुवर कैं[23], पवन झरकि[24] फुनि[25] ताँह ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१–(ए०) अेहरे। २–(ए०) उड़हिं। ३–(बी०) देखि उत सै कीजै खाई। ४–(ए०) अेह। ५–(बी०) कुँवरहिं अधिक बात मन भाई। ६–(ए०) उहि ठाँ सौं उन्ह किअेव पयानाँ; (बी०) निमख एक महँ किछु न जाना। ७–(ए०) रे। ८–(बी०) मर्म ठाउँ वह छाँड़ि पराना। ९–(बी०) वैसे ही। १०–(ए०, बी०) रे। ११–(ए०, बी०) आगे। १२–(बी०) आवै। १३–(ए०) आअेव; (बी०) आवा। १४–(बी०) भागी। १५–(बी०) सूर्ज। १६–(बी०)ताप। १७–(ए०) तापक हाथ यहि लागा; (वि०) लागी। १८-(ए०,बी०) तरवर। १९–(ए०,बी०) सोहावन।

२०–(ए०) कह बैठों। २१–(ए०) खन। २२–(ए०) ×। २३–(ए०) तरवर के; (बी०) तरवर की। २४–ए० पौन झरक; (बी०) पौन झुरकै। २५–बी० ×।

टिप्पणी—(२) **पयानाँ**–प्रयाण। **परानाँ**–भागा।

(५) **घाम**–धूप।

(६) **तरुवर**–वृक्ष।

(७) **ताँह**–वहाँ।

१९२

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

मिरगावति[1] जो उहाँ[2] सेउ[3] आई। सखी सहेली पूछै[4] धाई॥१
पूछत[5] सखी कवन[6] वहि[7] आही। जैं र[8] चीर[9] तुम्ह[10] लेंउ[11] जाही[12]॥२
किह[13] कारन कहुँ[14] लेतसि[15] चीरू। बिनु संबन्ध[16] कोइ गहै न खीरू॥३
किहैं[17] खोज[18] हम सेउँ तुम रहेउ[19]। सपत आह[20] जो फुर न[21] कहेउ[22]॥४
हँसि कै[23] कहिसि सुनहु यह[24] बाता। अब न छुपाओं[25] कहउँ[26] निराता॥५
जिंह[27] दिन तुम्हरे[28] साथ होइ[29], सरवर गइउँ[30] नहाय[31]।६
तिंह[32] अगुमन[33] घर आयँहु[34] महि[35] तज[36], हौं उँहि[37] परेउ[38] भुलाय[39]॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१–(ए०, बी०) मिरगावती। २–(ए०) इहाँ। ३–(ए०) सौं; (बी०) तैं। ४–(ए०) पूछहिं। ५–(ए०) पूछहिं; (बी०) पूछै। ६–(ए०, बी०) कौन। ७–(ए०) उवह; (बी०) वह। ८–(ए०) रे; (बी०) जेइ रे। ९–(बी०) खीरू। १०–(ए०, बी०) तोह। ११–(ए०) लीन्हेव; (बी०) लिहेसि। १२–(ए०, बी०) चाही। १३–(ए०, बी०) केहि। १४–(ए०, बी) कह। १५–(ए०, बी०) लीतिसि। १६–(ए०, बी) सनमंध। १७–(ए०) किहि। १८–(ए०) कोंछ; (बी०) ओझ। १९–(ए०) तोह हम सौ रहहु; (बी०) हमसे तुम रहहु। २०–(बी०) आहि। २१–(ए०, बी०) नहिं। २२–(ए०, बी०) कहहु। २३–बी ×। २४–(ए०) अेह; (बी०) हम। २५–(ए०, बी०) छपावों। २६–(ए०, बी०) कहौं। २७–(ए०, बी०) जेहिं। २८–(ए०, बी०) तोहरे। २९–(ए०, बी०) हौं। ३०–(ए०) खोरैं गइउँ। ३१–(बी०) अन्हाइ। ६२–(ए०, बी०) तोह। ३३–ए० अगमनि; (बी०) अगमनहिं। ३४–(ए०) आइहुँ; (बी०) आयेहु। ३५-३६–(ए०, बी०) ×। ३७–(ए०, बी०) उँह। ३८–(ए०, बी०) परिउँ। ३९–(ए०) भुलाए; (बी०) भुलाइ।

टिप्पणी—(५) **निराता**–सविस्तार।

(७) **अगुमन**–पहले। **हौं**–मैं। **उँहि**–वहाँ।

१९३

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

आवत उहँउ[१] कुँवर एक देखा। जिउ वहि[२] लाग चित्र चित रेखा[३] ॥१
मिरिग छया धरि देखै लागेउ[४]। वहि[५] देखाइ[६] आगैं होइ[७] भागेउ[८] ॥२
वैं[९] मुहि[१०] देखि[११] कियउ[१२] गुहनारा[१३]। धरै न दियेउँ[१४] वियोग सँचारा[१५] ॥३
वहि र[१६] मान हौं गयउँ[१७] बिलाई। जिह[१८] सरवर तुम्ह[१९] गँइह[२०] नहाई[२१] ॥४
जिउ न रहै लुवधी हौं[२२] भई। कै मिस[२३] तुम्ह[२४] साथ लइ[२५] गई ॥५
खोरत **तुम्ह[२६] जो कहा मुहि[२७] आगै, मँदिर आह यह काह[२८]।६**
उहै[२९] मँदिर उन्ह साजा[३०], निसि दिन वैठ पन्थ हम[३१] चाह ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१-(ए०) अहिउँ; (बी०) ही। २-(ए०) उहि; (बी०) ही। ३-(ए०) चित चितरेखा; (बी०) चित चिन्ता राखा। ४-(ए०) लागेव; (बी०) लागिव। ५-(ए०, बी०) अहि। ६-(ए०) देखाए; (बी०) देखाय। ७-(ए०, बी०) भै। ८-(ए०, बी०) भागिव। ९-(ए०) उए; (बी०) वहि। १०-(ए०, बी०) मोहि। ११-(बी०) देख। १२-(ए०) कीन्ह; (बी०) कीहि। १३-(ए०) गोहनारा; (बी०) गोहारी। १४-(ए०) देउ। १५-(बी०) संचारी। १६-(ए०, बी०) उहि रे। १७-(ए०) गइउँ; (बी०) गई। १८-(ए०, बी०) जेहि। १९-(ए०, बी०) तोह। २०-(ए०) गइहु; (बी०) गई। २१-(बी०) अन्हाई। २२-(ए०, बी०) लुबुधी। २३-(ए०) मिसि; (बी०) मिसु। २४-(ए०) तोहहि; (बी०) तुम्हहि। २५-(ए०, बी०) लै। २६-(ए०) तोहि; (बी०) तो तुम। २७-(ए०) मोहि; (बी०) हम। २८-(बी०) मँदिर जो वह आह। २९-(बी०) वहरे। ३०-(बी०) रचाया। ३१-(ए०) मम।

टिप्पणी—(१) उहँउ–वहीं।

(२) छया–छद्मवेश। धरि–धारण कर।

(३) गुहनारा–साथ। धरै–पकड़ने। सँचारा–संचार किया।

(४) बिलाई–लुप्त। गँइह–गयी थीं। नहाई–स्नानार्थ।

(५) मिस–बहाना।

१९४

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

हम नहाइ[१] [उठि घर[२]] कहँ आई। वहि[३] कहँ मन्त्र दीन्हि[५] यह[६] धाई ॥१
जो र[७] गगन चढ़ि सातौं[८] धावहु[९]। चीर लिहैं विनु[१०] वहँ नाहिं[११] पावहु ॥२
वहि कैं मन्त्र गहसि[१२] हम चीरू[१३]। आपुन[१४] आनि दिहसि[१५] हम[१६] खीरू[१७] ॥३
लइके[१८] चीर छुपायसि[१९] तहाँ। ठाँव न देखौं[२०] पावौं[२१] जहाँ ॥४

पुनि रस बात किहिसि[23] रंग[24] कीजै। नारंग[25] बेऊ[26] बास[27] रस लीजै ॥५
मैं[28] वहि[29] सों अस बोला[30] यह[31] कहँ[32], जीह[33] खाँडि मरि जाउँ[34] ।६
जो यह[35] बात सँचारहु[36] परसेउ[37], तो हौं खिन न जिआउँ ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—
१-(बी०) अन्हाइ। २-(दि०) घर उठि। ३-(ए०) वोहि; (बी०) उह। ४-(बी०) कहुँ। ५-(ए०) दीन; (बी०) दीन्हेउ। ६-(ए०) अेक, (बी०) ×। ७-(ए०, बी०) रे। ८-(बी०) धावा। ९-(बी०) धावसि। १०-(बी०) बाजु। ११-(ए०) उनहि न; (बी०) वहि न। १२-(बी०) लिहिसि। १३-(बी०) चीरा। १४-(ए०, बी०) आपन। १५-(ए०) दिहिसि। १६-(ए०) एक। १७-(बी०) आनि दिहिसि मोहि आपन खीरा। १८-(ए०, बी०) लैके। १९-(ए०, बी०) छपाइस। २०-(बी०) देखैं। २१-(बी०) जाई। २२-(ए०) बिन। २३-(ए०) कहेसि। २४-(बी०) रस। २५-(बी०) नार। २६-(ए०) बेइल; (बी०) बेलि। २७-(बी०) बासु। २८-(ए०) मइ। २९-(ए०) वोहि; (बी०) उन्ह। ३०-(ए०) बोल; (बी०) बोली। ३१-(ए०) ×, (बी०) एहि। ३२-(ए०) ×; (बी०) खन। ३३-(ए०) जीभ; (बी०) जीभि। ३४-(बी०) जाँव। ३५-(ए०) असि। ३६-(ए०, बी०) सँचारसि। ३७-(ए०) ×; (बी०) बरसै। ३८-(बी०) जियाँव।

टिप्पणी—(१) **मत्र**—सलाह।

१९५

(दिल्ली; बीकानेर)

फुनि मैं एक[2] बात[3] वहि[4] कही। तैं अबहीं बिरसेउँ हौं[5] वही ॥१
[जो] पर[6] करसु[8] तो र[9] जीउ दिवाऊँ[10]। रस पिय मिलौं[11] हौं र[12] तुम्ह[13] सेऊँ ॥२
कहिसि कहा न मेटौं[14] तोरा। यह र कहसि[15] औं हाथ सँकोरा ॥३
तो मैं कहा सुनहु एक[16] बाता। आवइ[17] देहु हमार सँघाता ॥४
उन्ह सेउ[18] माँग लेहु तो पावहु। तो[19] हम सेज रवन[20] रस रावहु ॥५
जो मैं कहा सो मानसि[21] हरका[22], फिर[23] न माँगसि[24] सेज ।६
माँस पाँच एक ठाँइँ अहै[25], जस सूरज दर पेज[26] ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति—
१-पुनि। २-×। ३-बात तो। ४-वोहि सै। ५-तौ। ६-हाँ बर सेउ। ७-बर। ८-करहु। ९-रे। १०-देऊँ। ११-रस पेमी लो। १२-×। १३-तुम। १४-मेटों नाहिं। १५-यहै कहिसि। १६-यह। १७-आवै। १८-उन। १९-तोरे। २०-रवनि। २१-मानिसि। २२-×। २३-बहुरि। २४-माँगिसि। २५-ठाउँ आये हैं। २६-जस मन दिया तेल।

टिप्पणी—(३) **मेटों**–मिटाऊँ । **सँकोरा**–संकुचित कर लिया; खींच लिया ।
(४) **सँघाता**–साथी ।
(५) **रवन**–रमण ।
(६) **हरका**–पीछे हटा ।

१९६
(दिल्ली)

फुनि बैठि कहँ वतैं बढ़ावा। गयउ छाड़ि छिन एक पावा ॥१
धाइ एक हम राखसि राँधा। मैं उहिं सों बातहिं जिउ बाँधा ॥२
बातहिं लाइ मैं र बोराई। काज करै कै अन्त पठाई ॥३
तौलहि चीर ढूँढ़ मैं लिया। पहिर चीर धारेउ नौ तिया ॥४
नाउँ धाइ सों पिता क लीन्हों। अउर चिन्ह कंचनपुर दीन्हों ॥५
औ अस कहेउँ जो कुँवर सेंउ, जो लुबधी हम पेम।६
कंचनपुर आवइ हम लग, उहै औधि इह नेम ॥७

टिप्पणी—(१) **बतैं**–बातैं ।
(२) **राँधा**–पहरेदार ।
(३) **अन्त**–अन्यत्र । **पठाई**–भेजा ।
(४) **तौलहि**–तबतक ।
(७) **नेम**–संकल्प ।

१९७
(दिल्ली)

जो कुछ अहा मरम सो कहा। लुबुधा जिउ अब जाइ न रहा ॥१
जेहि का मरम कहेउँ तुम्ह आगे। आइहि इहाँ हमरेउ लागे ॥२
कहा सहेलिंह जो अस आहा। तवहीं काह न हम सेउ कहा ॥३
उन्ह मँह एक जो अही सयानाँ। खेलसि पेम कहै भल जानाँ ॥४
कहिसि पेम का जानसि भोली। हौं तिह कहौं पेम रस घोली ॥५
घिरत खाँड सेउ करहु मेरावा, अमिय महारस लेहि।६
पेम भुअंगम कसि हिय कह, गई छाड़ न देहि ॥७

टिप्पणि—(२) हमरेउ–मेरे । लागे–निकट ।

१९८
(दिल्ली)

जो तुम्ह आह पेम कै साधा। आपु खाँड करहु दोइ आधा ॥१
पेम सवाद सोइ लै बूझा। आपु मींत अहै ये सूझा ॥२

वहँ हरख वस पेम न होई। जिउ जो देइ पावइ सोई ॥३
पेम उतंग ऊँच कर आहा। बाउर सोइ जो बिनु दुख चाहा ॥४
पेम खेल जो चाहै खेला। सर सेंउ खेल जिउ पर हेला ॥५
कुतुबन कंगूरा पेम का, ऊँचा अति र उतंग।६
सीस न दीजै पाउ तर, कर न पहुँचै खंग ॥७

टिप्पणी—(१) साधा–इच्छा।
(३) उतंग–उत्तुंग, ऊँचा।

१९९

(दिल्ली; बीकानेर)

पिरिति[१] किही तिंह[२] करै न जानीं। पेम लाइ कस भयसि[३] अयानी ॥१
जो र मिरग[४] बाउर[५] पर[६] फाँदै। छाड़ि बहेलिया[७] बिनु वह बाँधै[८] ॥२
बाउर सोइ जो हाथ[९] से छाड़ा[१०]। पेम भँवर[११] थिर रहै न गाढ़ा[१२] ॥३
पेम जो आह बहुत दुख पाई। दुख कै मिलै सो संपत उड़ाई[१३] ॥४
अबहूँ खोज परहुँ[१४] वह केरैं[१५]। जिय न[१६] जाइ सो[१७] मिलै[१८] सोबेरैं[१९] ॥५
ऐसहिं आगि जरत हैं[२०] उर मँह,[२१], मैं मेलेउ घिउ तेल[२२]।६
पेम गहँन[२३] सब खेल सेंउ, जो र सँभालै[२४] खेल ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति—

१–प्रीति। २–तुम। ३–भइहु। ४–म्रिगा। ५–बाव। ६–परै। ७–बहेली। ८–तेहि बिनु छाँडे। ९–हाथै। १०–छाँड़ै। ११–भाव १२–गाड़े। १३–पूरी पंक्ति नहीं है।[१] १४–करहु। १५–वोहि केरा। १६–जीवन। १७–फुनि। १८–मेलै। १९–सबेराँ। २०–अही। २१–महि। २२–तुम्ह मेलेउ दिया तेल। २३–कठिन। २४–सँभारै।

टिप्पणी–(१) अयानी–अज्ञानी।

२००

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

पेम आइ किंह[१] रहै सँभारा[२]। गहे नेह आपु नाँहि सँहारा[३] ॥१
कै[४] उपकार करहु[५] जो पारहु। प्रान पयान करत र[६] संभारहु ॥२
भई[७] असाध जो र[८] उपचारा[९]। रुगिया तिह र[१०] बैद का करा[११] ॥३
मिरगावत सेउँ[१२] कहहिं सहेलीं। देवस चार एक रहहु दुहेलीं ॥४
भूखैं अम्ब[१३] न पाकै बारा। दिन दस बूझि[१४] करहु सहारा[१५] ॥५

१—सम्मेलन संस्करणमें इस पंक्तिके लुप्त होने की बात कही गयी है। किन्तु माताप्रसाद गुप्त-का कहना है कि बीकानेर प्रति में यह पंक्ति है। (भारतीय साहित्य, वर्ष ८ अंक ३, पृ० ९०)

दिन दस तुम र[16] सहारहु[17] हम उटवहिं उपकार ॥६
हँस दमावति सेउँ नल[18] मिरवहि,[19] करकर होइ[20] उजियार[21] ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१–(ए०) प्रेम आय कहँ। २–(बी०) पेम आय मन परेउ खभारा। ३–(ए०) किहे नेह अब नाहि सहारा; (बी०) यह जिउ मैं अब तुम्हहिं उभारा। ४–(ए०, बी०) कुछु। ५–(बी०) करै। ६–(ए०) जो; (बी०) ×। ७–(ए०) भैअ; (बी०) मुये। ८–(ए०,बी०) रे। ९–(ए०, बी०) उपचारा। १०–(ए०) रोगिया तेहि रे; (बी०) सो रोगिया। ११–(बी०) करई। १२–(ए०,बी०) मिरगावती सौं। १३–(ए०) आँब; (बी०) अब। १४–(ए०) बूझहु। १५–(ए०) सभाँरा; (बी०) अहारा। १६–(ए०, बी०) तोह रे। १७–(बी०) सहरहु। १८–(ए०) सौं नल; (बी०) नल जेउँ। १९–(ए०,बी०) मेरवहि। २०–(ए०) होए; (बी०) होय। २१–(ए०,बी०, दि० मार्जिन) अधार।

टिप्पणी—(३) **असाध**–असाध्य।

(३) **दुहेलीं**–दुःखी।

(५) **अम्ब**–आम। **पाकै**–पके। **बारा**–बाग। **बूझि**–समझकर।

२०१

(दिल्ली; बीकानेर)

रूप मुरारि[1] भइ पुरि[2] आसा। कीत[3] पयान गये कबिलासा ॥१
वै तो सुरपति सभा सिधारे। मंती[4] लोग मतैं बैठारे[5] ॥२
पूत नाहिं[6] जिह[7] राज उभारी। कहहु काह[8] किह[9] तिलक सँवारी[10] ॥३
मंती[11] लोग मतैं[12] अस आवा। मिरगावतिह[13] राज बैठावा[14] ॥४
तिलक सारि[15] कै कियउ जुहारू[16]। मिरगावतिह[17] राज दइ भारू[18] ॥५
आन[19] भई सब देस नगर[20] मँह, मिरगावति कर[21] राज ।६
महतैं नेगी आइ[22] जहवाँ लहि[23], लागि सँवारैं[24] काज ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति–

१–रूपमुररिंह। २–परि। ३–किता। ४–महते। ५–बैसारे। ६–न आहि। ७–जेंहि। ८–केहि। ९–कैंह। १०–सारी। ११–महतै। १२–मता। १३–मिरगावती कह। १४–बैसावा। १५–साजि। १६–कियेउ जुहारा। १७–मिरगावती। १८–दिय भारा। १९–आनि। २० ×। २१–मिरगावती का। २२–अहे। २३–जहाँ लहु। २४–लगे चलावै।

टिप्पणी—(१) **भइ**–हुई। **पुरि**–पूरि। **कीत**–किया। **पयान**-प्रयाण। **कबिलासा**–स्वर्ग।

(२) **वै**–वे। **सुरपति**–इन्द्र। **मंती**–मन्त्री।

(३) उभारी–ऊपर उठायेगा ।
(५) सारि–सजाकर । जुहारू–अभिवादन ।
(६) आन–ख्याति, प्रसिद्धि ।
(७) महतैं–(महत्) बड़ा, श्रेष्ठ । माताप्रसाद गुप्तने मधुमालतीमें इसको महामात्य (महँत> महँता> महामात्य) बताया है और शिवगोपाल मिश्रने इसका अर्थ प्रधान मंत्री किया है । किन्तु इसका तात्पर्य किसी पद विशेषसे न होकर राज्यके उच्च कर्मचारियोंसे है । नेगी–साधारण कर्मचारी । जहवाँ लहि–जहाँ तक ।

२०२

(दिल्ली; बीकानेर)

पुन धरम सब देस चलावा । धरमसार[1] बहु नगर[2] उचावा ॥१
अग्या पौ भोजन कै[3] भई । जोगी जंगम जो आवई ॥२
पन्थी जो ईंह पँथ चल आई[4] । हम कहँ गुदर[5] देह तो जाई[6] ॥३
जती सन्यासी जो कोउ[7] आवइ । बात सुने कहँ पास[8] बुलावइ ॥४
पहिलैं पूछहि अउर कछु[9] बाता । पुनि[10] चन्द्रागिरि[11] कुसल नवाता[12] ॥५
दुनि[13] कै चाह लेत दिन कह[14], पूछै[15] कोइ[16] आइ को जाइ ।६
आसा[17] लुबुधीं पूछइ सो वहँ,[18] मकुँह मिलै वह आइ ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति—

१–धर्मसार । २–एक नीक । ३–अन भोजन पौ की । ४–जती सन्यासी जोगी जो आवइ । ५–गूदर । ६–जावइ । ७–जोगी जो । ८–कहुँ राध । ९–और किछु । १०–पुनि । ११–चंदागिरि । १२–कुसलाता । १३–दिन । १४–रहई । १५–× । १६–को । १७–अस । १८–पूछै पंथ कहुँ । १९–मकहुँ ।

टिप्पणी(१) पुन–(पुन्न) पुण्य । धरमसार–धर्मशाला । उचावा–निर्माण कराया ।
(२) अग्या–आज्ञा । पौ–पय, पानी । भई–हुई ।
(३) गुदर–सूचना ।
(६) दुनि–दुनिया । चाह–जानकारी ।
(७) मकुँह–कदाचित् ।

२०३

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

कुँवर जो छाँह बिरिख तर[1] आहा । कहसि जाँउँ[2] बैठों अब[3] कहाँ ॥१
उठत दीठि[4] ऊपर कहँ गई[5] । डालिंह पंखि दोइ बोलई[6] ॥२
पेम कथा उन्ह सुरस[7] सँचारी । कुँवर कान दइ[8] बात उन्हारी ॥३
दोउ[9] आपु मँह बकतहिं बाता । कुँवर एक मिरगावति राता ॥४

अबलहिं वैं र[१०] बहुत दुख देखी[११] । गागर[१२] मसि न जाहिं लेखी[१३] ॥५
अब र[१४] अलप दिन आहहि[१५] दुखकै[१६], सुख देखिह[१७] बहु भाँत[१८] ।६
बहुरे बिबि घर[१९] चलि गये[२०], अब होइहि मन साँत[२१] ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१–(बी०) की । २–(ए०, बी०) चलौं । ३–(ए०, बी०) अब बैठों । ४–डीठि । ५–(बी०) चलै जो ऊपर परि गई डीठी । ६–(ए०) डारी पंखी दुइ बोलै लई; (बी०) डारि पंखि दुइ बोलैं बैठी । ७–(ए०) उन्हि सुरस; (बी०) रसारस । ८–(ए०,बी०) दै । ९–(ए०, बी०) दुवौ । १०–(ए०) उए रे; (बी०) उइँ रे । ११–(ए०) देखे; (बी०) देखा । १२–(बी०) कागर । १३–(बी०) जाइ नहिं लेखा; (ए०) पैहे पेंम प्रान सरेखे । १४–(ए०, बी०) रे । १५–(बी०) अहहिं । १६–(ए०) × । १७–(बी०) देखी । १८–(ए०, बी०) भाँति । १९–(बी०) बहुत बिब खर; २०–(ए०) बहुत दुख उन्ह देखे । २१–(ए०,बी०) साँति ।

टिप्पणी—(१) **बिरिख**–वृक्ष । **तर**–नीचे ।

(२) **दीठि**–दृष्टि । **डालिंह**–डालीपर । **बोलई**–बोलते हुए ।

(५) **गागर**–घड़ा । **मसि**–स्याही ।

(६) **अलप**–(अल्प) थोड़ा ।

२०४

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

कुँवर बात यह सुनी सुहाई[१] । भा अनन्द अस कही[२] न जाई ॥१
मरत पियास पानि जनु[३] आवा[४] । पेम घाइ[५] उन्ह औखद[६] पावा[७] ॥२
जनु[८] दालदि[९] लछ[१०] बहु पाई । खिन खिन[११] रहसै अंग न समाई ॥३
फुनि[१२] तरुवर सेउँ पंखि[१३] उड़ानी । कुँवर कहा अपनैं मन जानी ॥४
अब[१४] जिह[१५] दिसि ये[१६] जाहिं उड़ाई । हमहु पाछु[१७] उन्ह लागहु[१८] धाई ॥५
चला पाछु[१९] उन्ह[२०] केरे धावत[२१], सरग नैन दोइ[२२] लाइ ।६
काम दगध[२३] साँचे[२४] जन भौं[२५], तिह[२६] गये[२७] सो पन्थ दिखाइ[२८] ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१–(ए०, बी०) सोहाई । २–(ए०, बी०) कहा । ३–(ए०) जनि; (बी०) जनौ । ४–(ए०, बी०) पाव । ५–(ए०) घाव । ६–(ए०) उन्हि औखद; (बी०) औखद जनौ । ७–(ए०, बी०) लावा । ८–(बी०) जानहु । ९–(ए०) दारिद्री; (बी०) दलिद्री । १०–(बी०) लंछ । ११–(ए०, बी०) खन खन । १२–(ए०) अभी; (बी०) पुनि । १३–(ए०,बी०) सौं पंखी । १४–(ए०) जोव अे । १५–(ए०, बी०) जेहि । १६–(ए०) × । १७–(बी०) पाछू । १८–(ए०) लागहि । १९–(बी०) पाछू । २०–(बी०) उन्हि । २१–(ए०, बी) × । २२–(ए०, बी०) दुई । २३–

(ए०, बी०) दगधि । २४-(ए०) साचहिं; (बी०) जरि । २५-(ए०) जन गये; (बी०) फूटहिं । २६-(ए०, बी०) × । २७-(बी०) गई । २८-(ए०, बी०) देखाय ।

टिप्पणी—(३) दालदि-दरिद्र । लछ-लक्ष; लाख ।

(५) **हमहु**-मैं भी । **पाछु**-पीछे ।

(६) **धावत**-दौड़ते हुए । **सरग**-स्वर्ग; यहाँ तात्पर्य है—ऊपर ।

२०५

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

चला जाइ मारग इक[1] पावा । कहिसि जाँउ यँहि मारग धावा ॥१
आगों[2] दिस्टि परी लखराऊँ । कहिसि गाँउ[3] होइहि यहि ठाँउँ ॥२
गहगहाइ खिन खिन जिउ रहई[4] । कहसि कंचनपुर इहवै अहई ॥३
गैठि देखि लखराउँ सुहाई[5] । पाँत[6] बराबर चहुँ दिसि लाई ॥४
पात घास[7] कै चिन्ह[8] न पाई[9] । भात बखीर[10] जानु तिह[11] खाई[12] ॥५
रूपा[13] ढारि जानु[14] भुइ राखी, ऊँच न कितहू[15] खाल ।६
एक एक रूख सँवारहि बैठे[16] चँर-चँर[17] पँच-पँच माल ॥७

पाठान्तर-एकडला और बीकानेर प्रतियाँ—

१-(ए०, बी०) एक । २-(ए०) आगू; (बी०) आगे । ३-(बी०) गाँऊँ । ४-(ए०, बी०) उठई । ५-(ए०, बी०) सोहाई । ६-(ए०, बी०) पाँति । ७-(ए०, बी०) घास पात । ८-(ए०, बी०) चिन्ह । ९-(ए०) पाइय । १०-(ए०, बी०) बखेरि । ११-(बी०) तहाँ जनौ । १२-(ए०) खाइय । १३-(ए०, बी०) रूप । १४-(ए०) जनु; (बी०) जनौ । १५-(ए०, बी०) कतहू । १६-(बी०) × । १७-(ए०) चरि चरि; (बी०) चारि चारि ।

टिप्पणी—(२) **लखराऊँ**-लक्षाराम; ऐसा बगीचा जिसमें लाख वृक्ष हो ।

(३) **गहगहाइ**-गद्‌गद् । **खिन खिन**-क्षण-क्षण । **इहवै**-यही । **अहई**-है ।

(५) **भात**-चावल । **बखीर**-खीर ।

(६) **रूपा**-चाँदी । **ढारि**-ढालकर । **खाल**-नीचा ।

(७) **रूख**-वृक्ष । **चँर-चँर**-चार-चार । **पँच पँच**-पाँच-पाँच । **माल**-माली ।

२०६

(दिल्ली; बीकानेर[1])

जँह लग बिरिख[1] जगत मँह आहे[2] । देखी सभै जाइ न[3] कहे ॥१
जो हम स्रवन[4] सुने न[5] काऊ । नाँउ कहाँ लहि[6] कहाँ सुभाऊ ॥२

---

१. इस प्रतिमें आरम्भकी तीन पंक्तियोंके साथ चार सर्वथा भिन्न पंक्तियाँ हैं जो हमारी दृष्टिमें प्रक्षिप्त हैं । इस प्रतिका पाठ दिल्ली प्रतिके मार्जिनमें भी है ।

फुनि[7] माली[8] फुलवारि सँवारी। बहुत फूल फूलीं[9] फुलवारी ॥३
भँवर कुसुभँ पर केलि कराहीं। मालति बेलि नेवारिन जाईं[10] ॥४
कुन्द सेवती जूही रावइ। बाला चम्पा बारि मनावइ[10] ॥५
सिरखँड सरबत बनो पकारू, मो इत **दौनहि** लाउ[10] ।६
मारो झरै हँसाइ हिय, **नाँहुत मनहि** सराउ[10]॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति—
१–ब्रिख। २–अहे। ३–नहिं। ४–स्रवन। ५–नहिं। ६–लहु। ७–पुनि। ८–मालिहु। ९–फूले। १०–परिशिष्ट १ मे देखिये।

टिप्पणी—(१) **बिरिख**–वृक्ष। **सभै**–सभी।
(२) **सवन**–श्रवण। **काऊ**–कोई। **नाँउ**–नाम। **सुभाऊ**–स्वभाव।
(४) **कुसुभँ**–कुसुम। **मालती**–सफेद रंगका फूल। **बेलि**–(बेइल–बेला) सफेद रंगका सुगन्धियुक्त फूल जो गरमीमें फूलता है। इसकी अनेक किस्म होती हैं—मोतिया, मोगरा, रामबेल। मोतियाको माधवी भी कहते हैं। इसकी बाला लोगोको विशेष प्रिय हैं। बेलिका तात्पर्य बेलीसे भी हो सकता है जो लाल फूलोंवाली एक लताका नाम है। **नेवारिन**–(नेवारी) श्वेत फूल जो चैतमें फूलता है। सम्भवतः यह बेलाका एक किस्म है।
(५) **कुन्द**–सफेद रंगका छोटा सुगन्धियुक्त फूल जो अगहन-पूसमें फूलता है। कवियोंने प्रायः दांतोंके उपमानके रूपमें इसका उल्लेख किया है! इसका झाड़ होता है। **सेवती**–(सं० सेमन्ती अथवा शतपत्रिका>सयवत्तिया>सइउत्तिया>सेउत्तिया>सेवती) सफेद गुलाब। अबुलफज्लने इसे रायबेलसे मिलता-जुलता एक पत्तेका फूल बताया है। इसके पौधेमें एक साथ इतने फूल आते हैं कि वह ढँक जाता है। **जूही**—(स० यूथिका; यूथी) यह भी सफेद रंगका फूल है। अबुलफज्लका कहना है कि यह तीन सालपर फूलती है। यह पेड़से लिपटकर बढ़नेवाली लता है। **चम्पा**—सुनहले रंगका तेज सुगन्धवाला फूल जो चैत्रमें फूलता है। इसका १०-१२ फुट ऊँचा वृक्ष होता है। कवियोंने नारी शरीरके रंगके उपमानके रूपमें प्रायः इसका उल्लेख किया है। कवि प्रसिद्धि है कि भौंरा इस फूलपर नहीं बैठता। यह भी कवि प्रसिद्धि है कि यह स्त्रियोंके हाथसे पुष्पित होता है।
(७) **दौनहि**—(दौना) तुलसीकी जातिका पौधा जिसकी पत्तियोंमें सुगन्धि होती है।
(७) **नाहुँत**—नहीं तो; अन्यथा। **मनहि**–मनमें।

२०७

(दिल्ली; बीकानेर)

चुनहिं[1] केतकी पाँडर[2] करनाँ[3]। केवइ हेत[4] वाजहिं[5] जनु वरनाँ[6] ॥१
कहै चँवेली भँवरहिं पाऊँ[7]। नागेसर पर फूल चढ़ाऊँ ॥२
भुइँचम्पा[8] भुँइ रहा लजाई। जो गुलाल को जाकी[9] आई ॥३
पाँच बान कामथ कर तहाँ[10]। कनकबेल[11] फूली है जहाँ[12] ॥४
कुसुम[13] फूल कहँ[14] कोइ न मानै[15]। भसल कीर सोर तिंह सानै[16] ॥५
कौतुक देखि भुलानेउ कुँवरा[17], नित बहार[18] फुलवारि ।६
धनि जिउ मधुकर कै[19], बिरसै बास माँत बिकरार[20] ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति—

१–जहाँ। २–पंडर। ३-कर्ता। ४–केवहिं हेतु। ५–बाजु। ६–जेहमर्ना। ७–राऊ। ८–चम्पक। ९–कुंजल। १०–चम्प नगर मधुकर है जहाँ। ११–कनिक पियरि। १२–तहाँ। १३–कुसुभी। १४–कर। १५–जाना। १६–भसल कीरत रहा जो माना। १७–कुँवर। १८–अस्तल भइ। १९–कर। २०–बासु मालती करारि।

टिप्पणी—(१) **केतकी**–सफेद रंगका भीनी सुगन्धि वाला फूल जो आश्विनमें फूलता है। यह तलवारकी आकृतिका मोटा और नुकीला होता है। भ्रमरका केतकीके काँटेमें फँसना कवि-समय रहा है। **पाँडर**–(पाँडल) यह कोई अप्रसिद्ध फूल है। यद्यपि इसका उल्लेख सूरसागरमें मिलता है (३५२१)। अबुलफ़जल-के कथनानुसार यह पाँच-छ लम्बी पंखुड़ियोंवाला फूल है जिससे जलको सुगन्धित करते हैं। यह हर मौसममें फूलता है। **करनाँ**–हिन्दी शब्दसागरके अनुसार सफेद फूलोंवाला पौधा जिसके पत्ते केवड़ेकी तरह लम्बे किन्तु बिना काँटोंके होते हैं; सुदर्शन। आइने अकबरीमें इसे बसन्तमें फूलनेवाला सफेद फूल बताया गया है।

(२) **चँबेली**–चमेली। सफेद रंगका फूल। इसे संस्कृत में जाती अथवा मालती कहते हैं। **नागेसर**–(सं० नागकेसर) बसन्तमें फूलनेवाला लाल फूल जिनमें पाँच पंखुड़ियाँ होती हैं।

(३) **गुलाल**–अबुलफ़जलके कथनानुसार बसन्तमें फूलनेवाला फूल।

(४) **पाँचबान**–पंचबाण; कामदेवका अस्त्र। **कामथ**–कामदेव।

(७) **मधुकर**–भ्रमर। **बिकरार**–(फा० बेकरार) विकल।

२०८

(दिल्ली; बीकानेर)

ऐसी[1] फुलवारी आह[2] सुहाई। देखत रहा[3] कहे[4] न[5] जाई ॥१
सबै फूल परिमल[6] कै कहैं[7]। औ परिमल बिनु ते सब अहैं[8] ॥२

सदल[1] सरूप फूल[10] वहु[11] फूले। भँसल बास रस जिह कँह[12] भूले ॥३
वहुत पुहुप को जानै नाऊँ। देखत रहा अपूरब ठाऊँ ॥४
जे र[13] फूल देखे औ सुने। कवि जो सुहानी[14] ते सब कहे ॥५
जे[15] कवि आइ समानी जातो[16], सरबस कहेउँ बिरवान[17]।६
और फूल बहु आहहिं[18] जग महँ; तिंह क[19] नाँउ को जान ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति—

१–अस। २–अही। ३–रहै। ४–कहै। ५–ना। ६–अमिय। ७–कर अहै। ८–कहे। ९–सुदल। १०–फूल सरूप। ११–सब। १२–जेही। १३–जोरे। १४–समाने। १५–जो। १६–समाने जाने। १७–(दि० मार्जिन) सरबस बरन के ते बिरवान; (बी०) सो सराहे परवान। १८–अहे। १९–तिन्ह कर।

टिप्पणी—(२) **परिमल**–सुगन्ध।

(३) **भँसल**-बसा हुआ। **बास**–गन्ध।

(६) **सरबस**-सभी। **बिरवाँन**–पौधे।

२०९

(दिल्ली; बीकानेर)

आगों[1] आइ जो देखी[2] बाईं। रहँट चलहिं सींचहि अँबराईं ॥१
कूँआ पानि गुन बाच[3] न देहीं। जिह कर गुन ते भरि भरि लेहीं ॥२
सरब सुनै कर देखिसि कोटा। कहिसि कंचनपुर इहवै[4] खोंटा ॥३
चित कै[5] चोर आहँहिं[6] यहिं[7] गाँऊँ। पायेउ खोज सोइ[8] यहिं[9] ठाऊँ ॥४
पूछउँ लोगहिं दइ पहुँनाई[10]। घरों जाइ जैसहिं नियराई[11] ॥५
कहिसि पूछि कै[12] लोगहिं देखउँ[13], नगर कउन इह आह[14]।६
जो हो यह कंचनपुर को कोटा, फिरउँ लेउँ वह चाह[15] ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति—

१–आगे। २–देखै। ३–बाजु। ४–यहवै। ५–का। ६–अहै। ७–इहि। ८–सोरे। ९–×। १०–देस पताई। ११–जैसे न पराई। १२–×। १३–देखउँ लोगन्ह कहँ। १४–कवन नाउँ एहि गाँउ। १५–जो इह होइहिं कंचनपुर साँचेहु, खोज लेउँ उहि जाइ।

टिप्पणी—(१) **आगों**–आगे। **बाईं**–वापी; कुआँ। **रहँट**–पानी निकालनेका यन्त्र। **अँबराईं**–आम्राराम; आमका बगीचा।

(३) **सरब**–सर्व; सभी। **सुनै**–सोना। **कर**–का। **कोटा**–कोट। **खोंटा**–दुर्गुणी।

२१०

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

कुँआ तीर आही[1] पनिहारी। पूछों नगर को र पतिभारी ॥१
कुँआ तीर आयउ र[2] सुजाना। पनिहारिंह[3] कँह देखि भुलाना[4] ॥२

जिह र गाँउ मँह[4] अइस[5] पनिहारीं। राजकुँवरि कस[6] होहिंह[7] बारीं[8] ॥३
सिंघल दीप इहँहि जनु[9] आवा[10]। पदुमिनि रूप बिसेखहिं[11] भावा ॥४
पूँछिसि कवन नगर इह[12] आही। राजपति[13] यहि[14] बोलहिं काही ॥५
कहहिं[15] राज मिरगावति कर[16], औ[17] कंचनपुर जग भान।६
जोगी जती संन्यासी[18] आवइँ[19], तिहि क[20] इहाँ बड़ मान ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ।

१–(बी०) अही। २–(ए०) आयेव रे; (बी०) आयेव। ३–(ए०) पनिहारिन्ह। ४–(ए०) लोभाना। ५–(ए०) जेहि रे गाँव हहि अस; (बी०) जेहि रे गाँव महिं ऐसी। ६–(बी०) कसि। ७–(ए०) होइ; (बी०) होइहि। ८–कुआरी। ९–जनु इहँवै। १०–(ए०, बी०) छावा। ११–(ए०) बिसेखी; (बी०) बिसेखैं। १२–(ए०) कौन नगर यह; (बी०) नगरु कौन वह। १३–(बी०) राजापति। १४–यह। १५–(ए०, बी०) कहिन्हि। १६–(ए०) केर; (बी०) केरा। १७–×। १८–(बी०) सन्यासी जो। १९–(ए०) आवैं; (बी०) आवहिं। २०–(ए०) तेहि क; (बी०) तिन्ह कर।

टिप्पणी—(१) पति–स्वामी।

(२) बारीं–बाला।

(४) सिंघल दीप–सिंहल द्वीप। पदुमिनी–पद्मिनी जाति की स्त्री। बिसेखहिं–विशेष; अधिक।

(५) राजपति–राजा।

(६) भान–प्रकाशमान।

२११

(दिल्ली; बीकानेर; काशी)

मिरगावँति सुनि जिउ[1] रहसाई। कामाँ जनु[2] माधोनल[3] आई[4] ॥१
बिहसा[5] नाउँ[6] सुनत मिरगावति[7]। नल[8] जानो[9] भेंटी र[10] दमावति[11] ॥२
कहिसि[12] जाउँ अब नगर मझारीं। मकुहि[13] चाह कोउ[14] कहै हमारी[15] ॥३
चलिके कुँवर पँवरि नाँघि[16] जो आवा। कनकपात[17] सब रतन[18] जड़ावा[19] ॥४
फुनि जो आयउ[20] नगर मँझारी। बैठि[21] नरिन्द महाजन भारी[22] ॥५
छतीस कुरी बनजार खुदाई, औ छाई बैपारि[23]।६
मण्डप[24] देखि धौराहर देउर[25], पाप झरें सब छारि[26] ॥७

पाठान्तर—बीकानेर और काशी प्रतियाँ—

१–(का०) जिअ। २–(बी०) जनौ। ३–(का०) माधवानल। ४–(का०, बी०) पाई। ५–(का०) बिहँसि। ६–(का०) नाम। ७–(बी०, का०) सुनि मिरगावती। ८–(का०, बी०) नलु। ९–(का०) जनु। १०–(का०, बी०) ×। ११–(का०, बी०) दमावती। १२–(का०, बी०) कहेसि। १३–(बी०) मकहु। १४–(बी०)

कोई। १५–(का०) बैसे नरिंद महाजन भारी। १६–(का०, बी०) ×। १७–(बी०) कनिक ईंट; (का०) कनक पत्र। १८–(का०) जनु। १९–(बी०, का०) जरावा। २०–(बी०) आवै। २१–(बी०) बैठे। २२–(का०) पूरी पंक्ति का अभाव। २३–(बी०) बहु बनिजारे खाँभइ छाये, छत्तीसौ कुरी व्यौपारि; (का०) छत्तिस कुलि बनिजारा, बैसे करहिं बैपार। २४–(का०,बी०) मंदिर। २५–(बी०) देव; (का०) ×। २६–(बी०) देखत पाप झरि जाइ; (का०) पाप हरइ सब झार।

टिप्पणी—(१) काँमा–कामकन्दला। माधोनल–माधवानल। कामकन्दला–माधवानल एक प्रसिद्ध प्रेम-कथा है। यह कथा इस प्रकार है—पुष्पावती नगरमें कामसेन (गोपीचन्द)के राज्यकालमें माधव नामक एक सुन्दर ब्राह्मण रहता था। उनके रूप सौन्दर्यपर वहाँकी सभी नारियाँ मुग्ध थीं। इस कारण राजाने उसे अपने राज्यसे निकाल दिया। वह घूमता-घामता अमरावती (कामावती) पहुँचा। वहाँ वह प्रवेश द्वारपर ही रोक दिया गया। द्वारपर ही खड़ा-खड़ा भीतर बजनेवाले मृदंगमें दोष निकालने लगा। तब राजा उसके गुणोंके प्रति आकृष्ट हुआ और उसे अपने दरबारमें रख लिया। एक दिन सुप्रसिद्ध वेश्या कामकन्दला राज-दरबारमें नृत्य करने आयी। कामकन्दलाके नृत्यपर मुग्ध होकर माधवानलने उसे राजासे प्राप्त पानका बीड़ा दे दिया। कामकन्दला माधवके प्रति आकृष्ट हुई और दोनों एक-दूसरेपर अनुरक्त हो गये। राजाने इससे अपमानित अनुभव किया और उसे अपने राजदरबारसे निकाल दिया। माधव वहाँसे निकाले जाने-के बाद उज्जैन पहुँचा और अपनी प्रेम-कहानी एक मन्दिरके दीवालपर लिख दिया। राजा विक्रमने उसे देखा और पढ़ा और उसके लेखकको ढूँढ़ निकाला। माधव-कामकन्दलाके प्रेमकी बात जानकर विक्रमने कामसेन (गोपीचन्द) को कामकन्दलाको माधवको दे देनेके लिए लिखा। जब उसने देनेसे इनकार किया तो उसके विरुद्ध युद्ध ठान दिया। पश्चात् उन्होंने दोनोंके प्रेमकी परीक्षा ली। कामकन्दलासे कहा कि माधव मर गया और इसी प्रकार माधवसे कामकन्दला-के मृत्युकी बात कही। दोनों अपने प्रेमीकी मृत्यु सुनकर चेतनाहीन हो गये। वैतालने आकर उन्हें जिलाया और उन दोनोंका विवाह करा दिया।

इस कथाके आधारपर १३०० ई० में आनन्दधरने कामकन्दला नाटक लिखा। पश्चात् १५२८ ई० में गुजरातीमें माधवानलदोग्धक प्रबन्ध लिखा गया। तदनन्तर कुशलाभने माधवकामकन्दला-रास और शालिकविने माधवानल नामसे काव्यकी रचना की। १६६० ई० में आलम कविने इस कथाके आधारपर हिन्दीमें एक काव्य लिखा। इस कथापर आश्रित हरनारायण और बोधा नामक कवियोंने भी काव्य रचे हैं।

(२) **नल**–निषध देशका राजा। **दमावती**–दमयन्ती; विदर्भ नगरकी राजकुमारी। नल-दमयन्तीकी कथा नलोपाख्यान नामसे महाभारतके वनपर्वमें पायी जाती

नींचहिं[१०] कोउ[११] न छेड़ै[१२] आजू। देखइ देहु हमारेउ साजू ॥५

कुंडर[15] कान मुकुट[16] सिर सोहै, कर कटार सोन सन[17] मूँठि ।६
प्रीति [इ]नहिं साँची कै जानहु[18], अउर[19] प्रीति सब झूठि ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ ।

१–(ए०, बी०) क । २–(बी०) कपरा । ३–(ए०) नेगिन्ह; (बी०) नेगिहु । ४–(ए०) चढ़ाए; (बी०) चढ़ाय । ५–(बी०) सो रे उन्ह ; (ए०) जो रानन्हि । ६–(ए०) राए रान उरगान; (बी०) राय रान ओरगान । ७–(दि०) आहे । ८–(ए०) आऐस भई बोलावै कहे; (बी०) आये सबै जो बोलावन कहे । ९–(ए०, बी०) जोहारै । १०–(बी०) नीचेहु; (ए०) काहू । ११–(ए०, बी०) कोइ । १२–(ए०) छेरै; (बी०) छेकै । १३–(ए०, बी०) देखै । १४–(ए०, बी०) हमारेव । १५–(ए०) कोंडर; (बी०) कुण्डल । १६–(ए०) मटुक । १७–(ए०, बी०) × । १८–(ए०) प्रीति इन्हहि की साची; (बी०) प्रीति इन्ह की गनियै साँची । १९–(ए०, बी०) और ।

टिप्पणी—(२) **परसाद**–(प्रसाद) अनुग्रह; कृपा ।

(३) **राइ राउ**–राजा लोग । **उरगान**–जायसीके पदमावतमें यह शब्द ओरगानके रूपमें प्रयुक्त हुआ है (९९।९; १२८।२) । वासुदेवशरण अग्रवालने इन स्थलोंपर अरबी शब्द रुक्न (=खम्भ)के बहुवचन अरकानको मूलमें मानकर अमीर-उमरा, प्रधान, सामन्त, माण्डलिक (पृ० १४५), मुख्य, प्रधान व्यक्ति (पृ० ११३) आदि अर्थ किये हैं । किन्तु इसके मूलमें न तो अरबी शब्द है और न इसका वह अर्थ है जो अग्रवालजीने अनुमान किया है । सम्भवतः यह संस्कृतका उरुगाय है । वेदोंमें सूर्यकी गतिशीलताके लिए अनेक स्थलोंपर इस शब्दका प्रयोग हुआ है । उरगानके मूलमें उरुगाय होनेका सम्भावना नरपतिके बीसलदेव-रासमें प्रयुक्त उलिगण, उलिगणा, उलगाणा शब्दोंसे प्रकट होता है—

हस-वाहन मिग लोचन नारि ।
सीस समारइ दिन गिणइ ॥
जिन सिरजइ उलिगण घर नारि ।
जाइ दिहाडाउ झूरित ॥

(हंस जैसी चालवाली मृगलोचनी नारि बाल सँवारते हुए वियोगके दिन गिनते हुए कहती है—भगवान् किसीको उलगानेकी पत्नी न बनाये जिसका जीवन ही बिसूरते बीतता है ।

इणी भव उलिगाणौ हुवौ ।
आवतइ भव होइ कालो हो साँप ॥

इस जन्ममें उलगाना हुआ; अगले जन्ममें वह काला सर्प (अर्थात् घरबार हीन प्रवासी) होगा । इनसे ऐसा जान पड़ता है कि उरगानका प्रयोग ऐसे

व्यक्ति या समाजके लिए होता था जो जीविकोपार्जनकी दृष्टिसे स्थिर नहीं रहते थे। इसी अर्थमें उरगिया शब्द आज भी बुन्देलखण्डीमें प्रचलित है—

सबरे उरगिया उरग जात हैं।
हमहूँ उरग खों जाएँ।
भैया मोरी लागी है उरगकी चाकरी।

गुजरातीमें आज भी ओलग शब्द सेवाके अर्थमें प्रयोग होता है और वहाँ कुछ जगहोंपर भंगीको ओलगाणा कहते हैं। इनके प्रकाशमें देखनेपर उरगान या ओरगानका तात्पर्य या तो सार्थवाह (बनजारों) से है जो व्यापारके निमित्त सदैव घरसे बाहर रहते थे; या फिर उन लोगोंसे है जो अन्यत्रसे आकर सेना आदिमें चाकरी करते थे। प्राचीन कालमें शासन-व्यवस्थामें वणिक् समाजका काफी हाथ रहता था और वे राज-दरबारमें प्रतिष्ठित होते थे। सम्भवतः उन्होंको ओर यहाँ संकेत है। किन्तु पदमावतमें इस शब्दका उपयोग सैनिकोंके प्रसंगमें हुआ है।

(५) **नींचहिं**—निम्न वर्गके व्यक्ति। **साजू**—ठाटबाट।
(६) **कुंडर**—कुण्डल, कानमें पहननेका आभूषण। **सन**—समान।

२४८

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर[1])

राने राइ[1] कुँवर जो बुलाये[2]। बनि बनि सबै जोहारे आये॥१
माँडखण्डो[3] जगती[4] के नाँऊँ। बैठी सभा अपूरब ठाँऊँ॥२
कुँवर थवैतहिं[5] दीन्हें[6] सानाँ। आइ थवाइत आफुहिं पानाँ[7]॥३
तिस तिस[8] पान कह आफुहिं[9] बीरा[10]। पान[11] कपूर गुना मँह नीरा॥४
खैर[12] माँझ[13] कस्तुरी[14] मेराई। मोति क चून सभा सब खाई॥५
राइ[15] नरिन्द नर[16] नरवई[17], सेवा सभै[18] कराँहि।६
आयसु[19] जोवँहि खिन खिन[20], अज्ञा होइ त जाँहि[21]॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ।

१–(ए०) राए; (बी०) राय। २–(ए०, बी०) बोलाये। ३–(ए०) मानखण्डी; (बी०) तरमंडर। ४–(बी०) भुअन। ५–(ए०) थवैतन्ह; (बी०) थवतन्ह। ६–(ए०) दीन्हेव; (बी०) दीन्ही। ७–(ए०) आऐ थवादेर आछहिं पानी; (बी०) आइ थवई तव दीन्हा पाना। ८–(बी०) सठि सठि। ९–(बी०) आफैं। १०–(ए०) सब कहँ आफुहि पान क बीरा। ११–(ए०, बी०) पानी। १२–(ए०)

१. इस प्रतिमें यह कड़वक दो कडवकोंमें बँटा है। आरम्भकी तीन पंक्तियोंके साथ चार अन्य पंक्तियाँ है। दूसरे कड़वकमें तीसरी-चौथी पंक्तियाँ प्रथम दो पंक्तियोंके रूपमें और अन्तिम दो पंक्तियाँ अन्तमें हैं। बीचमें तीन नयी पंक्तियाँ हैं। ये पंक्तियाँ प्रक्षिप्त स्वीकार कर अन्यत्र दी गयी हैं।

खीर । १३-(बी०) माँह । १४-(ए०) कसतुरी; (बी०) कसतूरी । १५-(ए०) रास । १६-(ए०) कुवर नभ (?) । १७-(ए०) नखै; (बी०) राउ राना राउत । १८-(ए०, बी०) सबै । १९-(ए०) आऐस; (बी०) आयेस । २०-(ए०, बी०) खन खन । २१-(ए०, बी०) बिनु अग्या नहिं जाहिं ।

टिप्पणी—**बनि बनि**-बन ठनकर; साज-सँवर कर ।

(३) **थवैतहि, थवाइत**-पनवाड़ी; बरई; पान लगानेवाले । **साँना**-संकेत । **आफुहिं**-तैयार करते हैं । **पानाँ**-पान ।

(४) **तिस तिस**-तीस तीस । **गुवा**-सुपारी ।

(५) **मेराई**-मिलाई । **मोंति क चून**-सीपीका बना चूना ।

(७) **जोवँहि**-जोहते हैं; प्रतीक्षा करते हैं ।

२४९

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

सभा जानु[१] फूली फुलवारी । कुँवर बैठि[२] खाँडै रन[३] भारी ॥१
सुन्दर खतरी[४] बीर अपारा । गजपति बैठे भौंह निहारा ॥२
हैंवरपति बैठे बहु भारी[५] । नरपति गिनत न[६] आउ[७] उन्हारी ॥३
औ भूपति[८] बहु बैठे[९] ताहीं[१०] । आपु आपु मँह बाद कराहीं[११] ॥४
झगरांह नरपति[१२] पाँयहि लागे[१३] । कहहिं न काहू भागहिं[१४] आगे[१५] ॥५
कुँवर चक्कवइ खतरी[१६] जोधा[१७], सूरन[१८] मँह बड़ सूर ।६
पँवरि बारि[१९] तिन्ह[२०] बाजै अहिनिसि[२१], दान जूझ कर तूर ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ ।

१-(ए०) जनु; (बी०) जानहु । २-(ए०, बी०) बैठ । ३-(ए०) पति । ४-(ए०, बी०) खत्री । ५-(दि०) भाँती । ६-(बी०) गनत न; (ए०) गनपति । ७-(ए०, बी०) आव । ८-(ए०, बी०) भुवपति । ९-(बी०) बैठे हैं । १०-(बी०) तहाँ । ११-(बी०) आपु आपु कहुँ बादै कहा । १२-(ए०, बी०) नै पति । १३-(ए०) पतन्ह लागे; (बी०) बानैत बान लागी । १४-(बी०) भाजहिं । १५-(ए०, बी०) आगी । १६-(ए०, बी०) खत्री । १७-(ए०, बी०) × । १८-(ए०, बी०) सूरन्ह । १९-(ए०, बी०) पँवरी बार । २०-(ए०) उठि; (बी०) । उन्ह । २१-(ए०) × ।

टिप्पणी—(२) **गजपति**-मध्यकालीन, राजाओंकी एक उपाधि (देखिये नीचे ३) ।

(३) **हैंवरपति**-अश्वपति । अश्वपति, गजपति, नरपति, इन उपाधियोंका उल्लेख प्रायः मध्यकालीन शिलालेखों और ताम्रपत्रोंमें मिलता है । यथा—परम भट्टारक महाराजाधिराज परमेश्वर परममाहेश्वर-त्रिकलिंगाधिपति निजभुजोपार्जिताश्वपति गजपति नरपति राजत्रयाधिपति कर्णदेव (चेदिनरेश कर्णका

१०४७ ई० का गुहरवा लेख)। इन उपाधियोंका प्रयोग चन्देल, गहड़वाल, हैहय और सेनवशी राजाओंके लेखोंमे भी मिलता है। किन्तु इनका मूल तात्पर्य क्या था इसपर किसीने अबतक प्रकाश डालनेका प्रयास नहीं किया है।

(४) वाद-विवाद; बहस।

(५) झगरहिं-लड़ते हैं। पाँयहि लागे-पैर छूनेके लिए।

(६) चक्कवइ-चक्रवर्ती। खतरी-क्षत्रिय। जोधा-योद्धा। सूरन मँह-शूरोंमें।

(७) पँवरि बारि-प्रवेश द्वार। अहि-निसि-दिनरात। तूर-एक प्रकार का उद्घोषक वाद्य; तुरही।

२५०

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

कुँवर पान दै सभा बहोरी। चुनि चुनि राखिसि आपन जोरी ॥१
कँहाहि[1] नाच तुम्ह[2] देखहु आजू। माँगिसि[3] सब नटसार का[4] साजू ॥२
नटुवा पतुरी[5] नायक[6] आये। आये[7] पखाउजि[8] सबद सुहाये[9] ॥३
आय[10] उपांगी नाद जो देहीं। ताल गंभीर नाँउँ[11] सा[12] लेहीं ॥४
जन्त्रकार[13] गर सुर[14] जो गावहिं। ब्रह्मबीन[15] सुरबीन[16] बजावहिं ॥५
सबदसुरा सुरमण्डल[17] ओधूती[18], रुद्रबीन[19] लै आइ[20] ।६
बाँस पिनाक[21] सारंगी[22], मांदर[23] काहल सबद सुहाइ[24] ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ।

१-(बी०) कहिसि। २-(ए०) तोह। ३-(बी०) माँगहिं ४-(ए०) क; (बी०) के। ५-(ए०) पतरै; (बी०) पत्रै। ६-(बी०) कछिके। ७-(बी०) आय। ८-(ए०) पखाउज; (बी०) पखाउजी ९-(ए०, बी०) सोहाये। १०-(बी०) आय। ११-(बी०) ताउ। १२-(बी०) सेंउ; (ए०) सिंउ। १३-(ए०) जंत्रकाल। १४-(ए०) कर सुसर; (बी०) औ सुसर। १५-(ए०, बी०) बर्मवेनु। १६-(बी०) सर बैनु; (ए०) सर बीनु। १७-(ए०) सरासर मण्डल; (बी०) सरिसर मन्द्र। १८-(ए०) अधुती; (बी०) अधौटी। १९-(ए०) रुद्रबेनु; (बी०) रुद्रबैन। २०-(ए०) आए; (बी०) टंकारि। २१-(ए०) उपांग। २२-(ए०) सरंगी। २३-(ए०) ×; गहुली बाँस पिनकि सरंगी। २४-(ए०) काह लगा सोहाय; (बी०) औ सब बाजन झारि।

टिप्पणी—(१) **बहोरी**-विसर्जित किया। **जोरी**-जोड़ी; साथी।

(२) **मांगिसि**-माँगा। **नटसार**-नाट्यशाला। **साजू**-सज्जा।

(३) **नटुवा**-नट; अभिनेता। **पतुरी**-वेश्या। **नायक**-नाट्य-नृत्यके प्रधान। **पखाउजि**-पखावज बजानेवाले। पखावज मृदंगका एक रूप है जो आकृतिमें उससे कुछ लम्बा होता है। इसका चलन उत्तर भारतमें है। मृदंगका प्रचार दक्षिणमें है।

(४) **उपांगी**–उपांग बजानेवाले। उपांग नभतरंगका नाम है। यह तुरहीके आकारका होता था और गलेपर लगा कर नसोंको फुलाकर बजाया जाता था। मथुरा-वृन्दावनकी ओर इसका विशेष प्रचार था। (टी० ए० मुखर्जी, आर्ट मैन्यूफैक्चरर्स आव इण्डिया, पृ० ९५)।

(५) **जन्त्रकार**–जन्त्र नामक वाद्य बजानेवाले। जन्त्र नामक वाद्यमें गज भर लम्बी लकड़ीकी खोखली नलीके दोनों सिरोंपर तूँबेके अधकटे भाग लगे होते हैं और गर्दनपर सोलह खूँटियाँ होती हैं जिनमें लोहेके पाँच तार लगे होते हैं। खूँटियों द्वारा स्वरोंका उतार-चढ़ाव किया जाता है। **गर**–गला। **ब्रह्मबीन**–वीणाका एक प्रकार। **सुरबीन**–वीणाका प्रकार।

(६) **सबदसुरा**–कोई वाद्य। **सुरमण्डल**–(स० स्वरमण्डल) यह प्राचीन कात्यायनी वीणा या शततन्त्री वीणाका रूप है। कल्लिनाथके कथनानुसार स्वरमण्डल मत्तकोकिला वीणाका नाम है। संगीत-रत्नाकरमें २१ तारोंवाली वीणाको मत्तकोकिला कहा गया है। पोपलीकी धारणा है कि कानून नामक ईरानी वाद्य, जिसमें ३७ तार होते हैं, स्वरमण्डलका ही रूप है। वे अंगरेजी पियानोंको भी स्वरमण्डलका ही विकसित रूप मानते हैं। (म्यूजिक आव इण्डिया, पृ० ११६)। चित्रावलीमें सुरमण्डलमें बत्तीस तार कहे गये हैं (सुरमण्डल तहँ अपुरुब दीसा। एक सरासन पइँच बतीसा॥ ७२।५)। यह मिजराब द्वारा बजाया जाता है। **औधूती**-कोई वाद्य। **रुद्रबीन**–प्राचीन रुद्रबीनका आधुनिक नाम रवाब है। (मुखर्जी, आर्ट मैन्यूफैक्चर्स आव इण्डिया, पृ० ८२) जो स्पेनमें रेबेक कहलाता है। वायलिनका विकास भी इसीसे हुआ है। रुद्रवीणामें सात तार तथा बाइस पर्दे होते हैं; यह दो तूँबीवाली वीणा है। इसमें किनारेकी ओर मयूरकी आकृति होती है।

(७) **बाँप**–बाँसुरी। **पिनाँक**–यह अत्यन्त प्राचीन वाद्य है। कहा जाता है कि इसका आविष्कार शिवने किया था। यह तारोंवाला बाजा है जो चाप या धनुहीसे बजाया जाता है। **सारंगी**–लोक-प्रसिद्ध वाद्य जो धनुष द्वारा बजाया जाता है। **माँदर**–एक प्रकारका मृदंग। **काहल**–वाद्य विशेष।

२५१

(दिल्ली; बीकानेर)

बाजे साज[1] सबद सब[2] थापे। छवो सपूरन राग अलापे ॥१
औ [जो तीसो][3] भारजा अहीं[4]। एक एक रागहिं[5] पँच पँच[6] गहीं ॥२
प्रथम[7] नाद एक उन्ह[8] किया। भैरों बहुरि अलापैं लिया ॥३
मधुमाधो[9] मँधुरा[10] अलापी। बंगला बैराटिक[11] थापी ॥४
औ गुनकरी सँपूरन गाई[12]। यहि[13] भारजा भैरों आई[14] ॥५

भैरो पंच बरंका[१५], गार्योहं[१६] सबै सपूर[१७] ।६
फिर[१८] मालकोस क अलापहिं, जिह क नाँव[२०] [बड़ि दूर[२१]] ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति ।

१–× । २–जहाँ लहु । ३–(दि०) छत्तीस । ४–(दि०) आहीं । ५–राग । ६–पाँच पाँच । ७–प्रथमहिं । ८–उन । ९–मधुमाधवी । १०–ऐसोधरी, ११–बंगाल वर त्रोटक । १२–भई । १३–यहै । १४–अई । १५–भैरौ पाँच बार गन । १६–गाइन्हि । १७–संपूरी । १८–बहुरि । १९–अलापिन्ही सुधिसै । २०–जिन्ह कान है । २१–(दि०) बड़वार ।

टिप्पणी—(१) **साज**—वाद्य । **सबद**—नाद । **थापे**—चोट किया । **सपूरन**—सम्पूर्ण । **छवो राग**—छ राग । भारतीय संगीत शास्त्रमें रागोंका सर्वप्रथम उल्लेख मातगमुनि कृत बृहद्देशीमें मिलता है । इसकी रचना कालके सम्बन्धमें निश्चित रूपसे कुछ कहा नहीं जा सकता । कुछ विद्वानोंका अनुमान है कि यह चौथी और सातवी शताब्दीके बीच किसी समय लिखा गया; पर कुछ लोग उसे नवीं शताब्दीसे पूर्वकी रचना नही मानते । इस ग्रन्थमें सात प्रकारके गीतोंका उल्लेख है और उनमें एक प्रकारके गीतका नाम राग-गीत बताया गया है । बारहवीं शताब्दीमें मानसोल्लासके सुविख्यात रचयिता सोमेश्वरने संगीत-रत्नावली नामसे एक संगीत-ग्रन्थ लिखा था । उसमें आठ रागोंका उल्लेख है । इनमे इन रागोंके अतिरिक्त संगीतके अन्य बहुतसे रूपोंकी चर्चा है जो आगे चलकर रागिनियों अथवा रागोंके भार्यायोके नामसे पुकारी गयीं । राग-रागिनियों सरीखा भेद सर्वप्रथम संगीत-मकरन्दमे प्रकट होता है । इसे नारद रचित कहा जाता है । अनुमान है कि यह सातवी और ग्यारहवी शतीके बीच किसी समयकी रचना है । इस ग्रन्थमें रागोंके तीन भेद कहे गये हैं–पुलिंग-राग, स्त्री-राग और नपुंसक-राग । बताया गया है कि रौद्र, अद्भुत और वीर रसके उद्बोधनके लिए पुलिंग-राग, शृंगार, हास्य और करुण रसके उद्बोधनके लिए स्त्री-रागका और भयानक, वीभत्स तथा शान्त रसके उद्बोधनके लिए नपुंसक-रागका उपयोग किया जाना चाहिए । इस भेदके साथ इस ग्रन्थमें २० पुलिंग, २४ स्त्री और १३ नपुंसक रागोंकी सूची दी गयी है । इनके अतिरिक्त, संगीत-मकरन्दमें राग-रागिनियोंकी उस परिपाटीकी भी चर्चा है जिसमें छ राग माने गये हैं । इनके सम्बन्धमें कहा गया है कि इनकी उत्पत्ति शिव और शक्तिसे हुई है । शिवके पाँच मुखोंसे श्रीराग, बसन्तराग, भैरवराग, पंचमराग, और मेघरागकी तथा पार्वतीके मुखसे नटनारायण-रागकी उत्पत्ति हुई । रागोंकी यह नामावली सोमेश्वर देवके राग-दर्पण (बारहवी शताब्दी) में भी उपलब्ध है । किन्तु इसके बादके संगीत-ग्रन्थोंमें रागोंकी नामावलियोंमें काफी भेद पाया जाता है । उदाहरणतः चौदहवीं शतीमें रचित रागार्णवमें छ रागोंके नाम हैं–भैरव, पंचम, नट,

मलार, गौड़मालव और देशाख। पन्द्रहवीं शतीके पूर्वार्द्धमें रचित नारद कृत पंचम-संहितामें इनके नाम मालव, मल्लार, श्रीराग, बसन्त, हिंडोल, और कर्णाट बताये गये हैं। उसी शतीके उत्तरार्धमें हुए संगीत-शास्त्री कल्लीनाथके अनुसार रागोंके नाम हैं—श्रीराग, पंचम; भैरव, मेघ, नटनारायण और बसन्त। सोलहवीं शतीके आरम्भकी रचना मेषकर्ण कृत रागमालामें रागोंकी नामावली इस प्रकार है-भैरव, मालकौशिक, हिंडोल, दीपक, श्रीराग और मेघराग। कुतुबनने रागोंके नामके लिए मेषकर्ण की सूची अपनायी है और उसीके क्रमसे रागोंकी इस तथा आगेके कड़वकोंमें उल्लेख किया है।

(२) **तीस भारजा** (भार्या)—उपर्युक्त प्रत्येक रागकी पाँच-पाँच भार्याओं, इस प्रकार तीस रागिनियोंका भी उल्लेख कुतबनने किया है। उन्हींकी तरह अधिकांश संगीत-ग्रन्थोंमें तीस रागिनियोंका उल्लेख मिलता है पर कहीं-कहीं छत्तीस रागिनियोंकी भी चर्चा पायी जाती है। संगीत ग्रन्थोंमें रागोंकी तरह ही रागोंके साथ रागिनियोंके भार्या-सम्बन्धमें भी काफी मतभेद पाया जाता है। एक ही रागिनीको लोगोंने एक दूसरेसे भिन्न राग की भार्या बताया है। कुतबनने संगीत-शास्त्रकी किस परम्पराके अनुसार अपनी भार्या-सूची प्रस्तुतकी की है, नहीं कहा जा सकता। उनकी सूची संगीत-शास्त्रोंकी किसी ज्ञात सूचीसे मेल नहीं खाती। यही नहीं, उनके कहे भार्या सम्बन्धमेंसे अनेकका किसी सूत्रसे समर्थन भी नहीं होता। इस प्रकार उन्होंने किसी अज्ञात परम्पराकी नयी सूची प्रस्तुत की है।

(३) **भैरों** (भैरव)—इस रागका सम्बन्ध शैव सम्प्रदायसे माना जाता है। ऐसा अनुमान किया जाता है कि यह मूलतः आश्विन मासमें शैव सम्प्रदायके किसी विशेष उत्सवके अवसरपर गाया जानेवाला संगीत था। संगीतज्ञ अब इसे शरद ऋतुका संगीत मानते हैं। रागोंका सम्बन्ध ऋतुके साथ तो माना ही जाता है; साथ ही उनका सम्बन्ध समयके साथ भी जोड़ा गया है। तदनुसार भैरव राग ब्राह्म मुहूर्त (सूर्योदयसे पूर्व) का राग है। किन्तु कुतुबनके उल्लेखसे इस प्रकारकी कोई बात प्रकट नहीं होती।

(४) **मधुमाधो** (मधु-माधवी)—भैरवकी भार्याके रूपमें मधुमाधवीका उल्लेख अन्यत्र हमें सर्वप्रथम राधाकृष्ण कवि रचित रागकुतूहल (१८५३ वि०–१७९१ ई०) में प्राप्त होता है। इससे पूर्व किसीने इसे भैरवकी भार्या बताया है, हमें ज्ञात नहीं। यों इस रागिनीका सर्वप्रथम उल्लेख सोमेश्वरदेव कृत रागदर्पण (११३१ ई० के लगभग) में मिलता है। वहाँ इसे श्रीरागकी भार्या कहा गया है। यह रागिनी सूर्योदयके उपरान्त प्रारम्भिक तीन पहरोंमें गेय कही गयी है। **मँधुरा** (मधुरा)—इस नामकी रागिनीका उल्लेख भैरवकी भार्याके रूपमें हमें कहीं प्राप्त न हो सका। मधुराका उल्लेख कल्ली-

नाथ (१४६० ई०) ने मेघरागकी भार्याके रूपमें किया है। यह रागिनी किस समय गायी जाती है, इसका उल्लेख भी हमें कहीं नहीं मिला। **बंगला**—अधिकांश संगीतशास्त्रियोंने इसका उल्लेख भैरवकी भार्याके रूपमें किया है; और इस आशयका प्राचीनतम उल्लेख सोमेश्वरदेवके रागदर्पण-में है। किन्तु कल्लीनाथने इसे मेघरागकी भार्या कहा है। यह प्रातःकालीन रागिनी है। **बैराटिक**–इसका उल्लेख बराटी अथवा बैराटीके रूपमें संगीत-शास्त्रमें मिलता है। भैरवकी भार्याके रूपमें बैराटीका उल्लेख हनुमान–सम्प्रदायके संगीतकारोंने किया है। हनुमानके समयके सम्बन्धमें कुछ कहा नहीं जा सकता। आंजनेय (हनुमान) नामक संगीत-शास्त्रीका उल्लेख अभिनवगुप्त (१०३० ई०), सारंगदेव (११४७ ई०), शारदा-तनय (१२५० ई०) और कल्लीनाथ (१४६० ई०) ने किया है; किन्तु इनका कोई ग्रन्थ आज उपलब्ध नहीं है। सम्भव है कुतुबनने इसी सम्प्रदायका अनुकरण करते हुए इसे भैरवकी भार्या कहा हो। अन्यथा बैराटीका उल्लेख आचार्य मम्मट (सम्भवतः ग्यारहवीं शतीके प्रख्यात काव्यमर्मज्ञ काव्य-प्रकाशके रचयिता) के संगीतरत्नमालामें देशाखकी, सोमोश्वरदेवके राग–दर्पणमें बसन्तरागकी, रागार्णवके साक्ष्यसे शारंगधर-पद्धति (१३६३ ई०) में पंचमकी और मेघकर्ण कृत रागमाला (१७६१ ई०) में श्रीरागकी भार्याके रूपमें मिलता है। पुण्डरीक विट्ठलने अपनी रागमालामें इसे सदा गेय बताया है।

(५) **गुनकरी**–भैरवकी भार्याके रूपमें इसका उल्लेख ·गीतशास्त्रोंमें बारहवीं शताब्दीसे ही पाया जाता है। किन्तु सर्वत्र इसका उल्लेख भैरवकी भार्याके रूपमें ही हो, ऐसा नहीं है। पुण्डरीक विट्ठलने इसको श्रीरागकी भार्या कहा है। यह प्रातःकालीन (प्रथम पहर) की रागिनी है।

(७) **मालकोस**–यह राग है और इसका प्राचीन नाम मालव-कौशिक है। इसका सम्बन्ध मालव देशसे समझा जाता है। यह किस ऋतु अथवा किस समय-का राग है इसका स्पष्ट उल्लेख किसी संगीत ग्रन्थमें मुझे प्राप्त न हो सका। मातंग (५-७ शताब्दी ई०) ने बृहद्देशीमें इसका उल्लेख मालव-कौशिक नामसे भाषा गीतके रूपमें किया है। मालव रागका उल्लेख मम्मटने संगीत रत्नमाला, नारद और दत्तिलने राग-सागर, नारदने पंचमसंहितामें और कौशिक नामक रागका उल्लेख नारदने चत्वारिंशत्रागनिरूपणम्में किया है। सम्भवतः इन सबका तात्पर्य मालकोससे ही है। मालकौशिक नामसे इस रागका उल्लेख सर्वप्रथम मेघकर्णकी रागमालामें है जो सोलहवीं शतीके आरम्भकी रचना है। इनके अनन्तर परवर्ती संगीत शास्त्रोंमें इसकी प्रायः चर्चा है पर कुछ ही ने इसकी गणना छ रागोंमें की है।

२५२

(दिल्ली; बीकानेर)

[वहि*[1]] अलाप भारजा अलापी[2] । वइ[3] पाँचो[4] सुद्ध सेउँ[5] थापी[6] ॥१
गौरी देवकली[7] औ टोड़ी । कँकुभ[8] खंभावती[9] न[10] छोड़ी ॥२
फिर[11] हिंडोल क[12] आयउ बारा[13] । पाँच भारजा साथ उभारा[14] ॥३
बैरारी विचित्र अलापी । औ देसाख नाँटाँ वै[15] थापी ॥४
सहजकथा औ देसी[16] जो गाई । पाँचहु साथ हिंडोल[17] कराई ॥५
एक न दीपक[18] गायहिं[19] जानत[20], जिह[21] गाये है दोख ।६
गायहिं[22] पँच[23] बरंका[24] जिह कहँ आहे[25] मोख ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति ।

१–वाहि । २–अलापिन्हि । ३–औ । ४–पाँचो ऊ । ५–सुधि सै । ६–थापिन्हि । ७–गुन करी । ८–गुनकह । ९–(दि०) कंभावती । १०–नहिं । ११–बहुरि । १२–कर । १३–आयेउ पारा । १४–उचारा । १५–नटी क । १६–साजक तार नट । १७–हिंदोल । १८–दीपग । १९–गाइन्हि । २०–जन तेहि । २१–जेहि । २२–गाइन्ह । २३–पाँच । २४–भारजा । २५–जेहि गाये है ।

टिप्पणी—(२) **गौरी**–सम्भवतः यह गौड़ीका रूप है और इसका सम्बन्ध गौड़ देशसे है। आरम्भकालिक प्रायः सभी संगीत शास्त्रियोंने इसे श्रीरागकी भार्या बताया है। मालकोशकी भार्याके रूपमें गौरीका सर्वप्रथम उल्लेख भावभट्ट (१९७४ वि—१७०१ ई०) के अनूपसंगीतांकुशमें मिलता है। परवर्ती संगीत ग्रन्थोंमें प्रायः मालकोशके भार्याके रूपमें ही इसका उल्लेख हुआ है। किन्तु पुरुषोत्तम मिश्र (१७३० ई०) ने संगीतनारायणमें इसे मेघरागकी भार्या बताया है। यह सन्ध्याकालीन रागिनी कही गयी है। **देवकली**–संगीतशास्त्रोंमें सम्भवतः इसके ही देवगिरि, देवक्रिया, देवश्री रूप पाये जाते हैं। भैरव, मेघ, बसन्त, हिण्डोल, अथवा शुद्धनाटकी भार्याके रूपमें इसका उल्लेख विभिन्न संगीत शास्त्रोंमें पाया जाता है। इसे कहीं भी मालकोसकी भार्या नहीं कहा गया है। अतः इसके अपपाठ होनेका अनुमान किया जा सकता है। बीकानेर प्रतिमें इसके स्थानपर गुनकरीका नाम दिया हुआ है और कुछ परवर्ती ग्रन्थामें गुनकलीका नाम मालकोशकी भार्याके रूपमें आया है। इससे इस धारणाकी पुष्टि भी होती है। किन्तु गुनकरीका नाम कुतुबनने भैरवकी भार्याके रूपमें पहले ही किया है। अतः इस पाठान्तरको स्वीकार करना कठिन है। ऐसी अवस्थामें यही मानना होगा कि देवकली ही कुतुबनका मूल पाठ है। वे देवकलीको मालकोशकी भार्या कहनेवाले एकाकी है। **टोड़ी**–इसके टुण्डी, टुडिका, टोड़िका, टुड़ी आदि अनेक नाम देखनेमें

आते हैं। मालकोशकी भार्याके रूपमें इसका उल्लेख सर्वप्रथम नारद कृत चत्वारिंच्छत्रागनिरूपणम् (१५२५-१५५० ई०) में मिलता है। इससे पूर्वके संगीतग्रन्थोंमें यह विविध रागों, यथा—पटमंजरी, नाट, वसन्त, दीपक, हिंडोलकी भार्या बतायी गयी है। इसकी गणना प्रातः कालीन रागिनियोंमें की जाती है। कँकुभ (ककुभ)–ओ० सी० गांगुली का अनुमान है कि इस रागिनीके नामके मूलमें ककुभ नामक वह ग्राम है, जो देवरिया (उत्तरप्रदेश) में सलेमपुर-मझौलीके निकट स्थित था और आज कल कहाँव कहलाता है। वहाँसे सम्राट् स्कन्दगुप्तका एक स्तम्भ-लेख प्राप्त हुआ है जिसमें इस ग्रामको "ख्यातेस्मिन् ग्रामरत्ने ककुभ इति जनैः साधु संसर्ग पूते" कहा गया है। इससे अनुमान होता है कि गुप्त-काल में यह ग्राम अवश्य ही महत्त्वपूर्ण सांस्कृतिक केन्द्र रहा होगा। यदि उस कालमें वहाँ इस रागिनीका विकास हुआ हो तो कोई आश्चर्यकी बात न होगी। यों भी, यह रागिनी काफी प्राचीन है, यह मातंग (५-७ शती ई० के बीच) कृत बृहद्देशीसे सिद्ध है। उसमें ककुभका उल्लेख साधारण गीतिके रूपमें किया गया है। तदनन्तर ककुभा नामसे इसका उल्लेख सन्धिरागके रूपमें नाट्यलोचन (८५०-१००० ई०) में हुआ है। सारंगदेव (१२१०-१२४७ ई०) ने संगीत-रत्नाकरमें इसकी गणना साधारित रागोंमें की है और इसका सम्बन्ध षडज और मध्यम दोनों ग्रामोंसे बताया है। राग-भार्याके रूपमें इसका सर्वप्रथम उल्लेख कल्लिनाथ (१४६० ई०) ने किया है। उन्होंने इसे पंचम रागकी भार्या बताया है। इसे मालकोसकी भार्या माननेवाले संगीत-शास्त्री एक-आध ही हैं। इस रूपमें इसका प्राचीनतम उल्लेख भावभट्ट (१६७४-१७०१ ई०) के अनूपसंगीतांकुशमें जान पड़ता है। **खम्भावती**–इस नामके मूलमें सम्भवतः गुजरातका खम्भात नामक नगर है जो अपनी समृद्धि और व्यवसायके लिए चिरकालसे प्रसिद्ध रहा है। इस रागिनीका सर्वप्रथम उल्लेख नाट्यलोचनमें, सन्धिरागके रूपमें हुआ है। तदनन्तर पार्श्वदेव (१२५० ई०) कृत समयसारमें उपांगोंकी सूचीमें षाडवके अन्तर्गत इसका नाम आया है। लोचन-कवि (१३७५ ई०) ने अपने रागतरंगिणीमें १२ मेलो (मूल रागों) की जो चर्चा की है, उसमें केदारके अन्तर्गत जन्यरागके रूपमें खम्भावतीका उल्लेख किया है। राग-भार्या के रूपमें इसका सर्वप्रथम उल्लेख चतुर्विंशच्छत्-रागनिरूपणम् में मिलता है। वहाँ उसे पंचमरागकी भार्या कहा गया है। मालकौशिककी भार्याके रूपमें पहला उल्लेख भावभट्टके अनूपसंगीतांकुशमें है।

(३) **हिंडोल**—राग-गीतिके रूपमें हिंडोलककी चर्चा सर्वप्रथम मातंग कृत बृहद्देशी-में, जो ४थी ७वीं शताब्दीके बीचकी रचना है, प्राप्त है। तदनन्तर सोमेश्वर कृत मानसोल्लासमें रागोंकी जो सूची है, उसमें आठ रागोंमें हिंडोलका भी

उल्लेख है। इस प्रकार यह प्राचीन रागोंमें है; फिर भी छ रागोंकी जो सूची विभिन्न संगीत-ग्रन्थोंमें मिलती है, उसमेंसे कुछमें ही इसका उल्लेख है। इसके सम्बन्धमें धारणा है कि आरम्भमें यह आदिम अनार्योंके झूलेसे सम्बन्ध रखनेवाले किसी आनन्दोत्सवका संगीत रहा होगा। पीछे चलकर लोगोंने इसका सम्बन्ध दोलोत्सव अथवा डोल-यात्रा तथा राधा-कृष्ण सम्बन्धी झूलेके उत्सवसे, जो श्रावणके महीनेमें होता है और उत्तर भारतमें अति प्रचलित है, जोड़ लिया।

(४) **बैरारी**–(बैराटी) सम्भवतः इसका सम्बन्ध बरार अथवा प्राचीन विराट्-राज्य से है, जिसका उल्लेख महाभारतमें हुआ है। बराटी नामसे इसका सर्व प्रथम उल्लेख मम्मट कृत संगीत-रत्नमालामें है। वहाँ इसे देशाखकी भार्या कहा गया है। सोमेश्वरदेवने रागदर्पणमें बराटीको बसन्त रागकी भार्या बताया है। तेरहवीं शती रचित रागार्णवके आधारपर उससे कुछ पीछेकी रचना शारंगधर-पद्धतिमें बराटीको पंचमकी भार्या कहा गया है। हिण्डोलकी भार्याके रूपमें सर्वप्रथम उल्लेख बराड़ी नाम से नारद कृत पंचमसंहिता (१४४० ई०) में हुआ है। बैरारी नामका सर्वप्रथम उल्लेख कल्लीनाथने पंचमकी भार्याके रूपमें किया है। हिण्डोलकी भार्याके रूपमें इसका उल्लेख अन्यत्र कहीं देखनेमें नहीं आया। **देसाख**–संगीत ग्रन्थोंमें इसका देसाख्य रूप भी देखनेमें आता है। इसके मूलके सम्बन्धमें किसी प्रकारका अनुमान सम्भव नहीं है। देसाग नामसे एक सालंक रागका उल्लेख नाट्यलोचनमें हुआ है। यदि देसाग और देसाख एक ही हैं तो यह इसका प्राचीनतम उल्लेख है। राजा नान्यदेव कृत सरस्वती-हृदयालंकार (१०९७-११५४ ई०) में देशाख्यकी चर्चा मुख्य भाषा-गीतोंमें है। राग-भार्याके रूपमें सर्वप्रथम कल्लीनाथने इसका उल्लेख देवसाग (देवशाख) नामसे किया है और इसे बसन्त रागकी भार्या कहा है। पुण्डरीक विट्ठलकी रागमालामें यह देसाक्षी नामसे शुद्धनाटकी भार्या कही गयी है। चत्वारिंशच्छत्रागनिरूपणम्में इसका उल्लेख कौशिककी भार्याके रूपमें है। हिण्डोलकी भार्याके रूपमें देशाक्षीका उल्लेख सर्वप्रथम भावभट्टने अनूप-संगीतालंकारमें किया है। इसके अनन्तर ही इस रूपमें इसका उल्लेख कुछ संगीत-ग्रन्थोंमें मिलता है। **नाँटा**–बीकानेर प्रतिमें पाठ नटी है। नट, नाट, नाटनारायण नामके राग और नट तथा नाटिका नामकी रागिनीका उल्लेख संगीत ग्रन्थोंमें मिलता है। रागिनी रूपमें सम्भवतः यहाँ नट अथवा नाटिकासे ही तात्पर्य है। किन्तु राग-रागिनियोंकी किसी भी सूचीमें इन दोनोंकी चर्चा हिण्डोलकी भार्याके रूपमें नहीं है। उसे सर्वत्र नटनारायण, दीपक अथवा भैरवकी ही भार्या कहा गया है।

(५) **सहजकथा**–इस नामकी किसी रागिनीका उल्लेख किसी संगीतग्रन्थमें उपलब्ध

नहीं है। अतः कहना कठिन है कि इस नामकी कोई रागिनी रही है। **देसी**—यह नाम किसी स्थानिक संगीतके लिए प्रयुक्त होकर ही प्रचलित हुआ होगा ; किन्तु इसका अभिप्राय किस स्थानसे है, अनुमान करना कठिन है। इतना ही कहा जा सकता है कि राग-रागिनियोंके प्रसंगमें इस नामका प्रचलन काफी पुराना है। नारद कृत संगीतमकरन्द (७-९ शती ई०) में सर्वप्रथम इसका उल्लेख पड्मंजरीके उपरागके रूपमें हुआ है। मम्मटने इसे मलारकी भार्या कहा है। सोमेश्वरदेव इसे बसन्तकी भार्या मानते हैं। रागार्णवके अनुसार यह पंचमकी भार्या है। हिण्डोलकी भार्याके रूपमें देसी-का उल्लेख केवल चत्वारिंशच्छत्रागनिरूपणम्में है। यह मध्याह्नकी रागिनी है।

(६) **दीपक**—दीपक-रागका सर्वप्रथम उल्लेख पार्श्वदेव कृत संगीत समय-सार (लगभग १२५० ई०)में रागांगोंके रूपमें हुआ है। तदनन्तर नारद कृत पंचम संहिता (१४४० ई०) में हिडोलकी भार्याके रूपमें दीपिका नामक रागिनीका उल्लेख मिलता है। राग-परिवारमें रागके रूपमें दीपकका उलेख सर्वप्रथम मेषकर्णने रागमाला (१५०९ ई०) में किया है। किन्तु सभी राग-सूचीमें इसका नाम नहीं मिलता। कुतुबनने इसके गानेमें दोष माना है। इससे जान पड़ता है कि इस कालतक यह निषिद्ध राग था। पीछे सम्भवतः यह बात नहीं रही। तानसेन द्वारा इसके गाये जानेका उल्लेख मिलता है।

२५३

(दिल्ली; बीकानेर)

परसिचन्द[१] **कामोदक[२] देसी। पटमंजरी** कराकेसी[३] ॥१
ये[४] दीपक भारजा बखानी। मेघराग से चौकर[५] आनी ॥२
मालसिरी सारंग बरारी[६]**। धनासिरी औ कही गंधारी[७]** ॥३
मेघराग उन्ह[८] पाँचहि माँथा[९]। कीन्ह अलाप[१०] एकहि साथा ॥४
खस्टम स्रीराग उन्ह किया। ऊँच अलापहिं सुध सेउ[११] लिया ॥५
हेमकली[१२] मलार गूँजरी, भीँउपलासी[१३] कीन्ह ।६
स्रीराग कै ये भारजा, कहौं राग कै[१४] चीन्ह ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति।

१–नीरस चींद। २–कमोदकर। ३–को रे कहेसी। ४–ए। ५–से एकरि। ६–बैरारी। ७–(दि०) आउ यहै अँधियारी। ८–उनि। ९–पंचम थापा। १०–गहि अलापिन्हि। ११–अलापै उनि सुधि सै। १२–हेमकरी। १३–भीमपाली। १४–जो कहि तू गहि।

टिप्पणी—(१) **परसिचन्द**—इस नामकी किसी रागिनीका उल्लेख संगीतग्रन्थोंमें उपलब्ध नहीं है। सम्भव है यह अपपाठ हो। **कामोदक**—इस रागिनीका

नामकरण कुमुद नामक पुष्पपर हुआ जान पड़ता है। इसकी गणना प्रातःकालीन रागिनियोंमें की जाती है। नाट्यलोचनमें इसे सन्धि राग कहा गया है। भार्या-परम्परामें इसका उल्लेख सर्वप्रथम नारद कृत संगीत-मकरन्दमें है। वहाँ इसे पंचम रागकी भार्या कहा गया है। रागदर्पणमें सोमेश्वरदेवने नटनारायणकी, रागार्णवमें देसाखकी, नारदने पंच संहितामें कर्णाटकी, कल्लिनाथने मेघकी भार्या कहा है। दीपककी भार्याके रूपमें सर्वप्रथम उल्लेख मेषकर्णकी रागमालामें प्राप्त है। किन्तु छ रागोंके अन्तर्गत दीपककी गणना करनेवाले संगीतग्रन्थोंमेंसे अधिकांशमें कामोदकका उल्लेख उसकी भार्याके रूपमें नहीं मिलता। **देसी**–इसका उल्लेख पूर्ववर्ती कड़वकमें हिण्डोलकी भार्याके रूपमें हो चुका है। यहाँ दीपकरागकी भार्याके रूपमें पुनः उल्लेख सन्देह उत्पन्न करता है। कुतुबनने कदापि एक ही रागिनीका दो रागोंकी भार्याके रूपमें उल्लेख न किया होगा। किन्तु उन्होंने इसका उल्लेख वस्तुतः किस रागके साथ किया है और कौन-सा पाठ दोषजानत उल्लेख है, कहना सुगम नहीं है। दीपककी भार्याके रूपमें देसीका उल्लेख हनुमानके अनुयायी रुगातज्ञोंने किया है। हिण्डोलकी भार्याके रूपमें बीकानेर प्रातमें देसीके स्थानपर नट पाठ है। और नटाका भी वहाँ पूर्व पंक्तिमें उल्लेख है। इस कारण नट पाठ यहाँ ग्राह्य न होगा। इस बातकी सम्भावना हो सकती है कि वहाँ कोई भिन्न नाम रहा हो। कराकेसाके साथ देसी का ही तुक होनेसे यहाँ किसी अन्य नामकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। किन्तु कराकेसी पाठ भी संदिग्ध है। **पटमंजरी**–इस नामके सम्बन्धमें धारणा है कि इसका मूल नाम प्रथम-मंजरी था और बसन्त ऋतुके साथ इसका सम्बन्ध था। यह किसी भी समय गेय है। मातंगके बृहद्देशीमें इसकी गणना भाषा गीतोंमें की गयी है और इसका सम्बन्ध हिण्डोलक रागसे बताया गया है। नारदने संगीतमकरन्दमें पदमंजरी नामसे रागके रूपमें इसका उल्लेख किया है। रागिनीके रूपमें पटमञ्जरी नामसे सर्व-प्रथम उल्लेख मम्मटने संगीतरत्नमाला में किया है। उसका सम्बन्ध उन्होंने मलारसे माना है। सोमेश्वरने इसे पंचमकी, पंचमसंहितामें नारदने बसन्तकी, पुण्डरीक विट्ठलने हिण्डोलकी भार्या माना है। ब्रिटिश संग्रहालय, लन्दनकी रागमाला चित्रावलीमें इसका अंकन भैरवकी भार्याके रूपमें हुआ है। केवल मेषकर्ण कृत रागमालामें इसकी चर्चा दीपककी भार्याके रूपमें प्राप्त है। **कराकेसी**–इस नामकी किसी रागिनीका उल्लेख कहीं प्राप्त नहीं है। सम्भवतः यह भ्रष्ट पाठ है।

(२) **मेघराग**–जैसा कि यह नामसे ही स्पष्ट है यह वर्षाऋतु का राग है। इसका सर्वप्रथम उल्लेख सोमेश्वरदेव कृत रागदर्पणमें है।

(३) **मालसिरी** (मालश्री)–सम्भवतः इसका मूलरूप मालवश्री है। इस रूपमें

यह मम्मट कृत संगीतरत्नमालामें कर्णाटकी रागिनी कही गयी है। सोमेश्वरदेवने मालश्रीका उल्लेख श्रीरागकी भार्याके रूपमें किया है। नारद (पंचमसंहिता) ने इसको मालवकी, मेघकर्णने मालकोशकी, पुण्डरीक विट्ठलने शुद्धनाटकी और चत्वारिंशच्छत्-राग-निरूपणम्ने हंसककी भार्या बताया है। ब्रिटिश संग्रहालयकी रागमाला चित्रावलीमें इसका भैरवकी भार्याके रूपमें अंकन है। इस प्रकार किसी भी संगीत ग्रन्थमें इसका सम्बन्ध मेघरागसे नहीं जोड़ा गया है। पुरुषोत्तम मिश्रने, जो गजपति वंशीय नारायणदेव (१७३० ई०) के राजकवि थे, संगीतनारायण नामक ग्रन्थ लिखा है। इसकी जो उपलब्ध प्रति बंगालके एशियाटिक सोसाइटीमें है, वह काफी भ्रष्ट और अपाठ्य है। इसमें मालवश्री और मालसी नामक दो रागिनियोंका उल्लेख है। उसमें मालवश्रीको श्रीरागकी और मालशीको मेघरागकी भार्या बताया गया है। यदि मालशी मालश्रीका अपपाठ हो तो यही मेघरागकी भार्याका एकमात्र उल्लेख है। पर यह काफी पीछेकी रचना है। सर्वप्रथम कुतुबनने ही इसे मेघरागकी भार्या कहा है। यह सर्व समयमें गेय रागिनी है। **सारंग**—अनेक राग-रागिनियोंका नाम पशु-पक्षियोंपर हुआ है। सम्भवतः उन्हींमेसे यह भी एक है। यह एक प्राचीन रागिनी है। इसका सर्वप्रथम उल्लेख नारद कृत संगीतमकरन्दमें नाटकी रागिनीके रूपमे हुआ है। और इसी रूपमें इसका उल्लेख अधिकांश ग्रन्थोंमें मिलता है : मेघकर्णको रागमालामें दीपककी भार्याके रूपमें सारंगी (कहेली) का उल्लेख है। उसका तात्पर्य इसी रागिनीसे है अथवा किसी अन्यसे है, कहना कठिन है। मेघरागकी भार्याके रूपमें सारंगका उल्लेख राधामोहन सेन ने अपने संगीत-तरंग (१८१८ ई०) में भरत के उल्लेखसे किया है। यह भरत निस्सन्देह नाट्यशास्त्रके रचयिता भरत नहीं हैं; क्योंकि उनके समयमें रागोंके इस रूपका विकास नहीं हुआ था। अतः कहना कठिन है कि इस परम्पराकी प्राचीनता कितनी है। जो भी हो, जहाँतक सारंगका सम्बन्ध है, कुतुबन उस परम्परासे परिचित थे जिसमें यह मेघरागको भार्या मानी जाती थी। **बरारी**—वैरारी नामसे इसका उल्लेख हिण्डोलकी भार्याके रूपमें पहले हो चुका है। साथ ही यह भी द्रष्टव्य है कि किसी भी परम्परामें वैरारी या वरारी मेघरागकी भार्या नहीं कही गयी है। अतः निस्सन्देह यहाँ इसका उल्लेख भ्रष्ट-पाठ मात्र है। सम्भवतः मूल पाठ मलारी रहा होगा। मल्लारी का उल्लेख अधिकांश संगीत-शास्त्रियों ने मेघरागकी भार्याके रूपमें किया है। यह प्रातःकालीन रागिनी है। **धनासिरी** (धनाश्री)—इसका उल्लेख धन्नासिका रूपमें भी पाया जाता है। अनुमान किया जाता है कि इस नामके मूलमें कोई विदेशी नाम है जिसका निरर्थक परिष्करण कर लिया गया है। इसका सर्वप्रथम उल्लेख

मम्मट कृत संगीत-रत्नमालामें देशाखकी रागिनियोंमें धानसी नामसे हुआ है। इसे रागार्णवमें भैरवकी, नारद कृत पंचम संहितामें मालवकी, मेघकर्ण कृत रागमालामें मालकौशिककी, चत्वारिंशच्छत्रागनिरूपणम्में बसन्तकी, भावभट्ट कृत अनूप-संगीतांकुशमें श्रीरागकी, ब्रिटिश संग्रहालयकी रागमाला चित्रावलीमें दीपककी भार्या कहा गया है। अकेले कल्लीनाथने इसे मेघरागकी भार्या बताया है। यह प्रातःकालीन रागिनी मानी जाती है। **गन्धारी**–गन्धार देशके नामपर इसका नामकरण हुआ जान पड़ता है। यह प्राचीन रागिनी है। इसका उल्लेख मातंग कृत बृहद्देशीमें भाषा गीतोंके अन्तर्गत सौवीरक रागकी रागिनीके रूपमें हुआ है। नारद कृत संगीत-मकरन्दमें इसे बंगाल रागकी, उसी ग्रन्थमें अन्यत्र देवगान्धारी नामसे श्रीरागको, मेघकर्ण कृत रागमालामें मालकौशिकको, ब्रिटिश म्यूजियमकी रागमाला चित्रावलीमें हिण्डोलकी भार्या कहा है। किन्तु मेघरागकी भार्या माननेवाली परम्परा काफी प्राचीन जान पड़ती है। इस रूपमें उसका उल्लेख सोमेश्वरदेवने किया है। यह सम्भवतः प्रातःकालीन रागिनी है।

(५) **स्रीराग** (श्रीराग)—श्रीके लक्ष्मी, सौन्दर्य, समृद्धि आदि अर्थके आधारपर अनुमान किया जाता है कि इसका सम्बन्ध अन्नोत्पत्ति सम्बन्धित किसी उत्सवसे है। उत्तर भारतमें श्री (लक्ष्मी) की पूजा जाड़में हुआ करती है जब कि खेतोंसे कट, दाँ-ओसा कर अन्न घरमें आ जाता है। इस प्रकार इसका सम्बन्ध जाड़ेसे है और ऋतुओं पर आश्रित प्राचीन मूल रागोंमें से यह एक है। कुतुबनने सब रागोंकी पाँचों भार्याओंका उल्लेख किया है, किन्तु इसकी केवल चार भार्याओंका ही नाम उन्होंने दिया है; एक नाम छोड़ गये हैं।

(६) **हेमकली** (हेमकरी <हेमक्री<हेमक्रिया)—कतिपय प्राचीन संगीत शास्त्रोंमें रागोंके वर्गीकरणमें क्रियांग रागोंकी चर्चा है। अतः समझा जाता है कि क्रिया, क्री, करी, कली नामान्त रागिनियाँ, तत्कालीन रागरूपोंके क्रममें हैं। हेमकली भी उसमेंसे एक है। सन्धिरागोंके रूपमें इसका सर्वप्रथम उल्लेख नाट्यलोचनमें प्राप्त होता है। राग-भार्याके रूपमें इसका उल्लेख अठारहवीं शतीसे पूर्वके किसी संगीतग्रन्थमें नहीं मिलता। महाराज सवाई प्रतापसिंह देवने संगीत-सार नामसे जो ग्रन्थ प्रस्तुत किया है, उसमें उन्होंने हेमकलीका उल्लेख दीपककी भार्याके रूपमें किया है। श्रीरागकी भार्याके रूपमें हेमकलीका उल्लेख कुतुबनके प्रस्तुत उल्लेखके अतिरिक्त कहीं अन्यत्र उपलब्ध नहीं है। **मलार**–मलार नामक रागका उल्लेख प्रायः संगीत ग्रन्थोंमें मिलता है और लोग प्रायः मेघमलारके नामसे उल्लेख किया करते हैं। पर मलार नामक रागिनीका उल्लेख नहीं कहीं मिलता। मल्लारी नामक एक रागिनी अवश्य है, जिसके पंक्ति ३ के मूल पाठमें होनेकी सम्भावना हमने

प्रकट की है। यदि उसीका उल्लेख यहाँ हो तो पंक्ति ३ के मूल पाठके रूपमें किसी अन्य रागिनीको ढूँढ़ना होगा। कुतुबनके पूर्ववर्ती अथवा समकालिक किसी संगीत ग्रन्थमें मलार अथवा मलारीका नाम श्रीरागकी भार्याके रूपमें प्राप्त नहीं। ब्रिटिश संग्रहालयकी रागमाला चित्रावलीमें सेतमलार नामकी रागिनी श्रीरागकी भार्याके रूपमें अंकित है। अतः हो सकता है कि मलारको श्रीरागकी भार्या माननेवाली कोई परम्परा रही हो और उसका अनुसरण कुतुबनने किया हो। पर पंक्ति ३ को ध्यानमें रखते हुए यह पाठ सन्दिग्ध ही जान पड़ता है। **गूँजरी(गुर्जरी)**—यह गुजरात प्रदेशके नामपर आधारित काफी प्राचीन रागिनी है। मातंग कृत बृहद्देशी-में इसका उल्लेख टक्क और पंचम रागोंके अन्तर्गत भाषा गीतोंके रूपमें हुआ है। संगीत रत्नमालामें मम्मटने इसकी गणना सालंक रागोंमें की है। राग-परिवारमें गूँजरीका उल्लेख सोमेश्वरदेवने भैरवकी, नारद-दत्तिलने राग-सागरमें धुर्जरी नामसे मालवकी, रागार्णवने पंचमकी, नारदने पंचमसंहितामें बसन्तकी, मेषकर्णने दीपककी, पुण्डरीक विट्ठल-ने देशकारकी, भावभट्टने मेघरागकी और पुरुषोत्तम मिश्रने संगीत-नारायणमें नटनारायणकी भार्याके रूपमें किया है। किसी भी संगीत ग्रन्थ मे गूँजरी का उल्लेख श्रीरागकी भार्याके रूपमें उपलब्ध नहीं है। **भाऊँपलासी** (भीमपलासी)—आधुनिक संगीतशास्त्री भातखण्डेने भीम-पलासीको काफीका जन्यराग कहा है। इनसे पूर्व केवल लोचन कविने अपनी रागतरंगिणी (१३७५ ई०) में और हृदयनारायण देव (१६६४ ई०) ने अपने हृदय-कौतूहलमें इसकी चर्चा की थी। दोनों ही संगीत-शास्त्रियोंने इसे केदारका जन्य राग कहा है। राग-परिवारमें इसका उल्लेख एकमात्र राधामोहन सेन कृत संगीत तरंग (१८१८ ई०) में उपलब्ध है। उन्होंने भरत नामक किसी परवर्ती संगीतशास्त्रीके प्रमाणसे इसे हिण्डोलकी भार्या कहा है। अतः कुतुबनका यह उल्लेख रागपरिवारमें सबसे प्राचीन है और किसी अज्ञात परम्परापर आधारित है।

(७) **कै**—को। **चीन्ह**—पहचान कर।

२५४

(दिल्ली; बीकानेर)

खस्टम राग भारजा[१] थापीं। तीसों[२] रागिनी साथ अलापीं ॥१
बाजै सबद जहाँ लहिं आहै[३]। भा झंकार मोहि सब रहै ॥२
फुनि[४] पतुरीं कछनी कै[५] आईं। मान बहुत लावहिं[६] बहु भाईं ॥३
कंवल बदन[७] म्रिगनैनि[८] सुहाईं। वरें[९] लंक जानु[१०] उन्ह[११] लाईं ॥४
हिया[१२] सुभर जनु[१३] कुन्द सँवारी। कदलि[१४] खम्भ पेड़ न सँभारीं[१५] ॥५

चम्पा बरन सुहानी[16] तरुनीं, जो[17] देखत[18] सो मोह ।६
बेगर बेगर भाँ[19] तिंह कै[20], कै आई छोह[21] ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति ।

१–भाजी । २–छतीस । ३–लहकहे । ४–पुनि । ५–जो पतरा एक कछि । ६–लावै । ७–बदनी । ८–म्रिगनैनी । ९–बरलै । १०–जनौ । ११–उनि । १२–हिय । १३–जनौं । १४–कदली । १५–सुभरारी । १६–सोहावनि । १७–सुन्दरि जो । १८–देखा । १९–भाव । २०–तिन्हिकर । २१–बहु जोह ।

टिप्पणी—(२) **सबद**–वाद्य ।

(३) **पतुरीं**–नर्तकी । **कछनी**–घुटनोंतक कसा हुआ अधोवस्त्र । **भाईं**–भाव ।

(५) **कुन्द**–खराद ।

२५५

(दिल्ली; बीकानेर)

कछनी दखिन क चीर कै गहीं[1] । चँदर चोलि उर लेइ रहीं[2] ॥१
अभरन सभै[3] कपूर क कीन्हा । घाँघरि[4] बाँधि आइ पग[5] दीन्हा ॥२
चीहुर गूँद बेनी उरबाईं[6] । चन्दन रूख पर[7] बिसहर छाईं[8] ॥३
देखत मोहि सभा सब रही । काम चेष्टा तन मन गहीं[9] ॥४
कै जुहार उन्ह आयसु[10] लीन्हा । कुँवर नाँच कँह आयसु[11] दीन्हा ॥५
गायन[12] गावहिं काढ़ि[13] सुधांग[14], नाच होइ[15] तिह[16] लाग ।६
माँथा धौरा झूमरा परिबन्ध[17], यइ र गीत[18] वै राग ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति ।

१–कछनी दखिन कर चीर लै कीना । २–चन्दन चोलि उर लेपन दीन्हा । ३–सबै । ४–घाँघर । ५–पगु । ६–उरवाई । ७–पर जनौ । ८–जाई । ९–काम चेष्टन सब कछु जिय गही । १०–इन्ह आइस । ११–आइस । १२–गाइन । १३–गाढ़े । १४–सुध । १५–होन । १६–तहँ । १७–मठधुव झूमर परिबन्ध गीत । १८–एइ रागिनी ।

टिप्पणी—(१) **कछनी**–साड़ी अथवा धोतीको काछ लगाकर पहननेकी विधि; इसमें घुटनोंतक ही वस्त्र होता है और दोनों लाँग पीछे खोंस ली जाती है । **दखिन क चीर**–दक्षिणी वस्त्र । **चन्दर चोलि**–(चन्दन चोली) चँदनके रंगकी बनी हुई कंचुकी ।

(२) **घाँघरि**–घुँघुरू ।

(३) **चीकुर**–चिकुर, केश । **रूख**–वृक्ष । **विसहर**–सर्प ।

(६) **सुधांग**–शुद्ध अंग ।

(७) **माथा, धौरा, भूमरा, परिबन्ध**–ये नृत्यके विभिन्न प्रकार जान पड़ते हैं जो कदाचित् अब प्रचलित नहीं है ।

२५६

(दिल्ली; बीकानेर)

सरब नील रूपक चन्द औ चाली[१] । देसी जित पँवर[२] इकताली ॥१
अठताली पटताली नाची[३] । ताल देन्हि[४] जानहु धर ताँची[५] ॥२
फुनि[६] नाचइ[७] धर पला[८] सँचारा । नाचहिं गीत होइ झनकारा ॥३
सीस नियर[९] कूदहिं[१०], मँह[११] मोती । दहा दिहिंह चक्र भँवहि उरधूनी[१२] ॥४
सरो अकाँच खरगै धारा[१३] । मान लेहिं[१४] पर ताल निपारा[१५] ॥५
नाचै ताल सबै उन्ह, कँटमारग[१६] जहाँ लहि राग ।६
सुरपति सुरहिं[१७] साथ लै, [कौतुक][१८] अवसर[१९] देखै लाग ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति ।

१–सर्वन नील रूपक औ चाली । २–देसी जाति तेवरी । ३–अठतल पटतल ऊ नाची । ४–देहि । ५–ठाँची । ६–पुनि । ७–नाचै । ८–धुरपद । ९–नीर । १०–गूदहिं । ११–मुँह । १२–हाथहि चक्र भँवहि अधौती । १३–संख चक्र खरग कै धारा । १४–देइ । १५–निबारा । १६–मार्ग गीत । १७–सुरन्ह । १८–(दि०) कौकत । १९–अखर ।

टिप्पणी—(१) **सरब नील, रूपक, चन्द, चाली, देसी, नित पँवर (?), इकताली**—ये नृत्यों के विभिन्न रूप जान पड़ते हैं । चेष्टा करनेपर भी इनके सम्बन्धमें कोई जानकारी उपलब्ध न हो सकी ।

(२) **अठताल, पटताल**—पखावज और मृदंग बजानेके अनेक तालोंमें मुख्य ताल हैं । इन तालोंपर गायन-वादन तो होते ही हैं, विशुद्ध नृत्य भी इन तालोंपर होते हैं ।[१] **धर**—धड़ । **ताँची**—खींचा ।

(३) **धर पला**—धड़ और पल्लव (हथेली) (अनुमान मात्र) ।

(४) **दहा**—दस । **दिहिंह**—दिशाओंमें । **भँवहि**—घूमती हैं ।

(४) **खरगै धारा**—खड्ग अथवा तलवारकी धारपर नाचनेका संकेत यहाँ जान पड़ता है । इस प्रकारका नाच काफी प्राचीन है और आज भी कथक-शैलीमें प्रचलित है ।

२५७

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

उत्तिम नाच कुँवर मन भावा । नीक महन्दरी[१] नाव दिखावा[२] ॥१
परसन भये[३] मया मन आयी । बहु[४] परसाद महन्दरी[५] पाई ॥२
तुरिय सहस कर[६] पायँड़[७] पावा । मुँदरी[८] टोडर गिनति[९] न आवा ॥३
पाट पटोर चीर बहु पाई[१०] । टाँका कोरि एक[११] रोक देवाई[१२] ॥४
कर नौकड़ी[१३] दीन्हि[१४] उतारी । सीस[१५] मुकुट[१६] औ[१७] गिय कँठहारी[१८] ॥५

---

१. यह सूचना हमें श्री रामचन्द्र वर्मासे प्राप्त हुई है ।

अलंकरन दई[१९] कुँवर आपुन[२०], पहिरे आहे[२१] जो आँग[२२] ।६
पतुरिंह[२३] अभरन पायउ[२४], पा लहि नेउर लग सर माँग[२५] ॥७

पाठान्तर—एकडला, बीकानेर ।

१–(ए०, बी०) महेंदरे । २–(ए०, बी०) नचावा । ३–(बी०) भवा । ४–(बी०) बहुर । ५–(ए०, बी०) महेंदरे । ६–(ए०) कै; (बी०) का । ७–(ए०) पायड; (बी०) पायेंड । ८–(बी०) मुंदर । ९–(बी०) गनती । १०–(ए०, बी०) पाए । ११–(ए०) कोरिक । १२–(ए०, बी०) देवाए । १३–(ए०) कर तौ करही; (बी०) कर नौ ग्रिह । १४–(बी०) दिहिस । १५–(ए०) सीस क; (बी०) सीसकर । १६–(ए०) मडुक; (बी०) मुकट । १७–(ए०, बी०) × । १८–(ए०, बी०) कँठ-मारी । १९–(ए०) आलंकरन दै; (बी०) ते सब दीन्ह । २०–(ए०, बी०) आपन । २१–(ए०) अहा; (बी०) अहे । २२–(ए०, बी०) अंग । २३–(ए०, बी०) पतरन्ह । २४–(ए०) पाएव; (बी०) पायेन्हि । २५–(ए०) मंग; (बी०) पाँव लहि सिर मंग ।

टिप्पणी—(१) **नीक**—अच्छा; सुन्दर ।

(२) **परसन**–प्रसन्न ।

(३) **पायँड़**–मार्ग की सुविधा । **मुँदरी**–अँगूठी ।

(४) **पाट-पटोर**–सूती-रेशमी वस्त्र । **चीर**–वस्त्र । **टाँका**–टंक; चाँदीका सिक्का दिल्ली सुल्तानोंके समयमें उत्तर भारतमें प्रचलित था । उसका वजन १६७-१७० ग्रेन था और मूल्यमें रुपये के बराबर था । **रोक**–पारिश्रमिक ।

(५) **नौकड़ी**–सम्भवतः हाथका कोई आभूषण । **गिय**–कण्ठ । **कँठहार**–कण्ठा; गलेका हार ।

(६) **अलंकरन**–अलंकरण । **आँग**–अंग; शरीर ।

(७) **अभरन**–आभरण; आभूषण । **पा**–पैर । **लहि**–तक । **नेउर**–नूपुर । **माँग**–सिरपर केशोंके बीच पहना जानेवाला आभूषण ।

२५८

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर[१])

कुँवर तो र[१] सभा कहँ जाई । मिरगावती एक चेरि बुलाई[२] ॥१
कहिसि बुलावहु जाइ[३] सहेलीं । मिरगावति[४] हँहि[५] मंदिर अकेलीं ॥२
चेरीं जाइ[६] सखिन सेउ[७] कहा । चलहु तुमहि[८] मिरगावति चहा ॥३
सुना सहेलिंह[९] सब उठि चलीं । इन्द्र अपछरन सेउँ[९] वै[१०] भलीं ॥४
पान खात आई सब सखीं । मिरगावती हँसत वै[११] लखीं ॥५

---

१. इस प्रतिमें यह दो कड़वकोंमें बँटा है । पहिले कड़वकमें प्रथम चार पंक्तियाँ अन्य तीन पंक्तियोंके साथ हैं । इसके बाद एक सर्वथा नवीन कड़वक है । तदन्तर शेष तीन पंक्तियां एक तीसरे कड़वक की पंक्ति २, ६, ७, के रूप में हैं ।

बैठीं[१२] आइ सहेलीं[१३] सब, मिलि[१४] पूछहिं निसि कै[१५] बात ।६
कहहु कौन बिधि रावइँ[१६] साइँ,[१७] मान किहहु र[१८] मिलात[१९] ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ ।

१–(ए०)तोरे; (बी०)बहुरि। २–(ए०,बी०) चेरी बोलाई । ३–(ए०,बी०)बोलावहु जाय। ४–(ए०,बी०) मिरगावती। ५–(ए०,बी०) जाय ६–(ए०,बी०) सखिन्ह सों। ७–(ए०,बी०) तुम्हहिं। ८–(ए०,बी०) सहेलिन्हि। ९–(ए०,बी०) अपछरन्ह सों)१०–(ए०) उए; (बी०) उइ। ११–(ए०) उए; (बी०) हँसतै वै। १२–(बी०) बैसी। १३–(बी०)× । १४–(ए०)× । १५–(ए०) की। १६ (ए०) रावै; (बी०) रायेहु । १७–(बी०)×। १८–(ए०) कीन्ह रे। १९–(बी०) पूछेंहि सबै संघात ।

टिप्पणी—(२) हँहि–है ।

(३) **रावइँ**–रमण करता है। **साइँ**–स्वामी । **किहहु**–किया। **मिलात**–मिलने के समय।

२५९

(दिल्ली; बीकानेर[१])

हँस मिरगावति[१] चुपकै रही। कही[२] न जाइ लाज मँह[३] गही ॥१
पूछहिं फिर[४] सपत दई[५] बाता । फुर न कहहु तिह[६] सपत सै साता ॥२
आपुन मँह कछु[७] आहि न लाजा। हम जो कहहिं तुम्ह सेउ[८] सब काजा ॥३
कहहु कवन[९] बिधि भुखवइ खाई[१०] । सपत आहि जो फुर न कहाई[११] ॥४
छैल[१२] आहि वह की र[१३] गँवारू। [सेज कर][१४] भाउ[१५] बूझहिं कै खारू[१६] ॥५
हँसि र कहा मिरगावति[१७] उँहि[१८] सों,[१९] सुघर आहि नहिं खार[२०] ।६
चतुर सुजान छैल हिय[२१] ताकर,[२२] बूझे भाउ[२३] अपार ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति ।

१–हँसी म्रिगावती । २–कहै । ३–भन । ४–सवै । ५–दै। ६–× । ७–किछु । ८–तुमसे । ९–न कवन । १०–भोगयेहु। ११–कहहू । १२–छैल। १३–दहु कैरे। १४–(दि०) सजग; (बी०) सेजकर। १५–भाव। १६–बूझै दहु घारू। १७–रे कहिसी मिरगावती। १८-१९–×। २०–घारू। २१–२२ है रसिया। २३–भाव।

टिप्पणी—४–**भुखवइ**–भूखा ।

(५) **खारू**–मूर्ख; अज्ञान् ।

(७) **हिय**–हृदय। **ताकर**–उसका ।

२६०

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर;)

कोकसास्त्र[१] केर[२] जो भावा। वइ[३] सब जान[४] अउर[५] बहु आवा[६] ॥१

१. इस प्रति में पंक्ति १ और २ परस्पर स्थानान्तरित हैं।

हमहि[७] कोक बाँचे फुनि आवै। उह[८] र[९] भाउ हम सेउँ[१०] बहु लावै ॥२
मीन कॉंम[११] जिह ठाउ[१२] सो जानै। एक एक आखर कोक बखानै ॥३
नागर छैल सुभागैं[१३] भरा। बहु गुनवन्त भोज कै[१४] करा ॥४
जस चाहेउँ[१५] तस दयी[१६] मिरावा[१७]। अँवरित[१८] कुण्ड सपूरन पावा[१९] ॥५
मन मनसा चित पूजी मोरे,[२०] मिलेउ[२१] सुघर हम जोग ।६
जोगहिं जोग मिरायउ बिधि,[२२] अब मानौं[२३] रस भोग ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ।

१–(ए०, बी०) कोक सासतर। २–(बी०) रे। ३–(ए०) उऐ; (बी०) वै। ४–(बी०) जानै; ५–(ए०, बी०) और। ६–(बी) भावा। ७–(ए०) हमहु;(बी०) हम कहँ। ८–(ए०) उवह। ९–(ए०, बी०) रे। १०–(ए०) हमसौं;(बी०) हमसैं। ११–(बी०) मनक मन। १२–(ए०, बी०) जेहि ठाँ। १३–(ए०) सभागै; (बी०) सुभागहिं। १४–(बी०) कर। १५–(ए०) चाहेव। १६–(ए०) दैअ। १७–(ए०) मेरावा। १८–(ए०) अम्रीत। १९–(बी०) पूरी पंक्ति लुप्त[१]। २०–(ए०) ×; (बी०) मोरी। २१–(ए०, बी०) मिलेव। २२–(ए०) मेराऐव विधनैः; (बी०) मिलायेउ बिधनै। २३–(बी०) नौ।

टिप्पणी—(४) **भोज कै करा**—भोग की कला।

२६१

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

सुनिके सखी[१] बात यह भाई। घर घर मेउँ[२] निछावरि[३] आई ॥१
मिरगावती निछावरि लिही[४]। बहु पहिराउ[५] सखिह[६] कर[७] दिही ॥२
फुनि नहाइ[८] कै चीर पहिरावा[९]। सब अभरन[१०] [पहिरें][११] कह आवा ॥३
अभरन पहिरि बैठि फुनि बारी। चतुर सुजान बिचाखन[१२] नारी ॥४
अउसा नाच कुँवर[१३] घर आवा। मिरगावति अमिय रस[१४] पावा ॥५
सखी बहुरि[१५] कै आई घर कहँ[१६], वे[१७] रस केलि कराँहि ।६
भोग करहिं पँचाँब्रित[१८] पियहिं[१९], मधुर[२०] [खजहजा][२१] खाँहि ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ।

१–(ए०) सखिन्ह; (बी०) सखिहु। २–(ए०) सौं रे; (बी०) सौं। ३–(बी०) न्योछावरि! ४–(ए०) लीही। ५–(ए०) पहिरौन; (बी०) पहिरावनि। ६–(ए०,बी०) सखिन्ह। ७–(ए०, बी०) कहँ। ८–(ए०) नहाए; (बी०) नहाय। ९–(बी०) फिरावा। १०–(ए०, बी०) अभरन उत्तिम। ११–(ए०) पहिरन;

१—सम्मेलन संस्करण में यह पंक्ति नहीं दी गयी है। अतः ऐसा अनुमान होता है कि एकडला और बीकानेर दोनों प्रतियों में यह नहीं है। पर यह वस्तुतः छूट है। एकडला प्रति हमें उपलब्ध है इससे उसके पठान्तर दिये गये हैं। बीकानेर प्रति मे भी यह पंक्ति है, यह माता प्रसाद गुप्त के कथन से ज्ञात होता है (भारतीय साहित्य, वर्ष ८, अंक ३, पृ० ९०)।

(दि०) × । १२-(बी०) चत्रु सयान बिचछिन; (ए०) बिजखन । १३ (ए०) अरसा कुवर; (बी०) उठा सो नाँच कुँवर । १४-(ए०, बी०) जस; (दि०) जस रस १५-(ए०) पहिरि । १६-(ए०,बी०) घर घर आई । १७-(ए०) उइ । १८-(ए०) पंच अप्रीत । १९-(ए०, बी०) ×। २०-(बी०) मधुकर । २१-(ए०) खजहँजो; (दि०) खाजा; (बी०) व्याजहिं ।

टिप्पणी—(४) **विचाखन**—विलक्षण ।

(५) **अउसा**—(अवसान) समाप्त हुआ ।

(७) **खजहजा**—उत्तम फल; मेवा ।

२६२

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

सखी एक घर कछु र[1] बधाई। उह चलि मिरगावति पँह आई ॥१
कहिसि हमरें घर मंगलचारा[2]। तुम[3] आवहु तो जाइ[4] सँवारा ॥२
को आदर दिया जिन्ह तुम देइ[5]। को र[6] सँवारि बाति हम लेई ॥३
पगु ढारियहु[7] हम होइ वड़ाई। सासु ननद मँह पत[8] जो रहाई[9] ॥४
मिरगावति[10] कहि[11] सुनहु सहेली। मों तू तो हौं[12] एक अकेली ॥५
हम तुम्ह[13] नाहीं विच[14] सखी[15] कछु[16], जिउ एक[17] दुन्हु गात[18] ।६
राजकुँवर कँह पूँछउँ[19] पहिलें,[20] फुन र[21] चलउँ तुम्ह[22] साथ ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ ।

१-(ए०,बी०) कुछु रे । २-(बी०) मंगरचारा । ३-(ए०,बी०) तोह । ४-(ए०,बी०) जाए । ५-(ए०) को आदरो बाझ तोह देई; (बी०) को आदर बाज तोह देई । ६-(ए०,बी०) रे । ७-(ए०) ढारिय; (बी०) ढारहु । ८-(ए०) पति । ९-(बी०) जो पति पाई । १०-(ए०,बी०) मिरगावती । ११-(बी०) कहै । १२-(ए०) हों तूँ तू हौं; (बी०) तुम हम हैं एक । १३-(ए०) तोह । १४-(ए०, बी०) बीच । १५-(ए०,बी०) × । १६(-ए०,बी०) कुछु । १७-(ए०,बी०) एकै । १८-(ए०) दुई गात; (बी०) दुहुँ गाथ । १९-(ए०,बी०) पूछौं । २०-(ए०,बी०) × । २१-(ए०) तोरे; (बी०) अज्ञा जाउँ । २२-(ए०) चलों तोह; (बी०) चलों तुम्हरे ।

टिप्पणी—(४) **ढारियहु**-डालोगी । **पत**-इज्जत ।

२६३

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

मिरगावति कुँवर पँह आई । आइ[1] ठाढ़ि[2] भई[3] लाग कहाई ॥१
कहिसि बात एक सुनहु न राजा । सखी एक कछु[4] उटयेउ[5] काजा ॥२
सो हम कँह र[6] बुलावइ[7] आई । आयसु[8] होई[9] जाइ[10] तो[11] जाई ॥३
कुँवर कहा अस[12] पेम[13] पियारी । मो जिय बिनु जियत **परान अधारी[14] ॥४**

बरजों तो अपमंगल[15] होई । गवन[16] कहउँ[17] तो प्रीति न होई[18] ॥५
मन भावन्ता सो करहु[19], यह मुहि[20] कही[21] न जाय ।६
बिरत[22] पेम न सहि सकों मैं, मानों कहेउ[23] सत भाय ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ।

१-(ए०) आए; (बी०) आय। २-(बी०) टाढ़। ३-(ए०) मै; (बी०) होइ। ४-(ए०) कुछ; (बी०) घर। ५-(बी०) उटयेहु; (ए०) उटयेव। ६-(ए०, बी०) रे। ७-(ए०, बी०) बोलावै। ८-(ए०) आएस; (बी०) आइस। ९-(ए०) होय; (बी०) होइतो। १०-(ए०, बी०) जाय। ११-(बी०) ×। १२-(ए०) सुनु; (बी०) सुन। १३-(बी०) प्रान। १४-(ए०) मो जिउ जिउ पति प्रान अधारी। १५-(बी०) अपमंर। १६-(ए०, बी०) गौन। १७-(ए०,बी०) रहौं। १८-(बी०) नहिं सोई। १९-(बी०) करु। २०-(ए०, बी०) मोहि। २१ (ए०,बी) कहै। २२-(ए०,बी०) बिहरत। २३-(ए०) × ; (बी०) जो कहा; (ए०) कभि कहौं।

टिप्पणी—(१) ठाढ़-खड़ी।
(२) उटयेउ-आयोजित किया।
(३) जाइ-जाओ। जाई-जाऊँ।
(६) भावन्ता-अच्छा लगे ।
(७) बिरत-विरह ।

२६४

(दिल्ली; बीकानेर)

मिरगावति कहि[1] सुनहु बिनाती[2]। बरजा करै न[3] पुरुख कै जाती ॥१
हौं तुम्ह कहँ अस बरजों नाँहाँ। ओवरी यह जो अहै घर माँहाँ ॥२
पुरुखा[4] सात गये न[5] डोली। तुमहू यह जनि[6] देखहु खोली ॥३
यहि कर[7] मरम[8] न जानै कोई। कै भल मन्द कछु तिह मँह होई[9] ॥४
बरिज बहुत[10] कै चली सोनारी[11]। चढ़ी जाइ हुत[12] डाँडि[13] सँवारी ॥५
खात तँबोल अदाकर[14] पण्डुर, कोड़ करत वै जाँहि।६
खेलत हँसत आपु मँह मिलीं,[15] जिउ[16] अंग अंग न समाहि ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति।

१-मिरगावती कहै। २-बिनती। ३-न करै। ४-पुरिखा। ५-नहिं। ६-जनि यहि। ७-जेहिका। ८-मर्म। ९-भला मन्द एहि मँह किछु होई। १०-बहु भाँति। ११-सुनारी। १२-होति। १३-डाँडी। १४-आड़ करि। १५-×। १६-×।

टिप्पणी—(१) पुरुख-पुरुष।
(२) बरजों-बर्जित करूँ ; मना करती हूँ। नाँहाँ-पति। ओबरी-गर्भागार; एकान्त कमरा।

(३) पुरुखा–पूर्व पुरुष । जनि–मत ।
(५) डाँडि–डण्डी; एक प्रकारकी पालकी ।
(६) पण्डुर-पीला । कोड़–क्रीड़ा ।

२६५

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

हँसत सखी घर पैठी आई । जानु चाँद चौदस आई[१] ॥१
उदिनल चाँद नखत कै जोती । मोंति माँझ जानहु गज मोती[२] ॥२
सोरह करा जो सुरुज बखानी । यह त सँहस इँदरासन मानी[३] ॥३
तेहि ऊपर कछु[४] वचन सुहाई[५] । खेलत हँसत रैन[६] दिन जाई ॥४
यह तो उहाँ[७] कोड़ लपटानी । उँहा कुँवर बरजा[८] किय[९] जानी ॥५
जिय भरम मन[१०] अस कहि[११], इह[१२] मँह[१३] आहे[१४] काह ।६
जाइ[१५] उघारों उबरी[१६], भीतर[१७] देखों वँह[१८] का आह ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ ।

१–(ए०) आइ सखी घर कीत उँजोरा । चाँद चहु दिसि भयउ न भोरा ॥ (बी०) आय सखी घर कियेउ अँजोरा ॥ चाँद चौदस भयेव न मोरा । २–(ए०, बी०) घर आँगन भरि रही अँजोरी । दिन कै (कर) काज करहि निसि भोरी ॥ ३–(ए०) ससि रे बरन कै उजोर पावै । जो रे परगट मिरगावति आवै ॥ (बी०) ससि तरइनु के जोर न पावै । जोरे परगट मिरगावती आवै ॥ ४–(ए०) मुख; (बी०) जो मुख । ५–(ए०, बी०) सोहाई । ६–(ए०, बी०) रैनि । ७–(ए०) ऐतो इहाँ । ८–(बी०) अनबरन । ९–(ए०, बी०) कै । १०–(ए०) भरमाना; (बी०) चित । ११–१२–(ए०) दहु एहि; (बी०) एहि । १३–(ए०) मन । १४–(बी०) का । १५–(ए०, बी०) जाय । १६–(ए०, बी०) ओबरी । १७–(ए०) × । १८–(ए०) दहुँ का, (बी०) का दहुँ ।

२६६

(दिल्ली; एकडला: बीकानेर)

उबरी[१] जाइ[२] उघारे काहा[३] । एक खटहरा[४] उहि मँह[५] आहा ॥१
तिह मँह भा कोउ[६] करै गुहारी[७] । को पुनवन्त[८] देइ[९] निस्तारी[१०] ॥२
जो कोउ[११] खोल देइ[१२] बँद[१३] मोरी । सेउँ[१४] कुटुँब सेंउ[१५] कर जोरी ॥३
को र बैठि[१६] मींज[१७] कर[१८] मोरी[१९] । चेर[२०] हौं[२१] सेवों[२२] कर जोरी ॥४
जस हनिवन्त सामि[२३] कै काजा । वस हौं[२४] करौं छाँड़ मुहि[२५] राजा ॥५
जइसे सेउ विक्रम कै, जिय सेंउ किय बैताल[२६] ।६
वइसै हौं फुन करिहों ताकर[२७], जो र[२८] मोख दइ[२९] घाल ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रतियाँ।

१–(बी०) ओबरी। २–(ए०) जाए; (बी०) जाय। ३–(दि०) कहा। ४–(ए०) कटहरा; (बी०) कठेरा। ५–(बी०) तेहि भीतर। ६–(ए०) भागै। ७–(ए०,बी०) गोहारी। ८–(बी०) पुनिवन्त। ९–(ए०) देए; (बी०) देय। १०–(ए०,बी०) निसतारी। ११–(ए०,बी०) रे। १२–(ए०) देय खोलि; (बी०) खोल देय। १३–(ए०,बी) बन्दी। १४–(ए०) सेवों।१५–(ए०) सेव; (बी०) सेवा करौं कटभ सै। १६–(ए०, बी०) कोरे पीठि। १७–(बी०) मीडे। १८–(ए०, बी०) गुरु। १९–(ए०) मोरे। २०–(बी०) चेरा। २१–(ए०) होउ; (बी०) होइ। २२–(ए०) सौंरो; (बी०) सेऊँ। २३–(बी०) राम। २४–(ए०) तस मैं। २५–(ए०) छाड़ मोहि। २६–(ए०) जैसे सेव बिक्रम कै जिअ सै कै अगिआ पतिपाल; (बी०) जस सेवक विक्रम जिय सेउँ अगिया बैताल। २७–(ए०) उइसी सेव हौं करिहौं; (बी०) वस सेवा हौं करिहौं। २८–(ए०, बी०) रे। २९–(ए०) दै; (बी०) मोंहि।

टिप्पणी—(१) खटहरा-कटघरा। उहि–उस।

(२) गुहारी–पुकारा। पुनवन्त–पुण्यवान्। निस्तारी–छुटकारा।

२६७

(दिल्ली; बीकानेर)

पूछइ[1] कुँवर को र[2] तू आही[3]। किह[4] औगुन तिह राखिन[5] साही[6] ॥१
फुर कहु तिह र छुड़ावउ[7] बेगी। कहिसि इन्हकै हौं[8] पिता कह[9] नेगी ॥२
देस [कोस][10] औ अरथ भंडारू[11]। सबै हैतो[12] मोरे[13] सर भारू[14] ॥३
सामि[15] काज दुरजन[16] सब केरा। काहू केर[17] न मैं मुँह[18] हेरा ॥४
ठाकुर जाकहँ मया कराहीं[19]। ताकर सत्रु मीत[20] औ[21] भाई ॥५
रूपमरारि मरत सतुरहि[22], लाइ बँधायेउ मोहि[23]। ६
काज सामि कै सँवारौं[24], कहौं साच यह दोह ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति।

१–पूछै। २–रे।३–अही। ४–केहि। ५–तोहि राखिनि। ६–सही। ७–तोहीं छाड़ो। ८–×। ९–कर। १०–(दि०) लोग। ११–ग्रर्थ भंडारा। १२–सब होत। १३–मोरेहिं। १४–मारा। १५–सामी। १६–दुरिजन। १७–कर। १८–मैं मुँह नहिं। १९–करई। २०–मित्र। २१–×। २२–सत्रन। २३–लई बँध इन्हि मोहि। २४–सँवारेउँ। २५–(बी०) कियेव न काहू दोह; (दि०मार्जिन) न काहू सन दोह।

टिप्पणी—(१) औगुन–अपराध। राखिन–रक्खा। साहि–बन्दी।

(३) कोस–कोष। हैतो–था। मोरे–मेरे।

(४) केर–का। हेरा–देखा; जोहा।

(५) ठाकुर–स्वामी। मया–स्नेह। मीत–मित्र।

(७) दोह–द्रोह; अपराध।

२६८

(दिल्ली; एकडला; मनेर; बीकानेर)

अउर बात बहुत कहिसि[१] सुहाई[२]। कुँवरहि मोह मया मन आई ॥१
कहसि उघारि देउँ[३] यह मोखू। काज सामि[४] कछु[५] लाग न[६] दोखू ॥२
कुँअर कटहरा[७] दीन्हि[८] उघारी। निकसि ठाढ़ भौ[९] बिपरित[१०] भारी ॥३
पाउ रहा धरती उहि[११] केरा। सीस जाइ भयउ[१२] सरग अभेरा ॥४
बिपरित[१३] रूप सराहौं काहा[१४]। किसन[१५] बरन रीछ जनु आहा[१६] ॥५
दाँत[१७] बड़े बड़[१८] सुठि भारी,[१९] कहँ दुख कहौं मँडाइ[२०] ।६
ले र[२१] कुँवर कहँ काँधे ऊपर,[२२] लइ गै सरग चढ़ाइ[२३] ॥७

पाठान्तर–एकडला, मनेर और बीकानेर प्रतियाँ।

दवाँ ददेरीं जियकै,[१४] बहलिया[१५] सुनि आवन्त ।६
ते पंखी तिह[१६] तरुवरहिं[१७], किमि कर मुख जोवन्त[१८] ॥७

पाठान्तर—मनेर और बीकानेर प्रतियाँ ।

१–(बी०) फिरि । २-(बी०) लागिहि करह बहुरि फर ताहीं । ३–(बी०, म०) फर । ४–(बी०) आवहि । ५–(बी०) दरिसावहि । ६–(बी०) दरिसावै । ७–(म०) कर; (बी०) किमिकर । ८–(बी०) डार बैठि । ९–(म०) फिर । १०–

१—इस प्रतिके मार्जिनमें निम्नलिखित चार पंक्तियाँ हैं जो पक्ति ६–७ के क्रममें कुण्डलियाँका रूप धारण करती हैं । स्पष्टतः ये प्रक्षिप्त हैं ।

किमि कर मुख जोवन्त, किमि क भर लोचन देखहिं ।
जो मुक्ती राजन्त बरु जिह, सुनिके ते भजहिं ॥
विपति छाड़ेउ नहीं मैमन्त, सम्पत के बेरीं ।
बेगि नहिं फटेउ हिय, कै जिय दवाँ दरेरीं ॥

(बी०) करै। ११-(बी०) पाँखिन्ह। १२-(म०) उन्हाँई; (बी०) काही। १३-(बी०) बैठहि। १४-(बी०) दवना डरप रे जिय गये। १५-(बी०) फर। १६-(म०) तस। १७-(बी०) ते तरवर ते पंखी। १८-(म०) दरसावन्त।

टिप्पणी—(३) बाँके-अच्छे।

३११

(दिल्ली; मनेर; बीकानेर)

चाउ तो जाइ हमँहि सिराई[1]। निसि बासर[2] दुख खिनक न जाई ॥१
बाँभन पण्डित पूछइ[3] बारी। निति कनसुई पठावइ[4] नारी ॥२
नैन बरुनि दिन मारग बाढ़ै। एक एक साँस सौ सौ दुख काढ़ै ॥३
हियँ समुझि समुझावै जीऊ। कथा[5] न समुझै चाहै पीऊ ॥४
मारग पन्थ निहारै ठाढ़ी। बिरह सँताप हियँ दौं डाढ़ी ॥५
ऊभैं[6] होइ[7] मग जोवइ[8] बाला, खिनखिन बारम्बार[9]।६
जिमि जल कूपहिं बिछुरे, रोवइ धारहिं धार[10] ॥७

पाठान्तर—मनेर और बीकानेर प्रतियाँ।

१-(बी०) जाव जु जाई हम सिर आई। २-(बी०) बासुर। ३-(बी०) पूछै। ४-(बी०) पठावै। ५-(बी०) गुन। ६-(बी०) ऊभि। ७-(म०) ×। ८-(बी०) जोवै। ९-(बी०) बाँह पसार। १०(बी०) धरनी धार।

टिप्पणी—(५) डाढ़ी-जली।

३१२

(दिल्ली; एकडला)

अमरबेल चित भयउ बियोगू। सूख गयउ तरुवर बड़ भोगू[1] ॥१
माली चींत मूँगे अँवराई[2]। दिन दिन अमरबेल[3] अधिकाई ॥२
पसरी बेल रूख कुँबलानाँ। गयेउ सूख[4] रहेउ न पाना ॥३
बिपति परी जो भयउ बिछोहू। जिह दिन पिय छाड़ेंउ मन मोहू ॥४
सम्पति अहै[5] जो कन्त मिलाई। कै को[6] चाह कहै पिय[7] आई ॥५
सुखिये[8] सम्पति पिय मिलन, बिपत बिछुड़न[9] बियोग। ६
सम्पति बिपति जो हम कहैं[10], अउर कहउ कछु लोग ॥७

पाठान्तर—एकडला प्रति-

१-सोगू। २-चीत मगु अमराई। ३-अमर। ४-तोरि। ५-यहि। ६-कोइ। ७-लै। ८-सखी अे। ९-बिचल। १०-कही।

३१३

(दिल्ली)

सम्पति बिपति उहौ फिर आही । और कहूँ एक बूझहि ताही ॥१
पूछहि सखी कहहु सो काही । यह सेउ अधिक आह र कछु नाही ॥२
यह सेउ अधिक गँहन औ आऊ । आउ वहै जो बिछुर नहिं पाऊ ॥३
कठिन बियोग जिह र दिन होई । हम यह कहा अउर कहो कछु कोई ॥४
हम चित भये गियान घटाई । अउर खोज काकहि कछु जाई ॥५
कठिन जीवन पै मिलन, कठिन न चद न वियोग ।६
हम चित मै गियान है, अउर कहो कछु लोग ॥७

३१४

(दिल्ली)

यह सेउ अउर न आह जो कहई । कहै जाई तो अवँक न रहई ॥१
तुम्ह पिय बान दुबउ फिर कहही । इन्ह बियोग अधिक अउर न अहही ॥२
लेबरी फिरी न जिउ आही । सो गयउ जिय बास न जाई ॥ ३
धार अकार गा तुम्ह पीऊ । पाउ न वैस तिरी यह सेऊ ॥४
सखी र सगुन ना होइ पिउ आही । रहेउ छाइ पिउ बगतों र काही ॥५
सारे अंग समाइ न मारे, पंचवान सर लाग ।६
जग जोबन दोइ पंथ बियापहि, दोइ लै अहै जो भाग ॥७

टिप्पणी—(१) अवँक–अवाक् ।

३१५

(दिल्ली)

जोग जाउ हम पै किंह कीन्हा । सरपसात हिय पिंजर लीन्हा ॥१
घर कै दिपक उजारेउ नाहाँ । ऊ र बसायसि पिंजर माहाँ ॥२
पागेउ हिया दोउ दिसि काँची । दोइ पै रहैं जो बेदन साँची ॥३
सूरज तपै कँवल दिन जरै । पति बिनु सुरुज रैन जस करै ॥४
वदन सूख साँवर होइ रहा । दिनयर सब कँवल कर गहा ॥५
सूर न कँवल निकराई, होइह कुल कर हानि ।६
जोबन कया तिह जान दइ, तूँ जनि छाढ़हु कानि ॥७

टिप्पणी—(५) साँवर—साँवला; काला । दिनयर–दिनकर, सूर्य ।

३१६

(दिल्ली)

साईं बसत आउ हम पासा । सर दहीं अब निकसै साँसा ॥१
जीउ अव आइ अधर होइ रहा । सर निकन्दी दिन र हम दहा ॥२
करब काह लै मुएँ जो आवइ । जियतैं बिलँबहि गिय लै लावइ ॥३
बरिस नाँह पुरइन कुँबलानी । जियइ न जबलग बरसै पानी ॥४
गहरें मेघ होइ बरसहु आई । रामाँ अधिक बियोग सताई ॥५
साँस आइ अधरहिं होइ रही, अबहूँ न आवहि साँई ।६
पुरइन कुण्ड निकुण्ड कै, फुनि बरसेउ तो काँई ॥७

टिप्पणी—(१) साईं–स्वामी ।
(३) करब–करूँगी । बिलँवहि–विलास करे ।
(५) रामाँ–रमणी ।

३१७

(दिल्ली; मनेर)

ऊँच उतंग भवन एक आहा । रुपमनि तिंह चढ़ि मारग चाहा ॥१
ऊभै पन्थ निहारत अही । मान अहा एक देखत रही ॥२
वह मँह कँवल मुकुन्द बहु आही । ऊँ संख्या जनु देखत रही ॥३
कहँहु बचा हम जो केउ अही । रैन आइ ससि थिर होइ रही ॥४
बिछुरे मिले जो आउत आहे[१] । जीउ भरमानेउ[२] चिन्ता गहे[३] ॥५
कहहिं एक ससि अथयैं[४] पिय[५] हिय[६], दूसर कित[७] हूँ आइ ।६
जो पिय ससि बाहर होइहि, होइहि नखत सुहाइ[८] ॥७

पाठान्तर—मनेर प्रति–
१–चाहुत अहा । २–भरमान । ३–जो देखत रहा । ४–अथयेउ । ५–६ × ।
७–हुत । ८–(दि०) दुहो गह जननि ।

टिप्पणी—(१) उतंग–उत्तुंग; ऊँचा ।
(२) ऊभै–उचक-उचककर ।

३१८

(दिल्ली; मनेर)

देखत वह[१] जो निरख निहारी । उरहिं हार तारे हँहि[२] भारी ।१
[जिय] मँह कहहि विहरहि ससि आही । बिहरे बहुरि मिलत हिय[३] जाही ॥२

कँवल देखि वह संपुट रहा। लइ बिकास जो चाहुत रहा[४] ॥३
कुन्दन[५] सम्पुट जो[६] बाँधे चही। देख चाँद किंह भूली रही ॥४
अस रूप हम सुनेउ न काऊ[७]। आछर सम किमि होइ न ताहू ॥५
अस[८] रामाँ पिय मग कै[९], कियेउ चाह औराँह ।६
यह पिय पन्थ निहारे ठाढ़ी[१०], ऊभै कर कर बाँह ॥७

पाठान्तर—मनेर प्रति।

१–जो वह। २–तारि तिंह। ३–मिलिहैं किंह। ४–अहा। ५–मुकुन्द। ६–×।
७–काहू। ८–अस सरूप। ९– पेमै किये। १०–×।

टिप्पणी—(६) औराँह–दूसरेका।
(७) ठाढ़ी–खड़ी होकर।

३१९

(दिल्ली; मनेर)

देखत एक आउ बनजारा। कहा दुकन्त नहिं आउ उबारा ॥१
उतरेउ आइ सरोदक तीरा। देख सुझर औ निरमर[१] नीरा ॥२
रुपमनि मानुस पठयो जाई[२]। पूछसि[३] कवन देस कर आही ॥३
मानुस आयउ नायक ठाऊँ। पूछसि नायक का तुम्ह[४] नाऊँ ॥४
देस कवन[५] सेंउ लादेउ टाँडा। कवन देस[६] कँह मारग खाँडा ॥५
चन्द्रगिरि[७] सेंउ लादेउ टाँडा, जइहों कंचन देस।६
गनपत देउ क बाँभन[८] पुरोहित, लादेउ तिन्ह क सँदेस ॥७

पाठान्तर—मनेर प्रति।

१–निरमळ। २–जाही। ३–पूछो। ४–तिह। ५–कवन देस। ६– दीप।
७–चन्दरा गिरि। ८–×।

टिप्पणी—(२) सरोदक–सरोवर; तालाब।
(५) टाँड़ा–व्यापार सामग्रीसे लदा बैलोंका समूह; कारवाँ।

३२०

(दिल्ली; मनेर)

कंचनपुर का सुनसि जो नाँऊ। कहिसि चलहु रुपमनि कर[१] ठाँऊ ॥१
रुपमनि राजा कै धिय आही। उहाँ[२] सँदेस कहै कुछ चाही ॥२
बाँभन भेंट कुँवरि कै लिही। आइ जुहार अस कहा वही ॥३
रुपमनि नेगिहिं पूछसि बाता। नाऊँ काह किंह[३] बोलहि माँता ॥४
मानुस कहा आइ हम आगे। जइहहुँ कंचन नगर सुभागे ॥५

रानी हम कहँ दूलँभ नाँऊँ, लादेउँ बनिज सँदेस ।६
राजकुँवर जिह देस भुलानाँ, हौं जइहौं तिंह देस ॥७

पाठान्तर—मनेर प्रति ।

१–के । २–वहो । ३–के ।

३२१

(दिल्ली; मनेर;)

कुँवर नाँउ सुनि रोवइ नारी । जस गजमोति टूँटि गिंयमारी ॥१
कुवाँ सनाँ जस बिछुरै पानीं । आँसु[1] बहु ढारहि रोवहि[2] रानीं ॥२
नायक वैठि सुनहु दुख मोरा । दुख दइ गयउ कुँवर मँहि तोरा ॥३
पितैं बियाहि[3] वारी हौं वही । छाड़ि गयेउ चित मोह न गही ॥४
दूसर समो आइ अब लागा । हमहि छाड़ि के गयउ सुभागा ॥५
पावस उर[4] घन गजेउ, हम तन काम सँदेह ।६
दूँलभ कहियहु कन्त[5] सेंउ, किमि न मुंकैं[6] नेह ॥७

पाठान्तर—मनेर प्रति ।

१–तस । २–रोए । ३–वियाही । ४–उरद । ५–पिय । ६–मुकेउ ।

टिप्पणी—(१)–गिंयमारी–गले की माला ।

(२) सनाँ–से ।

(४) बारि–बाला; युवती ।

(५) समो–समय, वर्ष ।

(७) मुँके–(मोकैं) मेरा ।

३२२

(दिल्ली; मनेर)

फुनि सावन आयउ हरियारा[1] । पुहुमि हरे विरहा हम जारा ॥१
धरती हरख चीर जनु पहिरा । विरहा सेज हम दुख गहिरा ॥२
निसि दूभर मुहि[2] पिय विनु लागै । नारी नैन फुनि[3] जिउ भागै ॥३
जिउ हिंडोल भयउ तरुनिह केरा । विरह झुलाइ देइ सै बेरा[4] ॥४
जलहर जगत रहा भर पूरी । दूँलभ मरों आस लै झूरी ॥५
पावस काल बिदेस पिउ, हौ तरुनी कुल सुद्ध ।६
सरंग सिंघ कै[5] सबद सुनि कहँ, जिउ मरत[6] हिय मद्ध ॥७

पाठान्तर—मनेर प्रति ।

१–हरीरा । २–मोहि । ३–नाहँ पिय नैन बहै । ४–महि घेरा । ५–सिंघद ।
६–मर ।

टिप्पणी—(३) दूभर—कठिन ।
(४) हिंडोल—झूला । तरुनिह—तरुणीका । सै—सौ । बेरा—बार ।
(५) झूरी—कोरा; छूछा, झूठा ।

३२३

(दिल्ली; मनेर)

भादौं सघन धार बरसाई । बीजु लवइ आधर[1] होइ जाई ॥ १
निसि अँधियारी भरम डर भारी । हिय दरकै हौं कन्त बिसारी ॥२
पीउ न आह जिह सरन लुकाऊँ । सेज भुअंगम फुरे डराऊँ ॥३
दादुर ररै[2] औ मोर पुकारा । जिउ निकसै अब खिन न सँभारा ॥४
जीऊ पपीहा चख मघा सरेखा । दूँलभ कहहु जो र तुम्ह देखा ॥५
लोयन गंग तरंग भइ,[3] सेज भई खर नाउ ।६
करिया गुन बिन डूबा[4], कन्त पहिलै आउ ॥७

पाठान्तर—मनेर प्रति ।
१—अन्ध फिर । २—रर्र । ३—भयउ । ४ डूभों ।

टिप्पणी—(१) बीजु—बिजली । लवइ—चमकती है । आधर—अन्धा ।
(२) दरकै—कसक उठै ।
(४) दादुर—मेढ़क ।
(५) मघा—मघा नक्षत्र । सरेखा—श्रेष्ठ ।
(६) करिया—नाविक । गुन—रस्सी ।

३२४

(दिल्ली; मनेर; बीकानेर)

आसिन दरस काँस बन फूले । खिंडरिज[1] आये सारस बोले ॥१
उवै अगस्त घटा[2] जग नीरू[3] । हौं भरि गाँग[4] न पायउँ[5] तीरू ॥२
तिह ऊपर बिरहा भौं[6] हाथी । करज[7] झकोर कहाँ पिउ[8] साथी ॥३
गरजत घन पिउ उरहिं छिपायउँ[9] । सेज सून हौं भरम डरायउँ[10] ॥४
जो डर डरेउ[11] भयेउ[12] निरजासी । ममँता बिन कया बिधाँसी ॥५
कुंजर बिरह सरीर बन, दले बिधासै[13] खाइ ।६
पिय गलगजेउ सिंह होइ, कुंजर बिरह पराइ ॥७

पाठान्तर—मनेर और बीकानेर प्रति ।
१—(बी०) खँडरिच । २—(बी०) घटै । ३—(म०) पानी; (बी०) नीरा । ४—(बी०) गंगा । ५—(बी०) न पाऊँ; (दि०) नेउ नेउ । ६—(बी०) भया । ७—(बी०) गरज ।

८–(बी०) पाऊँ। ९–(म०) छिपावहि; (बी०) छिपाऊँ। १०–(बी०) डराऊँ; (म०) सेज भवन किमि फिरी डराऊँ। ११–(बी०) डरी। १२–(म०) होइ; (बी०) ऊभि। १३–(बी०) बिधंसै। १४–(बी०,म०) गलगजहु।

टिप्पणी—(१) आसिन–अश्विन, कुँआर। दरस–देखकर।
(२) गंग–गंगा।
(३) भौ–हुआ।
(४) भरम–भ्रम।
(५) निरजासौं–निराश।
(६) कुंजर–हाथी।

३२५

(दिल्ली; मनेर; बीकानेर)

कातिक सरद रैन[1] उजियारी। ससि सीतल हौ बिरहै मारी[2] ॥१
सेत सुपेती सेज न भावइ। अमिय तेज[3] ससि बिख[4] बरसावइ ॥२
पल दुइ दौं अनन्द[5] मकु बरसा[6]। सो हम कँह[7] दुरजन होइ[8] दरसा ॥३
सीतल सेत रैन जग भावइ[9]। हम्ह[10] अँधियार पाछु[11] पिउ[12] आवइ ॥४
दुइज पिरिति मुँहि[13] हयैं समानी। ससि पूनेउ पिय[14] पिरिति गवानी[15] ॥५
मैं जानेउ पिउ दुइज[16] ससि, बढ़हि[17] पिरीति निमग्ग।६
दूलभ कहहु[18] कन्त सेंउ[19], पूनेउ[20] भै हम लग्ग ॥७

पाठान्तर—मनेर और बीकानेर प्रति।

१–(बी०) रैनि सरद। २–(म०, बी०) जारी। ३–(म०) तज। ४–(बी०) विष। ५–(म०) अन्ध। ६–(बी०) बलि दै दुवन इन्द मकु रसी। ७–(म०) तिह हम लग; (बी०) तेहि लगि हम। ८–(बी०) भै। ९–(बी०) भावै। १०–(बी०, म०) हम। ११–(बी०) बाजु। १२ (बी०) पिव। १३–(बी०) द्वैज प्रीति मोहि। १४–(बी०) प्रिय। १५–(म०) घटानी। १६–(बी०) द्वैज। १७–(बी०) बाढ़हि प्रीति। १८–(बी०) कहियहु। १९–(बी०) सौं। २०–(बी०) पून्यो।

टिप्पणी—(२) सेत–श्वेत। सुपेती–बिस्तरा। सेज–शय्या।
(६) निमग्ग–निमग्न।
(७) भै–हो। लग्ग–निकट; पास।

३२६

(दिल्ली; मनेर; बीकानेर)

अगहन कहँ जग सीउ जनावा। हेंव आइ[1] पै कन्त न आवा ॥१

दुख बाढ़ेउँ निसि सँग किह[2] पाई । सुख र[3] खीन[4] हम दिन बरजाई ॥२
जोबन छाँह निमिख मँह जाइहिं[5] । गये बार फुनि बहुरि न आइहिं[6] ॥३
विरहैं तन पण्डुर[7] जो होई । जोगीं[8] भसम करत है सोई ॥४
आहर[9] जरम[10] जात है नाँहाँ । बिरसु आइ भर जोबन माहाँ[11] ॥५
दूलभ जिमि जल अँजुली, तिमि जोबन कर नेम[12] ।६
खिन खिन गहै जाइ दिन, गहहु नेम क पेम[13] ॥७

पाठान्तर—मनेर और बीकानेर प्रति ।
१–(बी०) हेंवत आये । २–(बी०) संगत; (म०) संगन । ३–(म०,बी०) रे । ४–(म०,बी०) खिन । ५–(बी०) जाई । ६–(बी०) आई । ७–(बी०) पंडेरेउ । ८–(बी०) जोगिनि । ९–(म०) बिहर; (बी०) आइर । १०–(बी०) जनम । ११–(बी०) बरसु आय भर जोबर माहाँ । १२–(म०) जेम; (बी०) जेमु । १३–(दि०) गहियइ मुकै नेम कै पेम; (बी०) खन खन खन जाइहि दिन, न कहु न मुकै पेमु ।

टिप्पणी—(१) सीउ–शीत । हेंव-हेमन्त ऋतु ।
(४) पण्डुर–पीला ।
(५) आहर–व्यर्थ । जरम–जन्म । जात है–जा रहा है । बिरसु–बिलास करो । जोबन–यौवन । माहाँ–मेरा ।
(६) जिमि–जिस प्रकार । तिमि–तिस प्रकार । नेम-नियम ।

३२७

(दिल्ली; मनेर; बीकानेर)

दूलभ पूस तुलानेउ आई । पिय बियोग आवस[1] र सताँई ॥१
परै तुसार खीर जस जामाँ । सेज हींउ अरकत है रामाँ[2] ॥२
सेज अकेल कहाँ पिउ पावऊँ[3] । उर कुच भवो पुरुख किह लावऊँ[4] ॥३
जाड़ सौर भौ बिरह सुपेती । दुहुँ दुरजन बिच भयउँ अचेती ॥४
जीउ अचेत कछु कही न जाई । यहि कहहु[5] दूँलभ समुझाई ॥५
हारहिं बीचहिं[6] सँचरत, अँतर कपट न दिय[7] ।६
कर पिय सायर [गहै][8], ते पिय अन्तर किय ॥७

पाठान्तर—१–(म०) अैसस; (बी०) असस । २–(बी०) सेज कंवत कर रिहौ रामा । ३–पाऊँ । ४–(बी०) उर कुच भुव बर गहि गहि लाऊँ । ५–(बी०) मुखहिं कहेहु; (म०) इँह कहँ कहहु । ६–(बी०, म०) हार बीच । ७–(बी०) दीय । ८–(दि०) गहन; (बी०) गिरि परबत सायर बन घने ।

टिप्पणी—(२) अरकत–कसकता है ।

३२८

(दिल्ली; मनेर; बीकानेर)

अब र माँह[1] आयउ[2] दुख भारी। काह करौं[3] नहिं[4] जाइ सँभारी ॥१
झरकै पवन मरौं धुधुआई[5]। तपौं अकेल[6] जाड़ न जाई ॥२
कपँहि दसन सीउ घन लागै। सूर होइ पिय तपै[7] त[8] भागै ॥३
तपहु आइ मँहि[9] ऊपर नाहाँ। सात पतार जाइ दुख छाँहा[10] ॥४
रितु[11] वहुरी[12] पिय फेरि[13] न कीन्हाँ। विरह सँताप सेज भरि[14] दीन्हाँ ॥५
बिरह तुम्हारें सुख हरा, जिमि रावन हर सिय ।६
निसियर पति हनु[15] आइ कै[16], जस[17] रघुनन्दन किय ॥७

पाठान्तर—मनेर और बीकानेर प्रति।

१-(बी०) माघ। २-(बी०) आयो। ३-(बी०)कहौं। ४-(बी०) दुख नहिं। ५-(दि०) धँवाई। ६-(बी०) अकेली; (म०) अकेलैं। ७-(बी०) ताप। ८-(म०) तबहि; (बी०) तो। ९-(बी०) मोहि। १०-(म०) जहाँ। ११-(म०) पिरित। १२-(बी०) फिरी। १३-(बी०) फेर। १४-(म०) दुख। १५-(बी०) निसि हरि हनुपति। १६-(म०) ×। १७-(म०) जस कै।

टिप्पणी—(१) काह—क्या।
(७) निसियर पति—निशिचर पति; रावण। हनु—हनन करो। रघुनन्दन—राम।

३२९

(दिल्ली; मनेर; बीकानेर)

फागुन फाग[1] जगत सब खेला। होरी माँझ मैं र[2] जिउ[3] मेला ॥१
जरि कै भसम हौं यहि[4] आसा। मकुँहि उड़ाइ[5] जाँउ पिय[6] पासा ॥२
बिरह आइकै[7] चाँचरि पारै[8]। रकत रोवइ[9] सेदुर रतनारै[10] ॥३
तिह ऊपर मुहि आँधि सँतावइ[11]। आँगन[12] सेज मँदिर न भावइ ॥४
अहर गयेउ[14] वसन्त सुहावा। रहेउ छाइ पिउ बिगोतिह काहा[15] ॥५
फाग[16] वसन्त सुहावनाँ, यह जोवन मैंमन्त ।६
तरुवर पात जो झरि परै, अवहु[17] न आयउ[18] कन्त ॥७

पाठान्तर—मनेर और बीकानेर प्रति।

१-(बी०) फागु। २-(बी०, म०) रे। ३-(बी०) जिव। ४-(म०) नहिं; (बी०) होउँ उहि। ५-(बी०) मकहु उड़ाय। ६-(म०) पिउ। ७-(म०, बी०) अस। ८-(बी०) पारी। ९-(म०, बी०) रोई। १०-(बी०) रतनारी। ११-(म०) तिंह पर और दहि पवन सँताई; (बी०) तेहि ऊपर दहि पौन सतावै। १२-(बी०)

अंगन। १३-(म०) भाई; (बी०) भावै। १४-(बी०) आइ रंग गयो। १५-(म०) रहेउ छाइ पिउ सँवर नहिं आवा; (बी०) रहो छाइ पिउ भयो परावा। १५-(बी०) फगुवा। १७-(बी०) अजहूँ। १८-(बी०) आयो।

टिप्पणी--(३) औधि-बचन; प्रतिज्ञा।
(५) बिगोतिह-सौत।

३३०

(दिल्ली; मनेर;[१] बीकानेर[१])

चैत चहूँ दिसि करहि सँहारा[१]। बिरहा हम तन खोइ खोइ[२] जारा ॥१
मौली बनस्पति[३] जग फूला। पिउ मकरन्द औंर कँह भूला ॥२
काकल[४] फिरि कै[५] पंचम बोला[६]। जोबन कली बिगस मुँह खोला[७] ॥३
यहौं[८] जरम बिरथहिं[९] जाई। आरन[१०] जेउँ मालती[११] कुँबलाई ॥४
दरसत परिमल पियै[१२] बिसारी। सइल[१३] सरूप फूली फुलवारी ॥५
भँवर बिसार[१४] न मालती, औगुन आह न[१५] कीत। ६
पिय पीरी[१६] कै बोल रे[१७], सौन[१८] सुनइ[१९] धरि चीत[२०] ॥७

पाठान्तर—मनेर और बीकानेर प्रति।
१-(बी०) करह सँभारा। २-(बी०) खै खै; (म०) खोर खोर। ३-(बी०) बनसपती। ४-(म०, बी०) कानन। ५-(बी०) पिक। ६-(बी०) बोली। ७-(बी०) मुख खोली। ८-(म०) एउ। ९-(बी०) निरतहिं। १०-(बी०) अरँन; (म०) अर। ११-(बी०) जैंव माल्ती। १२-(बी०) पियहिं। १३-(बी०) सुदल। १४-(बी०) बिहार। १५-(बी०) क। १६-(म०) बौरी; (बी०) बैरी। १७-(बी०) री। १८-(बी०) सुवन। १९-(म०) सुनेउ; (बी०) सुन्यो। २०-(म०, बी०) चीत।

टिप्पणी--(२) मौली-मुकुलित हुई।
(३) काकल-कोयल। बिगस-विकसित होकर।
(४) आरन-अरण्य; जंगल।
(५) कीत- किया।

३३१

(दिल्ली; बीकानेर)

वैसाखैं[१] फर तरुवर लागे। बिरसु आइ कन्त सुभागे[२] ॥१
अमिय सुफल[३] राखेउ[४] तुम जोगू[५]। बेग आइ[६] रस मानहु भोगू[७] ॥२

---

[१]. इन प्रतियोंमें पंक्ति ४, ५ क्रमशः ५ और ४ हैं।

अबलँहि मैं राखी अँबराई । अब दुरजन[८] पँह राखि न जाई ॥३
बिरह सुवा फर चाहै खावा । अब बूतें नहिं जाइ उड़ावा ॥४
कब लग[९] बिरह उड़ावों[१०] नाहाँ । अलप बयस सत रहै नहिं बाहाँ[११] ॥५
रीस परे वहि नारि लगि, देखि हाथ औराँहि[१२] ।६
हम पिय[१३] हरख बिसारेउ[१४] दीतसि बिरह गराहँ[१५] ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति ।

१–बैसाख । २–सभागे । ३–सुफर । ४–राखे । ५–जोगा । ६–आउ । ७–भोगा ।
८–दुरिजन । ९–लगि । १०–उड़ाऊँ । ११–अलप बयसि सुत रहेउ न बाहाँ ।
१२–देखिसि बाँह ओरहाइ । १३–पिउ । १४–बिसारी । १५–हँकराइ ।

टिप्पणी—(४) सुवा–शुक; तोता । बूतें–शक्ति ।

३३२

(दिल्ली; बीकानेर)

जेठ मास सूरज[१] दों लाई[२] । लोवें लवँहि जनु आग जराई[३] ।१
तपै पचास[४] बरहिं[५] अंगारा । तिह[६] पर मदन[७] तवै बिकरारा ॥२
सुरज सनां[८] [कंचु][९] औ चीरू[१०] । काम दगध अति[११] बिकल सरीरू[१२] ॥३
पिय सीतल आवहु हम पासा । तपत[१३] जाइ खँडवान पियासा ॥४
गिर मलया होइ[१४] आवहु नाहाँ । गिरखम[१५] जरत करहु मुहि[१६] छाहाँ ॥५
दूलभ कहियहु कन्त सेंउ, उनै आउ घनथट्ट[१७] ।६
नाहुत[१८] सूर बिरह मुहि[१९], दुरजन[२०] जारि करहि दहिघट्ट[२१] ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति ।

१–सुरिज । २–लावै । लोइन लावहिं जो आगि जरावै । ४–बज्रसिनि । ५–परै ।
६–तेहि । ७–मन्दिर । ८–सनेहा । ९–(दि०) कचू ; (बी०) कुचु । १०–चीर ।
११–दगधि औ । १२–सरीर । १३–पियत । १४–होइ मलयागिरि । १५–ग्रीषम । १६–हम । १७–गजवट्ट । १८ नातरु । १९–मोहि जारिहि । २०–X ।
२१–दहवट्ट ।

टिप्पणी—(५) गिरिमलया–मलयागिरि; चन्दन । गिरखम–ग्रीष्म ।
(६) उनै–घिर । थट्ट–समूह ।
(७) नाहुत–नहीं तो ।

३३३

(दिल्ली; मनेर; बीकानेर)

[गरजत][१] गगन असाढ़ जनावा । कुँजर जूह मेघ होइ आवा ॥१
चहुँ जग[२] उनै बीज चमकाई । पिय[३] सँवरहुँ पावस रितु आई ॥२

ऊखम रितु बन जारेउ आई[४] । हम पिउ फुनि[५] परदेसहिं छाई ॥३
मारग रहा पन्थ न चलाई[६] । अब जीउ घरी न धीर बँधाई[७] ॥४
मारग चलत न आयउ[८] नाहाँ । अब जलहर छायउ[९] जग माहाँ ॥५
दूलभ सावन लाग फिर[१०], औ[११] जग जलहर भर बाँह[१२] ।६
सुरपति-बाहन भानु[१३]-सुत[१४], मिल कियेउ रौराँह[१५] ॥७

पाठान्तर—मनेर और बीकानेर प्रति ।

१–(दि०) गजत; (म०) गजम; (बी०) जगमहँ । २–(बी०) दिसि । ३–(बी०) पिउ । ४–(बी०) औ खमुरचु बनिजारे आये । ५–(बी०) पुनि पिउ । ६–(म०) नहिं पंथ; (बी०) न पंथ । ७–(बी०) धराई । ८–(बी०) आयो । ९–(बी०) छायेउ । १०–(म०) फिर लाग; (बी०) फिर लगा । ११–(म०) अरु । १२–(म०) आह । १३–(बी०) भान । १४–(म०) पति । १५–(म०) मिलि कपोल अरु बाँह; (बी०) मिलि कपोल रु बाँह ।

टिप्पणी—(१) कुंजर जूह–कुँजर जूथ; हाथियों का समूह ।

३३४

(दिल्ली;[१] मनेर; बीकानेर)

मैं तुम्ह आगें सब दुख टेरा । भरि गंग बूड़ेउ[१] लाउ को तीरा[२] ॥१
पिय[३] गुनवन्ती[४] गुन दै तोरी[५] । परी नाउ भरि[६] गंग[७] मँह मोरी ॥२
तीर न लागै बिन गुनधारा[८] । करिया[९] कहाँ जो टेकि सँभारा ॥३
अब रै कुण्ड गहिरे मँह परी । बेग आउ[१०] सब जलहर भरी ॥४
नेह क सायर अति अवगाहा[११] । बोहित बूड़ न पावहिं[१२] थाहा ॥५
यह दुख पेमहिं[१३] संग रहौं[१४], खिन खिन सुख कै[१५] हानि ।६
सायर नेह अमोघ जल, बड़ पन्थिह तुमहिं जानि[१६] ॥७

पाठान्तर—मनेर और बीकानेर प्रति ।

१–(बी०) बूड़ि । २–(बी०) को लावै तीरा; (म०) न लागेउ तीरा । ३–(बी०) जिय । ४–(बी०) गुनवन्तै । ५–(बी०) टोरी । ६–(बी०) गहिरे । ७–(बी०) × । ८–(बी०) कंडहारा । ९–(बी०) करिय । १०–(बी०) आव । ११–(बी०) औगाह । १२–(बी०) बूडै न पावै । १३–(बी०) हम नहिं । १४–(बी०) रह्यो । १५–(बी०) की । १६–(म०) औ बड़ पंथिह मान; (बी०) बिधि मुयेहि पै जानि ।

टिप्पणी—गुनवन्ती–रस्सी धारण करनेवाला नाविक । गुन–रस्सी ।

(३) गुनधारा–रस्सी पकड़नेवाला मल्लाह । करिया–पतवार सम्हालनेवाला नाविक ।

(६) अवगाहा–अगाध । बोहित–नाव ।

१—इस प्रतिमें पंक्ति ३-४ क्रमशः ४ और ३ है ।

३३५

(दिल्ली; मनेर; बीकानेर)

देख नायक बनिज चलावा । दन्द उदेक उचाट लदावा ॥१
बिरह बिऊग सँताप[1] जो लीन्हा[2] । दुख रुपमनि[3] खाँड़ो भर दीन्हा[4] ॥२
औ मिरगावति कँह[5] अस कहा । ताहि[6] बा सरन[7] छाड़ पिउ गहा ॥३
देखि बूझहु[8] तुम्ह[9] हिय[10] सामाँ[11] । पीउ न सेज कस बेदन रामाँ[12] ॥४
बेदन दीह[13] जाइ नहिं सही । काँम दगध चूनाँ[14] होइ रही[15] ॥५
करवट सीस दइ कोउ[16] सहे,[17] यह दुख बहुत हमाँह[18] । ६
तिरिया यह नहिं[19] सहि सकै, पिय निरखै[20] औराँह ॥७

पाठान्तर—मनेर और बीकानेर प्रति ।

१–(बी०) संताप वियोग । २–(बी०) दीन्हा । ३–(बी०) रुकमिनि । ४–(बी०) लीन्हा । ५–(बी०) सौं । ६–(म०) तो । ७–(बी०) परसन । ८–(बी०) बूझि । ९–(बी०) तुम । १०–(बी०) अहौ । ११–(बी०) समाना; (म०) समान । १२–(बी०) पिउ नहिं सेज जीवै न तिमि रामा । १३–(म०) दीस; (बी०) दिहेहु । १४–(म०) चून । १५–(बी०) दही । १६–(म०) देइ जो कोई; (बी०) देइ कोई । १७–(बी०) सहिये; (म०)–× । १८–(बी०) हमाँहि; (म०) यह सह जाइ हमाँह । १९–(म०, बी०) नहिं यह । २०–(म०) पिउ देखै; (बी०) न कहै ।

टिप्पणी—(१) दन्द–द्वन्द । उदेक–उद्रेक । उचाट–खिन्नता ।

(३) बा–है ।

(६) करवट–करपात्र; आरा ।

(७) निरखै–देखै । औराँह–दूसरे को ।

३३६

(दिल्ली; मनेर; बीकानेर)

सँखा जिह दूभर निसि होई[1] । सेज गवेझ नींद न सोई[2] ॥१
औ चकोर कँह जिउ निकराई[3] । निमिख निमिख जुगजुग बर जाई[4] ॥२
यह दुख बरसि क आइ[5] तुलानाँ । अब न रहहिं घट जाहिं पराना ॥३
नव तिय देखहिं[6] आदरस[7] खाई[8] । मरिहौं तिह परहत्यै लगाई[9] ॥४
दई[10] क डर चित करहु बिचारी । हत्या निबहें किये[11] हुत भारी[12] ॥५
हिया न समुझै बाउरेउ[13], जिह[14] समुझावउँ[15] चित्त ।६
देखन चाहौं[16] पिय[17] कहँ, लोहू रोवौं[18] नित्त ॥७

पाठान्तर—मनेर और बीकानेर प्रति ।

१-(म०) सँखा जन जिंह बिछुरे होई; (बी०) सखा जन जौ दूभर होई । २-(बी०) सेज के ओछे नींद नहिं खोई; (म०) होई । ३-(म०) जोन कराई ; (बी०) जोन्ह कराई । ४-(बी०) निमिख निमिख मँह जुग जुग जाई । ५-(बी०) आय । ६-(बी०) तरुनी देखि । ७-(म०) अदारसि । ८-(बी०) कहई । ९-(बी०) मरिहौं तोहि परहत्या लाई । १०-(बी०) दइव । ११-(म०) बिरह किये । १२-(बी०) हत्या चढ़िहि गऊ छुत भारी । १३-(बी०) बाउर । १४-(म०, बी०) जो । १५-(बी०) समझाऊँ । १६-(म०) चाही; (बी०) । चाहै । १७-(बी०) पिउ । १८-(म०) रोवइ; (बी०) रोवैं ।

३३७

(दिल्ली; मनेर; बीकानेर)

बरद[1] सहस एक[2] भयउ[3] सँदेसा । नायक लादि चलेउ[4] वँह[5] देसा ॥१
राजकुँवर जिंह[6] देस लुभाना[7] । तिंह र[8] देस कर किहसि[9] पयाना ॥२
मारग पूँछि लिहिसि वह जाई । कुँवर बाट जिंह गयेउ[10] सो पाई ॥३
वह र[11] बाट सब हाँकिसि टाँडा । रुपमनि[12] बिरह अगिनि[13] कर खाँडा ॥४
आगै भा वह बिरह चलाई । पाछैं टाँड[14] चला सब जाई ॥५
कटक बहुत बिरहैं संग, बाट न छेड़ै कोइ[15] ।६
दानीं दान जो माँगैं [आवइ],[16] जर भँसमन्त सो होइ[17] ॥७

पाठान्तर—मनेर और बीकानेर प्रति ।

१-(म०) बरध । २-(म०, बी०) दस । ३-(बी०) भयो । ४-(म०) चला; (बी०) चलेव । ५-(म०) वहि; (बी०) तेहि । ६-(बी०) जेहि । ७-(बी०) लोभाना । ८-(बी०) तेहिरे । ९-(बी०) किहेसि । १०-(बी०) गयेव । ११-(म०, बी०) रे । १२-(बी०) रुकुमनि । १३-(म०, बी०) आग । १४-(बी०) टाँडा । १५-(बी०) छेकै कोय । १६-(दि०) ×। १७ (बी०) होय ।

टिप्पणी—(१) बरद-बैल ।

(२) पयाना-प्रयाण; गमन; यात्रा ।

(७) दानीं-दान माँगनेवाले; भिखारी ।

३३८

(दिल्ली; मनेर; बीकानेर)

घर[1] तन बन सब जारत चला[2] । आगैं परे सोइ[3] सब जला ॥१
समुँद एक आयउ बन तीरा[4] । बिरह आग वह जनत सरीरा[5] ॥२

फुनि[१] कजली[७] बन आगें आवा। काँम आग[८] सेउँ उहौ जलावा[९] ॥३
वहै गड़रिया हुत वहि[१०] ठाँऊँ[११]। पूछा उन्ह रे[१२] कहा[१३] तिह[१४] नाऊँ ॥४
गाँव ठाँव आहै[१५] इँह[१६] कोई। कहाँ रहहु तूँ पूछहुँ कहु सोई[१७] ॥५
कंचनपुर[१८] कै बाट जिह र[१९] दिसि,[२०] तिंह[२१] मारग हम लाउ[२२] ।६
कै जोजन आहै[२३] इहवाँ हुत, पूछौं कहु सु भाउ[२४] ॥७

पाठान्तर—मनेर और बीकानेर प्रति।

१–(म०) गिरि। २–(बी०) घर बन तीर जरत सब चला। ३–(म०, बी०) सो रे। ४–(बी०) आये बड़वानी। ५–(म०) बिरह लग दहहि जरत सरीरा; (बी०) बिरह कि आगि सुखानेउ पानी। ६–(बी०) पुनि। ७–(बी०) कदली। ८–(बी०) अगिनि। ९–(म०, बी०) वहौ जरावा। १०–(बी०) वोहि। ११–(दि०) ठाँई। १२–(बी०) इनहि। १३–(म०, बी०) काह। १४–(बी०) तुम्ह। १५–(बी०)×। १६–(बी०) इँहवा नहिं; (म०) इँह न। १७–(म०, बी०) कहाँ रहहु तूँ इकसर होई। १८–(दि०) कंचपुर। १९–बी० जेहि। २०–(बी०) मारग; (म०) कंचनपुर गै जिह दिसि। २१–(बी०) तेहि। २२–(बी०) तेहि हम कहँ लाउ। २३–(म०) है। २४–(म०) सत भाउ; (बी०) कै जो अहइ जन इहाँ हुतै, तेहि तो पूछौ सति भाउ।

टिप्पणी—(७) इहवाँ हुत–यहाँ से।

३३९

(दिल्ली; मनेर; बीकानेर)

कंचनपुर जोजन सौ आही। जोगीउ एक गयेउ वह जाही[१] ॥१
दिन दुइ तीन आहा[२] घर मोरीं[३]। पहुनाई कीनों कर जोरीं[४] ॥२
भेंट[५] भुगुति मैं वह कहँ[६] कीनीं[७]। जोगी केरि यहै[८] मँद रीती ॥३
एक दिवस हौं सुवत आहा[९]। साँठ लिहिसि औ आँखिउ दहा[१०] ॥४
साँठ वस्तु[११] भल जो कछु पाइसि[१२]। लइके[१३] भाग न फेरि[१४] दिखाइसि[१५] ॥५
जोगी जात कितघ्नि आहे[१६], जो वोरे घिउ[१७] खाँड ।६
आपुन होय न कैसहुँ[१८], ताकर[१९] मारै विसहैं काँड ॥७

पाठान्तर—मनेर और बीकानेर प्रति।

१–(बी०) जोगियो एक गयो वहि चाही। २–(म०, बी०) रहा। ३–(बी०) मोरे। ४–(म०) बहु पहुनाइ कियेउ कर जोरे; (बी०) पहुनाई कियौं दुवौ कर जोरे। ५–(बी०) जेति। ६–(म०) कै। ७–(बी०) वोहि की कीतिसि। ८–(म०) जोगी जात आह। ९–(बी०) मैं सोवत अहा। १०–(म०) दाहा। ११–(बी०) लीन। १२–(बी०) पाइस; (म०) पास। १३–(बी०) लैके। १४–(बी०) बहुर।

१५-(म०) देखास; (बी०) देखाइस। १६-(बी०) अहै। १७-(बी०) बोरिये घी। १८-(बी०) कैसेहु। १९- (म०) ताखर; (बी०) ×।

टिप्पणी—(१) जाही-जगह।

(४) सुवत-सोता। आहा-था।

(६) बोरे-डुबोये। घिउ-घी। खाँड-चीनी।

(७) ताकर-उसका।

३४०

(दिल्ली; मनेर; बीकानेर)

बात कहिसि फुनि पन्थ देखावा। मारग यहै लोग सब[1] आवा ॥१
वहैं बाट बरदै हँकवाई[2]। जो र गड़रियें बाट दिखाई[3] ॥२
माँस यक दूसरें मग[4] घटाना[5]। नगर कंचनपुर आइ[6] तुलाना ॥३
उतरेउ[7] आइ एक अंबराई। अपुरुब नारा[8] पोखर बाईं[9] ॥४
नगर सुहावन देखत भावा। लोग उत्तिउँ[10] मुख बचन सुहावा[11] ॥५
लोगहि[12] पूछसि बात नगर कै, राजा इहाँ[13] को आह।६
राजकुँवर अहै[14] इँह[15] राजा, मिरगावति[16] धनि ताँह ॥७

पाठान्तर—मनेर और बीकानेर प्रति।

१-(म०) सभ। २-(बी०) वोहि बाट सब बरदी हँकरावा। ३-(बी०) देखाये। ४- (म०, बी०) बाट। ५-(म०) घटाई; (बी०) खुटाना। ६-(बी०) आय। ७-(बी०) उतरेव। ८-(बी०) तारा। ९-(बी०) पाई। १०-(बी०) उत्तिम। ११-(म०, बी०) सुनावा। १२-(बी०) लोगन। १३-(बी०) इहँ राजा। १४-(म०) है; (बी०) इहाँ। १५-(म०) ×; (बी०) आहें। १६-(बी०) मिरगावती।

टिप्पणी—(४) नारा-नाला। पोखर-तालाब। बाईं-वापी, कुँआ।

(५) उत्तिउँ-उत्तम।

(७) धनि-पत्नी। ताँह-उसकी।

३४१

(दिल्ली; मनेर; बीकानेर)

राजकुँवर कर सुनसि जो नाँऊँ। औ मिरगावती है वहि[1] ठाँउँ ॥१
कहिसि दयीं[2] भल भयउ गुसाँईं[3]। दोउ सुनेउँ बारें[4] एक ठाँईं ॥२
जिह लगि आयउ पायउ[5] सोई। मोर जनाउ[6] किंह[7] र[8] बिधि होई ॥३
मारग कुसल जैं[9] बिधि कीन्हीं[10]। सो र[11] मिराइहि[12] होइहि चीन्हीं[13] ॥४

भागवन्त अब लाग सन्देहू[१४] । **जिह घर खाँड सो पाउँ[१५] मछेहू** ॥५
उँहहि[१६] राजपूत आह सुलाखन,[१७] इन्ह पँह[१८] दइ दइ[१९] राज ॥६
सिरीवन्त कहँ कोदों[२०] अबला[२१], **दिन दस भलहि[२२] बिराज** ॥७

पाठान्तर—मनेर और बीकानेर प्रति ।

१–(बी०) वोहि । २–(बी०) दइव । ३–(बी०) भयेव गोसाई । ४–(बी०) इनौ बर आहै । ५–(बी०) जेहि लगि आयों पायेंव । ६–(म०) जनावन; (बी०) चिन्हावन । ७–(बी०) केहि । ८–(बी०) रे; (म०) × । ९–(म०) जिंह र; (बी०) जेहि रे । १०–(बी०) कीन्हा । ११–(म०, बी०) सोइ । १२–(बी०) मिराय । १३–(बी०) चीन्हा । १४–(बी०) भागवन्त कह अपदस देहू । १५–(बी०) पाव । १६–(म०) इँहवहि; (बी०) वहौ । १७–(बी०)–सुलखन । १८–(म०) ईँहहि । १९–(बी०) यह फुनि दइव दीन्ह । (म०) करो । २१–(बी०) मिरगावति कहँ क्रत अपदस । २२–(बी०) भयेव ।

टिप्पणी—(३) जनाउ–सूचना ।

३४२

(दिल्ली; मनेर; बीकानेर)

कंचनपुर जो[१] आहे बैपारी[२] । सुनतहि टाँड एक आयउ[३] भारी ॥१
कहहिं जाके[४] बनिज बिसाही[५] । लइके[६] चलहु जो र[७] कछु चाहीं[८] ॥२
मिलिके[९] सब आये बैपारी[१०] । भेंट घाँट कै बैठि[११] जुहारी[१२] ॥३
फुनि[१३] कछु[१४] लइ दइ कै चाली । कहहिं तो कोउ[१५] करै बिस्थाली[१६] ॥४
एकहि ठाइँ[१७] बनिज हम देहू । माझी कहै[१८] सो हम सेउ[१९] लेहू ॥५
हँस बोला अस नायक उन्ह[२०] सेउ[२०], तुम्ह कँह दई[२१] न जाइ ।६
यह र[२२] बनिज तो पै[२३] बनिजा, जो आपुहि[२४] आवइ[२५] राइ ॥७

पाठान्तर—मनेर और बीकानेर प्रति ।

१–(म०) × । २–(बी०) अहे व्यौपारी । ३–(बी०) सुनिन्ह टाँडा आयेव एक । ४–(म०) जाइके । ५–(बी०) चलहु लेंय जो रे किछु चहियै । ६–(म०) लेइ । ७–(म०) रे । ८–(बी०) कहिन्हि जायकै बनिज बिसहियै । ९–(बी०) मिलकै । १०–(बी०) व्यौपारी । ११–(बी०) बैठ । १२–(म०, बी०) जोहारी । १३–(बी०) पुनि । १४–(म०, बी०) उन्ह । १५–(म०) कोई । १६–(बी०) कहिन्हि कोरे करै बिसठाली । १७–(बी०, म०) ठाँउ । १८–(बी०) चाहि १९–(बी०) हमसे । २०–(बी०, म०) × । २१–(बी०) देइ; (म०) देउ । २२–(बी०, म०) रे । २३–(म०, बी०) हौं । २४–(म०, बी) इँह । २५–(बी०) आवै ।

टिप्पणी—(२) बनिज–व्यापारकी वस्तु । बिसाही–खरीद करें ।

(३) भेंट-घाट—(भोजपुरी मुहावरा) मिलना-जुलना।
(४) लइदइ—लेन-देन की बात। कै—का। चाली—बात आरम्भ की।
(५) माँझी—मूल्य निर्धारित करनेवाला मध्यस्थ।
(७) पै—लेकिन।

३४३

(दिल्ली; मनेर; एकडला; बीकानेर)

बैपारिहँ[1] रे सुनी यह बाता। नायक बाउर कै मतमाता ॥१
बाउर नायक राइ[2] बुलावा[3]। ठाकुर तुरिय लै आगे[4] आवा ॥२
बनजारे सेंउ[5] काह दुवारी[6]। राजा जिंह लग आवइ[7] भारी ॥३
यह कहि सब बहुरे[8] बैपारी। आपुन आपुन लागि दुँवारी[9] ॥४
चलत बात[10] राजा पहँ गई। बनजार[11] एक अइस[12] बोलई ॥५
ठकुरहिं[13] कै अस अहै[14] करथा,[15] अचरज[16] सुनहु हँकार[17] ।६
वँह रे बनिज का आहे[18] अपुरुब, जिंह[19] लग हमहिं दवार[20] ॥७

पाठान्तर—मनेर, एकडला और बीकानेर प्रति।

१–(ए०) [बै] पारिंह। २–(ए०) राव; (बी०) राय। ३–(ए०, म०, बी०) बोलावा। ४–(म०) लै; (ए०, बी०) लेए पै। ५–(ए०, बी०) सौ। ६–(म०) दँवारी; (ए०, बी०) डँवारी। ७–(ए०) जेहि लगि आऐव; (बी०) जेहि लगि आवै। ८–(ए०) बहुरे सब। ९–(ए०) आपन आपन लाग डँवारी; (बी०) आपन आपन कहु लगे डँवारी। १०–(ए०) चलत। ११–(म०) बनजारा। १२–(म०) आउ अस है; (बी०, ए०) अैस। १३–(ए०, बी०) ठकुरन्ह। १४–(म०) आहै। १५–(ए०) कथा। १६–(ए०) अचर; (बी०) अचरज कसथा। १७–(ए०) हँकारि। १८-(म०) अहै। १९–(ए०, बी०) जेहि। २०–(म०) दँवार; (ए०) डवारि; (बी०) डँवारि।

टिप्पणी—(१) बाउर–बावला।

३४४

(दिल्ली; मनेर; बीकानेर;)

धावन[1] एक जनाँ सो धाये[2]। चलु[3] नायक तुम्ह राय बुलाये[4] ॥१
कहिसि ठाढ़ तूँ खिन एक होई[5]। भेंट लेवँ[6] संग आवौं तोही ॥२
जौ लग ई र[7] बार हुत ठाढ़ी[8]। तौलहि तिलक दुआदस काढ़ी ॥३
धोती पहिरि जनेउ जो देई[9]। पतरी पौ काँख पौथी लै सेई[10] ॥४
जिंह मँह बारह मास क बाता। छाड़सि अउर भेस[11] से साता ॥५

दन्द उदेक उचाट विरह दुख, बहुत थाल भरि लीन्ह ।६
जिह ठाँ राउ बैठ हुत,[१२] इकसर भेंट जाइ कै कीन्ह[१३] ॥७

पाठान्तर—मनेर और बीकानेर प्रति ।

१–(बी०, म०) धावत । २–(म०, बी०) धावा । ३–(बी०) चल । ४–(बी०) तोहि राय बोलावा । ५–(म०, बी०) होहीं । ६–(म०) लेउँ; (बी०) लैंव । ७–(बी०) तौ लहि यह रे । ८–(बी०) ठाढ़ा । ९–(बी०) धोती पहिरि पुनि काँध जनेऊ । १०–(म०) पटली गाँग पोथि लै सेई; (बी०) पहुली काँख पोथी लिहे सेउ । ११–(म०) सहस । १२–(बी०) जेहि ठाँव राव बैठे हुत । १३–(बी०) भै इकसर भेंट तहँ जाइ कीन्ह ।

टिप्पणी—(१) **धावन**–दूत । **जनाँ**–व्यक्ति ।

(२) **ठाढ़**–खड़ा ।

(३) **तिलक दुआदस**–वैष्णव सम्प्रदायके कतिपय लोग बारह तिलक–मस्तक, नासिका, दोनों कपोल, वक्षस्थल, दोनों भुजा, नाभि, दोनों जाँघ और पीठके त्रिक्‌स्थानपर लगते हैं। इस प्रकारके तिलक लगानेका उल्लेख चन्दायन (४२०।२), पदमावत (४०६।३) और बीसलदेव रासो (छन्द १०२) में भी हुआ है।

(४) **पतरी**–पादत्राण । **पौ**–पाँव । **काँख**–बगल ।

(५) **इकसर**–अकेले ।

३४५

(दिल्ली;[१] बीकानेर)

फुन आसिखा[१] लाग[२] वह देई । जो कछु बँहभन[३] बूझी सेई ।१
देत आसिख्या[४] कुँवर जो चीन्हा । घर क पुरोहित चरचै लीन्हा ॥२
कुँवर जो[५] निरख[६] नीक कै देखा । दूलभ पण्डित जानु[७] बिसेखा ॥३
फुनि पूछसि पण्डित कर[८] नाँऊ । नाँव कहउ[९] औ आपन ठाऊँ ॥४
कहिसि राइ[१०] हम दूलभँ नाऊँ । चन्दागिर जो हमारेउ[११] ठाँऊ ॥५
गनपत देव क[१२] पुरोहित बाँभन,[१३] पठयें तुम्हरे पास[१४] ।६
बहु दुख देखत आयउ[१५] मारग, मकु[१६] पूजी मन आस ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति ।

१–असीस । २–लागा । ३–बँभनहुँ । ४–असीस । ५–× । ६–नायक । ७–जनौ । ८–कै । ९–कहौ । १०–राउ । ११–हमारा । १२–कर । १३–× । १४–पटयउ । १५–बहुत देखि दुख आयेउ । १६–मिलेहु ।

१—इस प्रतिमें पंक्ति ४ और ५ की अर्धालियोंका क्रम १, ४, २, ३ है।

टिप्पणी – (१) आसिका–आशीर्वचन ।
(२) आसिख्या–आशीर्वचन ।
(३) निरख नीक कै देखा–ध्यानपूर्वक देखा ।

३४६

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

पिता नाँउ सुनि जिउ घबरावा[1] । फुर कहु दूलँभ[2] पितैं[3] पठावा ॥१
अउर[4] इहाँ मुहि काउ न काजा[5] । बिनु पठये आँवउँ जिह[6] राजा ॥२
कुसल पिता कै पूछउ[7] तोही । माता कुसल[8] कहहु सब[9] मोही ॥३
अउर[10] कुटुँब कै पूछउ[11] बाता । सब कै कुसल कहहु निरबाता[12] ॥४
खेम कुसल सबकै है राया[13] । बहुत भेंट तुम्ह कँह मन माया[14] ॥५
यहि सँदेस लिखि पठयें,[15] कहहु तो सो सब देउँ ।६
जो र कहा उन्ह सो कहु मोसंउ[16], माथ परिछि कै लेउँ ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रति ।
(१) (बी०) गहबरि आवा; (ए०) सीव सुनी गहबरी आवा । २–(ए०) सभ । ३–(बी०) तोहिं पिता । ४–(ए०) औरो; (बी०) और । ५–(ए०, बी०) इहाँ दहु का मोहि काजा । ६–(बी०) जेहि आवों । ७–(ए०, बी०) पूछौं । ८–(बी०) कुसर । ९–(ए०) दहुँ । १०–(ए०, बी०) और । ११–(ए०, बी०) पूछौं । १२–(बी०, ए०) निराता । १३–(ए०) राजा । १४–(ए०) बहुतन्ह बैठि बोलहु मन माया; (बी०) बहुत तपहिं तुम्ह कहुँ दिन माया । १५–(ए०) अेह संदेस लिखि पठइन्हि; (बी०) बहु संदेस कहि पठइन्हि । १६–(बी०, ए०) × ।

टिप्पणी –(७) माथ परिछि कै लेउँ–स्नेह की अभिव्यक्तिके निमित्त स्नेहीके सिरपर विशेष रीतिसे हाथोंकी परिक्रमा ।

३४७

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

पहिले पिता क[1] सुनहु सँदेसा । जिह[2] दिन संउ र[3] चलहु[4] परदेसा ॥१
तिह[5] दिन संउ[6] उन्ह[7] छाड़उ राजू । नेगी सबै चलावहिं[8] काजू ॥२
रोवत नैनहि दिस्टि[9] घटानी[10] । अन न खाहि पियहिं नहिं पानी ॥३
औ अस[11] कहँहि कि कहियहु[12] जाई । नदी तीर कर बिरिख गिराई[13] ॥४
खसैं[14] जो आहु[15] कहिहु काहा । बिरध भयेउँ[16] जर छाड़ेउ आहा[17] ॥५
तुम्ह[18] बिनु कहहिं[19] अस यह आहै[20], जस दिन सूर बिहून ।६
चाँद तराइन[21] बिनु निसि[22] गहन[23], जगत चहूँ[24] दिसि सून ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रति।

१-(बी०) कर। २-(ए०, बी०) जेहि। ३-(ए०, बी०) सो रे। ४-(ए०, बी०) चलेहु। ५-(ए०, बी०) तेहि। ६-(ए०, बी०) सौं। ७-(ए०) उन। ८-(ए०, बी०) चलावै। ९-(ए०) आखिनि दीठि; (बी०) आँखिन्ह डीठि। १०-(ए०, बी०) खुटानी। ११-(दि०) आस। १२-(ए०) कहिअवहु; (बी०) कहियौ। १३-(ए०) नदी तीर कै बरगुन आई। १४-(ए०) गये। १५-(ए०) अैहौहु; (बी०) आवहु। १६-(ए०, बी०) भये। १७-(बी०) छाडै चाहा; (ए०) छवौ चाहा। १८-(ए०) तोह; (बी०) तुम। १९-(ए०) कहहि; (बी०) कहेहु। २०-(ए०) अैस मोहि अहौ; (बी०) अस अहै मोहि। २१-(ए०, बी०) तरैयन। २२-(ए०) निसु; (बी०) कुल। २३-(ए०, बी०) ×। २४-(ए०) चौंह।

टिप्पणी—(५) खसैं–गिरनेपर। आहु–आओ। करिहहु–करोगे। बिरध–वृद्ध। जर–जड़।

(६) बिहुन–बिना।

३४८

(दिल्ली; एकडला)

जस र[1] मँदिर चाहै भहराई[2]। वस हौं भयउँ[3] देखु मोहि आई ॥१
टेकहु मँदिर खाँभ दइ[4] आई। नाँहुत[5] अबहि परिह भहराई ॥२
चाँद सतायस हौं होइ[6] रहा। चाहै खिनक अमावस गहा ॥३
अँजुरि पानि जस[7] जिउँ मोरा। बेग आउ मुख देखउँ[8] तोरा ॥४
जियतैं मुख[9] दिखरावहु आई। मुऐं रहहि[10] पछताउ[11] न जाई ॥५
यह सँदेस तुम्ह दीतन्हि[12], सौंत मन सुन लेहु[13] ।६
चित उचाइ[14] यहि ठाँउँ सेंउ[15], सुदिन पयाना देहु[16] ॥७

पाठान्तर—एकडला प्रति।

१–जो रे। २–(दि०) बहराई। ३–मैं भएव। ४–दे। ५–नाहीं तौ। ६–होए मैं। ७–जैस। ८–देखौं। ९–जियत मोहि। १०–रहे। ११–पछताव। १२–तोह दीतीन्हि। १३–सौन सुनिअ कै लेहु। १४–उचाव। १५–सौं। १६–पयानेव देहु।

टिप्पणी—(१) भहराई–गिरना। वस–वैसी। हौं–मैं।

(२) देवहु–सहारा दो। खाँभ–खम्भा। परिह–पड़ेगा।

(३) चाँद सतायत–कृष्ण पक्षकी चतुर्दशीका चाँद।

(४) अँजुरि–अँजली।

(६) सौंत–स्थिर।

३४९

(दिल्ली)

मातैं यह सन्देस पठावा। एकहि ठाँउँ दुहौं गिर आवा ॥१
अउर सँदेस सुनहु एक भारी। राजकुँअरि जिह बिहयहु बारी ॥२
वहिक सँदेस लेत हिय फाटा। जानु करज कटारिंह काटा ॥३
नगर सुबुध्याँ उतरउँ आई। माँस एक लै गयउ बिलाई ॥४
पूछसि नायक किंह हुत आवा। मैं आपुन बोलेउँ सब भावा ॥५
धाइ पाउ दोइ मोरे धारि क, आइ परी सहराय।६
कहै हियों संग आवौं तोहे, मोहि ऊपर बिस खाइ ॥७

टिप्पणी—(७) हियो–यहाँ भी ।

३५०

(दिल्ली)

गिर परि के राखेउ बोराई। रहहु देवस दस आनौं जाई ॥१
तो यह हम कहँ कहिसि सँदेसा। अइहाँ कार जोगिन कर भेसा ॥२
बिरह बियोग संताप बखानी। पान फूल कछु साथ न मानी ॥३
दन्द उदेग उचाट सँताई। रोवइ झुरवइ कछु न सुहाई ॥४
सीस रूख वैं तेल बिसारा। निसि बासर जोवइ तुम्ह बारा ॥५
जो कोउ पंथी आउ बिदेसी, आस लुबुध तिंह पूछ।६
माँसा नास रकत न राती, पिंजर रहउ जो छूछ ॥७

टिप्पणी—(५) जोवइ–जोहती है। बारा–रास्ता।

३५१

(दिल्ली)

सखी सहेलिंह बैठहिं आई। बोरावहिं बोराइ न जाई ॥१
बात कहत तो उतर न देई। खिन खिन मर मर साँसैं लेई ॥२
नाच कोड कछु नगर जो होई। सखी मँदिर चढ़ि देखैं सोई ॥३
उवहु बुलावहिं देखहु आई। कहियो देखै तहाँ न जाई ॥४
पिय बिन अउर न देखौं काहू। देखें बोलैं जासेंउ लाहू ॥५
फूटहिं नैन तरक कै, जो देखौं औराँह।६
रसना थकेउ है सखी, बिनु पिउ बोलाहँ ॥७

टिप्पणी—(४) कहियो–किसी भी दिन।

३५२

(दिल्ली)

निस वासर यहि भाँत गँवावइ । औ बहु दुख मुँह कहत न आवइ ॥१
दिया मंदिर न जारै काऊ । उजियारे पिय बिन का पाऊ ॥२
उजियारा कै काह करंजी । पिय बिन जीवन कछु न गुंजी ॥३
पिय बिन सेज जगत अँधियारा । दिया क जार न होइ उजियारा ॥४
सखी काउ समुझावइ गई । उतर तिह सहलिह दई ॥५
पिय बिन दिया न जारहों, बरु अँधियारहिं सुक्ख ।६
क उजियार राहै सखी, काकर देखों मुक्ख ॥७

टिप्पणी—(७) काकर–किसका ।

३५३

(दिल्ली; बीकानेर[1])

औ बहु दुख कैसहिं न घटाहा[1] । देखहु आइ बूझ मन माहीं[2] ॥१
दौं क परम पतिह[4] एक जानी । एकहिं देखे[5] सबहिं[6] बखानी ॥२
जो चित होइ सो करै[7] विचारी । तिह[8] सेउ और काउ[9] बुधि भारी ॥३
कुँवर कहा दूलभ सुनु बाता । चालहों देवस पाँच कै साता[10] ॥४
इँहाँ क[11] समाँधान[12] कछु कीजै । तो[13] पयान वह देस कहँ[14] दीजै ॥५
महते लोग बुलाइ[15] कै, करों इहाँ क समाधान[16] ।६
उवइ अगस्त घटै जग पानीं, तुरियहिं[17] देउँ पलान ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति ।

१–औ बहुत दुख मोहि कहै न जाई । २–देखहु बूझि अपने जिय माहीं । ३–दहु । ४–सुनहु । ५–देखि । ६–सबै । ७–करहु । ८–तुम्ह । ९–को रे । १०–इस पंक्ति का पाठ उपलब्ध नहीं है । १०–इहँका । ११–समधान । १३–तो रे । १४–वहि दिसि दीजै । १५–बोलाइ । १६–समधान । १७–तुरियन ।

टिप्पणी—(५) समाँधान–व्यवस्था ।

(६) तुरियहिं–घोड़ोंको । पलान–जीन ।

३५४

(दिल्ली; बीकानेर)

पगी चपटी कछु[1] न सुहाई[2] । बाँभन[3] कहेउ सँदेस जो आई ॥१

१—सम्मेलन संस्करणमें पंक्ति ४ नहीं है । उसमें बीकानेर प्रतिमें केवल ६ पंक्ति होनेकी बात कही गयी है ; किन्तु माताप्रसाद गुप्तका कहना है कि इस प्रतिमें यह पंक्ति है । (भारतीय साहित्य, वर्ष ८, अंक ३, पृ० ९०) ।

बहु[4] मरोह मन[5] पिता क[6] आवइ[7] । सुनि[8] सँदेस रुपमनि[9] सत भावइ[10] ॥२
गयेउ[11] मँदिर मँह पैठेउ जाई[12] । मिरगावति[13] सेंउ बात चलाई ॥३
आजु पिता कर मानुस[14] आवा । कुसल खेम पिताकर[15] पावा ॥४
माँ पितैं[16] बहुत कै कहा । मींचु नियर अब आयउ अहा[17] ॥५
बिरध भयहुँ अब आवहु कूसर[18], पँडुर[19] भये ते केस ।६
लोयन दिस्टि घटी न सूझ,[20] देखु आइ[21] हम भेस ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति ।

१–किछु । २–सोहाई । ३–दूलभ । ४–हियै । ५–×। ६–कर । ७–आवै । ८–पुनि । ९–रुकुमिनि । १०–क सतावै । ११–कुँवर । १२–बैठेउ जाई । १४–मिरगावती । १४–बाँभन । १५–कुठाव कै । १६–माता पिता । १७–(दि०) आहा । १८–ब्रिध भयेउ आवहु । १९–पंडर । २०–खुटानी सूझै न । २१–आइ देखु ।

टिप्पणी—(२) मरोह–मया, ममता ।
(५) मींचु–मृत्यु ।
(६) पंडुर–श्वेत; सफेद ।

३५५

(दिल्ली;[1] बीकानेर)

इह[1] कहि मातैं पितै बुलावा[2] । जा तुम्ह कहहु सोइ हम भावा ॥१
मिरगावतीं कहा[3] सुनु[4] सामीं । तू[5] प्रभुता हो र[6] तुम्ह[7] कामीं ॥२
जो चित मन रूचत[8] तुम्ह[9] होई । जो पिय[10] कहहु सर ऊपर सोई ॥३
राइभान कँह[11] दीजै[12] राजू । बिलँब न लाइ कीजै आजू[13] ॥४
सब नेगिंह कँह कहइ[14] बुलाई । जब लगि आउँ ईंह[15] पितहिं मिलाई॥५
काज राज कै सँवारहु[16], जब लग राइभान है[17] बार ।६
अलप दिनँह[18] मँह[19] आउब मिलिकै[20], छाड़ि देह जिय घार[21] ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति ।

१–यह । २–माता पिता बोलावा । ३–कहै । ४–सुनहु तुम । ५–तुम । ६–रे । ७–तुम । ८–रुचिता । ९–तुम । १०–रे । ११–कहुँ । १२–दीजियै । १३–लाइयै गवनियै आजू। १४–कहौ । १५–आवहिं । १६–कर सँवरहु । १७–हहि । १८–दिवस । १९–महँ फिर । २०–× । २१–छाँड़ि जाहिं जीय अधार ।

टिप्पणी (२) प्रभुता–स्वामी । कामीं–कर्मी; सेवक; काम करनेवाला ।

१—इस प्रतिमें पंक्ति ३–४ क्रमशः ४–३ हैं ।

(३) रूचत–अच्छा लगता हो ।
(७) अलप (अल्प)–थोड़ा । आउब–आऊँगा ।

३५६

(दिल्ली; एकडला[१]; बीकानेर[१])

चारि बरिस कंचनपुर भये । राजकुँवर कहँ सुख महँ गये[१] ॥१
दोइ[२] पूत मिरगावति जाई[३] । राइभान कह रानि बुलाई[४] ॥२
करनराइ छोटहिं[५] कर नाँऊँ । राइभान सेंउ[६] दूसरें[७] ठाँऊँ ॥३
राइभान[८] कहँ दीन्हेउँ[९] टीका । आनि भई जस राम कली का[१०] ॥४
राघोबंस राम औतरा । जानहु उहै सपूरन करा[११] ॥५
महतै लाग समुँद गै[१२] देस क[१३], दाम दई[१४] बहु घोर ।६
बेगर बेगर सब कहँ कापर[१५], नेत बँधाइ[१६] पटोर[१७] ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रति ।
१–(ए०) सुख सौं राजकुँवर कह गये । २–(ए०, बी०) दुइ रे । ३–(ए०) के भये; (बी०) जाये । ४–(ए०) रायभान बलराजो ठाये; (बी०) देखत लोयन जाहि सिराये । ५–(ए०, बी०) छोटे । ६–(ए०, बी०) सौं । ७–(ए०) दूसरी; (बी०) दूसरि । ८–(बी०) रायभान । ९–(ए०, बी०) दीन्हेव । १०–(बी०) कि लीका । ११– (ए०) सोन कै करा । १२ (ए०, बी) समदी कै । १३–(ए०, बी०) × । १४–(ए०) दिये; (बी०) दिहे । १५–(ए०) कपरा; (बी०) × । १६–(बी०) बँधावा; (ए०) बँधाये । १७–(ए०) थोर ।

टिप्पणी—(४) राम कलीका–कलियुगका राम ।
(६) गै–गये । देस क–सारे देशके । दाम–एक सिका (देखिये पीछे १४६।५ की टिप्पणी) । घोर–घोड़ा ।
(७) बेगर-बेगर–अलग-अलग । कापर–कपड़ा; वस्त्र । नेत्र–रेशमी वस्त्र । पटोर–सूती वस्त्र ।

३५७

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

उवे[१] अगस्त घटा[२] जग पानी । पाखर तुरियहिं भयउ[३] पलानी ॥१
पँवरि[४] बारि बाहर कै तानां । नगर देस महँ परेउ[५] भँगानाँ ॥२
राजकुँवर[६] चन्द्रगिरि[७] जाई । पूतहिं कंचनपुर बैठाई[८] ॥३
आधा[९] राजपाट सँग लीन्हा । आधा राइभान[१०] कहँ दीन्हा ॥४

१—इन प्रतियोंमें पंक्ति ४–५ क्रमशः ५ और ४ हैं ।

घाउ[११] निसान अमर [घहराना*][१२]। दर परिगह[१३] सब साज बुलाना ॥५
सुदिन पूछि बाँभन कहँ, सुघरी[१४] बाहर मेलेउ[१५] जाइ ॥६
करनराइ मिरगावति[१६] रानी[१७], ये[१८] संग लीनहि[१९] राइ[२०] ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रति।

१–ए० ×; (बी०) उयेउ। २–(बी०) घटेउ। ३–(ए०) भये; (बी०) भयेव। ४–(बी०) पवरी; (ए०) ×। ५–(ए०) परेव; (बी०) परा। ६–(ए०) ×। ७–(बी०) चन्द्रागिरि। ८–(ए०, बी०) बैसाई। ९–ए० ×। १०–(ए०, बी०) रायभान। ११–(ए०) अ। १२–(दि०) गहराना; (ए०) घरहाना; (बी०) फहराना। १३–(ए०) बिरगह; (बी०) बिग्रह। १४–(ए०) ×। १५–(ए०, बी०) मेलेव। १६–(ए०) मिरगावती। १७–(ए०) ×। १८–(ए०) अपने; (बी०) ए। १९–(ए०) लीन; (बी०) लिहेसि। २०–(ए०) लाइ; (बी०) लगाई।

टिप्पणी—(१) उवै–उगे।

(२) **भगाना**–भगदड़।

(३) **घाउ**–चोट। **निशान**–डंका। **दर**–दल, सेना। **परिगह**–वासुदेव शरण अग्रवालने पदमावतमें एक स्थलपर (१२९।८) इसका अर्थ राजाके ठाट-बाटकी सामग्री—छत्र, चँवर आदि किया है और कहा है कि इसे परिच्छद भी कहते हैं। अन्यत्र (४९६।८) कहा है कि हिन्दी परगई (सं० परिग्रह) का एक अर्थ निवास, अन्तःपुर, घर भी है। यह अर्थ उनके अनुसार १२९।८ में ठीक बैठता है। किन्तु प्रस्तुत तथा पदमावतके ४९६।८ के प्रसंगोंको देखते हुए दोनों ही अर्थ संगत नहीं जान पड़ते। संस्कृत और हिन्दी कोशोंमे परिगह और पतिग्रहका अर्थ सेनाकी सुरक्षित टुकड़ी अथवा पिछला भाग भी पाया जाता है। हमारी समझमें दर-परिगहसे तात्पर्य सेनासे है।

(६) **मेलेउ**–निकल पड़ा।

३५८

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

मिरगावति[१] सब सखीं बुलाई[२]। अहीं[३] जहाँ लहि[४] भेटैं आई ॥१
भेंटी बहुतैं समुँद बहु देई[५]। गिंय लाइ कै रोवइ सेई[६] ॥२
दई[७] मिराउ[८] त[९] होइ[१०] मिरावा[११]। दूरि देस कहँ चित्त उचावा ॥३
बिछुरीं[१२] रानी मिलत दुहेला[१३]। वह[१४] सुख गा जो एक संग खेला ॥४
जरम सुहागिनि होयहु[१५] रानी। जब लग गाँग जवन[१६] मँह[१७]पानी ॥५
समुँदै सबै सहेली दइके[१८], दोमन घर कहँ जाइ[१९] ।६
मिरगावति[२०] अब बिछुरीं हम सेंउ[२१], मिलहिं कि मिलिहैं नाइ[२२] ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रति—

१-(ए०, बी०) मिरगावती। २-(ए० बी०) बोलाई। ३-(बी०) रही। ४-(बी०) लहु। ५-(ए०) भेंटे बेरि समद तेहि देई; (बी०) भेंटे जो रे समद तेहि देई। ६-(ए०) सोई; (बी०) गीय लगाय बहु रोवै सोई। ७-(ए०) दैअ; (बी०) दइव जो। ८-(ए०) मेरावै; (बी०) मेरवै। ९-(ए०, बी०) तो। १०-(ए०) होअ। ११-(ए० बी०) मेरावा। १२-(ए० बी०) बिछुरत। १३-(ए०) आइ देवस दुहेला। १४-(ए०) उवह। १५-(ए० बी०) सोहागिनी होइहु। १६-(ए०) जोन; (बी०) जमुन। १७-(बी०) ×। १८-(ए०) दैके; (बी०) ×। १९-(बी०) बहुरि दुमनि भै जाहि; (ए०) है कै बहुरि दुमनि जाहि। २०-(ए०, बी०) मिरगावती। २१-(ए०) हमसे; (बी०) ×। २२-(ए०, बी०) नाहिं।

टिप्पणी—(१) भेंटै-मिलने।
(२) सेई-वह।
(३) मिराउ-मिलावे। मिरावा-मिलाप।
(५) गाँग-गंगा। जवन-यमुना।
(६) दोमन-उदास।
(७) नाइ-नहीं।

३५९

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

कुँवर कहा[1] कछु[2] साँठो[3] लेई। बाट घाट कोउ माँग त[4] देई ॥१
बाँवन कोरि[5] भँडार लिवावहिं[6]। गाड़िहि[7] भरि कै साथ चलावहिं[8] ॥२
कंचनपुर सेउ कियउ[9] पयाना। कोस पाँच एक भयउ[10] मिलाना ॥३
राइभान[11] पहुँचावइ[12] आये। दोउ जनहिं अंको[13] लै लाये ॥४
कुँवर नैन डबडब[14] भरि आये। परहिं[15] आँसु जस[16] मोंति सुहाये ॥५
मिरगावति[17] रोवइ[18] गिय लाई[19], कस कै[20] जीहौं[21] माइ।६
राइभान[22] के बिछुरें खिन एक[23], मोकँह[24] जुग वर जाइ[25] ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रति—

१-(ए०) कही। २-(ए०, बी०) कुछु। ३-(बी०) साँठा। ४-(ए०) माँग तो; (बी०) माँगै तेहि। ५-(ए०) कोटि। ६-(ए०) लेवावा; (बी०) लदावा। ७-(बी०) खाडहु। ८-(ए०) माल लेवावा; (बी०) साथ चलावा। ९-(ए०) सौं कीन्ह; (बी०) सौं कीय। १०-(ए०) भई; (बी०) भा। ११-(ए०, बी०) राय-भान। १२-(ए०, बी०) पहुँचावै। १३-(ए०, बी०) दुहू जनै आँको। १४-(ए०) डुबिडुबि; (बी०) डबडबाइ। १५-(बी०) चुँवहि। १६-(ए०) जनि। १७-(ए०,

बी०) मिरगावती। १८-(बी०) रोव; (ए०) दुवौ। १९-(ए०, बी०) लाइकै। २०-(ए०, बी०) कैसे। २१-(बी०) जीऊँ। २२-(ए०) कुँवरान। २३-(ए०) बिछुरी एक तिल। २४-(ए०, बी०) ×। २५-(ए०) पर जाय; (बी०) भरि जाय।

टिप्पणी—(१) साँठ–अर्थ, द्रव्य, धन। त–तो।
(२) कोटि–कोटि, करोड़।
(३) मिलाना–पड़ाव।

३६०

(दिल्ली; बीकानेर[1])

कुँवर कहा सब लोग बुलाई[1]। राइभान कै सेउ न चुकाई[2] ॥१
मोसेंउ अधिक इँह कै जानहु[3]। जो र[4] कहहि[5] सो[6] सब परवानहु[7] ॥२
महतैं लोग कँह[8] कहा गुसाईं[9]। यइ तो[10] रूपमुरारि कै ठाँई ॥३
नेगी हमहिं चलावहिं काजू[11]। बावन साख[12] इन्ह कर राजू[13] ॥४
इनहि के साख पै करहि जुहारू[14]। इन्ह सेउ[15] को र और[16] बड़वारू[17] ॥५
इहवइ[18] बात कै चिन्ता[19] न कीजइ[20], गवनइ आपुन[21] देस। ६
ई[22] राजा हम नेगी जरम क[23], ई सिर हम इँह केस[24] ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति।

१-बोलाई। २-रायभान कै सेवा न चुकई। ३-मोहि सेंउ अधिके जानेहु। ४-रे। ५-कहै। ६-से। ७-परिवानेहु। ८-महथै लोगन। ९-गोसाई। १०-एतौ। ११-काजा। १२-सखा। १३-राजा। १४-औ इन्ह हम करब जोहारा। १५-सै। १६-और कोरे। १७-बड़वारा। १८-एहि। १९-चिन्ता। २०-कीजै। २१-गवनियै आपने। २२-ए। २३-जनम कै। उन्ह सिर हम वेस।

टिप्पणी—(१) सेउ–सेवा। चुकाई–कमी।
(२) परवानहु–प्रमाणित करना; पूरा करना।
(६) इहवइ–इस। गवनइ–गमन कीजिये।
(७) केस–केश; बाल।

३६१

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

यहि[1] रे बात कहि वै[2] बहुरे[3]। कुँवर पलान माँग[4] बहु घोरे ॥१
घोरहि[5] बहुतै चेरि[6] चढ़ाई। औ बहुतहिं कहँ डाँडि फँदाई ॥२
मिरगावति[7] चौडोल चढ़ाई। फाँद सिंहासन[8] चढ़ी जो[9] धाई ॥३

१–इस प्रतिमें पंक्ति ४ की अर्धालियाँ परस्पर स्थानान्तरित हैं।

करनराइ[१०] धाइहि[११] कै कोरीं[१२] । दूध पियावत[१३] चली कचोरीं[१४] ॥४
नदी तीर एक[१५] मेलेउ[१६] जाई । जाँत पन्थ बहु साथ चलाई[१७] ॥५
एक देवस जो[१८] मेलान कर[१९] उहैं[२०], और[२१] देवस र[२२] चलाहिं[२३] ।६
जिह दिन[२४] राजुकुँवर क[रै*] पयानाँ,[२५] गाँव सहस मिलि जाहिं[२६] ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रति—

१–(ए०) येह; (बी०) यह । २–(ए०) ये । ३–(ए०, बी०) बहोरे । ४–(बी०) कहे । ५–(बी०) घोरेन्हि । ६–(ए०) चीरि । ७–(ए०, बी०) मिरगावती । ८–(ए०, बी०) सुखासन । ९–(बी०) सो । १०–(ए०, बी०) करनराय । ११–(बी०) धाई । १२–(बी०) कोरा । १३–(बी०) पियावति । १४–(बी०) कचोरा । १५–(बी०) गै । १६–(ए०, बी०) मेलेव । १७–(ए०) हाट पटन सब साथ चलाई; (बी०) हाट बाटन सब साथहिं नाई । १८–(ए०) रे; (बी) ×। १९–(बी०) करै । २०–(ए०, बी०) ×। २१–(ए०, बी०) दोसरे । २२–(ए०, बी०) ×। २३–(बी०) चल जाइ । २४–(ए०, बी०) जेहि दिन । २५–(बी०) कर मिलान; (ए०) कर पंथान । २६–(बी०) मिलै जाइ ।

टिप्पणी—(१) बहुरे–लौटे ।

(२) **डाँडि** (डाँडी)–डोली; एक आदमीको ढोनेवाली पालकी । **फँदाई**–व्यवस्था की ।

(३) **चौडोल**–चार कहारों द्वारा ढोई जानेवाली पालकी । **सिंघासन**–एक प्रकारकी पालकी । इसका सुखासन पाठ भी सम्भव है; पदामावत, मधुमालती आदि प्रेमाख्यानक काव्योंकी नागरी-कैथी प्रतियोंमें सुखासन पाठ ही मिलता है । तदनुसार माताप्रसाद गुप्तने स्व-सम्पादित ग्रन्थोंमें सुखासन पाठ ही ग्रहण किया है । किन्तु अन्यत्र कहीं भी पालकीके अर्थमें सुखासन शब्द का प्रयोग नहीं मिलता । वासुदेव शरण अग्रवालने स्वसम्पादित पदमावतमें इस बातकी ओर ध्यान आकृष्ट किया है कि आइने-अकबरी (ब्लाखमैन कृत अनुवाद, पृष्ठ २६४) में अबुलफजलने पालकी, सिंघासन, चौडोल और डोली, चार प्रकारके यानोंका उल्लेख किया है जिन्हें कहार (पालकी बर-दार) कन्धेपर उठाकर चलते हैं । अतः आइने-अकबरीके अनुसार हमने यह पाठ चन्दायनमें स्वीकार किया है । यहाँ भी वही पाठ ग्रहण किया गया है ।

(४) **कोरीं**–(स० क्रोड) गोद । **कचोंरी**–कटोरी ।

(५) **मेलेउ**–ठहरा ।

(६) **मेलान**–पड़ाव ।

३६२

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

एक मेलान[१] भयउ[२] वँह[३] आई। जहाँ गड़रियें[४] किय[५] पहुँनाई[६] ॥१
राजकुँवर वहि[७] चीन्हेउ[८] ठाउँ। कहिसि गड़रियहि[९] देखै जाऊँ ॥२
जाइ[१०] गड़रियहि देखे काहा। आँधर भयउ[११] बैठि वह[१२] आहा ॥३
दूबर भा[१३] सठि[१४] मरि कै रहा। कुँवर पूछि[१५] वह[१६] बातैं कहा[१७] ॥४
जे बातैं नायक सेंउ[१८] कही। कहिसि आँख हम जोगियेउ दही[१९] ॥५
कुँवर कहा सब लोगहिं[२०] आगे, औगुन केरी बात[२१] ।६
बाट माँझ कै जादु[२२] पसारिसि, पंथहि रहा लै खात[२३] ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रति—

१–(बी०) मिलान। २–(ए०) भएेव; (बी०) भवा। ३–(ए०, बी०) तहँ। ४–(बी०) गड़रिया। ५–(बी०) की; (ए०) बाट। ६–(ए०) देखाई। ७–(ए०) अेह; (बी०) वह। ८–(ए०) चीन्हेव; (बी०) चीन्हिसि। ९– बी०) गडरियै। १०–(ए०) जाए; (बी०) जाय। ११–(ए०) भएव; (बी०) भवा। १२–(ए०) अेह। १३–(बी०) ×; (ए०) भवा। १४–(ए०, बी०) सुठि। १५–(बी०) कहा। १६–(ए०) उवह। १७–(बी०) कहाँ। १८–(ए०, बी०) सौं। १९-(ए०, बी०) जोगी डही। २०–(ए०, बी०) लोगन्ह। २१–(ए०) जो हुती उकरी बात; (बी०) जो होत ऊकरि बात। २२–(ए०, बी०) जाल। २३–(ए०) रोकि रहा लै घाट; (बी०) जो बाँझत तेहि खात।

टिप्पणी—(४) दूबर–दुर्बल; दुबला। सठि–शठ; दुष्ट।

३६३

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

कुँवर कहा जो वहि कहँ[१] पावसि। काह करहु[२] वहि मार उड़ावसि ॥१
कहि[३] मानुस मानुस नहिं खाई। हौं वहि खावउँ[४] नहिं[५] हाडौ जाई[६] ॥२
कुँवर कहा तैं बहुतै खाये। मरै क मन्द दिन अब तिह आये[७] ॥३
छाड़उ वहि[८] बिसवास कै[९] बाता। खायउ[१०] बहुतै[११] [कइकै][१२] घाता ॥४
हमहु[१३] परे हुत फाँद[१४] तिहारे[१५]। उबरे[१६] तो[१७] बिधि केर उबारे ॥५
हौं अहौं उहि[१८] जोगी पाहुन,[१९] जैं लीन्हों[२०] सब[२१] साँठ ।६
काह[२२] चलै अब[२३] तोरेउ[२४] यहि ठाँ,[२५] मारौं खाँडैं काँठ[२६] ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रति—

१–(बी०) का। २–(ए०, बी०) करसि। ३–(ए०, बी०) कह। ४–(ए०, बी०) उहि खाँव। ५–(बी०) न। ६–(बी०) देऊँ। ७–(ए०) मरहु भले ही अब मन्द

दिन आये; (बी०) मरबेहु भलेहिं मद दिन आये। ८–(ए०) उए; (बी०) अब। ९–(ए०, बी०) की। १०–(ए०) खाये, (बी०) खायेव। ११–(बी०) बहुत। १२–(दि०) लइके; (बी०) जो लै लै; (ए०) किए नि··· १३–(बी०) हमहूँ। १४–(बी०) फन्द परे हुते। १५–(ए०) तोहारे; (बी०) तुम्हारे। १६–(बी०) उबरेंउ। १७–(ए०) सो। १८–(ए०) उबह; (बी०) वह। १९–(ए०) ×। २०–(ए०) लीन्हेव; (बी०) जो तोरतेहेहु। २१–(बी०) ×; (ए०) तोर। २२–(बी०) कब। २३ (बी०) ×। २४–(बी०) तोर; (ए०) तोरा। २५–(ए०) ×; (बी०) एहि ठाँव। २६–(बी०) काढ़ि।

टिप्पणी—(४) बिसवास—विश्वासघात।

(५) फाँद—फन्दा। तिहारे—तुम्हारे। उबरे—निकले। केर—के।

३६४

(दिल्ली; बीकानेर)

अबहूँ झूठ न बोलब[१] छाड़सि। पिछली[२] बात कुदन्तहि काढसि[३] ॥१
चीन्हसि बोल फुरहिं[४] वह जोगी। सूख गयेउ जनु[५] बरिस क रोगी ॥२
हिय मँह कहिसि मीचु अब आई। आँख नाँहिं[६] किहँ[७] जाउ पराई ॥३
कुँवर कहा जनि[८] जिय कहँ डरही[९]। वै[१०] सब छाड़[११] जो राखी गिरही[१२] ॥४
कुँवर जो चर देखै जाई[१३]। साथ गड़रिया लीन्हि[१४] धराई ॥५
चले जो चर देखे कुँवर[१५], हाड़ रहै लै साँख[१६]।६
खाइसि एक न छाड़सि इँह[१७] मँह[१७] मानुस नाँहि न पाँख ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति—

१—बोलिब ना। २—पाछिलि। ३—मडत महिं गाडसि। ४—फुरहु। ५—जस। ६—न आहि। ७—कहँ। ८—जिनि। ९—जियहिं डरासी। १०—वैइ। ११—छाँडु। १२—रखे गरासी। १३—कुँवर रहा चूरि गै देखौं जाई। १४—लिहिसि। १५—जाइ चूरि देखै कहा। १६—पै संख। १७—×। १८—नाउँ न पंखि।

टिप्पणी—(१) बोलब—बोलना।

(४) गिरही—कैद।

(७) पाँख—पक्षी।

३६५

(दिल्ली; बीकानेर[१])

कुँवर कहा यह बड़ेउ[१] वलाई। मारी[२] वाट कै जाइ मँडाई ॥१

१—दोनों प्रतियोंमें पंक्ति ३-४ परस्पर स्थानान्तरित जान पड़ती हैं। साथ ही दोनों पंक्तियोंकी उत्तरवर्ती अर्धालियाँ प्रायः एक-सी हैं, जिनकी कोई संगति नहीं है। पंक्ति ४ का मूल पाठ निश्चय ही भिन्न रहा होगा।

दूलँभ कहा दयी यह[2] मारा । आँख नाँहि[4] अब कइसेंउ[5] पारा ॥२
चरकै[6] मानुस लै[7] उदराई । बहुरि आपु रे[8] भिलानहिं जाई ॥३
बोलि पथरिया चर उदराई । कुँवर हँसत भिलानहिं जाई ॥४
भिनुसारैं फुनि[10] कियेउ[11] पयाना । दिन दिन नगर[12] आइ नियराना ॥५
कोस तीस एक तिह ठाँ[13] सेंउ, नगर सुबुद्धया आहि ।६
कुँवर[14] दूलँभ पठये अगुमन[15], तूँ[16] रुपमनि[17] ठाँ[18] जाहि ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति—

१—बड़ी । २—मारै । ३—यहि दइकै । ४—न आहि । ५—कैसे । ६—चूरि पै । ७—लाई । ७—आप बहुरि । ९—चूरि । १०—पुनि । ११—किये । १२—मारग । १३—तेहि ठाऊँ । १४—कुँवर जो । १५—पठावा अगमन । १६—× । १७—रुबुमिनि । १८—पहुँ ।

टिप्पणी—(१) भिनुसारैं–प्रातःकाल ।
(५) अगुमन–आगे ।

३६६

(दिल्ली; एकडला; बीकानेर)

खरभर परेउ[1] सुबुध्या गढ़ा[2] । राजा एक नगर कहँ चढ़ा ॥१
साजहिं कोट सँवारहि खाई । ठाँउ ठाँउ[3] सब मता कराहीं[4] ॥२
बहुतै लोग निकरि[5] कै भागे[6] । सूर जो आहे[7] सिंघ जिमि[8] गाजे ॥३
देवराइ[9] सब लोग हँकारे[10] । मन्त्री सबै[11] मतै बैसारे[12] ॥४
कीजै कहा[13] मन्त्र[14] सब देहू । भरमैं मन्त्र[14] न आवइ[15] केहू ॥५
भूपति आहे[16] जो खतरी[17] उन्ह[18] महँ[18], बोलहिं[19] परे अपान[20] ।६
राजा बैठ रहहु तुम्ह[21] गढ़[22] महँ, हम जानहिं वह[23] जान ॥७

पाठान्तर—एकडला और बीकानेर प्रति—

१—(बी०) परा । २–(ए०) सारि भरी परी सुबुधेया गढ़ा । ३–(ए०, बी०) ठाँव-ठाँव । ४–(ए०) सब पौरि बँधाहीं । ५–(ए०, बी०) निकसि । ६–(ए०, बी०) भाजे । ७–(ए०, बी)० अहे । ८–(बी०) होइ । ९–(ए०, बी०) देवराय । १०–(बी०) हँकराये । ११-(ए०) बुधि । १२–(बी०) बैसाये । १३–(ए०) काह । १४–(ए०) मता । १५–(ए०, बी०) आवै । १६–(ए०, बी०) अहे । १७–(ए०, बी०) खत्री । १८–(ए०) × । १९–(बी०) बोलैं । २०–(ए०) बरमे अपार ; (बी०) बर रे अपान । २१–(बी०) तोह; (ए०) घर । २२–(ए०) × । २३–(बी०) वै ।

टिप्पणी—(१) खरभर—हलचल ।
(२) ठाउँ ठाउँ–स्थान-स्थानपर । मता–परामर्श ।

(३) निकरि–निकल। सूर (शूर)–वीर। जिमि—समान। गाजे—गरजे।
(४) हँकारे—बुलाया।

३६७

(दिल्ली; बीकानेर)

भयउ मन्ता[1] सब लोग बहोरा। खरभर गाँव[2] परा अँहडोरा[3] ॥१
नगर लोग अन पानि न भावइ[4]। रुपमनि[5] कर जीउ गहिगहि आवइ[6] ॥२
सखी सहेलीं बैठी आहीं[7]। कहहिं आजु[8] तुम्ह[9] का गहिगहीं[10] ॥३
जिह दिन सेंउ तुम्ह[11] बिछरेउ साँई। कहियेउ[12] न देखिहु[13] आजुकै[14] नाईं ॥४
कै र चाह कछु पिय के पाई[15]। यह[16] अनन्द जिय माँझ न जाई[17] ॥५
सो दिन सखी होई का[18], जिह[19] पावउँ[20] पिय चाह।६
तन मन जीवन बलि करौं, अउर वस्तु का आह ॥७

पाठान्तर—बीकानेर प्रति—

